

1 और 2 थिस्सलुनीकियों की

पत्रियों का विस्तृत अध्ययन

Dr. John Phillips

JOHN PHILLIPS MINISTRIES International

myownlibrary



EXPLORING

I & II THSSALONIANS

Dr. John Phillips

JOHN PHILLIPS MINISTRIES International

myownlibrary

जॉन फिलिप्स टीका श्रृंखला

1 और 2 थिस्सलुनीकियों की पत्रियों का विस्तृत अध्ययन

जॉन फिलिप्स द्वारा लिखित

एक व्याख्यात्मक टीका



©2005 जॉन फिलिप्स द्वारा। डेटाबेस © 2009 वर्ड *सर्च* कॉर्प।

प्रस्तावना

एक यहूदी! एक रोमी! एक यूनानी! यही था पौलुस। वह यहूदी होकर पला-बढ़ा, रब्बी बनने के लिए शिक्षा पाई, और प्रसिद्ध गमालियल का शिष्य भी रहा। कुछ विद्वानों का मानना है कि वह कभी महासभा का सदस्य भी था। निस्संदेह, वह उसके सबसे आशाजनक पुत्रों में से एक था।

वह रोम का स्वतंत्र नागरिक भी था—उस समय यह बहुत दुर्लभ बात थी, जिसकी कीमत सोने के बराबर थी। इस कारण वह कैसर सम्राटों की दुनिया और रोम के विशाल साम्राज्य से जुड़ा रहा। उसने उसकी सड़कों पर यात्रा की थी और उसके कानून में निहित सुरक्षा का सहारा लिया।

वह एक व्यस्त हेलेनिक संसार में बड़ा हुआ, यूनानी भाषा में पूरी तरह निपुण था, और यूनानी संस्कृति से अच्छी तरह से परिचित था। उसके विद्यालय के दिनों में जिन्होंने उसे सांसारिक विषय पढ़ाए, उन्होंने निश्चय ही कैसर और सिकंदर जैसे महान व्यक्तियों की कहानियों से उसकी कल्पना को आकर्षित किया होगा। संभव है कि जैसे वह कहता था, "मुझे रोम को देखना ही है," वैसे ही उसने दृढ़तापूर्वक कहा हो, "मुझे एथेंस भी देखना ही है।" उसके चारों ओर यूनान की महानता और रोम के साम्राज्य की गौरवमयी स्मृतियाँ जीवंत थीं। पौलुस अपने यहूदी मित्रों की तुलना में अन्यजाति संसार से उतना विमुख नहीं था। निश्चय ही जब उसने दर्शन में "मकिदुनिया के एक व्यक्ति" को उसे सहायता के लिए पुकारते देखा, तो उसे तुरंत ही मकिदुनिया के उस अन्य और प्राचीन व्यक्ति — सिकंदर महान — की याद आ गई होगी।

सिकंदर कम उम्र में ही राजा बन गया था। उसने जल्दी ही अपने दुश्मनों का अंत कर दिया था। और जब उसकी सत्ता मज़बूत हुई, तो वह अब विजय की यात्राओं पर निकल पड़ा। उसकी जीत की सूची लगातार बढ़ती चली गई:

मई 334:	ग्रेनिकस का युद्ध, मिलेतुस पर अधिकार, और एशिया माइनर का नया गठन।
333:	सिसली के फाटकों की ओर बढ़ना। इशुस का युद्ध, फिर फिनीकिया की ओर दक्षिण की यात्रा, पारसी शांति प्रस्तावों को ठुकराना।
332:	बिब्लोस, सिडोन, सोर और गाज़ा पर कब्ज़ा। पारस से कोई समझौता नहीं। मेम्फिस में सिकंदर को फ़िरौन का ताज पहनाया गया।
331:	अलेक्ज़ान्द्रिया की स्थापना। टिगरिस नदी पार की। अरेबेला पर विजय। सूसा पर अधिकार।
330:	पर्सेपोलिस का विनाश। कैस्पियन द्वारों के रास्ते दारा का पीछा। दारा की हत्या और बिस्सस का उत्तराधिकारी बनना। युद्ध जारी रहा।
329:	बिस्सस का आत्मसमर्पण। स्पिटामेनेस का विद्रोह। मकिदुनियाई सेना की एक टुकड़ी का विनाश।
327:	सोग्डियन शिला पर विजय। सिकंदर का रॉक्साना से विवाह। भारत पर आक्रमण की शुरुआत।
324:	सिकंदर का पर्सेपोलिस लौटना। सूसा का विवाह। सिकंदर को देवता घोषित किया गया।
323:	सिकंदर बीमार पड़ा। उसकी मृत्यु हो गई।

यह सब पौलुस के लिए उतना ही परिचित था जितना उसका पुराना नियम। परंतु इस कहानी का एक और पक्ष भी था — यूनानी धर्म! यह बूढ़ी औरतों की मनगढ़ंत कथाओं का एक अश्लील संग्रह था, जो पूरी तरह पतित था और राष्ट्रीय चरित्र को दुर्बल बना देने वाला था। फिर भी, यद्यपि पौलुस यूनानी नैतिकता से घोर असहमत था, लेकिन वह यूनानी बुद्धिमत्ता का प्रशंसक था। जब उसे "मकिदुनिया की बुलाहट" मिली, तो उसने अपने सुसमाचार अभियान को प्रारंभ करने में ज़रा भी विलंब नहीं किया।

मकिदुनिया पर उसकी विजय उतनी ही तेज और सुनिश्चित थी जितनी प्राचीन संसार पर सिकंदर की विजय थी। फ़िलिप्पी! थिस्सलुनीके! बीरिया! तीन तीव्र अभियान — और मकिदुनिया उसका हो गया। अथेने! कुरिन्थुस! आखाया! सब उसके अधीन हो गए! और यह सब तीन वर्ष से भी कम समय में हो गया। उसने एक ऐसी ज्योति जलाई जो कभी बुझने वाली नहीं थी।

और फिर भी यरूशलेम पुकार रहा था! रोम पुकार रहा था! स्पेन पुकार रहा था! उससे भी आगे, गॉल पुकार रहा था! जर्मन जनजातियाँ पुकार रही थीं, और ब्रिटेन के टिन द्वीप भी पुकार रहे थे। संसार पुकार रहा था। क्या पौलुस कभी मकिदुनिया वापस जाने का समय पा सकेगा? उसे डर था कि जल्द नहीं होगा। इसलिए यदि वह कहीं और सेवा में व्यस्त होने के कारण मकिदुनिया नहीं जा सके, तो वह वहाँ के विश्वासियों को लिखेगा।

उसकी तीन पत्रियाँ मकिदुनिया के नगरों को लिखे गए है। उनमें से दो, दोनों थिस्सलुनीके के नाम, उसकी शुरुआती लिखनियों में गिने जाते हैं। सिकंदर ने यूनानी संस्कृति को पूर्व में पहुँचाया; पौलुस ने सुसमाचार को पश्चिम में पहुँचाया।

दोनों थिस्सलुनीकियों के पत्रियों में एक समान विषय है — मसीह का दूसरा आगमन। प्रथम थिस्सलुनीकियों की पत्री कलीसिया के "उठाए जाने" (मेघारोहण) पर ज़ोर देती है; दूसरी पत्री संसार में होने वाले उथल-पुथल पर ज़ोर देती है। दोनों पत्रियाँ हमारे वर्तमान संकटपूर्ण समय के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं।

1 थिस्सलुनीकियों का अध्ययन

1 थिस्सलुनीकियों की पूर्ण रूपरेखा

भाग 1: परिचय (__1 थिस्सलुनीकियों__1:1-2)

1. पौलुस और उसके साथी (__1 थिस्सलुनीकियों__1:1क)
2. पौलुस और उसके नए विश्वासी (__1 थिस्सलुनीकियों__1:1ख-2)
    1. अभिवादन का वचन (__1 थिस्सलुनीकियों__1:1ख)
    2. एक आभारी वचन (__1 थिस्सलुनीकियों__1:2)
        1. निरंतर स्तुति (__1 थिस्सलुनीकियों__1:2क)
        2. निरंतर प्रार्थना (__1 थिस्सलुनीकियों__1:2ख)

भाग 2: प्रभु का आगमन : एक उद्धार देने वाला सत्य (__1 थिस्सलुनीकियों__1:3-10)

1. व्यवहार में सुसमाचार (__1 थिस्सलुनीकियों__1:3)
    1. अतीत की ओर देखना (__1 थिस्सलुनीकियों__1:3क)
    2. वर्तमान में जीना (__1 थिस्सलुनीकियों__1:3ख)
    3. भविष्य की आशा (__1 थिस्सलुनीकियों__1:3ग)
2. दृष्टिकोण में सुसमाचार (__1 थिस्सलुनीकियों__1:4)
3. सामर्थ्य में सुसमाचार (__1 थिस्सलुनीकियों__1:5)
    1. पौलुस का स्पष्टीकरण (__1 थिस्सलुनीकियों__1:5क-ख)
        1. पवित्र सुसमाचार की सामर्थ (__1 थिस्सलुनीकियों__1:5क)

2. पवित्र आत्मा का व्यक्तित्व (__1 थिस्सलुनीकियों__1:5ख)

2. पौलुस की अपेक्षा (__1 थिस्सलुनीकियों__1:5ग)

3. पौलुस का उदाहरण (__1 थिस्सलुनीकियों__1:5घ)

4. व्यक्ति में सुसमाचार (__1 थिस्सलुनीकियों__1:6-7)

1. थिस्सलुनीकियों ने क्या सीखा (__1 थिस्सलुनीकियों__1:6)

2. थिस्सलुनीकियों ने क्या प्रदर्शित किया (__1 थिस्सलुनीकियों__1:7)

5. घोषणा में सुसमाचार (__1 थिस्सलुनीकियों__1:8-9)

1. उनकी गवाही का क्षेत्र (__1 थिस्सलुनीकियों__1:8क)

2. उनकी गवाही का दायरा (__1 थिस्सलुनीकियों__1:8ख-9क)

3. उनकी गवाही का महत्व (__1 थिस्सलुनीकियों__1:9ख)

6. भविष्य में सुसमाचार (__1 थिस्सलुनीकियों__1:10)

1. मेघारोहण के विषय में एक वचन (__1 थिस्सलुनीकियों__1:10क)

2. पुनरुत्थान के विषय में एक वचन (__1 थिस्सलुनीकियों__1:10ख)

3. छुटकारे के विषय में एक वचन (__1 थिस्सलुनीकियों__1:10ग)

भाग 3: प्रभु का आगमन : एक प्रेरणादायक सत्य (__1 थिस्सलुनीकियों__2:1-20)

1. पौलुस के सपर्पण की संपूर्णता (__1 थिस्सलुनीकियों__2:1-2)

1. पौलुस का आना (__1 थिस्सलुनीकियों__2:1)

2. पौलुस की स्थिति (__1 थिस्सलुनीकियों__2:2)

1. उन्होंने उसकी देह को देखा (__1 थिस्सलुनीकियों__2:2क)

2. उन्होंने उसके साहस को देखा (1 थिस्सलुनीकियों__2:2ख)

2. पौलुस के आचरण की पारदर्शिता (1 थिस्सलुनीकियों__2:3-12)

1. पौलुस का दावा (__1 थिस्सलुनीकियों__2:3-4)

1. उसकी सच्चाई पर कोई संदेह नहीं था। (__1 थिस्सलुनीकियों__2:3-4ख)

1. सत्य को प्रदर्शित किया गया (__1 थिस्सलुनीकियों__2:3)

1.छलावे से मुक्त (__1 थिस्सलुनीकियों__2:3क)

2. अशुद्धता से मुक्त (__1 थिस्सलुनीकियों__2:3ख)

3. संदेह से मुक्त (__1 थिस्सलुनीकियों__2:3ग)

2. सत्य की घोषणा (__1 थिस्सलुनीकियों__2:4क-ख)

1. एक पवित्र जिम्मेदारी (__1 थिस्सलुनीकियों__2:4क)

2. एक सरल काम (__1 थिस्सलुनीकियों__2:4ख)

2. उसकी सच्चाई अडिग रही (__1 थिस्सलुनीकियों__2:4ग)

2. पौलुस का आचरण (__1 थिस्सलुनीकियों__2:5-9)

1. जिससे उसने परहेज़ किया (__1 थिस्सलुनीकियों__2:5-6)

1. वह छल-कपट से दूर रहा। (__1 थिस्सलुनीकियों__2:5क)

2. उसने हर प्रकार के लाभ से परहेज़ किया। (__1 थिस्सलुनीकियों__2:5ख)

3. उसने हर प्रकार की महिमा से परहेज़ किया। (__1 थिस्सलुनीकियों__2:6)

2. उसने क्या दर्शाया (__1 थिस्सलुनीकियों__2:7-8)

1. उसका प्रेम (__1 थिस्सलुनीकियों__2:7-8क)

2. उसका जीवन (__1 थिस्सलुनीकियों__2:8ख)

3. उसने क्या साझा किया (__1 थिस्सलुनीकियों__2:9)

3. पौलुस का विवेक (__1 थिस्सलुनीकियों__2:10)

1. वह अपने गवाहों को बुलाता है (__1 थिस्सलुनीकियों__2:10क)

2. वह अपने कार्यों की जाँच करता है। (__1 थिस्सलुनीकियों__2:10ख)

4. पौलुस की चिंता (__1 थिस्सलुनीकियों__2:11-12)

1. यह एक पिता-सदृश चिंता थी (__1 थिस्सलुनीकियों__2:11)

2. यह एक मूलभूत चिंता थी (__1 थिस्सलुनीकियों__2:12)

3. पौलुस के परिवर्तित लोगों की विजय (__1 थिस्सलुनीकियों__2:13-14)

1. उन्होंने सत्य को कैसे ग्रहण किया (__1 थिस्सलुनीकियों__2:13)

1. उसकी सारी दैवीय वास्तविकता में (__1 थिस्सलुनीकियों__2:13क)

2. उसकी सारी दैवीय गतिविधियों में (__1 थिस्सलुनीकियों__2:13ख)

2. उन्होंने सत्य को कैसे थामा (__1 थिस्सलुनीकियों__2:14)

1. उन्होंने जिसका अनुसरण किया (__1 थिस्सलुनीकियों__2:14क)

2. उन्होंने किन बातों का सामना किया (__1 थिस्सलुनीकियों__2:14ख)

4. पौलुस के देशवासियों की त्रासदी (__1 थिस्सलुनीकियों__2:15-16)

1. उनका उकसावा (__1 थिस्सलुनीकियों__2:15क)

2. उनका अहंकार (__1 थिस्सलुनीकियों__2:15ख)

3. उनकी कुटिलता (__1 थिस्सलुनीकियों__2:15ग)

4. उनकी पक्षपाती सोच (__1 थिस्सलुनीकियों__2:16क)

5. उनका दण्ड (__1 थिस्सलुनीकियों__2:16ख)

5. पौलुस के मुकुट की सच्चाई (__1 थिस्सलुनीकियों__2:17-20)

1. पौलुस की गहरी अभिलाषा (__1 थिस्सलुनीकियों__2:17-18)

1. वह महान आशा जिसे उसने पोषित किया (__1 थिस्सलुनीकियों__2:17)

2. वह बड़ी बाधा जिसका उसने सामना किया (__1 थिस्सलुनीकियों__2:18)

2. पौलुस का शाश्वत आनंद (__1 थिस्सलुनीकियों__2:19-20)

1. वह प्रतिफल जिसकी उसने अपेक्षा की थी (__1 थिस्सलुनीकियों__2:19क)

2. जिस वापसी की उसने अपेक्षा की थी (__1 थिस्सलुनीकियों__2:19ख)

3. वह आनंद जिसकी उसने अपेक्षा की थी (__1 थिस्सलुनीकियों__2:20)

भाग 4: प्रभु का आगमन : एक स्थिर करने वाला सत्य (__1 थिस्सलुनीकियों__3:1-13)

1. पौलुस की चिंता (__1 थिस्सलुनीकियों__3:1-5)

1. वह स्थान (__1 थिस्सलुनीकियों__3:1)

2. वह योजना (__1 थिस्सलुनीकियों__3:2)

1. चुना हुआ दूत (__1 थिस्सलुनीकियों__3:2क)

2. दूत को सौंपा गया कार्य (__1 थिस्सलुनीकियों__3:2ख)

3. विनती (__1 थिस्सलुनीकियों__3:3-4)

1. सामना किया गया दुःख (__1 थिस्सलुनीकियों__3:3)

2. पहले से बताई गई पीड़ा (__1 थिस्सलुनीकियों__3:4)

4. साजिश (__1 थिस्सलुनीकियों__3:5)

1. अंगीकार की गई चिंता (__1 थिस्सलुनीकियों__3:5क)

2. विरोधी से सामना (__1 थिस्सलुनीकियों__3:5ख)

2. पौलुस की सांत्वना (__1 थिस्सलुनीकियों__3:6-10)

1. पौलुस को मिला समाचार (__1 थिस्सलुनीकियों__3:6)

2. पौलुस द्वारा प्रकट की गई कोमलता (__1 थिस्सलुनीकियों__3:7)

3. पौलुस ने जिस विजय की समीक्षा की (__1 थिस्सलुनीकियों__3:8-10)

1. उसका जीवन उनके साथ जुड़ा हुआ है (__1 थिस्सलुनीकियों__3:8)

2. उसने जीवन उनके लिए जीया (__1 थिस्सलुनीकियों__3:9-10)

1. उनके लिए उसकी परमेश्वर की स्तुति (__1 थिस्सलुनीकियों__3:9)

2. उनके लिए परमेश्वर से उसकी प्रार्थनाएँ (__1 थिस्सलुनीकियों__3:10)

3. पौलुस की विवशता (__1 थिस्सलुनीकियों__3:11-13)

1. पौलुस और उसके जीवन का शासक (__1 थिस्सलुनीकियों__3:11)

1. जिसे उसने देखा (__1 थिस्सलुनीकियों__3:11क)

2. उसने जिसे खोजा (__1 थिस्सलुनीकियों__3:11ख)

2. पौलुस और उसके प्रेम का प्रतिफल (__1 थिस्सलुनीकियों__3:12)

3.पौलुस और उसके प्रभु का आगमन (__1 थिस्सलुनीकियों 3:13)

1. प्रभु द्वारा पवित्रों की समीक्षा (__1 थिस्सलुनीकियों__3:13क)

2. प्रभु के साथ पवित्र जनों की वापसी (__1 थिस्सलुनीकियों__3:13ख)

भाग 5: प्रभु का आगमन : एक सशक्त करने वाला सत्य (__1 थिस्सलुनीकियों__4:1-18)

1. हमारी महान संभावना (__1 थिस्सलुनीकियों__4:1-2)

1. पवित्रों को क्या सौंपा गया था (__1 थिस्सलुनीकियों__4:1)

1. चुनौती प्राप्त हुई (__1 थिस्सलुनीकियों__4:1क)

2. चुनौती दोहराई गई (__1 थिस्सलुनीकियों__4:1ख)

2. पवित्रों को क्या आज्ञा दी गई थी (__1 थिस्सलुनीकियों__4:2)

2. हमारी नैतिक पवित्रता (__1 थिस्सलुनीकियों__4:3-8)

1. अनैतिकता परमेश्वर पिता के विरुद्ध एक पाप है (__1 थिस्सलुनीकियों__4:3-5)

1. पवित्रीकरण की आवश्यकता (__1 थिस्सलुनीकियों__4:3)

1. क्या अनिवार्य है (__1 थिस्सलुनीकियों__4:3क)

2. क्या पूर्णतः अस्वीकार किया गया है (__1 थिस्सलुनीकियों__4:3ख)

2. अधीनता की आवश्यकता (__1 थिस्सलुनीकियों__4:4)

1. आगे बढ़ने का रास्ता (__1 थिस्सलुनीकियों__4:4क)

2. कुछ करने की इच्छा (__1 थिस्सलुनीकियों__4:4ख)

3. अलगाव की आवश्यकता (__1 थिस्सलुनीकियों__4:5) निर्धारित मानक:

1. वासनापूर्ण जुनून (__1 थिस्सलुनीकियों__4:5क)

2. खोए हुए लोग (__1 थिस्सलुनीकियों__4:5ख)

2. अनैतिकता परमेश्वर के पुत्र के विरुद्ध एक पाप है (__1 थिस्सलुनीकियों__4:6)

1. पाप (__1 थिस्सलुनीकियों__4:6क)

2. तलवार (__1 थिस्सलुनीकियों__4:6ख)

3. अनैतिकता परमेश्वर पवित्र आत्मा के विरुद्ध एक पाप है (__1 थिस्सलुनीकियों__4:7-8)

1. इसमें शामिल नियम (__1 थिस्सलुनीकियों__4:7)

2. इसमें शामिल विद्रोह (__1 थिस्सलुनीकियों__4:8क)

3. इसमें शामिल तिरस्कार (__1 थिस्सलुनीकियों__4:8ख)

3. हमारी मापी गई प्रगति (__1 थिस्सलुनीकियों__4:9-10)

1. प्रेम ने सिखाया (__1 थिस्सलुनीकियों__4:9)

2. प्रेम ने उत्पन्न किया (__1 थिस्सलुनीकियों__4:10)

1. स्थायी प्रेम (__1 थिस्सलुनीकियों__4:10क)

2. बहुतायत का प्रेम (__1 थिस्सलुनीकियों__4:10ख)

4. हमारा प्रकट उद्देश्य (__1 थिस्सलुनीकियों__4:11-12)

1. मनमाने स्वभाव वाली बातों के प्रति (__1 थिस्सलुनीकियों__4:11क)

2. लौकिक बातों के प्रति (__1 थिस्सलुनीकियों__4:11ख-12)

1. हमारे काम के विषय में एक वचन (__1 थिस्सलुनीकियों__4:1ख)

2. हमारे चाल-चलन के विषय में एक वचन (__1 थिस्सलुनीकियों__4:12क)

3. हमारे धन के विषय में एक वचन (__1 थिस्सलुनीकियों__4:12ख)

5. हमारा महिमामय भविष्य (__1 थिस्सलुनीकियों__4:13-18)

1. जो सो गए हैं (1 थिस्सलुनीकियों__4:13-15)

1. हमारी भावनाओं की समीक्षा (__1 थिस्सलुनीकियों__4:13)

2. हमारे विश्वास की समीक्षा (__1 थिस्सलुनीकियों__4:14)

3. हमारे भविष्य की समीक्षा (__1 थिस्सलुनीकियों__4:15)

2. जो लोग जी उठेंगे (__1 थिस्सलुनीकियों__4:16)

1. प्रकाशन का विस्तार (4:16क-ग)

1. कलीसिया के लिए पुकार (__1 थिस्सलुनीकियों__4:16क)

2. संसार के लिए उद्घोष (__1 थिस्सलुनीकियों__4:16ख)

3. यहूदियों के लिए तुरही (__1 थिस्सलुनीकियों__4:16ग)

2. अपेक्षित पुनरुत्थान (__1 थिस्सलुनीकियों__4:16घ)

3. जो जीवित हैं (__1 थिस्सलुनीकियों__4:17-18)

1. हमारा वादा किया हुआ मेघारोहण (__1 थिस्सलुनीकियों__4:17)

2. हमारा वर्तमान विश्राम (__1 थिस्सलुनीकियों__4:18)

भाग 6: प्रभु का आगमन : एक पवित्र करने वाला सत्य (__1 थिस्सलुनीकियों__5:1-22)

1. स्पष्टीकरण का एक वचन (__1 थिस्सलुनीकियों__5:1-11)

1. कुछ महत्वपूर्ण विरोधाभास (__1 थिस्सलुनीकियों__5:1-8)

1. मान्यताओं के संबंध में (__1 थिस्सलुनीकियों__5:1-6)

1. पवित्र लोग पवित्रशास्त्र से निर्देशित होते हैं (__1 थिस्सलुनीकियों__5:1-2)

1. प्रकाशन से पूर्व (__1 थिस्सलुनीकियों__5:1)

2. सिद्ध प्रकाशन (__1 थिस्सलुनीकियों__5:2)

2. पापी शैतान द्वारा बहकाए जाते हैं (__1 थिस्सलुनीकियों__5:3)

1. उनके बहकावे की प्रकृति (__1 थिस्सलुनीकियों__5:3क)

2. उनके विनाश की प्रकृति (__1 थिस्सलुनीकियों__5:3ख)

3. पवित्र लोग आत्मा में अलग होते हैं (__1 थिस्सलुनीकियों__5:4-6)

1. उनकी स्थिति भिन्न होती है (__1 थिस्सलुनीकियों__5:4)

2. उनका चरित्र भिन्न होता है (__1 थिस्सलुनीकियों__5:5)

3. उनका आचरण भिन्न होता है (__1 थिस्सलुनीकियों__5:6)

2. व्यवहार के संबंध में (__1 थिस्सलुनीकियों__5:7-8)

1. खोए हुए लोगों पर एक नज़र (__1 थिस्सलुनीकियों__5:7)

1. उनका भ्रम (__1 थिस्सलुनीकियों__5:7क)

2. उनका विनाश (__1 थिस्सलुनीकियों__5:7ख)

2. प्रभु के लोगों पर एक नज़र (__1 थिस्सलुनीकियों__5:8)

1. उनका युद्ध क्षेत्र (__1 थिस्सलुनीकियों__5:8क)

2. उनके कवच (__1 थिस्सलुनीकियों__5:8ख)

2. कुछ महत्वपूर्ण निष्कर्ष (__1 थिस्सलुनीकियों__5:9-11)

1. विपत्ति से हमारा महान बचाव (__1 थिस्सलुनीकियों__5:9-10)

1. हम किससे बचेंगे (__1 थिस्सलुनीकियों__5:9)

2. हम क्यों बचेंगे (__1 थिस्सलुनीकियों__5:10)

2. हमारी चिंता से महान छुटकारा (__1 थिस्सलुनीकियों__5:11)

2. प्रोत्साहन का एक वचन (__1 थिस्सलुनीकियों__5:12-22)

1. हमारे मूल्यों के संबंध में (__1 थिस्सलुनीकियों__5:12-13)

2. हमारे सद्गुण के संबंध में (__1 थिस्सलुनीकियों__5:14-15)

1. जिन लोगों की मदद करनी है (__1 थिस्सलुनीकियों__5:14)

1. जो अव्यवस्थित हैं (__1 थिस्सलुनीकियों__5:14क)

2. जो लोग जो निराश हैं (__1 थिस्सलुनीकियों__5:14ख)

3. जो आश्रित हैं (__1 थिस्सलुनीकियों__5:14ग)

4. जो भिन्न हैं (__1 थिस्सलुनीकियों__5:14घ)

2. पालन किए जाने वाले सिद्धांत (__1 थिस्सलुनीकियों__5:15)

1. जो प्रतिबंधित किया जाना चाहिए (__1 थिस्सलुनीकियों__5:15क)

2. जिसका अनुसरण किया जाना है (__1 थिस्सलुनीकियों__5:15ख)

3. हमारी विजय के विषय में (1 थिस्सलुनीकियों__5:16-22)

1. स्तुति (__1 थिस्सलुनीकियों__5:16)

2. प्रार्थना (__1 थिस्सलुनीकियों__5:17-18)

1. हर समय पहुँच (__1 थिस्सलुनीकियों__5:17)

2. हर परिस्थिति को स्वीकार करना (__1 थिस्सलुनीकियों__5:18)

3. पूर्वानुमान (__1 थिस्सलुनीकियों__5:19)

4. भविष्यद्वाणी (__1 थिस्सलुनीकियों__5:20-21)

1. हमें इसे तुच्छ नहीं समझना चाहिए (__1 थिस्सलुनीकियों__5:20)

2. हमें इससे धोखा नहीं खाना चाहिए (__1 थिस्सलुनीकियों__5:21)

5. शिष्टाचार (__1 थिस्सलुनीकियों__5:22)

भाग 7: निष्कर्ष (__1 थिस्सलुनीकियों__5:23-28)

1. एक विदाई प्रार्थना (__1 थिस्सलुनीकियों__5:23)

2. एक विदाई घोषणा (__1 थिस्सलुनीकियों__5:24)

3. एक विदाई निवेदन (__1 थिस्सलुनीकियों__5:25)

4. एक विदाई अभिवादन (__1 थिस्सलुनीकियों__5:26)

5. एक विदाई आदेश (__1 थिस्सलुनीकियों__5:27)

6. एक विदाई आशीर्वाद (__1 थिस्सलुनीकियों__5:28)



पाठ 1

परिचय

1 थिस्स्लुनीकियों 1:1-2

पौलुस ने जब अपनी दूसरी प्रचार यात्रा आरंभ की, तो वह सीलास के साथ अन्ताकिया से उत्तर की ओर रवाना हुआ। तरसुस — उसका जन्मस्थान — उनका पहला लक्ष्य था। फिर वह गलातिया से होते हुए गुज़रा, जहाँ उसने अपनी पहली यात्रा के दौरान स्थापित की हुई कलीसियाओं का भ्रमण किया, और फिर लगातार पश्चिम की ओर बढ़ता गया। बार-बार पवित्र आत्मा ने उसे एशिया माइनर में सुसमाचार ले जाने की उसकी योजना में आगे बढ़ने से रोका। अंततः वह त्रौआस (प्रेरितों 16:8) पहुँचा — एक महत्वपूर्ण समुद्री बंदरगाह, जो प्राचीन ट्रॉय के निकट था — ऐसा स्थान जहाँ स्वप्न देखे जाते थे और दर्शनों का अनुभव होता था। वहीं पौलुस को अपना "मकिदुनिया की बुलाहट" मिली। उसने तुरंत पहचान लिया कि परमेश्वर ने उससे बात की है। वह नेआपोलिस के लिए जहाज़ पर चढ़ा और यूरोप की भूमि पर अपने कदम रखे।

त्रोआस से समुद्री यात्रा लगभग 125 मील की थी। तट से 12 मील भीतर रोमी उपनिवेशी नगर फिलिप्पी था। पौलुस का पहला यूरोपीय संपर्क एक यहूदी स्त्री से हुआ, जिससे वह नदी किनारे प्रार्थना सभा में मिला। लुदिया और उसके परिवार ने तुरंत सुसमाचार को स्वीकार कर लिया। फिलिप्पी में पौलुस ने भले ही थोड़े समय के लिए ठहरा, लेकिन वह काफ़ी घटनाओं से भरा था, और ऐसा लगता है कि उस दौरान वह उसके घर में अतारीख के रूप में ठहरा था।

जल्दी ही कई घटनाएँ घटीं। पौलुस ने एक दासी से दुष्ट आत्मा को निकाला, जिससे उस पर आरोप लगाया गया कि उसने दास-स्वामियों का व्यापार बिगाड़ दिया, और उसे अधिकारियों के सामने घसीटकर लाया गया। पौलुस और सीलास को सार्वजनिक रूप से बेंत से पीटा गया, जेल में डाला गया और बेड़ियों में बाँधकर सताया गया। वहाँ उन्होंने भजन गाना शुरू किया! उसी रात, एक भूकंप ने उस कारागृह को हिला दिया और उनकी बेड़ियाँ खुल गईं। बाकी कैदी भी, जो अब पौलुस के प्रभाव में थे, वहाँ से भागे नहीं। यह सब देखकर जेल अधिकारी चकित था, और आत्महत्या करने ही वाला था, लेकिन इसके बजाय उसने विश्वास किया। फिर अधिकारियों ने संदेश भेजा कि उन्हें रिहा किया जा सकता है।

तब पौलुस ने अपना अंतिम तुरुप का पत्ता खोला। उसने अपनी रोमी नागरिकता जाहिर की। उसे सार्वजनिक रूप से मारकर न्यायधीशों ने गंभीर अपराध किया था। अगर पौलुस (और शायद सीलास भी) इसे रोमी अदालत में ले जाते, तो न्यायधीश संकट में पड़ जाते। इसलिए वे डरकर और नम्र होकर इन दो प्रचारकों से विनती करने लगे। उनको राहत देते हुए, पौलुस ने न केवल आरोप लगाने से इंकार किया बल्कि उदारता दिखाते हुए शहर छोड़ने के लिए भी सहमत हो गया।। इस तरह, नई कलीसिया को सरकारी हस्तक्षेप से सुरक्षा मिल गई। पौलुस और सीलास अपने पीछे एक नवयुवक कलीसिया को छोड़करआगे बढ़े। आगे और भी था! लगता है पौलुस ने अपने पुराने मित्र लूका को वहीं छोड़ दिया ताकि नए विश्वासियों को शिक्षा दे सके। इस संभावना को भी ठुकराया नहीं जा सकता कि वही लूका वह "मकिदुनिया का व्यक्ति" था जिसे पौलुस ने त्रोआस में दर्शन में देखा था।

अब पौलुस की यात्रा उसे अम्फिपोलिस ले गई, जो 33 मील दूर था, फिर 30 मील आगे अपोलोनिया, और फिर 37 मील आगे थिस्सलुनीके। थिस्सलुनीके की स्थापना 316 ई.पू. में हुई थी और इसका नाम सिकंदर की बहन के नाम पर रखा गया था। यह रोमियों, यूनानियों और यहूदियों के मिले-जुले समुदाय वाला बड़ा और काफ़ी महत्वपूर्ण नगर था।

यह नगर "वाया एग्नातिया", उस महान सड़क पर था, जो रोम को एजियन सागर के उत्तरी इलाके से जोड़ती थी। पौलुस ने तुरंत समझ लिया कि इतने महत्वपूर्ण रास्ते और व्यस्त स्थान पर कलीसिया स्थापित करना कितना उपयोगी होगा।

थिस्सलुनीके में, पौलुस ने आराधनालय के अंदर और बाहर दोनों जगहों पर प्रचार किया। उसका नियम था कि पहले यहूदियों के पास जाया जाए। उसने, सीलास ने और तीमुथियुस ने—जो हाल ही में लुस्त्रा में प्रचार दल से जुड़ा एक युवा विश्वासी था—सबसे पहले यहूदियों को मसीह की ओर लाने का प्रयास किया। वे यासोन नामक यहूदी के यहाँ

मेहमान के रूप में रहे (प्रेरितों के काम 17:5, 7)। तीन रविवार तक, पौलुस ने वह सामान्य निमंत्रण स्वीकार किया जो अतारीखयों को दिया जाता था, कि वे सभा में जाकर आराधनालय की मंडली को संबोधित करें। पौलुस के फिलिप्पी की कलीसिया को लिखे पत्री के एक संकेत से हम जानते हैं कि थिस्सलुनीके में रहते समय कम से कम दो अवसरों पर पौलुस को उस कलीसिया से आर्थिक सहायता प्राप्त हुई (फिलिप्पियों 4:16)।। दोनों नगर केवल 100 मील की दूरी पर स्थित थे।

थिस्सलुनीके के आराधनालय में, पौलुस ने यहूदियों को यह दिखाने का प्रयास किया कि यह ज़रूरी था कि मसीह "कष्ट उठाएँ और मृतकों में से जी उठें" (प्रेरितों के काम 17:2-4)। जो थोड़े से यहूदी विश्वास कर पाए, वे जल्द ही बहुत से गैर-यहूदी "ईश्वर-भक्तों" की सेना से घिर गए जिनमें कई उच्च पद की कुलीन स्त्रियाँ भी थी जिन्होंने उस सन्देश पर विश्वास किया।

यहूदी धार्मिक अधिकारियों को इस बात पर बहुत आपत्ति हुई और उन्होंने भीड़ को भड़का दिया। एक भीड़ ने यासोन का घर घेर लिया और उसे तथा कुछ नए विश्वासियों को अधिकारियों के सामने खींच ले गए। उन पर लगाया गया आरोप बड़ा था: आरोप लगाने वालों ने कहा कि पौलुस कैसर के अलावा किसी अन्य राजा, अर्थात् यीशु नाम के व्यक्ति के आने की घोषणा कर रहा था। हाकिम, जो यहूदियों की धार्मिक भावनाओं को जानते थे, उन्होंने किसी तरह उस मामले को शांत किया। उन्होंने यासोन और अन्य लोगों से जमानत लेकर उन्हें रिहा कर दिया। सुरक्षा शायद इस शर्त पर थी कि पौलुस उस नगर को शांति से छोड़ देगा—एक ऐसी , जिसे अगर पौलुस वहाँ होता तो शायद न मानता। फिर भी, यह प्रतिज्ञा ली गई, और पौलुस ने अपना सामान बाँधा और नगर छोड़ने की तैयारी की।

वह एक नई लेकिन जीवंत कलीसिया को वहाँ पीछे छोड़कर गया। इसके कुछ सदस्यों के नाम बाइबल में लिखे हैं, जैसे अरिस्तर्खुस और सिकुन्दुस (प्रेरितों के काम 19:29; 20:4; 27:2; कुलुस्सियों 4:10; फिलेमोन 1:24)। इसके सदस्य ज़्यादातर अन्यजाति थे, और अधिकतर दास और कारीगर थे। पौलुस ने अपनी तीसरी प्रचार यात्रा (प्रेरितों के काम 20:1-3) में भी थिस्सलुनीके का दौरा किया लगता है। इस बीच उसे चिंता थी कि उसे इन नए विश्वासियों को इतनी जल्दी छोड़ना पड़ा, खासकर इसलिए क्योंकि वे शत्रुओं की कड़ी दुश्मनी के बीच थे। जैसे पौलुस ने लूका को फिलिप्पी में छोड़ा था, वैसे ही शायद उसने तीमुथियुस को थिस्सलुनीके में छोड़ा था।

बिरीया नगर चालीस-पचास मील दूर था, जहाँ पौलुस अगला सुसमाचार ले जाना चाहता था। बिरीया के यहूदी पौलुस के संदेश में बड़ी रुचि रखते थे, और वे रोज़ बाइबल पढ़ते थे और जाँचते थे कि पौलुस की शिक्षा सच है कि नहीं।

लेकिन जल्द ही, थिस्सलुनीके के यहूदी वहाँ भी परेशानी खड़ी करने के लिए पहुँच गए। पौलुस को वहाँ से निकलना पड़ा। लगता है कि उसके कुछ नए विश्वासियों ने उसे दियम बंदरगाह तक (जो लगभग सोलह मील दूर था) पहुँचाया। दियम से वह जहाज़ पर चढ़ा और एथेंस पहुँचा, जो करीब 250 मील दूर था। अब वह अकेला था। निश्चय ही उसने जहाज़ की यात्रा में अपने विश्वासियों के लिए और आगे की अगुवाई के लिए प्रार्थना की होगी। आखिरकार वह प्रसिद्ध नगर एथेंस पहुँचा, जो उस समय का एक बड़ा विश्वविद्यालय नगर था।

अथेंस ने पौलुस को अत्यंत आकर्षित किया। उसके गौरवशाली इतिहास का अधिकांश भाग वह निश्चय ही कंठस्थ जानता था। इस नगर को प्रतिष्ठा देने वाले वैज्ञानिकों और दार्शनिकों की लंबी सूची से वह भली-भाँति परिचित था। उसे अपने साथियों की कमी महसूस हो रही थी। तीमुथियुस थिस्सलुनीके में था और सीलास मकिदुनिया में कहीं था। दोनों ही पौलुस के कार्यों को निष्ठापूर्वक पूरा करने में लगे हुए थे।

स्थिर बैठने में असमर्थ, पौलुस एथेंस की गलियों में घूमता रहा, और हर तेज नज़र के साथ इस प्रसिद्ध विद्या नगरी की घोर मूर्तिपूजा को देखता गया। केवल दृश्यों और सुंदरता से उसे अधिक प्रभाव नहीं पड़ता था। उसका लक्ष्य आत्माएँ थीं। उसने आराधनालय में यहूदियों को और बाज़ार में अन्यजातियों को चुनौती देना शुरू किया। अंततः उसे

मार्स हिल (अरियोपागुस) पर बुलाया गया ताकि वह अपनी शिक्षा का विवरण दे सके। श्रोता उसका मजाक उड़ाने लगे। लेकिन वह आगे बढ़ गया — अकेला।

जैसे एथेंस यूनानी संस्कृति का केंद्र था, वैसे ही कुरिन्थुस—जहाँ पौलुस अगला गया—व्यापार का केंद्र था। यह एथेंस से पचास मील पश्चिम में था और एक महत्वपूर्ण भूडमरू पर बसा था। इसके दो बंदरगाह थे—कुरिन्थुस और केन्क्रिया। यह नगर रोम और पूर्व के बीच मुख्य समुद्री रास्ते पर था। यह पुराने समय का पापमय बाज़ार था, एक अधर्मी और बुरा स्थान। फिर भी, पौलुस ने इस महत्वपूर्ण नगर में अपनी सबसे बड़ी और सबसे आशीषित कलीसियाओं में से एक स्थापित की।

समय के साथ, सीलास और तीमुथियुस दोनों वहाँ आ पहुँचे। तीमुथियुस की खबर इतनी उत्साहजनक थी (1 थिस्सलुनीकियों. 3:6) कि पौलुस ने थिस्सलुनीके के विश्वासियों को पत्री लिखने की आवश्यकता महसूस की। कुछ लोग मानते हैं कि यह पौलुस का पहला प्रेरितीय पत्री था। ऐसा प्रतीत होता है कि उसने यह पत्री कुरिन्थुस से लिखा, अपने स्वयं के परिवर्तन के सोलह वर्ष बाद, जब उसकी आयु लगभग छियालीस वर्ष की थी। इस पत्री का एक रोचक तथ्य यह है कि इसमें पुराने नियम का एक भी संदर्भ नहीं है। मसीह के शीघ्र आगमन की प्रतिक्षा इसका मुख्य विषय है।

क. पौलुस और उसके साथी (1:1क)

"पौलुस और सिलवानुस और तीमुथियुस..." – पत्री की शुरुआत ऐसे होती है। यहाँ पौलुस ने अपने नाम के साथ "प्रेरित" लिखने की ज़रूरत नहीं समझी, क्योंकि वह अपने प्रिय मित्रों को लिख रहा था। क्या उसने उनके लिए सुसमाचार सुनाते समय अपनी जान खतरे में नहीं डाली थी? क्या उन्होंने फिलिप्पी में बुरी तरह मार खाने के बाद भी उसे जीवित नहीं देखा था? जब वे अपने उस पुराने जीवन को सोचते, जिसमें वे पौलुस के आने से पहले जी रहे थे, तो क्या वे उससे प्रेम किए बिना रह सकते थे? जब उनका अभिवादन पौलुस तक पहुँचा तो क्या उसका मन आनंद से गाने नहीं लगा होगा? "पौलुस!" – यह नाम उनके लिए लगभग उतना ही अनमोल था जितना यीशु का पवित्र नाम।

हम कल्पना कर सकते हैं कि जब पौलुस का पत्री पहुँचा तो कलीसिया में कैसी उत्सुकता रही होगी। लोग एकत्र हुए होंगे। अगुवा ने उस पत्री—स्क्रॉल—को खोला होगा और पढ़ना शुरू किया होगा: “पौलुस!” सबके चेहरे खिल उठे होंगे। प्रिय पौलुस! “और सिलवानुस!” प्यारे सीलास भी पौलुस के समान ही सम्मानित और प्रिय थे। कभी वे यरूशलेम में एक भविष्यवक्ता थे। वे यरूशलेम से चुने हुए दूत के रूप में भेजे गए थे, जिसका कार्य मसीह में विश्वास करनेवाले अन्यजातियों को यह बताना था कि वे यहूदी धार्मिक व्यवस्था और रीति-रिवाजों से पूरी तरह मुक्त हैं। हाँ! वे सीलास को याद करते थे — और तीमुथियुस को भी, जो पौलुस का युवा, उत्साही परिवर्तित शिष्य था।तीमुथियुस, जिसकी माँ और नानी यहूदी थीं और पिता अन्यजाति था। उन्होंने तीमुथियुस को भी याद किया!

जैसे-जैसे अगुवा पढ़ता गया, पौलुस के पत्री की पंक्तियाँ आगे बढ़ती गईं। इन उत्सुक श्रोताओं को क्या पता था कि वे पवित्र शास्त्र सुन रहे हैं — केवल पौलुस का पत्री नहीं, बल्कि एक पवित्र आत्मा से प्रेरित, अटल और निष्कपट सत्य; एक नया बाइबल-पुस्तक; एक ऐसा ग्रंथ जो आज तक बना हुआ है! एक ऐसी पुस्तक जो अंतरिक्ष के सभी सूर्य और तारों से भी अधिक काल तक बनी रहेगी! यह अनंतकाल के तत्वों से बना हुआ था!

पर ऐसा ही था। क्या यह केवल एक प्रिय मित्र का दूर से आया हुआ पत्री था? हाँ, बिल्कुल। पर यह उससे कहीं अधिक था — बहुत अधिक! यह एक ऐसा पत्री था जिसे परमेश्वर के पवित्र आत्मा ने प्रेरणा देकर लिखवाया था। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। यह एक पत्री था — एक बाइबल की पुस्तक — अन्यजातियों के लिए! यह एक ऐसी पुस्तक थी जिसे मूसा की पंचग्रंथ, दाऊद के भजन, और दानिय्येल की भविष्यसूचक पांडुलिपि के साथ रखे जाने के योग्य बनाया गया था।

ख. पौलुस और उसके नए विश्वासी (1:1ख-2)

1. अभिवादन का वचन (1:1ख)

"...की ओर से थिस्सलुनीकियों की कलीसिया के नाम, जो परमेश्वर पिता और प्रभु यीशु मसीह में है" – यह क्या ही एक अद्‍भुत वचन है! थिस्सलुनीके लोग कलीसिया शब्द से परिचित थे। यूनानी शब्द “एक्क्लेसिया” पूरी तरह से एक लौकिक शब्द था। यह उस समय यूनानी नगर के नागरिकों की उस सभा को कहा जाता था, जब वे अपने शासन संबंधी कार्यों को संपन्न करने के लिए एकत्रित होते थे। बाद में यहूदियों ने इस शब्द को अपनाया और इसे इस्राएल की सभा के लिए इस्तेमाल किया (व्यवस्था 18:16; नहे. 13:1)।

परन्तु यह स्वयं यीशु ही था जिसने इस शब्द को ग्रहण किया और उसे अपने लिए प्रयोग किया। उसने पतरस से कहा, “इस चट्टान पर मैं अपनी कलीसिया बनाऊँगा” (मत्ती 16:18)। वह यहाँ भविष्यद्वाणी के रूप में उस सार्वभौमिक कलीसिया की बात कर रहा था जो पिन्तेकुस्त के दिन अस्तित्व में आने वाली थी। बाद में उसने इसी शब्द का उपयोग स्थानीय कलीसिया को वर्णित करने के लिए भी किया (मत्ती 18:17)। पवित्र आत्मा ने इस शब्द के पवित्र उपयोग को आगे बढ़ाया। हम पढ़ते हैं कि “और जो उद्धार पाते थे, उनको प्रभु प्रतिदिन उनमें मिला देता था” (प्रेरितों के काम 2:47)।

थिस्सलुनीके की कलीसिया को संबोधित करते हुए, पौलुस उसे दो प्रकार के पते देता है। वह “थिस्सलुनीकेवासियों की कलीसिया” थी — यह उसकी स्थानीय कलीसिया की पहचान थी। साथ ही वह कलीसिया “जो परमेश्वर पिता में और प्रभु यीशु मसीह में है” — यह उसकी सार्वभौमिक कलीसिया की पहचान थी।

यही कारण है कि अधोलोक के फाटक कलीसिया पर प्रबल नहीं हो सकते! शैतान कभी-कभी किसी स्थानीय कलीसिया पर हमला कर सकता है, उसे तोड़ने की कोशिश कर सकता है, पर वह सार्वभौमिक कलीसिया को कभी हानि नहीं पहुँचा सकता। वह उसके लिए एक भयानक सेना के समान है। शैतान की कोई भी चाल, कोई भी दुष्टता, कोई भी आक्रमण और शरीर की कोई भी कमजोरी इस कलीसिया को नुकसान नहीं पहुँचा सकती, क्योंकि यह "पिता परमेश्वर और प्रभु यीशु मसीह में" निहित है। और अंत में, परमेश्वर किसी भी स्थानीय कलीसिया पर शैतान की प्रतीत होने वाली सभी विजयों पर भी अधिकार कर लेता है, और उन्हीं के द्वारा अपनी बुद्धि, प्रेम और सामर्थ को प्रकट करता है।

थिस्सलुनीके कलीसिया इसका जीता-जागता उदाहरण थी। पौलुस को वहाँ से निकाल दिया गया था और नई बनी हुई कलीसिया को अकेले सताव और शैतान के हमलों का सामना करना पड़ा। शैतान ने शायद सोचा होगा कि उसने जीत हासिल कर ली है। पर वह जल्दी ही निराश हो गया। सच तो यह है कि पौलुस की उपस्थिति वहाँ बहुत सहायक होती, क्योंकि उसे सताव का अनुभव था। पर उसकी शारीरिक उपस्थिति से अधिक उसकी प्रार्थनाएँ और उसकी पत्रियाँ काम आई। उसने पवित्र आत्मा की प्रेरणा से कलम उठाई और एक प्रेरक पत्री लिखी – एक ऐसी पत्री जो सूरज, चाँद और तारों से भी अधिक स्थायी रहने वाली थी।

थिस्सलुनीके कलीसिया परमेश्वर की एक्लेसिया थी। यह विशेष रूप से पिता परमेश्वर और प्रभु यीशु मसीह से जुड़ी हुई थी। यह भले ही संसार की नज़र में छोटी और कमजोर लगती थी, पर अंधकार की शक्तियों के लिए यह एक बहुत ही खतरनाक शत्रु थी। परमेश्वर की दृष्टि में यह बुलाए गए लोगों का समूह था – महिमामय, जयवंत, निष्कलंक, बिना झुर्री और बिना दोष के। परमेश्वर ने इसे स्वर्गीय स्थानों में स्थापित किया है, जहाँ शैतान की सारी प्रधानताएँ और शक्तियाँ, इस संसार के अंधकार के हाकिम, और आकाश में रहने वाली दुष्ट आत्माएँ इससे भयभीत रहती हैं (इफिसियों 6:10-20)।

पौलुस का आरंभिक कथन थिस्सलुनीकियों को यह स्मरण कराता है कि यीशु पिता के साथ समान अनादि, समान अधिकार वाले और समान अस्तित्व वाले हैं। हम कभी-कभी इस सत्य को भूल जाते हैं — परन्तु शैतान कभी नहीं भूलता। वह इस तथ्य की याद हर मोड़ पर करता है, क्योंकि वह हर समय, हर स्थान पर, हर संभव उपाय से और अपनी पूरी शक्ति के साथ कलीसिया के विरुद्ध लड़ता रहता है।

शैतान परमेश्वर के वचन से डरता भी है और उससे लड़ता भी है। अदन की वाटिका में हव्वा से उसकी पहली चाल परमेश्वर के वचन पर ही थी (उत्प. 3)। पहले उसने शक डाला: "क्या परमेश्वर ने सचमुच कहा?" (उत्प. 3:1)। फिर उसने इनकार किया: "तुम निश्चय नहीं मरोगे" (उत्प. 3:4)। और फिर उसने प्रलोभन दिया: "तुम परमेश्वर के समान हो जाओगे" (उत्प. 3:5)। शैतान ने निराशा और हताशा के साथ देखा कि कैसे शताब्दियों तक परमेश्वर बाइबल में एक-एक करके पुस्तकें जोड़ते गए। फिर जब पवित्रशास्त्र (कैनन) पूरा हो गया, तो शैतान ने शायद राहत की साँस ली होगी। उन उन्तालीस पुस्तकों ने ही उसके लिए काफी परेशानी पैदा कर दी थी!

अब, मूर्खतापूर्वक, पौलुस को थिस्सलुनीके से निकालकर उसने (शैतान ने) एक और बाढ़ का द्वार खोल दिया था। पौलुस ने लिखना आरंभ किया। शीघ्र ही, परमेश्वर के वचन में सत्ताईस और पुस्तकें जुड़ने वाली थीं, जिनमें पौलुस के सामर्थी लेखनी से निकले चौदह पत्री भी शामिल थे। निश्चय ही, शैतान काँप उठा होगा!

2. एक आभारी वचन (1:2)

"हम अपनी प्रार्थनाओं में तुम्हें स्मरण करते और सदा तुम सब के विषय में परमेश्वर का धन्यवाद करते हैं।" "सदा!" "तुम सबके विषय में!" — पौलुस की तरह! और यह यीशु जैसा भी है! किसी विश्वासी को जब पवित्र वचन पर मनन करते देखता है तो शैतान अवश्य विचलित होता होगा; और जब वह परमेश्वर के किसी जन को घुटनों पर बैठकर प्रार्थना करते देखता होगा — तो निश्चय ही भय से काँप उठता होगा।

वह कितनी भरी-पूरी पुस्तक रही होगी — पुरानी, घिसी हुई, नामों, पतों, संकेतों, विशेष स्मरणों और हर प्रकार की जानकारियों से भरी — पौलुस की प्रार्थना-पुस्तक! पौलुस के लिए प्रार्थना करना उतना ही स्वाभाविक था जितना कि साँस लेना। हर स्थान पर, हर समय, हर परिस्थिति में, और बड़े या छोटे हर विषय में — पौलुस प्रार्थना करता था। यह उसके लिए एक अभ्यास था जिसे वह करता था, एक भावना थी जिसे उसने विकसित किया था, और एक आशीष थी जिसका वह भरपूर उपयोग करता था।

इसके साथ ही, उसने धन्यवाद और स्तुति करने की आदत भी डाली। यही कारण है कि पौलुस के सभी पत्रियों (गलातियों को छोड़कर) धन्यवाद के शब्द से शुरू होते हैं।

भाग 2.

प्रभु का आगमन : एक उद्धार देने वाला सत्य

1 थिस्सलुनीकियों 1:3-10

क. व्यवहार में सुसमाचार (1:3)

इस पत्री का मुख्य विषय मसीह का दूसरा आगमन है। यह सुसमाचार का एक अटल सत्य है। आखिरकार, मसीह के मृत्यु पर विजय पाने, मृत्यु और अधोलोक की चाबियाँ लेने, और अपने साफ-साफ वचन के साथ स्वर्ग में ऊपर

जाने के बाद सिर्फ बीस ही साल बीते थे कि वह फिर से आएगा। यह वचन जितना नया था उतना ही भरोसेमंद भी था।

पौलुस सबसे पहले सुसमाचार के तीन समयों की बात करता है। वह भूतकाल से शुरू करता है। सुसमाचार की जड़ें ऐतिहासिक घटनाओं में हैं — उन बातों में जो वास्तव में घटित हुई थीं और जब पौलुस ने यह पत्री लिखा, तब भी लोगों के बीच सामान्य रूप से जानी-पहचानी थीं।

परमेश्वर का पुत्र, जो एक कुँवारी के गर्भ से मानव जीवन में प्रवेश किया, उसने स्वर्ग से हमारे इस पृथ्वी पर जन्म लिया। यह घटना यहूदिया के बेतलहम नगर में हुई। इस नवजात बालक को स्वर्गदूतों और मनुष्यों दोनों ने देखा। वह एक ऐसे प्रसिद्ध नगर में बड़ा हुआ जिसे उसकी भूमि की राजधानी यरूशलेम के सभ्य लोग तुच्छ समझते थे। उसके आगमन की घोषणा उस समय के सबसे महान प्रचारक ने की, जिसने निडर होकर उसे राष्ट्र के वायदा किए गए मसीहा के रूप में घोषित किया। उसने परमेश्वर और मनुष्य — दोनों की निरंतर जाँच के बीच एक निर्दोष जीवन जिया। उसने असंख्य अद्भुत और प्रमाणित चमत्कार किए। उसने महान सत्यों को तीखे और अविस्मरणीय शब्दों में सिखाया। उससे प्रेम भी किया गया और उसे घृणा भी सहनी पडी। अपने जीवन और मृत्यु — दोनों में — उसने पुराने नियम की अनेक भविष्यवाणियों को अक्षरशः पूरा किया।

ऐसा लगा कि उसके शत्रु विजयी हो गए हैं। अंत में, उन्होंने उसे सलीब पर चढ़ाकर उससे छुटकारा पाने के अपने प्रयत्न में सफलता पा ली। फिर भी, उसके विरोधियों की सारी चालों के बावजूद, उसे एक धनवान व्यक्ति की कब्र में दफनाया गया। तीन दिन बाद, वह मृतकों में से जी उठा। थोड़े ही समय बाद, कई गवाहों के सामने, वह अपने शरीर सहित स्वर्ग पर उठा लिया गया। ये सभी ऐतिहासिक सत्य हैं। उद्धार के सिद्धांत को इनसे अलग नहीं किया जा सकता।

इस प्रकार पौलुस "तुम्हारे विश्वास के काम" का उल्लेख करके आरंभ करता है — वह विश्वास जिसने प्रत्येक थिस्सलुनीकी विश्वासी को परमेश्वर के परिवार में शामिल कर दिया। पुराने नियम के विश्वासियों ने इन महान सत्यों की ओर विश्वास से आगे की ओर देखा था, और हम आज उन्हीं सत्यों की ओर पीछे मुड़कर विश्वास से देखते हैं।

परन्तु विश्वासी अतीत में नहीं जीता — वह वर्तमान में जीता है। पौलुस उनके "प्रेम के परिश्रम" का उल्लेख करता है। प्रेम ही मसीही विश्वास का मूल तत्व है। प्रेम जीवन को व्यावहारिक और आज के समय से जुड़ा हुआ बना देता है। मसीह के जीवन को एक शब्द में समेटा जाए तो वह शब्द है — "प्रेम।"

कुछ समय पहले मैंने अपने एक मित्र से, जो एक समृद्ध "मेगाकलीसिया" के पास्टर हैं, पूछा कि उनकी कलीसिया की अद्भुत और निरंतर बढ़ती हुई उन्नति का रहस्य क्या है। उन्होंने उत्तर दिया, "हमारे लोग प्रभु यीशु से प्रेम करते हैं। हमारे लोग एक-दूसरे से प्रेम करते हैं। हमारे लोग खोए हुओं से प्रेम करते हैं।"

इसके अतिरिक्त, विश्वासी उस प्रतिज्ञा की आशा रखता है जो उसके सामने रखी गई है — अर्थात मसीह के दूसरे आगमन की। इसीलिए पौलुस उनके "आशा के धीरज" का भी उल्लेख करता है। कलीसिया की महान आशा है — मेघारोहण (उठा लिए जाना) — जिसे पौलुस "धन्य आशा" (तीतुस 2:13) कहता है। पौलुस ने इस आशा को अपने पूरे पत्री में थिस्सलुनीकियों के सामने जीवित बनाए रखा।

थिस्सलुनीकी विश्वासियों ने प्रभु के अपेक्षित आगमन की ज्योति में विश्वास, प्रेम और आशा का अभ्यास किया, और यह सब "परमेश्वर और हमारे पिता की दृष्टि में" किया। उसकी कृपालु दृष्टि हम पर बनी हुई है। वह हमें अनन्त प्रेम से प्रेम करता है — ऐसा प्रेम जो धैर्यवान और कृपालु है, ऐसा प्रेम जो हमें कभी नहीं छोड़ता। हमारे शत्रु भले ही हमें घूरते रहें, परन्तु एक है जो हम पर दृष्टि रखे हुए है — और वह स्वयं प्रेम है।

ख. दृष्टिकोण में सुसमाचार (1:4)

"हे भाइयो, परमेश्वर के प्रिय लोगो, हम जानते हैं कि तुम चुने हुए हो।" यहाँ “चुने हुए” (Election) के लिए जो शब्द प्रयुक्त हुआ है, वह है “एक्लोगे” (eklogē)। प्रभु ने स्वयं इस शब्द का प्रयोग तब किया जब उन्होंने हनन्याह को दमिश्क के सीधे मार्ग पर स्थित उस घर में भेजा जहाँ नया जन्म पाया हुआ तरसुस का शाऊल ठहरा हुआ था। हनन्याह ने इस आज्ञा का विरोध किया — क्योंकि शाऊल एक खतरनाक व्यक्ति था। उसने यरूशलेम की कलीसिया को बहुत हानि पहुँचाई थी, और अब दमिश्क में वह यरूशलेम के यहूदी धार्मिक अगुवों का प्रतिनिधि बनकर आया था, जिसे शहर के सभी विश्वासियों को गिरफ्तार करने का विशेष आदेश मिला था। हनन्याह इस सब बात से भली-भांति परिचित था — परन्तु वह प्रभु को वही बातें बता रहा था जिन्हें प्रभु पहले से ही जानते थे! और वह उन्हें बड़ी प्रभावशाली ढंग से समझाने की कोशिश भी कर रहा था। परन्तु प्रभु वह जानता था जो हनन्याह नहीं जानता था — कि तरसुस का शाऊल अब एक विश्वासी बन चुका है। इसलिए हनन्याह को वही करना था जो प्रभु ने कहा था, क्योंकि शाऊल के विषय में प्रभु ने कहा, “क्योंकि वह तो अन्यजातियों और राजाओं और इस्राएलियों के सामने मेरा नाम प्रगट करने के लिये मेरा चुना हुआ पात्र (एक्लोगे) है” (प्रेरितों के काम 9:15)।

परमेश्वर चुनाव करता है। हम भी चुनाव करते हैं। पवित्र आत्मा साफ़ बताता है कि परमेश्वर का चुनाव उसके पूर्वज्ञान पर आधारित है (1 पतरस 1:2)। हमारे जीवन इस संसार के समय, स्थान और पदार्थ में सीमित होते हैं। हम अपने अस्तित्व को तीन कालों में व्यक्त करते हैं—"मैं था, मैं हूँ, मैं रहूँगा।" लेकिन परमेश्वर इस तरह सीमित नहीं है। वह अनन्त है, सदा वर्तमान में है। वह अपने अस्तित्व को इस रूप में कहता है—"मैं हूँ" (निर्गमन 3:14)। जब यीशु से प्रश्न किया गया, तो उसने भी अपनी दैवीयता को कायम रखते हुए यही कहा, "इससे पहले कि इब्राहीम हुआ: मैं हूँ" (यूहन्ना 8:57-59)। परमेश्वर के लिए सारा समय वर्तमान है। इसीलिए जब हम मसीह को चुनते हैं, तो वही पल परमेश्वर का हमें चुनने का भी पल बन जाता है। परमेश्वर की दृष्टि में दोनों बातें एक साथ घटित होती हैं।

हम यह नहीं कह सकते कि परमेश्वर ने हमें स्वतंत्र इच्छा दी है और फिर साथ ही यह भी कहें कि हम अपने निर्णय में उसका प्रयोग नहीं कर सकते। परमेश्वर ने मनुष्यों को बनाया है, कठपुतलियाँ नहीं। इसलिए मनुष्य की अपनी स्वयं की इच्छा होती है।

ग. सामर्थ्य में सुसमाचार (1:5)

"क्योंकि हमारा सुसमाचार तुम्हारे पास न केवल शब्द मात्र ही में वरन् सामर्थ्य और पवित्र आत्मा में, और बड़े निश्चय के साथ पहुँचा है; जैसा तुम जानते हो कि हम तुम्हारे लिये तुम्हारे बीच में कैसे बन गए थे।" सुसमाचार सदैव “वचन में” होता है। मूल रूप से यह स्वर्ग से आया हुआ संदेश है। यह सत्य घटनाओं से संबंधित है — यह परमेश्वर और मनुष्य के विषय में सत्य को प्रकट करता है। यह निमंत्रण देता है, मन को आकर्षित करता है, और चेतावनी भी देता है। लोगों को यह बताया जाना आवश्यक है। सुसमाचार वचन में है।

लेकिन यह केवल बातों तक सीमित नहीं था। बातें करना आसान है। मलाकी ने यहूदियों से कहा, "तुम ने यहोवा को अपनी बातों से थका दिया है" (मलाकी 2:17)। पौलुस फिलिप्पी से थिस्सलुनीके तक लहूलुहान पीठ के साथ केवल बातें करने नहीं आया था। उसका संदेश सामर्थ में था; यहाँ प्रयुक्त शब्द है “दुनामिस” — अर्थात अवरोध-रहित, अतुलनीय सामर्थ। जब पौलुस उस नगर में आया, तो वह केवल कुछ सभाएँ लेकर, भेंट प्राप्त करके और नगर छोड़कर जाने के लिए नहीं आया था। वह पूरी अपेक्षा रखता था कि कुछ घटित होगा — आत्माएँ उद्धार पाएँगी, जीवन परिवर्तित होंगे,और नई कलीसियाएँ स्थापित होंगी। लोगों में क्रोध भी उत्पन्न होगा, और शैतान विरोध भी भड़काएगा।

इस प्रकार जब वह थिस्सलुनीके पहुँचा, तो उसे यह पूर्ण विश्वास था कि सुसमाचार का “आत्मिक विस्फोट” वहाँ भी वैसा ही हलचल मचाएगा जैसा फिलिप्पी में हुआ था। पौलुस के मन में कभी यह विचार नहीं आया कि वह किसी

नगर में जाकर प्रचार करे और बिना किसी परिवर्तन या प्रभाव के चुपचाप आगे बढ़ जाए — लोगों को यह अवश्य जानना चाहिए था कि परमेश्वर का एक जन उनके बीच में आया था।

पौलुस ने अपने ज्ञान, उपदेश देने की कला, ऊँची शिक्षा, मूल भाषाओं में निपुणता, बोलने की शक्ति या अपने व्यक्तित्व पर भरोसा नहीं किया। उसके प्रचार के पीछे जो अद्‌भुत परिणाम देखे गए — वे उसके रूपरेखाओं, उदाहरणों, या ईमानदारी का फल नहीं थे। यह सब पवित्र आत्मा का कार्य था। आरंभ से लेकर अंत तक, मसीही जीवन का हर पहलू अलौकिक है। इसलिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं कि हमें परमेश्वर के आत्मा पर पूर्ण निर्भर रहना पड़ता है।

फसह और पिन्तेकुस्त के बीच, प्रभु के चेले ऊपरी कोठरी में इकट्ठे हुए और आपस में संगति का आनंद लिया। उनके पास कहने और विचारने के लिए बहुत कुछ था — वे अतीत की बातें कर सकते थे और भविष्य की आशा कर सकते थे। वे प्रार्थना कर सकते थे, और यह भी विचार कर सकते थे कि किस बात से कोई व्यक्ति प्रेरित कहलाने योग्य है। परन्तु वे गवाही देने में सामर्थहीन थे। पवित्र आत्मा का आना आवश्यक था। क्योंकि प्रचार को "सामर्थ और पवित्र आत्मा में" ही किया जाना चाहिए।

पौलुस का प्रचार "बहुत दृढ़ निश्चय के साथ" भी था। पौलुस ने तीन सब्तों तक प्रचार किया — और असंख्य लोग उद्धार में आए। जब जॉर्ज व्हिटफ़ील्ड ने प्रचार किया, तो कठोर हृदय वाले पुरुष रो पड़े। डी.एल. मूडी विशाल भीड़ से बात करते थे, और प्रत्येक व्यक्ति को ऐसा लगता था मानो वे केवल उसी से बात कर रहे हों। बिली ग्राहम हज़ारों लोगों को बरसात में भी सुसमाचार सुनाते थे — लगभग बिना किसी उदाहरण या भावनात्मक भाषा के, केवल सरल और सीधे सत्य बताते हुए। फिर भी जब वे लोगों को मसीह को ग्रहण करने के लिए बुलाते, सैकड़ों आगे बढ़ आते। जब चार्ल्स फिनी प्रचार करते थे, तो लोगों पर पापबोध की गहरी पीड़ा उतर आती थी — कभी-कभी उनके केवल किसी कारखाने में प्रवेश करने मात्र से ही लोग अपनी मशीनों के पास गिर पड़ते और अपने पापों के कारण चिल्लाकर रो पड़ते। जब जोनाथन एडवर्ड्स ने अपना प्रसिद्ध उपदेश "क्रोधित परमेश्वर के हाथों में पापी" ("Sinners in the Hands of an angry God" दिया, तो लोग सभा स्थलों में गिर पड़े, क्योंकि परमेश्वर की उपस्थिति ने उन्हें कायल कर दिया था। उन्होंने वह उपदेश बोला भी नहीं — केवल पढ़ा था। उसकी प्रतियाँ आज भी उपलब्ध हैं। ऐसे परिणामों का एक ही कारण था — पवित्र आत्मा की सामर्थ।

इस प्रकार पौलुस परमेश्वर के आत्मा से परिपूर्ण और अभिषिक्त होकर थिस्सलुनीके में प्रवेश करता है। पौलुस को उतना ही दृढ़ विश्वास था कि परमेश्वर वहाँ भी अद्‌भुत कार्य करेगा, जितना एलिय्याह को था जब उसने स्वर्ग से आग उतरने को कहा, जितना मूसा को था जब वह लाठी हाथ में लेकर फ़िरौन के सामने खड़ा हुआ, और जितना यहोशू को था जब उसने सूरज को ठहर जाने की आज्ञा दी।

घ. व्यक्ति में सुसमाचार (1:6-7)

"तुम...हमारी और प्रभु की सी चाल चलने लगे।" पौलुस ने कहा (1:6क)। हम देखते हैं कि थिस्सलुनीकियों ने क्या पहचाना। पौलुस द्वारा प्रचार किए जा रहे मसीह और उसके द्वारा जिए गए मसीही जीवन में कोई अंतर नहीं था। पौलुस का अनुसरण करना, वास्तव में मसीह का अनुसरण करना था, क्योंकि पौलुस स्वयं मसीह का इतना निकट से अनुकरण करता था। पौलुस ने मसीह के जीवन को जीने की कला इतनी गहराई से सीख ली थी कि वह अपने विश्वासियों से निडर होकर कह सकता था — "मेरे समान तुम भी मसीह का अनुसरण करो।"

प्रभु यीशु ने हमें प्रतिदिन अपने जीवन से दिखाया कि परमेश्वर कैसा है। उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन द्वारा दिन-प्रतिदिन, प्रत्यक्ष और जीवंत रूप में यह प्रदर्शित करना चाहिए कि यीशु मसीह कैसे हैं। पौलुस के सहकर्मियों ने भी यही किया। मसीह का जीवन केवल इस संसार के "पौलुसों" के लिए ही नहीं, बल्कि तीमुथियुसों और यूहन्ना मरकुसों के लिए भी है।

थिस्सलुनीके वालों ने "महाक्लेश में, पवित्र आत्मा के आनन्द के साथ वचन को माना" (1:6ख)। उन्होंने समझ लिया कि मसीही जीवन इस संसार से अलग है। यह संसार हमारा शत्रु है। इसी ने परमेश्वर के पुत्र की हत्या की।

इसी संसार ने कलीसिया को सताया। कलीसिया पर सताव मानव समाज में सदैव से विद्यमान रहा है। समय-समय पर यह सताव इतना बढ़ जाता है कि वह महामारी के समान फैल जाता है, और जब ऐसा होता है तो एक महा-विनाश घटित होता है। पौलुस के दिनों में, मसीहियों को निर्मम मूर्तिपूजा, यूनानी बुद्धिवाद, रोमी निरंकुशता, और यहूदी असहिष्णुता — इन सबका सामना करना पड़ता था।

थिस्सलुनीकियों ने सताव का सामना उसी प्रकार किया जैसे पौलुस और सीलास ने फिलिप्पी में किया था — उन्होंने गीत गाए (प्रेरितों के काम 16:22-25)! थिस्सलुनीकियों ने "पवित्र आत्मा के आनंद के साथ" गीत गाए। आनंद आत्मा का दूसरा फल है (गलातियों 5:22)। यह केवल खुशी नहीं है, क्योंकि खुशी परिस्थितियों पर निर्भर करती है, परंतु आनंद परमेश्वर में निहित होता है। युगों से लेकर आज तक, मसीही शहीदों ने पीड़ास्थलों में और जब उन्हें जलाकर मार डाला गया, तब भी गीत गाए।

हम यह भी देखते हैं कि थिस्सलुनीकियों ने क्या प्रदर्शित किया: "यहाँ तक कि मकिदुनिया और अखया के सब विश्वासियों के लिये तुम आदर्श बने" (1 थिस्सलुनीकियों 1:7)। यहाँ "आदर्श" शब्द के लिए यूनानी शब्द 'टाइपोस' प्रयोग किया गया है। इसका शाब्दिक अर्थ है — "छाप" या "नमूना।" यह वही शब्द है जिसका उपयोग यीशु के हाथों में कीलों के निशान (यूहन्ना 20:25) के लिए किया गया है — जिन्हें छूकर थोमा विश्वास करना चाहता था कि यीशु सचमुच मृतकों में से जी उठा है। यह शब्द एक ढाँचे, आकार, या सांचे का संकेत देता है। यीशु पौलुस के लिए आदर्श था; पौलुस थिस्सलुनीकियों के लिए आदर्श बना; और अब वे स्वयं दूसरों के लिए आदर्श विश्वासी बन गए — पूरे यूनान (मकिदुनिया और अखया) के मसीहियों के लिए एक सच्चा आदर्श। संयोग से, पौलुस ने यह पत्री कुरिन्थुस से लिखा, जो अखया की मुख्य नगरी थी, और इसे भेजा थिस्सलुनीका, जो मकिदुनिया की प्रमुख नगरी थी। हर मसीही को ऐसा जीवन जीना चाहिए कि दूसरे लोग उसकी ओर देखकर कह सकें — "यह है एक सच्चे मसीही का आदर्श।"

मसीही धर्म रोमी साम्राज्य को इसलिए जीत सका क्योंकि यह बिल्कुल वास्तविक था। मूर्तिपूजक लोग अपने पड़ोसियों, मित्रों, परिवार, सहकर्मियों, मालिकों और अधिकारियों को देखते थे जिनका जीवन सुसमाचार से पूरी तरह बदल गया था। जो लोग व्यभिचारी थे, वे पवित्र बन गए; जो बेईमान थे, वे विश्वसनीय हो गए; जो क्रूर और कठोर थे, वे दयालु और प्रेमी बन गए।

मूर्तिपूजकों ने ऐसे लोगों को नहीं देखा जो केवल अपना जीवन सुधारने की कोशिश कर रहे थे या एक नया अध्याय शुरू कर रहे थे। उन्होंने ऐसे लोगों को देखा जो पवित्र आत्मा द्वारा नया जन्म पाए थे — ऊपर से जन्मे हुए,

प्रेम और आनन्द से भरपूर, और जो परमेश्वर, स्वयं, तथा अपने मित्रों और शत्रुओं — सबके साथ शान्ति में थे। उन्होंने ऐसे लोगों को देखा जो अब धैर्यवान, कोमल, भले, नम्र, आत्म-संयमी और सबसे ऊँचे प्रकार के विश्वास से भरे हुए थे। उन्होंने देखा कि कैसे इन लोगों में चरित्र का गहरा, स्थायी, और चमत्कारी परिवर्तन हुआ है। उन्होंने ऐसे लोगों को देखा जो प्रलोभन पर जय पा रहे थे, जो भीषण सताव के सामने भी अडिग थे, और जिनके जीवन ने उनके सिद्धांत को सुशोभित कर दिया था। पौलुस ने देखा कि थिस्सलुनीका के मसीही सारे यूनान के लिए आदर्श बन गए थे — वे विश्वास और जीवन के क्षेत्र में दूसरों से आगे बढ़कर उदाहरण स्थापित कर रहे थे।

ङ. घोषणा में सुसमाचार (1:8-9)

अब पौलुस बताता है कि थिस्सलुनीके वाले सुसमाचार कैसे फैला रहे थे। वह पहले उनके *गवाही के क्षेत्र* के बारे में बताता है: "क्योंकि तुम्हारे यहाँ से न केवल मकिदुनिया और अखया में प्रभु का वचन सुनाया गया, पर तुम्हारे विश्वास

की जो परमेश्वर पर है, हर जगह ऐसी कलीसियाा फैल गई है कि हमें कहने की आवश्यकता ही नहीं" (1:8क)। यहाँ "फैल गई" के लिए प्रयुक्त यूनानी शब्द है एक्सकेओमाई, जो केवल इसी स्थान पर आता है और इसका अर्थ है — "एक सन्देशवाहक द्वारा तुरही का बजाया जाना"। उनकी गवाही जोरदार, स्पष्ट और दूर तक गूंजनेवाला था। वे डरकर बंद दरवाज़ों के पीछे नहीं छिपे, और न ही केवल अपने सबसे विश्वसनीय मित्रों के कानों में धीरे से सुसमाचार फुसफुसाया। उन्होंने उसे छतों से पुकारकर बताया! उन्होंने बाज़ारों में खुलेआम शुभ समाचार का प्रचार किया। वे हर किसी को बताते रहे — हर व्यक्ति ने ध्यान दिया, सुनकर चकित हुआ। जो कुछ उन्होंने मसीह में पाया था, वह इतना महान था कि वे उसे अपने तक सीमित नहीं रख सकते थे।

वे "प्रभु का वचन" सुना रहे थे। यह वाक्यांश पुराने नियम में दो सौ से भी अधिक बार आता है और यह परमेश्वर के प्रकट किए गए सत्य के लिए प्रयोग होता है। विशेषकर यहेजकेल इस वाक्यांश को बार-बार प्रयोग करता था (यहे. 1:3)। वह इसे अपनी पुस्तक के विभिन्न भागों को विभाजित करने के लिए प्रयोग करता है। यहूदी लोगों के पास "प्रभु का वचन" तो था,

परन्तु वे उसे स्वार्थपूर्वक केवल अपने तक सीमित रखते थे। यदि किसी अन्यजाति को वह सुनना होता, तो उसे आराधनालय में आना पड़ता और यहूदी धर्म में धर्मांतरित होना पड़ता। परन्तु मसीहियों ने जब "प्रभु का वचन" पाया — जो अब नए नियम के प्रकाशन द्वारा और भी समृद्ध हो गया था — उन्होंने उसे आराधनालय की दीवारों से बाहर, यहूदी धर्म की बंद परंपराओं से बाहर, बाज़ारों में और नगर की गलियों में ले गए। उन्होंने जहाँ काम किया, वहीं प्रचार किया; जहाँ रहे, वहीं मसीह का सन्देश सुनाया। उन्होंने हर किसी को बताया — वे मसीह के निडर राजदूत बन गए, और इस कारण उन्होंने यहूदियों की घृणा और विरोध को भी सहा।

हम सोच सकते हैं कि यहूदियों के मन में मसीहियों के प्रति कितनी गहरी नाराज़गी रही होगी। परमेश्वर का सत्य दो हज़ार सालों तक केवल यहूदियों का ही अधिकार था। अगर परमेश्वर को कुछ कहना होता, तो वह इब्रानी भाषा में कहता। वह यहूदियों से ही बात करता। सदियों तक केवल यहूदी ही परमेश्वर के वचन के प्राप्तकर्ता और संरक्षक थे। अगर किसी अन्यजाति को सत्य जानना होता, तो उसे यहूदियों के पास जाना पड़ता।

लेकिन पिन्तेकुस्त ने सब बदल दिया। पिन्तेकुस्त के बाद, अगर परमेश्वर को कुछ कहना होता, तो वह यूनानी भाषा में कहता। उसने दूसरी जातियों की भाषा में बोला जिसे अधिकांश लोग समझ सकते थे। नया नियम यूनानी भाषा में लिखा गया क्योंकि अब परमेश्वर पूरी दुनिया से बात कर रहा था और यूनानी उस समय की सार्वभौमिक भाषा थी। अब सुसमाचार का प्रचार अन्यजातियों को और अन्यजातियों के द्वारा लगातार बढ़ती संख्या में किया जा रहा था।

यहूदियों को यह बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। वे खुद सुसमाचार नहीं चाहते थे और वे यह भी नहीं चाहते थे कि अन्यजाति इसे पाएं। वे पवित्र आत्मा की उस महान गति से बहुत क्रोधित थे जो रब्बियों के स्कूलों, आराधनालय और यहूदी परंपराओं को पीछे छोड़ रही थी। वे पौलुस से, मसीह से और मसीहियत से घृणा करते थे, और यह देखकर उन्हें और गुस्सा आता था कि अन्यजाति "प्रभु का वचन" सुना रहे हैं। ये अन्यजाति लोग प्रभु के वचन को कैसे जान सकते थे? उन्होंने न तो रब्बियों के स्कूलों में वर्षों पढ़ाई की थी, न ही इब्रानी बाइबल पढ़ना सीखा था। वे आराधनालय में पले-बढ़े भी नहीं थे। इन नए विश्वासियों को क्या पता था? उनके पास तो बस कुछ हफ्तों की शिक्षा थी जो एक भगोड़े रब्बी, पौलुस ने दी थी, प्रमाण-पाठों का मिश्रण, और एक क्रूस पर चढ़ाए गए मसीह की अजीब सी कहानी थी। और उन्होंने खुद को बाइबल शिक्षक मान लिया! और इतना ही नहीं, लोग उनकी सभाओं में हज़ारों की संख्या में आ रहे थे और उनके इस आन्दोलन में शामिल हो रहे थे। यह देखकर यहूदी गुस्से से भर गए और इस नए समूह को नष्ट करने के लिए उठ खड़े हुए। लेकिन जितना वे सताते गए, उतना ही यह फैलता गया।

तीमुथियुस कुरिन्थुस में पौलुस के पास यह शुभ समाचार लाया। लेकिन जब तक पौलुस ने यह पत्री लिखा, तब तक सब लोग उसे यही कहानी सुना रहे थे। पूरे मकिदुनिया और अखया सुसमाचार की अग्नि में जल रहा था। थिस्सलुनीके

के विश्वासियों ने संसार में आग लगा दी थी! सुसमाचार यूनान के बीचों-बीच ऐसे फैल रहा था जैसे हवा से चलती घास की आग हो। पवित्र आत्मा काम कर रहा था, और कोई भी सताव उसे रोक नहीं सकता था।

इस प्रकार पौलुस *उनकी गवाही के विस्तार* को बताता है: "तुम्हारे विश्वास की जो परमेश्वर पर है, हर जगह ऐसी कलीसियाा फैल गई है कि हमें कहने की आवश्यकता ही नहीं। क्योंकि वे आप ही हमारे विषय में बताते हैं कि तुम्हारे पास हमारा आना कैसा हुआ..." (1:8ख-9क)। पौलुस अब खुद को अपने काम से मुक्त समझ रहा था! उसे दूसरों के पास सुसमाचार ले जाने की ज़रूरत नहीं रही, बल्कि लोग खुद उसके पास आ रहे थे क्योंकि उन्होंने थिस्सलुनीके के विश्वासियों से पहले ही यह सुन लिया था! यही तो जागृति है! सुसमाचार और उसका प्रभाव थिस्सलुनीके से कुरिन्थुस तक कलीसियाा का विषय बन गया था। यह आम बातचीत का हिस्सा बन चुका था।

हम उनकी गवाही के महत्व को भी देखते हैं: "और तुम कैसे मूरतों से परमेश्वर की ओर फिरे ताकि जीवते और सच्चे परमेश्वर की सेवा करो" (1:9ख)। यह स्पष्ट है कि पवित्र आत्मा की इस महान गति में अधिकांश जो लोग मसीह में आए, वे मूर्तिपूजक और अन्यजाति थे। यूनानियों के पौराणिक देवताओं के समूह ने थिस्सलुनीके के लोगों को कई देवताओं में से चुनने का अवसर दिया था। जब पौलुस एथेंस पहुँचा, तो उसने देखा कि वह महान नगर पूरी तरह मूर्तिपूजा में डूबा हुआ है। रोमी लोग मज़ाक में कहते थे कि अथेनै में मनुष्य से ज्यादा देवता मिलते हैं। पौलुस के समय का अन्यजाति संसार अत्यंत अंधविश्वासी और मूर्तिपूजक था। पूर्व के देवता, जैसे एफ़िसुस की आर्तेमिस, मिस्र के देवताओं, जैसे आइसिस के साथ पूजे जाते थे। यूनान के देवता — ज़्यूस, हर्मीस, नेपच्यून और एफ्रोडाइट — हर जगह आराधना के केंद्र थे। हर व्यक्ति की पसंद और इच्छा के अनुसार देवता और देवियाँ उपलब्ध थीं। और जो कुछ “आराधना” कहलाता था, वह वास्तव में सबसे घोर अनैतिकता थी। यह केवल अंधविश्वास नहीं था — यह उससे कहीं अधिक अधर्मपूर्ण और भ्रष्ट था। मूर्तियों के पीछे दुष्टात्माएँ थीं, जो लोगों के मन और आत्मा को बंधन में लेने को तैयार रहती थीं। शक्तिशाली याजक इन देवताओं की सेवा करते और जनसमूह को गुलाम बनाए रखते। बहुत से सोचने-समझने वाले अन्यजाति लोग इस सब व्यर्थता से ऊब चुके थे और उनके मन में गहरी इच्छा थी कि वे सच्चे परमेश्वर को खोजें और जानें।

तब मसीह का प्रचार करता हुआ पौलुस आया, और "जीवित और सच्चे परमेश्वर" की घोषणा करता हुआ। हज़ारों अन्यजाति लोग मूर्तियों को छोड़कर परमेश्वर की ओर मुड़ने के लिए तैयार और उत्सुक थे। सत्य ने उनके दिल, दिमाग और इच्छाओं को सामर्थ्य से पकड़ लिया। उन्हें आखिरकार वह सच्चाई मिली जिसकी वे लंबे समय से खोज कर रहे थे। उनमें से कुछ ने उम्मीद से यहूदियों की ओर देखा, परन्तु उन्हें तिरस्कार मिला, अशुद्ध समझा गया और उनसे यह माँग की गई कि वे खतना करवाएँ और यहूदी भोजन नियमों और परम्पराओं का पालन करें। कई बार यहूदियों का घमंड, संकीर्ण सोच और कपट उन्हें दूर कर देता। वे एक ओर उसकी ओर आकर्षित होते थे, और दूसरी ओर उससे घृणा और विरक्ति भी महसूस करते थे।

पौलुस ने मूर्तिपूजा और उसकी बुराइयों को सबके सामने प्रगट किया। यहूदी धर्म अपने मृत नियमों सहित अलग कर दिया गया। मसीह में परमेश्वर का सत्य—पवित्र आत्मा की सामर्थ्य के साथ, जो मन बदल देता है—घोषित किया गया और उसने उनके मनों को छू लिया। हज़ारों लोग "मूर्तियों से फिरकर जीवित और सच्चे परमेश्वर की सेवा करने लगे।" यही सच्चा धर्म-परिवर्तन था। इसमें हमेशा पूरी तरह विपरीत दिशा में मुड़ना होता है। यहाँ "सेवा" का अर्थ है "बंधुआ की तरह सेवा करना।" वे स्वेच्छा से यीशु मसीह के दास बन गए।

च. भविष्य में सुसमाचार (1:10)

पौलुस अब हमें इस पत्री के मुख्य सत्य की ओर ले जाता है, वह सत्य जिसकी ओर वह पहले अध्याय से ही बढ़ रहा था। प्रभु का आगमन एक उद्धार देने वाला सत्य है। पौलुस थिस्सलुनीकियों के महिमापूर्ण हृदय-परिवर्तन और उनके प्रचार के उत्साह की प्रशंसा को चरम पर पहुँचाता है। वह तीन बड़े सत्य को बताता है।

वह मेघारोहण का ज़िक्र करता है: "तुम मूर्तियों से परमेश्वर की ओर फिरे," वह कहता है, "जीवित और सच्चे परमेश्वर की सेवा करने के लिए; और स्वर्ग से उनके पुत्र की प्रतीक्षा करने के लिए" (1:9ख-10क)। "प्रतीक्षा" के लिए प्रयुक्त शब्द है एनामेनो। यह नए नियम में केवल यहीं आता है। एक समान शब्द (पेरिमेनो) प्रभु के स्वर्गारोहण से पहले उनके शिष्यों को दिए गए अंतिम शब्दों में आया है। उसने कहा था कि उन्हें यरूशलेम को नहीं छोड़ना चाहिए, "बल्कि पिता की प्रतिज्ञा की प्रतीक्षा करनी चाहिए" (प्रेरितों 1:4), अर्थात् पवित्र आत्मा के आने की *प्रतीक्षा* करनी चाहिए।

यहाँ प्रयुक्त शब्द पवित्रशास्त्र में एक दास की अपनी मजदूरी की उत्सुक प्रतीक्षा को दिखाने के लिए प्रयोग किया गया है (अय्यूब 7:2)। इसका उपयोग एक पीड़ित व्यक्ति की मुक्ति के प्रति लालसा को बताने के लिए हुआ है (यशायाह 59:11)। इसे "जागकर प्रतीक्षा करना" भी कहा जा सकता है। थिस्सलुनीकियों को उद्धार मिला था, और वे स्वर्ग से परमेश्वर के पुत्र की जागकर प्रतीक्षा कर रहे थे। यह कितना ही सुंदर एक घरेलू चित्र है!

जब मैं अमेरिका भर में अपनी यात्राओं पर जाता हूँ, तो कभी हवाई जहाज़ से और कभी गाड़ी चलाकर जाता हूँ। कभी-कभी जब मैं गाड़ी चलाता हूँ, तो मैं अपनी पत्नी को फोन करके कहता हूँ, "मैं गुरुवार को घर आ रहा हूँ। आज की सेवा रात आठ बजे खत्म होगी। यह लगभग 250 मील है। मैं लगभग बारह बजे तक घर पहुँच जाऊँगा। मैं एक सटीक समय नहीं बता सकता। लेकिन, आधे घंटे आगे-पीछे, मैं आधी रात के लगभग घर पहुँच जाऊँगा।" उस समय मेरे आने की घोषणा हो जाती है। कभी-कभी मेरी पत्नी जागकर प्रतीक्षा करने का निर्णय लेती है। सच तो यह है कि जब से मैं जाता हूँ, तब से वह प्रतीक्षा कर रही होती है, पर अब मेरा आगमन निकट है। वह किसी भी क्षण मेरी प्रतीक्षा कर सकती है। वह जागकर प्रतीक्षा करती है। सड़क के आखिरी मोड़ पर गाड़ी मोड़ते हुए और घर को रोशनी से भरा देखना दिल को छू लेने वाला एक शानदार दृश्य होता है। जब मैं गाड़ी घर के बाहर लाता हूँ, गैरेज का दरवाज़ा खोलता हूँ और गाड़ी रोकता हूँ, तो वह वहाँ मौजूद होती है!

थिस्सलुनीकियों को मेघारोहण का सत्य सिखाया गया था, प्रभु यीशु के जल्द वापस आने का सत्य बताया गया था। वे किसी भी क्षण उसके लौटने की प्रतीक्षा कर रहे थे। वे उनके लिए जागकर प्रतीक्षा कर रहे थे। थिस्सलुनीकियों के लिए मेघारोहण का यह सत्य इतना वास्तविक था। इसने उन्हें मसीह के लिए आत्माओं को जीतने के लिए प्रेरित किया। वे चाहते थे कि जब प्रभु आएँ, तो वे उनकी सेवा में सक्रिय पाए जाएँ, प्रभु की इच्छा में चल रहे हों, और उनके लिए जागकर प्रतीक्षा कर रहे हों।

इस बिंदु पर, मसीह के दो आगमनों के बीच अंतर करना ज़रूरी है। यीशु मसीह के समय के यहूदी इस बात को समझने में असफल रहे कि उनके पुराने नियम के शास्त्रों में दो आगमन की भविष्यद्वाणी की गई थी। रब्बियों ने इन प्रतीत होने वाले परस्पर विरोधी शास्त्रों को पहचाना। उन्होंने नबियों के महान वचनों को पढ़ा जो एक शक्तिशाली मसीहा के बारे में था, और ऐसे मसीहा की प्रतीक्षा की जो उनके शत्रुओं को नष्ट कर देगा, यरूशलेम को एक नए विश्व साम्राज्य की राजधानी बनाएगा, और समुंद्र से लेकर पृथ्वी के छोर तक शासन करेगा। वे उस व्यक्ति की तलाश में थे जो तलवारों को हल के फाल में बदल देगा, रेगिस्तान को गुलाब की तरह खिला देगा, और शेर को मेमने के साथ बैठने देगा। ऐसे एक मसीहा का वे निश्चित रूप से खुले दिल से स्वागत करते।

लेकिन उन्होंने एक पीड़ित मसीहा के बारे में भी पढ़ा। उन्होंने उस व्यक्ति के बारे में भी पढ़ा जिसे लोग तुच्छ जानेंगे और अस्वीकार करेंगे। उन्होंने उस व्यक्ति के बारे में पढ़ा जिसे उसके ही एक मित्र द्वारा धोखा दिया जाएगा और एक गुलाम की कीमत पर बेचा जाएगा। उन्होंने उस व्यक्ति के बारे में पढ़ा जिसके हाथ और पैरों को छेदा जाएगा, जिसे पित्त के साथ मिला हुआ सिरका पिलाया जाएगा, और जिसके वस्त्रों के लिए लोग चिट्ठी डालेंगे। उन्होंने उस व्यक्ति के बारे में पढ़ा जिसे यहाँ तक कि परमेश्वर भी त्याग देंगे। फिर भी, इस व्यक्ति को एक धनवान व्यक्ति की कब्र में दफनाया जाएगा, और उसका शरीर कभी सड़ेगा नहीं।

रब्बियों ने इन परस्पर विरोधाभासी दिखने वाले शास्त्रों पर विचार किया। उनका समाधान यह था कि दो मसीहा होंगे—एक जो पीड़ित होगा और एक जो उद्धार करेगा। लेकिन उनका यह निष्कर्ष गलत था। दो मसीहा नहीं थे; बल्कि उस एक मसीहा के दो आगमन होने वाले थे।

कई लोग, जो खुद को मसीही कहते हैं, वे प्रभु के आगमन के बारे में यही गलती करते हैं। कुछ शास्त्र मसीह के आगमन को निकट बताते हैं। अन्य शास्त्र स्पष्ट करते हैं कि प्रभु के आगमन से पहले बहुत सी बातें घटित होंगी। कुछ शास्त्र प्रभु के आगमन की तारीख को ब्रह्मांड का सबसे बड़ा रहस्य बताते हैं (मत्ती 24:36)। अन्य शास्त्र प्रभु के आगमन को एक निश्चित तारीख से जोड़ते हैं। इन विरोधाभासी प्रतीत होने वाले शास्त्रों को समझने के प्रयासों ने अलग-अलग विचारों की एक लंबी श्रृंखला को जन्म दिया है। हमारे पास प्रीमिलेनियलवादी, पोस्टमिलेनियलवादी, और अमिलेनियलवादी गुट हैं। हमारे पास ऐसे लोग हैं जो महाक्लेश से पहले मेघारोहण में विश्वास करते हैं, ऐसे भी हैं जो महाक्लेश के मध्य मेघारोहण का समर्थन करते हैं, और वे जो मानते हैं कि कलीसिया महाक्लेश शुरू होने से पहले उठाई जाएगी, ऐसे हैं जो मानते हैं कि कलीसिया महाक्लेश के बीच उठाई जाएगी, और वे जो सोचते हैं कि कलीसिया "याकूब के संकट" के समय से होकर गुज़रेगी। परिणामस्वरुप, कुछ लोगों ने बाइबल की भविष्यद्वाणियों को समझने की कोशिश ही छोड़ दी है। वे केवल इस सामान्य विश्वास से संतुष्ट हैं कि प्रभु फिर से आएंगे।

यह ज़रूरी है कि हम कम से कम इस उलझन को सुलझाने की कोशिश करें। मसीह के दो आगमन होंगे। प्रभु पहले बादलों में अपने लोगों को लेने आएगा। बाद में, वह पृथ्वी पर अपने सहस्राब्दी राज्य को स्थापित करने आएगा। वह पहले अपने पवित्र लोगों के लिए आएगा; बाद में वह अपने पवित्रों के साथ आएगा। अपने पवित्रों के लिए उसके आगमन को हम "मेघारोहण" कहते हैं। अपने पवित्रों के साथ उसका आगमन "वापसी" कहलाता है। प्रभु का अपने पवित्रों के लिए आना एक निकट की घटना है, जिसका समय तय नहीं है, और यह किसी भी क्षण हो सकता है। यह आगमन कलीसिया के लिए है, और यही वह आगमन है जो पौलुस ने पहले थिस्सलुनीकियों की पत्री में बताया है। प्रभु का अपने पवित्रों के साथ आना एक तय तारीख की घटना है। इसके पहले कुछ निश्चित घटनाएँ होना ज़रूरी है। उदाहरण के लिए, मसीह-विरोधी का आना और थोड़े समय के लिए विश्व पर शासन करना। यह आगमन मुख्य रूप से इस्राएल और संसार से जुड़ा है और यही वह आगमन है जो 2 थिस्सलुनीकियों में बताया गया है।

किसी ऐसी घटना के लिए "जागते हुए प्रतीक्षा" करना बेकार है जो बहुत दूर है। लेकिन ऐसी किसी भी घटना के लिए जागते हुए प्रतीक्षा करना बिल्कुल उचित है जो किसी भी क्षण हो सकती है।

परमेश्वर ने हमेशा इस्राएल राष्ट्र से संबंधित भविष्य की घटनाओं की भविष्यद्वाणी के लिए तारीखें निर्धारित की हैं। जब उसने अब्राहम को नील नदी से लेकर फरात नदी तक फैले एक देश को देने का वादा किया, तो उसने शुरू से ही उसे बता दिया था कि यह उसके जीवनकाल में नहीं होगा। इसके विपरीत, इस वादे के पूरा होने में चार सौ साल लगने वाले थे। अब्राहम के वंशजों को एक विदेशी भूमि में सताया जाएगा, और उन्हें चौथी पीढ़ी में जाकर छुटकारा मिलेगा (उत्पत्ति 15:13-18)। मिस्र की यहूदी बस्ती में रहने वाला एक बाइबल-ज्ञानी यहूदी निश्चित रूप से जान सकता था कि मूसा ही वह छुड़ानेवाला है और भविष्यद्वाणी की गई तारीख काफी निकट आ रही है। मूसा चौथी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता था! लेवी, कहात, अम्राम, मूसा... चार पीढ़ियाँ। परमेश्वर ने एक तारीख निर्धारित की, उसमें अपने कैलेंडर पर निशान बनाया, और उसे पूरा किया।

जब यहूदा के सामने बेबीलोन की बन्धुआई आने वाली थी, तो परमेश्वर ने एक और तारीख तय की। बन्धुआई सत्तर वर्ष तक चलेगी (यिर्मयाह 25:11; 29:1, 10)। जब दारा मादी ने कुस्रू के बाद बेबीलोन में प्रवेश किया, जिसकी भविष्यद्वाणी यशायाह ने पहले ही कर दी थी (यशायाह 44:28; 45:1), तब दानिय्येल ने समझ लिया था कि निर्वासन का समय पूरा हो गया है। यह परमेश्वर के काम करने का समय था। दानिय्येल ने खुद को प्रार्थना में समर्पित कर दिया (दानिय्येल 9:1-19)। परमेश्वर ने एक स्वर्गदूत को भेजा ताकि दानिय्येल को भरोसा दिलाया जाए कि सब कुछ योजना

के अनुसार चल रहा है। सत्तर साल की बन्धुआई अब खत्म होने वाली थी। दानिय्येल को एक नया समय चक्र दिखाने का समय आ गया था जो जल्दी शुरू होने वाला था। सत्तर सातों की एक अन्य अवधि होगी—490 साल की। उनमें से उनहत्तर सातों (483 साल) के बाद, मसीहा काटा जाएगा। बाकी सात साल की अवधि आगे की घटनाओं और अपने आप को प्रकट करने का इंतज़ार करती हुई रुकी रही (दानिय्येल 9:24-27)। इस नए सत्तर सातों की अवधि की शुरुआत के लिए एक तारीख दी गई थी। मसीह के समय में रहने वाला पवित्रशास्त्र जानने वाला एक यहूदी क्रूस पर चढ़ने की तारीख तक गिन सकता था। सर रॉबर्ट एंडरसन ने दिखाया कि 483 साल की अवधि उसी दिन खत्म हुई जब यीशु विजयी रूप से यरूशलेम में दाखिल हुआ।

मसीह की पृथ्वी पर अपना सहस्राब्दी राज्य स्थापित करने के लिए, अपने पवित्रों के साथ वापसी भी इसी तरह होगी। दानिय्येल की भविष्यद्वाणी के आखिरी सात साल अब सामने प्रगट होते हैं। मसीह-विरोधी इस्राएल राष्ट्र के साथ एक सात साल की संधि करेगा जो मसीह की वापसी की अंतिम उलटी गिनती शुरू करेगी। इस अवधि के बीच में, मसीह-विरोधी अपनी इस संधि को तोड़ देगा, यरूशलेम पर कब्जा करेगा, पुनर्निर्मित यहूदी मंदिर पर अधिकार करेगा, और उसमें अपनी स्वयं की मूर्ति स्थापित करेगा। वह अपने भयानक आदेश लागू करेगा, जिसमें उसकी मूर्ति, शैतान, और खुद की आराधना की माँग होगी। वह उस भयानक सताव का समय शुरू करेगा जिसे "महाक्लेश" और "याकूब का संकट" कहा जाता है। इस बिंदु पर, मसीह की प्रत्यक्ष वापसी तक ठीक 1,260 दिन बाकी रहेंगे, जब वह इन सबको खत्म करने, पृथ्वी का न्याय करने और अपना राज्य स्थापित करने आएगा (प्रकाशितवाक्य 11:1-3)। उन भयानक दिनों में रहने वाला पवित्रशास्त्र जानने वाला कोई यहूदी मसीह की वापसी की हर दिन की गिनती कर सकेगा।

तारीखें तय करना इस्राएल राष्ट्र से जुड़ा है, कलीसिया से नहीं। कलीसिया के लिए मसीह का आगमन एक अनिश्चित, निकट की घटना है, जिसका सही समय केवल परमेश्वर को ही मालूम है (मत्ती 24:33-36)। थिस्सलुनीके लोग प्रभु के शासन करने वाली वापसी की प्रतीक्षा नहीं कर रहे थे; उस घटना के लिए "जागते हुए बाट जोहने" का कोई अर्थ नहीं था। प्रभु ने कई दृष्टांतों में कहा था कि उसके लौटने और अपने राज्य को अधिकार में लेने से पहले कुछ विलम्ब होगा (मत्ती 24:48; 25:14-15; मरकुस 12:1-9; लूका 20:9)। पतरस ने भी कहा था कि अंतिम न्याय से पहले काफी समय बीतेगा (2 पतरस 3:3-10)। यद्यपि प्रभु की राज्य स्थापित करने वाली वापसी के लिए जागकर प्रतीक्षा करना आवश्यक नहीं था, लेकिन मेघारोहण के लिए जागकर प्रतीक्षा करने का पूरा कारण विद्यमान था।

इसलिए मेघारोहण का उल्लेख करने के बाद, पौलुस *पुनरुत्थान* का ज़िक्र करता है, जो मेघारोहण के साथ गहराई से जुड़ा है—"और उसके पुत्र के स्वर्ग पर से आने की बाट जोहते रहो जिसे उसने मरे हुओं में से जिलाया, अर्थात् यीशु..." (1:10ख)। उसका पुनरुत्थान हमारे पुनरुत्थान की गारंटी है (1 कुरिन्थियों 15)। पुनरुत्थान का सत्य नए नियम में फसल की कटनी के प्रतीक के रूप में दिखाया गया है। यहूदी फसल की कटनी तीन चरणों में होती थी। सर्वप्रथम *पहली उपज* आते थे, जो परमेश्वर को भेंट चढ़ाई जाती थी और उनके सामने हिलाए जाते थे। जब प्रभु यीशु मृतकों में से जीवित हुआ, तो वह अपने साथ "हिलाने वाला पूला" (लैव्यव्यवस्था 23:9-14) लेकर आया (मत्ती 27:52-53)। पहली उपज के बाद *मुख्य कटनी* आती थी। मुख्य पुनरुत्थान कटनी मेघारोहण के समय होगी, जब प्रभु अपनी प्रिय कलीसिया को अपने साथ ले जाएगा। पौलुस इस पत्री में बाद में इस सत्य को समझाता है (4:13-18)। कटनी के बाद *बीनाई* होती है। गरीबों को खेत में जाकर बाकी बची हुआ फसल इकट्ठा करने की अनुमति दी जाती थी। बीनाई राज्य-युग के विश्वासियों के अलग-अलग समय पर होने वाले पुनरुत्थान की एक झलक देती है। कलीसिया का मेघारोहण और परमेश्वर के पवित्रों का पुनरुत्थान गहराई से एक दूसरे से जुड़े सत्य हैं।

अंत में, पौलुस *बचाव* का वर्णन करता है: "अर्थात यीशु,"वह आगे कहता है, "जो हमें आनेवाले प्रकोप से बचाता है" (1:10ग)। "बचाता है" शब्द वर्तमान काल में लिखा गया है। यह शब्द (रूहोमाई) मुख्य रूप से छुड़ाने का विचार रखता है। यहाँ वर्तमान काल ("हमें बचाता है") पवित्रशास्त्र में कई बार भविष्य के अर्थ से जुड़ा होता है (जैसे कि

मत्ती 26:2; यूहन्ना 14:3; 2 कुरिन्थियों 13:1 में)। दूसरे शब्दों में, हमारा उद्धार सिर्फ हमारे पिछले पापों और वर्तमान ज़रूरतों का ख्याल ही नहीं रखता, बल्कि इस संसार पर आने वाले परमेश्वर के प्रकोप से भी हमें बचाता है।

"प्रकोप" के लिए शब्द है ओर्गे, जो अक्सर परमेश्वर के न्याय को दिखाने के लिए इस्तेमाल होता है (मत्ती 3:7; लूका 3:7; रोमियों 1:18; इफिसियों 2:3; कुलुस्सियों 3:6)। यहाँ उल्लिखित प्रकोप मेघारोहण और पुनरुत्थान से गहराई से जुड़ा है। यह उस आने वाले समय को बताता है जब परमेश्वर इस संसार पर न्याय लाएगा। अभी हम अनुग्रह के युग में जी रहे हैं। कलवरी का भयानक अपराध का दंड अभी तक बना हुआ है क्योंकि परमेश्वर ने मसीह के क्रूस पर बहाए गए लहू को अपना उद्धार का साधन बना दिया है (कुलुस्सियों 1:20)। पवित्रशास्त्र हमें भरोसा देता है कि अनुग्रह का युग अंत में परमेश्वर के धर्मी न्याय के दिन को स्थान प्रदान करेगा। उसका क्रोध यहूदियों और अन्यजातियों दोनों पर समान रूप से प्रकट होगा।

प्रकाशितवाक्य में "ओर्गे" शब्द का उपयोग पाँच बार महाक्लेश को दिखाने के लिए किया गया है। जब मुहर के न्याय शुरू होंगे, तो पृथ्वी पर रहने वाले लोग डरकर पहाड़ों और चट्टानों से चिल्लाकर कहेंगे, "हम पर गिर पड़ो; और हमें उसके मुँह से जो सिंहासन पर बैठा है, और मेम्ने के प्रकोप से छिपा लो" (प्रकाशितवाक्य 6:16)। वे आगे कहेंगे, "क्योंकि उन के प्रकोप का भयानक दिन आ पहुँचा है" (प्रकाशितवाक्य 6:17)।

जब मसीह-विरोधी सारी शक्ति अपने हाथ में ले लेगा और उन दो गवाहों पर विजय पाएगा जो आने वाले हैं, तब एक भयंकर भूकंप इन दो शहीदों के स्वर्ग जाने की घोषणा करेगा। अंतिम तुरही बजने का समय आएगा, जो यह दर्शाएगा कि अब परमेश्वर के प्रकोप के कटोरे वास्तव में उंडेले जाएँगे। स्वर्ग में धन्यवाद और पृथ्वी पर क्रोध दोनों साथ-साथ होंगे। हम पढ़ते हैं, "जातियों ने क्रोध किया, पर तेरा प्रकोप आ पड़ा, और वह समय आ पहुँचा है कि मरे हुओं का न्याय किया जाए, और तेरे दास भविष्यद्वक्ताओं और पवित्र लोगों को और उन छोटे बड़ों को जो तेरे नाम से डरते हैं बदला दिया जाए, और पृथ्वी के बिगाड़नेवाले नष्ट किए जाएँ" (प्रकाशितवाक्य 11:18)।

इस शब्द का प्रयोग बेबीलोन के पतन को दिखाने के लिए भी किया गया है, जो मसीह-विरोधी के राज्य की आने वाली आर्थिक राजधानी, मेघारोहण के बाद की दुनिया का पापमय मेला और उसके छोटे शासनकाल का दुष्टता का घर बनेगा: "इससे उस बड़े नगर के तीन टुकड़े हो गए, और जाति जाति के नगर गिर पड़े; और बड़े बेबीलोन का स्मरण परमेश्वर के यहाँ हुआ कि वह अपने *क्रोध की जलजलाहट* की मदिरा उसे पिलाए" (प्रकाशितवाक्य 16:19)।

जब प्रभु अपने पवित्रों के साथ महाक्लेश के अंत में मसीह-विरोधी और पूर्व-पश्चिम से मेगिद्दो में इकट्ठे लाखों लोगों से मिलने के लिए लौटेगा, तब यह उनके शत्रुओं का शीघ्र और थोड़े समय में ही अंत करने के लिए होगा: "जाति जाति को मारने के लिये उसके मुँह से एक चोखी तलवार निकलती है। वह लोहे का राजदण्ड लिये हुए उन पर राज्य करेगा, और सर्वशक्तिमान परमेश्वर के भयानक *प्रकोप* की जलजलाहट की मदिरा के कुंड में दाख रौंदेगा" (प्रकाशितवाक्य 19:15)।

"प्रकोप" के लिए एक और शब्द है—"थ्यूमोस"—जो प्रकाशितवाक्य में भी पाँच बार आता है। यह शब्द उस क्रोध के विस्फोट को दर्शाता है जो परमेश्वर के क्रोध से निकलता है। इसका उपयोग परमेश्वर के उस क्रोध को बताने के लिए हुआ है जो उन सब पर आएगा जो उस मसीह-विरोधी की इस माँग के आगे झुक जाएँगे कि सब लोग हर जगह उसकी छाप को अपने माथे या दाहिने हाथ पर लें। परमेश्वर एक दूत को भेजता है जो दुनिया को चेतावनी देता है: "वह परमेश्वर के प्रकोप की निरी मदिरा, जो उसके क्रोध के कटोरे में डाली गई है, पीएगा और पवित्र स्वर्गदूतों के सामने और मेम्ने के सामने आग और गन्धक की पीड़ा में पड़ेगा" (प्रकाशितवाक्य 14:10)। पूरी बाइबल में इससे बड़ी और भयानक चेतावनी और कहीं नहीं मिल सकती।

जब परमेश्वर के अंतिम न्याय इस पृथ्वी पर आने वाले होंगे, तब एक स्वर्गदूत को भेजा जाएगा जो इस संसार की दुष्टता की फसल की कटनी काटेगा: "फिर एक और स्वर्गदूत, जिसे आग पर अधिकार था, वेदी में से निकला, और जिसके पास चोखा हँसुआ था उससे ऊँचे शब्द से कहा, “अपना चोखा हँसुआ लगाकर पृथ्वी की दाखलता के गुच्छे काट ले, क्योंकि उसकी दाख पक चुकी है।” तब उस स्वर्गदूत ने पृथ्वी पर अपना हँसुआ लगाया और पृथ्वी की दाखलता का फल काटकर अपने परमेश्वर के प्रकोप के बड़े रसकुण्ड में डाल दिया; और नगर के बाहर उस रसकुण्ड में दाख रौंदे गए, और रसकुण्ड में से इतना लहू निकला कि घोड़ों की लगामों तक पहुँचा, और सौ कोस तक बह गया" (प्रकाशितवाक्य 14:18-20)। यह स्पष्ट रूप से हरमगिद्दोन का ही एक और संदर्भ है।

जैसे ही यह घोषणा होगी, सात कटोरे जिनमें परमेश्वर का प्रकोप भरा हुआ है, उन्हें उंडेला जाने के लिए मंच तैयार हो जाएगा। इसके विषय में यूहन्ना कहता है, “तब उन चारों प्राणियों में से एक ने उन सात स्वर्गदूतों को परमेश्वर, जो युगानुयुग जीवता है, के प्रकोप से भरे हुए सोने के सात कटोरे दिए" (प्रकाशितवाक्य 15:1)।

परमेश्वर के विनाश के इन स्वर्गदूतों की इस गंभीर सभा के बाद स्वर्ग में एक आराधना होती है। स्वर्ग की सेनाएँ इस बात से खुश हैं कि अब अंततः परमेश्वर संसार पर से मनुष्य की दुष्टता को समाप्त करने वाले हैं। प्रकोप के ये दूत हथियारबंद और परमेश्वर के अंतिम न्याय को पूरा करने के लिए तैयार होकर मंदिर से बाहर आते हैं: "तब उन चारों प्राणियों में से एक ने उन सात स्वर्गदूतों को परमेश्वर, जो युगानुयुग जीवता है, के प्रकोप से भरे हुए सोने के सात कटोरे दिए" (प्रकाशितवाक्य 15:7)।

स्वर्ग का मंदिर अचानक धुएँ से भर जाता है (प्रकाशितवाक्य 15:8)। अब कोई भी मनुष्य उस मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकता। जब तक कटोरे उंडेले न जाएँ, यह सब बंद रहेगा। प्रार्थना का समय समाप्त हो चुका है। यूहन्ना आगे कहता है, "फिर मैं ने मन्दिर में किसी को ऊँचे शब्द से उन सातों स्वर्गदूतों से यह कहते सुना, “जाओ, परमेश्वर के *प्रकोप* के सातों कटोरों को पृथ्वी पर उंडेल दो" (प्रकाशितवाक्य 16:1)। इसके परिणामस्वरूप, मसीह-विरोधी की शक्ति टूट जाएगी; उसके वैश्विक राज्य का पूर्वी भाग अलग हो जाएगा। पूर्व के राष्ट्र एकजुट होकर उसके खिलाफ खड़े होंगे, फरात नदी पार करेंगे, और मेगिद्दो की ओर बढ़ेंगे। वहाँ परमेश्वर का अंतिम न्याय उन पर गिरेगा।

इन सब से कलीसिया को बचाया जाएगा (1 थिस्सलुनीकियों 1:10)। पर थिस्सलुनीकियों में कुछ झूठे शिक्षकों ने उन्हें उल्टा विश्वास दिलाने की कोशिश की थी—पर इसका नतीजा यह हुआ कि पौलुस ने दूसरा पत्री लिखा जिसमें उसने फिर से जोर दिया कि कलीसिया को महाक्लेश से पहले ही उठा लिया जाएगा। हम मेघारोहण द्वारा इन आने वाली सारी भयानक घटनाओं से बचाए गए और छुड़ाए गए हैं।

भाग 3.

प्रभु का आगमन : एक प्रेरणादायक सत्य

1 थिस्सलुनीकियों 2:1-20

क. पौलुस के समर्पण की संपूर्णता (2:1-2)

पौलुस थोड़ी देर के लिए रुकता है और फिर हाल की घटनाओं की ओर लौटता है। वह थिस्सलुनीकियों को एक बार फिर *अपने आने* की याद दिलाता है: "हे भाइयो, तुम आप ही जानते हो कि हमारा तुम्हारे पास आना व्यर्थ न हुआ" (2:1)। पौलुस ने तीमुथियुस को नए मसीहियों की सहायता और हिम्मत बढ़ाने के लिए वापस भेजा था। उसे डर था कि उसके नए परिवर्तित लोग, सताव के दबाव में, समझौता कर सकते हैं या पूरी तरह हार मान सकते हैं।

उन्हें डर था कि उनका परिश्रम, अंत में, व्यर्थ हो सकता है। सचमुच, सुसमाचार का विरोध, जो यहूदियों द्वारा उकसाया और भड़काया गया था, उस समय बहुत ज्यादा था जब उसे शहर छोड़ने पर मजबूर किया गया। बीरिया में वही यहूदी दुश्मन आ गए थे, और इसने उसके डर को सच कर दिया था। सुसमाचार के शत्रु जल्द हार मानने वाले नहीं थे। कोई आश्चर्य नहीं कि तीमुथियुस की खबरों ने उसके मन को सुकून पहुँचाया। थिस्सलुनीके में उसका आना व्यर्थ नहीं हुआ था।

वह उन्हें थिस्सलुनीके में *अपने आने के समय की स्थिति* की याद दिलाता है। "वरन् तुम आप ही जानते हो कि पहले फिलिप्पी में दु:ख उठाने और उपद्रव सहने पर भी हमारे परमेश्वर ने हमें ऐसा साहस दिया, कि हम परमेश्वर का सुसमाचार भारी विरोधों के होते हुए भी तुम्हें सुनाएँ" (2:2)। वह अपने शरीर में वे चिन्ह लिए थिस्सलुनीके में प्रवेश किया, जिन्हें उसने गलतियों के नाम अपने पत्र में “स्टिग्माटा” — अर्थात् यीशु मसीह के दासत्व के चिह्न — कहा था। न तो कोड़े और न ही जेल, पौलुस और सीलास जैसे लोगों को रोक सकते थे। वे इतने मजबूत स्वभाव के थे कि कोड़े और बंधन उन्हें उनके मिशन से डिगा नहीं सकते थे। जो लोग खून से लथपथ पीठ, ऐंठन से भरे शरीर, और अनिश्चित भविष्य के साथ भी काठ में भजन गा सकते थे, वे हार मानने वाले लोग नहीं थे।

ऐसे लोग शैतान को हैरान कर देते हैं। उन्हें उनकी जान के करीब तक पीटो, और वे तब भी पूरे आनंद से गीत गाते हैं कि उन्हें मसीह के लिए कष्ट सहने योग्य गिना गया है। उन्हें जेल में डालो, और वे वहाँ भी प्रार्थना करते हैं।

पौलुस ने रोम में कैद रहने के दौरान अपनी तीन सबसे महान पत्रियाँ लिखीं, जो मसीह को महिमा देती है। इन पत्रियों ने लगभग दो हज़ार सालों तक विश्वास को प्रेरित किया, हृदयों को छुआ, आत्माओं को जीता, विश्वासियों को आशीष दी, और घरों को रूपांतरित किया है। उन्होंने एक पत्री भी लिखा जिसने गुलामी के अंत की नींव रखी।

ऐसे लोगों को स्वतंत्र कर दो, और वे सारी दुनिया में सुसमाचार प्रचार करेंगे। पौलुस जैसे लोगों को स्वतंत्र करो, और वे शहर-शहर सुसमाचार के साथ जाएंगे, शैतान के राज्य को हिला देंगे। वे कलीसियाओं को मजबूत करेंगे, आत्माओं को जीतेंगे, परिवर्तित लोगों को शिष्य बनाएँगे, और समय के अंत तक मिशनरी काम करते रहेंगे।

ऐसे लोगों को मार डालो — और तुम उन्हें केवल महिमा में उठा देते हो। तुम उन्हें शहीद का मुकुट और स्वर्ग में विजयी प्रवेश दे देते हो, जहाँ उन्हें घर वापसी पर ज़ोरदार स्वागत मिलता है।

इसी तरह पौलुस और सीलास थिस्सलुनीके आए थे। "हमने कष्ट सहे!" पौलुस थिस्सलुनीकियों को याद दिलाता है। उन्होंने उन पर ऐसी माँगें नहीं डालीं जो वे खुद पर लेने को तैयार न हों। आधुनिक इस्राएल की सेना ने अपने शब्दकोश से *"आगे बढ़ो!"* शब्द हटाकर *"मेरे पीछे आओ!"* रखा। जो सैनिक अपने सैनिकों को युद्ध में ले जाने के लिए तैयार नहीं है, उन्हें अच्छा अधिकारी नहीं माना जाता। पौलुस भी ऐसा ही मानता था। वे किसी भी कठिनाई, किसी भी अपमान, किसी भी कष्ट और किसी भी चोट को खुशी के साथ सहने को तैयार थे। उसके परिवर्तित लोग यह जानते थे। कोई आश्चर्य नहीं कि वे उनके पीछे चलने को तैयार थे।

"उपद्रव सहने" के लिए शब्द है हुब्रिज़ो, जिसका मतलब है अपमानित होना और शारीरिक दुर्व्यवहार सहना। पौलुस और सीलास ने फिलिप्पी में दोनों तरह के दुर्व्यवहार सहे थे। हालाँकि वे रोमी नागरिक थे, और इसलिए कोड़े मारने से बच सकते थे, फिर भी उन्होंने शायद युवा तीमुथियुस की रक्षा करने और नई कलीसिया के भविष्य की भलाई के लिए अन्यायपूर्ण न्यायधीशों के हाथों यह दुर्व्यवहार सहा। फिलिप्पी के हाकिम डर गए जब उन्हें पता चला कि जिन दो लोगों के साथ उन्होंने दुर्व्यवहार किया था, वे दरअसल रोमी नागरिक थे। उन्हें डर था कि अगर रोम को यह खबर मिल गई तो उन्हें भारी सज़ा मिलेगी। शायद इसी कारण उन्होंने बाद में फिलिप्पी कलीसिया के मामले में दखल न देने की नीति अपनाई।

"हमें साहस दिया," पौलुस थिस्सलुनीकियों को याद दिलाते हैं। *साहस* शब्द नए नियम में सुसमाचार प्रचार के संदर्भ में कई बार आया है। इसका प्रयोग तरसुस के शाऊल के साहस के लिए हुआ है जब उसने अपने मन परिवर्तन के तुरंत बाद दमिश्क में जाकर सुसमाचार का प्रचार किया (प्रेरितों 9:27)। इसका प्रयोग यरूशलेम में यूनानी यहूदियों के साथ विवाद में उसके साहस के संदर्भ में भी हुआ है (प्रेरितों 9:29)। इसका प्रयोग पौलुस और बरनबास के साहस के लिए भी हुआ है जब पिसिदिया अंताकिया में, यहूदियों द्वारा मसीह को अस्वीकार किए जाने पर, उन्होंने घोषणा की कि अब से वे गैर-यहूदियों के पास जाएंगे (प्रेरितों 13:46)। इसका प्रयोग इकोनियम में मिशनरियों के साहस के लिए हुआ है जब यहूदियों की शत्रुता के बावजूद वे शहर में लंबे समय तक ठहरे रहे और प्रचार करते रहे (प्रेरितों 14:3)। इसका प्रयोग इफिसुस में अपोल्लोस के साहस के लिए हुआ है जब उसने सभास्थल में यहूदियों को सुसमाचार सुनाया (प्रेरितों 18:26), और उसी शहर में पौलुस के साहस के लिए भी हुआ है, जब उन्होंने तीन महीने तक विवाद किया और यहूदियों को यीशु की ओर फेर लाने की कोशिश की (प्रेरितों 19:8)।

"साहस दिया" शब्द में बिना किसी रोक-टोक के बोलने का विचार भी शामिल है। पौलुस कभी भी संदेश को कमजोर करने का सोच भी नहीं सकते थे। उसका साहस न सिर्फ शारीरिक था, बल्कि बौद्धिक भी था। यह शब्द (जिसे "स्वतंत्र रूप से" कहा गया है) उस साहस को दिखाने के लिए भी इस्तेमाल किया गया है जिसके साथ पौलुस ने राजा अग्रिप्पा के सामने अपनी गवाही दी। वह अपने आसपास फैले आडंबर और समारोहों से तनिक भी भयभीत नहीं था। वह अपनी जंजीरों और अनिश्चित भविष्य से परेशान नहीं हुआ। वे रोमी राज्यपाल फेस्तुस के तिरस्कार और गुस्से से प्रभावित नहीं हुआ। उसने निडरता के साथ राजा का सामना किया और उसे मसीह की आवश्यकता का एहसास कराया। (प्रेरितों 26:26)। यह साहस उसे प्रार्थना से मिली थी (इफिसियों 6:18-20)। जैसा कि वह थिस्सलुनीकियों को याद दिलाता है, "हमारे परमेश्वर ने हमें ऐसा साहस दिया, कि हम परमेश्वर का सुसमाचार भारी विरोधों के होते हुए भी तुम्हें सुनाएँ...."

पौलुस को यह हिम्मत परमेश्वर से मिली थी। यह केवल स्वाभाविक साहस नहीं था। हम पढ़ते हैं कि पौलुस (थिस्सलुनीकियों को यह पत्री लिखने से कुछ समय पहले) "निर्बलता में, और डर में, और बहुत काँपते हुए" कुरिन्थुस में पहुँचा था (1 कुरिन्थियों 2:3)। यह व्यवहार वास्तव में एक प्रतिक्रिया थी। उसे दुर्व्यवहार और सताव का सामना करना पड़ा था, उसे एक शहर से दूसरे शहर भगाया गया था, उसके अपने यहूदी भाइयों ने उसे पीटा था, और उन अधिकारियों ने भी उसे सताया था जिन्हें रोमी कानून की रक्षा करनी थी। अथेने में बुद्धिमान लोगों ने उसका मज़ाक उड़ाया और अदालत से बाहर निकाल दिया। वह अकेला और निरुत्साहित था—"गिराए तो जाते हैं, पर नाश नहीं होते," जैसा कि उसने बाद में खुद कहा था।

लेकिन, उसके साथियों के आने से उसे नई ताकत मिली (प्रेरितों 18:5)। इसी समय, परमेश्वर ने उसे दृढ़ता देने के लिए एक दर्शन दिया (प्रेरितों 18:9)। प्रभु ने, जो अपने इस सबसे साहसी दास की सीमाओं को भली-भांति जानते थे, जानबूझकर कुरिन्थुस के यहूदियों की दुष्टता को रोके रखा। पौलुस ने प्रसन्नता से इसे स्वीकार किया कि उसे साहस परमेश्वर से ही मिला था।

ख. पौलुस के आचरण की पारदर्शिता (2:3-12)

1. पौलुस का दावा (2:3-4)

क. उसकी सच्चाई पर कोई संदेह नहीं था।) (2:3-4ख)

(1) सत्य को प्रदर्शित किया गया (2:3)

जब वे थिस्सलुनीके आए, तो उसके उद्देश्य, तरीका, और संदेश की साफ-सुथरी ईमानदारी सबको दिखी दी। "क्योंकि हमारा उपदेश न भ्रम से है और न अशुद्धता से, और न छल के साथ है," वह कहता है। उसका एक ही उद्देश्य था –

मसीह के लिए आत्माओं को जीतना। उसका जीवन छल, अपवित्रता या संदेह की किसी भी बात से पूरी तरह मुक्त था। थिस्सलुनीके के लोग मूर्तिपूजक धर्म की अत्यंत बुराई से और साथ ही कई मूर्तिपूजक याजकों की चालाकी, वासना, लोभ और बेईमानी से भी भली-भांति परिचित थे। जिस बात ने उन्हें सबसे पहले यहूदी धर्म की ओर आकर्षित किया था, वह थी यहूदियों द्वारा प्रचारित सिद्धांतों की पवित्रता; परंतु जिसने उन्हें उससे दूर कर दिया, वह था कई यहूदियों का कपट। अब सुसमाचार की ओर उन्हें खींचने वाली चीज थी - प्रेम, आनंद, शांति, पवित्रता, क्षमा और मसीह में नए जीवन का सुंदर संदेश। जिस बात ने उन्हें उत्सुक और स्वेच्छापूर्वक अपने धर्म को परिवर्तन करने के लिए प्रेरित किया, वह संदेशवाहकों की निष्कपट सत्यनिष्ठा और ईमानदारी थी।

साठ के दशक में, अमेरिका और कई अन्य पश्चिमी देश सामाजिक अशांति, धार्मिक पाखंड और सांस्कृतिक गिरावट में डूबे हुए थे। रॉक एंड रोल एक नए युग की आवाज बन चुका था। फ्लावर पावर सबसे लोकप्रिय चीज थी। काउंटरकल्चर ने ड्रग्स, गंदगी और पतन में डूबे हिप्पियों की एक पूरी पीढ़ी पैदा कर दी थी। हजारों युवाओं ने समाज से किनारा कर लिया, अपने माता-पिता को परेशान किया, और धर्म, रॉक और क्रांति की अजीब दुनिया में कूद पड़े। उन्होंने समाज के सभी नियम तोड़ डाले। शहरों की झुग्गियों और उपनगरों के लोग भी वासना और गैर-कानूनी कामों की अजनबी दुनिया में घुस गए थे।

नैतिकता, शालीनता और धार्मिक विवेक को त्याग देने के पीछे की मुख्य प्रेरक शक्ति नए रॉक-एंड-रोल संगीत जगत से आई थी। एक और शक्तिशाली आकर्षण हिंदू धर्म से आया, जिसे एक अल्पज्ञात हिंदू गुरु भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों में पहुँचाया गया था। जब वह 1965 में न्यूयॉर्क शहर पहुँचा, तो उसकी कुल पूंजी मात्र सात डॉलर थी। लेकिन 1977 में उसकी मृत्यु के समय उसके विचित्र धार्मिक संप्रदाय की संपत्ति अद्भुत थी। उसके द्वारा स्थापित हरे- कृष्णा आंदोलन के पास साठ देशों में दो सौ से अधिक मंदिर और कृषि-फार्म थे। उसके पास लाखों डॉलर की संपत्ति थी, और उसके भक्तों एवं अनुयायियों की संख्या दस हज़ारों में थी।

गुरुओं द्वारा प्रचारित भगवान हिंदू कृष्ण था, एक सुंदर, बांसुरी बजाने वाला "नीला नन्हा लड़का," जो उनके अनुसार सर्वशक्तिमान और सर्वव्यापी भगवान था — एक ऐसा "भगवान" जो मक्खन चुराने और सुंदर लड़कियों के साथ घूमने का शौकीन था। वह फूल और पंख पहनता था और नंगे पांव चलता था। "उपासना" का जो रूप उन भोले-भाले अनुयायियों को सिखाया गया था, वह पूरी तरह मूर्तिपूजक था। वे मूर्तियों के सामने दंडवत करते थे। उन्हें गुरुओं के प्रति पूरी तरह समर्पण करने को कहा गया। वे अंतहीन और बार-बार दोहराए जाने वाले भजन और मंत्र गाते थे। हर सुबह मूर्तियों को दूध, गुलाब जल और गाय के मूत्र के "पवित्र" मिश्रण से नहलाया जाता था। यह स्नान पूरा होने पर भक्त उस बची हुई चीज को पी लेते थे। फिर मूर्तियों को सुंदर कपड़ों में सजाया जाता था और भोजन अर्पित किया जाता था। शाकाहार (जो सभी दुष्ट संप्रदायों की एक सामान्य पहचान है) सभी अनुयायियों के लिए अनिवार्य था।

जिस व्यक्ति ने हिंदू धर्म के इस प्रकार को पश्चिम में पहुँचाया, वह कभी एक भारतीय व्यापारी, पति और पिता था। कृष्ण के प्रति उसकी भक्ति पागलपन बन गई थी। वह भजन और अध्ययन में इतना डूब गया कि उसने अपना व्यवसाय बिगाड़ लिया। उसकी पत्नी को भूख मिटाने के लिए उसकी एक धार्मिक पुस्तक चोरी करके बेचने पर मजबूर होना पड़ा। तब प्रभुपाद ने एक "पवित्र" व्यक्ति बनने के लिए उसे छोड़ दिया और हमेशा के लिए घर से निकल गया! पवित्रता के प्रति उसकी धारणा यह थी कि वह अपने अनुयायियों को सिखाए गए उस सम्मोहक धार्मिक मंत्र का प्रतिदिन चौसठ बार जप करे — वही मंत्र जिसने बीटल्स (The बeअtles) को इतना मोहित कर लिया कि उन्होंने उसे एक सर्वाधिक बिकने वाला रिकॉर्ड बना दिया। जाप करते समय वे हरे कृष्णा की माला पर गिनती करते थे। यह सख्त धार्मिक तपस्वी इस हिंदू पंथ को पश्चिमी समाज के निराश युवाओं के बीच लेकर आया। उनके द्वारा नियुक्त पश्चिमी गुरुओं ने मंत्र अपनाए, लोगों का धर्मांतरण कराए, भोले लोगों को ठगा और हिंदू धर्म को ड्रग्स, सेक्स और अपराध से जोड़ दिया।

पूरी कहानी “मंकी ऑन ए स्टिक” नामक पुस्तक में बताई गई है, जिसे दो समाचारपत्र संवाददाताओं ने लिखा है। दोनों ने हरे कृष्ण आंदोलन की रिपोर्टिंग की थी और उसके गुप्त तथा घृणित अंडरवर्ल्ड पर गहन शोध किया था। उन्होंने एक ऐसे संसार का पर्दाफाश किया है जिसमें बाल शोषण, क्रूर यातनाएँ, वेश्यावृत्ति, नशे की तस्करी, आगजनी, हथियारों की तस्करी और हत्या जैसी भयावह घटनाएँ शामिल हैं। यह "विश्वास और विश्वासघात, धन और शक्ति, हत्या और पागलपन..." की कहानी है।

कोई भी धर्म अपने स्रोत से ऊँचा नहीं हो सकता। दुःख की बात है कि मसीहियत कई बार अपने प्रवाह में बिगड़ गई है, लेकिन हिंदू धर्म तो अपने स्रोत पर ही बिगड़ा हुआ है। जिस व्यक्ति ने हरे कृष्णा को पश्चिम में पहुँचाया, वह एक सख्त, ठंडा और चालाक तपस्वी था, जो अपनी बाहरी शांति के आवरण से लोगों को भ्रमित करके उन पर भयानक प्रभाव डाल सकता था। वह अपने अनुयायियों को एक दूषित धारा के पास ले गया और उन्हें उसे पीने के लिए मजबूर किया। वह अपने मकसद को पाने के लिए सांसारिक साधनों का उपयोग करने से पीछे नहीं हटा — उसने अपने अनुयायियों को धार्मिक, मानसिक और नैतिक गुलामी में डाल दिया।

थिस्सलुनीके के लोग ऐसे धार्मिक गुरुओं से अच्छी तरह से परिचित थे। उनके समय की दुनिया ऐसे लोगों से भरी हुई थी। पौलुस खुद उनसे मिल चुका था (प्रेरितों 13:6-12)। जो संदेश उसने प्रचार किया, वह अलग था। वह तपस्या का संदेश नहीं था। वह पाप को सहन करने वाला संदेश भी नहीं था। उसने लोगों को किसी वासना-प्रधान देवता से परिचित नहीं कराया। पौलुस ने मसीह का प्रचार किया — उसकी सारी बुद्धि, पवित्रता, प्रेम और सामर्थ के साथ परिचय कराया। उसने लोगों को उस एक से मिलवाया जो उद्धार करने में सामर्थी है और जो लोगों को शुद्ध करने, नया जीवन देने और पवित्र आत्मा से भरने में सक्षम है। पौलुस द्वारा प्रचारित मसीह हमारे जीवन को बदल सकता है — शराबियों को संयमी बना सकता है, व्यभिचारी महिलाओं को शुद्ध कर सकता है, टेढ़े पुरुषों को सीधा कर सकता है और बुरे लोगों को अच्छा बना सकता है।

"क्योंकि हमारा उपदेश न भ्रम से है और न अशुद्धता से, और न छल के साथ है," पौलुस थिस्सलुनीकियों को याद दिलाता है। *उपदेश* के लिए प्रयुक्त मूल शब्द पराक्लेसिस है, जिसका अर्थ है "बुलाना" या "पुकारना" (प्रेरणा, प्रार्थना, सांत्वना, या शिक्षा के द्वारा)। यही वह नाम था जो यरूशलेम के प्रेरितों ने पौलुस के पुराने साथी बरनबास को दिया था। उन्होंने उसे "शान्ति का पुत्र" (पराक्लेसिस) कहा, या "प्रेरणा का पुत्र," जैसा कि यह शब्द अनुवाद करता है (प्रेरितों 4:36)। पौलुस को बरनबास की मित्रता से बहुत लाभ हुआ था। थिस्सलुनीके के लोग खुद इस बात को जानते थे कि पौलुस और सीलास कितने ईमानदार थे और उनका प्रचार किया हुआ सुसमाचार कितना साफ और शुद्ध था।

(2) सत्य की घोषणा (2:4क-ख)

पौलुस ने सुसमाचार को एक पवित्र जिम्मेदारी के रूप में देखा: "पर जैसा परमेश्वर ने हमें योग्य ठहराकर सुसमाचार सौंपा...." यहाँ "योग्य ठहराकर" के लिए शब्द है दोकिमाज़ो, जिसका अर्थ है स्वीकृत या परखा हुआ।

ये तीनों मिशनरी नौसिखिए नहीं थे। बरनबास जब पहली बार तरसुस में पौलुस को खोजने गया, तब तक पौलुस को उद्धार पाए लगभग दस वर्ष हो चुके थे। (प्रेरितों 11:25-26)। इस समय का कुछ हिस्सा उसने अरब में अकेले बिताया था। अपनी जीवन-परिवर्तनकारी रूपांतरण की घटना के बाद उसे स्वयं को संभालने और समझने में समय लगाना पड़ा। उसे पुराने नियम को कलवरी के प्रकाश में समझना पड़ा। जीवित, स्वर्गारोहित और महिमामय मसीह से मुलाकात ने उसके जीवन के हर हिस्से के लिए एक नई सोच की मांग की। तीन साल बाद वह रेगिस्तान से लौटा। वे दमिश्क की ओर गया और फिर यरूशलेम पहुँचा। यरूशलेम से वह अपने घर तरसुस वापस गया। उसने सीरिया और किलिकिया में कुछ समय बिताया, और ऐसा प्रतीत होता है कि बरनबास के उसे अन्ताकिया बुलाने से पहले

उसने वहाँ कई कलीसियाएँ स्थापित की थीं (प्रेरितों 15:41)। अंताकिया में, उसने अपनी सेवकाई की पूरी क्षमता दिखाई।

इसी तरह, सीलास ने भी यरूशलेम कलीसिया में इतनी अच्छी सेवा की थी कि उन्हें प्रेरित पुकारा गया और कलीसिया के महत्वपूर्ण लोगों में गिना गया (प्रेरितों 15:22; 1 तीमुथियुस 3:13)। पौलुस उससे इतना प्रभावित हुआ कि उसने उसे अपनी दूसरी मिशनरी यात्रा में साथ चलने के लिए कहा।

तीमुथियुस भी, हालाँकि युवा था, खुद को योग्य साबित कर चुका था। उसने लुस्त्रा और इकुनियुम — दोनों स्थानों के विश्वासियों से सच्ची प्रशंसा और गवाही प्राप्त की थी। उसकी माँ और नानी भक्त थीं और वह पवित्रशास्त्र में काफी निपुण भी था। वह पौलुस के परिवर्तित लोगों में से एक था। लेकिन यह तथ्य अकेला ही उसे पौलुस की टीम में शामिल करने के लिए पर्याप्त नहीं था। पौलुस के मन में अभी भी यूहन्ना मरकुस के छोड़ने की कड़वी यादें ताज़ा थीं और वह किसी दूसरे हार मानने वाले को नहीं चुनना चाहता था। इसके अलावा, पौलुस अब तक इस बात से अच्छी तरह परिचित हो चुका था कि उसकी मिशन यात्राओं में प्रशंसा और सताव दोनों सम्मिलित थे जो किसी भी व्यक्ति के साहस और धैर्य की परीक्षा ले सकती थीं।

तीमुथियुस ने, हालांकि, अपनी विश्वसनीयता का ऐसा प्रमाण दिया था कि पौलुस ने उसे अपनी दूसरी मिशनरी यात्रा में साथ ले जाने में कोई हिचक महसूस नहीं की। उसने फिर भी एक परीक्षा रखी — उसने माँग की कि यह युवा, जो आधा यहूदी था, उसका खतना किया जाए। यह तीमुथियुस की आज्ञाकारिता, लचीलापन और एक अच्छे सैनिक के रूप में कठिनाई सहने की इच्छा की सही परीक्षा थी। सुसमाचार की सेवकाई एक भरोसा है। यह अनेक खतरों और जोखिमों से घिरा हुआ है। यह किसी नौसिखिए के लिए उपयुक्त क्षेत्र नहीं है।

पौलुस ने सेवकाई को *एक सरल कार्य* के रूप में देखा: "हम वैसा ही वर्णन करते हैं," उसने कहा। यही उस पूरे कार्य का सार था — और आज भी है — बोलना, अर्थात् सुसमाचार का प्रचार करना। सुसमाचार प्रचारक, पास्टर और शिक्षक सब बोलने वाले हैं। वे संदेश और मिशन की महानता को समझकर बोलते हैं। परमेश्वर स्वयं प्रचारक को "सुसमाचार का भरोसा सौंपता है।" प्रचारक स्वर्ग का राजदूत होता है। वह केवल शुभ समाचार सुनाने के लिए ही उत्तरदायी नहीं है, बल्कि अपने जीवन द्वारा सुसमाचार को शोभायमान करने के लिए भी उत्तरदायी है। उसका चरित्र, विश्वास, आचरण, बातचीत, जीवन और प्रतिबद्धता — सब उसका हिस्सा हैं। उसके विषय में यह कभी न कहा जाए — “तुम जो हो, वह इतना ज़ोर से बोलता है कि हम तुम्हारी कही हुई बातें सुन ही नहीं पाते।”

ख. उसकी सच्चाई अडिग रही (2:4ग)

सुसमाचार के विषय में पौलुस की सत्यनिष्ठा निःसंदेह थी; और वह अडिग भी थी। वह कहता है कि उसने और उसके साथियों ने "मनुष्यों को नहीं, परन्तु परमेश्वर को, जो हमारे मनों को जाँचता है, प्रसन्न करते हैं।" प्रचारक को कभी श्रोताओं से डरना नहीं चाहिए। उसे हमेशा विनम्र रहना चाहिए, लेकिन कई बार उसे ऐसी बातें कहनी पड़ती हैं जो किसी अलग विचार रखने वाले या किसी खास पाप के दोषी को नाराज कर सकती हैं। यह उसकी प्राथमिक चिंता नहीं है। उसे प्रेम में सत्य बोलना है। कई बार सत्य को इसलिए कम कर दिया जाता है क्योंकि यह किसी धनी दान देने वाले, प्रभावशाली प्राचीन या शहर के बड़े व्यक्ति को नाराज़ कर सकता है।

यूहन्ना ने हेरोदेस और हेरोदियास के विरूद्ध प्रचार किया और इसके लिए अपनी जान देनी पड़ी। यीशु ने धार्मिक अगुवों की भर्त्सना की, और इसलिए उन्होंने तब तक साजिश करना नहीं छोड़ा जब तक यीशु को मार कर कब्र में नहीं रख दिया गया।

पौलुस की थिस्सलुनीकियों के लिए गवाही यह थी कि जब उसने उनके शहर में प्रचार किया, तो उसे इस बात की चिंता नहीं थी कि उसका संदेश मनुष्यों को पसंद आएगा कि नहीं। उसका प्रचार ऐसा था जो परमेश्वर की जाँच में

सही साबित हो सके। फिलिप्पी में उसके हाल के अनुभव ने उसे इतना डरा दिया होता कि वह थिस्सलुनीके में किसी को नाराज़ न करने की कोशिश करता। समझौता — जो राजनेताओं को बहुत प्रिय होता है — सुसमाचार में कोई स्थान नहीं रखता। नया नियम सुसमाचार को किसी बीच के रंग में नहीं दिखाता; यह साफ काले और सफेद में दिखाता है। लोग या तो बचाए जाते हैं या खो जाते हैं। हम या तो स्वर्ग जा रहे हैं या नरक। कोई चीज या तो सही है या गलत, देह की है या आत्मा की, अच्छी है या बुरी। यीशु ही मार्ग है, केवल कोई एक मार्ग नहीं है। सुसमाचार सत्य से संबंधित है; जो कुछ भी इसका विरोध करता है, वह झूठ है।

सदियों से लोग सत्य बोलने का साहस करते आए हैं, चाहे लोग प्रसन्न हों या नहीं। दुनिया को बदलने वाले वे लोग थे, जिन्होंने कभी समझौता नहीं किया। जब नबूकदनेस्सर ने शद्रक, मेशक और अबेदनगो को अपनी स्वर्ण प्रतिमा के आगे झुकने के लिए मनाने की कोशिश की, तब उन्होंने उसके सामने ही उसके झूठ को उजागर कर दिया। उन्होंने झुकने से, दंडवत करने से इंकार किया, और आग की भट्टी में जलने से बिल्कुल भी नहीं घबराए।

मार्टिन लूथर ने पोप-शासित रोम की एकत्रित शक्ति को चुनौती दी और जो कुछ उन्होंने लिखा था, उसका एक भी शब्द वापस लेने से इनकार कर दिया। जब उनके दोस्तों ने उन्हें चेतावनी दी कि वर्म्स शहर जाकर वे एक जाल में फँस रहे हैं, तब भी वे विचलित नहीं हुए। उसने कहा, “मैं वहाँ जाऊँगा, चाहे हर घर की हर छत पर मेरे विरोध के लिए भेजे गए दुष्टात्माएँ ही क्यों न बैठी हों।”

जॉन नॉक्स भी इसी विचारधारा के थे। अपने मुश्किल भरे करियर में, वह एक समय एक फ्रांसीसी जहाज पर एक मजदूर था। जहाज़ का पादरी उस मार्ग से नीचे आया जहाँ अत्याचार के दुष्ट शिकार चप्पू चलाने में मेहनत कर रहे थे। उसके पीछे कोड़े वाला दास-स्वामी आ रहा था। पादरी के हाथ में कुँवारी मरियम की एक चित्रित मूर्ति थी। वह उसे एक-एक करके प्रत्येक नाविक के सामने प्रस्तुत करता और उनसे, जो वास्तव में नास्तिक विधर्मी थे, माँ मरियम को चूमने की माँग करता। अंत में वह जॉन नॉक्स के पास आया और उसी माँग को उससे भी किया।

"माँ?" नॉक्स ने पुकारा। "परमेश्वर की माँ? यह तो बस एक चित्रित लकड़ी है, पूजा करने से ज्यादा तैरने के काम आएगी," और उसने उसे जहाज से बाहर फेंक दिया! कोई आश्चर्य नहीं कि स्कॉटलैंड की रानी मैरी ने कहा कि वह जॉन नॉक्स से इंग्लैंड की सभी सेनाओं से ज्यादा डरती थी! सत्य सत्य ही होता है। गलती गलती होती है। हमें सत्य को मनुष्यों को प्रसन्न करने के लिए कम करने का अधिकार नहीं है। सेवकाई से बाहर भी साहसी लोगों ने हर कीमत पर सत्य बोलने का साहस किया है।

गैलीलियो ने घोषणा की कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है। पोप ने इस विचार को विधर्म माना। गैलीलियो को गिरफ्तार कर लिया गया और पूछताछ के लिए धर्म-अदालत को सौंप दिया गया। पोप अर्बन अष्टम ने "यीशु मसीह के प्रतिनिधि" के रूप में, एक आधिकारिक घोषणा की। उनकी बातों को अचूक माना जाता था। उन्होंने इसे पूर्णतः विश्वास का विषय घोषित किया कि सूर्य पृथ्वी के चारों ओर घूमता है। गैलीलियो को अपना बयान वापस लेना ही होगा! उन्होंने ऐसा किया। आखिरकार, धर्म-अदालत के पास अपनी बात मनवाने की अद्भुत शक्ति थी। परंतु जब उसने यह स्वीकार किया कि यह कहना उसकी भूल थी कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है— तब भी उसे धीरे से यह कहते सुना गया, “फिर भी, पृथ्वी ही घूमती है।”

सत्य सत्य है। पौलुस, “परमेश्वर ने जिसे योग्य ठहराकर सुसमाचार सौंपा,” को इस बात की बहुत कम परवाह थी कि उसका संदेश मनुष्य को अच्छा लगता है या नहीं। वह ऐसा व्यक्ति नहीं था जो सत्य को धीरे से फुसफुसाकर कहता था। उसका उद्देश्य परमेश्वर को प्रसन्न करना था, “जो हमारे मनों को जाँचता है,” उसने कहा। पौलुस पर कभी-कभी यह आरोप लगाया जाता था कि वह हवा के रुख के अनुसार अपनी दिशा बदल लेता है — अर्थात “सबके लिए सब कुछ बन जाता है” को गलत अर्थ में लिया जाता है। यहाँ पौलुस ऐसे आरोपों का सिरे से खंडन करता है।

“परमेश्वर हमारे मनों को जाँचता है!” पौलुस ने कहा। यह वही शब्द है जो इस आयत के पहले हिस्से में "सौपे" के रूप में अनुवादित है। यहाँ इसका अर्थ है जाँच करना या परखना। पौलुस ने परमेश्वर को अपनी सच्चाई का गवाह बनाया। इतने सारे धार्मिक धोखेबाजों और चालाक लोगों के बीच, पौलुस हमेशा अपनी नीयत को साफ और शुद्ध रखने के प्रति सावधान रहता था।

2. पौलुस का आचरण (2:5-9)

पौलुस अब थिस्सलुनीकियों को यह बताता है कि *उसने किन चीजों से परहेज किया:* “हम न तो कभी चापलूसी की बातें किया करते थे, और न लोभ के लिये बहाना करते थे, परमेश्वर गवाह है; …हम मनुष्यों से आदर नहीं चाहते थे,..." (2:5-6क)। उसने हर तरह की चालाकी, लालच और प्रशंसा की चाह से परहेज किया—ये तीन चीजें जो धार्मिक ढोंगी सबसे अधिक चाहते हैं।

थिस्सलुनीके लोग स्वयं इस बात की गवाही दे सकते थे कि पौलुस और उनके साथी कभी चापलूसी नहीं करते थे। हम चापलूसी तब करते हैं जब हम झूठ बोलकर किसी को उनके बारे में अच्छी बातें कहते हैं। यहाँ पौलुस द्वारा प्रयुक्त शब्द उस स्थिति को दर्शाता है जहाँ कपटपूर्ण शब्दों का उपयोग किसी नीति के साधन के रूप में किया जाता है — इस आशा में कि जिस व्यक्ति को इस प्रकार प्रभावित किया जा रहा है, वह वैसा ही करेगा जैसा उससे चाहा गया है।

तिरतुल्लुस, वह वकील जिसे यहूदियों ने पौलुस के विरूद्ध रोमी गवर्नर फेलिक्स के सामने आरोप लगाने के लिए भेजा था, ने चापलूसी की। उसने अपना भाषण इस तरह शुरू किया था: “हे महामहिम् फेलिक्स, तेरे द्वारा हम में बड़ा कुशल होता है; और तेरे प्रबन्ध से इस जाति के लिये अनेक बुराइयाँ सुधरती जाती हैं। इसको हम हर जगह और हर प्रकार से धन्यवाद के साथ मानते हैं” (प्रेरितों 24:2-3)। पौलुस ने अपने जवाब में ऐसी चापलूसी का उपयोग नहीं किया। वह ईमानदार था जब उसने कहा कि उसे खुशी है कि उसका मामला उस व्यक्ति द्वारा सुना जा रहा है जो "बहुत वर्षों से इस जाति का न्याय कर रहा है” (प्रेरितों 24:10)। यह साधारण सत्य था। एक नया व्यक्ति यहूदी धर्म बनाम मसीहियत की जटिलताओं को नहीं समझ सकता था, न ही यह जान सकता था कि यहूदी लोग मसीहियों से कितनी नफरत करती है। कम से कम फेलिक्स इतना समय यहूदियों के बीच रह चुका था कि उसे यह समझ थी कि यहूदी धार्मिक पक्षपात से जुड़ा मामला कितना कठिन हो सकता है।

सच्ची प्रशंसा और झूठी चापलूसी में एक बहुत बड़ा फर्क है। मुझे अक्सर सच्ची प्रशंसा के शब्द मिले हैं। एक बार एक साथी प्रचारक ने मुझे प्रचारकों की सभा में इस तरह परिचित कराया: "आप सभी जॉन फिलिप्स को जानते हैं। आप सभी के पास उनकी किताबें हैं। मैं आपको बताना चाहता हूँ कि मैं अपनी किताबों के साथ क्या करता हूँ—मैं उन पर बाइबल का कवर लगाता हूँ और उन्हें मंच पर ले जाता हूँ और उसमें से प्रचार करता हूँ!" यह एक सच्ची प्रशंसा थी।

लेकिन, चापलूसी अक्सर उल्टा असर करती है, खासकर अगर सामने वाला व्यक्ति इसे पहचान ले। एक बार एक व्यक्ति ने इस तरह के चापलूसी के शब्द कहे: "आपकी उदारता मुझे प्रभावित करती है और उस पर भी भारी है आपका विशेष व्यक्तिगत आकर्षण।" जिस व्यक्ति ने इस प्रशंसापूर्ण वाक्य को सुना, उसने उत्तर दिया — “ऐसा लगता है कि आप अपनी ही वाक्पटुता की दुष्टता से मतवाले हो गए हो!” बस, चापलूसी का यही हाल होता है!

इसके अलावा, पौलुस के कोई छिपे हुए उद्देश्य नहीं थे। उसने लोगों से धन प्राप्त करने के लिए चापलूसी का उपयोग नहीं किया। लालच, जिससे पौलुस ने बीमारी की तरह परहेज किया, वही पाप था जिसने उसके पुराने दिनों में उसे जकड़ा था। "मैं लालच को नहीं जानता," उसने कहा, "यदि व्यवस्था नहीं कहती कि लालच मत कर" (रोमियों 7:7)। तरसुस का युवा शाऊल, अपने धार्मिक कवच में सुरक्षित, दस आज्ञाओं पर दृष्टि डाल सकता था और मसीह के पास

आए उस धनी युवक (मत्ती 19:20) की तरह यह दावा कर सकता था कि उसने व्यवस्था की हर आज्ञा का पालन किया है। उसने कभी किसी झूठे देवता की आराधना नहीं की, न ही किसी मूर्ति को कभी दंडवत किया। उसने कभी प्रभु का नाम व्यर्थ नहीं लिया, सब्त को अपवित्र नहीं किया। उसने अपने माता-पिता का आदर किया। उसने कभी हत्या, चोरी, व्यभिचार या झूठी गवाही नहीं दी। लेकिन जब वह दसवीं आज्ञा पर पहुँचा—"तू लालच न कर" (तू कोई बुरी इच्छा न करना) —तो व्यवस्था ने उसे भीतर से आघात किया। हमें नहीं पता कि युवा शाऊल में किस चीज का लालच था। शायद वह महासभा में एक उच्च पद या महायाजक का स्थान चाहता था। दसवीं आज्ञा ने उसके भीतर की जाँच की, और वह टूट गया। उसकी नैतिकता और आत्म-धार्मिकता बिखर गई।

एक मसीही के रूप में, अब जबकि उसका आंतरिक जीवन पवित्र आत्मा द्वारा नियंत्रित था, तो उसने लालच के विरूद्ध एक विशेष सावधानी बरती, जो उसके पुराने दिनों का बड़ा पाप था।

लेकिन लालच क्या है? विलियम बार्कले इसे उस व्यक्ति के पाप के रूप में परिभाषित करते हैं जो अपनी अनियंत्रित इच्छाओं को पूरी तरह खुला छोड़ देता है — उस व्यक्ति का, जो यह सोचता है कि उसकी इच्छाएँ, लालसाएँ और वासनाएँ ही संसार की सबसे महत्वपूर्ण बातें हैं। लालची व्यक्ति दूसरों को ऐसे देखता है जैसे वे केवल इस्तेमाल करने की चीजें हों। ऐसे व्यक्ति का सिवाय अपने और अपनी इच्छाओं के कोई ईश्वर नहीं होता। इसलिए इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि पवित्र आत्मा लालच को मूर्तिपूजा से समान परिभाषित करता है (कुलुस्सियों 3:5)।

एक प्रचारक के लिए यह बड़ी परीक्षा होती है कि वह लोभ न करे — किसी और की वस्तु पर लालची नज़र न डाले, विशेषकर तब जब उसके कुछ परिवर्तित लोग या अनुयायी धनवान, आकर्षक या प्रभावशाली हों। पौलुस ने बहुत पहले ही ऐसी दुष्ट इच्छाओं को क्रूस पर चढ़ा दिया था, और उसने कभी उसकी सेवकाई को कलंकित नहीं किया।।

पौलुस का आचरण हर तरह की आलोचनाओं से ऊपर था। उसने न केवल छल और लोभ को अपने जीवन की प्रेरक शक्ति बनने से दूर रखा, बल्कि लोकप्रिय प्रचारकों के एक और जाल — प्रसिद्धि की लालसा — से भी बचा रहा: “हम मसीह के प्रेरित होने के कारण तुम पर बोझ डाल सकते थे, तौभी हम मनुष्यों से आदर नहीं चाहते थे, और न तुम से, न और किसी से” (1 थिस्सलुनीकियों 2:6)।

प्रेरित! पृथ्वी पर कभी भी प्रेरित के पद से बड़ा कोई पद नहीं हुआ। पुराने नियम में, भविष्यद्वक्ता का पद याजक या राजा से बड़ा था। शमूएल जैसे नबी याजक का काम भी कर सकते थे, जो कोई राजा करने की हिम्मत नहीं करता था, और बलिदान भी चढ़ा सकते थे और परमेश्वर से सीधे मनुष्य तक सेवा कर सकते थे। नातान जैसे नबी राजा दाऊद को भी फटकार लगा सकते थे। इस्राएल का कोई याजक राजा नहीं हो सकता था, और कोई राजा याजक नहीं हो सकता था, लेकिन नबी राजा हो सकता था, जैसा कि दानिय्येल था, और वह याजक भी हो सकता था, जैसा कि यिर्मयाह और यहेजकेल थे। या वह कोई साधारण व्यक्ति भी हो सकता था, जैसा कि आमोस था। जब पुराने नियम का कोई नबी मंच पर आता था, तो बाकी सब लोग पीछे हट जाते थे।

नए नियम के समय में, सुसमाचार प्रचारक, पास्टर और शिक्षक के वरदान बहुत महत्वपूर्ण हैं। भविष्यद्वक्ता का वरदान उससे भी बड़ा था, लेकिन कोई भी वरदान प्रेरित के वरदान की बराबरी नहीं कर सकता था। और कोई भी प्रेरित पौलुस के बराबर नहीं था। मेमने का प्रेरित होना वास्तव में एक बड़ा सम्मान था। ऐसे लोग बहुत कम ही थे। उनके नाम नई यरूशलेम की नींव के पत्थरों में हमेशा के लिए लिखे जाएंगे (प्रकाशितवाक्य 21:14)। कोई भी सांसारिक पद इस पवित्र बुलाहट की बराबरी नहीं कर सकता। कोई राजा, राष्ट्रपति, कैसर, सम्राट, कलीसिया का अगुवा, सेनापति, कलाकार, वैज्ञानिक, इंजीनियर, राजनीतिक विशेषज्ञ, या व्यापारी कभी भी "मसीह के प्रेरित" जैसे पद पर नहीं रहा। वे खास लोग थे, एक चुना हुआ छोटा समूह। उनके पास ऐसे वरदान और बुलाहट थी जो उन्हें सब से अलग करती थी। वे स्वर्ग के खास लोग थे, प्रभु के अपने चुने हुए मित्र, उसके द्वारा "भेजे गए," उसके विशेष दूत। यदि कोई व्यक्ति अपनी प्रेरिताई पर गर्व कर सकता था, तो वह पौलुस था। लेकिन पौलुस ने कहा, "पर ऐसा न हो

कि मैं अन्य किसी बात का घमण्ड करूँ, केवल हमारे प्रभु यीशु मसीह के क्रूस का, जिसके द्वारा संसार मेरी दृष्टि में और मैं संसार की दृष्टि में क्रूस पर चढ़ाया गया हूँ" (गलातियों 6:14)।

एक बार, अपनी प्रेरिताई के बचाव में, पौलुस को मजबूर होकर कुछ गर्व करने जैसा लिखना पड़ा। उसने लिखा,"जबकि बहुत से लोग शरीर के अनुसार घमण्ड करते हैं, तो मैं भी घमण्ड करूँगा। तुम तो समझदार होकर आनन्द से मूर्खों की सह लेते हो.... क्या वे ही इब्रानी हैं? मैं भी हूँ। क्या वे ही इस्राएली हैं? मैं भी हूँ। क्या वे ही अब्राहम के वंश हैं? मैं भी हूँ। क्या वे ही मसीह के सेवक हैं–मैं पागल के समान कहता हूँ–मैं उनसे बढ़कर हूँ! अधिक परिश्रम करने में; बार बार कैद होने में; कोड़े खाने में; बार बार मृत्यु के जोखिमों में। पाँच बार मैं ने यहूदियों के हाथ से उन्तालीस उन्तालीस कोड़े खाए। तीन बार मैं ने बेंतें खाईं; एक बार मुझ पर पथराव किया गया; तीन बार जहाज, जिन पर मैं चढ़ा था, टूट गए; एक रात–दिन मैं ने समुद्र में काटा। मैं बार बार यात्राओं में; नदियों के जोखिमों में; डाकुओं के जोखिमों में; अपने जातिवालों से जोखिमों में; अन्यजातियों से जोखिमों में; नगरों के जोखिमों में; जंगल के जोखिमों में; समुद्र के जोखिमों में; झूठे भाइयों के बीच जोखिमों में रहा। परिश्रम और कष्ट में; बार बार जागते रहने में; भूख–प्यास में; बार बार उपवास करने में; जाड़े में; उघाड़े रहने में; और अन्य बातों को छोड़कर जिनका वर्णन मैं नहीं करता, सब कलीसियाओं की चिन्ता प्रतिदिन मुझे दबाती है। किसकी निर्बलता से मैं निर्बल नहीं होता? किसके ठोकर खाने से मेरा जी नहीं दुःखता? यदि घमण्ड करना अवश्य है, तो मैं अपनी निर्बलता की बातों पर घमण्ड करूँगा" (2 कुरिन्थियों 11:18-19, 22-30)

पौलुस को घमंड करने का स्वभाव नहीं था। अपने पुराने दिनों में, उसने अपनी जाति, धर्म और धार्मिकता पर घमंड किया था (फिलिप्पियों 3:4-6)। लेकिन महिमामय मसीह के चेहरे की एक झलक ने यह सब खत्म कर दिया।

"हाँ निश्चित रूप से," उसने कहा, "वरन् मैं अपने प्रभु मसीह यीशु की पहिचान की उत्तमता के कारण सब बातों को हानि समझता हूँ। जिसके कारण मैं ने सब वस्तुओं की हानि उठाई, और उन्हें कूड़ा समझता हूँ, जिससे मैं मसीह को प्राप्त करूँ" (फिलिप्पियों 3:8)।

“हम मनुष्यों से आदर नहीं चाहते थे,” पौलुस थिस्सलुनीकियों को याद दिलाता है। “हम तुम पर बोझ डाल सकते थे,” वह आगे कहता है। "बोझ" के लिए शब्द है बारोस ("वजन"), एक शारीरिक बोझ (मत्ती 20:12) या कुछ ऐसा जो किसी के संसाधनों की माँग करता हो। यहाँ यही अर्थ लगता है। पौलुस ने इस बात का पूरा ध्यान रखा कि वह अपनी प्रेरिताई वरदान और उससे जुड़ी शक्ति व अधिकार का उपयोग अपने कृतज्ञ अनुयायियों से धन या प्रशंसा प्राप्त करने के लिए कभी न करें। बाइबल कहती है, "दाँवते समय चलते हुए बैल का मुँह न बान्धना" (व्यवस्थाविवरण 25:4; 1 कुरिन्थियों 9:9)। पौलुस को सुसमाचार सुनाने के लिए प्रतिफल का पूरा हक था। परंतु वह भूखा रहना अधिक पसंद करता, बजाय इसके कि किसी को यह लगे कि वह धन के लिए सेवकाई में है या उसे प्रशंसा की लालसा है। पौलुस का यहूदी पालन-पोषण उसकी स्वाभाविक स्वतंत्रता को और भी मजबूत करता था। यहूदी रब्बियों से अपेक्षा की जाती थी कि वे काम करें और अपना भरण-पोषण स्वयं करें, न कि अपनी मंडली पर निर्भर रहें।

थिस्सलुनीकियों को यह याद दिलाने के बाद कि उसने किन चीजों से परहेज किया, पौलुस अब उन्हें याद दिलाता है कि *उसने क्या प्रदर्शित किया*—उसका प्रेम और उसका जीवन (2:7-8)। "परन्तु जिस तरह माता अपने बालकों का पालन–पोषण करती है, वैसे ही हम ने भी तुम्हारे बीच में रहकर कोमलता दिखाई है" (2:7)। उसने उन्हें अपना प्रेम दिखाया था। पौलुस लोगों से प्रेम करता था।

ऐसा लगता है कि पौलुस के पास सब तरह के वरदान थे। वह एक महान विद्वान और एक श्रेष्ठ धर्मशास्त्री था। उसकी बुद्धि बहुत विस्तृत थी। उसे पढ़ना-पढ़ाना पसंद था। किताबें उसके जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा थीं। ऐसे लोग अक्सर लोगों को नज़रअंदाज़ करते हैं। पौलुस एक अच्छा आयोजक, अच्छा प्रबंधक और योजनाकार भी था। अक्सर जिनके पास ऐसे गुण होते हैं, वे लोगों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन पौलुस लोगों से प्रेम करता था। वे खोए हुए

लोगों से प्रेम करता था—और यही बात उसे एक महान सुसमाचार प्रचारक और अद्वितीय मिशनरी बनाती थी। वह उद्धार पाए लोगों से प्रेम करता था—और यह गुण उसे एक प्यार करने वाला पास्टर बनाता था। उनके साथी, सीलास और तीमुथियुस भी ऐसे ही थे।

अपने अनुयायियों का शोषण करने की इच्छा रखने के बजाय, पौलुस उनके प्रति नम्र भाव रखता था, जैसे कि एक माता अपने बच्चों को प्यार करती है। "नम्र" के लिए प्रयुक्त शब्द एपियोस है —एक ऐसा शब्द जो यूनानी लोग माता-पिता के अपने बच्चों के प्रति दिखाए गए दया और प्रेम को बताने के लिए इस्तेमाल करते थे। "माता" के लिए शब्द है ट्रोफोस—यह शब्द शायद एक स्तनपान कराने वाली माँ को दर्शाता है, जो अपने बच्चों को प्यार करती है। पालन-पोषण करने के लिए उपयोग किया गया मूल शब्द थालपो है, जिसका अर्थ है "देखभाल करना।" प्राचीन ग्रीक लेख में इस शब्द का इस्तेमाल उस पक्षी के लिए हुआ है जो अपने बच्चों को अपने पंखों के नीचे छिपा लेती है (व्यवस्थाविवरण 22:6)। पूरा चित्र कोमल और प्रेम भरी देखभाल का है। धार्मिक पंथों के प्रचारकों की तरह अपने परिवर्तित लोगों का शोषण करने के बजाय, पौलुस केवल उनके संरक्षण, विकास, पालन-पोषण और भलाई की ही चिंता करता था।

इसके अलावा, उसने उन्हें अपना *जीवन* भी दिखाया: "और वैसे ही हम तुम्हारी लालसा करते हुए, न केवल परमेश्‍वर का सुसमाचार पर अपना अपना प्राण भी तुम्हें देने को तैयार थे, इसलिये कि तुम हमारे प्रिय हो गए थे" (2:8)। वह इतना ईमानदार था। वह उनके लिए मरने को तैयार था। यहाँ जिस शब्द का अनुवाद "प्राण" किया गया है, उसका अर्थ "जीवन" है। एक माँ अपने बच्चों की रक्षा मृत्यु के द्वार तक भी करती है।

कई साल पहले, अफ्रीका में एक मिशनरी जंगल के रास्ते पर चल रहा था, जहाँ कुछ समय पहले आग लगी थी। उसने रास्ते पर एक जला हुआ घोंसला और एक माँ मुर्गी का शव देखा। उसने शव को एक तरफ किया। आश्चर्य की बात है कि राख के नीचे से छोटे-छोटे चूजे निकल आए। माँ के प्रेम ने उस मुर्गी को अपने बच्चों के लिए जान देने को प्रेरित कर दिया था। पौलुस भी अपने आत्मिक मसीही बच्चों के प्रति ऐसे ही था। वह उनके लिए अपनी जान देने को तैयार था। आख़िरकार, एक माँ मुर्गी का अपने चूजों के प्रति प्रेम तो केवल सृष्टि का स्वाभाविक प्रेम है; परन्तु पौलुस का अपने परिवर्तित लोगों के प्रति प्रेम कलवरी का प्रेम था।

यदि उन्होंने उन्हें सिर्फ सुसमाचार सुनाया होता, तो भी यह उन्हें उनके जीवनभर का ऋणी बना देता। "सुसमाचार" सचमुच अच्छी खबर है। यहाँ पौलुस इसे "परमेश्वर का सुसमाचार" कहता है। बाइबल में अलग-अलग सुसमाचार बताए गए हैं। सबसे पहले, परमेश्वर के अनुग्रह का सुसमाचार है। इसे नए नियम में अलग-अलग तरह से बताया गया है। इसे "मसीह का सुसमाचार" कहा जाता है (2 कुरिन्थियों 10:14) क्योंकि यह उसके उद्धार के काम पर आधारित है। इसे "उद्धार का सुसमाचार" भी कहा जाता है (इफिसियों 1:13) क्योंकि इस पर विश्वास करने से हम उद्धार पाते हैं। इसे "महिमामय सुसमाचार" कहा जाता है (1 तीमुथियुस 1:11) क्योंकि यह उस एक के बारे में बताता है जो महिमा की ओर से आया, अब महिमा में है, और हम सबको महिमा की ओर ले जाता है। इसे "बिना खतना का सुसमाचार" कहा जाता है (गलातियों 2:7) क्योंकि यह हमें नियमों और धार्मिक रीति-रिवाजों से अलग बचाता है। इसे "शांति का सुसमाचार" कहा जाता है (इफिसियों 6:15) क्योंकि यह हमें परमेश्वर के साथ मेल कराता है और हमें परमेश्वर की शांति से भर देता है। पौलुस इसे "मेरा सुसमाचार" कहता है (रोमियों 2:16) क्योंकि इसमें वे सत्य और भेद की बातें हैं जो परमेश्वर ने पौलुस के द्वारा प्रकट किए—खासकर इफिसियों और कुलुस्सियों को लिखे गए उनके पत्रियों में।

लेकिन नए नियम में दो अन्य सुसमाचारों का भी अपना स्थान है। एक है "राज्य का सुसमाचार" (मत्ती 24:14), जो आने वाले राज्य के संबंध में शुभ संदेश है। यह सुसमाचार कलीसिया के उठा लिए जाने (मेघारोहण) के बाद प्रचार किया जाएगा। जिन लोगों को यह सुसमाचार सुनाया जाएगा, वे उद्धार पाएंगे, पर वे कलीसिया के सदस्य नहीं होंगे—क्योंकि कलीसिया पहले ही स्वर्ग में उठा ली जाएगी—पर वे राज्य में होंगे (प्रकाशितवाक्य 7)।

राज्य और कलीसिया, मनुष्य के साथ परमेश्वर के व्यवहार में, दो अलग-अलग व्यवस्थाएँ हैं। “उद्धार” से संबंधित सत्य और “राज्य” से संबंधित सत्य के बीच अंतर न कर पाने से अनेक भ्रांतियाँ उत्पन्न होती हैं।

फिर, "अनंतकाल का सुसमाचार" भी है (प्रकाशितवाक्य 14:6-7) जो एक स्वर्गदूत को सौंपा गया है। यह सुसमाचार इस पृथ्वी पर परमेश्वर के क्रोध आने से ठीक पहले प्रचारित किया जाएगा। यह सुसमाचार अपने मूल और सरलतम रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसमें न मसीह का उल्लेख है, न लहू का, और न ही उन किसी तत्वों का जिन्हें हम सामान्यतः सुसमाचार से जोड़ते हैं। यह केवल मनुष्यों को यह स्वीकार करने का आह्वान है कि परमेश्वर सृष्टिकर्ता है, और वे उससे डरें तथा उसकी महिमा करें।

यह ठीक वैसा ही सुसमाचार है जिसकी अपेक्षा हम परमेश्वर से कर सकते हैं कि वह उन अनजान जातियों को सुनाए जिनके पास न तो मसीह का ज्ञान है, न ही उसे जानने का समय। यह रोमियों 1:18-23 में वर्णित बातों के समान है। यह न्याय आने से पहले कुछ आत्माओं को बचाने का परमेश्वर का अंतिम प्रयास है।

यहाँ, पौलुस सुसमाचार को "परमेश्वर का सुसमाचार" कहता है। यह परमेश्वर के अनुग्रह के सुसमाचार का ही दूसरा नाम है। वह इसे परमेश्वर का सुसमाचार इसलिए कहता है क्योंकि यह ठीक वही था जो थिस्सलुनीकियों को चाहिए था— जिनमें से ज्यादातर मूर्तिपूजक थे जब उन्होंने पहली बार यह संदेश को सुना था। इन पुराने यूनानियों और रोमियों के पास कितने सारे अजीब देवताओं का संग्रह था! और कितनी उन्मत्त भीड़ थी वह जो मंदिर के बाहर इकट्ठी हुई थी! कैसी षडयंत्रकारी, कामुक, झगड़ालू, कलहप्रिय, प्रतिशोधी और दुष्ट देवताओं की वंशावली थी! वहीं पर यह कितनी अच्छी खबर थी कि परमेश्वर बिल्कुल भी वैसा नहीं है! सच्चा और जीवित परमेश्वर वह था जिसने "जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे वह नष्ट न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए” (यूहन्ना 3:16)। परमेश्वर उस तरह का भी नहीं था जैसा यहूदियों ने कल्पना की थी—जो बस खतना, सब्त, खाने-पीने के नियम, पशु बलिदान और ढेर सारे नियम-कानूनों तक ही सीमित था। “परमेश्वर के सुसमाचार” ने ऐसी सारी गलत धारणाओं को हटा दिया था। परमेश्वर के बारे में अच्छी खबर यह है कि वह एक प्रेम करने वाला स्वर्गीय पिता परमेश्वर है, जो हमें क्षमा करने, शुद्ध करने, धर्मी ठहराने, नया जीवन देने और पूरी तरह से बचाने के लिए हमेशा तैयार है!

यदि पौलुस ने केवल उन्हें यह बात ही बता दी होती, तो थिस्सलुनीके के लोग सदा उसके ऋणी रहते; परंतु उसने इससे भी अधिक किया। वह उस सुसमाचार का जीवंत उदाहरण था जिसका वह प्रचार कर रहा था। उसका प्रेम और उसका जीवन उनके साथ जुड़ा हुआ था। उन्होंने न केवल उन्हें परमेश्वर का सुसमाचार दिया बल्कि अपनी जान की बाजी भी लगाने को तैयार था—"इसलिये कि तुम हमारे प्रिय हो गए थे" वह आगे कहता है।

इसी के साथ पौलुस उन्हें यह भी स्मरण दिलाता है कि उसने उनके साथ *क्या बाँटा था:* “क्योंकि, हे भाइयो, तुम हमारे परिश्रम और कष्ट को स्मरण रखते हो; हम ने इसलिये रात दिन काम धन्धा करते हुए तुम में परमेश्वर का सुसमाचार प्रचार किया कि तुम में से किसी पर भार न हों" (2:9)। पौलुस अपनी आवश्यकताओं का खर्च स्वयं उठाना पसंद करता था। जब उसके पास धन की कमी होती, तो वह अपने युवावस्था में सीखे हुए कौशल — तंबू बनाने के काम — की ओर लौट जाता था। वह काम करता था, ताकि किसी को यह कहने का अवसर न मिले कि उसने अपने धर्मांतरित लोगों से धन लिया। निस्संदेह, वह अपने सांसारिक कार्यक्षेत्र को एक आदर्श स्थान मानता था — जहाँ वह मित्र बना सके, सुसमाचार फैला सके, और लोगों को मसीह के पास ला सके। लोग अक्सर एक पेशेवर प्रचारक की अपेक्षा अपने सहकर्मियों की बात जल्दी मान लेते हैं।

मैंने इस बात को वर्षों पहले सच पाया जब मैं उत्तरी कनाडा के एक नगर में रहता था। उस नगर में मैंने एक कलीसिया की स्थापना में सहायता की, और उससे जुड़ी लगभग सारी सेवाएँ तथा अधिकांश प्रचार मुझे ही करना पड़ता था। उसी समय, मैं एक लेखाकार (अकाउंटेंट) के रूप में भी कार्य करता था। इस दौरान अनेक नए संबंध बने, और

व्यवसायिक तथा दैनिक जीवन के लोगों के साथ स्थानीय रेस्टोरेंट की कॉफी टेबल पर आत्मिक वार्तालाप शुरू हुए। ऐसे लोग जो किसी पादरी से कभी बात करने की कल्पना भी नहीं करते, वे मुझसे बातें करते थे। मैं उन्हें अपने जैसा ही लगता था। मैं बाजार में उनके बीच ही रहता था, उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलता था।

पौलुस ने थिस्सलुनीकियों को उनके "विश्वास के कार्य" और "प्रेम के परिश्रम" (1:3) के लिए स्मरण किया था। अब वह उन्हें उनके परिश्रम और कष्ट की याद दिलाता है। "परिश्रम" के लिए प्रयुक्त यूनानी शब्द कोपोस है, जिसका अर्थ है "पीटना" — जैसे छाती पीटना — और यह शब्द कठिन श्रम से उत्पन्न थकान का संकेत देता है। यह उस कार्य को दर्शाता है जो मेहनत और थकावट से भरा होता है। "कष्ट" के लिए प्रयुक्त शब्द मोख्थोस है, जो दर्दभरे प्रयास और थकाने वाले श्रम की भावना को प्रकट करता है। इसका मूल अर्थ कठिनाई और संघर्ष से जुड़ा है। दोनों शब्द मिलकर यह स्पष्ट करते हैं कि मिशनरियों ने अत्यंत परिश्रम से कार्य किया था। उन्होंने केवल औपचारिक कार्य नहीं किया था; वे सचमुच परिश्रम करके थक जाते थे—यदि कभी विश्राम करते भी थे तो थकान के साथ ही। पौलुस कहता है कि वे "रात-दिन" काम करते थे। पौलुस को प्रभु की सेवा में आलस्य के लिए कोई स्थान नहीं था।

यह पौलुस का सामान्य तरीका था। उसने यह पत्र कुरिन्थुस से लिखा था, जहाँ वह उसी समय अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए काम कर रहा था (1 कुरिन्थियों 4:12; 2 कुरिन्थियों 11:9)। उसने यही बात इफिसुस में भी की (प्रेरितों के काम 20:34)। इस प्रकार, उसने थिस्सलुनीकियों के साथ अपनी जीवनशैली बाँटी — जिनमें से अधिकांश को कठिन परिश्रम करना पड़ता था। पौलुस ने उनके दैनिक श्रम में स्वयं को सहभागी बनाया।

3. पौलुस का विवेक (2:10)

"तुम आप ही गवाह हो, और परमेश्वर भी गवाह है कि तुम विश्वासियों के बीच में हमारा व्यवहार कैसा पवित्र और धार्मिक और निर्दोष रहा।" पौलुस का जीवन न केवल मनुष्यों के सामने साफ था, बल्कि परमेश्वर के सामने भी, जो हमारे मन और उद्देश्यों को जानता है।

पौलुस और उनके साथियों ने *पवित्रता* से जीवन जिया। यहाँ प्रयुक्त शब्द का अर्थ है — हर प्रकार के अपराध से शुद्ध होना, हर धार्मिक कर्तव्य का निष्ठापूर्वक पालन करना, और प्रत्येक जिम्मेदारी को सावधानीपूर्वक पूरा करना। विशेष रूप से, यह शब्द व्यक्ति के परमेश्वर के प्रति कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाने से संबंधित है।

धार्मिक के लिए प्रयुक्त मूल यूनानी शब्द "दिकायोस" है जिसका अर्थ है सीधा और न्यायपूर्ण आचरण। यह मनुष्यों के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को सही ढंग से निभाने से जुड़ा है।

पौलुस ने सकारात्मक रूप से कहा कि उन्होंने पवित्र और निष्पक्ष जीवन जिया। फिर उन्होंने नकारात्मक रूप से भी कहा—"निर्दोष रूप से।" शब्द है "अमेम्प्टोस।" इसका अर्थ है कि वे दोषरहित थे; उनके विरूद्ध कोई आरोप टिक नहीं सकता था। यदि कोई आरोप लगाता, तो वह साबित नहीं हो पाता। सभी विश्वासी उनके निर्दोष जीवन की गवाही देते थे। जो लोग प्रभु की सेवा करते हैं, उनके लिए इससे कम कुछ भी अपेक्षा नहीं की जाती।

4. पौलुस की चिंता (2:11-12)

पौलुस को अपने परिवर्तित लोगों के प्रति दो तरह की चिंताएं थी। पहली, *उनकी पिता जैसी चिंता थी*: "तुम जानते हो कि जैसा पिता अपने बालकों के साथ व्यवहार करता है, वैसे ही हम भी तुम में से हर एक को उपदेश करते, और शान्ति देते, और समझाते थे" (2:11)। पौलुस सिर्फ लोगों को मसीह के लिए जीतने से संतुष्ट नहीं था। उसने मसीह में जन्मे नए विश्वासियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी अच्छी तरह से समझा था। यद्यपि पौलुस का थिस्सलुनीके में ठहरना बहुत ही अल्पकालिक था, और उसे अत्यंत परिश्रम करना पड़ा, फिर भी उसने सड़क और आराधनालय दोनों में सुसमाचार प्रचार में पूर्ण उत्साह दिखाया। उसके विरोधियों ने उसके मार्ग में अनेक कठिन बाधाएँ उत्पन्न कीं,

फिर भी उसने समय निकालकर प्रत्येक उस व्यक्ति के विश्वास की एक दृढ़ नींव रखी, जिसे वह मसीह के पास ले आया था।

उसने उन्हें "उपदेश दिया।" यहाँ प्रयुक्त शब्द का अर्थ है "पास बुलाना" या "आग्रह करना।" इस शब्द में उपदेश, विनती और शिक्षण — ये तीनों ही विचार निहित हैं। पौलुस विभिन्न व्यक्तियों को अपने पास बुलाता था। कुछ गहन प्रश्न पूछने के बाद, वह समझ जाता था कि उसका साथी आत्मिक जीवन के किस स्तर पर है। फिर वह उसी आधार पर आगे बढ़ता था। उसके प्रमुख उद्देश्य थे — शिक्षा देना (सिद्धांतों को समझाना), मसीही चरित्र का विकास करना, मसीह में नए जीवन के सिद्धांतों को सिखाना, और परमेश्वर की इच्छा के प्रति आज्ञाकारिता को प्रोत्साहित करना।

पौलुस ने थिस्सलुनीके के विश्वासियों को "शान्ति दी।" उनके मसीही जीवन के प्रारंभिक दिनों में ही उन्हें अत्याचार, सक्रिय विरोध, और खुली शत्रुता का सामना करना पड़ा था। पौलुस स्वयं इन सब बातों से भली-भाँति परिचित था। कुछ विश्वासियों को शारीरिक यातना सहनी पड़ी; कुछ को उनके परिवार और मित्रों ने समाज से अलग कर दिया था; और कुछ को आर्थिक हानि झेलनी पड़ी। पौलुस जानता था कि उन्हें कैसे शान्ति देनी है। वह किसी के कंधे पर हाथ रखकर सहानुभूतिपूर्वक उसकी पीड़ा की कथा सुनता और उसके साथ रोता। यहाँ प्रयुक्त "शान्ति" का मूल शब्द वही है जो लाजर की मृत्यु के संदर्भ में भी प्रयोग किया गया है: "बहुत से यहूदी मार्था और मरियम के पास उनके भाई की मृत्यु पर शान्ति देने के लिये आए थे।" शान्ति देने का अर्थ है "कोमलता से बोलना।"

"समझाते थे" के शब्द का अर्थ है "गवाही देना," "साक्षी देना।" पौलुस अपने धर्मांतरित विश्वासियों से अपने स्वयं के ज्ञान, समृद्ध और विविध व्यक्तिगत अनुभवों के आधार पर बातें कर सकता था।

जैसे एक जागरूक पिता अपने बच्चों को प्रोत्साहित करने, सिखाने, सांत्वना देने और उन्हें सही मार्ग दिखाने के लिए अलग ले जाकर बात करता है, वैसे ही पौलुस भी करता था। पौलुस अपने विश्वासियों की तुलना में कहीं अधिक अनुभवी था। वह आत्मिक जीवन के संकटों और ठोकरों को भली-भाँति जानता था। इसके अतिरिक्त, वह अपने विश्वासियों के स्वभाव, योग्यताओं, सामर्थ्य, दुर्बलताओं, प्रतिभाओं और सीमाओं को भी जानता था। पौलुस उनसे "जैसे पिता अपने बच्चों से बात करता है," वैसे ही बातें करता था।

इसके अतिरिक्त, उसका ध्यान एक *मूलभूत* विषय पर केंद्रित था:—"ताकि तुम परमेश्वर के योग्य जीवन जियो, जिसने तुम्हें अपने राज्य और महिमा के लिए बुलाया है" (2:12)। पौलुस का मसीही जीवन के प्रति दृष्टिकोण अत्यंत उच्च था। कलीसिया राज्य नहीं है, परंतु वह राज्य के भीतर है। परमेश्वर के लोग उसके पुत्र हैं, स्वर्ग के वारिस हैं, महिमा के नागरिक हैं, और मसीह के साथ संगी वारिस हैं — वे समस्त सृष्टि की वास्तविक "राजवंश" (श्रेष्ठ वंश) हैं।

एक फ्रांसीसी राजकुमार की कहानी बताई जाती है, जो अपने पूर्वजों के अपव्ययी जीवनशैली के कारण निर्धन हो गया था। वह एक साधारण सराय में रहता था। उसके साथी वेश्याएँ और चोर थे, जो उसे भी अपने दुष्कर्मों में सम्मिलित होने के लिए उकसाते थे। परंतु उसने स्वयं को उनसे अलग रखा। उसने विनम्रतापूर्वक उत्तर दिया — "सज्जनों, कृपया मुझे क्षमा करें। मैं एक फ्रांसीसी राजवंश से हूँ। उच्च वंश में पैदा हुआ हूँ। उच्च पद के साथ उत्तरदायित्व भी आते हैं। यदि मैं वैसा करूँ जैसा आप कहते हैं, तो मैं उस महान नाम का अपमान करूँगा जो मैं धारण करता हूँ। कृपया मुझे क्षमा करें।"

इसी तरह, जब परमेश्वर की संतान को स्वयं परमेश्वर ने इतनी अद्भुत आशीषें दी हैं, तो वह कितनी अधिक उसके योग्य चाल चले! हमें नाली से उठाकर महिमा तक पहुँचाया गया है — जैसा कि पुराने समय के प्रचारक कहा करते थे, "सबसे नीच अवस्था से लेकर सबसे उच्च स्थान तक।" इसलिए परमेश्वर यह अपेक्षा करता है कि हम उस महान सम्मान के योग्य जीवन जिएँ जो उसने हम पर किया है।

ग. पौलुस के परिवर्तित लोगों की विजय (2:13-14)

1. उन्होंने सत्य को कैसे ग्रहण किया (2:13)

पौलुस अपने थिस्सलुनीके परिवर्तित लोगों पर गर्व करता था। वह उनके लिए परमेश्वर के प्रति आभारी था। वह कहता है, "इसलिये हम भी परमेश्वर का धन्यवाद निरन्तर करते हैं कि जब हमारे द्वारा परमेश्वर के सुसमाचार का वचन तुम्हारे पास पहुँचा, तो तुम ने उसे मनुष्यों का नहीं परन्तु परमेश्वर का वचन समझकर (और सचमुच यह ऐसा ही है) ग्रहण किया..." (2:13क)। उन्होंने सत्य को उसके *असली मूल्य पर* अर्थात् परमेश्वर के प्रेरित और बिना त्रुटि वाले वचन के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने पौलुस के प्रचार पर कभी किसी प्रकार का सन्देह नहीं किया। यह कोई नया धार्मिक दर्शनशास्त्र नहीं था जो पौलुस ने खुद बनाया था। जो वह प्रचार करता था, उसमें सत्य की ध्वनि और अधिकार की गूंज थी। वह मनुष्य का वचन नहीं था; वह वास्तव में परमेश्वर का वचन था।

परमेश्वर का वचन मनुष्य के वचन के समान इस अर्थ में है कि यह उस वक्ता को प्रकट करता है और उसके स्वभाव, चरित्र और व्यक्तित्व में सहभागिता रखता है। किसी व्यक्ति की सामान्य बातचीत सुनकर ही हम यह जान सकते हैं कि वह शिक्षित है या अशिक्षित, अच्छा है या बुरा, नैतिक है या अनैतिक, सभ्य है या असभ्य, पवित्र है या अशुद्ध, धर्मी है या दुष्ट, उद्धार पाया है या खोया हुआ है। इसी प्रकार, मनुष्यों को प्रकट किया गया परमेश्वर का वचन मानवीय और दैवीय तत्वों का एक पूर्ण मिश्रण है। प्रभु यीशु को "वचन" कहा गया है। वह "आदि में" था, वह परमेश्वर के साथ था, और वह स्वयं परमेश्वर था। वह "देहधारी हुआ और हमारे बीच डेरा किया" (यूहन्ना 1:1–3, 14)। इसी प्रकार, परमेश्वर का लिखा हुआ वचन (बाइबल) भी वैसा ही है। हम उसमें विभिन्न लेखकों के व्यक्तित्व, शैली और शब्दावली का भेद पहचान सकते हैं; परन्तु उसी समय, जो कुछ भी उन्होंने कहा, वह सब "परमेश्वर-प्रेरित" था (2 तीमुथियुस 3:16)। इस प्रकार हर शब्द पर परमेश्वर की मुहर लगी है। बाइबल का हर "अक्षर और मात्रा" (मत्ती 5:18) परमेश्वर की प्रेरणा से लिखा गया है।

परमेश्वर के वचन में पाँच ऐसी विशेषताएँ हैं जो मनुष्य के वचन में नहीं पाई जातीं। पहली, परमेश्वर का वचन प्रेरित है — *"परमेश्वर-श्वसित"* — यह पवित्र आत्मा द्वारा दिया गया उसका स्वयं का वर्णन है। यहाँ प्रयुक्त यूनानी शब्द थेओप्न्यूस्टोस है। जैसे एक तुरही वादक अपने वाद्य में श्वास फूँकता है और अपनी उंगलियों द्वारा उस श्वास के प्रवाह को नियंत्रित करता है, वैसे ही परमेश्वर ने अपने वचनों को अपने चुने हुए मनुष्यों के माध्यम से "फूँका" और उनके वाक्य-रचना के हर भाग को नियंत्रित किया — फिर भी इस प्रकार कि उन्होंने किसी भी प्रकार से लेखक की मानवीय स्वतंत्रता का उल्लंघन नहीं किया। अक्सर मानवीय लेखक को यह भी ज्ञात नहीं होता था कि उसने जो शब्द उस पाण्डुलिपि पर लिखे हैं, वे क्यों लिखे हैं (1 पतरस 1:10–12)। जब वे लिख रहे थे, तब विचार उनके मन में आते गए, और वे शब्द सहज रूप से उनकी चेतना में उभरते गए। वे लिखते गए, "जैसे पवित्र आत्मा ने उन्हें प्रेरित किया" (2 पतरस 1:19–21)। यहाँ प्रयुक्त शब्द फेरो का अर्थ है — "ढोना" या "आगे बढ़ाना।" अर्थात् मानवीय लेखक पवित्र आत्मा द्वारा प्रेरित और संचालित होकर आगे बढ़ाए गए। उन्होंने वह नहीं लिखा जो उनके अपने मन या बुद्धि ने सुझाया हो; बल्कि उन्होंने वही लिखा जो परमेश्वर के विचार थे — और पवित्र आत्मा ने वे शब्द उनके मन में डाले। पतरस ने इसी शब्द का प्रयोग उस आवाज़ के संदर्भ में किया जो रूपांतरण पर्वत पर आई थी: "क्योंकि जब उसने परमेश्वर पिता से आदर और महिमा पाई और उस प्रतापमय महिमा में से यह वाणी आई [फेरो, 'उठाई गई'], "यह मेरा प्रिय पुत्र है, जिससे मैं प्रसन्न हूँ" (2 पतरस 1:17)। इस प्रकार, परमेश्वर का वचन अपनी उत्पत्ति में अद्वितीय है। यह प्रेरित है — परमेश्वर ने स्वयं बोला है।

दूसरी, परमेश्वर का वचन *अचूक* है। मूल हस्तलेख अद्भुत रीति से हर प्रकार की भूल या त्रुटि से रहित हैं। परमेश्वर का वचन अपने मूल रूप में किसी भी प्रकार की असंगतता, गलती, अशुद्धि या विरोधाभास नहीं रखता। परमेश्वर ने अपने अधिकार से और महानता के साथ उन सभी विषयों के विषय में मनुष्यों पर सत्य प्रकट किया है जिन पर उसने वचन किया है। जब परमेश्वर सृष्टि के विषय में बोलता है, तो वह अधिकारपूर्वक बोलता है। कोई भी ऐसी सिद्धांत या विचारधारा जो बाइबल की सृष्टि की कथा के विपरीत हो — चाहे वह कितनी भी "विद्वत्तापूर्ण" लगे या उसके

समर्थक की प्रतिष्ठा कितनी भी बड़ी क्यों न हो — असत्य है। जब परमेश्वर आदम और हव्वा, ,मनुष्य का पतन, जलप्रलय, या भाषाओं की उत्पत्ति के विषय में बोलता है, तो वही अंतिम सत्य है। विकासवाद का सिद्धांत गलत है; बाइबल सत्य है। परमेश्वर का वचन सच्चा है। जैसा कि पवित्र आत्मा कहता है: "परमेश्वर सच्चा और हर एक मनुष्य झूठा ठहरे" (रोमियों 3:4)।

आख़िरकार, पवित्र आत्मा वहाँ उपस्थित था जब ये सब बातें घटीं — वह उन सभी घटनाओं का प्रत्यक्ष गवाह था।

बाइबल में दिखाई देने वाली त्रुटियाँ या विरोधाभास वास्तव में गलत अनुवादों, गलत व्याख्याओं, अधूरी समझ, मानवीय अज्ञानता, पक्षपात और सीमितता के कारण उत्पन्न होते हैं। जो परमेश्वर गलती किए बिना एक किताब नहीं लिख सकता, वह परमेश्वर नहीं है। ऐसा "ईश्वर" तो वास्तव में कोई ईश्वर है ही नहीं।

तीसरी बात, परमेश्वर का वचन *अनंत* है — यह असीमित और अंतहीन है। इसमें ऐसे सत्य निहित हैं (जैसे त्रिएकत्व के विषय में) जो हमारी मानवीय बुद्धि और समझ की सीमा से परे हैं। दाऊद कहता है, "तेरे विचार क्या ही अगम्य हैं" (भजन 92:5)। पवित्र आत्मा कहता है, "क्योंकि मेरी और तुम्हारी गति में और मेरे और तुम्हारे सोच विचारों में, आकाश और पृथ्वी का अन्तर है" (यशायाह 55:9)। अपनी एक स्तुतिगान में पौलुस, जो एक महान बुद्धिजीवी था, कहता है, "आहा! परमेश्वर का धन और बुद्धि और ज्ञान क्या ही गंभीर है! उसके विचार कैसे अथाह, और उसके मार्ग कैसे अगम हैं!" प्रभु की बुद्धि को किसने जाना? या उसका मंत्री कौन हुआ?" (रोमियों 11:33-34)।

परमेश्वर का वचन आश्चर्य और सत्य का एक अथाह ख़ज़ाना है। उदाहरण के लिए, भजन संहिता 23, यूहन्ना 3:16, यशायाह 53 या पवित्रशास्त्र के किसी भी अन्य पद पर कौन "अंतिम शब्द" कह सकता है? लोग अपना पूरा जीवन पवित्रशास्त्र का अध्ययन करने में व्यतीत कर सकते हैं, फिर भी कोई और व्यक्ति आता है, कोई टिप्पणी करता है, और वे आश्चर्य से कहते हैं — "मैंने यह पहले क्यों नहीं देखा!" या फिर, वर्षों तक किसी कठिन या अस्पष्ट कथन पर विचार करने के बाद, बाइबल के किसी अन्य भाग का एक पद अचानक उनके सामने उजागर हो उठता है — और पूरा रहस्य एकदम स्पष्ट हो जाता है।

परमेश्वर का वचन स्वयं अनंतता के तत्वों से बना है। यीशु ने कहा, "यह न समझो, कि मैं व्यवस्था या भविष्यद्वक्ताओं की पुस्तकों को लोप करने आया हूँ, लोप करने नहीं, परन्तु पूरा करने आया हूँ। क्योंकि मैं तुम से सच कहता हूँ, कि जब तक आकाश और पृथ्वी टल न जाएँ, तब तक व्यवस्था से एक मात्रा या एक बिन्दु भी बिना पूरा हुए नहीं टलेगा।" (मत्ती 5:17-18)। आगे उसने कहा, "आकाश और पृथ्वी टल जाएँगे, परन्तु मेरी बातें कभी न टलेंगी" (मत्ती 24:35)। अनंतकाल के युगों तक हम परमेश्वर के असीम वचन में नई-नई गहराइयाँ और अद्भुत बातों को पाते रहेंगे।

चौथा, परमेश्वर का वचन *तीक्ष्ण* है। इसमें हमारी सोच को भेदने, हमारे दिल को छूने, हमारे विवेक को जगाने और हमारी इच्छा को बदलने की शक्ति है। "क्योंकि परमेश्वर का वचन जीवित, और प्रबल, और हर एक दोधारी तलवार से भी बहुत चोखा है; और प्राण और आत्मा को, और गाँठ–गाँठ और गूदे–गूदे को अलग करके आर–पार छेदता है और मन की भावनाओं और विचारों को जाँचता है" (इब्रानियों 4:12)।

"जाँचता है" शब्द का मूल यूनानी शब्द क्रिटिकोस है, जो केवल यहीं प्रयुक्त हुआ है। परमेश्वर ने यह शब्द केवल एक ही बार प्रयोग किया है—अपने वचन के लिए—जो पृथ्वी पर रहने वाले सब मनुष्यों को जाँचता है। फिर भी तथाकथित "उच्च जाँचकर्ता" परमेश्वर के वचन पर न्यायाधीश बनकर बैठने का साहस करते हैं। वे बाइबल की विभिन्न पुस्तकों के लिए झूठे लेखक ढूँढ निकालते हैं। वे मूसा, योना और दानिय्येल जैसे पुरुषों की सच्चाई को नकारते हैं और अपनी कल्पित कहानियाँ प्रस्तुत करते हैं। वे इस सत्य को अस्वीकार करते हैं, उस सत्य को समझा-बुझा कर टाल देते हैं। वे यह दावा करते हैं कि बाइबल विभिन्न स्रोतों से जोड़-तोड़कर बनाई गई है। परंतु वास्तव में परमेश्वर का वचन ही वास्तविक जाँचकर्ता है। यह चुभता है, भेदता है, विभाजित करता है, और विवेचना करता है।

यह हमारे अस्तित्व की गहराइयों तक पहुँचता है। यह हमारे विचारों, इच्छाओं और उद्देश्यों को प्रकट कर देता है। यह आत्मा और प्राण के बीच की उस रहस्यमय सीमा तक पहुँचकर अपना कार्य करता है।

परमेश्वर का वचन वह साधन है जिसका उपयोग पवित्र आत्मा पाप का बोध कराने के लिए करता है। यही वचन उन लोगों को, जो "अपने अपराधों और पापों में मरे हुए" हैं, अचानक उनकी खोई हुई दशा, उनके खतरे और उनके विनाश की ओर जाग्रत करता है। यह जीवित बीज के समान है—जो आत्मा की मिट्टी में जाकर अंकुरित होता है। यह नया जीवन पैदा करता है। पतरस कहता है, "क्योंकि तुम ने नाशवान् नहीं पर अविनाशी बीज से, परमेश्‍वर के जीवते और सदा ठहरनेवाले वचन के द्वारा नया जन्म पाया है" (1 पतरस 1:23)।

पाँचवाँ, परमेश्वर का वचन *अटल* है। यीशु ने कहा, "जो मुझे तुच्छ जानता है और मेरी बातें ग्रहण नहीं करता है उसको दोषी ठहरानेवाला तो एक है: अर्थात् जो वचन मैं ने कहा है, वही पिछले दिन में उसे दोषी ठहराएगा" (यूहन्ना 12:48)। "दोषी ठहराएगा" के लिए प्रयुक्त शब्द क्रिनो है, जिसका अर्थ है—अदालत में दिया गया कानूनी फैसला। मनुष्य परमेश्वर के वचन को हल्के में लेते हैं, मसीह की शिक्षाओं और दावों को नज़रअंदाज़ करते हैं। परन्तु वह दिन आएगा जब "पुस्तकें खोली जाएँगी" और लोगों का न्याय "उनके कार्यों के अनुसार किया जाएगा जो उन पुस्तकों में लिखे हुए हैं" (प्रकाशितवाक्य 20:12)। उन पुस्तकों में से एक पुस्तक—परमेश्वर का वचन—भी खोली जाएगी।

अपनी पुस्तक *"द रीज़न वाई"* में रॉबर्ट लेडलॉ एक एक अंग्रेज व्यक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं— जो संयुक्त राज्य अमेरिका में ग़लत दिशा में कार चलाने के कारण गिरफ्तार किया गया। उसे न्यायाधीश के सामने पेश किया गया, जो उसकी दलील सुनता है*: "माननीय, मैं इंग्लैंड में रहता हूँ। इंग्लैंड में हम हमेशा सड़क के बाएँ हाथ की ओर गाड़ी चलाते हैं।"*

न्यायाधीश ने उत्तर दिया, "महाशय, आपका न्याय इंग्लैंड के कानूनों के अनुसार नहीं, बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका के कानूनों के अनुसार किया जा रहा है। यहाँ का नियम यह है कि आप सड़क के दाएँ ओर गाड़ी चलाएँ। आपकी दलील स्वीकार्य नहीं है। जिस कानून के अनुसार आपका न्याय होना है, उस कानून को जानना आपकी ही ज़िम्मेदारी है।"

कानून की अज्ञानता कोई बहाना नहीं है। हमसे अपेक्षा की जाती है कि हम कानून को जानें। वह कितना मूर्ख है जो परमेश्वर के अटल वचन को अनदेखा करता है, जिसमें वास्तव में वह व्यवस्था निहित है, जिसके अनुसार अंततः उसका न्याय किया जाएगा।

परमेश्‍वर का वचन भी ऐसा ही है। जब पौलुस ने प्रचार किया, तो थिस्सलुनीकियों ने उस अधिकारपूर्ण स्वर को पहचाना, जिसके साथ वह बोलता था। उन्होंने सुना, पहचाना और परमेश्‍वर के वचन पर विश्वास किया। उन्होंने इसे उसके वास्तविक स्वरूप में स्वीकार किया — यह वास्तव में परमेश्‍वर का वचन है। उन्होंने इसे बिना किसी वाद-विवाद या प्रश्न के ग्रहण किया। किसी ने भी उनसे इस प्रकार कभी नहीं कहा था। उन्होंने विभिन्न मूर्तिपूजक धर्मों के याजकों को बोलते सुना था। उन्होंने भविष्यवक्ताओं को दुष्टात्माओं की वाणी में बोलते सुना था। उन्होंने रब्बियों को भी सुना था। परन्तु जैसे यीशु ने अधिकार और सामर्थ के साथ प्रचार किया वैसे ही पौलुस ने भी किया — न कि शास्त्रियों के समान। जब वह बोला, तब उन्होंने अपने जीवन में पहली बार पवित्र आत्मा से प्रेरित, परमेश्‍वर-श्वसित वचन को सुना, पहचाना और समझा।

इसके अलावा, उन्होंने *इसकी पूरी शक्ति में सत्य* को ग्रहण किया। उन्होंने इसे, जैसा कि पौलुस ने कहा, "वह तुम विश्‍वासियों में जो विश्‍वास रखते हो, प्रभावशील है" (2:13ख)। "प्रभावशील है" का अर्थ है "परमेश्वर का वचन जो *ऊर्जावान* है... तुम जो विश्वास रखते हो।" यह विश्वासियों के जीवन में "एक सामर्थ" है जो विश्वास रखते हैं। यहाँ यह शब्द वर्तमान काल में हैं जो यह दर्शाता है कि वचन निरंतर कार्यरत है। उन्होंने जो वचन सुना, वह जीवित था —

जीवित बीज के समान। वह विश्वासियों के जीवन में कार्य करता रहा और उनके चरित्र में परिवर्तन लाता रहा। परमेश्‍वर का आत्मा, परमेश्‍वर के वचन को सामर्थ्य प्रदान करता है, जिससे वह परमेश्‍वर की सन्तान को रूपांतरित करता है। परमेश्‍वर का वचन एक हथौड़ा है जो चूर करता है, एक आग है जो जलाती है, एक दर्पण है जो प्रकट करता है, एक ज्योति है जो अंधकार को मिटाती है, और एक तलवार है जो शत्रु को भेद देती है (भजन 119:105; यिर्मयाह 23:29; इफिसियों 6:17; याकूब 1:23–25)।

परमेश्वर के वचन में अद्भुत शक्ति है। समय की शुरुआत में, परमेश्‍वर को बस इतना ही कहना पड़ा — "उजियाला हो," और उजियाला हो गया (उत्पत्ति 1:3)। यही है परमेश्‍वर के वचन की सामर्थ। उसने केवल कहा, और सैकड़ों अरब आकाशगंगाएँ अस्तित्व में आ गईं। उसने केवल कहा, और जीवन उत्पन्न हुआ तथा असंख्य रूपों में फैल गया। उसने केवल कहा, और समुद्र जीवन से भर गए, पहाड़ों ने अपने को घास के मैदानों और वनों से ढँक लिया। जब वचन देहधारी हुआ, तो उसके मुख से निकला एक ही वचन, और दुष्टात्माएँ भाग गईं, कोढ़ी शुद्ध हो गए, और मरे हुए जी उठे। यही उसके वचन की दैवीय सामर्थ्य है। वह सारी सर्वशक्तिमान सामर्थ्य उसके लिखित वचन में निहित है, जैसे विस्फोटक शक्ति बारूद की एक छड़ी में छिपी होती है।

यहाँ "प्रभावशील है" के रूप में अनुवादित शब्द का उपयोग नए नियम में लगभग हमेशा किसी अलौकिक काम के लिए होता है। आमतौर पर, यह दैवीय काम को दर्शाता है (1 कुरिन्थियों 12:16; फिलिप्पियों 2:13), हालाँकि कभी-कभी यह शैतान के काम को भी बताता है (इफिसियों 2:2)। यह विश्वास की गतिविधियों (गलातियों 5:6) और प्रार्थना की प्रभावशीलता (याकूब 5:16) के लिए भी आता है। यह हमारी आत्मा में मृत्यु और जीवन की गतिविधि (2 कुरिन्थियों 4:12) और पाप की गतिविधि (रोमियों 7:5) को भी दर्शाता है। यहाँ, पौलुस थिस्सलुनीकियों पर यह ज़ोर देता है कि उनके बदले हुए जीवन उस दैवीय सामर्थ का परिणाम थे — वह सामर्थ जो परमेश्वर के वचन के भीतर निहित है — न कि इस संसार की किसी शक्ति का परिणाम था।

2. उन्होंने सत्य को कैसे थामा (2:14)

विश्वासियों के जीवन में परमेश्वर के वचन की रूपांतरित करने वाली शक्ति ने उनके कुछ स्वाभाविक शत्रु भी बना दिए। उसी शक्ति ने उन्हें अपने चारों ओर उठी कटु विरोध की भावना का सामना करने में भी समर्थ बनाया। "क्योंकि तुम, भाइयों, यहूदा में मसीह यीशु में परमेश्वर की कलीसियाओं के अनुयायी बन गए: क्योंकि तुमने भी अपने देशवासियों से वैसी ही पीड़ाएँ सहीं, जैसी उन्होंने यहूदियों से सहीं" (2:14)।

पौलुस अच्छी तरह जानता था कि वह किस विषय में बोल रहा है। मसीही धर्म के प्रारंभिक दिनों में वह महासभा का प्रमुख अधिकृत प्रतिनिधि था, जिसे मसीह में विश्वास करने वाले यहूदियों के बीच मृत्यु और सताव फैलाने के लिए भेजा गया था। वास्तव में, उसके द्वारा प्रारंभ किए गए उत्पीड़नों की हिंसा ही वह कारण थी जिसके परिणामस्वरूप यरूशलेम की प्रारंभिक कलीसिया यहूदिया, गलील और सामरिया में फैल गई (प्रेरितों के काम 8:1)। यहूदी मसीहियों का यहूदियों द्वारा सताव तब भी समाप्त नहीं हुआ था। पौलुस के हृदय-परिवर्तन के बाद वह उत्पीड़न कुछ समय के लिए शांत हुआ था, लेकिन पौलुस के इस पत्री को लिखने से कुछ समय पहले वह फिर भड़क उठा था। ईसवीं सन् 48 में वेंटिडियस कुमानुस यहूदिया में नए रोमी हाकिम के रूप में आया। लगभग उसी समय, ज़ीलॉटों ने एक नए उत्पीड़न की शुरुआत की। उन्होंने उन लोगों पर खतना थोपने के लिए अभियान चलाया जिन्होंने उस रीति की उपेक्षा की थी। उनका विशेष निशाना यहूदिया के यहूदी मसीही और अन्ताकिया तथा गलातिया की कलीसियाएँ थीं।

ऐसी ही घटना थिस्सलुनीके में भी हुई थी। मसीहियों का उत्पीड़न सबसे पहले यहूदियों द्वारा ही शुरू किया गया था (प्रेरितों के काम 17:5)। जब तीमुथियुस थिस्सलुनीके से वहाँ की ताज़ा ख़बरें लेकर लौटा, तो उसने यह भी बताया होगा कि कलीसिया पर सताव अब भी जारी है — और अब स्वयं अन्यजाति (ग़ैर-यहूदी) लोग ही कलीसिया को

सताने लगे हैं। “अच्छा, ठीक है!” — पौलुस कहता है — “तुम एक महान परंपरा में हो।” वास्तव में, सताव तो उन सबका स्वाभाविक भाग है जो मसीहियत को अपनाते हैं।

यीशु ने कहा था, “धन्य हो तुम, जब मनुष्य मेरे कारण तुम्हारी निन्दा करें, और सताएँ” (मत्ती 5:11)। जब पौलुस स्वयं नीरो के हाथों अपनी शहादत की प्रतीक्षा कर रहा था, उसने तीमुथियुस को स्मरण दिलाया, “पर जितने मसीह यीशु में भक्ति के साथ जीवन बिताना चाहते हैं वे सब सताए जाएँगे” (2 तीमुथियुस 3:12)।

कलीसिया का इतिहास निरंतर सताव की एक लंबी कहानी रही है। शहीदों की सूची बहुत लंबी है और उस सूची को पूरा करने में बहुत समय लगेगा — “उस महिमा के दिन में जो शीघ्र ही आने वाला है।”

निश्चय ही, थिस्सलुनीकियों के हृदय और जीवनों में परमेश्वर के वचन की सामर्थी क्रियाशीलता ही वह एकमात्र कारण थी, जिसने उन्हें सताव का सामना धीरज के साथ करने में सक्षम बनाया।

घ. पौलुस के देशवासियों की त्रासदी (2:15-16)

सताव का उल्लेख और उन बातों का स्मरण कि कैसे यह सताव सबसे पहले यरूशलेम में गहरी और प्रबल जड़ें जमा चुका था, कुछ क्षणों के लिए पौलुस के मन को यहूदियों की उस दुःखद स्थिति की ओर मोड़ देता है। मसीह और मसीहियत के प्रति उसकी कटु शत्रुता उसे हमेशा आश्चर्यचकित करती रही — यद्यपि कभी वह स्वयं भी सुसमाचार का सबसे उत्साही यहूदी विरोधी था। पौलुस ने इन सब बातों के धर्मशास्त्रीय निहितार्थों पर रोमियों के पत्र के अध्याय 9 से 11 तक विस्तार से चर्चा की है। परंतु यहाँ, वह केवल संक्षेप में इसका उल्लेख करता है — जब वह इस सबकी उदासी के बारे में सोचता है। संक्षेप में, वह यहूदियों द्वारा सुसमाचार के प्रति लगातार किए गए विरोध की समीक्षा करता है।

वे *उनके अपराध* का उल्लेख करता हैं: “जिन्होंने प्रभु यीशु को और अपने नबियों को मार डाला, और हमें सताया..." (2:15क)। इससे अधिक भयानक आरोप और कोई नहीं हो सकता: “उन्होंने प्रभु यीशु को मार डाला।” यह वही एक स्थान है जहाँ पौलुस स्पष्ट रूप से यहूदियों पर अपने मसीहा की हत्या का आरोप लगाता है। वे चाहते थे कि उसे गुप्त रूप से मार दिया जाए, परन्तु प्रभु की यहूदी जनता में लोकप्रियता ने उनके षडयंत्र को विफल कर दिया (मत्ती 21:46)। अपनी अदालतों में सार्वजनिक मुकदमे से वे इच्छित परिणाम प्राप्त नहीं कर सकते थे, क्योंकि रोमियों ने महासभा को किसी को मृत्यु-दंड देने का अधिकार नहीं दिया था। इसलिए उन्होंने एक राजनैतिक चाल चली — एक झूठा राजद्रोह का आरोप गढ़ा (लूका 23:2)। फिर वे उसे पिलातुस के पास ले गए और रोमी राज्यपाल पर दबाव डाला। चतुर हाकिम पिलातुस ने उनके छल को भाँप लिया था और वह आरोपों को खारिज करने को तैयार था — जब तक कि यहूदियों ने उसका हाथ मजबूर करने का रास्ता नहीं ढूंढ लिया। “यदि तू इस व्यक्ति को छोड़ देगा, तो तू कैसर का मित्र नहीं रहेगा, क्योंकि यह व्यक्ति स्वयं को राजा बताता है।” इस प्रकार, वास्तविक मृत्युदंड रोमियों द्वारा दी गई, और उसका कलंक पिलातुस पर आ गया। परंतु ऐसी राजनीतिक चालबाजी परमेश्वर को धोखा नहीं दे सकती। यहाँ, सारी कपटता उजागर कर दी गई है।

“यहूदियों ने,” पौलुस कहता है, “प्रभु यीशु को मार डाला” — जिसने उनके लिए केवल भलाई ही की थी। उसने उनके रोगियों को चंगा किया, उनके कोढ़ियों को शुद्ध किया, और उनके मरे हुओं को जीवित किया। उसने उनकी भूखी भीड़ों को भोजन कराया। उसने उनसे प्रेम किया, उन्हें सिखाया, उन्हें मार्गदर्शन दिया, उनसे विनती की, उनके लिए रोया, और उन्हें चेतावनी दी। लेकिन उन्होंने उसे मार डाला।

उन्होंने भीड़ को भड़काया। जब निराश पिलातुस ने उन्हें चुनाव का एक अवसर दिया, तब भी उन्होंने यीशु के स्थान पर बरअब्बा को चुना। वे क्रूस के चारों ओर इकट्ठा होकर उसकी मृत्यु के समय उसका उपहास कर रहे थे। उन्होंने

प्रभु यीशु को मार डाला — जीवते परमेश्वर के पुत्र को, जो देह में प्रकट हुआ स्वयं परमेश्वर था। इससे बड़ा अपराध कोई और नहीं हो सकता।

उनकी वह पागलपन भरी घृणा यहीं समाप्त नहीं हुई। उन्होंने यीशु के पुनरुत्थान और स्वर्गारोहण के प्रचुर प्रमाणों को अनदेखा कर दिया। उन्होंने पिन्तेकुस्त के दिन पवित्र आत्मा के आगमन को भी अनदेखा किया। और फिर, जैसे ही यह नई आत्मिक आंदोलन जड़ पकड़ने लगा, तब उन्होंने हठ करके उसके विरुद्ध सताव का अभियान छेड़ दिया।

“उन्होंने हमें सताया,” पौलुस कहता है। यह सोचा जा सकता था कि उनके मुख्य प्रतिनिधि के चमत्कारी परिवर्तन ने उन्हें कुछ देर के लिए ही सही, पर ठहरकर सोचने पर मजबूर किया होगा। परंतु ऐसा बिल्कुल नहीं हुआ! उन्होंने पौलुस को उसी तरह सताया, जैसे उन्होंने याकूब और पतरस को प्रताड़ित किया था। और यह विरोध केवल यरूशलेम के यहूदियों तक ही सीमित नहीं था — सुसमाचार के प्रति यह कटुता हर स्थान पर फैल चुकी थी। जहाँ भी पौलुस गया, वह सबसे पहले आराधनालय में गया। जहाँ भी वह गया, यहूदी पहले तो विनम्रता से सुनते रहे, लेकिन जैसे ही उनमें से कुछ लोगों ने मसीहियत को स्वीकार किया, वे क्रोध में भरकर उसके विरुद्ध हो उठे।

यह सब यहूदी इतिहास के अनुसार था। उन्होंने "अपने नबियों को मार डाला," पौलुस कहता है। "भविष्यद्वक्ताओं में से किस को तुम्हारे बापदादों ने नहीं सताया?" स्तिफनुस ने पूछा। "उन्होंने उस धर्मी के आगमन का पूर्वकाल से सन्देश देनेवालों को मार डाला; और अब तुम भी उसके पकड़वानेवाले और मार डालनेवाले हुए" (प्रेरितों 7:52)। हम जानते हैं कि यहूदी अधिकारियों ने स्तिफनुस के स्पष्ट और निर्भीक आरोप के उत्तर में किस प्रकार घोर क्रोध और हत्या की भावना से भरकर उस पर टूट पड़े थे।

पुराना नियम भविष्यद्वक्ताओं की मृत्यु के विषय में प्रायः मौन है, परंतु उनके जीवन की घटनाएँ यहूदी परंपरा और इतिहास में जारी है। यहूदियों का विश्वास था कि यशायाह को दुष्ट राजा मनश्शे के आदेश पर आरी से चीर डाला गया। यिर्मयाह को हठी यहूदियों द्वारा जबरन मिस्र ले जाया गया, और वहाँ जाकर उसे पत्थरों से मार डाला गया।

इस प्रकार यहूदियों ने परमेश्वर को उकसाया। फिर भी वे अब्राहम की सच्ची संतान और परमेश्वर की चुनी हुई प्रजा होने पर गर्व करते रहे। यही बात पौलुस को *उनके घमण्ड* की ओर ले जाती है — “और परमेश्वर उन से प्रसन्न नहीं,” पौलुस कहता है (1 थिस्सलुनीकियों 2:15ख)। लगभग दो हज़ार वर्षों से, अपने मसीहा की हत्या के बाद से, यहूदी अपने अविश्वास में बने हुए हैं। जब वेस्पासियन और टाइटस के नेतृत्व में रोमियों ने यरूशलेम और मंदिर को नष्ट कर दिया, तो यहूदियों ने उसे सहज भाव से स्वीकार कर लिया। उन्होंने रब्बी परंपरा वाले यहूदी धर्म और बढ़ते हुए तल्मूद में शरण ली। सदियों से वे मसीहियत के विरोध में और मसीह को अस्वीकार करने में अधिक कठोर, कटु और असहिष्णु बन गए हैं। जिस अविश्वास का सीमेंट पहले शताब्दी के रब्बियों ने राष्ट्र पर उँडेला था, वह अब कठोर होकर एक स्थायी मानसिकता में बदल गया है। वे अन्यजातियों के यहूदी-विरोध को दोष देते हैं, परन्तु परमेश्वर ऐसे बहाने को नहीं मानता — यद्यपि वह उन राष्ट्रों का न्याय अवश्य करता है जो इस घृणा को बढ़ावा देते हैं। “और परमेश्वर उन से प्रसन्न नहीं,” पौलुस कहता है — वही पौलुस, जो कभी एक प्रशिक्षित रब्बी और मसीह का कट्टर शत्रु हुआ करता था।

"और परमेश्वर उन से प्रसन्न नहीं।" परमेश्वर उस यहूदी धर्म से प्रसन्न नहीं है जो मसीह को अस्वीकार करता है। वह अन्यजातियों के अविश्वास से भी प्रसन्न नहीं है। यहूदी उसके प्रेम और दया के साथ-साथ उसके क्रोध के भी पात्र बने हुए हैं। उन्होंने वही किया कि खास विशेषाधिकार (रोमियों 9:1-5) पाकर भी यीशु को क्रूस पर चढ़ाने के लिए सब कुछ किया, उसके दुःख में आनंद लिया, पिलातुस से उसकी कब्र को मुहरबंद करने को कहा, उसके पुनरुत्थान को छिपाने के लिए झूठी बात फैलायी, पवित्र आत्मा को ठुकराया, प्रेरितों को कोड़े मारे, याकूब की हत्या पर खुश हुए और हेरोदेस की सराहना की, मसीहियत को मिटाने के लिए शाऊल को चुना, स्तिफनुस को शहीद किया, पौलुस को हर आराधनालयों से भगाया, उसकी मृत्यु तक उसका पीछा किया, और तोराह की जगह तलमुद बनाया। वे अपनी

लिखावट में अक्सर यीशु के नाम की निंदा करते हैं और मसीह में विश्वास दिलाने के हर प्रयास का विरोध करते हैं। "और परमेश्वर उन से प्रसन्न नहीं," पौलुस कहता है।

इसके बाद पौलुस *उनके विकृत स्वभाव* का उल्लेख करता है: “और वे सब मनुष्यों का विरोध करते हैं,” वह आगे कहता है। “विरोध” के लिए मूल उपयोग किया गया शब्द एनांटियोस है जिसका अर्थ है विरोध करने वाला या शत्रुतापूर्ण। मत्ती ने इसी शब्द का उपयोग उस परिस्थिति का वर्णन करने के लिए किया है, जिसमें पाँच हज़ार लोगों को भोजन कराने के बाद चेले स्वयं को पाए थे। प्रभु ने उन्हें झील के पार भेज दिया था। तभी अचानक आँधी उठी, और “जहाज अब समुद्र के बीच में था, लहरों से टकरा रहा था: क्योंकि हवा विपरीत थी" (मत्ती 14:24)। यह शब्द शाब्दिक रूप से “विपरीत दिशा में होना” भी दर्शाता है। इसे “विरोधी” के रूप में भी अनुवादित किया जा सकता है।

पौलुस ने राजा अग्रिप्पा से कहा कि, अपने पुराने पापी दिनों में, उसने खुद सोचा था कि उसे "यीशु नासरी के नाम के *विरोध* में बहुत कुछ करना चाहिए" (प्रेरितों 26:9)। थिस्सलुनीके में पौलुस के विरूद्ध यहूदियों के विरोध में लूका संबंधित शब्द अपेनांति का उपयोग करता है। पहले तो उन्होंने भीड़ को भड़काकर सारे नगर में हंगामा खड़ा कर दिया; फिर लोगों ने यासोन को — जो पौलुस का मेजबान और नया विश्वासी था — पकड़ लिया और उसे अधिकारियों के सामने घसीट ले गए। उन्होंने कहा "ये लोग जिन्होंने जगत को उलटा पुलटा कर दिया है, यहाँ भी आ गए हैं। यासोन ने उन्हें अपने यहाँ उतारा है। ये सब के सब यह कहते हैं कि यीशु राजा है, और कैसर की आज्ञाओं का *विरोध* करते हैं” (प्रेरितों 17:6-7)। पौलुस अब वही शब्द उनके विरूद्ध प्रयोग करता है। "वे सब मनुष्यों का विरोध करते हैं,”- वह कहता है।

परमेश्वर ने इब्रानी लोगों को अपने लिए संसार की अन्य जातियों से अलग बुलाया था (गिनती 23:9, 21)। उसका उद्देश्य था कि वह अपने आप को उनके माध्यम से प्रकट करे, उन्हें छुड़ाए, उन पर राज्य करे, और उन्हें अपनी भलाई, महिमा, महानता और अनुग्रह का आदर्श बनाए। उसने उन्हें राष्ट्रों के बीच, उस भूमि में बसाया जहाँ तीन महाद्वीप — यूरोप, अफ्रीका और एशिया — एक-दूसरे से मिलते हैं, और जहाँ से अन्यजातियों की व्यस्त व्यापारिक सड़कें होकर गुजरती हैं। इस प्रकार संसार की जातियाँ इस्राएल राष्ट्र के सम्पर्क में आतीं, और उनके द्वारा आशीषित होतीं (उत्पत्ति 12:1-3; 22:16-18; यिर्मयाह 4:1-2)।

लेकिन वे असफल रहे। पहले इस्राएल, और फिर यहूदा, दोनों ही आसपास की जातियों से भी बढ़कर अधर्म और मूर्तिपूजा में गिर पड़े। वे अन्यजातियों के घृणित और दुष्ट देवताओं के प्रति मुग्ध हो गए।

बेबीलोन की बंधुआई ने उन्हें इस बुराई से तो मुक्त कर दिया, लेकिन वे वादा किए गए देश में लौट आए और उनमें पाखंडी श्रेष्ठता, अलगाव और अन्यजातियों के प्रति कटु घृणा की भावना विकसित हो गई। यहूदी धर्म का रब्बीवादी रूप जितना ज़्यादा प्रचलित हुआ, यहूदी अन्यजातियों के प्रति उतने ही असहिष्णु होते गए। दुनिया भर में फैले उनके आराधनालयों ने अन्यजातियों के प्रति उनके विरोध को बढ़ावा दिया। वे अन्यजातियों की मूर्तिपूजा से घृणा करते थे, किसी अन्यजाति के घर में प्रवेश करने और अन्यजाति का भोजन खाने के विचार से ही नफ़रत करते थे, और उनके स्पर्श को दूषित मानते थे। वे उन्हें "कुत्ते" कहते थे और उन्हें जंगली जानवरों की तरह अशुद्ध मानते थे।

इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं कि दुनिया भर के अन्यजातियों ने उनका विरोध किया है और युगों-युगों से, एक के बाद एक देशों में, उन्हें सताया है। आज तक, यहूदी-विरोध सभी अन्यजातियों के समाजों में व्याप्त है। समय-समय पर, यह महामारी का रूप ले लेता है और होलोकॉस्ट जैसे प्रलय को जन्म देता है। पूर्वी यूरोप के देशों की साम्यवाद की बेड़ियों से मुक्ति के साथ-साथ यहूदी-विरोध की एक नई लहर भी आई है। यहूदियों को साम्यवाद के उत्थान (कार्ल मार्क्स, ट्रॉट्स्की और कई बोल्शेविक यहूदी थे) और साम्यवाद के पतन के बाद कई देशों की आर्थिक

बदहाली के लिए दोषी ठहराया गया है। एक दिन, जब मसीह-विरोधी आएगा, तो यहूदी-विरोध एक महामारी का रूप ले लेगा, और सताव वैश्विक हो जाएगा (मत्ती 24:15-26)।

फिर, पौलुस उनकी *पक्षपाती रवैये* का उल्लेख करता है : "और वे अन्यजातियों से उनके उद्धार के लिये बातें करने से हमें रोकते हैं कि सदा अपने पापों का नपुआ भरते रहें..." (2:16क)। सुसमाचार के प्रति यहूदियों का यह “भूसे पर बैठे कुत्ते” जैसा घृणित रवैया — पौलुस के सुसमाचार-प्रचार अभियान में एक निरंतर समस्या बना रहा। यहूदी स्वयं तो सुसमाचार नहीं चाहते थे, और उन्होंने यह बात बहुत स्पष्ट कर दी थी। लेकिन वे यह भी नहीं चाहते थे कि अन्यजाति उस सुसमाचार को पाएँ।

उन्होंने पिसिदिया अंताकिया में (प्रेरितों 13:45, 50), इकोनियम में (प्रेरितों 14:1-5), और लुस्त्रा में (प्रेरितों 14:19) पौलुस की पहली यात्रा में सुसमाचार रोकने की कोशिश की। उन्होंने बिरीया में (प्रेरितों 17:13), थिस्सलुनीके में (प्रेरितों 17:5-10), और कुरिन्थुस में (प्रेरितों 18:12) दूसरी यात्रा में भी बाधा डाली। वे उसके सबसे कट्टर शत्रु बन गए और उसे कैद तथा मृत्यु तक सताते रहे। वे नहीं चाहते थे कि अन्यजाति उद्धार पाएँ। उन्होंने पौलुस को उनसे सुसमाचार सुनाने से रोकने के लिए अपनी सामर्थ्य में जो कुछ भी था, सब कुछ किया।

“सदा अपने पापों का नपुआ भरते रहें,” (2:16ख) पौलुस यह समझाने के लिए आगे कहता है कि उनकी ज़िद्दी दुष्टता के लिए उन पर अभी तक न्याय क्यों नहीं आया। जैसा कि शेक्सपियर ने कहा था, मनुष्यों के मामलों में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। परमेश्वर न्याय करने से पहले मनुष्यों को लंबे समय तक उनके दुष्ट मार्गों से फिरने का समय देता है। वह धीरजवंत परमेश्वर है। वह पश्चाताप के लिए समय देता है। जलप्रलय का न्याय भेजने से पहले उसने कई शताब्दियों तक प्रतीक्षा की थी (1 पतरस 3:20; 2 पतरस 3:9)। उसने एमोरियों के मामले में चार सौ वर्षों तक अपना हाथ रोके रखा (उत्पत्ति 15:16)। जब किसी राष्ट्र पर न्याय आता है, तब अक्सर मनुष्यों को भी यह स्पष्ट हो जाता है कि इसे बहुत पहले ही आ जाना चाहिए था और वह न्यायसंगत तथा पूर्णतः रूप से योग्य है।

पौलुस के दिनों में, परमेश्वर अभी भी यहूदियों के लिए धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा कर रहा था कि वे "अपने पापों का नपुआ भरते रहें।" स्वदेश के यहूदी पहले ही लगभग सीमा तक पहुँच चुके थे। उन्होंने अभी तक पौलुस की गिरफ्तारी और हत्या के प्रयास को अपने पापों में नहीं जोड़ा था, लेकिन वे उस दिशा में तेज़ी से बढ़ रहे थे। प्रवासी यहूदी भी मसीह को अस्वीकार करने में काफी आगे बढ़ चुके थे, लेकिन उन्होंने अभी तक अपने मसीह-अस्वीकार पर तल्मूदी कठोरता की अंतिम परत नहीं डाली थी। इसे यरूशलेम के पतन के बाद ही होना था। इसलिए परमेश्वर ने प्रतीक्षा की और अपना हाथ रोके रखा। और यहूदी, इस कल्पना में सुरक्षित महसूस कर रहे थे कि वे परमेश्वर की चुनी हुई जाति हैं और इसलिए क्रोध से सुरक्षित हैं, और मसीह का इंकार करने के अपने सर्वोच्च पाप में दृढ़ बने रहे।

अंत में, इस विषयांतर में, पौलुस यहूदियों और *उनके दंड* का उल्लेख करता है: "उन पर परमेश्वर का भयानक प्रकोप आ पहुँचा है" (2:16ख)। लेकिन सवाल उठता है कि कैसे और किस अर्थ में प्रकोप यहूदियों पर "पूरी तरह से आ चुका है।" परमेश्वर का क्रोध पहले ही उन पर आ चुका था, लेकिन इसका पूर्ण निष्पादन अभी शेष था। समय समाप्त हो रहा था। उनके पापों की पूरी माप पहले ही स्वर्ग में गिनी जा चुकी थी। पौलुस इतना निश्चित था कि यहूदी परमेश्वर के न्याय के अधीन थे कि उसने यहाँ भूतकाल का उपयोग किया है। इसे "आ चुका" के रूप में अनुवादित किया जा सकता है। उनके दंड की निश्चितता ऐसी थी कि भविष्यद्वाणी भूतकाल का उपयोग इसे वर्णन करने के लिए किया जा सकता था। पश्चाताप न करने वाले इस्राएल पर परमेश्वर का क्रोध अतीत, वर्तमान, और भविष्य को समेटता है। पृष्ठभूमि वह भयानक शापों की सूची है, जो फ़िलिस्तीनी वाचा (व्यवस्थाविवरण 28:15–68) का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा थी।

यहूदियों ने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा। दस गोत्र अश्शूरियों द्वारा बन्दी बनाकर ले जाए गए और लुप्त हो गए। शेष यहूदा का राज्य अपने पापों में बना रहा। फिर बेबीलोनवासी आए, यरूशलेम और मन्दिर को नष्ट कर दिया, और

राष्ट्र के अधिकांश लोगों को देश से बाहर ले गए। निर्वासन में बस जाने के बाद यहूदियों ने वहाँ का जीवन कुछ हद तक पसंद भी कर लिया। जब कुस्रू ने उनके लौटने का मार्ग खोला, तो केवल कुछ ही लोग वापस आए। बहुसंख्यक लोग बाबुल की रीति-नीतियों में ढल चुके थे और धन कमाने तथा संसार में उन्नति करने की कला सीख चुके थे। वे अन्यजातियों के साम्राज्यों में दूर-दूर तक फैल गए और स्वयं को डायस्पोरा कहने लगे। धार्मिक दृष्टि से, बाबुल और पलस्तीन के यहूदी उभरते तल्मूद में पूरी तरह रच-बस गए और प्रकट सत्य के स्थान पर मनुष्य-निर्मित परंपराओं को अपनाकर स्थिर हो गए।

फिर अन्तियुखुस एपीफ़नीज़ आया। यहूदियों ने पहली बार पूर्ण विकसित अन्यजातीय घृणा और उत्पीड़न का स्वाद चखा। अन्तियुखुस के उत्पीड़न इतने कठोर थे कि वह आज तक मसीह-विरोधी के एक प्रमुख स्वरूप के रूप में खड़ा है।

उसके बाद रोमी आए, और वायदे का देश ऐसी दासता में पड़ गया जिससे निकलने का कोई मार्ग नहीं था। यहूदियों के भीतर यीशु के प्रति जो कटुता थी, उसका एक बड़ा कारण यह था कि वह उस प्रकार के मसीह सिद्ध नहीं हुए जिसकी उन्होंने कल्पना और इच्छा की थी। बरअब्बा उन्हें अधिक पसंद आया। बाद में बर-कोख़बा — यहूदियों का पहला झूठा मसीहा — भी उन्हें उतना ही भाया। इस प्रकार यहूदियों ने अपने मसीह को क्रूस पर चढ़ा दिया।

लेकिन रोम के साथ पहला बड़ा युद्ध, जिसकी भविष्यद्वाणी यीशु ने की थी (मत्ती 23:33-24:2), क्षितिज पर था। यह युद्ध सन् 70 में लड़ा गया, जिसके परिणामस्वरूप यरूशलेम और मंदिर का विनाश हुआ, और सन् 135 में समाप्त हुआ, जब बार-कोखबा का भयंकर विद्रोह अंततः कुचल दिया गया। रोमियों ने अंततः यहूदी मंदिर की जगह पर बृहस्पति का मंदिर बनाया, यरूशलेम का नाम बदलकर एइलिया कैपिटोलिना रखा और देश का नाम यहूदियों के पैतृक शत्रुओं फिलिस्तियों के सम्मान में “पैलेस्टाइन” कर दिया, और सभी यहूदियों को देश से मृत्यु-दण्ड की धमकी देकर निकाल दिया। दो सौ वर्षों तक यरूशलेम गुमनामी में खो गया।

लेकिन जब पौलुस ने थिस्सलुनीकियों को लिखा, तब यह सब भविष्य में था। समय के साथ, अधिकांश यहूदी प्रवास (डायस्पोरा) के साथ सामंजस्य स्थापित कर चुके थे और संतोषपूर्वक तल्मूदी यहूदी धर्म में बस गए—यहूदी धर्म का एक ऐसा रूप जिसने अधिकांश यहूदियों को मसीह में विश्वास से प्रभावी रूप से अलग-थलग कर दिया।

उनके बिखराव (डायस्पोरा) के लंबे सदियों के वर्ष यहूदियों के लिए संकटों से भरे रहे हैं। अपने निर्वासन के विभिन्न देशों में उन्होंने भेदभाव, अलगाव, उत्पीड़न और निष्कासन सहा है। “भटकता यहूदी” (wअnदering Jew) जैसी अभिव्यक्ति एक कहावत बन गई। उन्हें शायलॉक जैसा समझा गया, संसार की बुराइयों के लिए दोषी ठहराया गया, भयानक अत्याचारों का अभियुक्त बनाया गया, ब्लैक डेथ के लिए जिम्मेदार ठहराया गया, और हर विफल प्रयास का बलि का बकरा बनाया गया।

जब उन्होंने मसीह के क्रूस पर चढ़ाए जाने की माँग करते हुए पिलातुस से कहा, “उसका लहू हम पर और हमारे बच्चों पर हो” (मत्ती 27:25)—तो वह वास्तव में उन पर आया भी। उनका इतिहास दिखाता है कि किस प्रकार उनकी स्वयं पर डाली गई इस शाप ने उन्हें कितनी दुःखद और भयानक रीति से सताया है।

और इसका अंत अभी नहीं हुआ है क्योंकि क्रोध अभी समाप्त नहीं हुआ है। एक राष्ट्र के रूप में यहूदी अभी तक उस कलवरी के अपराध के लिए पश्चाताप नहीं कर पाए हैं। इसलिए “याकूब का संकट” का समय (यिर्म. 30:7) उनका अभी भी इंतजार कर रहा है — वह भयानक समय, जिसे स्वयं यीशु ने “महाक्लेश” कहा है (मत्ती 24:15–22)। आने वाले दिनों में यहूदी लोग मसीह-विरोधी के साथ सात-वर्षीय संधि पर हस्ताक्षर करेंगे। बाइबल इसे “मृत्यु से वाचा बाँधी और अधोलोक से प्रतिज्ञा” कहती है (यशा. 28:14–21)। संधि की अवधि के मध्य में, मसीह-विरोधी उस वाचा को तोड़ देगा, यरूशलेम में पुनर्निर्मित यहूदी मंदिर पर अधिकार कर लेगा, उसे दूषित करेगा, और यहूदियों के

विरुद्ध विश्वव्यापी आक्रमण छेड़ देगा। यह उनकी पूरी लम्बी और दुःखद इतिहास में सबसे भयानक और क्रूर हत्याकांड होगा (दानि. 9:27; प्रका. 12:16)। इन सब बातों का संबंध यहाँ परमेश्वर के प्रकोप से जुड़ी हुई इस घोषणा से है। यह अंततः परमेश्वर के आने वाले विश्वव्यापी प्रकोप के दिन में अपनी चरम सीमा पर पहुँचेगा।

ङ. पौलुस के मुकुट की सच्चाई (2:17-20)

पौलुस की गहरी अभिलाषा (2:17-18)

अब पौलुस वर्तमान की ओर लौटता है और थिस्सलुनीके के उन विश्वासियों की ओर, जो उसके हृदय को अत्यंत प्रिय थे। हम उस *महान आशा को देखते हैं जिसे उसने पोषित किया* था: "हे भाइयो, जब हम थोड़ी देर के लिये, मन में नहीं वरन् प्रगट में, तुम से अलग हो गए थे, तो हम ने बड़ी लालसा के साथ तुम्हारा मुँह देखने के लिये और भी अधिक यत्न किया" (2:17)।

वे सब स्वाभाविक रूप से उन परिस्थितियों से परिचित थे, जिन्होंने पौलुस को इतनी जल्दी उन्हें छोड़कर जाने के लिए मजबूर किया था। यासोन की गिरफ्तारी और जमानत पर उसकी रिहाई — यह सब एक ही बात की ओर संकेत कर रहा था कि पौलुस को वहाँ से जाना पड़ेगा। चाहे यासोन ने इसकी गारंटी दी हो या नहीं, परिणाम वही था। जब तक पौलुस वहाँ रहता, यहूदी उपद्रव खड़ा करते रहते। यह तथ्य कि वे सचमुच उसे बीरिया तक पीछा करते हुए आए, इस बात को दर्शाता है कि वे किसी भी तरह उससे छुटकारा पाना चाहते थे। यदि निर्णय केवल पौलुस पर छोड़ा गया होता, और यदि केवल उसका अपना जीवन ही दाँव पर लगा होता, तो सम्भवतः वह थिस्सलुनीके में ही रहता; पर परिस्थितियों ने यह निर्णय उसके हाथों से छीन लिया था। फिर भी उसका हृदय तो पूरी तरह उनके साथ ही था।

वह वहाँ लौटने का प्रयास करना कभी नहीं छोड़ा। "हम ने बड़ी लालसा के साथ," वह कहता है, "तुम्हारा मुँह देखने के लिये और भी अधिक यत्न किया।" यह स्पष्ट है कि पौलुस ने अपने नगर से निष्कासन को यूँ ही स्वीकार नहीं किया, परन्तु उसे रोक दिया गया। सम्भव है कि नए विश्वासियों ने, जो अपने विरुद्ध उत्पीड़न के बढ़ने की आशंका से चिंतित थे, उससे अनुरोध किया हो कि वह कम-से-कम कुछ समय के लिए वहाँ से चला जाए। उसे वापस आने में लगभग पाँच वर्ष लग गए (उसकी तीसरी प्रचार यात्रा के अंत में), पर उस भेंट के बारे में लूका ने केवल अत्यंत संक्षिप्त विवरण ही लिखा है (प्रेरितों के काम 20:1–3)।

परन्तु पौलुस ने अपने परिवर्तित विश्वासियों को आश्वस्त किया कि वह बड़ी लालसा के साथ व्यक्तिगत रूप से उनके पास लौटना चाहता था। यहाँ प्रयोग किया गया शब्द एपिथुमिया है। इसका अर्थ है “एक तीव्र आकांक्षा” या “गहरी लालसा।” यही शब्द प्रभु यीशु ने अपने चेलों से कहते समय प्रयोग किया था: “मुझे बड़ी *लालसा* थी कि दु:ख भोगने से पहले यह फसह तुम्हारे साथ खाऊँ” (लूका 22:15)। इसी शब्द का प्रयोग पौलुस ने रोम में कैद रहते हुए स्वर्ग के लिए अपनी हृदय-व्याकुलता व्यक्त करने के लिए भी किया: “क्योंकि मैं दोनों के बीच अधर में लटका हूँ; जी तो चाहता है कि कूच करके मसीह के पास जा रहूँ, क्योंकि यह बहुत ही अच्छा है” (फिलिप्पियों 1:23)। नए नियम में यह शब्द लगभग तीस बार “वासना” के रूप में अनुवादित हुआ है। इससे पता चलता है कि उन्हें देखने की उसकी लालसा कितनी प्रबल थी।

वह उस *बड़ी रुकावट* का भी जिक्र करता है *जिसका उसने सामना किया*: "इसलिये हम ने (अर्थात् मुझ पौलुस ने) एक बार नहीं वरन् दो बार तुम्हारे पास आना चाहा, परन्तु शैतान हमें रोके रहा" (2:18)। पौलुस की दूसरी प्रचार यात्रा में पवित्र आत्मा ने उसे एशिया माइनर में ठहरने से रोका था और यूरोप के लिए अवसर का द्वार उसके लिए खोल दिया था (प्रेरितों के काम 16:6–9)। अब शैतान ने उसे रोका। पौलुस पवित्र आत्मा की रोकने वाली सेवा और दुष्ट के विरोध में बाधा डालने वाली गतिविधि—इन दोनों के बीच का अंतर अच्छी तरह जानता था। यह बहुत सम्भव है

कि पौलुस ने उस उपद्रव के पीछे शैतान की व्यक्तिगत गतिविधि को पहचाना हो, जिसने उसे थिस्सलुनीके से बाहर निकलने पर मजबूर किया था।

पौलुस को शैतान को एक असली, बुरा और सक्रिय दुश्मन मानने में कोई परेशानी नहीं थी। उसका नाम का अर्थ है "विरोधी।" यह शब्द नए नियम में छत्तीस बार आया है। उसने स्वयं मसीह की परीक्षा ली। उसके लगभग एक दर्जन नाम हैं। उसे "शैतान" कहा गया है, अर्थात् अभियोग लगाने वाला या दोष लगाने वाला। उसे बेलज़ेबूब कहा जाता है, अर्थात् कीड़ों और मल के ढेर का स्वामी। उसे महान अजगर और पुराना सर्प कहा गया है। उसे परखनेवाला, दुष्ट, और शत्रु कहा गया है। उसे इस संसार का अधिपति, वायु की शक्ति के प्रधान, और इस संसार का देवता कहा जाता है। उसे बेलियाल, अर्थात् निकम्मा, व्यर्थ व्यक्ति, भी कहा गया है।

वह चाहे जितना शक्तिशाली और भयावह क्यों न हो, फिर भी वह सिर्फ एक सृजित प्राणी ही है। वह कभी "अभिषिक्त करूब" था। वह लूसीफ़र, भोर का पुत्र, के रूप में जाना जाता था और “परमेश्वर के पुत्रों” (अय्यूब 1:6) के साथ स्वर्ग में उसका स्थान था। घमण्ड उसका पतन बना (1 तीमु. 3:6)। उसके साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए (यहूदा 9)। फिर भी, वह पवित्र आत्मा के सामने कुछ भी नहीं है।

हमें ठीक-ठीक नहीं बताया गया कि शैतान ने किस प्रकार पौलुस के थिस्सलुनीके लौटने के बार-बार के प्रयासों में बाधा डाली। रैमसे का विश्वास है कि थिस्सलुनीके के न्यायधीशों के निर्णय के पीछे शैतान ही था—उसी ने उनके मन में यह बात डाली कि वे यासोन से ऐसी जमानत की माँग करें, जिससे यह सुनिश्चित हो जाए कि पौलुस स्थायी रूप से नगर छोड़ दे। निस्संदेह, शैतान प्रत्येक सरकारी व्यवस्था में अपना हाथ रखता है—या तो प्रत्यक्ष तौर पर, या फिर अपने प्रति समर्पित गिरे हुए स्वर्गदूतों के माध्यम से कार्य करता है (दानिय्येल 10:12–13, 20–21)।

पौलुस चाहता था कि उसके प्रिय थिस्सलुनीके के विश्वासी जानें कि वह उन्हें कितना याद करता है और उनके साथ वापस रहने की कितनी तीव्र लालसा रखता है। अध्याय के अंतिम दो पदों में वह इस पत्र की अपनी प्रिय विषय-वस्तु—मसीह का दूसरा आगमन—की ओर लौटता है। इसे एक प्रेरणादायक सत्य के रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह मसीह के न्यायासन की ओर हमारे विचारों को उठाता है; और यह निस्संदेह सभी विश्वासियों को पवित्र जीवन और परमेश्वर के लिए उत्साहपूर्वक जीने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

2. पौलुस का शाश्वत आनंद (2:19-20)

सबसे पहले, हम उस प्रतिफल पर ध्यान देते हैं जिसकी वह अपेक्षा कर रहा था: “भला हमारी आशा या आनन्द या बड़ाई का मुकुट क्या है?...तुम” (2:19क)। मुकुट के लिए शब्द स्टेफानोस है, विजेता का मुकुट, वह मुकुट जो खेलों में विजेता को दिया जाता था। यह प्रतिफल या पुरस्कार का एक पसंदीदा प्रतीक है। पौलुस के लिए इससे बढ़कर और क्या आनन्द या प्रतीक्षा हो सकती थी कि उसके परिवर्तित विश्वासी मसीह के न्यायासन के सामने आगे बढ़कर अपना प्रतिफल प्राप्त करते दिखें? और किसी भी अन्य बात से परे, यही तो प्रेरित की अपनी मेहनत का मुकुट होता! ओह, वह कितना आनन्दित होने वाला था! “आनन्द” के लिए प्रयुक्त शब्द का अर्थ उल्लास या उत्सव मनाना भी है। जैसे एक गर्वित माता-पिता अपने बच्चों की उपलब्धियों पर उल्लसित होते हैं, वैसे ही पौलुस—एक गर्वित आध्यात्मिक पिता के रूप में —अपनी थिस्सलुनीके की संतान-जैसी कलीसिया को उनके प्रतिफल प्राप्त करते देखने की खुशी पहले से ही महसूस कर रहा था। उसे इससे बड़ा प्रतिफल और क्या चाहिए था?

मसीह का न्याय आसन, मसीह के दूसरे आगमन से घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है (मत्ती 16:27; लूका 14:14; 1 कुरिं. 4:5; 2 तीमु. 4:8; प्रकाशितवाक्य 22:12)। मसीह का न्यायासन प्रत्येक विश्वासी के लिए अपरिहार्य है अर्थात् सबको इसके सामने खड़े होना होगा। यह प्रतिफल और ताड़ना, दोनों का समय होगा। यह संभव है कि विश्वासी वहाँ सचेत हानि का अनुभव करें—क्योंकि वहाँ न्याय उनके व्यक्तित्व का नहीं, बल्कि उनके कार्यों का होगा। मसीह में आने के

बाद से हमारे संपूर्ण जीवन-कार्य को तौला जाएगा। पौलुस अन्य कहीं पर चेतावनी देता है कि जो कुछ “काठ, घास और फूस” होगा, वह जलकर नष्ट हो जाएगा; लेकिन वह हमें उत्साहित भी करता है कि जो कुछ “सोना, चाँदी और बहुमूल्य पत्थर” होगा, उसका प्रतिफल मिलेगा। यह दुःखद रूप से संभव है कि कोई विश्वासी उद्धार प्राप्त आत्मा तो रखे, लेकिन स्वयं नष्ट हुआ जीवन जीए। न्याय का सिंहासन ही तय करेगा कि आने वाले राज्य में हमारा स्थान और हमारा अधिकार क्या होगा।

मसीह के न्याय-आसन का भय मानना चाहिए। यह कोई रविवार स्कूल का पिकनिक नहीं होने वाला है। यह दया का आसन नहीं, बल्कि न्याय का आसन है। शुक्र है कि एक दया का आसन भी है; उसे “अनुग्रह का सिंहासन” कहा गया है (इब्रानियों 4:16)। हम किसी भी समय, किसी भी स्थान पर, किसी भी परिस्थिति में उसके पास जा सकते हैं (इब्रानियों 10:19–22), और “आवश्यकता के समय सहायता के लिये अनुग्रह” पा सकते हैं, और शुद्धिकरण (1 यूहन्ना 1:8-10) और सामर्थ्य प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन यह अभी और यहीं के लिए है। जब हम यरदन पार कर लेंगे और प्रभु के सिंहासन पर उपस्थित होने के लिए बुलाए जाएँगे, तब तक अपनी सांसारिक जीवनशैली बदलने में बहुत देर हो चुकी होगी।

मसीह का न्याय-आसन, जो प्रभु के आगमन से निकटता से जुड़ा है, उनके आगमन के चित्र में एक गंभीर रंग भर देता है। इसका उद्देश्य मसीह के प्रत्याशित आगमन को एक प्रेरक सत्य बनाना है। पौलुस उसी खंड में न्यायासन की शिक्षा देता है जिसमें वह हमें चेतावनी देता है कि हम वास्तव में अपने भाई के रखवाले हैं (रोमियों 14:10)। इसी प्रकार के संदर्भ में वह आगे जोड़ता है, "अतः प्रभु के भय को जानकर, हम मनुष्यों को समझाते हैं" (2 कुरिं. 5:11)।

इस प्रकार पौलुस प्रतिफल पर ज़ोर देता है। उसे विश्वास था कि उसके लिए प्रतिफल अवश्य रखे हुए हैं। उसने कम से कम एक मुकुट तो कमा ही लिया था—आनन्द और उल्लास का मुकुट; उसके प्रिय थिस्सलुनीके के विश्वासियों की विजय ने इस तथ्य की पुष्टि कर दी थी। अब वह वापसी पर ज़ोर देता है और कहता है: "क्या हमारे प्रभु यीशु के सम्मुख उसके आने के समय तुम ही न होगे?" (2:19ख)।

यहाँ "उसके आने के समय" के लिए प्रयोग किया गया शब्द पारुसिया है। यह शब्द इन दोनों पत्रों में कुल सात बार आता है (3:13; 4:15; 5:23; 2 थिस्सलुनीकियों. 2:1, 8–9)। नए नियम में यह शब्द चौबीस बार पाया जाता है। इसका पहला प्रयोग प्रभु के जैतून-पर्वत उपदेश की भूमिका में है, जहाँ चेलों ने उनसे पूछा: “तेरे आने का क्या चिन्ह होगा?” (मत्ती 24:3)। पूरी सूची इस प्रकार है: मत्ती 24:3, 27, 37, 39; 1 कुरिन्थियों 15:23; 16:17; 2 कुरिन्थियों 7:6-7; 10:10; फिलिप्पियों 1:26; 2:12; ऊपर सूचीबद्ध थिस्सलुनीकियों के सात उल्लेख, और याकूब 5:7-8; 2 पतरस 1:16; 3:4, 12; 1 यूहन्ना 2:28)। सामान्य सांसारिक जीवन में यह शब्द तकनीकी रूप से किसी राजा के आगमन, या किसी अन्य उच्चाधिकारी के आगमन को व्यक्त करने के लिए प्रयुक्त होता था। शाब्दिक रूप से, इस शब्द का अर्थ “उपस्थिति” है।

यह शब्द केवल प्रभु के आगमन के लिए ही प्रयुक्त नहीं होता। उदाहरण के लिए, पौलुस फिलिप्पी में उसके पारुसिया (उनकी "उपस्थिति") की बात करता है, जो फिलिप्पी से उसके अपूसिया (उनकी "अनुपस्थिति") के विपरीत है (फिलि. 2:12)। यह शब्द हमेशा एक समयावधि से जुड़ा होता है, चाहे वह छोटी हो या लंबी। यह प्रवास और आगमन के बाद क्या होता है, इस ओर ध्यान आकर्षित करता है। कुछ अनुवादकों का मानना है कि जब यह शब्द प्रभु यीशु के संबंध में आता है, तो हर स्थान पर इसे “आगमन” के रूप में अनुवादित करने के बजाय, इसे सरल रूप में ज्यों-का-त्यों पारुसिया के रूप में ही रहने देना चाहिए।

जब नए नियम में इस शब्द का प्रयोग प्रभु के संबंध में किया जाता है, तो यह एक विशिष्ट अवधि को दर्शाता है। उदाहरण के लिए, पतरस ने इसका प्रयोग उस क्षण का वर्णन करने के लिए किया जब प्रभु का रूपांतरण हुआ और वह और उसके मित्र "ने आप ही उसके प्रताप को देखा था" (2 पतरस 1:16; मत्ती 17:1-8 भी देखें)।

जब यह शब्द भविष्यवाणी के अर्थ में प्रयोग होता है, तो यह एक बहुत ही विशिष्ट समयावधि को दर्शाता है। पारुसिया शब्द एक भविष्यकालीन अवधि को दर्शाता करता है—एक ऐसी अवधि जो मेघारोहण से आरम्भ होगी, अर्थात् प्रभु का मध्य आकाश में आना (1 थिस्सलुनीकियों 4:16–17), और जो उसके वापस पृथ्वी पर वापसी, अर्थात् संसार के सामने सामर्थ्य और महिमा में उसके प्रकट होने के साथ समाप्त होगी।

इस मध्यवर्ती अवधि के दौरान—जब प्रभु की पारुसिया आकाश में होगी (और पृथ्वी पर अधर्म के रहस्य का तीव्र विकास होगा)—हम मसीह के न्यायासन के सामने उपस्थित होंगे (1 कुरि. 4:1–5; 2 कुरि. 5:10)। यहाँ, इस पत्री में, पौलुस अपने थिस्सलुनीकियों के विश्वासियों के विजयी जीवन के कारण, उस घटना की बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षा करता है। पतरस और यूहन्ना दोनों लगभग एक ही विचार व्यक्त करते हैं (1 पतरस 5:1-4; 1 यूहन्ना 2:28)।

डब्ल्यू. ई. वाइन कहते हैं, "इस प्रकार प्रभु यीशु का पारुसिया एक शुरुआत, एक प्रक्रिया और एक समापन वाला काल है। शुरुआत 1 थिस्सलुनीकियों 4:15; 5:23; 2 थिस्सलुनीकियों 2:1; 1 कुरिं. 15:23; याकूब 5:7-8; 2 पतरस 3:4 में प्रमुख है; यहाँ प्रक्रिया 1 थिस्सलुनीकियों 2:19; 3:13; मत्ती 24:3, 37, 39; 1 यूहन्ना 2:28 में है; और समापन 2 थिस्सलुनीकियों 2:8; मत्ती 24:27 में है।"[6]

अन्त में, पौलुस उस *आनन्द* का उल्लेख करता है जिसे वह वर्तमान में भी अनुभव कर रहा था और प्रभु के आगमन पर जिसकी वह प्रतीक्षा भी कर रहा था: "हमारी बड़ाई और आनन्द तुम ही हो" वह कहता है (2:20)। लोग जिस पर गौरव और आनन्द करते हैं, वह उनके चरित्र और उनकी आत्मिक स्थिति को प्रकट करता है। सुलैमान ने एक राज्य, एक साम्राज्य और एक मुकुट खो दिया, क्योंकि वह इस पृथ्वी की दिखावटी महिमा चाहता था, और क्योंकि उसने धन, स्त्रियों और संसार से प्रेम रखा, तथा इन बातों को अपने निर्णय पर हावी होने दिया और अपनी बुद्धि को धूमिल होने दिया। उसके सारा बाहरी प्रदर्शन और चमक–धमक के बावजूद, सुलैमान अपने पिता का मुकाबला नहीं कर सका—यहाँ तक कि दाऊद के पापों को ध्यान में रखने पर भी। दाऊद वस्तुओं का उपयोग करता था और लोगों से प्रेम करता था; सुलैमान वस्तुओं से प्रेम करता था और लोगों का उपयोग करता था।

पौलुस लोगों से प्रेम करता था। वह लोगों के लिए जीता था। उसने अपना जीवन लोगों को मसीह के पास लाने और उन्हें विश्वास में दृढ़ बनाने में बिताया। उसकी महिमा और आनन्द यह था कि लोग उद्धार पाएं और परमेश्वर की बातों में स्थिर हों। उसकी आकांक्षा यह थी कि अंत में वही लोग मुकुटों और विजय–चिह्नों के रूप में प्रकट हों, जिन्हें वह यीशु के चरणों में रख सके।

भाग 4.

प्रभु का आगमन : एक स्थिर करने वाला सत्य

1 थिस्सलुनीकियों 3:1-13

क. पौलुस की चिंता (3:1-5)

इन सुहावने भविष्य के दर्शन अचानक समाप्त हो जाते हैं, और पौलुस फिर से धरती पर लौट आता है। वह अपने थिस्सलुनीके के मित्रों को यह दिखाने के लिए हाल ही के कुछ घटनाक्रमों का वर्णन करता है कि वह उनके प्रति कितनी गहरी चिंता रखता था।

सबसे पहले वह *स्थान* का उल्लेख करता है: "इसलिये जब हम से और न रहा गया, तो हम ने यह ठहराया कि एथेन्स में अकेले रह जाएँ" (3:1)। यद्यपि समयक्रम बिल्कुल स्पष्ट नहीं है, ऐसा प्रतीत होता है कि पौलुस ने तीमुथियुस को

एथेंस से वापस थिस्सलुनीके भेजा था। ऐसा भी लगता है कि पौलुस ने सीलास को मकिदुनिया में किसी अन्य कार्य पर भेजा था। उन्हें एथेंस में पौलुस से मिलना था, या यदि वह वहाँ से निकल चुका हो, तो कुरिन्थुस में मिलना था।

यदि पौलुस के मन में घूमने का विचार होता, तो एथेंस में देखने के लिए बहुत कुछ था। परन्तु जो कुछ उसने देखा, उसने उसे घृणा से भर दिया। वहाँ हर जगह मूरतें थीं—हर प्रकार के कल्पनीय देवताओं को समर्पित। प्रसिद्ध एथेनियन लोग आत्मिक रूप से बिल्कुल मूर्ख थे। पौलुस की आत्मा के भीतर खलबली मच गई। वह क्रोधित हो उठा! लूका जिस शब्द का उपयोग उसकी इस क्रोधावस्था को व्यक्त करने के लिए करता है, वह है परोक्सुनोमाई (प्रेरितों 17:16), जिससे हमें अंग्रेज़ी का शब्द "परोसिस्म" प्राप्त होता है। यह लूका के चिकित्सीय शब्दों में से एक है।

वह चुप नहीं रह सका। शीघ्र ही वह मूर्तिपूजक दार्शनिकों के चेलों के साथ तीखी बहस में पड़ गया। लूका विशेष रूप से एपिक्यूरियनों और स्टोइकों का उल्लेख करता है। एपिक्यूरियन लोग एपिक्यूरस (342–279 ई.पू.) के अनुयायी थे, जो यह सिखाता था कि जीवन का उद्देश्य मात्र सुख है। स्टोइक (नाम उस बरामदे [स्तोआ] से लिया गया है जहाँ वे मिलते थे) ज़ेनो (लगभग 270 ई.पू.) के शिष्य थे, जिन्होंने सिखाया कि सद्गुण ही सर्वोच्च भलाई है। उनके अनुसार, मनुष्य को अपनी भावनाओं से मुक्त होना चाहिए और न तो सुख से और न दुःख से, न आनंद से और न दर्द से प्रभावित होना चाहिए। जल्दी ही, पौलुस दोनों समूहों को मसीह के लिए जीतने की कोशिश करने लगा।

मार्स हिल पर दिए गए उसके भाषण ने उसे यूनानी दुनिया के बुद्धिजीवियों तक पहुँच प्रदान की। वे विनम्रता से सुनते रहे—लेकिन जैसे ही उसने मसीह के पुनरुत्थान का प्रचार किया, वे उसके मुँह पर हँस पड़े। उनमें से एक-दो ने पौलुस को बाद में खोजा और सुसमाचार को स्वीकार किया। परन्तु पौलुस यह भली-भाँति समझ गया कि यूनानी परिष्कार और बौद्धिक घमण्ड, जो भद्दी धार्मिक कुप्रथाओं के साथ जुड़ा हुआ था, सुसमाचार के लिए उपयुक्त भूमि नहीं था। वह एथेंस से निकलकर कुरिन्थुस चला गया—जहाँ सम्भवतः कुछ समय बाद उसके साथी भी उससे आ मिले।

"हमने अच्छा समझा कि एथेंस में अकेले रह जाएँ," पौलुस अपने कथन में कहता है। अकेले! शायद पौलुस कभी भी उतना अकेला नहीं था जितना एथेंस में था। भीड़ उसके चारों ओर उमड़ती रहती थी। वह नगर की गलियों में इधर-उधर भटकता रहा।

एक युवा व्यक्ति के रूप में, मैं अपने मातृदेश को छोड़कर कनाडा के महान शहर वैंकूवर पहुँचा। वैंकूवर एक बहुत ही सुंदर शहर है। इसके सामने प्रशांत महासागर फैला हुआ है, और पृष्ठभूमि में ऊँचे-ऊँचे पर्वत खड़े हैं। उनमें से दो पहाड़ शेरों की तरह दिखाई पड़ते हैं। वे भव्य हैं और अक्सर बर्फ से ढके रहते हैं। शहर में सुंदर पार्क, भव्य दुकानें, संग्रहालय, मेले और मनोरंजन तथा आनंद के कई स्थल हैं। लेकिन मैं अकेला था। मैं अपने घर से हज़ारों मील दूर था। मैं एक बड़े बैंक में काम करता था और अपने सहकर्मियों को पसंद करता था, लेकिन उनकी रुचियाँ मेरी रुचियों से मेल नहीं खाती थीं। मैं एक कलीसिया में जाता था जहाँ लोग मित्रवत थे, लेकिन उनके विचार बहुत अलगाववादी थे। मैं अकेला था।

मैं आज भी उन दिनों को याद कर सकता हूँ। मैं घर से आने वाले पत्रों का इंतजार करता था। मैं सड़कों और दुकानों में भटकता था। मेरे पास बात करने के लिए कोई नहीं था और जाने के लिए कोई जगह नहीं थी। मैं गरीब और अकेला था। शहर लोगों से भरा था, जो इधर-उधर दौड़ रहे थे। चेहरों को देखता था। ठंडी नजरें मिलती थीं। लोग फिर से भीड़ में गायब हो जाते थे। मेरे चारों ओर भीड़ थी—फिर भी मैं अकेला था। मैं अक्सर प्रभु से फुसफुसाकर बात करता था, जब मैं उन डाउनटाउन डिपार्टमेंट स्टोर्स में घूमता था—चीज़ों से भरे हुए, जिन्हें मैं खरीद नहीं सकता था—ऐसे लोगों से घिरा हुआ जिन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता था कि मैं जीवित हूँ या मर गया। "हे प्रभु,"मैं कहता था, "मैं अकेला हूँ। और आज तो घर से एक पत्र भी नहीं आया।"

"इसलिये जब हम से और न रहा गया, तो हम ने यह ठहराया कि एथेन्स में अकेले रह जाएँ," पौलुस कहता है। उस शब्द "अकेले" पर ध्यान दो। उस स्थिति की कल्पना करो जब आप एक विदेशी देश में अजनबियों से घिरे हों, और आपका मन उन लोगों के लिए तड़प रहा हो जिन्हें आप छोड़ आए हों। मेरे पास घर से कोई खबर नहीं थी, जैसे पौलुस के पास थिस्सलुनीके की कोई खबर नहीं थी। यदि उसे किसी से बात करनी होती, तो उसे सड़क पर किसी अजनबी के पास जाकर बात शुरू करनी पड़ती—किसी ऐसे व्यक्ति से, जो वहाँ खड़ा होकर इधर-उधर देखने में व्यस्त हो, या बाज़ार में किसी कोने पर खड़े व्यक्ति से बहस कर रहा हो।

फिर भी, प्रेरित के पास एक मित्र था—वही मित्र जो मेरे पास था। एक ऐसा मित्र जो अकेलेपन को समझता था। पौलुस ने उस मित्र से लंबी बातें कीं, जो "भाई से भी अधिक निकट रहता है।" लेकिन निस्संदेह, पौलुस भी—आखिरकार एक मनुष्य होने के नाते—वैसे ही महसूस करता होगा जैसा मैं उस विदेशी देश में अपने अत्यंत अकेले दिनों में महसूस करता था, बिल्कुल अकेला। उसने प्रभु के साथ अपनी संगति का आनंद लिया, लेकिन वह एक इंसान की संगति चाहता था। पौलुस, जो एथेंस से ऊब चुका था, अब कुरिन्थुस को गया—जहाँ उसने अपने लिए कई मित्र बना लिए।

इस बीच, वह एथेंस की सड़कों पर अकेला भटकता रहा। वह एक मिलनसार व्यक्ति था; उसे लोगों से मिलना-जुलना पसंद था। परन्तु उसने अपने प्रिय थिस्सलुनीके के मसीह में जन्मे नवजात विश्वासियों के हित के लिए उस अकेलेपन को सहन किया।

फिर स्थान का उल्लेख है। फिर *योजना* भी है: "और हम ने तीमुथियुस को, जो मसीह के सुसमाचार में हमारा भाई और परमेश्वर का सेवक है, इसलिये भेजा कि वह तुम्हें स्थिर करे और तुम्हारे विश्वास के विषय में तुम्हें समझाए" (3:2)। प्रेरितों के काम और पौलुस के पत्रियों में हम बार-बार तीमुथियुस को पाते हैं। वह पौलुस के द्वारा विश्वास में आया था और एक ऐसा युवा व्यक्ति था जिसे पौलुस न केवल पुत्र की तरह प्यार करता था, बल्कि जिसमें उसका पूरा विश्वास भी था। वह हमेशा उसे जिम्मेदार कार्यों पर भेजा करता था। उसने उसे थिस्सलुनीके भेजा। उसने उसे कुरिन्थुस (1 कुरिन्थियों 4:17; 16:10) और फिलिप्पी (फिलिप्पियों 2:19) भी भेजा।

"क्योंकि मेरे पास ऐसे स्वभाव का कोई नहीं," पौलुस ने फिलिप्पियों को लिखा, "जो शुद्ध मन से तुम्हारी चिन्ता करे... [तीमुथियुस],... जैसा पुत्र पिता के साथ करता है, वैसा ही उसने सुसमाचार के फैलाने में मेरे साथ परिश्रम किया" (फिलिप्पियों 2:20, 22)। यह वास्तव में उस महान प्रेरित की ओर से दिया गया अत्यंत उच्च सराहना है।

तीमुथियुस को दिया गया आदेश स्पष्ट था। उसे थिस्सलुनीके के विश्वासियों को "स्थिर" करना था। यहाँ मूल शब्द स्टेरिज़ो है। इसका अर्थ है दृढ़ करना या मज़बूत करना, दृढ़ता से स्थापित करना।

इसका एक उदाहरण इस्राएल के अमालेकियों के साथ हुए युद्ध (निर्गमन 17) में मिलता है। यहोशू उस भीषण युद्ध के दौरान घाटी में नीचे था। मूसा, हारून और हूर (कालेब का पुत्र) पहाड़ी की चोटी पर थे। जब तक मूसा ने अपने हाथ ऊपर उठाए रखा, इस्राएल जीतता रहा। लेकिन जब उसकी बाहें थककर नीचे चली जाती, तो अमालेकी जीत जाते। प्रार्थना सबसे थका देने वाला काम है। इसका केवल एक ही समाधान था। मूसा एक पत्थर पर बैठ गया, और उसके दो साथियों ने उसके हाथ को "ऊपर" (सेप्टुआजेंट में स्टेरिज़ो) की ओर थाम लिया। इस्राएल की जीत की गारंटी के लिए एक भविष्यद्वक्ता (मूसा), एक याजक (हारून), और एक राजकुमार (हूर), सभी अभिषिक्त सेवकों की आवश्यकता थी। यीशु—भविष्यद्वक्ता, याजक और राजा के रूप में—अब स्वर्ग में सर्वोच्च सामर्थ्य के सिंहासन पर विराजमान हैं। वे स्वयं पिता के साथ हमारे मध्यस्थ हैं और यहाँ पृथ्वी पर हमारी विजय की गारंटी हैं।

तीमुथियुस को थिस्सलुनीकियों के विश्वास को "स्थिर" करने के लिए भेजा गया था। उसे उन्हें परमेश्वर के वचन के बारे में और ज़्यादा सिखाना था। उसे उनके घरों में जाना था, उनके साथ प्रार्थना करनी थी, उन्हें यीशु के बारे में और अधिक बताना था, और उन्हें पवित्र आत्मा के असीम संसाधनों का लाभ उठाने में सक्षम बनाना था।

उसे उन्हें "समझाना" था। मूल रूप से प्रयुक्त किया गए शब्द का अर्थ है (विनती, सांत्वना और निर्देश के द्वारा) "अपने पास बुलाना," या "आग्रह करना"। थिस्सलुनीके में नए विश्वासियों पर अत्याचार तब भी जारी रहा जब पौलुस को शहर से बाहर ले जाया गया। यह लंबे समय तक चलता रहा। छह साल बाद भी, पौलुस मकिदुनिया की कलीसियाओं के बारे में कह सकता था जो "क्लेश की बड़ी परीक्षा" झेल रही थीं। वह "उनके बड़े आनन्द" और "भारी कंगालपन" के बारे में बात कर सकता था, जिसमें से उन्होंने लगभग अलौकिक उदारता के साथ प्रभु के कार्य के लिए खुलकर दान दिया (2 कुरिं. 8:1-5)।

शायद थिस्सलुनीकियों के दुःख और सताव के बीच इतनी दृढ़ता से खड़े रहने का एक कारण यह था कि पौलुस ने पहले ही इसकी भविष्यवाणी कर दी थी: "कोई इन क्लेशों के कारण डगमगा न जाए। क्योंकि तुम आप जानते हो कि हम इन ही के लिये ठहराए गए हैं। क्योंकि पहले ही, जब हम तुम्हारे यहाँ थे तो तुम से कहा करते थे कि हमें क्लेश उठाने पड़ेंगे, और ऐसा ही हुआ है, जैसा कि तुम जानते भी हो" (3:3-4)। यहाँ हमारे सामने कारण स्पष्ट है। वे कष्टों का सामना कर सके क्योंकि इसके बारे में पहले ही बताया गया था। पौलुस ने कभी भी सस्ता सुसमाचार नहीं सुनाया। उसने कभी मसीही होने की कीमत को हल्का कर के प्रस्तुत नहीं किया।

पौलुस कहता है, "कि कोई इन क्लेशों के कारण *डगमगा* न जाए।" मूल शब्द सैनो है, जिसका अर्थ है "पूँछ हिलाना", "चापलूसी करना", या "कुडकुडाना"। इसका अर्थ है कि सताव के बीच, किसी को भी ऐसे व्यक्ति से धोखा या बहकावे में नहीं आना चाहिए जो पूँछ हिलाकर सुझाव देता हो, भले ही वह अपना हितैषी होने का दिखावा करता हो। कुछ विद्वानों ने इसका अनुवाद "विचलित मत हो" किया है, जबकि अन्य ने "हम नहीं चाहते थे कि तुममें से कोई हिम्मत हारे" या किसी की बातों से "कभी डगमगाए नहीं।"

पौलुस ने ठान लिया था कि वह कोई कसर नहीं छोड़ेगा। उसकी इच्छा थी कि उसके द्वारा परिवर्तित विश्वासी अपने कष्टों के बावजूद दृढ़ बने रहें। वह आशा करता था कि ये कष्ट उन्हें विचलित न करें, बल्कि उनके विश्वास को और भी मज़बूत करें।

नए नियम के समय में कष्ट और सताव को स्वाभाविक माना जाता था। यह मसीही होने की कीमत का एक हिस्सा था। तीन सौ वर्षों तक—नीरो से लेकर डायोक्लेशियन तक—कलीसिया लगातार रक्त और अग्नि के बपतिस्मे से गुज़री। आज भी कई गैर-मसीही देशों में विश्वासी बनने की कीमत उत्पीड़न ही है। आखिरकार, हम शत्रु के क्षेत्र में हैं। इस संसार ने परमेश्वर के पुत्र को कोड़े मारे, मार डाला और उपहास किया, इसलिए हम यह अपेक्षा नहीं कर सकते कि यह संसार उनके लोगों को पसंद करेगा। यही कारण था कि पौलुस लगातार मसीह के दूसरे आगमन पर बल देता रहा। यह पूरे इन अध्यायों में विश्वासियों की पक्की और निश्चित आशा है, जैसे कि इतिहास भर में कलीसिया की आशा रही है। यह एक स्थिर करने वाला सत्य है—अंत में शत्रु जीत नहीं सकता। और इस बीच, उसका सबसे भयंकर सताव चरित्र का निर्माण करता है, विश्वास को मजबूत करता है, साहस उत्पन्न करता है, और अनेक विश्वासियों के लिए शहीद का मुकुट सुनिश्चित करता है।

इसके बाद पौलुस ने इस *साजिश* का पर्दाफ़ाश किया: "इस कारण जब मुझ से और न रहा गया, तो तुम्हारे विश्वास का हाल जानने के लिये भेजा, कि कहीं ऐसा न हो कि परीक्षा करनेवाले ने तुम्हारी परीक्षा की हो, और हमारा परिश्रम व्यर्थ हो गया हो" (3:5)। नए विश्वासियों को यह चेतावनी देना कि वे क्या अपेक्षा कर सकते हैं—यह एक बात थी। अपने शरीर पर अनेक पुराने घावों के निशान उन्हें दिखाना—यह भी एक बात थी। शुरू से ही उनके साथ पूरी सच्चाई से पेश आना और उन्हें तरसुस के शाऊल तथा महासभा के महान जाँचकर्ता के रूप में अपने अनुभवों की बातें बताना — अविश्वसनीय वीरता और धैर्य की कहानियाँ, यहाँ तक कि मृत्यु तक भी—यह एक अलग बात थी।

उनके लिए यह एक बात थी कि वह उन्हें स्तिफनुस के शहीद होने के बारे में बताए—और कैसे उसकी विजयी मृत्यु ने उसके अपने कठोर और अविश्वासी हृदय में अपराध-बोध का जलता हुआ बाण उतार दिया। यह भी एक बात थी

कि वह उन्हें बताए कि कैसे कभी उर पर पत्थरवाह किया गया और मरा हुआ छोड़ दिया गया, और कैसे वह तीसरे स्वर्ग तक उठा लिया गया, जहाँ उसने ऐसी बातें देखीं जिन्हें शब्दों में व्यक्त करना असंभव था, और कैसे उसके बाद से ही उसने मसीह में शहीद होने की इच्छा की रखी। यह भी एक बात थी कि वह उन्हें बताए कि वह स्वयं, सीलास, और यहाँ तक कि युवा तीमुथियुस भी—अपने आपको वध के लिए भेड़ों के समान गिनते थे। उन्हें चेतावनी देना और उत्साहित करना—यह सब एक बात थी। पर जब यही बातें स्वयं उनके साथ घटेंगी, तब वे कैसे लेंगें? अब यही बात उसे चिंतित कर रही थी।

वह अब और प्रतीक्षा का तनाव सह नहीं सकता था। उसने तुरंत कदम उठाया। “जाओ, तीमुथियुस, वापस थिस्सलुनीके जाओ; उनके संकल्प को मजबूत करो, वचन सिखाओ, और उनके लिए उदाहरण बनो।” पौलुस शैतान की चालाकियों को भली-भांति जानता था। वह एक घटिया योद्धा है। वह सभी घटिया चालों को अच्छी तरह जानता है। पौलुस बहुत अच्छी तरह जानता था कि शैतान थिस्सलुनीके के विश्वासियों को उकसाएगा कि वे संसार के साथ धर्मत्याग की अस्वीकार्य कीमत पर दुनिया के साथ शांति खरीद लें। बाद में, जब रोमी सताव अपनी चरम सीमा पर पहुँचा, तो आगे की परेशानियों से बचने के लिए बस इतना करना काफी था कि किसी मूर्तिपूजक देवता की वेदी पर थोड़ी-सी नमक की चुटकी चढ़ा दी जाए। बस इतना ही। लेकिन वही सब कुछ था—एक आत्मा की कीमत। सताव का पागलपन अभी उस भयानक स्तर पर नहीं पहुँचा था, जहाँ यह तब पहुँचा जब नीरो ने रोम को जलाया और दोष कलीसिया पर मढ़ दिया गया। फिर भी, सताव से छुटकारा पाने के लिए मसीही विश्वास छोड़ देने का प्रलोभन पहले से ही बहुत वास्तविक था। पौलुस तीमुथियुस की वापसी की प्रतीक्षा करते हुए बेचैनी से छटपटा रहा था।

वह जानता था कि परखने वाला खुला घूम रहा है और सक्रिय है, क्योंकि उसका परमेश्वर और उसके लोगों के प्रति दुष्ट घृणा उसे प्रेरित करती है। पौलुस ने अभी हाल ही में परखने वाले का उल्लेख किया था—और वह भी नाम लेकर (2:18)—उसके रूप में जिसने उसके मार्ग में बाधाएँ डाल दी थीं ताकि वह स्वयं थिस्सलुनीके वापस न जा सके। शैतान की आदत है कि वह अपनी सीमा से बाहर बढ़ जाता है। पौलुस को इस तरह रोककर उसने खुद को बहुत बड़ा नुकसान पहुँचाया।

यदि पौलुस स्वयं थिस्सलुनीके वापस जा पाता, तो वह वहाँ अपने मित्रों को आवश्यक सांत्वना और शिक्षा देता और फिर अपने मार्ग पर आगे बढ़ जाता। बात वहीं समाप्त हो जाती। लेकिन इसके बजाय, उसने उन्हें ये दो महान पत्रियाँ लिखी, जो सत्य और व्यावहारिक सलाह से भरपूर थे। इन पत्रियों ने न केवल मसीह के दूसरे आगमन के बारे में हमारे ज्ञान को बहुत बढ़ाया है, बल्कि शैतान की कई गुप्त योजनाओं का पर्दाफाश भी किया है। इसके अलावा, ये परमेश्वर के प्रेरित वचन का हिस्सा बन गए हैं और विश्वासियों के लिए भविष्य के लिए आशीष, ज्ञान और प्रोत्साहन का स्रोत बन गए हैं!

फिर भी पौलुस चिंतित बना रहा, क्योंकि वह जानता था कि शैतान एक वास्तविक शक्ति है और वह थिस्सलुनीके की नवजात कलीसिया को नष्ट करने के लिए अपनी पूरी सामर्थ के साथ हर संभव प्रयास कर रहा है। यदि थिस्सलुनीके के विश्वासियों का विश्वास टूट जाता, तो उनके नगर में किया गया उसका परिश्रम वास्तव में व्यर्थ सिद्ध हो जाता। पौलुस को आशा थी कि तीमुथियुस इसे रोक पाने में सक्षम होगा। लेकिन तीमुथियुस, यद्यपि निष्ठावान और योग्य था, फिर भी एक युवा था। साथ ही, शैतान नए विश्वासियों के विरुद्ध अपने हथियार के रूप में भयंकर सताव का उपयोग कर रहा था।

पौलुस आभारी था कि उसने उन्हें पहले ही बता दिया था कि उन्हें क्या सहना पड़ेगा। स्वयं प्रभु ने कष्ट सहा, इसलिए हम भी कष्ट की अपेक्षा कर सकते हैं। एक विश्वासियों को "क्लेशों में भी घमण्ड करना" सीखना चाहिए (रोमियों 5:3)। क्या थिस्सलुनीके के विश्वासियों ने यह पाठ सीख लिया था? क्या उन्होंने शत्रु के हमले का सामना विजयपूर्ण विश्वास

के साथ किया था? यह बात पौलुस को तब तक पता नहीं थी—जब तक तीमुथियुस खुशखबरी लेकर नहीं लौटा। हाँ, बिल्कुल! थिस्सलुनीके के विश्वासी "जयवंत से भी अधिक" सिद्ध हुए थे।

ख. पौलुस की सांत्वना (3:6-10)

1. पौलुस को मिला समाचार (3:6)

पौलुस अपनी खुशी को ज़ाहिर करता है: "पर अभी तीमुथियुस ने, जो तुम्हारे पास से हमारे यहाँ आया है, तुम्हारे विश्वास और प्रेम का सुसमाचार सुनाया और इस बात को भी सुनाया कि तुम सदा प्रेम के साथ हमें स्मरण करते हो, और हमारे देखने की लालसा रखते हो, जैसा हम भी तुम्हें देखने की।" ऐसा था वह प्रेम और स्नेह का बंधन, जो पौलुस और सीलास ने अपने परिवर्तित विश्वासियों के साथ बनाया था।

यह कोई बनावटी प्रचार नहीं था—न कोई ऊँची-आवाज़ का संदेश; न कोई दबाव डालने वाला आमंत्रण; न यह कि हर कोई खाने, मनोरंजन और संगति के बाद जल्द से जल्द भीड़ से बचकर निकल जाए; और जो उस बुलाहट का जवाब दें, उन्हें किसी और के हवाले कर दिया जाए।

नहीं! पौलुस लोगों से प्रेम करता था। वह उन लोगों से मिलने की इच्छा रखता था जिन्होंने सुसमाचार को ग्रहण किया था और उन्हें जानना चाहता था; उनके घरों में जाना चाहता था; उनके रिश्तेदारों से मिलना चाहता था; उन्हें मसीही जीवन के पहले कदमों में मार्गदर्शन देना चाहता था; उन्हें सिखाना चाहता था—"प्रेरितों की शिक्षा और संगति, और रोटी तोड़ने, और प्रार्थनाओं में" (प्रेरितों के काम 2:42); और उन्हें बपतिस्मा लेते और अनुग्रह में तथा परमेश्वर के ज्ञान में बढ़ते देखना चाहता था।

पौलुस यह नहीं मानता था कि सुसमाचार-प्रचार अपने नाम के योग्य है यदि वह उन लोगों के प्रति हृदय और आत्मा के प्रेम-सम्बन्ध से अलग हो जाए जिन्हें उसकी सेवकाई के द्वारा प्रभु के पास लाया गया था। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं कि वे उसे फिर से देखने की तीव्र इच्छा रखता था! वह केवल ऐसा एक प्रचारक नहीं था जिसकी बातें सुनकर वे प्रभु के पास आए थे; वे उसे व्यक्तिगत रूप से जानते थे। उन्होंने उसके प्रेम, उसकी गर्मजोशी भरे स्वभाव और उनमें उसकी सच्ची रुचि को महसूस किया था। वह उनका मित्र था। वे उसके मित्र थे। वह उनके घरों में ठहरा था। उसे उनके नाम याद थे। वह उनसे प्रेम करता था।

इस प्रकार तीमुथियुस शुभ समाचार से भरा हुआ पौलुस के पास लौटा। थिस्सलुनीके के विश्वासियों की स्थिति अच्छी थी। शैतान उनकी विश्वास को हिला नहीं पाया था। उनका प्रेम विजयी हुआ था। यह कितना अच्छा था कि पौलुस ने वह "नाम लो और पा लो" वाला झूठा संदेश नहीं सुनाया था, जो आजकल बहुत लोकप्रिय है— जैसे कि "परमेश्वर चाहता है कि आप स्वस्थ और समृद्ध हों।" "करिश्माई" लोगों का यह तथाकथित "समृद्धि सुसमाचार" उन थिस्सलुनीके के विश्वासियों को उस तीव्र सताव से नहीं निकाल पाता, जो उनके उद्धार पाने के तुरंत बाद उन पर टूट पड़ा था। "संभावना-चिंतन" उस विश्वास के लिए कोई नींव नहीं था जिसे परीक्षा और प्रलोभन की आग से गुजरना था। उन्हें ऐसी विश्वास की आवश्यकता थी जो वास्तविकताओं पर आधारित हो। "सकारात्मक सोच की शक्ति" और ऐसे अन्य सभी मनोवैज्ञानिक सुसमाचार क़लवरी की कठोर सच्चाई और इस संसार की परमेश्वर के प्रति असीम नफरत को नज़रअंदाज़ करते हैं।

2. पौलुस द्वारा प्रकट की गई कोमलता (3:7)

थिस्सलुनीके के विश्वासियों को भी कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ रहा था। पौलुस स्वयं भी इन्हीं परीक्षाओं से गुजर रहा था। उनके प्रति उसकी गहरी चिंता उन सब बातों का केवल एक हिस्सा थी। जब तक तीमुथियुस उससे आ मिला, पौलुस पास के नगर कुरिन्थुस में पहले ही अपने सुसमाचार प्रचार अभियान में लग चुका था। वह उस

नगर में "निर्बलता, भय और बहुत थरथराते हुए" पहुँचा था। फिलिप्पी में उसे कठोर मार सहनी पड़ी थी, और अथेंस में उसका उपहास उड़ाया गया था। कुरिन्थुस में भी, गल्लियो द्वारा उसे सुरक्षा दिए जाने से पहले, पौलुस को अत्यधिक सताव और ख़तरे का सामना करना पड़ा। यहूदी उसे आराधनालय से बाहर निकाल चुके थे (प्रेरितों के काम 18:6)। अन्ततः उसके विरुद्ध विद्रोह खड़ा हो गया, और पौलुस को घसीटकर अधिकारियों के सामने ले जाया गया।

इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि पौलुस, जिसे एक नगर से दूसरे नगर तक खदेड़ा गया था, संभवतः यह सोचने लगा होगा कि क्या उसने परमेश्वर की उस मार्गदर्शन को गलत समझ लिया था कि उसे यूरोप में सुसमाचार का प्रचार करना है (प्रेरितों के काम 16:10)। थिस्सलुनीके के विश्वासियों के प्रति उसकी चिंता भी उसकी अनेक चिंताओं में से एक थी—जिसे उसने बाद में "सब कलीसियाओं की चिन्ता" (2 कुरिन्थियों 11:28) कहा।

3. पौलुस ने जिस विजय की समीक्षा की (3:8-10)

एक बार फिर पौलुस ने कलम स्याही में डुबोई ताकि अपने परिवर्तित विश्वासियों को यह सुनिश्चित करा सके कि *उसका जीवन उनके जीवन से जुड़ा हुआ है*: "क्योंकि अब यदि तुम प्रभु में स्थिर रहो तो हम जीवित हैं" (3:8)। अब वह फिर से जीवन का आनंद ले सकता था! यहाँ 'क्योंकि' का मतलब उनके विश्वास पर शक करना नहीं था; यह तो केवल उन्हें यह स्मरण दिलाने के लिए था कि मसीह के लिए उनके दृढ़ और साहसी खड़े रहने पर ही उसकी मानसिक शांति निर्भर थी।

सभी प्रचारक पौलुस की डायरी से यह सीख ले सकते हैं कि विश्वासियों की देखभाल और उनकी आत्मिक उन्नति का कितना महत्त्व है। नए विश्वासी केवल आँकड़े नहीं होते, जिन्हें अगली प्रार्थना-पत्र या समर्थन-पत्र में उत्साहपूर्वक दर्ज कर दिया जाए। बिल्कुल नहीं! पौलुस के नए विश्वासी उसके जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा थे। वह उनसे प्रेम करता था और उन्हीं में जीता था। क्या किसी ने उन्हें बहकाने की कोशिश की? तो पौलुस क्रोधित हो उठता था।

क्या किसी ने उन पर हमला किया? पौलुस तुरंत उनकी रक्षा के लिए खड़ा हो जाता था। क्या वे सताव सह रहे थे? पौलुस का हृदय उनके लिए व्याकुल हो उठता था! वह रोने वालों के साथ रोता था, और आनन्दित होने वालों के साथ आनन्दित होता था। वह उन्हें पत्र लिखता था, उनसे संपर्क बनाए रखता था। जहाँ तक किसी मनुष्य के लिए संभव था, पौलुस उनके जीवन और परिस्थितियों में स्वयं को शामिल करता था। उदाहरण के लिए, पौलुस के पत्रों में मिलने वाली नामों की सूची पर विचार कीजिए—वे उसके सेवा-कार्य का अभिन्न हिस्सा थे। और यह भी याद रखने योग्य है कि हमारे हाथों में जो पवित्र आत्मा द्वारा प्रेरित नये नियम की पत्रियाँ हैं, वे ही पौलुस द्वारा लिखे गए एकमात्र पत्रियाँ नहीं हैं। हम निश्चित हो सकते हैं कि उसने संसार भर की कलीसियाओं और व्यक्तियों से बहुत अधिक पत्राचार किया होगा।

और साथ ही, *उसका जीवन भी उनके लिए ही समर्पित था* (3:9-10): "और जैसा आनन्द हमें तुम्हारे कारण अपने परमेश्वर के सामने है, उसके बदले तुम्हारे विषय में हम किस रीति से परमेश्वर का धन्यवाद करें?" (3:9)। स्तुति! उनके हृदयों में परमेश्वर के अद्भुत कार्य के लिए परमेश्वर की स्तुति। प्रार्थना! भविष्य में उनसे फिर से मिलने के लिए परमेश्वर से प्रार्थना: "रात-दिन बड़ी बिनती करते हैं कि तुम्हारा मुख देखें, और तुम्हारे विश्वास की जो कमी है उसे पूरा करें" (3:10)।

पौलुस को थिस्सलुनीके से अच्छी खबर मिली थी, लेकिन इसके कारण उसने उनके लिए अपनी अनुशासित प्रार्थना-जीवन में कोई ढील नहीं दी। इसके विपरीत, उसने अपने प्रयास और बढ़ा दिए, क्योंकि उनके विश्वास में कुछ कमियाँ थीं। मसीह के दूसरे आगमन के विषय में उनकी समझ में कुछ त्रुटियाँ थीं। कुछ मसीही ऐसे थे जिनका विश्वास व्यवहारिक रूप से ठीक नहीं था। पौलुस इन विषयों को जतना संभव हो सके उतना पत्रों के द्वारा सुलझाने वाला

था। फिर भी, उनसे दोबारा मिलना स्पष्ट रूप से आवश्यक था। वही उसके लिए सबसे उपयुक्त तरीका होता जिससे वह शैतान की बाधा डालने वाली युक्तियों (2:18) को तोड़ सकता। अंततः ऐसा हुआ भी — अपनी तीसरी प्रचार यात्रा के दौरान पौलुस वापस मकिदुनिया पहुँचा (प्रेरितों के काम 20:1-4)। इस बीच, उसका यह पत्र मकिदुनिया की कलीसियाओं के लिए अत्यंत मूल्यवान सिद्ध हुआ।

ग. पौलुस की विवशता (3:11-13)

1. पौलुस और उसके जीवन का शासक (3:11)

जितना पौलुस अपनी भावनाओं से प्रभावित था, उतना ही वह सोचने में साफ और अपने निर्णयों में दृढ़ रहा। उसने कभी अपने आप को अपनी बुद्धि, अपनी भावनाओं या अपनी इच्छा से नियंत्रित नहीं होने दिया। उसने गहरे स्तर पर निर्णय लिये। उसके निर्णय आत्मिक थे, जो उसमें निवास करने वाले पवित्र आत्मा द्वारा प्रेरित थे: "अब परमेश्वर आप ही और हमारा पिता, और हमारा प्रभु यीशु मसीह हमारे जाने का मार्ग तुम्हारे पास सीधा करे।"

"हमारा प्रभु यीशु मसीह" के साथ पिता का यह घनिष्ठ संबंध प्रभु यीशु की ईश्वरीयता को मानने का संकेत है। पौलुस का थिस्सलुनीके के लोगों के नाम पहली पत्री नए नियम की सबसे पुरानी लिखावटों में से एक है। यह हमें यह बहुमूल्य प्रमाण देता है कि शुरुआती कलीसिया ने मसीह की दैवीयता को कैसे स्वीकारा और सिखाया। प्रभु यीशु यहाँ अपनी दैवीय प्रकृति के संदर्भ में पिता के साथ एक हैं, परंतु अपने व्यक्तित्व के रूप में पिता से अलग हैं।

डब्ल्यू. ई. वाइन कहते हैं, "यूनानी क्रिया जिसका अनुवाद 'सीधा करे' हुआ है, वह एकवचन में है जबकि दो नाम उसके कर्ता हैं। इस प्रकार सामान्य व्याकरण नियम को इसलिये बदला गया है ताकि उन व्यक्तियों के बीच विद्यमान अद्वितीय संबंध को प्रकट किया जा सके।"[1]"

पौलुस चाहता था कि उसका थिस्सलुनीके लौटना बिना किसी मोड़ या रुकावट के परमेश्वर की योजना से निर्देशित हो। परमेश्वर हमारे पांवों के लिये सीधा रास्ता बना सकता है (भजन 5:8; मत्ती 3:3)। जैसा कि बाद में हुआ, अपनी तीसरी प्रचार यात्रा के अंत में जब उसे इफिसुस से निकाल दिया गया, तो पौलुस स्वाभाविक रूप से वहाँ जा सका। यूनान और मकिदुनिया का दौरा उसकी योजनाओं में अच्छी तरह सही बैठ गया—और उसने इन कलीसियाओं को देखने के लिये पर्याप्त समय निकाला। यद्यपि वह यात्रा संक्षिप्त थी, फिर भी लूका ने अपनी स्मृतियों में लिखा है कि पौलुस ने मकिदुनियों को "बहुत उपदेश" दिया (प्रेरितों के काम 19:1-2)।

सामान्य रूप से कहा जाए तो, तीन बातें परमेश्वर के मार्गदर्शन को समझने में मदद करती हैं। परिस्थितियाँ एक भाग निभाती हैं, जो *बाहरी* संकेत देती हैं। अक्सर, जो घटनाएँ हमारे साथ होती हैं, वे एक बदलाव का संकेत लगती हैं। एलियाह के मामले में, नाला सूख गया था (1 राजा 17:2-7)। उसे उसी नाले तक "यहोवा के वचन" द्वारा निर्देशित किया गया था। वह वहाँ कितने समय तक रहा, यह निश्चित नहीं है। पर हम इतना अवश्य जानते हैं कि उसके जीवन के उस विशेष काल में वह परमेश्वर की इच्छा के केंद्र में था—कुछ भी किए बिना! हम एक भाग-दौड़ वाले समय में जीते हैं।

हम सोचते हैं कि यदि हम हर समय किसी मसीही काम में व्यस्त नहीं हैं तो हम समय व्यर्थ कर रहे हैं और विशेषाधिकारों, अवसरों तथा जिम्मेदारियों की उपेक्षा कर रहे हैं। परन्तु परमेश्वर ने एलियाह से कहा, "जा, अपने आप को छिपा ले।" भविष्यद्वक्ता को विश्राम, मनन-चिन्तन, तथा इजीबेल की दुष्टता से परमेश्वर की दैनिक सुरक्षा और प्रबन्ध को पहचानने के लिए समय की आवश्यकता थी। लेकिन "नाला सूख गया।" यह स्पष्ट रूप से परिवर्तन का समय था—जब तक कि, निश्चित रूप से, परमेश्वर यह न दिखाए कि वह उसे पानी भी उतने ही चमत्कारिक ढंग से उपलब्ध कराएगा जितना भोजन उपलब्ध कराया गया था। एलियाह अपने परिस्थितियों द्वारा मजबूर किए गए

एक निर्णय के आमने-सामने आ खड़ा हुआ। सूखे नाले और प्यास से मरने की संभावना देखकर उसने अपने अगले कदम पर विचार किया। फिर भी, उसने परमेश्वर के बोलने की प्रतीक्षा की।

केवल परिस्थितियाँ ही प्रभु की स्पष्ट अगुवाई का प्रमाण नहीं होतीं। परिस्थितियाँ धोखा दे सकती हैं। पौलुस की रोम की यात्रा के दौरान, लूका हमें बताता है... "जब हम बहुत दिनों तक धीरे–धीरे चलकर कठिनाई से कनिदुस के सामने पहुँचे, तो इसलिये कि हवा हमें आगे बढ़ने न देती थी, हम सलमोने के सामने से होकर क्रेते की आड़ में चले; और उसके किनारे–किनारे कठिनाई से चलकर 'शुभलंगरबारी' नामक एक जगह पहुँचे.." (प्रेरितों के काम 27:7-8)। अब तक सब ठीक था। उन्हें एक बंदरगाह मिल गया था। परिस्थितियाँ, जो विपरीत हवाओं से बनी थीं, उन्हें उस बंदरगाह की ओर ले गईं।

उन्होंने वहाँ कुछ समय बिताया, लेकिन जल्द ही एक निर्णय लेना पड़ा। रोम की ओर भूमध्यसागर में सुरक्षित यात्रा की आशा करने के लिए मौसम वास्तव में बहुत देर हो चुकी थी। हालाँकि, जहाज़ के मालिक और स्वामी को आगे बढ़ने में आर्थिक हित छिपा था। पौलुस ने विरोध किया। उसका जहाज़ पहले भी टूट चुका था। वह खतरनाक भूमध्य सागर के खतरे को अच्छी तरह जानता था। अभियान के प्रमुख सेनापति ने पौलुस की बात ध्यान से सुनी, लेकिन अंत में उसने..., "कप्तान और जहाज के स्वामी की बातों को बढ़कर माना" (प्रेरितों 27:11)।

आख़िरकार, सरदार ही विशेषज्ञ था। सूबेदार पौलुस की जितनी भी प्रशंसा करता, और चाहे वह उसकी बात मानने को कितना भी तैयार क्यों न हो, पौलुस आख़िरकार सिर्फ़ एक उपदेशक ही था। हालाँकि, कप्तान एक प्रशिक्षित नाविक था। यह एक स्वाभाविक निर्णय था, ख़ासकर जब कप्तान ने बताया कि सर्दियों के तूफ़ानों से बचने के लिए 'शुभलंगरबारी' कितना असुविधाजनक और ख़राब स्थिति में है। इसके अलावा, वे द्वीप के पश्चिमी छोर पर स्थित फीनिक्स तक ही जा पाएँगे; वह बंदरगाह कहीं ज़्यादा सुविधाजनक था। फिर, और भी ज़्यादा, "कुछ कुछ दक्षिणी हवा बहने लगी" (पद 13)। बस उसी ने उनका निर्णय पक्का कर दिया। उन्होंने पौलुस की ज़रूरी चेतावनियों को नज़रअंदाज़ कर दिया। "यह समझकर कि हमारा अभिप्राय पूरा हो गया, लंगर उठाया और ...जाने लगे" (प्रेरितों 27:13)। लूका ने उस लंबे अध्याय के बाकी हिस्से में उसके बाद आई मुश्किलों और विपत्तियों का स्पष्ट वर्णन किया है।

धीरे से बहने वाली दक्षिणी हवा से सावधान रहें! परिस्थितियाँ, चाहे कितनी भी अच्छी लगें, अपने आप में मार्गदर्शन का पूरा प्रमाण नहीं होतीं।

इसके अलावा, शैतान परिस्थितियों में हेरफेर और उसमें धोखा कर सकता है, और निस्संदेह अक्सर करता भी है। उसने स्वयं प्रभु यीशु को गलत कदम उठाने के लिए बहकाने की कोशिश में परिस्थितियों का ही इस्तेमाल किया। जब प्रभु ने अपने पिता की इच्छा और पवित्र आत्मा के मार्गदर्शन में चालीस दिन उपवास किया और "बाद में जब उसे भूख लगी", तभी प्रलोभन देने वाला उसके पास यह सुझाव लेकर आया, "यदि तू परमेश्वर का पुत्र है, तो कह दे कि ये पत्थर रोटियाँ बन जाएँगी" (मत्ती 4:1-3)। निश्चित रूप से यह परमेश्वर की इच्छा नहीं हो सकती थी कि यीशु उस जंगल में भूख से मर जाएँ, ख़ासकर जब प्रभु के पास हालात को अपने हाथों में लेने और उसके कष्ट को दूर करने के साधन मौजूद थे! लेकिन यही तो उस पहले प्रलोभन का सार था—परमेश्वर से स्वतंत्र होकर कार्य करना, केवल परिस्थितियों के अनुसार प्रतिक्रिया करना।

मार्गदर्शन में दूसरा हिस्सा *आंतरिक* संकेत हैं — अर्थात् हमारे अपने विचार और भावनाएँ। आखिरकार, परमेश्वर ने हमें मस्तिष्क दिया है। जब हम परमेश्वर की इच्छा पर विचार करते हैं, तो सामान्य समझ को अलग नहीं रखना चाहिए। परमेश्वर चाहता है कि हम समझदारी से काम करें। हमारे रोज़मर्रा के अधिकांश निर्णय हम अपने विचारों और भावनाओं के आधार पर कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, केवल इसलिए कि कोई बात हमारी बुद्धि, स्वभाव, गुप्त इच्छाओं या सहज प्रवृत्तियों को आकर्षित करती है, इसका यह अर्थ नहीं कि उस प्रस्तावित कदम पर संदेह

किया ही जाए। जिस समय वर्ष का वह मौसम था, उस समय समुद्र में यात्रा प्रारंभ करने का जोखिम न लेने की सलाह देते हुए पौलुस ने अपने व्यापक अनुभव पर आधारित साधारण समझ का ही उपयोग किया था।

दमिश्क से टोकरी में बैठकर दीवार के पार भागना पौलुस के लिए सामान्य समझ थी, विशेषकर जब सभी फाटक इस उद्देश्य से निगरानी में थे कि उसके शत्रु उसे पकड़कर मार डालें (2 कुरिन्थियों 11:32-33)। परमेश्वर सामान्यतः तब चमत्कार नहीं करता, विशेषकर जब थोड़ा-सा विचार कोई वैकल्पिक मार्ग सुझा सकता हो। हमारी अपनी तर्कसंगत निष्कर्ष-क्षमता हमें सही निष्कर्ष तक पहुँचा सकती है। इन सब में दूसरों से परामर्श लेने का, सभी तथ्यों को जानने का भी एक महत्वपूर्ण स्थान होता है। हमारी अपनी भावनाओं से भी परामर्श किया जा सकता है, विशेष रूप से तब जब हम सुनिश्चित करें कि वे शुद्ध हैं। जिन्हें हम प्रतिदिन हज़ारों निर्णय लेने के लिए स्वाभाविक रूप से उपयोग करते हैं, वे सभी साधारण साधन भी इस प्रक्रिया का हिस्सा हैं—जब हम परमेश्वर की भली और भावती और सिद्ध इच्छा को समझने का प्रयास करते हैं।

लेकिन यहाँ भी, जैसे *बाहरी* संकेत कभी-कभी हमें भटका सकते हैं, वैसे ही *आंतरिक* संकेत भी कभी-कभी हमें गलत दिशा में ले जा सकते हैं। पौलुस ने राजा अग्रिप्पा के सामने स्वीकार किया कि अपने परिवर्तन से पहले के दिनों में वह "मन में यह समझता था कि मुझे नासरी यीशु के नाम के विरुद्ध बहुत-सी बातें करनी चाहिए" (प्रेरितों के काम 26:9)। 2 राजा 5:11 में कोढ़ी नामान के "देखो, मैं तो यह सोचता था…" की तुलना उसके बाद के इस कथन से करें—"देखो, अब मैं जान गया हूँ…" (2 राजा 5:15)।

यहोशू को लगा कि गिबोनियों के साथ संधि करना एक अच्छा विचार है, लेकिन वह गलत था। वह उन बातों से अनुचित रूप से प्रभावित हुआ जो देखने में ठोस और विश्वसनीय प्रमाण लग रही थीं। वह गलत था—और यदि उसने अपने "बाइबल" (अर्थात् प्रभु की आज्ञाओं) से सलाह ली होती, तो परमेश्वर उसे यह बता देता (यहोशू 9:3–27; निर्ग. 23:27–33)।

लूत ने सोचा कि यरदन की सिंचित तराइयों को चुनने का उसके पास उत्तम कारण मौजूद हैं (उत्प. 13:10–11), लेकिन वह भी गलत था। यदि उसने इस विषय पर प्रभु की इच्छा को खोजा होता, तो वह कभी उस दिशा में नहीं जाता (उत्प. 13:13)।

जब शैतान ने हव्वा को प्रलोभन दिया (उत्पत्ति 3:1–5), तब हव्वा ने उस बात को सुना जिसे वह तर्क और सामान्य बुद्धि की आवाज़ समझ रही थी। उसी प्रकार, आदम ने भी मूर्खतापूर्वक और विनाशकारी रूप से अपने हृदय की आवाज़ का अनुसरण किया (उत्पत्ति 3:6) और संपूर्ण मानव जाति को पाप में गिरा दिया। मन और हृदय दोनों ही गलत धारणाओं के प्रति संवेदनशील होते हैं। हमें विशेष रूप से उन दबावों पर संदेह करना चाहिए जो तुरंत निर्णय लेने के लिए हमें मजबूर करते हैं, बिना यह समय लिए कि हम प्रभु से उसके बारे में पूछ सकें।

ईश्वरीय मार्गदर्शन प्राप्त करने का तीसरा पहलू - *ऊपर से मिलने वाला* संकेत है। परमेश्वर अपनी वाणी के माध्यम से अपनी इच्छा हमें स्पष्ट करता है। लेकिन यहाँ भी हमें सावधान रहना चाहिए। बाइबल को यूँ ही कहीं से खोल देना, किसी भी पद पर उंगली रख देना, और इस प्रकार मार्गदर्शन पाने का प्रयास करना—यह परमेश्वर के प्रति भी और हमारी अपनी बुद्धि के प्रति भी अनादर है!

एक ऐसे व्यक्ति की कहानी अक्सर सुनाई जाती है जिसने अपने किसी ज़रूरी निर्णय के सामने यह "तरीका" आज़माया। उसकी उंगली इस पाठ पर पड़ी, "यहूदा बाहर गया और उसने खुद को फांसी लगा ली।" उसने सोचा कि उससे ज़रूर कोई गलती हुई होगी, इसलिए उसने फिर से कोशिश की। इस बार, उसे जो पद मिला, उसमें लिखा था, "जा और तू भी ऐसा ही कर!" उसने उस "मार्गदर्शन" को भी अस्वीकार कर दिया, और उसने फिर से कोशिश की। आखिरकार

जिस पद पर उसकी उंगली पड़ी, उसमें लिखा था, "जो करना है, जल्दी कर।" पवित्र शास्त्र के साथ इस तरह का "रूसी रूलेट" खेलना मूर्खता है।

हमें बाइबल निरंतर और व्यवस्थित रूप से पढ़ना चाहिए। हमें पदों पर उनके संदर्भ में मनन करना चाहिए और अपने भीतर परमेश्वर की "धीमी, कोमल आवाज़" को सुनने के लिए मन को खुला रखना चाहिए। परमेश्वर किसी शब्द, वाक्यांश, पद, खंड या सत्य को हमारे सामने बार-बार उभार सकता है। हमें उस छोटे शमूएल की तरह कहना चाहिए, "हे प्रभु, बोल, क्योंकि तेरा दास सुनता है" (1 शमू. 3:9)। तब, चाहे जल्द या देर से, परमेश्वर सीधे हमारी आवश्यकता से बात करेगा और अपनी इच्छा को स्पष्ट और संदेह रहित रूप में प्रकट करेगा। परन्तु उसके लिए समय चाहिए और पवित्र आत्मा के प्रति ग्रहणशीलता भी चाहिए। साथ ही, यह भी आवश्यक है कि जब परमेश्वर किसी बात को स्पष्ट करे, तो हम वही करने के लिए तैयार भी हों।

एक यात्री, जो जहाज़ पर सवार होकर बेलफास्ट बंदरगाह के निकट पहुँच रहा था, ने पायलट से पूछा कि वह कैसे जानता है कि जहाज़ सही मार्ग में है। पायलट ने जहाज़ के आगे दिखाई देने वाली तीन रोशनियों की ओर इशारा किया। उसने कहा, "जब मैं बंदरगाह के करीब पहुँचता हूँ, तो मुझे बस इतना करना होता है कि इन तीनों रोशनियों को एक सीध में ले आना है। जब ये एक सीध में आ जाती हैं, तो मैं जान जाता हूँ कि मैं जहाज़ को सुरक्षित अंदर ले जा सकता हूँ।"

हम भी लगभग इसी प्रकार दिव्य मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं। जब हमारी परिस्थितियाँ, हमारे भीतर का सुदृढ़ विचार, और परमेश्वर के वचन का हमारा अध्ययन—ये तीनों एक सीध में आ जाएँ, तो सामान्यतः हमारा मार्ग सुरक्षित होता है। इसलिए पौलुस ने प्रभु की अगुवाई की प्रतीक्षा की। उसने कहा, "अब हमारा परमेश्वर और पिता आप ही और हमारा प्रभु यीशु, तुम्हारे यहाँ आने में हमारी अगुआई करे" (1 थिस्सलुनीकियों. 3:11)। वह पछताने के बजाय सुनिश्चित होना चाहता था।

2. पौलुस और उसके प्रेम का प्रतिफल (3:12)

उधर, जब पौलुस थिस्सलुनीकियों से मिलने के लिए अनुकूल अवसर की प्रतीक्षा कर रहा था, उसने उन्हें यह उत्तम सलाह दी: "और प्रभु ऐसा करे कि जैसा हम तुम से प्रेम रखते हैं, वैसा ही तुम्हारा प्रेम भी आपस में और सब मनुष्यों के साथ बढ़े, और उन्नति करता जाए"

प्रेम! अगापे प्रेम! और अधिक अगापे प्रेम! बढ़ता हुआ अगापे प्रेम!

सभी विश्वासियों के प्रति बढ़ता हुआ अगापे प्रेम! सभी मनुष्यों के प्रति बढ़ता हुआ अगापे प्रेम! उसी प्रकार का बढ़ता और उमड़ता हुआ अगापे प्रेम जो उन्होंने स्वयं पौलुस से अनुभव किया था!

हम उस प्रकार के प्रेम को कभी भी अधिक मात्रा में नहीं पा सकते। हमारे पास बहुत अधिक धन अवश्य हो सकता है—और अत्यधिक धन अक्सर दुरुपयोग का कारण बनता है। बारबरा हटन के पास बहुत अधिक धन था। वह एफ. डब्ल्यू. वूलवर्थ की पोती थीं। बारह वर्ष की उम्र में ही उन्हें 2.5 करोड़ डॉलर की विरासत मिली (जो आज के समय में उससे कहीं अधिक मूल्य का होता)। लेकिन उसका धन उन्हें खुश नहीं कर सका—और न ही उसके सात पति। वह बीमारियों से ग्रस्त रहीं और अंततः दिल के दौरे से उसकी मृत्यु हो गई। अपने अंतिम वर्षों में वह एकांत में रहती थीं, अक्सर बिस्तर पर पड़ी रहती थीं, और जब उनका निधन हुआ, तब उसका वज़न मुश्किल से अस्सी पाउंड था। समाचार पत्रों ने उसे "बेचारी अमीर कंगाल लड़की" कहा। हमारे पास बहुत अधिक धन हो सकता है।

हमारे पास बहुत अधिक शक्ति भी हो सकती है। मकदूनिया के सिकन्दर के पास अत्यधिक शक्ति थी। अंततः वह चाहता था कि लोग उसकी उपासना एक देवता के रूप में करें। नीरो, नेपोलियन, हिटलर और स्टालिन के पास भी

अत्यधिक शक्ति थी। लॉर्ड ऐक्टन ने कहा था, “शक्ति भ्रष्ट करती है, और पूर्ण शक्ति पूर्णतः भ्रष्ट करती है।” शक्ति नशे की तरह होती है—यह मदिरा से भी अधिक मादक होती है।

शक्ति रखने वाले लोग सोचते हैं कि वे जो चाहें कर सकते हैं, बन सकते हैं और पा सकते हैं। कुछ ही चीज़ें शक्ति से अधिक आत्म-भ्रष्ट करने वाली, अहंकार को फुलाने वाली और आत्मा को नष्ट करने वाली होती हैं। कुछ मसीही लोग हमेशा परमेश्वर से शक्ति माँगते रहते हैं, लेकिन परमेश्वर इतना बुद्धिमान है कि वह उनकी यह प्रार्थना पूरी नहीं करता। इसके बदले, वह हमें अपना पवित्र आत्मा देता है—जो सामर्थ का आत्मा है (2 तीमुथियुस 1:7)। ऐसी शक्ति का भरोसा केवल पवित्र आत्मा पर ही किया जा सकता है।

हम शिक्षा भी बहुत अधिक प्राप्त कर सकते हैं। संसार की सारी शिक्षा किसी व्यक्ति को आवश्यक रूप से बुद्धिमान नहीं बनाती। इतिहास में कभी भी मनुष्य के पास आज जितना अधिक ज्ञान और जितनी कम बुद्धि रही है, वैसा पहले कभी नहीं रहा। संसार में लाखों चतुर लोग हैं, और उनमें से अधिकांश इतने चतुर हैं कि मसीह के पास आ ही नहीं पाते। हम आवश्यकता से अधिक विद्या भी प्राप्त कर सकते हैं। कई युवा कॉलेज जाते हैं और शैतानी रूप से चालाक, नास्तिक प्रोफेसरों के पास बैठते हैं जो धीरे-धीरे उनका विश्वास छीन लेते हैं और उन्हें वापस संसार में एक शिक्षित मूर्ख बनाकर भेज देते हैं, जो पूरी तरह दिशाहीन होता है; बिना आत्मिक सहारे, लंगर या पतवार के; और इस नास्तिक युग की हवाओं के साथ बहता चला जाता है।

पर हम कभी भी अगापे प्रेम को अधिक नहीं पा सकते जो इस ब्रह्मांड का सर्वोच्च प्रेम है, वही प्रेम जो स्वयं परमेश्वर के हृदय में धड़कता है (यूहन्ना 3:16)। इसका परमेश्वर के बाहर कोई स्पष्टीकरण नहीं है। परमेश्वर हमें हमारी सारी दयनीय और खोई हुई दशा में भी ऐसे प्रेम से प्रेम करता है जो समझ से परे है। इस्राएल की संतानों को यह समझाने की कोशिश में कि परमेश्वर उनसे क्यों प्रेम करता है, मूसा अंततः इस स्पष्टीकरण पर पहुँचा: "यहोवा ने जो तुम से प्रेम करके तुम को चुन लिया" (व्यव. 7:7–8 देखें)। प्रेम करना परमेश्वर का स्वभाव है। वह प्रेम मसीह के रूप में देहधारी हुआ (2 कुरि. 5:4; इफि. 2:4)। जैसा कि कवि थॉमस केली (1769–1854) ने लिखा है,

प्रेम जिसे कोई जीभ नहीं कह सकती,

प्रेम जिस तक कोई विचार नहीं पहुंच सकता,

उसके जैसा कोई और प्रेम नहीं!

परमेश्वर इसका धन्य स्रोत है,

मृत्यु कभी इसके मार्ग को रोक नहीं सकती,

कुछ भी इसकी शक्ति को रोक नहीं सकता,

यह अद्वितीय है।

मसीही जीवन में इस प्रकार का प्रेम आत्मा का प्रत्यक्ष फल है (गलातियों 5:22)। पौलुस ने खोए हुए लोगों और उद्धार पाए हुए लोगों—दोनों से इसी प्रकार के प्रेम से प्रेम किया। प्रेम सबकी भलाई की खोज करता है। वह किसी के प्रति पक्षपात नहीं करता, सहन किए गए अपमानों का कोई हिसाब नहीं रखता, और अद्भुत रूप से दयालु होता है। वह किसी का बुरा नहीं मानता, बल्कि सबके लिए भलाई करने के अवसर खोजता रहता है। मसीही प्रेम केवल भावनात्मक स्नेह (फिलियो) से कहीं अधिक बढ़कर है। प्रेम में भावनाएँ शामिल हो सकती हैं और अक्सर होती भी हैं, लेकिन अगापे प्रेम की आज्ञा दी गई है; इसलिए यह जितना भावनाओं और बुद्धि का विषय है, उतना ही इच्छा का कार्य भी है।

थिस्सलुनीके के लोग अपने शत्रुओं के हाथों, खासकर यहूदियों के हाथों, भयंकर सताव सह रहे थे (2:14)। वे जरूर बदला लेने के लिए प्रलोभित हुए होंगे। उनमें से कई ने बदला लेने की इच्छा रखी होगी और अपने शत्रुओं के प्रति घृणा की भावना रखी होगी। "उन्हें प्रेम से जीत लो" - यही पौलुस की उनके लिए सलाह थी। सताव का क्रोध से उत्तर देना आत्म-विनाशकारी और चरित्र को नष्ट करने वाला होता है। परमेश्वर ने पलटा लेना अपने लिए सुरक्षित रखा है, यह उसका अपना अधिकार है (रोमियों 12:19)। यहाँ भी, प्रभु यीशु हमारे सर्वोच्च उदाहरण हैं।

और प्रेरित पौलुस भी सब मनुष्यों के प्रति अगापे प्रेम का उदाहरण देने में अपने प्रभु से बहुत पीछे नहीं था! पौलुस को सबसे पहले पाप का बोध एक ऐसे मनुष्य को देखकर हुआ जिसके चेहरे पर स्वर्गदूत जैसा भाव था। वह मनुष्य स्तिफनुस था। तरसुस के शाऊल के रूप में, पौलुस ने स्तिफनुस से बहस करने की कोशिश की थी ताकि उसे यह समझा सके कि नासरी यीशु एक झूठा है और मसीही धर्म एक गलत पंथ है (प्रेरितों 6:8-9)। वह अन्य युवा कट्टर लोगों के साथ "किलिकिया के आराधनालय" (एशिया माइनर का प्रांत जिसका तरसुस राजधानी था) से जुड़ गया, और संभवतः स्तिफनुस पर झूठा आरोप लगाने और उसके विरूद्ध महासभा में गवाही देने के लिए झूठे साक्षी तैयार करने में भी शामिल था (प्रेरितों 6:13-15)।

निस्संदेह, पौलुस स्तिफनुस के मुकदमे में उपस्थित था और "उसका चेहरा ऐसा देखा मानो स्वर्गदूत का चेहरा हो" (प्रेरितों 6:15)। निस्संदेह, उसने स्तिफनुस को उस क्रोधित सभा से यह कहते सुना कि वह "आकाश को खुला और मनुष्य के पुत्र को परमेश्वर के दाहिने खड़े हुए" देख सकता है (प्रेरितों 7:55-56)। वह निश्चित रूप से वहाँ उपस्थित था जब स्तिफनुस पर पथरवाह करके मार डाला गया। उसने उसे ऊँची आवाज़ में यह कहते सुना जब पत्थर उस पर बरस रहे थे, "हे प्रभु, यह पाप उन पर मत लगा।" (प्रेरितों 7:60)। उसे जीवन भर स्तिफनुस का चेहरा याद आता रहा होगा। वह महासभा के सामने अपनी ही गवाही देते हुए हमें यही बात स्पष्ट रूप से बताता हैं (प्रेरितों 22:19-20)।

3. पौलुस और उसके प्रभु का आगमन (3:13)

पौलुस फिर से अपने मुख्य विषय—मसीह के दूसरे आगमन—पर लौट आता है। वह चाहता था कि थिस्सलुनीके के लोग प्रभु के आगमन के संदर्भ में उसका उदाहरण अपनाएँ: "ताकि वह तुम्हारे मनों को ऐसा स्थिर करे कि जब हमारा प्रभु यीशु अपने सब पवित्र लोगों के साथ आए, तो वे हमारे परमेश्वर और पिता के सामने पवित्रता में निर्दोष ठहरें।" यहाँ "आए" के लिए जो शब्द है वह पारुसिया है।

हम पहले ही देख चुके हैं कि यह शब्द प्रभु की उपस्थिति को दर्शाता है—विशेष रूप से, भविष्यवाणी के संदर्भ में, प्रभु के आकाश में आने को (4:16–17) और मसीह के न्यायासन के सामने हमारे उनके सम्मुख प्रकट होने को, इससे पहले कि हम उसके साथ पृथ्वी पर उसके शत्रुओं का सामना करने के लिए लौटें।

मसीह के दूसरे आगमन से जुड़े तीन शब्द हैं: पारुसिया, जो प्रभु की उपस्थिति को बताता है; *एपिफनी*, जो प्रभु के स्वयं को प्रकट करने को बताता है—पहले कलीसिया के लिए (1 यूहन्ना 3:2; 2 तीमुथियुस 4:8) जो आकाश में पारुसिया का एक भाग है, और फिर बाद में संसार के लिए (2 थिस्सलुनीकियों 2:17), जो तब तक विलंबित है जब तक कि *अपोकैलिप्स*, प्रभु की महिमा का प्रकटीकरण (2 थिस्सलुनीकियों 1:7) न हो। इस सत्य का एक चित्रात्मक उदाहरण हमें बाल-राजा योआश की कहानी में मिलता है। उसे पहले सात वर्षों तक मन्दिर में छुपाकर रखा गया था और वहाँ, मन्दिर के गुप्त और पवित्र हिस्से में, उसे याजकों और अगुवों के सामने प्रकट किया गया। उसके बाद उसे बाहर लाया गया और ऐसी जगह दिखाया गया जहाँ हर कोई उसे देख सके (2 इतिहास 23:3, 11)। इस प्रकार, योआश के दो प्रगटीकरण थे—जैसे हमारे प्रभु के भी दो एपिफ़नियाँ होंगी।

अंतकाल में होने वाली घटनाओं में पहला महान कार्य पारुसिया है। यह शब्द न केवल प्रभु यीशु के आने को दर्शाता है, बल्कि उसकी वास्तविक उपस्थिति को भी दिखाती है। यह पृथ्वी के निकट प्रभु की उपस्थिति की ओर संकेत

करता है—अर्थात् बादलों से घिरे हुए उसका “आकाश में आगमन” की तस्वीर है। भजनकार इसका भविष्यद्वाणी में इस प्रकार उल्लेख करता है: "वह स्वर्ग को नीचे झुकाकर उतर आया; और उसके पाँवों तले घोर अन्धकार था... उसने अन्धियारे को अपने छिपने का स्थान और अपने चारों ओर मेघों के अन्धकार और आकाश की काली घटाओं का मण्डप बनाया" (भजन 18:9, 11)।

यह दूसरे आगमन का पहला चरण है। प्रभु आकाश की सीढ़ियों से उतरता है। वह हमारे ग्रह के चारों ओर के क्षेत्र में आता है। वह पुकारता है, और मसीह में मरे हुए जी उठते हैं और जीवित संत उसके साथ आकाश की ओर उठाए जाते हैं। वे स्वर्ग के बादलों में मिलते हैं (प्रेरितों 1:9-11), और प्रभु अपने न्याय सिंहासन को बादलों के मंडप में स्थापित करता है। पारुसिया मसीह और उसकी कलीसिया की एक गुप्त मुलाकात है। भजनकार ने इसे "गुप्त" (उसका छिपने का स्थान), स्थिर ("उसका मंडप"), और अदृश्य (अंधकार में) कहा। प्रभु जैतून पर्वत की ढलान पर अपने चेलों की आश्चर्यचकित नज़रों के सामने प्रत्यक्ष रूप से स्वर्ग पर उठा लिया गया। फिर बादलों ने उसे ढक लिया, और वे उसे फिर नहीं देख पाए। वह “उसी रीति से फिर आएगा” (प्रेरितों 1:11)। अब यह प्रक्रिया उलटी होगी। पहले प्रभु उतरेगा—मनुष्यों की आँखों से अदृश्य, बादलों में छिपा हुआ; बाद में वह मनुष्यों की विस्मित आँखों के सामने प्रकट होगा, और वे उसे देखेंगे जिसे उन्होंने बेधा था—वह प्रत्यक्ष रूप से, शरीर सहित, अपने संतों के साथ पृथ्वी की ओर उतरता हुआ दिखाई देगा (प्रका. 1:7; 19:11-21) ताकि अपने शत्रुओं का न्याय करे। इनके बीच का समय पारुसिया कहलाता है।

पारुसिया वास्तव में एक महत्वपूर्ण अंतराल है। मेघों पर उठाए गए पवित्र लोग बादलों से घिरे हुए प्रभु से आकाश में मिलेंगे (4:17)। यही हमारा पुनर्मिलन है। यह न तो स्वर्ग में होगा और न ही पृथ्वी पर, बल्कि मध्य आकाश में होगा। पुराने नियम का भविष्यद्वक्ता भी इसका एक क्षणिक और आश्चर्यभरा दर्शन पाता है: “ये कौन हैं जो बादल के समान, अपने दरबों की ओर उड़ते हुए कबूतरों के समान चले आते हैं? (यशा. 60:8)।

एक अर्थ में, पारुसिया हमारा जहाज है, तूफान के समय हमारा एक सुरक्षित स्थान है। भजनकार ने लिखा, "तू उन्हें दर्शन देने के गुप्तस्थान में मनुष्यों की बुरी गोष्ठी से गुप्त रखेगा; तू उनको अपने मण्डप में झगड़े–रगड़े से छिपा रखेगा" (भजन 31:20)। यह सच्ची कलीसिया का स्वर्गीय छिपने का स्थान है, जहाँ हमें विपत्ति के समय न्याय से सुरक्षित रखा जाएगा। इस गुप्त शरणस्थल के विरुद्ध मसीह-विरोधी क्रोध और निन्दा करेगा: "उसने परमेश्वर की निन्दा करने के लिये मुँह खोला कि उसके नाम और उसके तम्बू अर्थात् स्वर्ग के रहनेवालों की निन्दा करे" (प्रकाशितवाक्य 13:6)।

बादल में प्रभु की उपस्थिति उसके न्यायालय के खुलने का संकेत है। वह अपने लोगों के जीवन का वह मूल्यांकन आरम्भ करता है जिसे हम मसीह के न्यायासन से जोड़ते हैं (रोमियों 14:10; 1 कुरिन्थियों 3:10–15; 2 कुरिन्थियों 5:10)। वास्तव में, न्याय परमेश्वर के घर से ही आरम्भ होता है (1 पतरस 4:17)। इस महान न्याय-समारोह में प्रभु के लोगों के कार्यों की जाँच होगी—जहाँ आवश्यकता होगी, वहाँ पुरस्कृत किया जाएगा या ताड़ना दी जाएगी। कुछ विश्वासियों को उसके सामने खाली हाथ उपस्थित होना पड़ेगा, और उसके जीवन के कार्य लकड़ी, घास और फूँस की तरह धुएँ में बदलते दिखाई देंगे। अन्य लोग सोना, चाँदी और बहुमूल्य पत्थर उसके चरणों में रखने के लिए ले आएँगे। दुल्हन के सभी दाग, धब्बे और झुर्रियाँ दूर कर दी जाएँगी। प्रतिफल दिए जाएँगे, और आने वाले राज्य में प्रत्येक व्यक्ति की स्थिति निर्धारित की जाएगी। याद रखें कि यह न्यायासन है, दया का सिंहासन नहीं। यह एक गंभीर घटना होगी। और यह हर विश्वासियों के लिए निश्चित है।

न्यायासन की समीक्षा की अवधि बताई नहीं गई है। न ही हमें उसकी प्रक्रिया बताई गई है। लूका 19 में “दीनार” के दृष्टांत से पता चलता है कि यह प्रक्रिया तत्काल नहीं हो सकती, परंतु यह चमत्कारिक रूप से तेज़ अवश्य की जा सकती है। अन्यथा, इसमें बहुत लंबा समय लग जाएगा, क्योंकि इसमें लाखों लोग सम्मिलित होंगे। समय, विशेषकर

जब वह परमेश्वर से संबंधित होता है, हमारे समय से बिल्कुल भिन्न स्तर पर चलता है। एक बात तो यह है कि परमेश्वर अनन्त वर्तमान में निवास करता है (निर्गमन 3:14), जबकि हम अपना जीवन एक-एक क्षण करके जीते हैं।

कुछ हद तक, कम से कम, मसीह का पारुसिया (आगमन) मसीह-विरोधी के पारुसिया (2 थिस्सलुनीकियों. 2:9) के साथ-साथ चलता है। जब हम आनेवाले राज्य के लिए तैयार किए जा रहे होंगे, तब पृथ्वी पर प्रलय-पूर्व और सदोम जैसे पाप अपने चरम पर होंगे (लूका 17:26-37)। अधर्म की बढ़ती लहर स्वर्ग से उतरने वाले परमेश्वर के न्यायों से टकराएगी। मसीह-विरोधी प्रकट होगा, यूरोप पर नियंत्रण कर लेगा, रोमी साम्राज्य को पुनर्जीवित करेगा, इस्राएल के साथ अपना सात-वर्षीय संधि करेगा, यरूशलेम में यहूदी मन्दिर के निर्माण पर अपनी स्वीकृति देगा, इस्राएल के शत्रुओं का सामना करेगा, संसार पर अधिकार कर लेगा, महान क्लेश की शुरुआत करेगा, और हरमगिदोन की ओर बढ़ेगा। इन सब में समय लगेगा।

इसी बीच, आकाश में पारुसिया जारी रहेगी। न्याय सिंहासन विवाह भोज की तैयारी करेगा, और पृथ्वी पर हरमगिदोन के युद्ध के लिए मंच तैयार होगा। दोनों पारुसिया समाप्त हो जाएँगी। बादल हट जायेंगे, और हर आँख लौटकर आने वाले मसीह की ज्वलंत महिमा को देखेगी। "क्योंकि जैसे बिजली पूरब से निकलकर पश्चिम तक चमकती है, वैसा ही मनुष्य के पुत्र का आना (पारुसिया) होगा" (मत्ती 24:27)। वह मसीह-विरोधी को रोक देगा, "उसे नष्ट कर देगा" (अनालिस्को), और वास्तव में, "अपने आने (पारुसिया) की ज्योति (एपिफनेइया, 'चमक, प्रगट होना') से" जैसा पौलुस बाद में कहता है (2 थिस्सलुनीकियों 2:8)। "उस समय धर्मी अपने पिता के राज्य में सूर्य के समान चमकेंगे" (मत्ती 13:43)। प्रभु के पाँव जैतून के पहाड़ पर टिकेंगे, जो तुरंत ही दो भागों में विभाजित हो जाएगा (जकर्याह 14:4)।

अधूरी भविष्यद्वाणी अभी भी कलीसिया के उठाए जाने की प्रतीक्षा कर रही है, जो इसकी पूर्ति को तेज़ करने का कारण होगा। पैन्टन कहते हैं, "हमारे और परमेश्वर के बुलावे के बीच कुछ नहीं है; कोई पूर्व-संकेत, कोई चेतावनी, कोई संकेत, कोई भी भविष्यद्वाणी नहीं। बार-बार हमारा प्रभु अपने आने की तुलना चोर के आने से करता है, जिससे हमारी हमेशा की जागरूकता ज़रूरी होती है... कोई चोर अपने आने की चेतावनी नहीं देता...."[2]

तब पारुसिया में, मसीह के न्यायासन की परीक्षा भी शामिल है। पौलुस ने इस तथ्य को कभी नज़रअंदाज़ नहीं किया। यही बात यहाँ (3:13) थिस्सलुनीकियों को स्थिरता और पवित्रता के जीवन की ओर प्रोत्साहित करने का उसकी प्रेरणा थी।

मेरे एक उपदेशक मित्र कुछ वर्ष पहले लुईज़ियाना से होकर गाड़ी चला रहा था, जहाँ दूर-दूर तक फैले विशाल कपास के खेत थे। वह तौलने वाले स्टेशन और कपास से भरे वैगनों के पास से गुजर रहा था। मौसम बहुत गर्म था, हालाँकि सूरज अभी-अभी डूबा था और दिन पश्चिम में ढल रहा था। उसने काले लोगों के एक छोटे से परिवार—एक पिता और उसके परिवार—को खेत से आते हुए देखा। उन्होंने कतार के अंत तक कपास चुनी थी और अब अपने भरे हुए कपास के बोरों को तौलने के लिए स्टेशन की ओर आ रहे थे। पिता एक बहुत ही भारी-भरकम व्यक्ति थे, जिनकी लंबाई छह फुट से भी अधिक थी। उन्होंने कोई कमीज़ नहीं पहनी थी, केवल खाकी रंग की एक पैंट पहने हुए थे। उनकी काली त्वचा पसीने से चमक रही थी। उनके कंधे पर कपास का एक बोरा लटका था, जिसका वजन कम से कम सौ पाउंड या उससे भी अधिक रहा होगा। जब मेरे मित्र ने उस कतार की ओर पीछे मुड़कर देखा, तो वे दूसरे लोगों को भी उसके पीछे आते हुए देख सकते थे। उस व्यक्ति और उसके परिवार के अलावा वहाँ हर तरह के कपास चुनने वाले लोग थे—नाटे, लंबे, छोटे-बड़े, युवा और बूढ़े।

उपदेशक ने अतीत के महान पुरुषों के बारे में सोचना शुरू किया—प्रेरित पौलुस, मार्टिन लूथर, डी. एल. मूडी, स्पर्जन, फिन्नी—वे पुरुष जिन्होंने हजारों को उपदेश दिया था। उस समय मेरा उपदेशक मित्र एक युवा व्यक्ति था, जो अभी-अभी अपनी सेवकाई में आया था। वह अपनी तुलना अतीत के उन महान उपदेशकों से करता और स्वयं को उनसे कमतर पाया।

उसने एक बार फिर लंबी कपास की कतारों की ओर देखा। कपास चुनने वाले उसे अतीत के महान आत्माओं को जीतने वालों का प्रतीक लगे—वे लोग जिन्होंने परमेश्वर के लिए खेत की फसल काटी थी। जब वह देख रहा था, तो उसने कतार के बिल्कुल अंत में, बाकी लोगों से बीस-तीस गज पीछे, एक छोटे से काले लड़के को देखा। उसकी ऊँचाई तीन फुट से ज़्यादा नहीं रही होगी। उसके पास एक छोटा-सा कपास का थैला था, जो किसी पुराने आटे की बोरी से बनाया गया था, जिसमें लगभग पाँच पाउंड कपास भरी हुई थी। उपदेशक उसे वहाँ पीछे उछलते-कूदते हुए चलते देख सकता था। वह भी पूरे दिन तेज़ धूप में बाहर रहा था। वह भी मेहनत कर रहा था—उतनी ही मेहनत जितनी आगे चल रहे उस बड़े आदमी ने की थी।

युवा उपदेशक ने अपना सिर झुका लिया। उसने कहा, "हे प्रभु, मैं शायद कभी जोनाथन एडवर्ड्स या बिली संडे नहीं बन पाऊँ। मैं केवल एक युवा उपदेशक हूँ, पर मैं उस छोटे लड़के की तरह बनना चाहता हूँ। मैं लगातार मेहनत करना चाहता हूँ। मैं जो कुछ कर सकता हूँ करना चाहता हूँ और जब मैं आकाश में तौलने के स्थान पर पहुँचूँ, तो मेरे पास यीशु के लिए अपने थैले में कुछ हो।"

जब सूरज डूब जाएगा और हम न्यायासन पर पहुँचेंगे, तब हम सब वहाँ होंगे। हम सब अंत में शामिल होंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दिन की गर्मी और बोझ में भी विश्वासयोग्य बने रहना है और यीशु के चरणों में रखने के लिए अपने थैले में कुछ होना चाहिए।

भाग 5.

प्रभु का आगमन : एक सशक्त करने वाला सत्य

1 थिस्सलुनीकियों 4:1-18

क. हमारी महान संभावना (4:1-2)

पौलुस के पारुसिया (प्रभु के आगमन) के विचार कुछ व्यावहारिक शिक्षाओं में बदल जाते हैं। वह हमारे सामने हमारी *महान संभावनाएँ* (4:1-2), हमारी *नैतिक पवित्रता* (4:3-8), हमारी *मापी गई प्रगति* (4:9-10), हमारा *स्पष्ट उद्देश्य* (4:11-12), और एक नए महान प्रकाशन के रूप में हमारे *महिमामय भविष्य* (4:13-18) को रखता है।

पौलुस हमें हमारी महान संभावनाओं की याद दिलाता है कि हम मसीही होकर क्या कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, उसने थिस्सलुनीकियों को याद दिलाया कि उन्हें *क्या सौंपा गया था*: "इसलिए हे भाइयो, हम तुम से विनती करते हैं, और प्रभु यीशु में समझाते हैं, कि जैसे तुम हम से ग्रहण कर चुके हो, कि तुम्हें कैसा चाल चलना और परमेश्वर को कैसे प्रसन्न करना चाहिए, वैसे ही और भी बढ़ते जाओ" (4:1)।

पौलुस थिस्सलुनीके में इतना समय रुका था कि उसने कई लोगों को उद्धार पाते देखा और अपने नए मन-परिवर्तित विश्वासियों को मसीही जीवन की मूलभूत बातें सिखा सके। उसने उन्हें यह सिखाया कि मसीही होने के नाते *उन्हें क्या विश्वास करना चाहिए*, और यह भी कि मसीही होने के नाते उन्हें *कैसे व्यवहार करना चाहिए।* उसने उन्हें अन्तकाल-शास्त्र (एस्कैटोलॉजी) भी सिखाया—जो शायद हम दैनिक मसीही जीवन को बनाए रखने के लिए अत्यावश्यक विषय न मानें। परन्तु पौलुस का विचार इससे भिन्न था। मसीह के दूसरे आगमन के विषय में सत्य एक पवित्र जीवन जीने के लिए प्रेरणा देने हेतु है (1 यूहन्ना 3:3); यह मसीही चरित्र और दृढ़ विश्वास के विकास का एक आवश्यक और अभिन्न अंग है। प्रभु के शीघ्र लौटने की आशा तथा न्यायासन पर डाँटे जाने या प्रतिफल पाए जाने की संभावना हमें धार्मितापूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित करनी चाहिए।

हम यह भी निश्चित रूप से मान सकते हैं कि उन्होंने उन्हें वही मूल बातें सिखाई होंगी जो हमें उनकी अन्य पत्रियों में मिलती हैं। शायद उसने रोमियों में लिखी बातों से शुरुआत की—*उद्धार का सत्य*—जिसमें वह उन्हें सुसमाचार के सिद्धांत, समस्याएँ और अभ्यास दिखाता है।

वे उन्हें कुरिन्थियों में दर्ज बातों के मूल सिद्धान्त भी सिखाता—*पवित्रता का सत्य*—उन्हें विभाजनों, अव्यवस्थाओं, कठिनाइयों और यहाँ तक कि अविश्वास के बारे में चेतावनी देता, जो किसी भी स्थानीय कलीसिया को प्रभावित कर सकता है। विवाह और भोजन के संबंध में उसका व्यक्तिगत चाल-चलन, तथा प्रभु भोज और भाषा-वरदान के विषय में उसकी सार्वजनिक आराधना—इन सबकी वह समीक्षा करवाता था।

वह उनके सामने उन महान सिद्धान्तों को भी रखता, जो अब गलातियों में दर्ज हैं—*अलगाव का सत्य*—उन्हें एक ओर विधिवाद और दूसरी ओर बुराई, दोनों से सावधान करता।

वह उनके साथ इफिसियों में पाए जाने वाले सत्य की भी समीक्षा करता—*उन्नत सत्य,* जो कलीसिया के बारे में है—एक देह, एक भवन, और एक दुल्हन के रूप में।

वह उन्हें फिलिप्पियों का सत्य भी सिखाता—*उत्तेजक सत्य,* जो कष्टों, बलिदान, सेवा और बीमारी में आनन्द से संबंधित है।

वह उन्हें कुलुस्सियों में पाए जाने वाले सत्य भी समझाता—*गंभीर सत्य*—मसीह के बारे में, भटकाने वाले पंथ के बारे में, और मसीही के बारे में।

वह उन्हें इब्रानियों में छिपी सच्चाई सिखाता—*पवित्रस्थान का सत्य*—कि यहूदी धर्म अब पुराना हो गया है और बेहतर बातों से बदला गया है क्योंकि हमारे पास एक उत्तम उद्धारकर्ता, उत्तम बलिदान, उत्तम पवित्रस्थान, उत्तम सुरक्षा, उत्तम प्रवक्ता और उत्तम समाज है।

अब वह उन्हें लिख सकता था कि उन्होंने उससे और सीलास से क्या सीखा था। हम मान सकते हैं कि उसने उन्हें सिखाया कि पुराने नियम के शास्त्रों का अध्ययन कैसे कलवरी और मसीह के दोनों आगमनों के प्रकाश में करना है। उसने उन्हें यह भी सिखाया था कि "सत्य के वचन को ठीक रीति से काम में" कैसे लाना है (2 तीमुथियुस 2:15)।

भले ही उसे समय न मिला हो कि पूरी पवित्रशास्त्रीय शिक्षा दे, लेकिन उसने उन्हें इतना सिखाया था कि वे ऐसे चल सकें कि परमेश्वर को प्रसन्न करें। वे उस बात के लिए उत्तरदायी थे जो उन्हें सौंपी गई थी। इसलिए पौलुस लिख सकता था, "इसलिये हे भाइयो, हम तुम से विनती करते हैं और तुम्हें प्रभु यीशु में समझाते हैं।" "विनती" के लिए मूल रूप से प्रयुक्त शब्द पराकालेओ है, जिसका उपयोग किसी भिखारी के द्वारा भीख माँगने के लिए किया जाता है। "समझाते" के लिए प्रयुक्त शब्द एरोताओ है, जिसका शाब्दिक अर्थ है किसी को अलग ले जाकर उससे आग्रह या अपील करना। पौलुस कहता है, "हम तुमसे बिनती भी करते हैं और आग्रह भी,"—इस प्रकार वह मसीही जीवन को जीने के सर्वोच्च महत्व पर जोर देता है।

वह थिस्सलुनीकियों को यह भी स्मरण दिलाता है कि उन्हें *क्या आज्ञाएँ दी गई थीं*: "क्योंकि तुम जानते हो कि हम ने प्रभु यीशु की ओर से तुम्हें कौन कौन सी आज्ञा पहुँचाई" (4:2)। कुछ मसीही ऐसे प्रतीत होते हैं कि वे केवल उद्धार प्राप्त होने के साधारण तथ्य से ही संतुष्ट हैं। उन्हें ऐसा लगता है कि मानो यह बात कभी उनके मन में उभरी ही नहीं कि मसीही जीवन के साथ आज्ञाएँ भी जुड़ी होती हैं। उनका विचार होता है कि जब तक वे उद्धार पाए हुए हैं, बस वही काफ़ी है; बाकी सब कुछ मानो वैकल्पिक हो। वे सोचते हैं कि मसीही बपतिस्मा लेना या प्रभु भोज में सहभागी होना उनके अपने मन पर निर्भर है। वे समझते हैं कि परमेश्वर के वचन को मन लगाकर पढ़ना और अध्ययन करना भी वैकल्पिक है। उनका मानना होता है कि अपनी आमदनी का एक भाग प्रभु के काम के लिए अलग रखना भी

वैकल्पिक है; स्थानीय कलीसिया की सभाओं में उपस्थित होना, मसीही भक्ति और अनुशासन का जीवन बनाए रखना, दूसरों को प्रभु के लिए जीतने का प्रयास करना—ये सब व्यक्तिगत पसंद के विषय हैं। वे यहाँ तक मान लेते हैं कि अपनी पत्नियों से वैसे प्रेम करना जैसे मसीह ने कलीसिया से प्रेम किया, और अपने परिवारों को मसीह के भय और शिक्षण में बढ़ाना—ये भी उनके मन की इच्छा पर निर्भर बातें हैं।

ये बातें बिल्कुल वैकल्पिक नहीं हैं; ये खास तौर पर नये नियम की पत्रियों में आज्ञा के रूप में दी गई हैं। ये सच्चे विश्वास के हिस्से हैं, जो मसीह में विश्वास करने के साथ आने वाले कर्तव्य हैं। ये पवित्र जीवन जीने के लिए परमेश्वर द्वारा दिए गए साधन हैं। इन बातों को करना हमारा कर्तव्य है। हम इन्हें इसलिए नहीं करते कि हम व्यवस्था के अधीन हैं, बल्कि इसलिए करते हैं कि हम अनुग्रह के अधीन हैं। हम इन्हें इसलिए नहीं करते कि हमें करना ही पड़ेगा, बल्कि इसलिए करते हैं कि हम करना चाहते हैं।

ख. हमारी नैतिक पवित्रता (4:3-8)

1. अनैतिकता परमेश्वर पिता के विरुद्ध एक पाप है (4:3-5)

क. पवित्रीकरण की आवश्यकता (4:3)

थिस्सलुनीके से लौटने पर, शायद तीमुथियुस ने निजी रूप से पौलुस को बताया कि थिस्सलुनीके के मसीहियों में अब भी कुछ अनैतिकता मौजूद थी। यूनानी संस्कृति में हर तरह के यौन पाप को सामान्य रूप से स्वीकार किया जाता था। यह विचार कि कोई भी विवाह के बाहर का यौन संबंध गलत है, यूनानी सोच के लिए बिल्कुल नया था। वहाँ साफ़ दोहरा मापदंड था। पत्नियों से अपेक्षा की जाती थी कि वे शुद्ध रहें, बच्चों को जन्म दें और घर को संभालें। लेकिन विवाहित पुरुष अपनी इच्छा के अनुसार कुछ भी कर सकते थे। वे अन्य पत्नी रख सकते थे, रखेलियाँ रख सकते थे और वेश्याओं के पास जा सकते थे, और समाज इसे पूरी तरह स्वीकार करता था। सामान्य नैतिकता में कभी भी विवाहेतर संबंध, समलैंगिकता, या विवाह-पूर्व एवं विवाहेत्तर यौन संबंधों में लिप्त होना कोई गलत बात नहीं माना जाता था।

वेश्यावृत्ति कानूनी थी, और राज्य वेश्यालयों से कमाया गया पैसा अक्सर मंदिर बनाने में लगाया जाता था। हमारी अपनी सामाजिक सोच भी जल्दी-जल्दी प्राचीन यूनान जैसी बनती जा रही है। पौलुस की अनैतिकता के विरूद्ध चेतावनी आज भी उतनी ही ज़रूरी है जितनी उस समय थी, और यह हमारी पीढ़ी को उतनी ही अजीब लगती है जितनी शुरुआती यूनानी विश्वासियों को लगती थी। यौन पाप अब कलीसिया में बार-बार दिखने लगे हैं, जैसे वे थिस्सलुनीके की कलीसिया में दिखाई देते थे।

इसलिए पवित्रीकरण की शिक्षा की ज़रूरत है: “क्योंकि परमेश्वर की इच्छा यह है कि तुम पवित्र बनो: अर्थात् व्यभिचार से बचे रहो।” यौन पवित्रता पवित्रीकरण की पूरी परिभाषा नहीं है, लेकिन यह उसका बहुत ज़रूरी हिस्सा है।

हम सब मसीह में *अपनी स्थिति के कारण* स्थानिक पवित्रीकरण का आनंद उठाते हैं (1 कुरिन्थियों 1:2)। नये नियम में सभी विश्वासियों को “पवित्र लोग”—यानी “पवित्र किए गए लोग”—कहा गया है। हमें अपने प्रयास और आत्मसंयम से पवित्र होने की कोशिश नहीं करनी पड़ती। हम नए जन्म के द्वारा उसमें पैदा हुए हैं। पौलुस कहता है कि यीशु मसीह हमारे लिए धार्मिकता और पवित्रीकरण दोनों ठहराया गया है (1 कुरिन्थियों 1:30)। पवित्रीकरण का सरल अर्थ यह है कि हम परमेश्वर के लिए अलग किए गए हैं।

इसका दूसरा हिस्सा *व्यावहारिक* पवित्रीकरण है—परमेश्वर चाहता है कि हम, उसके संतानों के रूप में, अपने आप को बुरी बातों और बुरे व्यवहारों से अलग करें। यह कुछ ऐसा है जिसे हमें सीखना और लगातार करते रहना होता

है। यह एक सीखी हुई आदत है। यह हममें वास करने वाले पवित्र आत्मा की सामर्थ्य से ही संभव होता है (2 थिस्सलुनीकियों 2:13)।

“व्यभिचार से बचे रहो,” पौलुस कहता है। एक मसीही को हर तरह की यौन अशुद्धता से दूर रहना चाहिए। यूनानी शब्द पोर्निया का अर्थ - हर तरह के अवैध यौन संबंध हैं। इसमें वेश्याओं से संबंध रखना, परस्त्रीगमन और विवाह-पूर्व यौन संबंध भी शामिल हैं। नये नियम की नैतिकता विवाह संबंध के बाहर किसी भी प्रकार की यौन लिप्तता पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग करती है।

परिवार को नष्ट करनेवाला, स्वास्थ्य को बिगाड़नेवाला और आत्मिक जीवन को कमजोर करनेवाला इससे बड़ा पाप कोई और नहीं है। पवित्र आत्मा चेतावनी देता है: “विवाह सब में आदर की बात समझी जाए, और विवाह–बिछौना निष्कलंक रहे, क्योंकि परमेश्वर व्यभिचारियों, और परस्त्रीगामियों का न्याय करेगा” (इब्रानियों 13:4)। हमारा आधुनिक समाज टेलीविजन, विज्ञापन, अश्लील सामग्री और गलत चीज़ों की बढ़ती स्वीकृति के कारण अपनी बुराई के चरम पर पहुँच गया है। अब यह सामान्य हो गया है कि लोग विवाह की प्रतिज्ञाओं की परवाह किए बिना दूसरों के साथ रहते हैं। संसार के तरीके अब कलीसिया में भी आ गए हैं। कभी यौन पाप में पकड़े जाना बदनामी की बात थी, और कलीसिया अपराधियों को खुलकर अनुशासित करती थी। अब यह कम ही देखने को मिलता है। अब समय आ गया है कि हम पवित्र आत्मा द्वारा निर्धारित मानदंड की ओर लौट आयें।

ख. अधीनता की आवश्यकता (4:4)

पौलुस इस आज्ञा के साथ एक टिप्पणी भी जोड़ता है: “और तुम में से हर एक पवित्रता और आदर के साथ अपनी पत्नी को प्राप्त करना जाने,” अर्थात् विश्वासियों को अपने शरीर पर नियंत्रण रखना सीखना चाहिए। इसे शुद्ध रखना चाहिए। कुछ विद्वान मानते हैं कि यहाँ *पात्र* शब्द का अर्थ मनुष्य की पत्नी से है। किसी भी स्थिति में, हर विश्वासी को आत्मसंयम रखना चाहिए और किसी भी तरह के यौन पाप में नहीं पड़ना चाहिए।

परमेश्वर यौन पाप को बहुत गंभीरता से देखता है। पुराने नियम का सबसे बड़ा उदाहरण दाऊद का है। बतशेबा के साथ उसके पाप ने उसे परमेश्वर की अप्रसन्नता के सामने ला खड़ा किया। उसके परिवार में हत्या और व्यभिचार की घटनाएँ बार-बार होने लगीं। उसका पुत्र अबशालोम ने अहीतोपेल (बतशेबा के दादा) की सलाह पर उसे सबके सामने अपमानित किया। दाऊद के कुछ पश्चातापपूर्ण और आँसुओं से भीगे हुए भजन उसके पाप ने उस पर जो मानसिक, नैतिक और आत्मिक बोझ डाला, उसे प्रकट करते हैं।

प्रभु चाहते हैं कि हम जीवन के इस हिस्से पर सख्त नियंत्रण रखें। जब प्रभु ने व्यभिचार में पकड़ी गई स्त्री को छोड़ दिया और उसे क्षमा कर दिया, तब भी उसने उसके पाप को स्वीकृति नहीं दी। उसके दयालु वचन “मैं भी तुझ पर दण्ड की आज्ञा नहीं देता” के बाद उसके गंभीर वचन आए: “जा, फिर पाप न करना” (यूहन्ना 8:11)।

ग. अलगाव की आवश्यकता (4:5)

पौलुस आगे विस्तार से कहता है: "और यह काम अभिलाषा से नहीं, और न उन जातियों के समान जो परमेश्वर को नहीं जानतीं।" हमें अपने शरीर को अपनी इच्छाओं को पूरा करने का साधन नहीं समझना चाहिए। पौलुस कहता है कि यह वही है जो गैर-विश्वासी करते हैं, जिन्हें परमेश्वर का कोई ज्ञान नहीं है। परमेश्वर को जानना — या दूसरे शब्दों में कहें तो, प्रभु यीशु को जानना — यही एक अंतर पैदा करता है। उसे जानने का अर्थ उससे प्रेम करना है; उससे प्रेम करने का अर्थ उसे प्रसन्न करने की चाहत रखना है। उसे प्रसन्न करने के लिए हमें अपने शरीर को शुद्ध रखना होगा।

कहीं और पौलुस इस प्रकार कहता है, "इसलिये हे भाइयो, मैं तुम से परमेश्वर की दया स्मरण दिला कर विनती करता हूँ कि अपने शरीरों को जीवित, और पवित्र, और परमेश्वर को भावता हुआ बलिदान करके चढ़ाओ। यही

तुम्हारी आत्मिक सेवा है" (रोमियों 12:1)। हम तीन हिस्सों से बने हैं। हम में से प्रत्येक के पास एक ऐसा शरीर है, जिसे हमारी इंद्रियों के माध्यम के रूप में कार्य करने के लिए बनाया गया है। शरीर से हम देख सकते हैं, सुन सकते हैं, सूंघ सकते हैं, स्वाद ले सकते हैं और महसूस कर सकते हैं। हम सबके पास एक प्राण है। हम सोच सकते हैं, महसूस कर सकते हैं और निर्णय ले सकते हैं। हम अपने आप को एक व्यक्ति के रूप में पहचानते हैं। हमारे पास अच्छे और बुरे को समझने के लिए एक विवेक भी है। हम अपनी इंद्रियों, अपनी बुद्धि, अपनी भावनाओं, अपनी इच्छा या अपने विवेक के द्वारा नियंत्रित हो सकते हैं। या फिर इन सबके मेल से नियंत्रित हो सकते हैं।

परमेश्वर ने हमें सिर्फ एक बुद्धिमान जानवर से कहीं अधिक बनाया है। उसने हमें एक आत्मा भी दी है, जो हमें परमेश्वर को जानने, प्रेम करने और उसकी आज्ञा मानने योग्य बनाती है। जानवरों को उनकी प्रवृत्ति (जन्मजात स्वभाव) नियंत्रित करती है; हमें परमेश्वर द्वारा नियंत्रित होना चाहिए। हमें इस उद्देश्य से रचा गया है कि परमेश्वर हमारे भीतर वास करे। मानव आत्मा को पवित्र आत्मा के निवास का स्थान होने के लिए बनाया गया था और इसे पूरी तरह पवित्र आत्मा के साथ सहयोग करना था।

लेकिन पतन ने यह सबकुछ बदल दिया। जब आदम ने पाप किया, तो पवित्र आत्मा ने मानव आत्मा को छोड़ दिया, जिससे मनुष्य परमेश्वर की योजना के अनुसार जीने की दैवीय दिशा और प्रेरणा से वंचित हो गया। हमारी खाली और तड़पती आत्मा परमेश्वर के बगैर कभी शांति नहीं पा सकती। लोग इस आंतरिक खालीपन को धर्म, शिक्षा, सुख, यौन संबंध, महत्वाकांक्षा, शक्ति, और मानवीय प्रेम से भरने की कोशिश करते हैं। "अन्यजाति जो परमेश्वर को नहीं जानते" वे खोए हुए हैं। वे आत्मिक रूप से मरे हुए हैं (1 कुरिन्थियों 2:14)।

जब हम मसीह को स्वीकार करते हैं, तब हम "नया जन्म पाए हुए," "आत्मा से जन्मे," "ऊपर से जन्मे" हुए (यूहन्ना 3:6-7) बन जाते हैं। पवित्र आत्मा फिर से हमारे भीतर वास करने लगता है (1 कुरिन्थियों 3:16-17) ताकि हम फिर से पवित्र आत्मा की भरपूरी का आनंद उठा सकें। यही पवित्र आत्मा का वास हमें यह सामर्थ देता है कि हम अपने शरीर को पवित्र रखें और यौन पाप से उसे अपवित्र न करें। क्योंकि हम परमेश्वर को जानते हैं, इस लिए हमारे आचरण के मापदंडों और अन्यजातियों के मापदंडों के बीच एक स्पष्ट और निश्चित विभाजन होना आवश्यक है।

पौलुस ने रोमियों को चुनौती दी कि वे अपने शरीर को परमेश्वर को समर्पित करें। उसने आगे जोड़ा, "इस संसार के सदृश न बनो; परन्तु तुम्हारे मन के नए हो जाने से तुम्हारा चाल–चलन भी बदलता जाए, जिससे तुम परमेश्‍वर की भली, और भावती, और सिद्ध इच्छा अनुभव से मालूम करते रहो" (रोमियों 12:2)। हमारे चारों ओर की दुनिया हम पर अपने मानदंड थोपना चाहती है। इसके बजाय, हमें परमेश्वर को भीतर से हमारे मन को बदलने की अनुमति देनी चाहिए।

2. अनैतिकता परमेश्वर के पुत्र के विरुद्ध एक पाप है (4:6)

यह पाप दंड के योग्य है: "इस बात में कोई अपने भाई को न ठगे, और न उस पर दाँव चलाए, क्योंकि प्रभु इन सब बातों का पलटा लेनेवाला है; जैसा कि हम ने पहले ही तुम से कहा और चिताया भी था।" परमेश्वर वह रेखा खींचता है जिसे हमें पार नहीं करना चाहिए। रेखा काफ़ी सरल है: विवाह के बाहर कोई यौन संबंध नहीं। इसे पार करना किसी को धोखा देने जैसा है। "अपने भाई को न ठगे" के लिए यूनानी मूल शब्द हुपरबैइनो है, जिसका शाब्दिक अर्थ है “ऊपर से कदम रखकर पार करना” या “सीमा का उल्लंघन करना।”

परमेश्वर ने हर उस पुरुष और स्त्री पर, जो किसी की अपनी पत्नी या पति नहीं है, “प्रवेश वर्जित” का संकेत लगा दिया है। उसने इससे भी अधिक किया है—उसने यह चेतावनी भी दे दी है: “सीमा-उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही की जाएगी।”

"दाँव चलाना" के लिए प्रयुक्त शब्द प्लियोनेक्तेओ है। इसका अर्थ है "अन्याय करना" या "अधिकार से अधिक लेना।" इसका भाव यह है कि कोई व्यक्ति एक निषिद्ध सीमा को पार कर रहा है—ऐसे क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है जिसके ऊपर स्पष्ट रूप से लिखा है: "प्रवेश निषिद्ध।"

"पलटा लेने वाला" के लिए प्रयुक्त शब्द एकिडिकोस है। यह उस व्यक्ति के लिए प्रयोग होता है जो किसी से दंड की माँग करता है। यह शब्द नये नियम में केवल एक और स्थान पर आता है—एक शासकीय हाकिम के संदर्भ में—जिसे पौलुस इस प्रकार वर्णित करता है: "क्योंकि वह तेरी भलाई के लिये परमेश्वर का सेवक है" (रोमियों 13:4)। प्रभु यीशु ही वह हैं जो परमेश्वर की नैतिक व्यवस्था का उल्लंघन करने वालों पर न्याय लागू करता है। परमेश्वर अपने लोगों के साथ कठोरता और गंभीरता के साथ-साथ भलाई और अनुग्रह से भी व्यवहार करता है (रोमियों 11:22)।

यौन पाप का दंड कठोर होता है। यह असहनीय अपराधबोध के रूप में प्रकट हो सकता है, जो पापी को सताता रहता है और उसके सभी वैध संबंधों को नष्ट कर देता है। यह उजागर होने और लज्जित होने के रूप में भी आ सकता है। यह यौन संबंधी रोगों—जैसे कि गुप्तरोग या एड्स—के रूप में भी प्रकट हो सकता है। यह इस रूप में भी हो सकता है कि व्यक्ति का अपना दुष्ट आचरण उसके बच्चों में भी पाया जाए। जिस व्यक्ति के साथ धोखा किया गया—जिसके पति या पत्नी को बहकाया गया—वह स्वयं बदला लेने को तैयार हो सकता है जिसके बहुत बुरे परिणाम हो सकते हैं। परन्तु प्रभु गंभीर चेतावनी देते हैं कि यौन पापों का दंड अवश्य दिया जाएगा। परमेश्वर के पास उस पापी को दंड देने के लिए साधनों—शारीरिक, मानसिक या आत्मिक—की कोई कमी नहीं है।

"जैसा कि हम ने पहले ही तुम से कहा और चिताया भी था," पौलुस थिस्सलुनीकियों को याद दिलाता है। "चिताया" के लिए प्रयुक्त शब्द डायमार्तुरोमाई है, जो सामान्य शब्द का एक प्रबल रूप है। इसका तात्पर्य हो सकता है—"हमने गम्भीरता से गवाही दी" या "हमने दृढ़ता से चेतावनी दी।" सबसे पहले यह शब्द उस धनी व्यक्ति ने प्रयोग किया जो अधोलोक की ज्वाला में पीड़ा से तड़प रहा था। उसने अब्राहम से विनती की कि लाज़र को उसके पाँच भाइयों के पास भेजा जाए: "मैं तुझ से विनती करता हूँ कि तू उसे मेरे पिता के घर भेज, क्योंकि मेरे पाँच भाई हैं; वह उनके सामने इन बातों की गवाही दे (डायमार्तुरोमाई या 'गंभीर चेतावनी दे'), ऐसा न हो कि वे भी इस पीड़ा की जगह में आएँ" (लूका 16:27–28)। इसी शब्द का प्रयोग पेंतेकुस्त के दिन पतरस द्वारा उस प्रयास को वर्णित करने के लिए किया गया है जब वह यहूदियों को पश्चाताप करने और मसीह को ग्रहण करने के लिए समझा रहा था। लूका लिखता है: "उस ने बहुत और बातों से भी गवाही (डायमार्तुरोमाई) दे देकर समझाया कि अपने आप को इस टेढ़ी (छली) जाति से बचाओ" (प्रेरितों के काम 2:40)। यौन पाप और उसका दंड ऐसी बात नहीं है जिसे हल्के में लिया जाना चाहिए।

3. अनैतिकता पवित्र आत्मा के विरुद्ध पाप है (4:7-8)

पौलुस अनैतिकता को इतनी गंभीरता से लेता है कि वह मानो इसके विरुद्ध चेतावनी देना बंद ही नहीं कर पाता। वह त्रितत्व के तीनों व्यक्तियों को इसके विरुद्ध साक्षी के रूप में बुलाता है। वह यहाँ इस बात को रेखांकित करता है...

वह यहाँ *संबंधित नियम* को रेखांकित करता है: "क्योंकि परमेश्वर ने हमें अशुद्ध होने के लिये नहीं, परन्तु पवित्र होने के लिये बुलाया है" (4:7)। परमेश्वर सब मनुष्यों को या तो "आदम में" या "मसीह में" देखता है (रोमियों 5:7)। आदम में, पतन की प्रकृति की गतिशीलता द्वारा नियंत्रित होकर हम एक *नष्ट हो चुकी स्वभाव* की आज्ञाओं का पालन करते हैं; बुलाहट की प्रकृति की गतिशीलता द्वारा नियंत्रित होकर हम एक *उद्धार प्राप्त स्वभाव* की आज्ञाओं का पालन करते हैं। हमारे नष्ट हुए स्वभाव का लक्षण *पाप* है; हमारे उद्धार पाए हुए स्वभाव का लक्षण *पवित्रीकरण*, शुद्धता है, क्योंकि परमेश्वर ने हमें अशुद्धता के लिए नहीं बुलाया। अशुद्धता वह है जो हमें हमारे *प्राकृतिक* जन्म के कारण विरासत में मिलती है, परन्तु परमेश्वर ने हमें *पवित्र होने के लिए* बुलाया है। यह वह है जो हमें हमारे नए जन्म के कारण विरासत में मिलता है। प्राकृतिक मनुष्य *घृणित बातों में* आनन्द लेता है; नया मनुष्य *सद्‌गुण* में आनन्द लेता है।

अपने दैनिक जीवन में तथा अपने चरित्र, आचरण और बातचीत में हम या तो पतन के परिणाम प्रकट करते हैं या बुलाहट के परिणाम। हमारे आदमिक स्वभाव के लिए पवित्र होना असम्भव है; मसीही स्वभाव के लिए अशुद्ध होना असम्भव है। मनुष्य का पतन या परमेश्वर की बुलाहट हमें नियंत्रित करती है, यह इस पर निर्भर करता है कि हम किस स्वभाव की आज्ञा मानते हैं (रोमियों 6:16–18)। निर्णय हमेशा हमारा ही होता है।

इसके बाद पौलुस इसमें *सम्मिलित विद्रोह* को रेखांकित करता है: "इस कारण जो इसे तुच्छ जानता है, वह मनुष्य को नहीं परन्तु परमेश्वर को तुच्छ जानता है..." (4:8क)। "तुच्छ जानता है" के लिए यूनानी शब्द "अथेतेओ" है। इसका अर्थ है हटाना, किनारे करना और अस्वीकार करना। इब्रानियों 10:28 में इसका अर्थ है "शून्य करना": "मूसा की व्यवस्था का न माननेवाला (अथेतेओ), बिना दया के मार डाला जाता है..." प्रभु ने इस शब्द का प्रयोग अस्वीकार के अर्थ में किया: "जो तुम्हारी सुनता है, वह मेरी सुनता है; और जो तुम्हें तुच्छ जानता है [अस्वीकार करता है, अथेतेओ] वह मुझे तुच्छ जानता है [अस्वीकार करता है]; और जो मुझे तुच्छ जानता है [अस्वीकार करता है] वह उसे तुच्छ जानता है [अस्वीकार करता है] जिसने मुझे भेजा" (लूका 10:16)। पौलुस की यौन पवित्रता पर शिक्षा को अस्वीकार करना हल्की बात नहीं है। जो भी विवाह के बन्धन के बाहर यौन संबंधों में शामिल होते हैं, वे अपने व्यवहार से यह दिखाते हैं कि वे परमेश्वर की यौन पवित्रता की मांग को अस्वीकार करते हैं। वे उसकी शिक्षा और चेतावनी को "शून्य कर देते हैं"। "यह मैं नहीं हूँ," पौलुस कहता है, "यह अन्य प्रेरित नहीं हैं, और यह मनुष्य नहीं है जिसे वे तुच्छ जानते हैं। यह परमेश्वर है जिसे वे तुच्छ समझते हैं।"

हमारा समाज—और काफी हद तक मसीही समुदाय भी—परमेश्वर के नैतिक पैमानों को व्यर्थ समझ चुका है। परिणामस्वरूप, अश्लीलता, विकृति, पतन और दुष्टता हमारे घरों को नष्ट कर रही है, हमारे जीवनों को बर्बाद कर रही है और हमारे राष्ट्र को भीतर से कमजोर कर रही है। यौन दुराचरण के हर रूप अनियंत्रित होकर फैल रहे हैं। बच्चे विवाह के बाहर पैदा हो रहे हैं। बाल शोषण, बड़े पैमाने पर तलाक, समलैंगिक कुकर्म, बलात्कार, व्यभिचार और नैतिक अराजकता निरंतर बढ़ती जा रही है। न्यायालय इसे नियंत्रित करने का बहुत कम या कोई भी प्रयास नहीं करते। कलीसिया भी दूसरी ओर देखने लगती है। परन्तु ये पाप अपने साथ अपना दण्ड भी लाते हैं। मानववादी झुकावों वाला मीडिया, जो समलैंगिक कुकर्म तक को खुली छूट देता है, परमेश्वर को भयभीत नहीं कर सकता। परमेश्वर उन उदारवादी कानूनों से घृणा करता है जो तथाकथित "वैकल्पिक जीवनशैली" को मान्यता देते हैं। सरकार, न्यायालय और यहाँ तक कि कलीसिया भी परमेश्वर की व्यवस्थाओं को तुच्छ मानती है। परन्तु परमेश्वर अपने वचन को स्थिर रखता है। विद्रोह अंततः अपना स्वयं का दण्ड लेकर ही आता है।

कुछ वर्ष पहले, मैं दो शिक्षित हिंदुओं को सुसमाचार समझाने का प्रयास कर रहा था। उनमें से एक ने उपहास करते हुए कहा, "तुम्हारा परमेश्वर इस संसार को रचने में बहुत खराब काम करता हुआ प्रतीत होता है। इन सब युद्धों, रोगों और गरीबी को ही देख लो।" मैंने हिंदू धर्म की गंदगी पर कोई टिप्पणी करने से स्वयं को रोके रखा। उस व्यक्ति ने तिरस्कार भरे स्वर में आगे कहा, "मैं स्वयं इस संसार को रचने और चलाने का काम तुम्हारे परमेश्वर से कहीं बेहतर कर सकता हूँ।"

मैंने उससे कहा, "मेरे मित्र, मान लो कि तुम अपने घर या दफ़्तर के लिए कोई महँगा और जटिल उपकरण खरीदते हो। उसके साथ निर्देशों की एक पुस्तक आती है। उस वस्तु पर एक बड़ा लाल लेबल स्पष्ट रूप से लगा होता है, जिसमें लिखा है: 'चेतावनी! हमेशा बटन "ए" को बटन "बी" से पहले दबाएँ; यदि आप इस चेतावनी की अनदेखी करते हैं, तो गंभीर क्षति होगी। ध्यान दें: निर्माता इसके परिणामस्वरूप होने वाली क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं है और आपकी वारंटी रद्द कर दी जाएगी।' ये निर्माता के निर्देश हैं। उसने इस वस्तु को बनाया है। वह इसकी विशेषताओं को जानता है। वह इसके प्रयोग और रखरखाव के लिए निर्देश देता है ताकि हमेशा सर्वोत्तम प्रदर्शन प्राप्त किया जा सके। वह यह भी चेतावनी देता है कि यदि उसके निर्देशों की अनदेखी की जाए, तो क्या नुकसान हो सकता है। "अब मान लो, तुम यह उपकरण खरीदते हो और चेतावनी को अनदेखा करते हो। तुम बटन "ए" से पहले बटन "ब" दबा

देते हो, और उपकरण हिंसक प्रतिक्रिया देता है। कमरा धुएँ और जलने की गंध से भर जाता है; मशीन लगभग पूरी तरह खराब हो जाती है। ऐसे में गलती किसकी होगी—तुम्हारी या निर्माता की?" वह तुरंत बात समझ गया, हालाँकि उसने गोलमोल जवाब देकर दूसरा तर्क शुरू कर दिया।

मनुष्य एक साधारण मशीन की तुलना में कहीं अधिक जटिल सृष्टि है। आदम और अदन की वाटिका के साथ एक चेतावनी भी दी गई थी: "भले और बुरे के ज्ञान के वृक्ष का फल मत खाना; नहीं तो इसका परिणाम मृत्यु और विनाश होगा।" इस आदेश को तोड़ने से मानवजाति को जो भयंकर नुकसान पहुँचा, वह हर जगह दिखाई देता है। जब हम प्रभु यीशु मसीह को ग्रहण करते हैं, तो उस क्षति का सबसे बुरा हिस्सा तुरंत ठीक हो जाता है। लेकिन देह का उद्धार अभी भविष्य की बात है। मरम्मत और पुनर्स्थापना के बाद, हम अब वह बन सकते हैं जो परमेश्वर चाहता है कि हम बनें। चेतावनी आज भी उतनी ही लागू होती है। अन्य बातों के साथ, परमेश्वर चेतावनी देता है: "अवैध यौन आचरण में मत पड़ो। यदि ऐसा करोगे, तो परिणाम बहुत बुरे होंगे।" हमें इस चेतावनी को गंभीरता से लेना चाहिए।

फिर, पौलुस इसमें *सम्मिलित तिरस्कार* को भी रेखांकित करता है: "वरन् परमेश्वर, जिसने हमें अपना पवित्र आत्मा भी दिया है" (4:8ख)। पवित्र आत्मा का वास विश्वास करनेवाले को पवित्र जीवन जीने में सक्षम बनाता है। अपनी अज्ञानता और अनुभवहीनता में, हम कभी-कभी उसे दुखी कर सकते हैं—वह हमें चेतावनी देगा। हम कभी-कभी फिसल सकते हैं—वह हमें चेतावनी देगा। परन्तु सावधान रहें कि हम ऐसा करना जारी न रखें। हम बहुत दूर तक जा सकते हैं।

बाइबल में इसका सबसे अच्छा उदाहरण शिमशोन है। वह इस्राएल का बलवान था, जन्म से नाज़ीर, परमेश्वर के लिए समर्पित और पवित्र आत्मा से भरा हुआ अभिषिक्त पुरुष था। वास्तव में, शिमशोन के संबंध में पवित्र आत्मा का उल्लेख अन्य सभी न्यायियों को मिलाकर भी अधिक बार किया गया है। परमेश्वर के आत्मा की सामर्थ में ऐसा कोई कार्य नहीं था जो शिमशोन नहीं कर सकता था। पलिश्ती उससे भय खाते थे।

परन्तु शिमशोन में एक घातक कमजोरी थी—स्त्रियाँ। वह स्त्रियों के साथ मूर्खतापूर्ण व्यवहार करता रहा। उसने स्त्रियों के कारण परमेश्वर की व्यवस्थाओं को तोड़ा। पवित्र आत्मा फिर भी धैर्यवान रहा, परन्तु शिमशोन लगातार अपनी राह पर चलता रहा। अंत में, पलिश्तियों ने उसकी कमजोरी को भाँप लिया। वे जानते थे कि कोई पुरुष उसे पराजित नहीं कर सकता—इसलिए उन्होंने एक स्त्री का उपयोग किया। शिमशोन—अंधा, बँधा हुआ, चक्की पर झुका हुआ, और पलिश्तियों द्वारा उपहास और तिरस्कार का पात्र बन गया—परमेश्वर की चेतावनी है। पवित्र आत्मा पवित्र है। परमेश्वर ने हमें पवित्र होने के लिए बुलाया है। जब हम यौन दुराचार द्वारा अपने शरीर—जो कि उसका मंदिर है—को अशुद्ध करते हैं, तो पवित्र आत्मा क्रोधित हो उठता है (1 कुरिंथियों 6:15–20)। इस विषय में उसके साथ किसी भी तरह की लापरवाही नहीं किया जाना चाहिए।

ग. हमारी मापी हुई प्रगति (4:9-10)

जब मसीही जीवन की बात आती है, तो "सब बातों का निचोड़" जैसा कि व्यापारी वर्ग के लोग कहते हैं—जिससे तात्पर्य लाभ-हानि विवरण और बैलेंस शीट के सबसे महत्वपूर्ण बिंदु से होता है—वह है प्रेम। पौलुस यहाँ *प्रेम* को *वासना* के बिल्कुल स्पष्ट और गहन विरोध में रखता है। कामवासना का मसीही जीवन में कोई स्थान नहीं; प्रेम ही सब कुछ है। इसीलिये यहाँ *प्रेम की शिक्षा* दी गई है: "पर भाइयों के प्रेम की बात में तुम्हें लिखने की आवश्यकता नहीं, क्योंकि तुम आप ही परमेश्वर से यह सीख चुके हो कि एक-दूसरे से प्रेम करो" (4:9)। पौलुस यहाँ सावधानीपूर्वक "फिलाडेल्फ़िया" (भाईचारे का प्रेम) शब्द का उपयोग करता है ताकि यह रेखांकित कर सके कि विश्वासियों को किस प्रकार का प्रेम एक-दूसरे के प्रति दिखाना चाहिए।

प्रेम केवल शब्दों में नहीं, कर्मों में प्रकट होता है (याकूब 2:14-16)। प्रेम कमजोरों, मित्रहीनों, दुर्भाग्यशालियों, और बीमार या आवश्यकता में पड़े लोगों तक पहुँचता है। प्रेम (पहुनाई) अतिथि-सत्कार में आनंद पाता है (इब्रानियों 13:1-3)। यही सच्चे विश्वास का प्रमाण है।

किसी को भी थिस्सलुनीके के विश्वासियों को एक-दूसरे से प्रेम करना सिखाना नहीं पड़ा। स्वयं परमेश्वर ने उन्हें यह आचरण सिखाया। अपने "पड़ोसी" से प्रेम करने का दायित्व पुराने नियम में प्रकट है (लैव्यव्यवस्था 19:18)। परमेश्वर प्रेम है, जो उसके चरित्र की अभिव्यक्ति है। अपने सह-विश्वासियों के प्रति प्रेम नया जन्म और दैवीय स्वभाव के होने का प्रमाण है। पवित्र आत्मा अपने लोगों में इस प्रकार का प्रेम विकसित करता है।

कई वर्ष पहले, जब मैं ब्रिटिश सेना में एक सैनिक था, मुझे हाइफ़ा बंदरगाह पर तैनात किया गया था। वहाँ मुझे कर्मेल पर्वत की निचली ढलानों पर एक छोटे से भवन में संगति करने वाले विश्वासियों का एक झुण्ड मिला। उस संगति में मुझे सबसे अधिक जो बात प्रभावित करती थी, वह थी विश्वासियों का परस्पर प्रेम—विशेषकर मेरे प्रति उनका प्रेम।

उस छोटे से समूह में अर्मेनियाई, रूसी, यहूदी, अरब, जर्मन और ब्रिटिश लोग शामिल थे। बाहर की दुनिया में ये राष्ट्रीयताएँ एक-दूसरे की जानी-दुश्मन थीं, लेकिन उस संगति में प्रेम था। वहाँ विभिन्न जातियों और राष्ट्रीयताओं के लोग, शिक्षा के अलग-अलग स्तरों के लोग, और समाज की विभिन्न श्रेणियों के लोग शामिल थे। उनमें से कुछ मज़बूत मसीही थे, कुछ ऐसे थे जो मसीह के लिये सब कुछ खो चुके थे, और कुछ कमज़ोर विश्वास वाले थे। वह छोटा-सा स्थानीय समूह वैश्विक कलीसिया का एक सूक्ष्म रूप था। उस संगति में मुझे प्रेम, भाईचारा, उदारता, स्वीकृति, प्रोत्साहन और स्थायी मित्रता मिली। मसीही संगति ऐसी ही होनी चाहिए। हम, थिस्सलुनीकियों की तरह, निश्चित ही किसी से यह कहने की आवश्यकता नहीं रखते कि हमें अपने मसीही भाइयों-बहनों के प्रति गर्मजोशी और भाईचारे का प्रेम रखना चाहिए। हम उनसे हमेशा सहमत न भी हों, तो भी निश्चय ही हम उनसे प्रेम कर सकते हैं। स्वयं परमेश्वर हमें यही बात सिखाता है।

फिर हमारे पास *प्रकट किया हुआ प्रेम* है: "और सारे मकिदुनिया के सब भाइयों के साथ ऐसा करते भी हो। परन्तु हे भाइयो, हम तुम्हें समझाते हैं कि और भी बढ़ते जाओ" (4:10)। प्रेम में बने रहते हुए, हमें प्रेम में बढ़ना भी चाहिए क्योंकि यही प्रेम का स्वभाव भी है। यह कभी इस बात से संतुष्ट नहीं हो सकता कि उसने कितना दिया है; इसे और देना ही पड़ता है। प्रेम कोई सीमा निर्धारित नहीं करता। प्रेम कभी हार नहीं मानता। प्रेम, नियाग्रा जलप्रपात की तरह, कभी स्वयं को उड़ेलना से नहीं रूकता।

डी. एल. मूडी को एक कर्मठ मसीही कार्यकर्ता ने मसीह के पास पहुँचाया था, जिसने उसे जूते की दुकान के पिछवाड़े के कमरे में से ढूँढकर ले आया और उसे समझाया, "अब, ड्वाइट, तुमने बहुत देर तक सुन लिया है; अब समय है कि तुम मसीह को ग्रहण करो।" कुछ ही समय बाद, मूडी के पास एक संडे स्कूल शिक्षक आया जो कैंसर से मर रहा था और जिसके पास जीने के लिए अधिक समय नहीं था। उसके पास युवाओं की एक कक्षा थी, जिनमें से किसी को भी वह मसीह तक नहीं ला पाया था। वह चाहता था कि मूडी उसके साथ हर घर जाए और उसकी मदद करे कि वे उन युवाओं को मसीह के पास लाएँ। वे घर-घर गए, और एक-एक करके उन सभी को वे प्रभु के पास ले आए।

मूडी घर गया और प्रार्थना की, "हे परमेश्वर, यदि आप मुझे जीवन देंगे, तो मैं अपना शेष जीवन उसी तरह बिताऊँगा जिस तरह उस संडे स्कूल शिक्षक ने अपने जीवन के अंतिम दस दिन प्रेम की बाध्यकारी शक्ति से प्रेरित होकर लोगों को यीशु के पास लाने में बिताए थे।"

“दुनिया ने अभी तक यह नहीं देखा कि परमेश्वर एक ऐसे मनुष्य के द्वारा क्या कर सकता है जो पूरी तरह उसके प्रति समर्पित हो।” मूडी ने कहा, “परमेश्वर के अनुग्रह से, मैं वही मनुष्य बनूँगा।”

उसने पूरी दुनिया में कई सेवकाई अभियान चलाए। उसने असंख्य हजारों लोगों को मसीह के पास पहुँचाया। वह शिकागो में एक खाली ज़मीन के टुकड़े पर खड़ा हुआ, जहाँ अब मूडी बाइबल संस्थान खड़ा है, और उसे परमेश्वर की सेवा के लिए समर्पित करते हुए दावा किया। "हे प्रभु," उसने कहा, "जब मैं चला जाऊँगा, तो मैं अपने पीछे ऐसे युवकों और युवतियों की एक पूरी पलटन छोड़ना चाहता हूँ जो आपकी सेवा करें और लोगों को आपके पास ले जाएँ।"

वह शिकागो गया और पूरे शहर में सुसमाचार का अभियान चलाया। उस समय “शिकागो वर्ल्ड्स फ़ेयर” चल रहा था, लेकिन उसे रविवार के दिन बंद करना पड़ता था क्योंकि भीड़ मूडी की सभाओं में चली जाती थी। मंच से वह हज़ारों लोगों की विशाल भीड़ से ऐसे बातचीत करते थे मानो पाँच या छह व्यक्तियों से अनौपचारिक रूप से बात कर रहे हों। अपनी प्रारंभिक सेवकाई में उन्होंने शिकागो की झुग्गियों से आने वाले बड़ी संख्या में लड़कों और लड़कियों को यीशु के पास पहुँचाया। अपने पूरे जीवन में वे मसीह के प्रेम से प्रेरित रहे। उनके भीतर लोगों को उद्धार पाते देखने की प्रेम से उत्पन्न एक अतृप्त भूख थी।

फिर उसका महान हृदय जवाब दे गया। डॉक्टर ने उसे थोड़ा धीमा होने को कहा। मूडी ने डॉक्टर की सलाह मानने का निश्चय किया और यूरोप की यात्रा पर निकल पड़ा। उसने सब कुछ सोच विचार किया। डॉक्टर सही था, उसने सोचा। उसे धीमा होना ही पड़ेगा। उसी रात जहाज तूफान में फँस गया और डूबने लगा। मूडी उस जहाज की रेलिंग के पास खड़ा होकर प्रार्थना करने लगा, "हे परमेश्वर, मुझे क्षमा करें कि आपको मुझे याद दिलाना पड़ा। मुझे एक और अवसर दे। इस जहाज पर सबके प्राण बचा लीजिये। मैं आपसे वादा करता हूँ, मैं अपना शेष जीवन वैसे ही बिताऊँगा जैसे उस संडे स्कूल शिक्षक ने अपने जीवन के अंतिम दस दिन बिताए थे।" और उसने ऐसा ही किया। यही ही कर्म में दिखने वाला प्रेम, जो और अधिक बढ़ता जाता है, खोए हुओं और प्रभु के लोगों के प्रति ऐसा प्रेम, जो मसीह में नए जीवन की सच्ची प्रेरक शक्ति है।

घ. हमारा प्रकट उद्देश्य (4:11-12)

पौलुस अपनी व्यावहारिक शिक्षा को आगे बढ़ाता है। वह हमारा ध्यान *उग्र स्वभाव संबंधी बातों* की ओर आकर्षित करता है: "और यह कि तुम चुपचाप रहने का प्रयत्न करो" (4:11अ)। शांत आत्मा के समान कुछ भी नहीं है। हम सब ऐसे लोगों को जानते हैं जिन्हें हम "उग्र स्वभाव का" कहते हैं—जिसमें जोर उग्रता पर होता है! उनका साथ निभाना कठिन होता है और उनके साथ रहना और भी मुश्किल होता है। वे संवेदनशील, जिद्दी, असभ्य, तर्क करने वाले, दबाव डालने वाले, या जल्दी क्रोध करने वाले होते हैं। प्रभु कभी भी ऐसे नहीं थे।

"प्रयत्न" शब्द का यूनानी शब्द है फिलोतिमिओमाई। पौलुस ने इसका उपयोग अपनी उस कोशिश को वर्णित करने के लिए किया जिससे उसने सुसमाचार को उन क्षेत्रों में फैलाया जहाँ अभी तक प्रचार नहीं हुआ था: "पर मेरे मन की उमंग यह है कि जहाँ जहाँ मसीह का नाम नहीं लिया गया, वहीं सुसमाचार सुनाऊँ..." (रोमियों 15:20)। इसका अर्थ किसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गंभीरतापूर्वक प्रयास करना होता है। इसका अर्थ है "महत्वाकांक्षी होना," "प्रेम करना, आदर करना, मान देना," या "इसे सम्मान का विषय बनाना।"

तो हमारी अभिलाषा यह है कि हम शांत रहें। इस शब्द के लिए यूनानी शब्द ‘हेसूखाज़ो प्रयोग हुआ है। यह वही शब्द है जो उन स्त्रियों की गतिविधि के समाप्त होने का वर्णन करने के लिए इस्तेमाल हुआ है जो मसीह के दफन के काम में व्यस्त थीं: "और वे लौट गईं, और सुगंधित वस्तुएँ और तेल तैयार किया; और आज्ञा के अनुसार सब्त के दिन विश्राम [हेसूखाज़ो] किया" (लूका 23:56)। इसका कभी-कभी अनुवाद "चुप रहे" के रूप में भी किया जाता है (लूका 14:4; प्रेरितों के काम 11:18)।

पवित्र आत्मा उस बात की माँग करता है जो इस युग की आत्मा के बिलकुल विपरीत है। इस संसार में लोग धन कमाने, व्यावसायिक सफलता प्राप्त करने, और सामाजिक सीढ़ी पर चढ़ने की महत्वाकांक्षा रखते हैं। हम अपने बच्चों को "सफल" होने के लिए प्रेरित करते हैं। बाइबल में "सफलता" का एकमात्र संदर्भ उस जीवन से जुड़ा है जो पवित्रशास्त्र पर मनन-चिन्तन से उत्पन्न होता है (यहोशू 1:8)।

इसमें खतरा यह है कि सांसारिक आत्मा कलीसिया में प्रवेश कर सकती है। प्रचारक महत्त्वाकांक्षी बन सकते हैं—बड़ी मण्डलियों के मंच, बिशप के पद, सेमिनरी में प्रतिष्ठित स्थान, और पूरे संप्रदायों पर नियंत्रण पाने की इच्छा रख सकते हैं। लेकिन यहाँ पौलुस कहता है, "चुपचाप रहने का प्रयत्न करो।" अर्थात्—"अपनी अभिलाषा यह बनाओ कि तुम सबके आकर्षण से दूर रहो।" इस कथन का एक सुझाया गया अनुवाद यह है: "अपनी अभिलाषा यही बनाओ कि तुम्हारी कोई अभिलाषा न हो।"

फिर पौलुस हमारा ध्यान *सांसारिक बातों* की ओर आकर्षित करता है: "और जैसी हम ने तुम्हें आज्ञा दी है, वैसे ही चुपचाप रहने और अपना–अपना काम–काज करने और अपने अपने हाथों से कमाने का प्रयत्न करो; ताकि बाहरवालों से आदर प्राप्त करो, और तुम्हें किसी वस्तु की घटी न हो" (4:11ब-12)। पौलुस हमारा ध्यान हमारे काम, हमारी चालचलन, और हमारी संपत्ति की ओर खींचता है।

उसे *हमारे काम* के बारे में कुछ कहना है: "अपना अपना काम-काज करो," वह कहता है। "और अपने अपने हाथों से कमाने का प्रयत्न करो।" सुसमाचार लोगों को आलसी बनने के लिए प्रोत्साहित नहीं करता। पौलुस और सीलास ने उनके बीच रहते हुए एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया था। "पौलुस हमेशा कठिन परिश्रम करने के लिए तैयार रहता था—न केवल अपने लिए, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर अपने सहकर्मी मिशनरी साथियों के लिए भी (2:9)।"

ऐसा लगता है मानो मसीह के दूसरे आगमन की बढ़ी हुई अपेक्षा ने कुछ मसीहियों को आलस्य की ओर प्रेरित कर दिया है, और वे अपने व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देने के प्रति विमुख हो गए हैं। ऐसा इतिहास में बार-बार होता आया है। यह अक्सर प्रभु के लौटने की तारीखें निर्धारित करने की हानिकारक और अशास्त्रीय प्रथा से जुड़ा होता है।

लेक्टान्टियस ने प्रभु के आगमन की तिथि ईसवीं सन् 500 निर्धारित की थी। आधी सदी बाद, यह मानकर कि एक नया सहस्राब्दी आरंभ होने वाला है, एक और तिथि निर्धारित की गई। असंख्य लोगों ने अपनी संपत्ति बेच दी और हमारे प्रभु की प्रतीक्षा करने के लिए ईसवीं सन् 1000 में फिलिस्तीन चले गए। जिन लोगों को उस तिथि पर विशेष भरोसा था, उनमें कलीसिया के कुछ प्रमुख अगुवे भी शामिल थे।"

इर्विंगवादियों ने मेघारोहण की तारीख 1835, 1838, और 1866 के रूप में निर्धारित किया। महान नये नियम के विद्वान जॉन अल्बर्ट बेंगेल, जो एक जर्मन लूथरन धर्मविज्ञानी थे, ने यह सिद्ध करने के लिए एक विस्तृत योजना बनाई कि सहस्राब्दी 1836 में आरंभ होगी। विलियम मिलर, जो अमेरिका के सबसे प्रसिद्ध 'तिथि-निर्धारकों' में से एक थे, ने बड़ी भीड़ को उपदेश दिया (और यह दिखाने के लिए बड़े-बड़े चार्ट भी प्रयोग किए कि उनकी परिकल्पनाएँ किस प्रकार निकाली गईं) कि मसीह 1843 में लौटेंगे (और फिर बाद में 1844 कर दिया)। माइकल बैक्सटर ने, अपनी अत्यधिक पढ़ी जाने वाली पुस्तकों में, 1866, 1874 और 1881 को अंतकाल की संभावित तिथियों के रूप में निर्धारित किया, जब मसीह लौटेगा। माइकल बैक्सटर ने यह भी सिखाया कि 1,44,000 जागरूक विश्वासियों को बिना मरे ही 5 मार्च 1896 को लगभग दोपहर 3 बजे स्वर्ग में उठा लिया जाएगा। जब यह घटनाएँ नहीं घटी, तो उसने इसके लिए दो और तिथियाँ प्रस्तावित कीं—26 फरवरी 1924 या मंगलवार, 2 फरवरी 1926।"

मदर शिप्टन, जो स्वयं को एक भविष्यवक्ता बताती थी, ने 1881 को तिथि के रूप में चुना। वॉरेन जी. हार्डिंग के भाई, जो एक प्रमुख एडवेंटिस्ट थे, ने 1923 को महत्वपूर्ण तिथि बताया। बाद में एडवेंटिस्टों ने इस वर्ष को बदलकर

1996 कर दिया। सेवेंथ-डे रिफ़ॉर्म्ड एडवेंटिस्ट, जो एक अलग हुआ समूह था, अपने भविष्यवक्ता रॉबर्ट रर्ड्ट के नेतृत्व में 6 फरवरी 1925 को लॉन्ग आइलैंड पर मेघारोहण की प्रतीक्षा में एकत्र हुए।

कई भक्त मसीही 1 मार्च 1927 को रॉयल अल्बर्ट हॉल (लंदन) में एक बड़ी सभा में शामिल हुए और उन्हें बताया गया कि हर-मगिद्दोन का युद्ध 28 मई 1928 को लड़ा जाएगा।

2 मई 1933 को, ए. ई. वेयर, जो एक गंभीर मसीही थे और जिनके हाथ में एक बहुत अधिक इस्तेमाल की हुई बाइबल थी, ने लोगों के एक समूह से घोषणा की: "यह वर्तमान वर्ष, 1933, जो 1940 से सात वर्ष पहले है, युग के अंत की शुरुआत देखने वाला है, और उसके साथ आने वाली सभी बातें भी...."

डॉ. ग्रैटन गिनेस, जो एक प्रसिद्ध विश्वासी थे, ने घोषणा की: 'अन्यजातियों के समय का अंत 1934 में पूरा होता है। पवित्रशास्त्र की कोई भी कालक्रम संबंधी भविष्यवाणी इस वर्ष से आगे की किसी तिथि का संकेत नहीं देती।'

संयुक्त राज्य अमेरिका में हज़ारों ईमानदार मसीही एडगर जी. वाइज़नैंट की भविष्यवाणियों से विचलित हो गए, जो NअSअ के एक सेवानिवृत्त इंजीनियर थे और जिन्होंने "88 कारण कि प्रभु '88 में आएँगे" नामक एक पुस्तिका प्रकाशित की थी। वाइज़नैंट के अनुसार, मेघारोहण रविवार, 11 सितंबर 1988 को घटित होगा (और यदि उस दिन न हो, तो सोमवार 12 सितंबर या मंगलवार 13 सितंबर को अवश्य होगा)। वह इससे भी आगे बढ़ गया। उसने घोषणा की कि मसीह-विरोधी 21 सितंबर 1988 को इस्राएल के साथ अपनी संधि पर हस्ताक्षर करेगा। 1,44,000 गवाहों पर 26 सितंबर 1988 को दैवीय मुहर लगाई जाएगी। तृतीय विश्वयुद्ध 4 अक्टूबर 1988 को आरंभ होगा और साढ़े तीन सप्ताह तक चलेगा।

हाल ही में, जैसे-जैसे वर्ष 2000 निकट आया, विनाश के भविष्यवक्ताओं ने सभ्यता के पतन की भविष्यद्वाणी तक कर डाली। यह वर्ष (Y2K) वैश्विक कंप्यूटर विफलताओं, बैंकिंग और बिलिंग संकट, और हवाई जहाज दुर्घटनाओं से भरा होगा। ऐसी किताबें लिखी गईं जो लोगों को भोजन और अन्य आवश्यक सामग्रियाँ इकट्ठा करने और संकटकाल के लिए तैयार होने के लिए प्रोत्साहित करती थीं। उनके अनुसार संसार का अंत निकट था। लेकिन इनमें से कोई भी विपत्ति नहीं हुई।

थिस्सलुनीके में मसीह के दूसरे आगमन का विषय अत्यंत महत्वपूर्ण समाचार था। पौलुस ने अपनी दूसरी पत्री में (3:6-12) इस विषय पर उन्हें और भी अधिक बताया (3:6-12)।

पौलुस के पास *हमारे चालचलन* के बारे में भी कुछ कहने के लिए है: "ताकि बाहरवालों से आदर प्राप्त करो..." (4:12अ)। यह आह्वान मसीहियों के लिए है कि वे सुनिश्चित करें कि बाहरी दुनिया में उनकी एक ईमानदार प्रतिष्ठा हो। *आदर* के लिए प्रयुक्त यूनानी शब्द 'यूस्केमोनोस' है, जो उस मूल शब्द से आया है जिसका अर्थ 'व्यक्ति, स्वभाव और आचरण में सुंदर अथवा सुसंयत होना' था। यह एक ऐसे व्यक्ति की तस्वीर प्रस्तुत करता है जो कृपालु, संतुलित और संयमित हो। ऐसा व्यक्ति बार-बार ठोकर खाकर गलती नहीं करता और न ही हर समय क्षमा मांगता रहता है। यह शब्द बाद में व्यक्ति के बाहरी आचरण अथवा स्वभाव के लिए प्रयुक्त होने लगा। इसका अनुवाद रोमियों 13:13 में 'सीधी चाल' किया गया है। यह आचरण खोए हुए लोगों के लापरवाह जीवन के बिल्कुल विपरीत है।

इसी तरह, 1 कुरिन्थियों 14:40 में, पौलुस भाषाओं के वरदान की गंभीर त्रुटियों और दुरुपयोगों के सुधार का निष्कर्ष इस प्रकार करता है: "पर सारी बातें शालीनता [यूस्केमोनोस] और व्यवस्थित रूप से की जाएँ।" जब पौलुस ने अपने पाठकों से कहा कि "बाहरवालों से आदर प्राप्त करो," तो वह माँग कर रहा था कि मसीही इस प्रकार आचरण करें कि खोए हुए लोगों को कभी भी किसी विश्वासी की गवाही पर सवाल उठाने का अवसर न मिले। हमारे विश्वास और आचरण निंदा से परे होने चाहिए। हमें कभी उन बातों के लिए माफी माँगने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए जो हमने कही और की हैं। अमेरिका में इंजीलवादी कलीसिया के विरुद्ध मीडिया द्वारा किए गए उपहास और व्यंग्य

एकाएक स्मरण हो आते हैं, जो वाइज़नैंट के असंयमित, गलत और व्यापक रूप से प्रचारित विचारों के परिणामस्वरूप किए गए थे।

अविश्वासी दुनिया के सामने आचरण में गिरावट का शानदार बाइबलीय उदाहरण - सब लोगों के अलावा- स्वयं अब्राहम में देखा जाता है। उसने स्वर्गीय दर्शन पर उत्तम प्रतिक्रिया दी थी। वह एक विश्वासी और यात्री बन गया था और प्रतिज्ञा किए हुए देश में पहुँच चुका था। वहाँ उसने पाया कि शत्रु उस देश पर अधिकार किए हुए है और हर जगह अकाल की स्थिति व्याप्त है। उसका विश्वास डगमगा गया। वह मिस्र चला गया (जो पुराने नियम में इस वर्तमान दुष्ट संसार का एक प्रकार है), और वहाँ उसने अपनी गवाही खो दी। उसने और सारा ने अपने संबंध के बारे में झूठ बोलने पर सहमति की, क्योंकि सारा इतनी सुंदर थी कि अब्राहम को भय था कि फ़िरौन उसे अपने लिए लेने के लिए अब्राहम की हत्या करवा देगा। अब्राहम और सारा के इस कथन पर कि सारा अब्राहम की बहन है, फ़िरौन ने सारा को अपने पास रख लिया और अब्राहम पर महँगे उपहारों की वर्षा करने लगा।

अब्राहम असहाय और भयभीत होकर पूरी तरह समझौता कर चुका था। परमेश्वर ने वहाँ हस्तक्षेप किया और फ़िरौन को अत्यंत भयभीत कर दिया। फ़िरौन ने आक्रोश से कहा कि उसे पता ही नहीं था कि सारा अब्राहम की पत्नी है। अगले दिन सुबह फ़िरौन ने अब्राहम को बुलाया और स्पष्टीकरण माँगा। जब अब्राहम ने स्पष्टीकरण दिया, तो वह काफी कमजोर था (उत्प. 12:10–20)। फ़िरौन ने अब्राहम और सारा को तिरस्कार के साथ विदा कर दिया—ऐसा तिरस्कार जिसे हम आसानी से कल्पना कर सकते हैं। हम यह भी कल्पना कर सकते हैं कि जब लज्जित और क्षमाप्रार्थी अब्राहम अपनी पत्नी को लेकर जा रहा था, तब फ़िरौन ने अपने दरबार से क्या कहा होगा—'अच्छा! यदि यही किसी विश्वासी का उदाहरण है, तो मैं प्रार्थना करता हूँ कि मुझे ऐसा दूसरा कभी न मिले।' इस प्रकार अब्राहम, जिसे समस्त मानवजाति के लिए आशीष होना चाहिए था (उत्प. 12:3), अपने पहले ही संपर्क में एक विश्व-शक्ति के लिए आशीष के बजाय शाप बन गया (उत्प. 12:17)। सौभाग्य से, याकूब इसके विपरीत था (उत्प. 47:7, 10), और फ़िरौन को आशीष देकर वह अब्राहम से भी कहीं बड़ा मनुष्य सिद्ध हुआ।

अंत में, पौलुस *हमारी संपत्ति* के बारे में भी कुछ कहता है: "और तुम्हें किसी बात की घटी न हो" (4:12ब)। मसीहियत कहीं भी आलस्य को सही नहीं ठहराता।

अच्छी खबर के साथ, तीमुथियुस थिस्सलुनीके से कुछ बुरी खबर भी लाया। यह सत्य है कि उनमें भविष्यवाणी के प्रति गहरी रुचि थी। परन्तु, कुछ विश्वासियों ने प्रभु के आगमन की निकटता को इतना शाब्दिक रूप से ले लिया कि उन्होंने काम पर जाना ही छोड़ दिया और दूसरे आगमन की प्रतीक्षा में इधर-उधर निष्क्रिय घूमने लगे। उनमें से कुछ लोग, उत्साह में बहकर, शायद अपनी संपत्ति तक बेच बैठे और निर्धन हो गए। अब वे अपने भाइयों पर बोझ बन गए थे और अविश्वासियों के लिए उपहास का पात्र बन गए थे।

पौलुस ने ऐसे व्यवहार को सुधारने के लिए कठोर शब्दों में लिखा। एक विश्वासी को समाज का उपयोगी और उत्पादक सदस्य होना चाहिए, न कि एक आलसी व्यक्ति, जो हमेशा दूसरों की उदारता पर निर्भर रहता हो और उसका दुरुपयोग करता हो। पौलुस उन लोगों के लिए सही शिक्षा देता है जो काम करके अपनी रोज़ी कमाने के बजाय कल्याण और दान पर जीना पसंद करते हैं। परमेश्वर चाहता है कि हमें "किसी बात की घटी न हो।" लेकिन वह यह भी चाहता है कि हम ईमानदारी के साथ काम करें और अपनी मेहनत की मजदूरी पाएं।

ङ. हमारा महिमामय भविष्य (4:13-18)

1. जो सो गए हैं (4:13-15)

पौलुस अब इस महान पत्री की केन्द्रीय सच्चाई पर पहुँच गया है—अर्थात् कलीसिया के महाक्लेश से पहले उठा लिए जाने के अद्भुत और बड़े प्रकाशन पर।

प्रेरित लेखकों ने मसीह के दूसरे आगमन को एक महत्वपूर्ण सत्य माना है। नए नियम के 260 अध्यायों में इसे लगभग 318 बार उल्लेख किया गया है—औसत रूप से हर पच्चीस पदों में एक बार। पुराने नियम में भी मसीहा से संबंधित अधिकांश भविष्यवाणियाँ उसके दूसरे आगमन के बारे में ही हैं।

चार्ल्स ई. फुलर इस महान खंड के बारे में कहा करते थे कि यह यूहन्ना 14:1-3 का पौलुस द्वारा किया गया व्याख्यान है। प्रभु के वचन "मैं फिर आऊँगा" का प्रतिरूप ही है पौलुस का यह स्पष्टीकरण: "प्रभु आप स्वर्ग से उतरेगा।" प्रभु का वायदा कि "मैं तुम्हें अपने पास ले जाऊँगा" का प्रतिरूप है पौलुस का यह स्पष्टीकरण: "तब हम... बादलों पर उठा लिए जाएँगे... कि हवा में प्रभु से मिलें।" प्रभु का कथन "जहाँ मैं हूँ, वहाँ तुम भी रहो" का प्रतिरूप है पौलुस का यह कथन: "और इस रीति से हम सदा प्रभु के साथ रहेंगे।" और प्रभु की घोषणा कि "तुम्हारा मन व्याकुल न हो" का प्रतिरूप है पौलुस का यह संदेश: "इस प्रकार इन बातों से एक दूसरे को शान्ति दिया करो।"

यह अद्भुत पद्यांश (4:13-5:10) मेघारोहण के बारे में पाँच तथ्यों को प्रकट करता है। इस बाइबल खंड में महत्वपूर्ण शब्दों को रेखांकित करने से इन तथ्यों पर विशेष जोर दिया जा सकता है।

1. मसीह का दूसरा आगमन एक सकारात्मक सत्य है। शब्द "होगा" (4:15-17; 5:3) और "नहीं होगा" (4:15; 5:3) के बार-बार उपयोग को रेखांकित करें।
2. यह एक व्यक्तिगत सत्य है। (अलग रंग में) शब्द "हम", "तुम", "हम लोगों", "मैं", और "तुम्हें" (4:13-15, 17; 5:1, 4-6, 8-10) को रेखांकित करें।
3. यह एक मुख्य सत्य है। 'परन्तु' शब्द को चार बार रेखांकित करें (4:13; 5:1, 4, 8)।
4. यह एक बढ़ता हुआ सत्य है। 'ताकि' शब्द को रेखांकित करें (4:14-16; 5:2-3, 7)।
5. यह एक व्यावहारिक सत्य है। 'सो' और 'इसलिए' शब्दों को रेखांकित करें (4:18; 5:6, 11)।

थिस्सलुनीकियों ने मसीह के दूसरे आगमन से संबंधित पौलुस की शिक्षा का स्वागत किया था। वे इससे अत्यंत आकर्षित हुए थे। वे चाहते थे कि काश पौलुस कुछ और समय तक ठहरकर उन्हें इसके बारे में और अधिक सिखा पाता। परन्तु समय बीतने के साथ, उनके मन में संदेह और प्रश्न उठने लगे—विशेषकर उन लोगों के बारे में जो पौलुस के जाने के बाद मर चुके थे। क्या ये प्रियजन मेघारोहण से वंचित रह जाएंगे? उन्होंने शायद युवा तीमुथियुस पर प्रश्नों की बौछार कर दी होगी; और निस्संदेह, उसने अपनी ओर से उन्हें यथासंभव समझाने का प्रयास किया होगा। लेकिन उन्हें पौलुस के स्पष्ट उत्तर की जरूरत थी।

यहाँ हमें पौलुस को इतनी जल्दी मकिदुनिया से निकाल देने की परमेश्वर की बुद्धि पर एक आकस्मिक प्रकाश मिलता है। यदि पौलुस मकिदुनिया में अपनी इच्छानुसार लंबे समय तक रहता, तो निस्संदेह वह इन सभी प्रश्नों का उत्तर दे देता, जैसे ही वे उठते और कोई पत्री लिखने की आवश्यकता नहीं होती। और तब हम इन थिस्सलुनीकियों की दो पत्रियों के अभाव में आत्मिक रूप से अत्यन्त निर्धन रह जाते। परन्तु जैसा कि हुआ, उनके प्रश्नों का मौखिक रूप से उत्तर देने के बजाय, उसने उन्हें पत्र लिखकर उत्तर दिया। परमेश्वर की ओर से प्रेरित यह पत्री बड़ी सावधानी से सुरक्षित रखे गए और अंततः नए नियम में सम्मिलित कर दिए गए। इस प्रकार, हमारे पास भी इन मूलभूत प्रश्नों के पवित्र आत्मा द्वारा प्रेरित उत्तर उसी प्रकार उपलब्ध हैं जैसे वे थिस्सलुनीकियों के पास उपलब्ध थे।

तो जो लोग मसीह में विश्वास रखते हैं लेकिन प्रभु के लौटने से पहले मर जाते हैं, उनका क्या होगा? पौलुस इस प्रश्न के उत्तर में तीन बातें बताता है। सबसे पहले*, हमारी भावनाओं की समीक्षा की जाती है:* "हे भाइयो, हम नहीं चाहते कि तुम उनके विषय में जो सोते हैं, अज्ञानी रहो; ऐसा न हो कि तुम दूसरों के समान शोक करो जिन्हें आशा नहीं" (4:13)। मसीह के उद्धार से बाहर के लोगों के लिए मृत्यु एक निराशाजनक घटना है—उनके लिए भी जो मर जाते हैं और उनके लिए भी जो पीछे रहकर शोक मनाते हैं।

हम सब अंतिम संस्कारों में शामिल हुए हैं। जब हम ताबूत के सामने खड़े होकर मृत शरीर के ठंडे और शांत चेहरे को देखते हैं, तब हम मृत्यु की निर्मम सच्चाई को देखते हैं। हम यह भी देखते हैं कि दरअसल मनुष्य कितना असहाय है।

दार्शनिक आता है। वह मृत्यु के विषय में अपने विचारों और सिद्धांतों की व्याख्या करता है। वह प्राचीन ऋषियों के कथनों को प्रस्तुत करता है—जो स्वयं भी मृत्यु के कारण के विषय में अथवा मृत्यु के परे क्या है, इस बारे में कोई अधिकारपूर्वक बात नहीं कर सके। यहाँ तर्क समाप्त हो जाता है और प्रकाशन शुरू होता है। यहाँ तक कि कोई भी दार्शनिक कभी कब्र से लौटकर यह बताने में सक्षम नहीं हुआ कि उसके सुंदर तर्क वास्तव में मृत्यु की वास्तविकता के सामने कितने सिद्ध हुए।

वैज्ञानिक आता है। वह कहता है, “मुझे क्षमा करें, मेरे मित्र। मैंने पूरी कोशिश की। मैंने तुम्हारे डॉक्टर को प्रशिक्षित किया और तुम्हारे अस्पताल को आधुनिक साजो-सामानों से सुसज्जित किया। मैंने तुम्हें सबसे उत्तम दवाइयाँ उपलब्ध कराईं। लेकिन मैं असफल रहा। और न ही कोई वैज्ञानिक मुझे यह बता सकता है कि तुम्हें फिर से जीवन में कैसे लाया जाए—भले ही हम कोशिकाओं, जीनों, गुणसूत्रों और डीएनए के बारे में बहुत कुछ जानते हों। हमने तुम्हारा नाम अपने मरीजों की सूची से हटा दिया है। अन्ततः हम तुम्हें बचा नहीं पाए।” परिवार आता है। वहाँ रोती हुई माँ खड़ी है और टूटा हुआ हृदय लिए पिता खड़ा है। वह दाऊद की तरह पुकारता है, “हे मेरे पुत्र, मेरे पुत्र! काश मैं ही तेरे स्थान पर मर गया होता, मेरे पुत्र, मेरे पुत्र!”

मसीह के अनुग्रह से बाहर वालों के लिए मृत्यु अंतिम, कठोर और डरावनी बात है। यह कुरूप, भयावह और अपरिहार्य है। पौलुस इसे “अंतिम शत्रु” कहता है। जब वह आ जाता है, तो सब कुछ समाप्त हो जाता है। हमारा एकमात्र दिलासा परमेश्वर का वचन है। हमारे पास परमेश्वर का यह आश्वासन है कि विश्वासियों के लिए सब कुशल है। पौलुस कहता है, "ऐसा न हो कि तुम दूसरों के समान शोक करो जिन्हें आशा नहीं।" वास्तव में, वह जानबूझकर मृत्यु को “नींद” के साथ तुलना करता है। हम तो स्वयं नींद का स्वागत करते हैं।

हम शोक करते हैं! पर हमारे पास परमेश्वर का वचन है कि हमारे प्रियजन केवल सोए हुए हैं—यह शरीर की दशा का उल्लेख है। आत्मा नहीं सोती; शरीर सोता है। आत्मा उसी तत्व से बनी है जिससे अनंतकाल बना है। वह न थकती है, न बूढ़ी होती है, न बीमार पड़ती है, और न सोती है। विदा हो चुके विश्वासियों का शरीर सोया हुआ होता है। यीशु ने यही बात लाज़र के लिए भी कही थी और बैतनिय्याह जाकर उसे जगाने का अपना उद्देश्य स्पष्ट किया था (यूहन्ना 11:1-15)।

दैवीय प्रकाशन के बिना जब मृत्यु आती है, तब हमारे पास कोई सांत्वना का वचन नहीं होता। वर्षों पहले, हेनरी वार्ड बीचर को एक नास्तिक क्लब में आमंत्रित किया गया था, जिसका नेतृत्व प्रतिभाशाली और निन्दक रॉबर्ट इंगरसॉल कर रहा था। वह गए और इंगरसॉल को सुना, जब वह एक चतुर भाषण दे रहा था जिसमें उसने मसीही धर्म पर निर्ममता से आक्रमण किया, और फिर जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट के बीच बैठ गया। इसके बाद इंगरसॉल ने बीचर की ओर मुड़कर उस प्रसिद्ध प्रचारक को कुछ शब्द कहने का निमंत्रण दिया।

बीचर धीरे-धीरे खड़े हुए। "महाशयों," उन्होंने कहा, "आप मुझे क्षमा करें अगर मैं कुछ विचलित लग रहा हूँ। लेकिन आज शाम मैंने एक चौंकाने वाली बात देखी। मुझे आपको इसके बारे में बताने दीजिए। मैंने एक अंधे व्यक्ति को फुटपाथ के किनारे टटोलते हुए देखा। एक युवक ने उसे सड़क पार कराने की पेशकश की। लेकिन जैसे ही उसने अंधे व्यक्ति का हाथ थामा, तभी एक बड़ा-सा दुष्ट आदमी वहाँ आया। उसने उस युवक के कान पर जोर से मुक्का मारा और उसे सड़क पर दूर तक भगा दिया। फिर वह लौटा और उसने अंधे व्यक्ति की लाठी छीन ली और उससे उसे पीटा। फिर उसने उसे धक्का देकर कीचड़ में गिरा दिया और हँसता हुआ अपने रास्ते चला गया।”

कहानी के बाद चारों ओर सन्नाटा छा गया। फिर इंगरसोल उछलकर खड़ा हुआ। "वह गुंडा!" वह चिल्लाया। "क्या तुम्हें पता है वह कौन था, बीचर? वह भयानक गुंडा कौन था?"

"हाँ," बीचर ने धीरे से कहा, "मैं जानता हूँ वह कौन था।"

"वह कौन था?" इंगरसोल ने पूछा। "वह तुम थे!" बीचर ने उत्तर दिया। "तुम ही वह व्यक्ति हो! मेरी बात सुनो। वह आदमी गरीब है, अंधा है, और दयनीय है। जीवन में टटोलते हुए चलने के लिए उसके पास सहारा भी बहुत कम है। कुछ ही लोग हैं जो उसकी सहायता करते हैं। और तुम क्या करते हो, इंगरसॉल? तुम आते हो और उसके सारे सहारे छीन लेते हो। तुम उसका विश्वास लूट लेते हो। तुम उसे कीचड़ में धकेल देते हो। जो उसकी मदद करना चाहते हैं, तुम उन्हें डराते-धमकाते हो। और फिर हँसते हुए आगे बढ़ जाते हो। ओ हाँ! मैं जानता हूँ वह व्यक्ति कौन है। वह तुम हो।"

हम इंगरसोल की बात मान सकते हैं—कि कोई परमेश्वर नहीं है, कोई स्वर्ग नहीं, कोई नरक नहीं, और मसीहियत में कोई सत्य नहीं। या हम पौलुस की बात मान सकते हैं—जो परमेश्वर का एक अभिषिक्त प्रेरित हैं। वास्तव में, पौलुस सीधे प्रकाशन और पवित्र आत्मा की प्रेरणा से बोल रहा था। मसीहियत कोई बैसाखी नहीं है। यह सच्चा और भरोसेमंद है, जिस पर मृत्यु के समय और जब सब गिर जाए तब भी विश्वास किया जा सकता है। "हम शोक करते हैं," पौलुस कहता है। वे थिस्सलुनीकियों के आँसू नहीं छीनना चाहता था। हम यह नहीं कहते कि मृत्यु कोई हानि या दुःख नहीं लाती। हम शोक करते हैं, हाँ, "परन्तु उन लोगों के समान नहीं जो आशा नहीं रखते।"

अब, *हमारे विश्वास की समीक्षा की जाती है:* "क्योंकि यदि हम विश्वास करते हैं कि यीशु मरा और जी भी उठा, तो वैसे ही परमेश्वर उन्हें भी जो यीशु में सो गए हैं, उसी के साथ ले आएगा" (4:14)। यहाँ 'यदि' संदेह व्यक्त करने वाला 'यदि' नहीं है। इसका अर्थ वास्तव में "चूँकि" है। यह परिकल्पना एक सिद्ध तथ्य के रूप में मानी गई है। यूनानी नये नियम में 'यदि' के चार प्रकार के वाक्य-विन्यास पाए जाते हैं। यहाँ प्रथम श्रेणी का 'यदि' का प्रयोग हुआ है, जिसका अर्थ "चूँकि" होता है, क्योंकि यह अनिश्चितता नहीं, बल्कि निश्चितता को मानकर चलता है। द्वितीय श्रेणी के 'यदि' का अर्थ है "यदि ऐसा होता, पर यह ऐसा नहीं है"—अर्थात् यह वास्तविकता के विपरीत बात मानकर चलता है। तृतीय श्रेणी के 'यदि' का अर्थ है "अधिक संभावना," अर्थात् अनुमान यह है कि यह सबसे अधिक संभावित है। चतुर्थ श्रेणी का यदि का अर्थ है "बहुत दूर की संभावना," अर्थात् सबसे कम संभावित। यहाँ पौलुस उनके मसीह के पुनरुत्थान पर विश्वास में कोई संदेह नहीं डाल रहा है। वह उसे स्वाभाविक रूप से मानकर आगे बढ़ता है।

"फिर आता है वह महान और महिमामय सत्य, जो हमारी सारी आशा की आधारशिला है: 'यीशु मरा और जी भी उठा।' वास्तव में, सम्पूर्ण इतिहास में इससे बड़ा कोई तथ्य नहीं है। मसीह के पुनरुत्थान के लिए जितने प्रमाण उपलब्ध हैं, उससे कम प्रमाण जूलियस कैसर द्वारा ब्रिटेन की विजय के लिए हैं! 'यह घटना किसी कोने में नहीं हुई' - पौलुस ने फेस्तुस और राजा अग्रिप्पा से कहा (प्रेरितों के काम 26:26)। यीशु से संबंधित तथ्य सार्वजनिक ज्ञान थे। यह विश्वास का वह एकमात्र प्रतिरक्षतमाक तर्क है जिसे कोई अविश्वासी कभी भी खंडित नहीं कर सका। स्वयं पौलुस ने जीवित प्रभु यीशु को देखा था।"

'यीशु मरा और जी भी उठा।' जब मैं ब्रिटेन में एक लड़का था, तो मैंने एक बार नाज़ी जर्मनी से आए एक शरणार्थी पास्टर की गवाही सुनी थी। वे जर्मनी में एक प्रसिद्ध व्यक्तित्व थे और कई नाज़ी नेताओं के व्यक्तिगत परिचित भी थे। उन्होंने बताया कि एक बार वे एक विशाल रैली में गए थे जहाँ वक्ता ने यहूदियों के विरुद्ध सामान्य उग्र भाषण शुरू किया। तभी उसकी नज़र दर्शकों के बीच बैठे उस पास्टर पर पड़ी। उसने उन्हें विशेष रूप से प्रगट किया। वह बोला, "पास्टर शुट्ज़, आप मूर्ख हैं! ज़रा सोचिए, कोई कैसे एक क्रूस पर चढ़ाए गए, मृत यहूदी पर विश्वास कर सकता है!"

पास्टर उछलकर खड़े हो गए। गूँजती हुई आवाज़ में उन्होंने पुकारा, “मैं सचमुच मूर्ख होता यदि मैं एक क्रूस पर चढ़ाए गए, मृत यहूदी पर विश्वास करता। परंतु मैं एक पुनुरुत्थान, जीवित परमेश्वर के पुत्र पर विश्वास करता हूँ!”

हाँ, बिल्कुल! इन दोनों में बहुत अंतर है। "यीशु मरा और जी उठा!" यही सुसमाचार का केन्द्रीय सत्य है।

“उसी प्रकार!”—इस अभिव्यक्ति की तकनीकी बारीकियों को छोड़कर—एक सटीक समानता का संकेत देती है। उदाहरण के लिए, यीशु ने कहा, “और जिस रीति से मूसा ने जंगल में साँप को ऊँचे पर चढ़ाया, उसी रीति से अवश्य है कि मनुष्य का पुत्र भी ऊँचे पर चढ़ाया जाए” (यूहन्ना 3:14)।

अब जब पौलुस ने मसीह के पुनरुत्थान (जो हो चुका) और हमारे पुनरुत्थान (जिसका होना बाकी है) के बीच समानता बताई, वे हमारा ध्यान "जो यीशु में सो गए हैं" की ओर खींचता है। कुछ विद्वान इसे ऐसे अनुवाद करते हैं: "जिन्हें यीशु ने सुला दिया है, उन्हें परमेश्वर उसी के साथ लाएगा।" सब जानते हैं इसका क्या अर्थ है! जैसे जब शाम होती है और सोने का समय आता है, तो हम अपने बच्चों को नहलाते हैं, उन्हें बिस्किट देते हैं, कहानी सुनाते हैं, उनकी प्रार्थनाएँ सुनते हैं और फिर उन्हें बिस्तर पर सुला देते हैं और बत्ती बुझा देते हैं। इसमें कुछ भी डरावना या भय के बात नहीं है। उसमें कुछ भी अजीब या डरावना नहीं है। यहाँ एक और समानता है: मसीही के लिए, मरना उतना ही बिना भय का विषय है जितना कि सोना।

कोई भी विश्वासी अकेले नहीं मरता। क्यों? परमेश्वर गौरैया की मृत्यु में भी उपस्थित होते हैं; यीशु ने ऐसा कहा (मत्ती 10:29)। जब मरने का समय आता है, तो हम यीशु की बाँहों में सुरक्षित होते हैं। वह हमें तब तक सुलाते हैं जब तक सुबह न आ जाए। फिर जब वह आएगा, वह हमें भी अपने साथ लाएगा।

अब, *हमारे भविष्य की समीक्षा की जाती है:* “क्योंकि हम प्रभु के वचन के अनुसार तुम से यह कहते हैं कि हम जो जीवित हैं और प्रभु के आने तक बचे रहेंगे, सोए हुओं से कभी आगे (फ्थोनो— ‘अग्रसर होना’) नहीं होंगे” (4:15)। जो शिक्षा अब दी जा रही है, वह नई है। पौलुस ने इसे स्वयं प्रभु से प्रत्यक्ष, व्यक्तिगत प्रकाशन के द्वारा प्राप्त किया था। वह इसे “प्रभु का वचन” कहता है। यह पूरी तरह से विश्वसनीय है।

यह आश्चर्य की बात है कि हम शब्दों पर कितना भरोसा करते हैं। हम बचपन से ही ऐसा करते हैं। वैज्ञानिक हमें बताते हैं कि E = MC2 होता है। हम इसे सही मानते हैं। हममें से ज़्यादातर के पास इसे साबित करने का कोई तरीका नहीं है, और हममें से ज़्यादातर को इसका मतलब भी ठीक से नहीं पता—ऊर्जा बराबर द्रव्यमान गुणा प्रकाश की गति का वर्ग! लेकिन हमें पता है कि आइंस्टीन का यही समीकरण परमाणु युग की नींव है, इसलिए हम इसे साधारण रूप से सच मान लेते हैं।

हमें बताया जाता है कि आर्सेनिक की बड़ी मात्रा जानलेवा होती है। हम इसे सच मानते हैं—मानना ही पड़ता है—हालाँकि बहुत कम लोग ही इसे खुद परखना चाहेंगे। हमारी ज्यादातर बातें, जिन्हें हम कहते हैं कि हम "जानते" हैं, हमने विश्वास से मानी हैं। हमने किसी के कही हुई बातों पर भरोसा किया है।

यूहन्ना कहता है, "यदि हम मनुष्यों की गवाही मानते हैं, तो परमेश्वर की गवाही बड़ी है" (1 यूहन्ना 5:9)। आत्मा कहता है, "परमेश्वर के लिए झूठ बोलना असम्भव है" (इब्रानियों 6:18)। पौलुस कहता है, "परमेश्वर जो झूठ नहीं बोल सकता" (तीतुस 1:2)। हम मनुष्यों की गारंटी मान लेते हैं, भले ही वे कई बार गलत साबित होती हैं। यहाँ हमारे पास परमेश्वर के अपने वचन की गारंटी है—"मसीह में मरे हुए जी उठेंगे।" मसीह का पुनरुत्थान बिना शर्त मसीही के पुनरुत्थान की गारंटी देता है। मेघारोहण (उठा लिए जाने) का सत्य हमें मसीह के पुनरुत्थान के द्वारा सुनिश्चित किया गया है। उसका पुनरुत्थान यह सिद्ध करता है कि हमारा पुनरुत्थान भी न केवल पूरी तरह संभव है, बल्कि पूर्णतः निश्चित है, और यह भी कि परमेश्वर की विश्वासयोग्यता द्वारा इसकी पुष्टि होती है। इसमें ज़रा-सा भी संदेह की छाया नहीं है। परमेश्वर की सत्यनिष्ठा सभी प्रश्नों से परे है। उसका वचन ही उसकी प्रतिज्ञा है। जैसा कि डेविड लिविंगस्टन अपने प्रभु यीशु के

प्रिय वचन के बारे में कहा करते थे, “यह सर्वोच्च और पवित्रतम सम्मान वाले एक सज्जन का वचन है—और बस इतना ही काफी है!”

2. जो लोग जी उठेंगे (4:16)

अब *यह प्रकाशन और विस्तृत किया जाता है:* "क्योंकि प्रभु आप ही स्वर्ग से उतरेगा; उस समय ललकार, और प्रधान दूत का शब्द सुनाई देगा, और परमेश्‍वर की तुरही फूँकी जाएगी; और जो मसीह में मरे हैं, वे पहले जी उठेंगे" (4:16 अ-स)। यह ललकार कलीसिया को उठा लिये जाने का संकेत है। यह पवित्रों को महिमा के लिए बुलाता है।

पिछले दो हज़ार वर्षों के महान रहस्यों में से एक है—परमेश्वर की पूर्ण और दीर्घकालीन चुप्पी। संसार भयानक युद्धों से काँपता रहा है, और परमेश्वर मौन रहा। समाज भयावह अन्यायों से पीड़ित है, और परमेश्वर मौन हैं। घर-परिवारों में दुःखद घटनाएँ घटती हैं, और परमेश्वर मौन हैं। अकाल पूरे समुदायों को नष्ट कर देते हैं...

महामारियाँ, विपत्तियाँ, भूकंप, बवंडर और ज्वालामुखी विस्फोट होते हैं, और परमेश्वर चुप है। सताव, नरसंहार, अपराध और अत्याचार होते हैं, और परमेश्वर चुप है। दुष्ट लोग दूसरों के कष्टों पर, शराब, नशीली दवाओं और यौन संबंधों का व्यापार करके धनी बनते हैं, और साम्राज्य संगठित अपराध पर निर्मित और टिके रहते हैं, और परमेश्वर चुप है। लाखों लोगों की व्यवस्थित गुलामी और शोषण पर शासन फल-फूल रहा है, और परमेश्वर मौन है। झूठे धर्म लाखों लोगों को आत्मा को नष्ट करने वाले आत्मिक अंधकार में रखते हैं, और परमेश्वर चुप है। मानवता की बड़ी पुकार यह है, "क्यों? परमेश्वर मौन क्यों है? वह कार्य क्यों नहीं करता? वह बोलता क्यों नहीं है?"

उत्तर सरल है। परमेश्वर ने बोल दिया है! उसने इस पृथ्वी पर महान सामर्थ्य और चमत्कार दिखाया है। उसने हस्तक्षेप किया है। यह उसने दो हज़ार वर्ष पहले किया था। आज संसार जिस रहस्यमयी चुप्पी को देख रहा है, वह परमेश्वर के अनंत धैर्य का प्रमाण है। जब परमेश्वर इस मौन को तोड़ेंगे, तो वह एक ‘ बड़े पुकार—के साथ होगा! उसने एक बार अनुग्रह में अपने पुत्र को इस संसार में भेजकर बोला था। और लोगों ने उसे मार डाला। उसने अपना आत्मा भेजा, और संसार उसे अनदेखा करता है। अगली बार, वह क्रोध में बोलेगा। आज सारी सृष्टि उस पुकार की प्रतीक्षा में साँस रोके खड़ी है (रोमियों 8:19–22)। यीशु उस क्षण की प्रतीक्षा कर रहा है जब वह तारों से भरे अंतरिक्ष को पार करते हुए नीचे उतर सकें, आकाश के बादलों को चीरते हुए प्रकट हों, और वह पुकार करें।

शायद वह सुलैमान के श्रेष्ठगीत में पाए गए अद्‌भुत शब्दों का उपयोग करेगा: "हे मेरी प्रिय, हे मेरी सुन्दरी, उठकर चली आ; क्योंकि देख, जाड़ा जाता रहा, वर्षा भी हो चुकी और जाती रही है। पृथ्वी पर फूल दिखाई देते हैं, चिड़ियों के गाने का समय आ पहुँचा है, और हमारे देश में पिन्डुक का शब्द सुनाई देता है। अंजीर पकने लगे हैं, और दाखलताएँ फूल रही हैं; वे सुगन्ध दे रही हैं। हे मेरी प्रिय, हे मेरी सुन्दरी, उठकर चली आ" (श्रेष्ठगीत 2:10-13)।

वह कैसी महान पुकार होगी! वही स्वर है जो मरे हुओं को जगा देता है। हम इस पुकार को पवित्रशास्त्र में तीन बार सुनते हैं—और हर बार मृत्यु के फाटक टूट जाते हैं। पहली बार यह पुकार लाज़र की कब्र पर सुनाई दी थी: "जब उसने यह कहा,"यूहन्ना कहता है, "तो उसने ऊँची आवाज़ से पुकारा, ‘हे लाज़र, निकल आ! और जो मर गया था वह...निकल आया..." (यूहन्ना 11:43-44)।

दूसरी बार यह ललकार क्रूस पर सुनी गई। मत्ती लिखता है: "तब यीशु ने फिर बड़े शब्द से चिल्लाकर प्राण छोड़ दिए। और देखो, मन्दिर का परदा ऊपर से नीचे तक फटकर दो टुकड़े हो गया: और धरती डोल गई और चट्टानें तड़क गईं, और कब्रें खुल गईं, और सोए हुए पवित्र लोगों के बहुत से शव जी उठे, और उसके जी उठने के बाद वे कब्रों में से निकलकर पवित्र नगर में गए और बहुतों को दिखाई दिए" (मत्ती 27:50-53)। पहली बार कोई एक व्यक्ति जी उठा था; दूसरी बार में कई लोग जी उठेंगे।

पौलुस ने थिस्सलुनीकियों को लिखे इस पत्री में उस तीसरी बार का उल्लेख किया है जब वह महान पुकार सुनाई देगी। उसके बाद कब्रों से एक विशाल सामूहिक निर्गमन होगा। यह शक्तिशाली पुकार पाँचों महाद्वीपों और सातों समुद्रों के पार गूँज उठेगी। इसकी जीवंत प्रतिध्वनियाँ पर्वत शिखरों, आर्कटिक ध्रुवों, रेगिस्तानी मैदानों, महासागरीय गुफाओं, पम्पास और प्रेयारियों, भीड़भाड़ वाले शहरी कब्रिस्तानों और संसार के महान युद्धक्षेत्रों को झकझोर देंगी। और मसीह में मरे हुए जी उठेंगे!

वे अपनी कब्रों से बाहर आ जाएँगे! विश्वास के शहीद उठ खड़े होंगे। मिशनरी अग्रदूत उठेंगे। प्रेरित और भविष्यद्वक्ताएं, सुसमाचार प्रचारक, पास्टर और शिक्षक—कलीसिया के साधारण विश्वासी भी—सब जी उठेंगे। जिन्होंने अपने जीवन में विजय पाई और जो विश्वास में कमजोर थे - दोनों ही उठेंगे। जो प्रार्थना में विजयी रहे और जो शायद ही कभी प्रार्थना करते थे—दोनों जी उठेंगे। ऊपर उठने वाली उस विशाल भीड़ में वे भी होंगे जो वचन में प्रबल, सुबुद्ध और वक्तव्य में निपुण थे, और वे भी जो बाइबल की समझ से लगभग अनजान थे। वहाँ वे लोग भी होंगे जो पृथ्वी के पके खेतों से भरी पूलियाँ लेकर आएँगे, और वे भी जो खाली हाथ घर लौटेंगे। कुछ ऐसे भी होंगे जिनके शरीर पर अभी भी मसीह यीशु के दासत्व के चिह्न—जख्म—मौजूद होंगे, और कुछ ऐसे भी जो मानो किसी आरामदायक, पुष्प-सज्जित शय्या पर आकाश की ओर उठाए जा रहे हों।

वे आगे आएँगे—असंख्य समूह, दस हज़ार गुना दस हज़ार और हज़ारों हज़ार। वहाँ वे होंगे—पुरुष और स्त्रियाँ, लड़के और लड़कियाँ—सभी मेम्ने के लहू में धुले हुए होंगे! इतिहास में पहली बार, पूरी कलीसिया—सार्वभौमिक, संघर्षरत और विजयी—एक साथ दिखाई देगी। हर सदस्य वहाँ उपस्थित होगा। जैसा मूसा ने फिरौन से कहा था जब वह इस्राएलियों के निर्गमन में शामिल होने वालों को परिभाषित कर रहा था, 'उनका एक खुर तक न रह जाएगा' (निर्गमन 10:26)। यही सिद्धांत मेघारोहण पर भी लागू होता है। यह एक *उठाई गई कलीसिया* होगी, न कि एक *बिखरी हुई कलीसिया* जिसका कुछ हिस्सा महाक्लेश की भयानकता का सामना करने के लिए पीछे छूट जाए।

कलीसिया अपनी पूर्णता में दिखाई देगी! बादलों में प्रभु से हमारी मुलाक़ात हमारे सभी दाग-धब्बों और दोषों को दूर कर देगी; मसीह का न्याय सिंहासन यह सुनिश्चित करेगा। सभी प्रकार की अपूर्णताएँ और दोष दूर हो जाएँगे।

जब मेमने के विवाह भोज में, स्वर्गदूत घोषणा करते हैं, "देखो, दुल्हन आ रही है," तो हम इस बात का पूरा यकीन रख सकते हैं कि वह बैसाखी के सहारे नहीं आएगी, न ही उसकी एक आँख अंधी होगी और न ही उसका एक पैर और एक हाथ कटा हुआ होगा! बिल्कुल नहीं! कलीसिया अपनी संपूर्णता में होगी, जो ब्रह्मांड का सबसे सुंदर और मनमोहक दृश्य होगा।

प्रधान स्वर्गदूत की ध्वनि *संसार के लिए विनाश* का अर्थ रखती है। वही ध्वनि स्वर्गदूतों को युद्ध के लिए भेजती है। मेघारोहण का अर्थ है कि अब क्षमा की अवधि समाप्त हो चुकी है—कि परमेश्वर ने उस संसार से कूटनीतिक संबंध तोड़ दिए हैं जिसने उसके पुत्र की हत्या की थी। कई शताब्दियों से, इस प्रकार कहें तो, युद्ध के लिए तैयार स्वर्गदूत स्वर्ग की प्राचीरों पर झुके खड़े हैं— वे इस बात के लिए उत्सुक है कि वे उन भयानक अत्याचारों का बदला लें जो आदम की दुष्ट सन्तान ने पृथ्वी पर उनके प्रिय प्रभु पर किए। परन्तु स्वर्गदूतों को परमेश्वर के सार्वभौमिक अनुग्रह ने अब तक रोके रखा है।

हालाँकि, अब प्रधान स्वर्गदूत सामने आता है। स्वर्गदूत भी सामने आते हैं। इस युग में, सेवा करने वाली आत्माएँ (इब्रानियों 1:14) प्रभु के लोगों की सेवा के लिए यहाँ हैं। अब महिमा के उच्च प्रधान स्वर्गदूत, मीकाएल के नेतृत्व में, युद्धरत स्वर्गदूत आते हैं। हमें मेघारोहण के बाद के युग में उनकी कम से कम एक गतिविधि के बारे में बताया गया है: "फिर स्वर्ग में लड़ाई हुई, मीकाईल और उसके स्वर्गदूत अजगर से लड़ने को निकले; और अजगर और उसके दूत उससे लड़े, परन्तु प्रबल न हुए, और स्वर्ग में उनके लिये फिर जगह न रही। तब वह बड़ा अजगर, अर्थात् वही पुराना

साँप जो इब्लीस और शैतान कहलाता है और सारे संसार का भरमानेवाला है, पृथ्वी पर गिरा दिया गया, और उसके दूत उसके साथ गिरा दिए गए।" (प्रकाशितवाक्य 12:7-9)।

पूरे विनाशकाल के दौरान, स्वर्गदूत प्रमुखता से दिखाई देते हैं। वे तुरहियाँ बजाते हैं, कटोरे उड़ेलते हैं, और चेतावनियाँ और घोषणाएँ जारी रखते हैं। स्वर्गदूतों की इस अचानक गतिविधि की घोषणा प्रधान स्वर्गदूत की ध्वनि से होता है। कलीसिया के हट जाने से अब रास्ता साफ़ हो गया है; अब स्वर्गदूत युद्ध पर जा सकते हैं।

परमेश्वर की तुरही का अर्थ *इस्राएल के लिए अपने स्वदेश की वापसी* है। यह यहूदियों के लिए खतरे की घंटी है। कलीसियाई युग के पूर्ण होने पर, परमेश्वर के व्यवहार का केंद्र अब इस्राएल राष्ट्र पर वापस आ जाता है। कलीसिया युग, परमेश्वर के मानवजाति के साथ व्यवहार का एक छोटा सा हिस्सा है। पिन्तेकुस्त के दिन कलीसिया को अलौकिक रूप से इतिहास में शामिल किया गया था और उसे मेघारोहण के समय अलौकिक रूप से इतिहास से बाहर निकाल दिया जाएगा। उस समय, परमेश्वर इस्राएल राष्ट्र के साथ अपने पुराने नियम के व्यवहार को फिर से शुरू करेगा और इस्राएल के बारे में कई भविष्यवाणियों को पूरा करेगा, जो अभी भी अपने समय की प्रतीक्षा कर रही हैं।

हमारे समय में इस्राएल राष्ट्र का पुनर्जन्म हुआ है, जो इस बात का एक ठोस संकेत है कि हम अंत समय के करीब पहुँच रहे हैं। अभी तक यहूदियों का केवल एक छोटा सा समूह ही लौटा है; बाढ़ का ज्वार अभी शुरू नहीं हुआ है। तुरही की ध्वनि उन्हें वापस बुलाएगी। इस्राएल के पुराने नियम के पूरे इतिहास में तुरहियों का काफ़ी इस्तेमाल किया जाता था। जब सीनै में व्यवस्था दी गई थी, तो उसके साथ एक अलौकिक तुरही की ध्वनि भी थी। जंगल में इस्राएल की गतिविधियों को निर्देशित करने के लिए दो चाँदी की तुरहियों का इस्तेमाल किया जाता था। इनका इस्तेमाल चेतावनी, आराधना, युद्ध और इस्राएल के आगे बढ़ने के संबंध में किया जाता था। यरीहो की दीवार का ढा जाना तुरहियों की ध्वनि की प्रतिक्रिया में ही हुआ था। यहूदी वार्षिक रूप से तुरहियों का पर्व मनाते थे। यह कुछ समय बीतने के बाद पिन्तेकुस्त के बाद आता था। इसके पहले प्रायश्चित का पर्व और सहस्राब्दी को दर्शाने वाला झोपड़ियों का पर्व मनाया जाता था।

तुरहियाँ मुख्य रूप से इस्राएल राष्ट्र से जुड़ी हुई हैं; और उसके बाद कलीसिया के उठा लिए जाने से सम्बन्धित हैं। यहाँ पौलुस दिखाता है कि कलीसिया का उठा लिया जाना ही उन अन्य अन्तकालीन घटनाओं को प्रारम्भ करने वाला कारण है। अब पौलुस पुनः यह पुष्टि करता है कि पुनरुत्थान की अपेक्षा की जानी चाहिए: “मसीह में मरे हुए पहले जी उठेंगे,” वह कहता है (4:16)। यह थिस्सलुनीके के मसीहियों की अपने मरे हुए प्रियजनों के विषय में उठी चिंता का पर्याप्त उत्तर होना चाहिए था। वे मेघारोहण से वंचित नहीं रहे थे! इसके विपरीत, उन्हें प्राथमिकता मिलेगी; वे वास्तव में पहले उठेंगे!

यहाँ विशेष रूप से उस आश्वस्त करने वाले शब्द “करेगा / होगा” पर ध्यान दें, जो मेघारोहण की शिक्षा में प्रमुख है। हमें यह नहीं मालूम कि परमेश्वर मृतकों की बिखरी हुई धूल को कैसे फिर से एकत्र करेंगे। हम केवल इतना जानते हैं कि वे ऐसा कर सकता है। यह उसके लिए कठिन नहीं है। आखिरकार, वह सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान और सर्वव्यापी परमेश्वर हैं। वास्तव में, एक ऐसे परमेश्वर के लिए जो अनन्त वर्तमान काल में जीता है जिसके लिए भविष्य तो पहले ही भूतकाल के समान है। हम मनुष्य स्थान–पदार्थ–समय के दायरे में बंधे हुए हैं। हमें किसी भविष्यवाणी-युक्त घटना के घटित होने तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है, परन्तु परमेश्वर समय से परे हैं।

मेरी पत्नी के पास एक म्यूज़िक बॉक्स हुआ करता था। हर बार जब ढक्कन खोला जाता था, तो उसमें से एक छोटी सी धुन बजती थी: "बारिश की बूँदें मेरे सिर पर गिरती ही जा रही हैं!" जब कोई बॉक्स खोलता था, तो एक छोटा सा पीतल का सिलेंडर दिखाई देता था। उसमें ढेर सारे छोटे-छोटे काँटे लगे होते थे। इसके अलावा, जब घूमते हुए काँटे उन पर टकराते थे, तो काँटे अलग-अलग स्वर उत्पन्न करते थे। अब, एक तरह से, जब कोई उस म्यूज़िक बॉक्स को

खोलता था, तो उसे पूरी धुन दिखाई देती थी। वह पूरी तरह से एक-दूसरे से जुड़ी होती थी। हालाँकि, धुन का अनुभव करने के लिए, उन्हें सिलेंडर के नियत समय पर अपना पूरा चक्र पूरा करने का इंतज़ार करना पड़ता था। जैसे ही सिलेंडर घूमता, हर काँटा उपयुक्त काँटे से टकराती और मुक्त हो जाती, जिससे प्रत्येक मधुर स्वर उत्पन्न होता था—पिंग! पिंग! पिंग-अ-पिंग-अ-पिंग!

परमेश्वर के साथ भी ऐसा ही है। वह सम्पूर्ण कथा को देखता है। भविष्य का पूरा समय उसकी महिमा में पहले से ही निश्चित है। परन्तु हम, जो समय के प्राणी हैं, उस धीमी प्रक्रिया की प्रतीक्षा करने के लिए बाध्य हैं, जिसके द्वारा परमेश्वर की अनंतकालीन और शाश्वत योजना हमारे द्वारा, हम में, और हमारे माध्यम से मानवीय अनुभव के संदर्भ में पूर्ण होती है। लेकिन यह सब स्वर्ग में एक सर्वज्ञ परमेश्वर द्वारा अंकित है, जो—"जो वस्तुएँ नहीं हैं, उन्हें ऐसा कहता है मानो वे हैं" (रोमियों 4:17)।

इसलिए इस पूरे अनुच्छेद में, पौलुस कहता है, "होगा! होगा! होगा!" इसमें कोई संदेह नहीं है। एक दिन संसार भर की कब्रें खुल जाएँगी, और “मसीह में मरे हुए पहले जी उठेंगे।” यह उन लोगों के लिए परमेश्वर का प्रतिफल है जो अब्राहम, इसहाक और याकूब के समान हैं, जिनके बारे में पवित्र आत्मा कहता है, "ये सब विश्वास में मरे, और उन्होंने प्रतिज्ञाओं को प्राप्त नहीं किया, परन्तु उन्हें दूर से देखकर, उनके विषय में आश्वस्त होकर, उन्हें ग्रहण किया, और मान लिया कि हम पृथ्वी पर परदेशी और प्रवासी हैं। क्योंकि जो ऐसी बातें कहते हैं, वे स्पष्ट रूप से कहते हैं कि वे एक ऐसे देश की खोज में हैं... जो उत्तम अर्थात् स्वर्गीय देश है। इसी कारण परमेश्वर उनका परमेश्वर कहलाने में नहीं लजाता, क्योंकि उसने उनके लिये एक नगर तैयार किया है" (इब्रानियों 11:13-16)।

3. जो जीवित हैं (4:17-18)

अंत में, पौलुस उन सब के लिए एक वचन कहता है जो मेघारोहण के समय पृथ्वी पर जीवित होंगे: “तब हम जो जीवित और बचे रहेंगे उनके साथ बादलों पर उठा लिये जाएँगे कि हवा में प्रभु से मिलें; और इस रीति से हम सदा प्रभु के साथ रहेंगे” (1 थिस्सलुनीकियों 4:17)। पौलुस स्वयं को सदैव इसी वर्ग में रखता है (शब्द “हम” पर ध्यान दें)। बहुत बाद में उन्हें यह ज्ञात हुआ कि वह मरने वाला है (2 तीमुथियुस 4:6–8)। वह सदा इस आशा में जीवित रहा कि वह किसी भी क्षण उठा लिया जाएगा। मेघारोहण को सदैव इसी प्रकार प्रस्तुत किया गया है—एक ऐसी घटना के रूप में जो निकट है और जो किसी भी समय घट सकती है।

लोग इस घटना के बारे में अलग-अलग विचार रखते हैं। हमारे पास “असहस्राब्दिवादी”, उत्तर-सहस्राब्दिवादी और ‘पूर्व-सहस्राब्दिवादी’ विचारधाराएँ हैं। हमारे पास वे लोग हैं जो महाक्लेश के मध्य में उठा लिये जाने में विश्वास करते हैं, जो क्लेश के बाद उठा लिये जाने का प्रचार करते हैं, और जो क्लेश से पहले ही उठा लिये जाने की शिक्षा देते हैं। कुछ लोगों ने तो "पूर्व-क्रोध उठा लिये जाने" को भी मान लिया है, जो महाक्लेश के मध्य उठा लिये जाने का एक जोर से घोषित किया जाने वाला संस्करण लगता है।।

जो लोग क्लेश के समय उठा लिये जाने का समर्थन करते हैं, वे अक्सर जॉन नेल्सन डार्बी पर आक्रमण करना जरूरी समझते हैं। डार्बी तथाकथित प्लायमथ ब्रेथ्रेन के प्रमुख अगुओं में से एक थे। उन्होंने प्रभु के आगमन से सम्बन्धित सत्य को उस कचरे के ढेर से बाहर निकालने में बहुत योगदान दिया, जिस पर व्यापक रूप से मानी जाने वाली कलीसिया ने उसे फेंक दिया था। डार्बी एक विद्वान, धर्मविज्ञानी, बुद्धिजीवी और एक आत्मिक महापुरुष थे, जो इब्रानी और यूनानी के साथ-साथ कई यूरोपीय भाषाओं में भी पूर्ण रूप से पारंगत थे। उनके शत्रु कहते हैं कि उन्होंने मेघारोहण के विषय में अपने विचार एक उन्मादी, दर्शन-प्रवण स्त्री से प्राप्त किए। यह कथन निन्दात्मक है। यह उस व्यक्ति, उसके मिशन और उसके संदेश के बारे में अक्षम्य अज्ञानता को प्रकट करता है। डार्बी अपनी धर्मविज्ञानी मान्यताओं के लिए किसी स्त्री के पास जाने वाले अंतिम व्यक्ति होते। कलीसिया में स्त्रियों की भूमिका के बारे में उनके विचार बिल्कुल भिन्न थे। वे न तो स्त्री के उपदेश देने, न शिक्षा देने, और न कलीसिया में पुरुष के अधिकार

वाली भूमिका को ग्रहण करने का समर्थन करते थे। जब डार्बी स्वयं अंग्रेज़ी और अन्य भाषाओं में बाइबल के कई अनुवाद तैयार कर चुके थे, तो उन्हें बाइबल के सत्य के विषय में किसी स्त्री की शिक्षा की क्या आवश्यकता थी? उनका मस्तिष्क व्यापक था—संसार को समझने वाला—जिसे किसी उन्मादी, अस्थिर "भविष्यवक्त्री" द्वारा संकीर्ण नहीं किया जा सकता था।

कई योग्य व्याख्याकारों (जैसे ड्वाइट पेंटेकोस्ट, जॉन वाल्वूर्ड, और चार्ल्स रायरी) ने क्लेश से पहले उठा लिये जाने की वकालत की है। मसीह के दूसरे आगमन के बारे में कोई भी विचार जो हमारी प्रतीक्षा को धीमा कर देता है और विश्वासियों और उठा लिये जाने के बीच बहुत सी पूर्व-घटनाओं को डाल देता है, वह गलत विचार है। उठा लिए जाने के विषय में नए नियम की समस्त शिक्षा में "आश्चर्य" का तत्व अत्यन्त प्रमुख है; इसलिए बार-बार यह आग्रह किया गया है कि हम सदा सचेत और जागरूक रहें।

"इसलिये तुम भी तैयार रहो, क्योंकि जिस घड़ी के विषय में तुम सोचते भी नहीं हो, उसी घड़ी मनुष्य का पुत्र आ जाएगा" (मत्ती 24:44)। "उस दिन और उस घड़ी के विषय में कोई नहीं जानता, न स्वर्ग के दूत और न पुत्र, परन्तु केवल पिता" (मत्ती 24:36)। "क्योंकि तुम नहीं जानते कि वह समय कब आएगा" (मरकुस 13:33)। "यदि घर का स्वामी जानता होता कि चोर किस पहर आएगा तो जागता रहता, और अपने घर में सेंध लगने न देता" (मत्ती 24:43)। "इसलिये जागते रहो, क्योंकि तुम नहीं जानते कि घर का स्वामी कब आएगा, साँझ को या आधी रात को, या मुर्ग़ के बाँग देने के समय या भोर को" (मरकुस 13:35)। "इसलिये जागते रहो और हर समय प्रार्थना करते रहो कि तुम इन सब आनेवाली घटनाओं से बचने और मनुष्य के पुत्र के सामने खड़े होने के योग्य बनो" (लूका 21:36)।

इस प्रकार, प्रभु के वास्तविक लौटने के विपरीत, जब वह पृथ्वी पर अपना राज्य स्थापित करेगा, जो कि एक निश्चित घटना है (विरोधी मसीह के इस्राएल के साथ वाचा करने के सात वर्ष बाद और वाचा तोड़े जाने के 1,260 दिन बाद, दानिय्येल 9:26-27; प्रकाशितवाक्य 12:6-12), तब तक कलीसिया का उठा लिया जाना एक गुप्त घटना है। हम उस "घंटे," "दिन," "वर्ष," "समय," या "पहर" के बारे में कुछ नहीं जानते।

प्रभु ने इस बात को और अधिक स्पष्ट किया कि हम उस वास्तविक समय के बारे में बिल्कुल अनजान हैं जिसमें वह लौटगा: "यदि वह रात के दूसरे पहर या तीसरे पहर में आकर उन्हें जागते पाए, तो वे दास धन्य हैं" (लूका 12:38)। पहली पहर में पिछले दिन की कुछ चौकसी बनी रहती है, और चौथी पहर में आने वाले दिन की प्रतीक्षा का भाव होता है; लेकिन दूसरी और तीसरी पहर में जागरूकता और सावधानी सबसे कम होती है। वास्तव में, मध्ययुग में कलीसिया गहरी नींद में पड़ गई थी। आधी रात की पहर में ही पतरस सो गया था और दुःख की बात हैं कि "मुर्गे के बाँग देने" की पहर में ही उसने अपने प्रभु का इनकार किया। वास्तव में, "रात के चौथे पहर" में, अर्थात् सुबह के पहर में, यीशु अपने शिष्यों को तूफ़ान से बचाने के लिए उनके पास आया था (मत्ती 14:25)। यूहन्ना जोर देते हुए आगे कहता है कि "तुरन्त वह नाव उस स्थान पर जा पहुँची जहाँ वे जा रहे थे" (यूहन्ना 6:21)। इसी सुबह की पहर में ही प्रभु परमेश्वर ने अग्नि के स्तंभ में से आगे बढ़ती मिस्री सेना की ओर देखा, और उसी समय उनका न्याय उन पर आ पड़ा (निर्गमन 24)। अब हम यह समझ सकते हैं कि उस सुबह की पहर में वास्तव में कुछ विशेष था।

प्रभु अपने स्वर्गारोहण के बाद इस पूरे लम्बे समय में किसी भी क्षण आ सकता था। वह रात की किसी भी पहर में आ सकता था। ऐसा लगता है कि अब हम अंतिम पहर — सुबह की पहर — में हैं, और कलीसिया में प्रभु के आगमन की शिक्षा के प्रति एक नई जागरूकता और सतर्कता दिखाई दे रही है। इसके लिए हम उस अक्सर आलोचना किए जाने वाले जे. एन. डार्बी का धन्यवाद कर सकते हैं! पिछले दो हज़ार वर्षों में प्रभु किसी भी समय आ सकता था। वे अब भी किसी भी क्षण आ सकता है।

इसलिए पौलुस कहता है, "तब हम जो जीवित और बचे रहेंगे उनके साथ बादलों पर उठा लिये जाएँगे कि हवा में प्रभु से मिलें; और इस रीति से हम सदा प्रभु के साथ रहेंगे।" वह हमारा ध्यान *उस उठा लिये जाने की प्रतिज्ञा* की ओर खींचता है (4:17)।

उठा लिये जाएंगे! इसका मूल शब्द हार्पाजो है। इसका शाब्दिक अर्थ "जबरन उठा लिया जाना" है।" यह शब्द इथियोपियाई खोजे को बपतिस्मा देने के बाद फिलिप्पुस के अचानक अदृश्य हो जाने का वर्णन करने के लिए प्रयोग किया गया है (प्रेरितों के काम 8:39)। यह शब्द पौलुस के उस अवर्णनीय, आनंदमय अनुभव के लिए भी प्रयोग किया गया है (2 कुरिन्थियों 12:2, 4)। इस शब्द का अर्थ यह भी बताता है कि यह घटना अचानक और बलपूर्वक पूरी होगी।

मेरा एक मित्र, जो यूनानी नये नियम में बहुत निपुण हैं, कहता है कि यह शब्द "प्यार से हाथ बढ़ाकर पकड़ लेने" और "ऊपर उठा लेने" का विचार प्रकट कर सकता है। यही शब्द आत्माओं को जीतने वाले व्यक्ति द्वारा खोए हुए लोगों को आग से "खींचकर" (हार्पाजो) निकालने के संदर्भ में प्रयोग हुआ है (यहूदा 23)। बिल्कुल विपरीत परिस्थिति में यही शब्द दुष्ट जन के उस कार्य को भी व्यक्त करने के लिए इस्तेमाल हुआ है, जो राज्य का वचन सुनकर नहीं समझता, उसके मन में जो कुछ बोया गया था, उसे वह दुष्ट आकर "छीन ले जाता" है (मत्ती 13:19)। इसी शब्द का प्रयोग यह बताने के लिए भी किया गया है कि सैनिकों ने मंदिर में भीड़ से पौलुस को कैसे बचाया। उनके प्रधान ने उन्हें आदेश दिया था कि "उसे उनके बीच से बलपूर्वक (हार्पाजो) निकालकर किले में ले जाओ" (प्रेरितों 23:10)। उसी प्रकार, अन्त समय के न्याय इस पृथ्वी पर आने से पहले हमें भी अचानक उठा लिया जाएगा।

हम उन संतों के साथ जो पुनरुत्थान के द्वारा जीवित किए गए होंगे - "उनके साथ बादलों पर उठा लिये जाएँगे।" बाद में मिली एक और दैवीय प्रकाशन में, पौलुस हमारे प्राकृतिक देहों में होने वाले परिवर्तन के बारे में विस्तार से बताता है। हमें ऐसा शरीर मिलेगा जो अनंत काल के लिए बनाया गया होगा, जो समय और स्थान की सीमाओं को लगभग समाप्त कर देने में सक्षम होगा। वह अविनाशी होगा—एक ऐसा शरीर जिसमें सामर्थ होगी, जो अपनी वर्तमान सभी दुर्बलताओं और सीमाओं पर विजय पा लेगा। वह एक स्वर्गीय देह होगी—अनश्वर और आत्मिक (1 कुरिन्थियों 15:35-54)। पौलुस यह भी जोड़ता है कि वह मसीह के पुनरुत्थान वाले शरीर के समान होगा (फिलिप्पियों 3:21)। यूहन्ना इस बात में सहमत है: "हम उसके समान होंगे," वह कहता है (1 यूहन्ना 3:2)। अचानक, महिमा का आकर्षण अपनी सामर्थ प्रकट करेगा, और कलीसिया उठा ली जाएगी। हम प्रभु की उपस्थिति में, आकाश के बादलों में एकत्र किए जाएँगे—और पारुसिया आरंभ हो जाएगी।

प्रकृति हमें दो उदाहरण देती है। उदाहरण के लिए, विनम्र कैटरपिलर (इल्ली) को ही ले लें। वह अपने जीवन का अधिकांश समय - मिट्टी से जुड़ा हुआ, जमीन से बँधा हुआ - धरती पर ही एक कीड़े के रूप में बिताता है। फिर भी वह अपना छोटा-सा सिर उठाता है और आकाश की विशाल विस्तार को निहारता है। वह सोचती है, *काश मैं उड़ पाती! काश मेरे पास पंख होते! मैं हवा की धाराओं में उड़ती और पेड़ से पेड़ पर उड़ती फिरती! पर मैं तो एक छोटी इल्ली हूँ जिसके बहुत से पैर हैं जो पेड़ के तने पर रेंगते रहते हैं।*

फिर एक परिवर्तन आता है। इल्ली जानती है कि यह परिवर्तन आने वाला है और वह तैयारी करती है। वह अपने लिए एक छोटा-सा ताबूत बनाती है, एक आवरण, उसे एक टहनी पर चिपकाती है और उसके अंदर चली जाती है। फिर वह उस जीवन के लिए मर जाती है, जिसे वह हमेशा से जानती थी। समय गुजरता है और फिर भी वह रेशमी कफ़न अपने भीतर के जीव को वैसे ही थामे रहता है। फिर एक ऐसा आह्वान आता है जिसे हम सुन नहीं सकते। अचानक, वह कैटरपिलर अपने खोल (कोकून) को फाड़कर बाहर निकल आता है। और—क्या ही अद्भुत दृश्य—वह बदल चुका होता है! वह उस रेशमी कफ़न में एक इल्ली के रूप में प्रवेश करता है; परंतु बाहर एक तितली के रूप में निकलता है। बाहर आने वाला वही प्राणी होता है जो भीतर गया था, लेकिन उसका रूपांतरण इतना अद्भुत होता है कि हम

दोनों को एक ही मानने में कठिनाई महसूस करते हैं। रूपांतरित प्राणी अपने पंख फैलाता है और सौंदर्य की चमक के साथ आकाश की ओर उड़ान भरता है। पौलुस के शब्द उधार लेकर कहें तो, वह “अनादर के साथ बोया गया” था और अब “तेज के साथ जी उठा” है। हमारे साथ भी कुछ ऐसा ही होने वाला है। जो परमेश्वर इल्ली के प्रति इतना विश्वासयोग्य है, वह हमारे प्रति भी विश्वासयोग्य रहेगा।

दूसरा उदाहरण भी उतना ही अद्भुत है। मान लीजिए कि हम विभिन्न धातुओं का एक मिश्रण लें और उन्हें यहाँ-वहाँ फैला दें—कुछ को मिट्टी में गाड़ दें और कुछ को ज़मीन पर बिखेर दें। हम सोना, चाँदी, ताँबा, जस्ता, लोहा और सीसा - सब इधर-उधर फैला देते हैं। फिर हम एक शक्तिशाली विद्युत-चुंबक को लेते हैं और उसे उस क्षेत्र के ऊपर ले जाते हैं जहाँ ये सभी धातुएँ बिखरी पड़ी हैं। तुरंत ही चुंबक केवल एक ही प्रकार की धातु को अपनी ओर खींचता है। वह सिर्फ़ लोहे को आकर्षित करता है—चाहे वह मिट्टी में दबा हो या सतह पर पड़ा हो। बाकी सब को वह वहीं छोड़ देता है—सोना रह जाता है, ताँबा रह जाता है, और चाँदी भी रह जाती है। अब सवाल यह है: “चुंबक सिर्फ़ लोहे को ही अपनी ओर क्यों खींचता है?”

उत्तर बहुत सरल है—यह तो हाई स्कूल के भौतिकी का तथ्य है। चुंबक लोहे को इसलिए खींचता है क्योंकि लोहे का स्वभाव (गुण) चुंबक के स्वभाव से मेल खाता है।

मेघारोहण में भी ऐसा ही होगा! प्रभु केवल उन्हें अपनी ओर खींचेगा जिनका स्वभाव उसके स्वभाव के समान है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम अमीर हैं या गरीब, बुद्धिमान हैं या मूर्ख, ज्ञानी हैं या अज्ञानी, काले हैं या गोरे, राजकुमार हैं या भिखारी, जीवित हैं या मृत। केवल यह मायने रखता है कि हम "ईश्वरीय स्वभाव के समभागी" बन गए हैं (2 पतरस 1:4)। यही कारण है कि यीशु ने सुसंस्कृत, सफल, धार्मिक निकुदेमुस से कहा, "तुझे नये सिरे से जन्म लेना अवश्य है" (यूहन्ना 3:7)। क्योंकि नए जन्म के द्वारा ही हम फिर से जन्म लेते हैं, अर्थात् "ऊपर से जन्मे" होते हैं, पवित्र आत्मा और मसीह का स्वभाव प्राप्त करते हैं।

"और इस रीति से हम सदा प्रभु के साथ रहेंगे," पौलुस कहता है। और हम भी ऐसे ही होंगे! हमें उस तथ्य के आनन्द और आश्चर्य में प्रवेश करने के लिए पूरी अनन्तता लग जाएगी।

अब पौलुस हमारा ध्यान *वर्तमान विश्राम* की ओर खींचता है: "इस प्रकार इन बातों से एक दूसरे को शान्ति दिया करो।" (4:18)।

ये क्या ही शान्तिदायक शब्द हैं! हम उन्हें हर अंतिम संस्कार में पढ़ते हैं। संसार के किसी धर्म के पास ऐसे शब्द नहीं हैं। उनके किसी संस्थापक ने मृत्यु से पुनरुत्थान नहीं पाया। केवल यीशु ही यह शान्ति और आश्वासन दे सकता है जो हमें इस "धन्य आशा" में मिला है कि हम अपने बिछड़े हुए प्रियजनों और प्रभु के साथ हमेशा हमेशा के लिए रहेंगे।

यहाँ “शान्ति” शब्द के कई अर्थ हैं। यह यूहन्ना द्वारा पवित्र आत्मा के लिए उपयोग किए गए उसके पसंदीदा शब्द—सहायक (सांत्वना देने वाला) (यूहन्ना 14:16)—के समान है। यह एक दिलचस्प विचार प्रस्तुत करता है। नए नियम में पवित्र आत्मा का एक प्रतीक कबूतर भी है। जब मैं छोटा था, तो मात्र एक अंग्रेजी सिक्के में प्लेटफ़ॉर्म टिकट खरीदा जा सकता था, जिससे हम स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म पर जा सकते थे। वे भाप इंजनों के दिन थे, और क्योंकि हमारा शहर लंदन से वेल्स को जोड़ने वाली मुख्य लाइन पर था, इसलिए यह एक बहुत व्यस्त स्टेशन था। गर्मियों की छुट्टियों में प्लेटफ़ॉर्म टिकट खरीदना और सुबह का समय वहाँ बिताकर ट्रेनों को देखना हमारा पसंदीदा मनोरंजन था। ट्रेनें बादलों जैसे भाप के बीच, सीटी की आवाज़ों, दरवाज़ों के बंद होने की धमक, और यात्रियों की भीड़भाड़ के साथ तेज़ रफ़्तार से प्लेटफ़ॉर्म में प्रवेश करती थीं। फिर आगे लगे शक्तिशाली इंजन की भारी "हफ़्फ़- पफ़्फ़" आवाज़ों के साथ वे स्टेशन से निकल जाती थीं।

एक दिन, मैं ऐसी ही एक सुबह प्लेटफ़ॉर्म के दूर छोर पर पहुँच गया। वहाँ मुझे कुछ टोकरी मिलीं जो कबूतरों से भरी हुई थीं। एक दोस्ताना कुली ने मुझे उन्हें देखते हुए देखा। "ये घर लौटने वाले कबूतर हैं, बच्चे," उसने कहा। "हम उन्हें उन ट्रेनों में चढ़ा रहे हैं जो देश के अलग-अलग हिस्सों में जा रही हैं। अगले हफ्ते के किसी समय तक, ये सब अपने-अपने स्थानों पर पहुँच चुके होंगे। ठीक एक ही समय पर, इन्हें सबको छोड़ दिया जाएगा, और चाहे वे कहीं भी हों, वे सीधे अपने घर की ओर उड़ेंगे। यह उनकी एक तरह की दौड़ है, समझे। जो सबसे पहले घर पहुँच जाएगा, वही विजेता होगा।"

यही बात है, बिल्कुल! पवित्र आत्मा परमेश्वर का कबूतर है। उसमें घर लौटने की एक प्रबल प्रवृत्ति है। जब वह किसी मनुष्य के हृदय में आता है, तो वह यह घर लौटने की प्रवृत्ति साथ लेकर आता है। वह हमें घर की ओर मोड़ देता है! मेघारोहण के समय, वह हमें सबको, चाहे हम जीवित हों या मृत, उठा लेगा और जयकार, तुरही और ध्वनि के साथ वहाँ ले जाएगा जहाँ इसका घर है।

भाग 6.

प्रभु का आगमन : एक पवित्र करने वाला सत्य

1 थिस्सलुनीकियों 5:1-22

क. स्पष्टीकरण का एक वचन (5:1-11)

कुछ महत्वपूर्ण विरोधाभास (5:1-8)

क. मान्यताओं के संबंध में (5:1-6)

(1) पवित्र लोग पवित्रशास्त्र द्वारा निर्देशित होते हैं (5:1-2)

मूल पाठ में यहाँ स्वाभाविक रूप से कोई अध्याय-विभाजन नहीं है। अध्याय पाँच का आरंभिक शब्द “पर” है, जो सीधे पहले कही गई बातों से इसे जोड़ता है। आगे की चर्चा इस कथन पर आकर पूर्ण होती है कि जो लोग मेघारोहण में सहभागी होंगे, वे आने वाले क्रोध से बचा लिए जाएँगे। इस पद्यांश को समझने की कुंजी यह है कि इसमें प्रयुक्त व्यक्तिगत सर्वनामों पर ध्यानपूर्वक विचार किया जाए। उन्हें ध्यान से चिह्नित करें। यहाँ दो वर्ग स्पष्ट दिखाई देते हैं। एक वर्ग उन सर्वनामों से संबोधित है: *मैं, तुम, तुम स्वयं, हम, और हमें/हमारा।* ये सर्वनाम विश्वासियों को बताते हैं — अर्थात वे जो मेघारोहण के पात्र हैं। पौलुस इन्हीं सर्वनामों का प्रयोग जारी रखता है, जो पिछले अनुच्छेद में भी इस्तेमाल हुए थे, जिसमें स्वयं मेघारोहण का वर्णन है (1 थिस्सलुनीकियों 4:13–18)।

इसके विपरीत, पौलुस एक दूसरे समूह का उल्लेख *वे'* और *उन्हें* जैसे सर्वनामों का उपयोग करके करता है। अपनी बाइबल में इन दो अलग-अलग समूहों को दो अलग-अलग रंगों से निशान लगाकर आप इस विरोधाभास को बहुत आसानी से समझ सकते हैं। इस प्रकार, पवित्र और पापी स्पष्ट भेद के साथ सामने आते हैं— पवित्र, जो आने वाले क्रोध से उठा लिए जाने के लिए नियुक्त हैं, और पापी, जो आने वाले क्रोध के भंवर में फँस जाने के लिए नियुक्त हैं।

पौलुस प्रभु के लोगों के बारे में तीन बातें बताता है। पहली बात, वे *पवित्रशास्त्र द्वारा निर्देशित* हैं। पौलुस पहले एक *पिछले प्रकाशन* का उल्लेख करता है: "हे भाइयो, इसका प्रयोजन नहीं कि समयों और कालों के विषय में तुम्हारे पास कुछ लिखा जाए" (5:1; इब्रानियों 1:1-2)। यह निस्संदेह पुराने नियम में लिखे गए भविष्यद्वाणी के बड़े सत्य और प्रभु की अपनी भविष्यद्वाणी की शिक्षा, जो अब सुसमाचारों में है, दोनों की ओर संकेत करता है। जब पौलुस ने

थिस्सलुनीके विश्वासियों को सिखाया, उसने संभवतः इन सब बातों पर कलीसियाा की और अपनी समझ भी बताई। उसने उन्हें उन "समयों और कालों" के बारे में बताया जो अंत में क्रोध के दिन तक पहुँचते हैं।

समयों का तात्पर्य उन अलग-अलग अवधियों से हैं जो परमेश्वर के मनुष्य से व्यवहार में आते हैं। परमेश्वर ने "थोड़ा थोड़ा करके" और "भाँति–भाँति से" बात की है (इब्रानियों 1:1)। पौलुस ने निश्चित रूप से अपने परिवर्तित लोगों को इन अलग-अलग समयों (जिन्हें हम अब युग कहते हैं) का फर्क समझाया होगा। दानिय्येल ने कुछ खास समय अवधियों का भी उल्लेख किया है (दानिय्येल 9:24-27; 12:1-13)।

“कालों” से अभिप्राय उन विशेष लक्षणों, विशेषताओं, संकेतों और घटनाओं से है जो अंतकाल को चिन्हित करती हैं। इन में से बहुत-सी बातें अब हमारे लिए और अधिक स्पष्ट होती जा रही हैं, क्योंकि हम समय के अंत के निकट पहुँच रहे हैं— इस्राएल राष्ट्र का पुनर्जन्म, रूस का उदय, रोमी साम्राज्य के पुनरुत्थान की तैयारी, परमाणु युग का आरंभ, यहूदी-विरोधी भावना का घोर रूप में बने रहना, वैश्विक आपदाएँ, अश्लीलता और समलैंगिक संस्कृति का उभार, नामधारी कलीसिया का धर्मत्याग, आतंकवाद का प्रसार, सताव, अकाल, और भूकम्प—ये सब अंतकाल की विशेषताएँ हैं। यही “काल”हैं जो उसके आगमन का संकेत देते हैं। यहाँ प्रयुक्त मूल शब्द काइरोस है। यह किसी कालखंड की विशेषताओं को दर्शाता है—जैसे कि फसल कटाई का समय (मत्ती 13:20; प्रेरितों 14:17; गलातियों 6:9)। यह भविष्यद्वाणी की पूर्तिकरण के समय के लिए भी उपयोग होता है (लूका 1:20; प्रे. 3:19; 1 पतरस 1:11)।

पौलुस को इन बातों को फिर से दोहराने की आवश्यकता महसूस नहीं हुई। वह अपने परिवर्तित विश्वासियों को पहले दी गई प्रकाशन की ओर लौटने को कहता है। वह उन्हें *संपूर्ण प्रकाशन* की ओर भी निर्देशित करता है: “क्योंकि तुम आप ठीक जानते हो कि जैसा रात को चोर आता है, वैसा ही प्रभु का दिन आनेवाला है” (5:2)। प्रभु का अपनी कलीसिया के लिए आना चोर के आने के समान बताया गया है। चोर अप्रत्याशित रूप से आता है—जब लोग सो रहे होते हैं, या जब वे व्यस्त रहते हैं और अन्य बातों में उलझे होते हैं।

"प्रभु का दिन," जिसका यहाँ पौलुस उल्लेख करता है, पुराने नियम में एक बड़ा विषय है। इसका पुराने नियम में सत्रह बार उल्लेख किया गया है (यशायाह 2:12; 13:6, 9; यहेजकेल 13:5; 30:3; योएल 1:15; 2:1, 11, 31; 3:14; आमोस 5:18, 20; ओबद्याह 15; सपन्याह 1:7, 14; जकर्याह 14:1; मलाकी 4:5)। इसे कई बार *क्रोध* और *पलटा लेने के दिन* जैसे शब्दों के साथ जोड़ा गया है। नये नियम में इसका चार बार उल्लेख किया गया है (यहाँ और 2 थिस्सलुनीकियों. 2:2; 2 पतरस 3:10; प्रकाशितवाक्य 1:10 में)।

हम अभी “मनुष्य के दिन” (1 कुरिन्थियों 4:3) में जी रहे हैं। इस समय मनुष्य स्वयं को ऊँचा दिखाता है और परमेश्वर को उसके ही संसार से बाहर करने का प्रयास करता है। लेकिन “प्रभु के दिन” में, प्रभु इस पृथ्वी पर अपने अधिकार को पुनः स्थापित करेगा। यह मूल रूप से क्रोध और न्याय का दिन होगा। यह दिन सहस्राब्दी (हज़ार वर्ष के राज्य) तक भी विस्तृत रहता है और उस महिमामय युग के नाटकीय चरम और अंत तक पहुँचता है।

“प्रभु के दिन” का मुख्य केंद्र महाक्लेश (प्रकाशितवाक्य की पुस्तक) है और वे न्याय जो मेघारोहण के बाद घटित होंगे—विशेषकर वे भयानक कटोरे के न्याय, जिनमें परमेश्वर अपनी बिना मिलावट के क्रोध को उस संसार पर उँडेलेंगे जिसने उसके पुत्र की हत्या की थी।

थिस्सलुनीकियों को इन बातों की “ठीक” जानकारी थी। पौलुस द्वारा प्रयुक्त शब्द का शाब्दिक अर्थ “सटीक” होता है। लूका ने इस शब्द का इस्तेमाल अपने व्यक्तिगत अनुसंधान और प्रभु यीशु की कहानी के ज्ञान के लिए किया (लूका 1:3)। मत्ती ने इसे उस निर्देश के लिए इस्तेमाल किया जो हेरोदेस ने बुद्धिमानों को दिया। तब उसने उनको चुपके से बुलाकर उनसे पूछा कि तारा ‘ठीक’ किस समय दिखाई दिया था, और उसने यह कहकर उन्हें बैतलहम भेजा कि उस बालक के विषय में ‘ठीक–ठीक’ मालूम करो, और जब वह मिल जाए तो मुझे समाचार दो” (मत्ती 2:7-

8)। पौलुस ने अपने थिस्सलुनीकियों के विश्वासियों को अत्यंत परिश्रम के साथ सिखाया था। इसके कारण, उन्हें प्रभु के दिन की मुख्य विशेषताओं का सटीक ज्ञान प्राप्त था। हालाँकि, उस समय का हर क्षण—यहाँ तक कि वह समय भी जो परमेश्वर के क्रोध के प्रवाह की ओर ले जाता है—संघर्ष और अशांति से भरा नहीं है। पौलुस उन्हें इसके बारे में अगली बात याद दिलाता है।

(2) पापी शैतान द्वारा बहकाए जाते हैं (5:3)

कलीसिया के उठाए जाने के साथ जो न्याय का समय शुरू होता है, वह पूरी तरह से वचन के वर्षों से खाली नहीं होंगे। लेकिन वे वादे छल से भरे होंगे। अब पौलुस अविश्वासियों से कहता है, "जब लोग कहते होंगे, 'कुशल है, और कुछ भय नहीं,' तो उन पर एकाएक विनाश आ पड़ेगा, जिस प्रकार गर्भवती पर पीड़ा; और वे किसी रीति से न बचेंगे।"

प्रकाशितवाक्य में वर्णित अवधियों का संक्षिप्त अवलोकन इस तथ्य को स्पष्ट करता है। सबसे पहले, मोहरे खोले जाएंगे, जिसके परिणामस्वरुप *मनुष्य द्वारा इस संसार को बर्बाद कर दिया जाएगा*। वहाँ झूठा मसीह, युद्ध, अकाल, महामारी और भयंकर सताव होंगे, जो इतिहास की सभी घटनाओं से भी भयंकर होंगे। मनुष्यों के हृदय भय और आतंक से भरे होंगे।

फिर, तुरही बजाए जाएंगे, जिससे *दुनिया शैतान के शासन में चली जाएगी।* इसी दौरान मसीह-विरोधी प्रकट होगा। वह अराजकता से व्यवस्था स्थापित करेगा। वह यूरोपीय महाद्वीप को एकजुट करेगा, अटलांटिक गठबंधन को मजबूत करेगा और पश्चिमी दुनिया पर रोमी शांति लागू करेगा। दुनिया उसकी शक्ति, नीतियों और व्यक्तित्व की प्रशंसा करेगी। लोग उसे राजनीतिक और आर्थिक प्रतिभा के रूप में देखेंगे। ऐसा लगेगा कि दुनिया में अंततः शांति आ गई है। आर्थिक समृद्धि और वैश्विक व्यापार फल-फूल रहे होंगे। लोग चिल्लाएंगे: "शांति और सुरक्षा!" और आए हुए नई व्यवस्था पर स्वयं को बधाई देंगे। लेकिन वे सब बहकावे में रहेंगे।

मसीह विरोधी, फिर भी, संतुष्ट नहीं होगा। वह रोम से पूरे संसार पर शासन करने के लिए दृढ़ निश्चयी होगा। इस लक्ष्य की ओर एक कदम के रूप में, वह इस्राएल के साथ एक समझौता करेगा। यह सात साल का समझौता होगा जो इस्राएल को बिना किसी शर्त के सुरक्षा की गारंटी देगा और यहूदियों को यरूशलेम में अपना मन्दिर फिर से बनाने की अनुमति देगा। मुस्लिम राष्ट्रों को चेतावनी दी जाएगी कि वे इस्राएल को अकेला छोड़ दें, वरना आक्रमण और दंड का सामना करना पड़ेगा। इस्राएल पर एक संयुक्त रूस-इस्लामी हमले की तैयारी होगी। यह हमला तब होगा "जब मेरे इस्राएल के लोग निश्चिन्त होकर बसेंगे" (यहेजकेल 38:14)। मसीह के अंतिम आगमन से पहले यह इस्राएल के लिए पूर्ण रूप से सच होगा। पृथ्वी नए युग की धूप में नहा रही होगी। इस्राएल शांति में होगा। लेकिन तभी गंभीर समस्याएँ तैयार हो रही होंगी।

हम सोच सकते हैं कि मुसलमानों की प्रतिक्रिया क्या होगी जब यहूदी मन्दिर का स्थान लेकर अपना मन्दिर बनाना शुरू करेंगे। शुरुआत में मसीह-विरोधी की शक्ति से डरे हुए, मुस्लिम संसार तब गुस्से से भर उठेगा। वे रूस से मदद मांगेंगे। विश्व पर फिर से अपना अधिकार पाने के लिए, रूस और उसके सहयोगी राष्ट्र इस्राएल पर एक बड़ा हमला करेंगे—लेकिन उनका सामना उसी विनाश से होगा जिसका वर्णन पुराने नियम के भविष्यद्वक्ताओं ने किया था (यहेजकेल 38-39)।

मसीह-विरोधी, जो अब सब पर हावी होगा, सभी राष्ट्रों से अपनी सत्ता के अधीन होने की माँग करेगा। संसार उसके चरणों में पड़ा होगा। एक ही निर्णायक वार में वह अपने दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों—रूस और इस्लाम—को समाप्त कर चुका होगा। यहाँ तक कि चीन भी भयभीत होगा। अब सचमुच संसार कह सकेगा, "शांति और सुरक्षा।" लोग राहत की साँस लेंगे। अंततः एक केंद्रीय विश्व सरकार बन चुकी होगी जो इतनी शक्तिशाली है कि विश्व-व्यापी शांति बनाए रख सके और समृद्धि सुनिश्चित कर सके।

परन्तु वे फिर धोखा खाएँगे, क्योंकि मसीह-विरोधी की वास्तविक इच्छा वैश्विक उपासना और विश्व-शासन प्राप्त करना होगी। वह यरूशलेम में पुनर्निर्मित यहूदी मन्दिर पर कब्ज़ा कर लेगा। वह अपनी मूर्त्ति को पवित्र स्थान में स्थापित करेगा और यह आदेश देगा कि हर व्यक्ति उसके चिन्ह—प्रसिद्ध "पशु का चिह्न"—की छाप लें। बचे हुए यहूदी, दो गवाह और 144,000 गवाहों के द्वारा परिवर्तित लोग, इस आदेश को मानने से इनकार करेंगे। अब संसार से यहूदी-मसीही प्रभाव और शिक्षाओं के अंतिम अवशेषों को मिटाने के लिए दृढ़निश्चयी होकर, मसीह-विरोधी एक विशाल और वैश्विक सताव अभियान चलाएगा। उसका उद्देश्य यहूदियों का पूर्ण संहार करना और हर प्रकार के विरोध को सदा के लिए कुचल देना होगा। निस्संदेह, इस महाविनाश में उसके सभी संभावित राजनीतिक और धार्मिक प्रतिद्वंद्वी भी समाप्त कर दिए जाएँगे।

"उन पर एकाएक विनाश आ पड़ेगा, जिस प्रकार गर्भवती पर पीड़ा; और वे किसी रीति से न बचेंगे" - पौलुस कहता है। यही महाक्लेश होगा, जिसे "याकूब का संकट का समय" भी कहा जाता है, जिसका पवित्रशास्त्र में कई स्थानों पर साफ उल्लेख किया गया है (मत्ती 24:15-22; दानिय्येल 12:11; यिर्मयाह 30:7)। यह सताव का ऐसा नरसंहार होगा जैसा संसार ने अपने लंबे और हिंसक इतिहास में पहले कभी नहीं देखा होगा।

ध्यान देने योग्य बात यह है कि पौलुस का संदर्भ *हम* या *हमें* के लिए नहीं है। यह *वे* और *उन्हें* के लिए है।

परन्तु मसीह-विरोधी ने परमेश्वर की सामर्थ का अंदाज़ा नहीं लगाया होगा। तब परमेश्वर के क्रोध के प्याले उँडेल दिए जाएँगे, और उसके परिणामस्वरूप *संसार को परमेश्वर द्वारा बचाया जाएगा।* पहले चार कटोरों का उंडेला जाना मसीह-विरोधी की शक्ति-व्यवस्था को कमजोर कर देगा। उसका नियंत्रण ढीला पड़ जाएगा। उसके साम्राज्य का पूर्वी आधा हिस्सा उससे अलग हो जाएगा, उसके विरुद्ध युद्ध की तैयारी करेगा, फरात नदी पार करेगा और मेगिद्दो की ओर कूच करेगा। मसीह-विरोधी भी पश्चिम को संगठित करेगा। इस प्रकार प्रभु के महाशक्ति और महिमामय आगमन के लिए मंच तैयार हो जाएगा। पौलुस अपनी दूसरी पत्री (थिस्सलुनीकियों के नाम) में मसीह-विरोधी की कथा को आगे विस्तृत रूप से बताता है।

(3) पवित्र लोग आत्मा में अलग होते हैं (5:4-6)

अब पौलुस पवित्रजनों और पापियों के बीच, "ज्योति की संतान" और "अंधकार" के बच्चों के बीच का फर्क स्पष्ट करता है।

उनकी *स्थिति* अलग है: "पर हे भाइयो, तुम तो अन्धकार में नहीं हो कि वह दिन तुम पर चोर के समान आ पड़े" (5:4)। मूल पाठ में व्यक्तिगत सर्वनाम दो बार जोर देकर प्रयोग हुआ है। इस तरह पवित्र आत्मा मसीहियों के स्वभाव और भविष्य और अविश्वासियों के स्वभाव और विनाश के बीच के साफ भेद की ओर ध्यान खींचता है। अब पौलुस "भाइयों," यानी प्रभु के लोगों से बात कर रहा है।

पवित्रशास्त्र में अन्धकार का उपयोग कई तरीकों से हुआ है। यह शारीरिक (मत्ती 27:45), बौद्धिक (रोमियों 2:19; इफिसियों 4:18), नैतिक (मत्ती 6:23; रोमियों 13:12), या आत्मिक (लूका 1:79; प्रेरितों 26:18) हो सकता है। यहाँ इसका अर्थ संसार की परमेश्वर की योजनाओं के प्रति गहरी अज्ञानता से है। यह शब्द शैतान और उसके सहायकों के लिए भी उपयोग हुआ है जो संसार के मामलों के अदृश्य शासक हैं (इफिसियों 6:12)। यह खोई हुई अनन्तता के भयानक अनुभव को भी बताने के लिए प्रयोग होता है (मत्ती 8:12; 2 पतरस 2:17)। यह शब्द प्रायः नकारात्मक अर्थ में ही उपयोग होता है।

प्रभु का अपने लोगों के लिए आना यहाँ चोर के आने जैसा बताया गया है। जब प्रभु अपने लोगों को "उठा ले" जाएगा, तब मानव जाति पर भयानक विपत्तियाँ पड़ेगी। ये विपत्तियाँ भी चोर की तरह आएंगी। वे भी बिल्कुल अप्रत्याशित होंगी। लोग मानवतावादियों, नवयुगीय विचारकों, विकासवादियों और खासकर मसीह-विरोधी और उसके झूठे

भविष्यद्वक्ता की मीठी बातों को सुन रहे होंगे। मेघारोहण के बाद मुहरों के अंतर्गत दिखाई गई भयावहताएँ संसार को चौंका देंगी। चारों ओर एक नया आशावाद होगा, परन्तु यह उत्साह अनुचित और भ्रामक होगा। इसी तरह, जब मसीह-विरोधी संसार की समस्याओं के लिए अपने कठोर समाधान लागू करेगा, तो एक नई आशावाद की लहर पूरे विश्व में दौड़ेगी। यह भी उतना ही गलत और भ्रामक होगा।

हम इन बातों के विषय में अँधेरे में नहीं हैं। वे हमें अचानक पकड़ नहीं लेंगी। हम स्पष्ट रूप से जानते हैं कि आगे क्या आने वाला है। वह दिन हमें रात में चोर की तरह घेरने वाला नहीं है! इसके विपरीत, पहले मेघारोहण की घटना हमें उठा लेगी।

उनका *चरित्र* अलग है: "तुम सब ज्योति की सन्तान और दिन की सन्तान हो; हम न रात के हैं, न अन्धकार के हैं।" रात और दिन एक दूसरे के विपरीत हैं; ज्योति और अन्धकार विपरीत हैं। जगत की ज्योति यीशु है; उसने खुद ऐसा कहा (यूहन्ना 8:12; 9:5)। अन्धकार केवल ज्योति की अनुपस्थिति है। प्रभु ने अपने शत्रुओं को चेतावनी दी, "ज्योति अब थोड़ी देर तक तुम्हारे बीच में है। जब तक ज्योति तुम्हारे साथ है तब तक चले चलो, ऐसा न हो कि अन्धकार तुम्हें आ घेरे; जो अन्धकार में चलता है वह नहीं जानता कि किधर जाता है। जब तक ज्योति तुम्हारे साथ है, ज्योति पर विश्वास करो ताकि तुम ज्योति की सन्तान बनो।" यूहन्ना ने जोड़ा, "ये बातें कहकर यीशु चला गया और उन से छिपा रहा। उसने उनके सामने इतने चिह्न दिखाए, तौभी उन्होंने उस पर विश्वास न किया" (यूहन्ना 12:35-37)। जब हम प्रभु यीशु पर विश्वास करते हैं और पवित्र आत्मा द्वारा उनका स्वभाव हमें प्रदान किया जाता है, तब हम "ज्योति की संतान और दिन के संतान" बन जाते हैं।

परमेश्वर के पास अविश्वासियों के लिए कठोर वचन हैं: "जो उस पर विश्वास करता है, उस पर दण्ड की आज्ञा नहीं होती, परन्तु जो उस पर विश्वास नहीं करता, वह दोषी ठहर चुका; इसलिये कि उसने परमेश्वर के एकलौते पुत्र के नाम पर विश्वास नहीं किया। और दण्ड की आज्ञा का कारण यह है कि ज्योति जगत में आई है, और मनुष्यों ने अन्धकार को ज्योति से अधिक प्रिय जाना क्योंकि उनके काम बुरे थे" (यूहन्ना 3:18-19)।

ज्योति की संतानों का भविष्य पूरी तरह अलग है। यीशु ने कहा, "जो मेरे पीछे हो लेता है, वह अन्धकार में न चलेगा, परन्तु जीवन की ज्योति पाएगा" (यूहन्ना 8:12)। और सुलैमान ने भी लिखा, "परन्तु धर्मियों की चाल उस चमकती हुई ज्योति के समान है, जिसका प्रकाश दोपहर तक अधिक अधिक बढ़ता रहता है। दुष्टों का मार्ग घोर अन्धकारमय है; वे नहीं जानते कि वे किस से ठोकर खाते हैं" (नीतिवचन 4:18-19)। हमारी आशा और भविष्य अविश्वासी से बहुत अलग है।

फिर उनका *व्यवहार* भी काफ़ी अलग है: "इसलिये हम दूसरों के समान सोते न रहें, पर जागते और सावधान रहें" (5:6)। हमने पहले भी उस शब्द "और" को देखा है। पौलुस ने थिस्सलुनीकियों को याद दिलाया, "ऐसा न हो कि तुम *दूसरों* के समान शोक करो जिन्हें आशा नहीं" (4:13), उन लोगों की ओर संकेत करते हुए जो मसीह के बाहर हैं। इसका मूल शब्द 'अल्लोस' नहीं है (जो एक ही प्रकार के हों), और न ही 'हेटेरोस' है (जो किसी भिन्न प्रकार के हों)। यह 'लोइपोस' है, जिसका अर्थ है "शेष लोग," या बहुवचन में "जो पीछे रह गए।" यह "मानवजाति के बाकी लोगों" की ओर संकेत करता है, जो उद्धार पाए हुए लोगों के बिल्कुल विपरीत खड़े हैं। इसे यहाँ (4:13) और इफिसियों 2:3 में "दूसरों के समान" के रूप में अनुवादित किया जा सकता है, जहाँ पौलुस लिखता है: "इनमें हम भी सब के सब पहले अपने शरीर की लालसाओं में दिन बिताते थे, और शरीर और मन की इच्छाएँ पूरी करते थे, और अन्य लोगों (बाहरवालों) के समान स्वभाव ही से क्रोध की सन्तान थे।" परन्तु अब विश्वासियों के लिए यह सब बदल गया है (इफि. 2:4–7)।

"इसलिये हम दूसरों के समान सोते न रहें," पौलुस कहता है। जब कोई व्यक्ति सोता है, वह मृतक जैसा लगता है। थोड़ी दूरी से, सोए हुए और मृत व्यक्ति में फर्क करना कठिन होता है। हमें अपराधों और पापों में मरे हुओं की तरह

नहीं होना चाहिए। हमें पूरी तरह जीवित रहना चाहिए। हमें योना की तरह नहीं सोना चाहिए जब तूफान चल रहा था और नाविकों का जीवन खतरे में था। हमें लूत के विपरीत सतर्क और जागृत रहना चाहिए, जो उस समय भी नशे में और अपमानित था जब उसके चारों ओर की दुनिया धुआँ उठाती हुई खंडहर बन चुकी थी। (योना 1:5-6; उत्पत्ति 19:30-38)।

ख. व्यवहार के संबंध में (5:7-8)

पहले, पौलुस *खोए हुओं की* ओर देखता है: "क्योंकि जो सोते हैं, वे रात को सोते हैं; और जो लोग मतवाले होते हैं, वे रात को मतवाले होते हैं" (5:7)। "सोने" के लिए मूल रूप से प्रयुक्त शब्द कथयूड़ो है। यह पवित्रशास्त्र में बाईस बार आता है और मृत्यु के लिए बहुत कम बार ही प्रयोग हुआ है। यह शब्द सोने के लिए खुद को तैयार करने का संकेत देता है। यह क्रिया कुछ हद तक जानबूझकर की गई क्रिया को दिखाती है। कभी-कभी यह शब्द रूपक के रूप में विश्वासियों के आत्मिक बातों के प्रति शारीरिक उदासीनता को दिखाने के लिए प्रयोग होता है।

प्रभु के जैतून पर्वत पर दिए गए उपदेश के मरकुस के विवरण में, वह प्रभु की इस चुनौती के साथ उसे समाप्त करता है: "इसलिए जागते रहो, क्योंकि तुम नहीं जानते कि घर का स्वामी कब आएगा; सांझ को, या आधी रात को, या मुर्गे के बांग देने पर, या भोर को; कहीं ऐसा न हो कि वह अचानक आकर तुम्हें सोते [कथयूड़ो] पाए। और जो मैं तुम से कहता हूं, वह सब से कहता हूं, कि जागते रहो" (मरकुस 13:35-37)। यह मेघारोहण से पहले सतर्क रहने की साफ बुलाहट है। अब आत्मिक बातों के प्रति लापरवाह और सुस्त रहने का समय नहीं है। प्रभु के आने का सत्य हमें सतर्क और जागरूक बनाए रखने के लिए है।

प्रभु उदासीन लोगों के एक और पाप अर्थात् मदिरापान के विरुद्ध भी चेतावनी देता है। जो व्यक्ति सो रहा होता है, उसे अपने आसपास हो रही बातों का ज्ञान नहीं होता। और जो व्यक्ति नशे में होता है, वह अपने आसपास की परिस्थितियों पर सही रीति से प्रतिक्रिया देने की क्षमता खो चुका होता है। पवित्रशास्त्र में मदिरापान के विरुद्ध अनेक चेतावनियाँ दी गई हैं। मतवाला होने के बजाय, मसीहियों को पवित्र आत्मा से भरना चाहिए (इफि. 5:18–19)।

लोग अनेक कारणों से नशा करते हैं—कभी बोतल के तल में मिलने वाले कथित साहस को ढूँढ़ने के लिए, कभी अपनी परेशानियों को डुबोने के लिए, और अक्सर अपने साथियों की संगति और स्वीकृति पाने के लिए। लेकिन पौलुस चेतावनी देता है कि मदिरापान करने वाले लोग परमेश्वर के राज्य के वारिस नहीं होंगे (गल. 5:21)।

फिर पौलुस *प्रभु के लोगों की ओर* देखता है: "पर हम जो दिन के हैं, विश्वास और प्रेम की झिलम पहिनकर और उद्धार की आशा का टोप पहिनकर सावधान रहें" (5:8)। खोए हुए लोगों के विपरीत, जो आत्मिक सच्चाइयों के प्रति सोए हुए हैं और अपने दुष्ट जीवन-शैली के कारण उनके प्रति सही प्रतिक्रिया देने में असमर्थ हैं, प्रभु के लोगों को संयमी और सतर्क रहना है। उन्हें अपनी सारी शक्तियों पर नियंत्रण रखना है और अपनी आत्मिक प्रकृति को पूरी तरह जागृत रखना है।

पौलुस यह दिखाने के लिए कि एक युद्ध चल रहा है—ज्योति का अन्धकार के विरुद्ध, दिन का रात के विरुद्ध—एक रोमी सैनिक के कवच के कुछ भागों का उदाहरण लेता है। ये तीन मुख्य मसीही गुण अर्थात् विश्वास, प्रेम और आशा प्रकट होने चाहिए। झिलम *हृदय* की रक्षा करती है; टोप *सिर* की रक्षा करता है। हमारी भावनाओं और हमारे विचारों को शत्रु से सुरक्षित रखना चाहिए। हमें इस संसार की वस्तुओं से प्रेम नहीं करना चाहिए। हमें इसकी दार्शनिकताओं, मनोभावों और आकर्षणों से बहकने नहीं देना चाहिए। यह संसार हमारा घर नहीं है।

2. कुछ महत्वपूर्ण निष्कर्ष (5:9-11)

क. विपत्ति से हमारा महान बचाव (5:9-10)

अब पौलुस प्रभु के दूसरे आगमन के विषय में इस अद्‌भुत प्रकाशन में दूसरे बड़े चरम पर पहुँचता है। पहला बड़ा चरम मेघारोहण के *सत्य* से जुड़ा है, जब मरे हुए और जीवित पवित्र जन प्रभु से आकाश में मिलने के लिए उठा लिए जाएँगे। दूसरा बड़ा चरम मेघारोहण के समय से जुड़ा है। यह हमें क्रोध से बचाने के लिए सही समय पर होगा। नूह जलप्रलय आने से पहले जहाज में प्रवेश करता है; हनोक प्रलय-पूर्व दुष्टता के चरम पर पहुँचने से पहले मेघारोहण में उठा लिया गया; लूत आग गिरने से पहले सदोम से निकाल लिया गया; और कलीसिया को अन्तकाल की कठिनाइयों के शुरू होने से पहले पृथ्वी से उठा लिया जाएगा।

पौलुस पहले हमें बताता है कि *हम किससे बचेंगे:* "क्योंकि परमेश्वर ने हमें क्रोध के लिये नहीं ठहराया, परन्तु हमारे प्रभु यीशु मसीह के द्वारा उद्धार पाने के लिये ठहराया है" (5:9)। ध्यान दें कि फिर से व्यक्तिगत सर्वनाम का प्रयोग हुआ है। ऐसे लोग हैं जिन्हें उस क्रोध का अनुभव करने के लिए ठहराया गया है (इस पद्यांश के *वे* और *उनको*); पर जिनको वह *तुम, हम,* और *हमें* कहकर संबोधित करता है (सीधे 4:13-18 में मेघारोहण के प्रकाशन तक जाते हुए) वे उस क्रोध से बचेंगे।

यहाँ "क्रोध" वह अनन्त क्रोध नहीं है जिसका उल्लेख पौलुस ने रोमियों में किया है—"परमेश्वर का क्रोध तो उन लोगों की सब अभक्ति और अधर्म पर स्वर्ग से प्रगट होता है, जो सत्य को अधर्म से दबाए रखते हैं" (रोमियों 1:18)। यह पाप के विरुद्ध परमेश्वर का अनन्त क्रोध है। प्रभु यीशु ने हमें पहले ही उस क्रोध से बचा लिया है: "जो पुत्र पर विश्वास करता है, अनन्त जीवन उसका है; परन्तु जो पुत्र की नहीं मानता, वह जीवन को नहीं देखेगा, परन्तु परमेश्वर का क्रोध उस पर रहता है" (यूहन्ना 3:36)।

यहाँ जिस "क्रोध" की बात की गई है, वह वही क्रोध है जिसका उल्लेख मुहरों के न्याय के अंत में हुआ है और जिसे प्रकाशितवाक्य की कटोरे के न्याय में बहुत स्पष्ट रूप से वर्णित किया गया है— अर्थात् अंत-काल का क्रोध। यह बात इसलिए निश्चित होती है क्योंकि 1 थिस्सलुनीकियों में यहाँ का संदर्भ खोए हुओं की अनन्त स्थिति से नहीं बल्कि मसीह के दूसरे आगमन से संबंधित है। क्रोध अंत-काल के न्याय का एक अंग है, और यह खोए हुए लोगों के अनन्त विनाश का भी एक अंग है। हमें सदैव संदर्भ को यह निर्धारित करने देना चाहिए कि प्रभु के क्रोध का कौन-सा पक्ष यहाँ प्रस्तुत किया गया है। हम पहले ही प्रकाशितवाक्य (1:10) में क्रोध के लिए उपयोग किए गए दो शब्दों पर ध्यान दे चुके हैं। यहाँ यह उचित होगा कि उस संसार के स्वरूप को दिखाया जाए, जिससे हमें उठाकर ले जाया जाने वाला है।

मेघारोहण के परिणामस्वरूप, मुहरों के टूटने पर संसार से हर प्रकार का दैवीय संयम हटा लिया जाएगा। दुष्टता को अपने चरम तक पहुँचने की छूट मिल जाएगी। अब मनुष्यों के भीतर कोई विवेक नहीं रहेगा। अश्लीलता और विकृति खुलेआम घूमती नज़र आएँगी, और नास्तिक संसार उन्हें प्रोत्साहन देगा। दुष्टता और युद्ध पूरी दुनिया को घेर लेंगे। भूकम्प और महामारियाँ, सताव और आतंक, अकाल और भय—ये सब महामारी की तरह फैलेंगे। खोए हुए लोग स्वयं इन घटनाओं में परमेश्वर के क्रोध के संकेत को पहचानेंगे। स्वयं यीशु ने भविष्यवाणी की थी कि ऐसा समय इतना भयानक होगा कि यदि वे दिन घटाए न जाते, तो कोई भी जीवित न बचता (मत्ती 24:22)।

यहाँ शैतान के व्यक्ति के प्रकट होने के साथ थोड़ी-सी राहत अवश्य आएगी, पर वह लंबे समय तक नहीं टिकेगी। उसे "पाप का पुरुष" कहा गया है, और वह दुष्टता का साक्षात अवतार होगा। एक बार जब उसके पास पर्याप्त शक्ति आ जाएगी, तो वह अपनी कृपालु दिखने वाली नक़ाब उतार फेंकेगा। उसके लक्ष्य ऐसे होंगे जिनमें किसी विलंब की गुंजाइश नहीं होगी—संसार पर शासन करना और समूची मानवता को शैतान की आराधना में एकजुट करना। इस उद्देश्य से वह युद्ध करेगा, छलपूर्ण संधियाँ करेगा, और अपने प्रतिद्वंद्वियों को समाप्त करेगा। रोमन कैथोलिक चर्च मिटा दिया जाएगा, रूसी संगठन को नष्ट कर दिया जाएगा, और इस्लाम को कुचल दिया जाएगा। यहूदी और मेघारोहण

के बाद विश्वास में आए अन्यजाति विश्वासियों को समाप्त करने का लक्ष्य रखा जाएगा। हर दिन हरमगिद्दोन की छाया और लंबी होती जाएगी।

संसार ऊपर से आने वाले लगातार न्यायों की पीड़ा में जकड़ा हुआ होगा, और अंत में ये सब न्याय मेम्ने के उंडेले गए क्रोध में समापन पाएँगे। बढ़ती हुई कोलाहल और अराजकता एक ऐसे संसार का शोर होगा जो पागल हो चुका है और जिसे अपनी ही बर्बादी पूरी करने की खुली छूट दे दी गई है। भय, आतंक, घृणा और निराशा—इनमें से किसी में भी कोई कमी या राहत नहीं होगी। और फिर, इन सबका चरम यह होगा कि स्वयं प्रभु व्यक्तिगत रूप से वापस आएँगा—धधकती हुई आग में—अपने ही नाम पर युद्ध करने और "सर्वशक्तिमान परमेश्वर के प्रचण्ड क्रोध के रस-कुंड" को रौंदने के लिए (प्रका. 19:15)।

धन्य है परमेश्वर! उसने अपनी कलीसिया को इन सब से बचाने का वचन दिया है। पौलुस कहता है, "क्योंकि परमेश्‍वर ने हमें क्रोध के लिये नहीं...ठहराया है।" यहाँ *नहीं* शब्द पर अत्यधिक जोर दिया गया है। यह एक पूर्ण और प्रत्यक्ष निषेध को दर्शाता है—जो पूर्णतः निरपेक्ष है और किसी भी शर्त पर निर्भर नहीं है। हम किसी भी रूप में महाक्लेश के काल से होकर गुजरने के लिए ठहराए नहीं गए हैं—न पूरे के लिए, न उसके किसी भाग के लिए। अनुग्रह के इस युग में विश्वासियों को मृत्यु से मिलने की नियत मुलाक़ात अवश्य रही है (इब्रानियों 9:27)। परन्तु मेघारोहण तो उन्हें उससे भी बचा लेगा! किसी भी मसीही की परमेश्वर के अनन्त क्रोध या उसके प्रशासनिक क्रोध—दोनों में से किसी के साथ कोई नियुक्ति नहीं है।

वर्षों पहले, डॉ. राल्फ कीपर ने मूडी बाइबल इंस्टीटयूट के 'फाउंडर्स वीक सम्मेलन' में बोलते हुए एक पुराने भजन का मज़ाकिया रूप बनाया। नए शब्द यह दिखाते हैं कि जो लोग सिखाते हैं कि कलीसिया क्लेश में होगी, वे हमें हमारी "धन्य आशा" से वंचित करते हैं। उसका संस्करण कुछ इस तरह था:

दुःख का दिन, दुःख का दिन, यीशु आज नहीं आएगा

इसलिये उदास, चिन्तित और परेशान रहो

पशु और झूठे भविष्यद्वक्ता को हम जल्दी देखेंगे;

दुःख का दिन, दुःख का दिन, यीशु आज नहीं आएगा!

परमेश्वर का क्रोध चाहे अस्थायी हो या अनन्त—वह परमेश्वर के किसी भी बच्चे को कभी स्पर्श नहीं करेगा। इसका एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कारण है। होम-बलि की व्यवस्था इस कारण का संकेत देती है: होमबलि की व्यवस्था ने इसका कारण सुझाया:

फिर यहोवा ने मूसा से कहा, "हारून और उसके पुत्रों को आज्ञा देकर यह कह कि होमबलि की व्यवस्था यह है: होमबलि ईंधन के ऊपर रात भर भोर तक वेदी पर पड़ा रहे, और वेदी की अग्नि वेदी पर जलती रहे। और याजक अपने सनी के वस्त्र और अपने तन पर अपनी सनी की जाँघिया पहिनकर होमबलि की राख, जो आग के भस्म करने से वेदी पर रह जाए, उसे उठाकर वेदी के पास रखे। तब वह अपने ये वस्त्र उतारकर दूसरे वस्त्र पहिनकर राख को छावनी से बाहर किसी शुद्ध स्थान पर ले जाए। वेदी पर अग्नि जलती रहे, और कभी बुझने न पाए; और याजक प्रतिदिन भोर को उस पर लकड़ियाँ जलाकर होमबलि के टुकड़ों को उसके ऊपर सजाकर धर दे, और उसके ऊपर मेलबलियों की चरबी को जलाया करे। वेदी पर आग लगातार जलती रहे; वह कभी बुझने न पाए" (लैव्यव्यवस्था 6:8-13)

"होमबलि की व्यवस्था" दो बातों पर जोर देती थी—राख और आग। *आग* कभी बुझनी नहीं चाहिए थी। पाप के विरुद्ध परमेश्वर का क्रोध आज भी उतना ही प्रचण्ड है जितना तब था जब उसने उद्धारकर्ता पर पूरी शक्ति से प्रहार

किया, जब उसने हमारे पापों को अपनी देह में क्रूस पर उठा लिया। हम कभी नहीं जान पाएँगे कि यीशु ने उन तीन अंधकारमय और भयानक घड़ी में क्या सहा, जब वह जो पाप से अनजान था, हमारे लिये पाप बनाया गया।

लाखों लोग कलवरी के बलिदान को ठुकराते हैं। यह उनके विनाश को और बढ़ा देता है। उनके बारे में परमेश्वर कहता है: "तो सोच लो कि वह कितने और भी भारी दण्ड के योग्य ठहरेगा, जिसने परमेश्‍वर के पुत्र को पाँवों से रौंदा और वाचा के लहू को, जिसके द्वारा वह पवित्र ठहराया गया था, अपवित्र जाना है, और अनुग्रह के आत्मा का अपमान किया ... जीवते परमेश्वर के हाथों में पड़ना भयानक बात है" (इब्रानियों 10:29, 31)। रमेश्वर का क्रोध वास्तव में उनके विरुद्ध प्रचण्ड रूप से जलता है। और वह अग्नि कभी बुझती नहीं। यही होम-बलि की व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण पाठ है—परमेश्वर का क्रोध एक बार भड़क उठे तो वह कभी बुझता नहीं।

परन्तु इसके विपरीत, होमबलि की *राख* का उल्लेख किया गया है। वह राख परमेश्वर के लिये बहुत मूल्यवान थी। वास्तव में, होमबलि की हर बात परमेश्वर के लिये मूल्यवान थी क्योंकि उसकी हर बात प्रभु यीशु की ओर संकेत करती थी, जो "मृत्यु तक आज्ञाकारी रहा, हाँ, क्रूस की मृत्यु तक।" क्योंकि वह परमेश्वर के लिये मूल्यवान था, इसलिए वह याजक के लिये भी मूल्यवान होना चाहिए और हमारे लिये भी ऐसा ही होना चाहिए।

आग के अपना काम पूरा कर लेने के बाद सूती वस्त्र पहिने हुए याजक राख को सावधानी से इकट्ठा करता था। फिर वह अपने वस्त्र बदलता था, उस राख को लेकर शिविर के बाहर जाता, और उन्हें किसी शुद्ध स्थान में आदरपूर्वक रख देता था।

इस राख के प्रति इतनी सावधानी और सम्मान का क्या अर्थ था? बात यह है कि—हम आग को फूंककर फिर से भड़का सकते हैं; चिंगारियाँ पैदा कर सकते हैं; और आग को दोबारा धधकती हुई ज्वाला में बदल सकते हैं। लेकिन राख को आप चाहे जितना हिलाएँ—कुछ नहीं होगा। *परमेश्वर के अपने लोगों के विरुद्ध उसके क्रोध को भड़काना असम्भव है।* कलवरी पर—परमेश्वर का क्रोध उसके अपने लोगों के लिए पूरी तरह जलकर समाप्त हो चुका है। वहाँ अब केवल राख रह गई है। यह सत्य चाहे उसके अंत-काल के क्रोध की बात हो (जैसा यहाँ संदर्भ में है) या उसके अनन्त क्रोध की (जैसा अन्य स्थानों पर)—दोनों पर समान रूप से लागू होता है।

इस बिन्दु पर पौलुस एक और वचन को जोड़ता है: *क्योंकि परमेश्वर ने हमें क्रोध के लिए नहीं ठहराया है।* इसके विपरीत, हमें "अपने प्रभु यीशु मसीह के द्वारा उद्धार प्राप्त करने" के लिए ठहराया गया है। "उद्धार" के लिये मूल रूप से प्रयुक्त शब्द सोटेरिया है, जिसका अर्थ है "छुटकारा।" कभी कभी यह शब्द राष्ट्रीय छुटकारे का वर्णन करने के लिए प्रयोग होता है (लूका 1:69-71; प्रेरितों 7:25)। कभी कभी यह व्यक्तिगत छुटकारे को दिखाने के लिए भी प्रयोग होता है (प्रेरितों 27:34; फिलिप्पियों 1:29; इब्रानियों 11:7)। और, निश्चित रूप से, यह अक्सर हमारे पाप से आत्मिक और अनन्त उद्धार को व्यक्त करने के लिए प्रयोग होता है। परन्तु यहाँ यह स्पष्ट रूप से इस बात की घोषणा करने के लिए प्रयोग हुआ है कि जब मसीह पारुसिया में आएगा, तब विश्वासियों को अंत-काल की समस्त भयानकता से छुड़ा लिया जाएगा।

पौलुस इस शिक्षा के इस भाग को यह बताते हुए समाप्त करता है कि *हम क्यों बचेंगे।* यह इसलिए है क्योंकि यीशु "हमारे लिये इस कारण मरा कि हम चाहे जागते हों चाहे सोते हों, सब मिलकर उसी के साथ जीएँ"(5:10)। सच्चाई यह है कि कलवरी इन सबको ढक लेती है। मेघारोहण में हमारी सहभागिता, और उससे मिलने वाला छुटकारा, जो आने वाले न्याय युग की भयानकताओं से हमें बचाता है, अन्त में इस पर निर्भर नहीं करता कि हम कितने जागरूक या चौकस हैं। यह हमारे राज्य में स्थान को तय करेगा, परन्तु मेघारोहण में हमारी सहभागिता को तय नहीं करता। इस मेघारोहण के द्वारा अन्तकाल के क्रोध से हमारा उद्धार हमारे लिये प्रभु यीशु द्वारा सुनिश्चित किया गया है, "जो हमारे लिये मरा।" यही होमबलि की व्यवस्था है। यही वह आधार है जो हमें आने वाले क्रोध और विपत्ति से उस महान छुटकारे की गारंटी देता है।

ख. हमारा चिंता से महान छुटकारा (5:11)

पौलुस के पास कहने के लिए एक और वचन है: “इस कारण एक दूसरे को शान्ति दो और एक दूसरे की उन्नति का कारण बनो, जैसा कि तुम करते भी हो।” यह समझ पाना कठिन है कि यदि हम यह मान लें कि हम सबको—चाहे पूरे के पूरे या किसी भाग में—महान क्लेशकाल से होकर गुजरना है, तो हम किस प्रकार एक-दूसरे को इस बात से सांत्वना दे सकते हैं। “उन्नति का कारण बनो” के लिये प्रयुक्त शब्द ओईकोडोमो है, जिसका अर्थ है “एक घर बनाना।” यह आत्मिक उन्नति और मसीही चरित्र के निर्माण को दर्शाने के लिए प्रयोग होता है। यह बताता है कि आत्मिक उन्नति धैर्य और लगन से की जाने वाले परिश्रम से होती है। प्रभु के आगमन को ध्यान में रखते हुए सभी विश्वासियों को दूसरों में मसीही चरित्र बनाने में मदद करनी चाहिए। अब पौलुस पूरी तरह से अपना ध्यान उसी बात की ओर लगाता है।

ख. प्रोत्साहन का एक वचन (5:12-22)

1. हमारे मूल्यों के संबंध में (5:12-13)

पौलुस की मेघारोहण के बारे में शिक्षा सार्वभौमिक कलीसिया से जुड़ी है। लेकिन इस युग में विश्वासियों का वास्तविक जीवन और उनकी बढ़ोतरी स्थानीय कलीसिया के माध्यम से दिखती है। पौलुस इफिसियों में सार्वभौमिक कलीसिया के बारे में और कुरिन्थियों में स्थानीय कलीसिया के बारे में सिखाता है। यहाँ की शिक्षा अब स्थानीय कलीसिया पर केंद्रित होती है। प्रत्येक स्थानीय कलीसिया सार्वभौमिक कलीसिया का एक सूक्ष्म रूप होना चाहिए।

पौलुस पहले कलीसिया के अगुवों और *उनके काम पर* ध्यान केन्द्रित करता है: "हे भाइयो, हम तुम से विनती करते हैं कि जो तुम में परिश्रम करते हैं, और प्रभु में तुम्हारे अगुवे हैं, और तुम्हें शिक्षा देते हैं, उनका सम्मान करो" (5:12)।

स्थानीय कलीसिया के सही तरह से नियुक्त अगुवों को अधिकार दिया जाता है। कलीसिया न तो तानाशाही है और न ही लोकतंत्र; यह परमेश्वर शासित है। पवित्र आत्मा लोगों को अगुवाई के पदों के लिए योग्य बनाता और बुलाता है (प्रेरितों के काम 20:28)।

उन्हें पहचाना जाना चाहिए—यहाँ प्रयुक्त शब्द ओइदा है, जिसका अर्थ है पहचानना, स्वीकार करना, सराहना करना और महत्व देना। आत्मिक लोग जल्दी ही उन लोगों को पहचान लेंगे जिन्हें परमेश्वर ने सुसमाचार फैलाने, शिक्षित करने और भेड़ों की देखभाल करने के लिए बुलाया और खड़ा किया है। जो लोग ऐसे नेतृत्व को स्वीकार करने से इंकार करते हैं, वे स्वयं को शारीरिक घोषित कर लेते हैं (1 कुरिन्थियों 2:14)।

कलीसिया के अगुवों के परिश्रम और अधिकार का क्षेत्र तथा दायरा आत्मिक होता है। उन्हें अपने पद की सीमाओं के भीतर कार्य करने वाली सांसारिक सरकारी क्षेत्र में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं दिया गया है।

सच्चे आत्मिक अगुवे की विशेषता यह है कि वह परिश्रम करता है।

यहाँ मूल रूप से प्रयुक्त शब्द का अर्थ है ऐसा कठिन श्रम जो थकावट तक ले जाए। स्थानीय कलीसिया में नेतृत्व की भूमिका स्वीकार करने वाले लोगों से अपेक्षा की जाती है कि वे कठिन परिश्रम करें। प्रभु के काम में आलस्य की कोई जगह नहीं है। मूसा ने स्वयं इतना परिश्रम किया कि जब अंततः उसे कुछ जिम्मेदारियाँ सौंपने के लिए राज़ी किया गया, तो उसे सौंपे गए कार्यों को संभालने के लिए सत्तर पुरुषों की आवश्यकता पड़ी (निर्गमन 18:13-26)। पौलुस स्वयं भी अक्सर दिन भर अपनी तम्बू बनाने की मेहनत करता और रात में सुसमाचार प्रचार और उपदेश करता।

पौलुस आगे कहता है कि कलीसिया के अगुवों का *कैसे सम्मान करना चाहिए*: "और उनके काम के कारण प्रेम के साथ उनको बहुत ही आदर के योग्य समझो" (5:13अ)। एक शब्दकोश कहता है कि "उन्हें आदर दो" (हेगोमाई) का यही सही अर्थ है। इसे ऐसे भी कहा जा सकता है: "उन्हें सर्वोच्च सम्मान दो।"

प्रारंभिक कलीसिया ने पतरस और युहन्ना को बहुत आदर दिया। लेकिन महासभा ने उन्हें "अनपढ़ और साधारण मनुष्य" कहकर तिरस्कार किया (प्रेरितों के काम 4:13)। जब विलियम कैरी भारत जाने के लिए जहाज़ में सवार थे, तब उनके चारों ओर उस समय के उच्च ब्रिटिश अधिकारी और राजनयिक अधिकारीगण बैठे थे, जो भारतीय उपमहाद्वीप पर शासन करते थे। उन लोगों की नजर में वह साधारण या महत्वहीन था। एक घमंडी व्यक्ति ने मिशनरी पर तंज कसते हुए कहा, "तुम बस एक जूते बनाने वाला ही तो हो, है ना कैरी?"

विलियम कैरी ने विनम्रता से उत्तर दिया, "नहीं, महोदय। मैं जूते बनाने वाला नहीं हूँ, मैं केवल एक मोची हूँ।"

आज उस सरकारी अधिकारी का नाम कोई नहीं जानता, पर पूरी कलीसिया विलियम कैरी को सम्मान देती है।

मैंने अपने जीवन में सुने गए सबसे बेहतरीन उपदेशकों में से एक यॉर्कशायर का चिमनी सफाई कर्मचारी था। उसके हाथ और नाखून इतने काले हो गए थे कि साबुन भी उन्हें साफ नहीं कर सकता था, और उसकी बोली इतनी घनी थी कि उसे चाकू से काटा जा सके। लेकिन जब वह खड़ा होकर बोलता, तो वह मंच पर राजकुमार की तरह अधिकार रखता और परमेश्वर के लोगों के हृदयों पर अपनी छाप छोड़ देता। मैंने उसे केवल एक बार सुना, फिर भी उसने मेरे मन पर एक अमिट छाप छोड़ दी है। कई वर्षों बाद, जब मैं "खोए हुए कुल्हाड़ी" पर संदेश तैयार कर रहा था, तो मुझे वह व्यक्ति याद आया—उसकी प्रखर वाणी, उसका उपदेश और उस विषय पर दिया गया उसका भाषण। और उसकी स्मृति को मैंने आशीष दी। मुझे वह चाबी फिर से मिल गई, जिसे वह कई वर्ष पहले उसी सभा में मेरे हाथ में देकर गया था—वह चाबी मुझे उसके चमत्कार का रहस्य समझाने में मदद कर रही थी।

प्राचीनों (अगुवों) की इस हार्दिक प्रशंसा के बाद, पौलुस एक संक्षिप्त टिप्पणी जोड़ता है जिसमें वह कलीसिया में शांति बनाए रखने का आग्रह करता है। अक्सर ऐसा होता है कि अगुवाई को विश्वासियों के बीच उत्पन्न होने वाले मतभेदों पर ध्यान देना पड़ता है (1 थिस्सलुनीकियों. 5:13ब)।

2. हमारे सद्‌गुण के संबंध में (5:14-15)

पौलुस अब छोटे-छोटे, तीव्र और ठहर-ठहर कर बोले जाने वाले वाक्यों की एक श्रृंखला शुरू करता है, जिनमें वह मसीही आचरण से संबंधित कई संक्षिप्त, पर गहन और स्मरणीय कथन प्रस्तुत करता है। चूँकि इस पत्री का मुख्य विषय मसीह का दूसरा आगमन है, इसलिए निश्चय ही हम मान सकते हैं कि ये सारी चेतावनियाँ उसी प्रतीक्षा की जाने वाली घटना के लिए हमें तैयार करने के उद्देश्य से दी गई हैं। हम तो मानो उसे प्रत्येक सटीक और सीधी चेतावनी से पहले यह कहते हुए सुन सकते हैं: "प्रभु आने वाला है!"

सबसे पहले, ऐसे लोग हैं *जिन्हें मदद की जरूरत है।* पौलुस ऐसे चार प्रकार के लोगों का उल्लेख करता है जो अक्सर स्थानीय कलीसिया में समस्या बन जाते हैं। ऐसे लोग हैं जो *अव्यवस्थित* हैं: "भाइयो, हम तुम्हें समझाते हैं कि जो ठीक चाल नहीं चलते उनको समझाओ" (5:14क)। प्रभु आने वाला है! वह पवित्रों को न्यायासन के सामने बुलाने आ रहा है। वह मानव जीवन और समाज में व्यवस्था और अनुशासन लाने आ रहा है और वह जातियों पर लोहे के राजदंड से शासन करने आ रहा है। मसीही जीवन में अव्यवस्था का कोई स्थान नहीं है।

यहाँ का संदर्भ स्थानीय कलीसिया में उन लोगों के शासन और सम्मान से संबंधित है जिन्हें पवित्र आत्मा ने अधिकार के पदों पर नियुक्त किया है। अगुवों का अधिकार राजनीतिक नहीं होता। नये नियम में पवित्र आत्मा ही उन्हें उठाता है। यह विचार कि उन्हें जनमत के आधार पर नामांकित किया जाए और चुना जाए—पौलुस की पत्रियों और प्रेरितों

के काम की पुस्तक में पाए जाने वाले उदाहरणों से बिल्कुल परे है। अगुवों का अधिकार नैतिक अर्थ में भी नहीं है, इस तरह कि कोई व्यक्ति केवल अपने प्रभावशाली और दबंग व्यक्तित्व के कारण अपनी इच्छा दूसरों पर थोप सके। न ही वह अधिकार सामाजिक होता है। कोई व्यक्ति केवल इसलिए पात्र नहीं हो जाता कि वह उच्च समाज में चलता-फिरता है, साधारण लोगों की तुलना में अधिक शिक्षित है, या धनवान है।

स्थानीय कलीसिया में अगुवों का अधिकार आत्मिक होता है। उनका प्रभाव उनकी मसीही चरित्र से, उनके मसीह-स्वरूप होने से, परमेश्वर के वचन के ज्ञान से, लोगों के प्रति उनकी देखभाल और करुणा से, और अपने घर का भली-भाँति संचालन करने की उनकी क्षमता से आता है।

अब पवित्र आत्मा इन पुरुषों से कहता है कि वे अपने परमेश्वर द्वारा दिए गए अधिकार का प्रयोग अव्यवस्थित लोगों को चेतावनी देकर करें। बाँधने और खोलने की एक गंभीर प्रक्रिया होती है (मत्ती 18:15–20)। जब प्रभु यीशु ने स्थानीय कलीसिया के इस गम्भीर उत्तरदायित्व का परिचय दिया, तब वह उस अध्याय में कलीसिया के कार्य और शासन पर (जो उनके बोलने के समय भविष्य का विषय था) स्पष्ट रूप से बात कर रहे थे। वास्तव में, उस स्थान में कलीसिया का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है।

मत्ती के सुसमाचार में कलीसिया का नाम दो बार आता है और अन्य जगह भविष्यद्वाणी के रूप में उसका संदर्भ है (जैसे, मोती का दृष्टांत)। मत्ती में कलीसिया का पहला उल्लेख *सर्वभौमिक* कलीसिया के संदर्भ में है (मत्ती 16:17-19), और बांधने और खोलने का अधिकार पतरस को प्रदान किया गया था (मत्ती 16:19)।

मत्ती में कलीसिया का दूसरा उल्लेख *स्थानीय* कलीसिया को दर्शाता है (मत्ती 18:1-35)। इस अध्याय में स्थानीय कलीसिया के तीन कार्य बताए गए हैं जो विश्वासियों का *स्वागत* (मत्ती 18:1-10), भटके हुए की *बहाली* (मत्ती 18:11-14), और भाइयों का *मेल-मिलाप* (मत्ती 18:15-35)।

किसी अव्यवस्थित भाई को कलीसिया से निकालने के विषय में ही प्रभु फिर से बाँधने और खोलने की बात करता है और इस बार वह अधिकार स्थानीय कलीसिया को देता है। आज की औसत स्थानीय कलीसिया कमजोर और बंटी हुई है क्योंकि उसने सच्ची शिक्षा को छोड़ दिया है, अपने अगुवों को चुनने के लिए गलत तरीकों का प्रयोग करती है, और आत्मिक अनुशासन लागू करने की इच्छा और शक्ति खो चुकी है।

इसके अलावा, ऐसे लोग भी हैं जो *कमजोर* हैं: "कायरों को ढाढ़स दो" पौलुस कहता है (5:14ख)। इस प्रयुक्त शब्द का शाब्दिक अर्थ है “छोटे मन वाले” या “जिनका मन कमजोर है।” यह उन लोगों के बारे में है जो निराश या कमजोर मन के हैं। इसका मानसिक बीमारी से कोई लेना-देना नहीं है, यद्यपि मानसिक रूप से दुर्बल लोगों का भी कलीसिया की देखभाल और करुणा पर अधिकार है। प्रभु आने वाला है! कमजोर लोगों तक पहुँचो। वे अव्यवस्थित लोगों के विपरीत हैं। अव्यवस्थित लोग अपने आप में बहुत आश्वस्त होते हैं, और कायर लोग आत्मविश्वास की कमी से ग्रस्त होते हैं। वे आलोचना सहन नहीं कर पाते। कोई उनकी राय के विपरीत कुछ कह दे या उनकी भावनाओं को चोट पहुँचा दे, वे तुरंत टूट जाते हैं। वे सताव से डरते हैं। वे भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं।

यहाँ "ढाढ़स देने" का अर्थ है "किसी से बात करना," अर्थात् दयालु और प्रोत्साहित करने वाले ढंग से बात करना। इसका तात्पर्य है किसी को समझाना, सांत्वना देना और कोमलता से बात करना। कायर मन वालों को लगातार प्रोत्साहन की जरूरत होती है। हम अक्सर ऐसे लोगों के प्रति अधीर हो उठते हैं। वे हमारा बहुत अधिक समय और ध्यान चाहते हैं। हम उन्हें एक बोझ समझते हैं; पर प्रभु ऐसा नहीं समझते।

जब इस्राएली लोग मिस्र से निकले, तो मार्ग की गति सबसे ताकतवर के अनुसार नहीं, बल्कि सबसे कमजोर के अनुसार निर्धारित की गई। इत्तै और उसके उच्चकुल के 600 पुरुषों के बारे में कुछ सुंदर बात कही गई है। जब वे सब मिलकर अबशलोम के विद्रोह के समय दाऊद का पक्ष लेने आए, तो ये पलिश्ती योद्धा—जो दाऊद के परिवर्तित

अनुयायी थे—अंतिम व्यक्ति तक लड़ने और दाऊद के लिए प्राण देने को तैयार थे। इत्तै ने स्वयं दाऊद से ऐसा कहा था। दाऊद ने उन्हें अपने सामने पार जाने को कहा। पवित्र आत्मा कहता है: "अत: गती इत्तै अपने समस्त जनों और अपने साथ के सब बाल–बच्चों समेत पार हो गया।" (2 शमूएल 15:22)। इत्तै जितना अपने कठोर-चेहरे तलवारबाज़ों के प्रति चिन्तित था, उतना ही वह छोटों के प्रति भी चिन्तित था। ऐसी मसीहियत बहुत ही दयनीय है जो परमेश्वर की भेड़-बकरियों के झुंड में जो दुर्बल और कमजोर हैं, उनके प्रति थोड़ा या कोई चिन्ता नहीं रखती।

इसके बाद, ऐसे लोग भी हैं जो *निर्भर* हैं: "निर्बलों को सम्भालो," पौलुस कहता है (5:14ग)। यह शब्द उन लोगों के लिए है जो "बिना शक्ति के" हैं। प्रभु आने वाला है! निर्बलों तक पहुँचो। संसार का दर्शनशास्त्र निर्बलों पर बहुत कम ध्यान देता है। डार्विन का भ्रष्ट सिद्धांत ही है जो सरकारी स्कूलों में पढ़ाया जाता है और मीडिया द्वारा प्रचारित होता है। डार्विन के सिद्धांत का सार एक वाक्य में समाहित है: "योग्यतम की ही जीवित रहता है।" हमारी पीढ़ी में कई बार हमने देखा है कि इस सिद्धांत को मनुष्य के जीवन और समाज में निर्ममता से लागू किया गया है। यही नाज़ीवाद और साम्यवाद दोनों का मूल विचार है।

हिटलर ने इसे अपनी श्रेष्ठ जाति की अवधारणा को साबित करने के लिए प्रयोग किया। जो लोग आर्य-रक्त के नहीं थे उन्हें नीचा या तुच्छ समझा गया। कुछ लोगों को हमेशा के लिए गुलाम बना दिया गया। कुछ को मार डाला गया। मसीहियत का अपमान किया गया। उसकी कृपा, करुणा, निर्बलों, दुर्बलों, अपंगों, अधिकार-विहीनों, गरीबों, बूढ़ों, रोगियों और मानसिक रूप से दुर्बलों की देखभाल की शिक्षा का मजाक उड़ाया गया। केवल योग्य को ही जीने दिया जाना चाहिए। हिटलर सुनहरे बालों वाले दैत्यों की जाति बनाना चाहता था, ऐसे लोग जो उसके हजार साल के राज्य के योग्य नागरिक बन सके।

पौलुस के दिनों में रोम और यूनान का भी यही दृष्टिकोण था। मसीह के आने तक धर्म, जाति या प्रतिक्रिया की परवाह किए बिना संसार ने कभी ऐसा प्रेम और करुणा नहीं देखी थी, चाहे उनका धर्म, जाति या पृष्ठभूमि कुछ भी हो। मसीहियत ने संसार को मानव जीवन का मूल्य सिखाया। मसीहियत ने अस्पताल, आश्रम और अनाथालय स्थापित किए। मसीहियत ने दासता की जड़ काट दी, स्त्रियों को स्वतंत्रता दिलाई, वेश्यावृत्ति के विरुद्ध अभियान चलाया, और अन्यायपूर्ण कानूनों को समाप्त करने के लिए संघर्ष किया। हमारा आधुनिक समाज उस ऋण को भूल गया है जो वह यहूदी-मसीही नैतिकता का है।

"निर्बलों को सम्भालो," पौलुस ने कहा। "सम्भालो" शब्द का अर्थ है "सदा साथ रहो," "ध्यान रखो," या "पास रहो।" हमें बिना सोचे-समझे अपनी शक्ति में खुश होते हुए अंधाधुंध आगे नहीं बढ़ना चाहिए। मसीही सेना इस प्रकार युद्ध में नहीं जाती। वह कभी भी कमजोरों को पीछे नहीं छोड़ती। आखिरकार, समय का बीतना हममें से अधिकांश की शक्ति छीन लेता है और हमें भी निर्बलों की श्रेणी में ला खड़ा करता है। प्रभु हमेशा निर्बलों के निकट रहने को तैयार था। उसकी अधिकांश सेवकाई बीमारों को चंगा करने, भूखों को भोजन देने, और उन लोगों की रक्षा करने में ही बीती जो अपने शत्रुओं का मुकाबला स्वयं नहीं कर सकते थे। यीशु आ रहा है! जब वह आए, तो हमें भी वही करते हुए पाया जाए जो उसने किया— अर्थात् उनकी सहायता करना जिन्हें सहायता की आवश्यकता है।

फिर ऐसे लोग भी हैं जो *भिन्न* हैं: "सब की ओर सहनशीलता दिखाओ" (5:14घ)। "सहनशीलता" का अर्थ चिड़चिड़े या शीघ्र क्रोधित होने के विपरीत बहुत अधिक धैर्य रखने से है। सहनशीलता का विचार किसी न किसी प्रकार के उकसावे या सीधे सताव को सहने से जुड़ा है। थिस्सलुनीकियों ने इसका स्वाद चखा था। जिस धैर्य या सहनशीलता की पौलुस यहाँ मांग करता है, वह आत्मा का एक फल है (गलातियों 5:22)। वह कहता है कि यह आगापे प्रेम के गुणों में से एक है (1 कुरिन्थियों 13:4)। यह कोई रातों-रात उग आने वाली चीज़ नहीं है। याकूब ने उस व्यक्ति की तुलना उस किसान से की है जिसने इसे विकसित किया है—जो बड़ी सहनशीलता से वर्षा के आने की प्रतीक्षा करता है ताकि उसकी फसल पक सके (याकूब 5:7)। "प्रभु का आना निकट है," इसी पर याकूब की तत्काल टिप्पणी है

(याकूब 5:8)। परमेश्वर पापियों के प्रति इसी प्रकार की सहनशीलता दिखाता है (रोमियों 2:4), ऐसी सहनशीलता जिसे अविश्वासी लोग अक्सर गलत समझ लेते हैं, जिसके प्रति पौलुस चेतावनी देता है।

स्थानीय कलीसिया के संगति में हमें हर प्रकार के लोग मिलते हैं। उनमें से बहुत-से लोग स्वभाव से ही एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत होते हैं। वे कहीं और कभी एक साथ दिखाई नहीं देंगे। कलीसिया की संगति में डॉक्टर, वकील और पेशेवर लोग प्लंबर, क्लर्क और दुकान के कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होते हैं। सभ्य और सुसंस्कृत समाज के लोग किसानों और मछुआरों के साथ बैठते हैं। विपरीत स्वभाव वाले लोग मसीह के कार्य के लिए मिलकर काम करने का प्रयास करते हैं। यहाँ तक कि परिवर्तित चोर, व्यभिचारिणियाँ और नशे के आदी लोग उद्धार पाए हुए गृहिणियों, पुलिसकर्मियों और खिलाड़ियों के साथ संगति करते हैं।

धनी और निर्धन एक ही उद्देश्य में सहभागी होते हैं। युवा और वृद्ध, बुद्धिमान और मूर्ख, योग्य और मानसिक रूप से दुर्बल—सब मसीह के आत्मिक बंध द्वारा एक साथ मिला दिए जाते हैं और एकजुट किए जाते हैं। यह केवल कुछ संयोगपूर्ण परिस्थितियों के कारण अस्थायी रूप से साथ आ जाने वाला कोई साधारण समूह नहीं है। हम एक ही विश्वास, मसीह के लहू, और पवित्र आत्मा के बपतिस्मा देने वाले कार्य द्वारा एक साथ जुड़े हुए हैं; हम सब मसीह की देह के अंग और एक-दूसरे के भी अंग हैं (1 कुरिन्थियों 12:12-27)। इतने अधिक और अलग-अलग स्वाभाविक अंतर होने पर, और प्रत्येक व्यक्ति के आत्मिक विकास के विभिन्न स्तरों पर होने के कारण, यह आश्चर्य की बात नहीं कि पौलुस “सब की ओर सहनशीलता” दिखाने की मांग करता है।

परन्तु केवल लोगों की सहायता ही नहीं करनी है, बल्कि *सिद्धांतों को भी थामे रखना है* (5:15)। पौलुस कहता है, "सावधान! कोई किसी से बुराई के बदले बुराई न करे; पर सदा भलाई करने पर तत्पर रहो, आपस में और सबसे भी भलाई ही की चेष्टा करो।" यीशु आने वाला है! हमें उसके जैसा होना सीखना चाहिए क्योंकि वह ऐसा ही था। उसने यहूदा से उतना ही प्रेम किया जितना यूहन्ना से किया। उसने हन्ना से उतना ही प्रेम किया जितना अन्द्रियास से किया। उसने पिलातुस से उतना ही प्रेम किया जितना पतरस से किया। जिसने उसके मुँह पर थूका, उससे भी उसने उतना ही प्रेम किया जितना उस स्त्री से जिसने उसके पैर आँसुओं से धोए। उसने उस मरते हुए चोर से प्रेम किया जो स्वर्गलोक में गया, और उस दूसरे चोर से भी प्रेम किया जो उसे कोसते हुए मर गया। वह उसे भी बचा लेता, पर उसने ऐसा होने नहीं दिया। उसने किसी के साथ बुराई नहीं की। उसने हमेशा अपने शिष्यों के साथ भी और सब मनुष्यों के साथ भलाई ही की।

इन सभी पवित्र जीवन के उपदेशों की पुष्टि करते हुए, पौलुस हमें एक आत्मिक सिद्धांत की याद दिलाता है। केवल यीशु ही मसीही जीवन जी सकता है। उसने यह जीवन साढ़े तैंतीस साल तक मनुष्य रूप में जिया। "वह भलाई करता हुआ फिरता रहा," यह पतरस का मसीह के जीवन के प्रति एक सुंदर सारांश है (प्रेरितों के काम 10:38)।

उसने अपना अद्भुत जीवन कुछ अलग नियमों पर नहीं जिया जिसमें हम जीते हैं। वह हमेशा पूर्ण और पूरी तरह परमेश्वर था। फिर भी, प्रभु यीशु ने हर परिस्थिति में अपने आप को पूरी तरह अपने पिता के लिए समर्पित कर दिया। उसने अपनी स्वयं की परमेश्वरत्व का उपयोग नहीं किया। उसने पहचाना कि उस पर होने वाली हर माँग उसके पिता की माँग है। पिता ने भी उसी प्रकार अपने आप को पूर्ण रूप से यीशु के लिए उपलब्ध कर दिया। यीशु जो *मनुष्य* रूप में था और पिता जो *परमेश्वर* थे, उनके बीच हर बात में पवित्र आत्मा मध्यस्थ की भूमिका में था।

हम भी, नए जन्मे विश्वासियों के रूप में, अपने आप को प्रभु यीशु के लिए पूरी तरह उपलब्ध कराएँ। हम पर आने वाली हर माँग प्रभु यीशु पर आने वाली माँग है। प्रभु यीशु अपने आप को पूरी तरह हमारे लिए उपलब्ध करता है, और पवित्र आत्मा वह मध्यस्थ है जो हमारी मानवीय जरूरतों और प्रभु की दैवीय सामर्थ्य के बीच है।

यह पवित्रशास्त्र, सामान्य ज्ञान और दैनिक अनुभव का सरल तथ्य है कि मसीह के बिना, अपने स्वयं के बल से, यहाँ तक कि सबसे सच्चे नए जन्मे विश्वासियों के लिए भी उस प्रकार का जीवन जीना बिल्कुल असंभव है, जो परमेश्वर चाहता है (यूहन्ना 15:4-5)।

3. हमारे विजय के विषय में (5:16-22)

अब पौलुस की बातें और भी छोटी और तीक्ष्ण हो जाती हैं। उसके पास *स्तुति* के बारे में कहने को एक वचन है: "सदा आनन्दित रहो" (5:16)। प्रभु आने वाला है! यह आनन्दित होने के लिए पर्याप्त कारण है। यह सोचने का कोई कारण नहीं कि प्रतिज्ञा किए जाने के बाद से इतना समय बीत गया है। वह उस लंबे समय में किसी भी समय आ सकता था, पर वह नहीं आया। इसलिए अब प्रतिज्ञा पहले से भी ज्यादा निकट है। इसलिए हमें सदा आनन्दित रहना है।

जिन्हें यह चेतावनी पहले दी गई थी, वे उस समय काफी सताव से गुजर रहे थे। कोई बात नहीं! उन्हें आनन्दित होना चाहिए। पौलुस उन्हें यीशु के शब्द याद दिला सकता था: "धन्य हो तुम, जब मनुष्य मेरे कारण तुम्हारी निन्दा करें, और सताएँ और झूठ बोल बोलकर तुम्हारे विरोध में सब प्रकार की बुरी बात कहें। तब आनन्दित और मगन होना, क्योंकि तुम्हारे लिये स्वर्ग में बड़ा फल है। इसलिये कि उन्होंने उन भविष्यद्वक्ताओं को जो तुम से पहले थे इसी रीति से सताया था" (मत्ती 5:11-12)।

जब पौलुस ने मकिदुनिया की थिस्सलुनीके की बहन नगरी फिलिप्पी को लिखा, उसने उन्हें अपने आनन्द को प्रदर्शित करने और आनन्दित रहने के लिए उत्साहित किया। जब उन्होंने इस पत्री में *सदा आनन्दित रहो* को पढ़ा, तो थिस्सलुनीके के विश्वासियों को यह कहने का मन हुआ होगा, "ठीक है, यह उसके लिए आसान है। वह तो कुरिन्थुस में बिल्कुल सुरक्षित है। पर हम यहाँ थुआतीरा में सताव के बीच हैं।"

पौलुस तब कह सकता था, "क्या तुम मेरी पीठ देखना चाहते हो?" शायद कुछ ने देखा भी होगा। जब पौलुस ने फिलिप्पियों को अपनी पत्री लिखी, जो आनन्द से भरा हुआ था, तब वह रोम में जेल में था, नीरो के सामने मुकदमे की प्रतीक्षा कर रहा था। वह मृत्यु दण्ड की वास्तविक संभावना का सामना कर रहा था, क्योंकि पौलुस द्वारा अपनी रोमी नागरिकता का सहारा लेने के बाद से नीरो का स्वभाव और मिज़ाज बहुत ही खराब हो गया था। लेकिन उसने कहा, "सदा आनन्दित रहो!"

आखिरकार, जो व्यक्ति स्तुति करता है, वही विजयी रहता है। शत्रु उस व्यक्ति का क्या कर सकता है जो सदा इतने आनन्द से भरा हुआ है, जो आत्मा का दूसरा फल है, कि चाहे कुछ भी हो जाए, उसका मन गीतों से उमड़ता रहता है?

पौलुस के पास प्रार्थना के विषय में भी कुछ कहने को है (5:17-18)। वह हमें दो बातें बताता है। पहली, हमें *हर समय पहुँच उपलब्ध है:* "निरन्तर प्रार्थना में लगे रहो," वह कहता है (5:17)। ब्रह्माण्ड के सिंहासन-कक्ष का द्वार पूरी तरह खुल गया है। कल्पना कीजिए कि आप एक अमेरिकी हैं जिसके लिए 'वाइट-हाउस' और राष्ट्रपति के कार्यालय का द्वार हमेशा खुला है, या कल्पना कीजिए कि आप एक ब्रिटिश नागरिक हैं जो जब चाहे लंदन के '10 डाउनिंग स्ट्रीट' में प्रवेश कर सकता है। हमारे पास इससे भी बड़ा एक विशेषाधिकार है—हर समय परमेश्वर की प्रत्यक्ष उपस्थिति में प्रवेश का एक खुला मार्ग। खैर, अब परदा फट चुका है। हम दिन या रात कभी भी परमेश्वर की उपस्थिति में प्रवेश पा सकते हैं। हम यीशु के लहू के द्वारा परमपवित्र स्थान में प्रवेश करने का साहस कर सकते हैं (इब्रानियों 10:19-20)।

परमेश्वर कहता है, "आओ! मैं तुम्हें देखकर बहुत खुश हूँ! जितनी देर चाहो ठहरो। जो चाहो मुझसे कहो! अपने परिवार और मित्रों के बारे में मुझे बताओ। अपने काम के बारे में बताओ। अपनी कलीसिया के बारे में बताओ। जहाँ तुम

रहते हो और अपने पड़ोसियों के बारे में सब कुछ बताओ। अपनी परेशानियाँ, अपने आनन्द और दुःख, अपनी आशाएँ और डर, अपने पाप और कमजोरियाँ, और अपने लक्ष्य और इच्छाएँ सब मुझे बताओ।"

वास्तव में, परमेश्वर हमसे कहते हैं कि हम "निरंतर प्रार्थना में लगे रहें।" हम अपनी आँखें ऊपर उठाकर प्रार्थना कर सकते हैं। हम तब प्रार्थना कर सकते हैं जब बस का इंतजार कर रहे हों या कार चला रहे हों। हम तब प्रार्थना कर सकते हैं जब किसी से मिलते हैं या विदा लेते हैं। प्रार्थना को ज़रूरी नहीं कि उपदेशात्मक या किसी संरचना में ही किया जाए। जब नहेम्याह को यह सुनहरा अवसर मिला कि वह फारसी सम्राट से अनुमति मांगकर वायदे की भूमि जाकर यरूशलेम की शहरपनाह को फिर से बना सके, तो पवित्रशास्त्र कहता है: "फिर राजा ने मुझसे पूछा, तू क्या माँगता है? तब मैंने स्वर्ग के परमेश्वर से प्रार्थना करके राजा से कहा,... मुझे नगर को भेज... ताकि मैं उसे बनाऊँ" (नहेम्याह 2:4-5)।

हम निश्चित रूप से अंदाज़ा लगा सकते हैं कि जब नहेम्याह ने प्रार्थना की, तो उसने सुलैमान की तरह प्रार्थना नहीं की होगी जब वह मंदिर का समर्पण कर रहा था या दानिय्येल की तरह प्रार्थना नहीं की होगी जब वह इस्राएल के पापों का अंगीकार कर रहा था। बिल्कुल भी नहीं! नहेम्याह की प्रार्थना वही थी जिसे गाइ किंग ने एक बार "आसमानी सन्देश" कहा था। इसमें शब्दों की भी ज़रूरत नहीं थी। परमेश्वर प्रार्थना करने वाले एक हृदय के अनकहे शब्दों को भी पढ़ सकता है।

पौलुस हमें यह भी बताना चाहता है कि प्रार्थना के विषय में हमारे पास न केवल हर समय पहुँच का अधिकार है, बल्कि *हर बात में स्वीकार्यता* भी होनी चाहिए। यदि हम प्रार्थना करें, "मेरी नहीं, तेरी इच्छा पूरी हो," और फिर परमेश्वर द्वारा दिए गए जवाब का विरोध करें तो यह व्यर्थ है। "हर बात में धन्यवाद करो; क्योंकि तुम्हारे लिये मसीह यीशु में परमेश्वर की यही इच्छा है" (5:18)।

कई साल पहले, मैंने एलेन रेडपाथ को मूडी बाइबल इंस्टीटयूट की आत्मिक बल सम्मेलन में एक मजेदार कहानी सुनाते सुना। उसके एक मित्र ने इस पद को अपनी सुबह की आराधना में पढ़ा। उसने तय किया कि वह इसे अपने जीवन में लागू करेगा। उसी सुबह से, वह हर बात में धन्यवाद दिया करेगा।

उस सुबह वह मोबाइल, अलाबामा से ग्रेहाउंड बस से पूरे दिन की यात्रा पर जा रहा था। यह गर्म और उमस से भरा एक दिन था, और उस समय बसों और कारों में एयर-कंडीशनिंग आम नहीं थी। वह आदमी समय पर बस स्टेशन पहुँच गया और खिड़की के पास की सीट सुरक्षित कर ली। उसने कहा,"धन्यवाद, प्रभु, इस खिड़की वाली सीट के लिए। यात्रा गर्म होगी, लेकिन कम से कम थोड़ी हवा तो मिलेगी।" बस भरने लगी। हालांकि, उसके बगल वाली सीट खाली ही रही। उसने कहा, "धन्यवाद, प्रभु। यात्रा गर्म होगी, लेकिन कम से कम मेरे पास अच्छी तरह बैठने की जगह तो रहेगी।" ड्राइवर ने अपनी जगह ली, बस चालू की और दरवाजा बंद कर दिया। उस आदमी ने कहा, "धन्यवाद, प्रभु, आपने मेरे बगल वाली सीट खाली रखी।"

बस जैसे ही टर्मिनल से रवाना होने वाली थी, किसी ने दरवाज़ा ज़ोर से खटखटाया। वह एक देर से आने वाली यात्री थी, एक बहुत मोटी औरत जो अपने पीछे एक बहुत छोटे लड़के को घसीट रही थी। वह पसीने से तर और भट्टी जैसी गर्मी से तपती हुई बस में चढ़ गई। वह बस के गलियारे से नीचे उतरी, कई खाली सीटों को पार किया, और उस आदमी के बगल वाली सीट पर बैठ गई। वह अपने भारी शरीर को उसकी जगह में सीमित रखने में बिल्कुल असमर्थ थी। बेचैन और निराश आदमी पर उसके पसीने की तेज़ गंध और गर्मी का दबाव बढ़ता गया। गर्मी की लहरें और पसीने की तेज़ गंध ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। उस महिला ने अपने छोटे लड़के को अपनी गोद में उठा लिया, और वह चीखने-चिल्लाने और पैर पटकने लगा। आदमी के पैरों पर भी उड़ते हुए पैरों की कई लातें पड़ी। औरत ने छोटे लड़के को जोरदार थप्पड़ मारा, लेकिन इससे उसकी हालत और बिगड़ गई।

सांत्वना देने के लिए, औरत ने एक सिगरेट का पैकेट निकाला, एक सिगरेट जलाई, और धुआँ उड़ाया जिससे उस आदमी की बेचैनी और भी बढ़ गई। लड़का शांत हो गया। सिगरेट सुलग रही थी। औरत सो गई। जैसे ही वह आराम करने लगी, उसका भारी शरीर उस बदकिस्मत आदमी की तरफ़ झुक गया, जो अब बस के किनारे से इतनी ज़ोर से दबा हुआ था कि साँस लेना भी मुश्किल हो रहा था। लगातार धक्कों से साबित हो रहा था कि वह बुरी तरह फँस गया था। वह वहाँ बढ़ती हुई तकलीफ़ में बैठा रहा, उसके शरीर का तापमान बढ़ रहा था, उसके हाथ-पैर अकड़ रहे थे, और उसकी इंद्रियाँ धुएँ और बदन की दुर्गंध से बुरी तरह त्रस्त थीं।

तब उसे अपनी सुबह का पद याद आया: "हर बात में धन्यवाद करो, क्योंकि तुम्हारे विषय में मसीह यीशु में परमेश्वर की यही इच्छा है।" उसने कहा, "प्रभु, इस परिस्थिति में ऐसा क्या है जिसके लिए मैं धन्यवाद दे सकता हूँ?" वह प्रतीक्षा करता रहा। उसके मन में विचार आया: "तुम इस बात के लिए धन्यवाद कर सकते हो कि तुम्हारी शादी इससे नहीं हुई!"

सार यह है कि परमेश्वर चाहते हैं कि हम अपनी परिस्थितियों पर विजय पाएं। धन्यवाद देने के लिए हमेशा कुछ न कुछ होता ही है।

हम यह भी देखते हैं कि प्रेरित कहता है, "हर बात में धन्यवाद करो।" वह नहीं कहता, "हर बात के लिए धन्यवाद करो।"

यहाँ प्रयुक्त शब्द *एन* है। "यह भीतर होने या भीतर बने रहने को दर्शाता है, जिसका मूल भाव स्थिरता और निरंतरता है। इसका संबंध स्थान और क्षेत्र से है।" उदाहरण के लिए, यीशु ने अपने शिष्यों से कहा, "मैं तुम्हें भेड़ों की नाईं भेड़ियों के बीच भेजता हूँ" (मत्ती 10:16)। जब यीशु ने अपने आप को भीड़ के दबाव में पाया, "तो वह जंगल में (एन) जाकर प्रार्थना किया करता था" (लूका 5:16)। यह कार्यक्षेत्र या प्रभाव—क्षेत्र को भी दर्शाता है। हम हेरोदेस के बारे में पढ़ते हैं कि उसने "यूहन्ना को पकड़कर बाँधा और जेलखाने (एन) में डाल दिया था" (मत्ती 14:3)। पौलुस ने रोम के मसीहियों की प्रशंसा की और उनके लिए परमेश्वर का धन्यवाद किया। उसने कहा, "मैं परमेश्वर का धन्यवाद करता हूँ क्योंकि तुम्हारे विश्वास की चर्चा सारे जगत (एन) में हो रही है" (रोमियों 1:8)।

अपनी पत्री में बाद में उसने उन्हें बताया कि क्योंकि वे मसीह के साथ बपतिस्मा द्वारा मृत्यु में गाड़े गए हैं, इसलिए "जैसे मसीह पिता की महिमा के द्वारा मरे हुओं में से जिलाया गया, वैसे ही हम भी नए जीवन की सी (एन) चाल चलें" (रोमियों 6:4)।

हम कई बार अपने आप को कठिन परिस्थितियों में पाते हैं, सताव या दुःख का सामना करते हैं, या ऐसी घटनाओं से दब जाते हैं जो हमारे नियंत्रण से बाहर होते हैं। हम शिकायत कर सकते हैं, चिंता कर सकते हैं, या विद्रोह कर सकते हैं, या हम परमेश्वर का धन्यवाद कर सकते हैं कि वह अब भी सिंहासन पर है और वह इतना बुद्धिमान है कि कोई गलती न करे, इतना प्रेमी है कि कठोर न हो, और इतना सामर्थी है कि अपनी अच्छी योजना में असफल न हो (रोमियों 8:28)। उसके पास हमें सिखाने के लिए कोई अद्भुत पाठ है, कोई महिमामय उद्देश्य पूरा करना है; और जैसा कि एक सुन्दर गीत कहता है, "हम इसे बाद में बेहतर समझेंगे।"

हमारे पास प्रभु यीशु का सबसे बड़ा उदाहरण है, जिसने ऊपरी कमरे में उस रोटी को अपने हाथ में लिया; कहा कि यह रोटी उसकी देह का प्रतीक है; फिर जान-बूझकर उसे तोड़ा, यह दिखाने के लिए कि उसके साथ जल्द ही क्या होने वाला है; और *धन्यवाद दिया* (1 कुरिन्थियों 11:23-24)।

पौलुस के पास *घमंड* के विषय में भी कुछ कहने को है: "आत्मा को न बुझाओ" (5:19)। पवित्र आत्मा एक व्यक्ति है। उसका विरोध किया जा सकता है, उसे दुखी किया जा सकता है, और उसे बुझाया जा सकता है।

अविश्वासी पवित्र आत्मा का विरोध कर सकते हैं। स्तिफनुस ने महासभा पर अपने सख्त आरोप में कहा, "हे हठीले, और मन और कान के खतनारहित लोगो, तुम सदा पवित्र आत्मा का विरोध करते हो। जैसा तुम्हारे बापदादे करते थे, वैसे ही तुम भी करते हो" (प्रेरितों 7:51)।

एक *विश्वास करने वाला व्यक्ति* भी पवित्र आत्मा को दुखी कर सकता है। पौलुस ने इफिसियों को चेतावनी दी कि उनके मुँह से कोई बुरी बात न निकले। "परमेश्‍वर के पवित्र आत्मा को शोकित मत करो, जिस से तुम पर छुटकारे के दिन के लिये छाप दी गई है" (इफि. 4:30)। वह अन्य पापों के विरुद्ध भी चेतावनी देना जारी रखता है। शब्द "शोकित" प्रेम का शब्द है। आप किसी को दुखी नहीं कर सकते जो आपसे प्रेम नहीं करता। आप उसे परेशान कर सकते हैं, क्रोधित कर सकते हैं, या घृणा कर सकते हैं, पर आप उसे दुखी नहीं कर सकते।

एक *कलीसिया* भी पवित्र आत्मा को बुझा सकती है। स्वर्ग में उठा लिए जाने के बाद प्रभु ने इफिसुस की कलीसिया को चेतावनी दी कि उनका उसके लिए प्रेम खोना इतना गंभीर था कि यदि उन्होंने मन न फिराया, यदि उन्होंने पवित्र आत्मा का नया अनुभव न किया, तो वह उनका दीवट हटा देगा (प्रका. 2:5)। आज वे सब बड़ी कलीसियाएँ कहाँ हैं जो कभी एशिया माइनर में बढ़ रही थीं? जहाँ कभी जागृति की आग जलती थी, वहाँ अब इस्लाम का राज है।

शब्द *बुझाना* (बेन्नुमी) का प्रयोग आग बुझाने के लिए सीधा और रूपक दोनों रूप में होता है। यहाँ यह शब्द वर्तमान निरंतर काल में है। दूसरे शब्दों में, पौलुस थिस्सलुनीकियों की कलीसिया से "पवित्र आत्मा को न बुझाने" का आग्रह करता है। इसके समनांतर विशेषण पर ध्यान देना काफी रोचक है। यह ऐसबेस्टस है, वह नाम जो हमने एक अग्निरोधी पदार्थ को दिया है, जिसका उपयोग हाल तक उन स्थानों पर आम तौर पर किया जाता था जहाँ हम यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि आग लगना या फैलना कठिन या असंभव हो जाए।

हम सब ऐसी कलीसियाओं को जानते हैं जो कभी परमेश्वर के लिए सुसमाचार की आग से जल रही थीं। आत्माएँ बचाई जा रही थीं; लोग आशीषित हो रहे थे। फिर झूठी शिक्षा उसमें घुस आई, झगड़े हुए, डाह बढ़ी, या पाप को अनदेखा किया गया—और आत्मा बुझ गया। उसने उस कलीसिया को छोड़ दिया। कुछ समय तक सब कुछ सामान्य रूप से चलता रहा, परंतु—उसके फाटकों पर "ईकाबोद" लिख दिया गया—"महिमा उठ गई" (1 शमू. 4:21)।

पौलुस को *भविष्यवाणी* (5:20–21) के बारे में भी कुछ कहना है। सबसे पहले, हमें इसे *तुच्छ या कम महत्व* का नहीं समझना चाहिए (5:20)। पर हमें यह भी याद रखना चाहिए कि नए नियम की कलीसिया में भविष्यवाणी का वरदान एक अस्थायी व्यवस्था थी। स्वयं पौलुस ऐसा कहता है (1 कुरिन्थियों 13:8)। जैसे अन्य भाषा के वरदान और अन्य चिन्हों वाले वरदान थे, वैसे ही पवित्र आत्मा की प्रेरणा और प्रकाशन द्वारा दी जाने वाली प्रत्यक्ष सच्चाई की घोषणा ने भी अपना उद्देश्य पूरा कर लिया है। अब जब नया नियम पूरा हो चुका है, तो प्रत्यक्ष भविष्यवाणी और भविष्यद्वक्ता का वरदान पूर्ण हो चुका है। प्रेरितों की तरह ही नए नियम के भविष्यद्वक्ता इसलिए आवश्यक थे ताकि नया नियम लिखे जाने और व्यापक रूप से उपलब्ध होने से पहले बिखरी हुई कलीसियाओं को सत्य उपलब्ध कराया जा सके। प्रेरित और भविष्यद्वक्ता दोनों कलीसिया की नींव के साथ जुड़े हुए हैं (इफि. 2:20; 3:5), और अब दोनों की सेवकाई पूरी हो चुकी है। परन्तु सुसमाचार प्रचारक, पास्टर (चरवाहा), और शिक्षक के वरदान आज भी बने हुए हैं (इफि. 4:11)।

एक मॉर्मन ने मुझसे एक बार पूछा कि क्या हमारी कलीसिया में प्रेरित और भविष्यद्वक्ता हैं। मैंने कहा, "नहीं!"

वह बोला, "तो आपकी कलीसिया नया नियम वाली कलीसिया कैसे हो सकती है?" मैंने उसे नए नियम के भविष्यद्वक्ताओं की भूमिका और उसके अस्थायी स्वरूप के बारे में समझाया। फिर वह बोला, "मान लीजिए मैं आपको बताऊँ कि परमेश्वर ने इस युग के लिए एक नया भविष्यद्वक्ता खड़ा किया है?"

मैंने उत्तर दिया, “वह क्या भविष्यवाणी करता है? अगर वह बाइबल में ही है, तो मुझे उसकी ज़रूरत नहीं; और अगर वह बाइबल में नहीं है, तो मैं उसे चाहता ही नहीं हूँ। और फिर, अगर आप जोसेफ स्मिथ की बात कर रहे हैं, तो मैं बताना चाहूंगा कि वह एक झूठा भविष्यद्वक्ता था।” यह सुनकर उसने मुझे नरक में जाने का श्राप दिया और मुझे मेरे भाग्य पर छोड़कर चला गया।

प्रारम्भिक कलीसिया में झूठे भविष्यद्वक्ताओं की उपस्थिति ने इस वरदान को संदेहास्पद बना दिया। अब इसका स्थान प्रचार ने ले लिया है। नये नियम के भविष्यद्वक्ता अपना संदेश पवित्र आत्मा के सीधे प्रकाशन से प्राप्त करते थे। इस तरह, वह उन लोगों के लिए नये नियम का सत्य प्रगट कर सकता था जिनके पास कोई और साधन नहीं था। प्रचारक भी नए नियम की सच्चाई लोगों तक पहुँचाता है, लेकिन उसका संदेश बाइबल में निहित पूर्ण प्रकाशित वचन पर आधारित होता है।

पौलुस को फिर अपने मित्रों को चेतावनी देनी पड़ी कि वे भविष्यद्वाणी को तुच्छ *न* समझें, क्योंकि कलीसिया के उन शुरुआती दिनों में भविष्यद्वाणी अभी भी एक मान्य वरदान था। दूसरी ओर, उन्हें यह भी चेतावनी देनी पड़ी कि वे इसके द्वारा *धोखा न खाएँ*: “सब बातों को परखो; जो अच्छी है उसे पकड़े रहो” (5:21)। बहुत अच्छी सलाह! प्रभु आ रहा है! हम नहीं चाहेंगे कि हम अपने आप को उन लोगों के साथ पायें जो पवित्रशास्त्र की परवाह नहीं करते। न ही हम चाहेंगे कि हम अपने आप को उन लोगों के साथ पायें जिन्होंने झूठे शिक्षकों की बातों को आसानी से सच मान लिया है। पौलुस यहाँ सही संतुलन की बात करता है। शिक्षकों को पवित्रशास्त्र के द्वारा परखा जाना चाहिए।

वर्षों पहले, मैं कनाडा के उत्तरी भाग के एक शहर में रहता था। अन्य बातों के साथ, मैं एक कलीसिया को शुरू करने में जुड़ा था। कई लोग मसीह के पास आये और संगति में जुड़ गये, जिनमें एक युवा व्यक्ति भी था जो एक पुरानी बीमारी से परेशान था। उसने दावा किया कि एक डॉक्टर ने उसे ठीक कर दिया था जो आहार में संतुलन लाने के द्वारा बीमारियाँ ठीक करने में विशेषज्ञ था। उसका आहार अजीब था। उस डॉक्टर के अनुसार, किसी को कभी भी प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट को भोजन में एक साथ मिलाकर नहीं खाना चाहिए।

हमारा वह नया परिवर्तित विश्वासी अपने आहार के प्रति उतना ही उत्साहित था जितना अपने नये विश्वास के प्रति था। वह चाहता था कि हम उसके आहार को अपने सिद्धान्त में जोड़ दें! “ठीक है,” उसने कहा, “निश्चित रूप से प्रभु हमारे लिए सबसे अच्छा चाहता है। निश्चित रूप से वह चाहता है कि हम स्वस्थ रहें। यह आहार काम करता है। इसने मेरे लिए अद्‌भुत काम किए हैं। यह लोगों को स्वस्थ रहने में मदद करेगा ताकि वे प्रभु की अच्छी सेवा कर सकें। हमें इसे बाइबल के साथ सिखाना चाहिए।”

जब मैं इस हानिरहित नये विचार पर मंथन कर रहा था और यह सोच रहा था कि उसे बिना ठेस पहुँचाए कैसे मना करूँ, तभी हमारे दूसरे नये मसीही ने बोलना शुरू किया।

“रॉन,” उसने कहा, “क्या तुम विश्वास करते हो कि प्रभु ने हमें बनाया है?”

“निश्चित रूप से विश्वास करता हूँ।”

“क्या तुम विश्वास करते हो कि चूँकि प्रभु ने हमें बनाया है, वह जानता होगा कि हमारे लिए क्या सबसे अच्छा है? कि वह जानता है कि हमारे लिए क्या खाना अच्छा है और क्या खाना अच्छा नहीं है?”

“हाँ, बिल्कुल।”

“तो यदि तुम्हारा आहार सही है, तो प्रभु ने पाँच हजार लोगों को भोजन कराते समय उन्हें एक ही भोजन में रोटियाँ और मछलियाँ क्यों खिलाईं?”

अब कुछ कहने की ज़रूरत नहीं थी, बाइबल की एक आयत ने उस प्रस्तावित नये सिद्धान्त का अंत कर दिया! पौलुस ने कहा, “सब बातों को परखो; जो अच्छी है उसे पकड़े रहो।” प्रभु आ रहा है!

उनके पास एक अन्तिम वचन है। यह *शिष्टाचार* के विषय में है: “सब प्रकार की बुराई से बचे रहो” (5:22)। अपने जीवन के शुरुआती दिनों में जब मैं एक लगातार यात्रा करने वाला प्रचारक था, तब मैं कभी-कभी अजीब और असहज परिस्थितियों में पड़ जाता था। आज मैं हमेशा मोटलों में ठहरता हूँ, पर वर्षों पहले यह बहुत सामान्य था कि अतिथि प्रचारक को कलीसिया के किसी परिवार के साथ ठहराया जाता था। इनमें से कुछ अनुभव बहुत ही मजेदार थे। कुछ इतने अच्छे नहीं थे।

एक बार, मुझे एक व्यक्ति और उसकी पत्नी के घर भेजा गया। उनका एक छोटा बच्चा था। मैं शनिवार दोपहर के समय पहुँचा और समय अच्छा बीता। रविवार शाम की सभा के बाद हम सब घर लौटे, और पत्नी जल्दी से भोजन तैयार करने में लग गयी। वह व्यक्ति वहाँ से गायब हो गया। थोड़ी देर बाद वह काम करने के कपड़े पहने हुए था। मैंने सोचा शायद उसे घर में कुछ ठीक करना होगा। हम सब मेज पर बैठे, और उस व्यक्ति ने भरपेट भोजन किया।

भोजन करने के बाद वह फिर से गायब हो गया। थोड़ी देर बाद वह अपनी टोपी और कोट पहने हुए आया। मैंने सोचा कि उसका काम शायद घर के बाहर से जुड़ा है। “अच्छा, भाई, शुभरात्रि,” उसने कहा। “मैं अब काम पर जा रहा हूँ। मैं रात की शिफ्ट में हूँ।” और वह चला गया, मुझे उसकी पत्नी और छोटे बच्चे के साथ पूरी रात के लिए घर में अकेला छोड़ गया।

यह सबके लिए एक असहज और शर्मनाक स्थिति थी, सिवाय उस व्यक्ति के, जो बेफिक्र होकर अपने काम पर चला गया, मानो उसे इस असहज स्थिति का कोई एहसास ही न हो जो वह पीछे छोड़ गया था।

पौलुस कहता है कि हमें “सब प्रकार की बुराई से बचे रहना” है। “बचे रहना” के लिए मूल शब्द अपेचो है जो इस संदर्भ में किसी भी तरह की झूठी शिक्षा से खुद को बचाने का सुझाव देता है, पर यह शब्द अधिक व्यापक है और किसी भी तरह के गलत काम को सम्मिलित करता है। पौलुस ने पहले ही इस पत्री में थिस्सलुनीकियों को चेतावनी दी है कि “व्यभिचार से बचे रहो” (4:3)। पतरस भी इस शब्द का इसी तरह प्रयोग करता है (1 पतरस 2:11)। *सभी प्रकार* का अर्थ है - “हर तरह के” या “तरह-तरह के” बुराई से बचे रहो। “बुराई” के लिए शब्द पोनेरोस है। यह शब्द शैतान (मत्ती 5:37) और दुष्टात्माओं (लूका 7:21) के लिए प्रयोग किया गया है। प्रभु ने हमें इस प्रकार प्रार्थना करना सिखाया, “हमें बुराई से बचा” (लूका 11:4)। प्रभु आ रहा है! हमें खुद को ऐसी स्थिति में कभी नहीं आने देना चाहिए जहाँ हमारी गवाही देना भी अनजाने में समझौता हो जाए। बुराई से दूर रहो! यही पौलुस का नियम है।

भाग 7.

निष्कर्ष

1 थिस्सलुनीकियों 5:23-28

प्रेरित अब अपने पत्री का अंत आधा दर्जन अंतिम टिप्पणियों के साथ करता है। सबसे पहले, हमें *एक विदाई प्रार्थना* मिलती है: “शान्ति का परमेश्वर आप ही तुम्हें पूरी रीति से पवित्र करे; और तुम्हारी आत्मा और प्राण और देह हमारे प्रभु यीशु मसीह के आने तक [पारुसिया] पूरे पूरे और निर्दोष सुरक्षित रहें” (5:23)। यीशु आने वाला है! हमें अपने आप को “निर्मल सच्चाई” में रखना चाहिए ताकि जब हम उससे बादलों में मिलें तो हम दोषी न पायें जाएँ। कौन चाहेगा कि वह प्रभु से मिले जब वह किसी शर्मनाक पाप में पकड़ा गया हो या किसी बेकार के झगड़े में उलझा हो?

यहाँ हमारी सम्पूर्ण आत्मा, प्राण और शरीर का उल्लेख ध्यान देने योग्य विषय है। आत्मा और प्राण, जो हमारे अस्तित्व के महत्वपूर्ण भाग हैं, वास्तव में अलग-अलग हैं। हालाँकि, हम मनुष्य कभी-कभी उन्हें अलग समझने में कठिनाई महसूस करते हैं, परन्तु परमेश्वर के लिये यह भेद स्पष्ट है (इब्रानियों 4:12)। सृष्टि के क्रम में, मनुष्य जानवरों से ऊँचे स्तर की सृष्टि है, जैसे जानवर पौधों से और पौधे खनिजों से ऊँचे हैं। स्वर्गदूत इस क्रम में और भी ऊँचे हैं (इब्रानियों 2:7)।

उच्च श्रेणी के पशुओं के पास, मनुष्यों की तरह, शरीर और प्राण दोनों होते हैं। किसी पशु में व्यवहार का संचालित करने वाला सिद्धांत सहज प्रवृत्ति होता है; पशु वही करता है जो वह करता है, क्योंकि उसकी प्रकृति वैसी ही है। प्रत्येक जीव अपने-अपने विशिष्ट व्यवहार के बंधा होता है।

मनुष्य में, उसके प्राण में बुद्धि, भावनाएँ और इच्छाएँ समाहित होते हैं। पतन के बाद से, मनुष्य में विवेक—अर्थात् भीतर से सही और गलत का ज्ञान—भी जोड़ दिया गया है।

परन्तु परमेश्वर ने मनुष्यों को एक ऐसी चीज़ दी है जो उसने किसी भी पशु को नहीं दी — आत्मा। "मनुष्य की आत्मा यहोवा का दीपक है" (नीतिवचन 20:27)। मनुष्यों के मामले में, यही आत्मा ही हमें परमेश्वर के प्रति सचेत बनाती है।

पतन से पहले, ऐसा प्रतीत होता है कि मानव आत्मा में पवित्र आत्मा का वास था। इसलिए मनुष्य के मामले में, जीवन का संचालित सिद्धांत सहज प्रवृत्ति नहीं था, बल्कि आत्मा और प्राण का पवित्र आत्मा के वास के साथ बुद्धिमानी, भावनात्मक और इच्छाशक्ति-युक्त सहयोग था।

शरीर वह माध्यम था जिसके द्वारा मनुष्य अपनी शारीरिक परिस्थितियों और अपनी प्रकृति के अनुसार अपने जीवन को व्यक्त करता था।

लेकिन मनुष्य के पतन ने यह सब बिगाड़ दिया। अब पवित्र आत्मा मनुष्य के विवेक में परमेश्वर के वचन को लागू करता है ताकि पाप और पूरी खोई हुई दशा का अपराध-बोध जागृत हो। वही वचन यह दिखाता है कि केवल मसीह का लहू ही पाप से शुद्ध कर सकता है। जब हम मसीह को उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करते हैं, तो मसीह का लहू हमें शुद्ध करता है (1 यूहन्ना 1:8-10), और पवित्र आत्मा हमें जीवन देता है, फिर से हममें आकर निवास करता है और हमारे शरीरों को परमेश्वर के मन्दिर बना देता है।

उद्धार की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है, क्योंकि हमारे शरीर का उद्धार अभी बाकी है। इसी कारण हम अपने तीन मुख्य शत्रुओं—संसार, शरीर (पापी स्वभाव), और शैतान—के निरंतर आक्रमण का सामना करते रहते हैं। इसलिए पौलुस ने यहाँ जिस आवश्यकता को व्यक्त किया है वह अत्यंत महत्वपूर्ण है: कि शांति का परमेश्वर स्वयं हमें पूरी तरह पवित्र करे, और हमारा सम्पूर्ण आत्मा, प्राण और शरीर प्रभु के आने के दिन तक निष्कलंक रखा जाए।

यद्यपि संसार, शरीर और शैतान हमारे विरुद्ध हैं, परन्तु पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा—सम्पूर्ण त्रिएक परमेश्वर—हमारी ओर हैं। इसके लिए हमें सदा आभारी रहना चाहिए।

अब पौलुस *एक विदाई घोषणा* देता है: "तुम्हारा बुलाने–वाला सच्चा है, और वह ऐसा ही करेगा" (5:24)। एक सच्चे उद्धार पाए और नए जन्मे व्यक्ति के फिर कभी खो जाने की कोई संभावना नहीं है। परमेश्वर विश्वासयोग्य है। वह अपने वचन को पूरा करता है। वह अभी भी "सोने के मानक" पर है; उसके सारे वादे उसके अपने चरित्र के शुद्ध सोने द्वारा समर्थित हैं।

जब उसने हमें बुलाया, वह हमारे बारे में सब कुछ जानता था और उसने सब ध्यान में रखा, यहाँ तक कि यह तथ्य भी कि हम व्यक्तिगत रूप से मसीह पर उद्धारकर्ता और प्रभु के रूप में विश्वास करेंगे। जैसा कि पौलुस ने किसी अन्य

स्थान पर कहा है, "क्योंकि जिन्हें उसने पहले से जान लिया है उन्हें पहले से ठहराया भी है कि उसके पुत्र के स्वरूप में हों, ताकि वह बहुत भाइयों में पहिलौठा ठहरे। फिर जिन्हें उसने पहले से ठहराया, उन्हें बुलाया भी; और जिन्हें बुलाया, उन्हें धर्मी भी ठहराया है; और जिन्हें धर्मी ठहराया, उन्हें महिमा भी दी है" (रोमियों 8:29-30)। इस पद्यांश में सभी क्रियाएँ भूतकाल में हैं। यह स्वर्ग में पहले से ही तय हो चुका है। हमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि वह "यह भी करेगा," जैसा कि पौलुस कहता है। हमारी अनन्त सुरक्षा हर प्रकार के संदेह के परे सुनिश्चित है।

फिर आता है एक विदाई निवेदन: "हे भाइयों, हमारे लिये प्रार्थना करो।" पौलुस प्रार्थना में बड़ा विश्वास रखने वाला व्यक्ति था। उसने अभी उनके लिये प्रार्थना की थी (5:23), अब वह उनसे अपने लिये प्रार्थना करने को कहता है। वह चाहता था कि वे कुरिन्थुस में जो हो रहा था उसमें भाग लें। वह चाहता था कि वे उसके लिये पवित्र आत्मा के अभिषेक की निरंतरता के लिये प्रार्थना करें। वह चाहता था कि वे आत्माओं के उद्धार के लिये प्रार्थना करें, कि रोमी साम्राज्य की पापमय राजधानी में एक बड़ी कलीसिया स्थापित हो। वह चाहता था कि वे उसकी सुरक्षा के लिये, उसके परिवर्तित विश्वासियों के लिये, उसके थिस्सलुनीके लौटने के लिये और उसके जीवन में परमेश्वर के स्पष्ट मार्गदर्शन के लिये प्रार्थना करें। वह चाहता था कि वे सीलास और युवा तीमुथियुस के लिये प्रार्थना करें। वह चाहता था कि वे उसके लिये प्रार्थना करें। यदि पौलुस अपनी सारी प्रार्थनाओं को लिखता, तो शायद सारी दुनिया उन प्रार्थना पुस्तकों को नहीं समा पाती जो वह लिख सकता था! इसीलिए वह एक संक्षिप्त निवेदन से संतुष्ट होता है—"हे भाइयों, हमारे लिये प्रार्थना करो।"

वह इसके बाद *एक विदाई अभिवादन* देता है: "सब भाइयों को पवित्र चुम्बन से नमस्कार करो" (5:26)। "सारे भाइयों को जोरदार हाथ मिलाकर नमस्कार करो"—इसे कहने का एक अलग जीवंत तरीका हो सकता है। पौलुस कितना चाहता होगा कि वह स्वयं वहाँ होता और यह करता। हम यह कल्पना कर सकते हैं कि थिस्सलुनीके की मण्डली का कोई अध्यक्ष-बुज़ुर्ग यह पत्र भरी हुई सभा में पढ़ रहा है। जैसे ही पढ़ना समाप्त होगा, वे चाहेंगे कि इसे फिर से शुरू से पढ़ा जाए। फिर हर कोई इसकी एक प्रति चाहता होगा। जिसके पास भी कागज़ और कलम होगी, वह बैठ जाएगा और पत्र को उसी गति से लिखेगा जितनी गति से उसे पढ़कर सुनाया जाएगा। पर इन शब्दों पर—"सब भाइयों को पवित्र चुम्बन से नमस्कार करो"—हम देख सकते हैं कि प्राचीन जल्दी से अंतिम दो पद पढ़कर नीचे उतरता है और पूरे समुदाय के चारों ओर जाकर प्रत्येक को व्यक्तिगत रूप से पौलुस के प्रतिनिधि के रूप में नमस्कार करता है। सुसमाचार सब मनुष्यों को समान बना देता है। यदि पौलुस वहाँ होता, तो वह किसी को भी बिना चूमे नहीं छोड़ता। वह प्रत्येक व्यक्ति का व्यक्तिगत रूप से अभिवादन करता - उचित और सामाजिक रूप से स्वीकार्य तरीके से किसी के पद या स्थिति की परवाह किए बिना सबका अभिनंदन करता।

फिर *एक विदाई आदेश* आता है: "मैं तुम्हें प्रभु की शपथ देता हूँ कि यह पत्री सब भाइयों को पढ़कर सुनाई जाए" (5:27)। कई शताब्दियों तक, रोमी कैथोलिक कलीसिया ने अपनी पूरी शक्ति लगाकर इन पवित्रशास्त्र के पन्नों को साधारण लोगों से दूर रखने का प्रयास किया। केवल उसके चुने हुए पुरोहितों को ही उन्हें पढ़ने की अनुमति थी—और तब भी केवल एक काल्पनिक—"पिताओं की सर्वसम्मत सहमति" के अनुसार ही मुमकिन था। रोम का बहाना यह था कि यदि अनपढ़ लोग बाइबल को स्वयं पढ़ने की अनुमति पाते, तो वे किसी बड़े गलती के शिकार हो जाते। लेकिन पौलुस को ऐसा कोई डर नहीं था। इसके विपरीत, उसने शास्त्रों को जानने वाले सामान्य जन को त्रुटियों का सबसे अच्छा इलाज माना। पौलुस ने थिस्सलुनीके की कलीसिया के प्राचीनों को एक गंभीर आदेश दिया कि यह पत्री सबको पढ़कर सुनाया जाये।

अंत में, हमारे पास *एक विदाई आशीर्वाद है*: "हमारे प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह तुम पर होता रहे" (5:28)। यह पत्री अपना पूरा चक्र पूर्ण करके वहीं पर समाप्त होता है जहाँ से उसने शुरुआत की थी—अर्थात् अनुग्रह के साथ। अनुग्रह हमें वापस शुरुआत में ले जाता है। यह हमें अंत तक ले जाता है। जैसा कि जॉन न्यूटन ने गीत "अमेज़िंग ग्रेस" में कहा है,

'अनुग्रह ने मेरे हृदय को डरना सिखाया,
और अनुग्रह ने मेरे डर को दूर कर दिया;
कितना मूल्यवान लगा वह अनुग्रह
उस घड़ी जब मैंने पहली बार विश्वास किया!
कई खतरों, कठिनाइयों और जालों से
मैं पहले ही गुजर चुका हूँ;
अनुग्रह ने मुझे यहाँ तक सुरक्षित पहुँचाया है,
और अनुग्रह मुझे घर तक ले जाएगा।
जब हम वहाँ दस हज़ार वर्ष रह चुके होंगे,
सूरज की तरह चमकते हुए,
हमारे पास परमेश्वर की स्तुति गाने के दिन उतने ही होंगे
जितने हमारे पास शुरुआत में थे।

इस प्रकार यह पहली पत्री यहाँ समाप्त होती है। हर एक पन्ने पर, पौलुस ने मसीह के अपने लोगों के लिए आने को सामने रखा है। अब उसने इसे बार-बार इस आग्रह के साथ समाप्त किया है कि विश्वास को व्यवहार में लाया जाए। क्योंकि यीशु आ रहा है—जल्द!

डॉ. हैरी आयरनसाइड, जो कई वर्षों तक शिकागो में मूडी मेमोरियल चर्च के प्रिय पास्टर रहे थे, वे सेवकाई की तैयारी कर रहे छात्रों के एक समूह से बात कर रहे थे। उनमें से एक ने उनसे पूछा, "डॉ. आयरनसाइड, यदि आपको *निश्चित रूप से पता चल जाए* कि प्रभु आज रात वापस आ रहे हैं, तो आप क्या करेंगे?"

डॉ. आयरनसाइड ने कहा, "मैं लगभग एक घंटे में कुछ गरम पी लूँगा, और फिर मैं सोने चला जाऊँगा।"

जवाब सुनकर वह युवक हैरान रह गया। तब डॉ. आयरनसाइड ने जोड़ा, "सज्जनों, मैं हर दिन उसके आने की आशा और रोशनी में जीने की कोशिश करता हूँ। मुझे अपनी सामान्य दिनचर्या को किसी भी तरह से बदलने का कोई कारण नहीं दिखेगा।"

2 थिस्सलुनीकियों की पूरी रूपरेखा

भाग 1: परिचय (__2 थिस्स__1:1-2)

1. अभिवादन (2 थिस्स__1:1)
    1. यह किसकी ओर से था (2 थिस्स__1:1क)
    2. यह किसके लिए था (2 थिस्स__1:1ख)
2. अनुग्रह (2 थिस्स__1:2)

भाग 2: पौलुस का प्रशंसा का वचन (2 थिस्स__1:3-12)

1. निर्मल प्रशंसा का वचन (2 थिस्स__1:3-4)
    1. पौलुस को क्या करने के लिए प्रेरित किया गया (2 थिस्स__1:3क)
    2. पौलुस किस बात को घोषित करने के लिए प्रभावित हुआ (__2 थिस्स__1:3ख-4) उसने इन बातों के लिए परमेश्वर की स्तुति की:
        1. बिना रूकावट बढ़ोतरी (__2 थिस्स__1:3ख)
        2. बिना माप के अनुग्रह (__2 थिस्स__1:3ग)
        3. अगम्य महिमा (__2 थिस्स__1:4)
            1. जहाँ पौलुस ने घमंड किया (2 थिस्स__1:4क)
            2. पौलुस ने क्यों घमंड किया (2 थिस्स__1:4ख)
2. निर्विवाद प्रतिज्ञा का एक वचन (__2 थिस्स__1:5-10)
    1. प्रमाण के विषय में (__2 थिस्स__1:5-6)
        1. पवित्र लोगों का न्याय करने में परमेश्वर धर्मी है (__2 थिस्स__1:5)
        2. पापियों का न्याय करने में परमेश्वर धर्मी है (__2 थिस्स__1:6)
    2. वर्तमान के विषय में (2 थिस्स__1:7क)
    3. भविष्य में विषय में (2 थिस्स__1:7ख-10)
        1. एक प्रगट होने का दिन आने वाला है (1:7ख-ग)
            1. वह अपने घर से आ रहा है (2 थिस्स__1:7ख)
            2. वह अपनी सेना के साथ आ रहा है (__2 थिस्स__1:7ग)
        2. पलटा लेने का दिन आने वाला है (__2 थिस्स__1:8-9)

1. उसके क्रोध का मूल स्वभाव (__2 थिस्स__1:8)

2. उसके क्रोध का अनन्त स्वरूप (__2 थिस्स__1:9)

3. प्रतिफल का दिन आने वाला है (__2 थिस्स__1:10)

3. जयवंत प्रार्थना का एक वचन (__2 थिस्स__1:11-12)

1. जब पौलुस ने प्रार्थना की (__2 थिस्स__1:11क)

2. पौलुस ने क्या प्रार्थना की (__2 थिस्स__1:11ख-12)

1. उनकी बुलाहट के स्वभाव के बारे में (__2 थिस्स__1:11ख)

2. मसीह के नाम के विषय में (__2 थिस्स__1:12)

भाग 3: पौलुस का चेतावनी का वचन (__2 थिस्स__2:1-3:15)

1. आने वाले झूठ का बड़ा धोखा (__2 थिस्स__2:1-12)

1. स्थानीय धोखा (__2 थिस्स__2:1-2)

1. प्रेरित की विनती (__2 थिस्स__2:1-2क)

2. शत्रु की साजिश (2:2ख-ङ)

1. यह धोखा क्यों प्रभावी लगा (2:2ख-घ)

1. एक झूठी आत्मा (__2 थिस्स__2:2ख)

2. जाली पत्री (__2 थिस्स__2:2ग)

3. गढ़ी हुई भविष्यवाणी (__2 थिस्स__2:2घ)

2. धोखे ने क्या दावा किया (2:2ङ)

2. बड़ा धोखा (__2 थिस्स__2:3-12)

1. पाप का पुरुष (__2 थिस्स__2:3-6)

1. आने वाला धर्म-त्याग (2 थिस्स 2:3क)

2. आने वाला संकटकाल (2 थिस्स 2:3ख-6)

1. सार्वभौमिक रूप से निर्धारित (2 थिस्स 2:3ख-4)

1. बहकानेवाले के नाम (__2 थिस्स__2:3ख)

2. बहकानेवाले का स्वभाव (__2 थिस्स__2:4)

1. उसका लक्ष्य (__2 थिस्स__2:4क)

2. उसका दावा (__2 थिस्स__2:4ख)

2. प्रभुता में विलंब (__2 थिस्स__2:5-6)

1. थिस्सलुनीकियों ने क्या भुला दिया (__2 थिस्स__2:5)

2. थिस्सलुनीकियों ने किसे भुला दिया (__2 थिस्स__2:6)

2. पाप का भेद (__2 थिस्स__2:7-12)

1. वर्तमान संघर्ष (__2 थिस्स__2:7)

1. शैतानी गतिविधि की कार्यप्रणाली (__2 थिस्स__2:7क)

2. एक दैवीय विरोधी की कार्यप्रणाली (__2 थिस्स__2:7ख)

2. भविष्यवाणी का चरमोत्कर्ष (__2 थिस्स__2:8-10)

1. कब (__2 थिस्स__2:8)

2. कौन (2 थिस्स__2:9-10क)

1. मसीह-विरोधी का स्वामी (__2 थिस्स__2:9क)

2. मसीह-विरोधी के चमत्कार (__2 थिस्स__2:9ख-10क)

3. क्यों (__2 थिस्स__2:10ख)

3. व्यावहारिक निष्कर्ष (__2 थिस्स__2:11-12)

1. भ्रम (__2 थिस्स__2:11)

1. यह भेजा जाएगा (__2 थिस्स__2:11क)

2. यह प्रबल होगा (__2 थिस्स__2:11ख)

2. निन्दा (__2 थिस्स__2:12)

1. घोषित किया गया (__2 थिस्स__2:12क)

2. हकदार (__2 थिस्स__2:12ख)

2. मसीही जीवन की महानता (__2 थिस्स__2:13-3:15)

1. विश्वासी चुना जाता है (__2 थिस्स__2:13-14)

1. परमेश्वर की सार्वभौमिकता (2:13क-ख)

1. आभारी होने के लिए कुछ है (__2 थिस्स__2:13क)

2. विचार करने के लिए कुछ है (__2 थिस्स__2:13ख)

2. परमेश्वर की ओर से उद्धार (2:13ग-घ)

1. आत्मा को ग्रहण करना (__2 थिस्स__2:13ग)

2. पवित्रशास्त्र पर विश्वास करना (__2 थिस्स__2:13घ)

3. परमेश्वर की महिमा (2 थिस्स__2:14)

1. पौलुस द्वारा घोषित किया गया सुसमाचार (2 थिस्स__2:14क)

2. सभी के लिए निर्धारित महिमा (__2 थिस्स__2:14ख)

2. विश्वासी को चुनौती दी गई है (__2 थिस्स__2:15-3:5)

1. भरोसा करने के लिए (__2 थिस्स__2:15-17)

1. हमारी जिम्मेदारी (__2 थिस्स__2:15)

2. हमारे संसाधन (__2 थिस्स__2:16-17)

1. वे कहाँ से आते हैं (__2 थिस्स__2:16क)

2. वे क्या सन्देश देते हैं (__2 थिस्स__2:16ख-17)

1. दैवीय प्रेम (__2 थिस्स__2:16ख)

2. दैवीय जीवन (__2 थिस्स__2:17)

2. कष्ट उठाने के लिए (__2 थिस्स__3:1-2)

1. एक प्रोत्साहन (__2 थिस्स__3:1क)

1. एक स्पष्टीकरण (__2 थिस्स__3:1ख-2)

1. संदेश की घोषणा के लिए प्रार्थना करना (__2 थिस्स__3:1ख)

2. संदेशवाहकों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करें (__2 थिस्स__3:2)

3. जय पाने के लिए (__2 थिस्स__3:3-5)

1. प्रभु की विश्वासयोग्यता के कारण (__2 थिस्स__3:3-4)

1. प्रभु और उसका उद्देश्य (__2 थिस्स__3:3)

1. उन्हें दृढ़ करने के लिए (__2 थिस्स__3:3क)

2. उन्हें सुरक्षित रखने के लिए (__2 थिस्स__3:3ख)

2. प्रभु और उसके लोग (__2 थिस्स__3:4)

2. प्रभु के आगमन के कारण (__2 थिस्स__3:5)

1. उनकी स्थिति के विषय में एक वचन (__2 थिस्स__3:5क)

2. उनके धैर्य के विषय में एक वचन (__2 थिस्स__3:5ख)

2. विश्वासी को आदेश दिया गया है (__2 थिस्स__3:6-15)

1. अनुशासन की आवश्यकता (__2 थिस्स__3:6-11)

1. पौलुस का उपदेश (__2 थिस्स__3:6)

2. पौलुस का उदाहरण (__2 थिस्स__3:7-10)

1. उसकी सीधाई (__2 थिस्स__3:7)

2. उसका परिश्रम (__2 थिस्स__3:8)

3. उसका मकसद (__2 थिस्स__3:9)

4. उसका निर्देश (__2 थिस्स__3:10)

3. पौलुस का विस्मय (__2 थिस्स__3:11)

2. अनुशासन का स्वभाव (__2 थिस्स__3:12-15)

1. अनुशासन से बचना (__2 थिस्स__3:12-13)

1. आदेश का एक वचन (__2 थिस्स__3:12)

2. चेतावनी का एक वचन (__2 थिस्स__3:13)

2. अनुशासन का समर्थन (__2 थिस्स__3:14-15)

1. बहिष्कार (__2 थिस्स__3:14)

2. अपेक्षा (__2 थिस्स__3:15)

भाग 4: निष्कर्ष (__2 थिस्स__3:16-18)

1. पौलुस की अंतिम प्रार्थना (__2 थिस्स__3:16)

2. पौलुस की अंतिम सावधानी (__2 थिस्स__3:17)

3. पौलुस की अंतिम घोषणा (__2 थिस्स__3:18)

भाग 1.

परिचय

2 थिस्सलुनीकियों 1:1-2

क. अभिवादन (1:1)

पौलुस का थिस्सलुनीकियों के नाम पहली पत्री भेज दी गई थी। अपने थिस्सलुनीके स्थित मित्रों और नये नियम विश्वासियों को इस प्रकार संबोधित करके पौलुस ने निश्चय ही एक प्रकार की आत्मिक संतुष्टि महसूस की होगी।

उसने उन्हें प्रोत्साहित किया था, उन्हें उत्साहित किया, और उन्हें विश्वास और आचरण को संतुलन में बनाए रखने के लिए आग्रह किया था। उसने मसीह के दूसरे आगमन के महान सत्य को और अधिक स्पष्ट दृष्टिकोण में प्रस्तुत किया था। प्रभु की वापसी की प्रतीक्षा अत्यन्त प्रबल थी। आखिरकार, प्रभु के संसार छोड़ने को केवल अभी बीस वर्ष ही हुए थे। उसने वापस लौट आने का वचन दिया था। कोई तारीख तय नहीं की गई थी, लेकिन उनका आगमन निकट था; यह किसी भी समय अपेक्षित था। यह तुरंत होने वाला था या नहीं, यह बिल्कुल दूसरा सवाल था। हालांकि, कलीसिया और संसार — दोनों की परिस्थितियाँ — इस प्रतीक्षा को और भी अधिक बढ़ा सकती थीं।

पौलुस की पत्री उनके कुछ प्रश्नों का उत्तर दे चुका था, लेकिन अब एक अलग चिंता का कारण उभरकर सामने आया था। अपनी पत्री में, पौलुस ने "हम जो जीवित और बचे रहेंगे" (1 थिस्सलुनीकियों 4:17) का उल्लेख किया था। स्पष्ट रूप से, कुछ लोगों ने इस कथन को शाब्दिक अर्थ में ले लिया था और इसे इस अर्थ में लिया कि मसीह पौलुस के जीवनकाल में लौटेगा, और यह विचार जड़ पकड़ने लगा। इस गलतफहमी को कुछ झूठे संदेशों ने और बढ़ा दिया जिन्हें परमेश्वर से आया हुआ बताया गया—जिन्होंने इस आग में और घी डालने का काम किया। थिस्सलुनीके की कलीसिया अत्यधिक उत्साह से भर गई थी। कुछ लोग कट्टर उत्सुकता में इतने खो गए कि उन्होंने अपने काम-धंधे तक छोड़ दिए, मानो प्रभु अभी आने ही वाले हों। अन्य लोग भय और चिंता से भर गए थे, क्योंकि उन्हें पता था कि भयानक घटनाएँ घटित होने वाली है। पौलुस की पत्री में यह स्पष्ट आश्वासन दिए जाने के बावजूद कि कलीसिया महाक्लेश से होकर नहीं गुज़रेगी, कुछ लोग फिर भी आश्वस्त नहीं हुए। उनकी झूठी शिक्षाओं ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया था।

इसलिए पौलुस को दूसरी पत्री लिखनी पड़ी। हम इसके लिए आभारी हो सकते हैं कि उसने यह पत्र लिखा क्योंकि इसमें वे हमें अंत-समय की कुछ अद्भुत बातें बताता है जो बाइबल में और कहीं नहीं मिलतीं। मसीह-विरोधी का साफ चित्र देने के अलावा, वह बताता है कि प्रभु का दिन तब तक नहीं आएगा जब तक दो बातें नहीं हो जातीं – अर्थात् कलीसिया में *धर्मत्याग* और संसार के सामने एक अनावरण। शैतान का कथित मसीहा का आना होगा और एक ऐसे संसार के सामने जो मसीह को पूरी तरह से ठुकरा चुका है- वह अपने पूरे वैभव और आकर्षण को प्रकट करेगा। 'प्रभु का दिन' और 'मसीह का दिन' एक नहीं हैं— एक अभिव्यक्ति जो मेघारोहण के लिए इस्तेमाल होता है।

प्रत्येक युग का अंत धर्मत्याग, असफलता और न्याय में हुआ था। वर्तमान युग भी कोई अपवाद नहीं होगा। पिछला युग मसीह के क्रूस पर चढ़ाए जाने के साथ समाप्त हुआ; वर्तमान युग दुनिया के लिए, मसीह-विरोधी के शासनकाल के साथ समाप्त होगा। आज की घटनाएँ गति को तेज कर रही हैं। कलीसिया और संसार दोनों ही युग के चरम बिंदु की ओर तेज़ी से बढ़ रहे हैं।

यह दूसरी पत्री थिस्सलुनीके की कलीसिया में आई नई त्रुटियों को ठीक करता है। यह अंत-समय की घटनाओं से भी संबंधित है। यह संभवतः कुरिन्थुस में पौलुस के निवास की समाप्ति के आस-पास या ईसवीं सन् 53 के अंत के करीब लिखा गया था।

पौलुस इन शब्दों से शुरू करता है: "पौलुस और सिलवानुस और तीमुथियुस की ओर से थिस्सलुनीकियों की कलीसिया के नाम, जो हमारे पिता परमेश्वर और प्रभु यीशु मसीह में है"—लगभग वही शब्द जिनसे उन्होंने पहली पत्री शुरू की थी।

पौलुस, सीलास और तीमुथियुस – ये सुसमाचार प्रचारक, शिक्षक और पास्टर थे। ये परमेश्वर के "महान तीन" थे जिन्होंने मसीह के लिए यूरोप में कदम रखा और इतिहास की दिशा बदल दी। पौलुस प्रधान सेनापति था। उसने नेतृत्व किया, फैसले लिए, गति तय की, शत्रु से लड़ा और प्रचार-प्रसार किया।

सीलास दूसरे स्थान पर था। उसने कभी आगे आने की कोशिश नहीं की, कभी पंक्ति नहीं तोड़ी, कभी तेज नहीं भागा, कभी पीछे नहीं रहा और कभी तालमेल बिगड़ने नहीं दिया। आराधनालयों में, वह पौलुस के लिए बहुत काम का रहा होगा। सीलास ने शायद चुपचाप उन यहूदियों को जो मसीह पर विश्वास कर चुके थे, यह बताता होगा कि पौलुस एक प्रशिक्षित रब्बी हैं और गमलीएल का शिष्य रह चुका हैं, जो हिल्लेल का उत्तराधिकारी था। उसने गैर-यहूदियों को भी यह याद दिलाया होगा कि पौलुस रोमी नागरिक हैं। सीलास की ग्रीक भाषा की समझ ने उनके लिए कई दरवाजे खोले थे। और उन गर्म वाद-विवादों में, जो अक्सर होती थीं, सीलास वहाँ स्वयं मौजूद रहता, सवालों का जवाब देता, अपनी गवाही जोड़ता, पवित्रशास्त्र की ओर इशारा करता और पौलुस का पूर्ण रूप से समर्थन करता था।

तीमुथियुस पौलुस के लिए एक उत्तम सहायक था, जो प्रेरित के इशारे पर हमेशा उपस्थित रहता था—सदैव तैयार और सदैव इच्छुक। पौलुस के एक इशारे या एक शब्द पर वह यहाँ, वहाँ और हर जगह दौड़ जाता था। तीमुथियुस के लिए कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं था। पौलुस उसे अपने बेटे के समान प्यार करता था।

किसी भी सेनापति को—जो अपने राजा के आदेश पर किसी नये नियम महाद्वीप पर आक्रमण करने निकलता है—अपने साथियों या स्टाफ अधिकारियों के रूप में उन दो व्यक्तियों से बेहतर सहकर्मी नहीं मिल सकते थे, जैसे पौलुस को मिले थे। और किसी भी अनुभवी सैनिक को अपने प्रधान सेनापति के रूप में पौलुस से बेहतर अगुवा नहीं मिल सकता था।

पौलुस एक विश्व-नागरिक थी, पूरी दुनिया के नागरिक। उसे रोमी नागरिकता प्राप्त थी, उसका जन्म और पालन-पोषण एक यहूदी के रूप में हुआ था, और वह एक यूनानी नगर में बड़ा हुआ था। वह इन तीनों दुनिया—रोमी, यूनानी और यहूदी—के सर्वोत्तम और निम्नतम पहलुओं से पूरी तरह परिचित था। वह रोमी की तरह रणनीति बनाता था, यूनानी की तरह साफ-सुथरा और तार्किक सोचता था, और यहूदी की तरह पूरे जुनून के साथ विश्वास करता था। पौलुस किसी से अजनबी जैसा कभी नहीं रहा। उसने कभी ऐसा मनुष्य नहीं देखा जिससे वह डर गया हो। और उसने कभी किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं पाया जिससे वह यीशु के बारे में बात न कर सके।

जब वह यहूदी महायाजक या रोमी राज्यपाल के सामने प्रचार करता था, तब वह उतना ही सहज था जितना वह फिलिप्पी के जेलर, लुदिया, या नदी किनारे प्रार्थना करने आई कुछ महिलाओं से बात करते समय होता था। समुद्र के विषय में वह जहाज़ के कप्तान से भी अधिक समझदारी से बात कर सकता था। जिस तत्परता से वह जलाने के लिए लकड़ियाँ बटोर लेता था, उसी तत्परता से वह जीविका के लिए तंबू भी तैयार कर लेता था। वह नीरो के प्रति उतना ही निडर था जितना पतरस के सामने। वह इतने साहस से किसी आदमी को उसके मुँह पर कह देता था कि वह कपटी है— यहाँ तक कि वह व्यक्ति इस्राएल का महायाजक ही क्यों न हो—जितनी सहजता से वह किसी साधारण व्यक्ति को फिर से जीवित कर देता था जो उसकी सभा में ऊँघते-ऊँघते गिर पड़ा था। वह एक बौद्धिक प्रतिभा था—सुदृढ़ सामान्य समझ से सम्पन्न, सोने जैसे मन वाला, लोहे जैसी इच्छा-शक्ति वाला, और एक ऐसी अमर दृष्टिकोण रखता था जो इस खोई और मरती हुई दुनिया पर केंद्रित थी—जिसे मसीह की सख्त जरूरत थी।

सीलास एक महानगरीय व्यक्ति था। बहुत संभावना है कि उसने मसीह की सेवकाई को अपनी आँखों से देखा था। वह यरूशलेम के प्रेरितों का विश्वासपात्र साथी था—पतरस और याकूब जैसे लोगों द्वारा प्रेम और विश्वास से स्वीकार किया गया। लेकिन वह न तो पतरस की तरह अति-उत्साही था और न ही याकूब की तरह संकीर्ण-दृष्टि वाला। वह पौलुस के साथ लम्बी, धूलभरी सड़कों पर पैदल चला। उसने आशीषों में भी हिस्सा लिया और सताव में भी उसका साथ दिया। उसने कभी स्वयं को आगे नहीं किया। यदि पौलुस अपने पत्रों में बार-बार उसका उल्लेख न करता, तो हमें पता भी न चलता कि सीलास वहाँ था।

तीमुथियुस एक प्रांतीय व्यक्ति था—आधा अन्यजाति और आधा यहूदी—एक सशक्त मिश्रण। अपनी माँ और नानी के साथ अधिक घनिष्ठ संबंध के कारण वह यहूदी मत की ओर अधिक झुका हुआ था, और अपने अन्यजाति पिता और

पौलुस के साथ संबंध के कारण वह अन्यजाति प्रकृति की ओर झुका हुआ था। पौलुस उस पर भरोसा करता था—और यही बात सब कुछ कह देती है। पौलुस किसी व्यक्ति को ठीक से परखना जानता था। उसके पास मूर्खों, काम छोड़ देने वालों या कायरों के लिए अधिक सहनशीलता नहीं थी। पौलुस जानता था कि यदि वह कोई कार्य तीमुथियुस को सौंप दे, तो वह पूरा होगा—समय पर होगा, आनंदपूर्वक होगा, और सही तरीके से होगा।

पौलुस! सिलवानुस! तीमुथियुस! ये नाम अपने आप में थिस्सलुनीकी की कलीसिया के लिए बहुत कुछ कहते थे, जो "हमारे पिता परमेश्वर और प्रभु यीशु मसीह में है।" वैसे, यही *हमारा* नया पता है। और यह कितना अद्भुत पता है!

कुछ साल पहले, मुझे आयरलैंड में एक विश्वास करने वाले भाई को पत्र लिखने का अवसर मिला। उस पत्र में उसे उस घर का पता दिया गया था, जहाँ उसे मॉन्ट्रियल में आयोजित विश्व मेले में बने एक संपर्क से मिलने जाना था। वह पता बड़ा प्रभावशाली था—"पावर्स कोर्ट कैसल"—एक ऐसा स्थान जो वर्षों पहले जॉन नेल्सन डार्बी की सेवकाई से भी जुड़ा हुआ था। हालाँकि यहाँ पृथ्वी पर मेरा पता इतना आकर्षक नहीं है, फिर भी मेरे पास एक और पता है, जो परमेश्वर के सभी संतानों का साझा स्वर्गीय पता है। यदि कोई उस पते पर मुझसे संपर्क करना चाहे तो यह रहा: "कलीसिया... हमारे परमेश्वर पिता और प्रभु यीशु मसीह में।" डाकिए को शायद उसे ढूँढने में कठिनाई महसूस हो, पर स्वर्गदूत उसे भली-भाँति जानते हैं; वे उस पते का आदर करते हैं। उस पते का अधिकारी बनने के लिए, किसी को स्वर्ग के राजकीय परिवार का सदस्य होना आवश्यक है।

यह एक बिल्कुल वास्तविक पता है। हम पहले ही पौलुस के पूर्व पत्री में उस छोटे से पूर्वसर्ग "में" के महत्व पर ध्यान दे चुके हैं, लेकिन यहाँ इसे फिर से याद कर लेना अच्छा होगा। यह "किसी के *भीतर* होने या भीतर बने रहने को व्यक्त करता है, जिसका मूल अर्थ विश्राम और निरंतरता में बने रहने से है। यह स्थान, क्षेत्र, या कार्यक्षेत्र को दर्शाता है...।" विश्वासी "हमारे पिता परमेश्वर और प्रभु यीशु मसीह में" रहता है। "मसीह में" होने की यह अवधारणा पौलुस की पत्रियों में बहुत सामान्य है। वहीं पर हम "जीवित रहते, और चलते-फिरते, और स्थिर रहते हैं।" स्वयं प्रभु यीशु ने ही ऊपरी कोठरी की शिक्षा में यह सत्य पहली बार प्रस्तुत किया, जब उसने हमसे कहा कि "दाखलता में बने रहो" (यूहन्ना 15:1–8)।

ख. अनुग्रह (1:2)

पौलुस अपनी सामान्य अभिवादन शैली को जारी रखते हुए कहता है: "हमारे परमेश्वर पिता और प्रभु यीशु मसीह की ओर से तुम्हें अनुग्रह और शांति मिलती रहे।" पौलुस कितनी सहजता और स्वाभाविक रूप से प्रभु यीशु के नाम को पिता के नाम के साथ जोड़ता है। उसने मसीह की दैवीयता को अपने आप में पूर्ण माना था।

अपने जीवन के अंतिम दिन तक भी वह दमिश्क के रास्ते पर यीशु के साथ अपनी पहली मुलाकात को कभी नहीं भूल पाया था। उसकी सारी शंकाएँ एक तेज चमकती रोशनी में और स्वर्ग से प्रभु द्वारा कहे गए कुछ शब्दों में हमेशा के लिए मिट गईं। उसी समय, उसने—जो कलीसिया का सबसे बड़ा सतानेवाला था—अनुग्रह का अर्थ समझा था। वह वहाँ जमीन पर गिरा पड़ा था—"पापियों का प्रधान," जैसा कि उसने बाद में खुद को कहा—अपने हाथों पर शहीदों का लहू और अपनी जेब में दमिश्क में सताव को बढ़ाने का आदेश पत्र लिए हुए जा रहा था। उसे तो तुरंत मृत्यु और हमेशा के दंड के अलावा और क्या मिलना चाहिए था? पर उसे क्या मिला? अनुग्रह! उसे न केवल उसी समय और स्थान पर क्षमा किया गया, बल्कि बुलाया भी गया और मेम्ने का प्रेरित बनाया गया ताकि वह जी उठे मसीह का सुसमाचार उस बड़े अन्यजाति संसार तक ले जाए जिसके बीच वह अपने जीवन भर रहा था।

उसी समय उसने शांति का भी अर्थ समझा था। उसके मन में जो बेचैनी तब से थी जब से उसने स्तिफनुस को देखा और उसकी शहादत में हिस्सा लिया, वह आखिरकार शांत हो गई। स्तिफनुस ने कहा था कि उसने स्वर्ग को खुला हुआ और मनुष्य के पुत्र को परमेश्वर के दाहिने हाथ पर खड़ा देखा था (प्रेरितों के काम 7:55-56)। उस गवाही ने

तरसुस के उस युवा शाऊल को क्रोध से भर दिया था। अब, हालांकि, वह जान चुका था कि स्तिफनुस सच में एक सच्चा गवाह था क्योंकि अब उसने खुद स्वर्ग को खुला हुआ और यीशु को देखा था! स्तिफनुस ने उसके लिए क्षमा की प्रार्थना की थी। अब वह सच में क्षमा भी किया गया था। शांति कायम हो चुकी थी! युद्ध खत्म हो गया था!

इसलिए इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि पौलुस कभी इन दो अद्भुत शब्दों को अपने पत्रियों में लिखने से नहीं थकता था। ये दो शब्द सरलता से सुसमाचार का पूरा सार बताते थे।

भाग 2.

पौलुस का प्रशंसा का वचन

2 थिस्सलुनीकियों 1:3-12

क. निर्मल प्रशंसा का वचन (1:3-4)

1. पौलुस को क्या करने के लिए प्रेरित किया गया (1:3क)

पौलुस अपने प्रिय थिस्सलुनीकियों के बारे में जितना अच्छा कह सकता था, कह चुका था। फिर भी उसका पहला विचार, यह बताने का था कि वह उनके लिए कितना प्रार्थना करता था: "हे भाइयो, तुम्हारे विषय में हमें हर समय परमेश्वर का धन्यवाद करना चाहिए, और यह उचित भी है" (1:3अ)।

यहाँ *करना चाहिए* शब्द का अर्थ है "किसी कर्ज के नीचे होना।" यह एक ऐसे व्यक्ति के लिए प्रयोग होता है जो ऋणी है और जिसे अपना कर्ज चुकाना है। पौलुस ने यही विचार तब इस्तेमाल किया जब उसने रोमियों से कहा कि वह "मैं यूनानियों और अन्यभाषियों का, और बुद्धिमानों और निर्बुद्धियों का कर्जदार हूँ।" कि उन्हें सुसमाचार सुनाएँ (रोमियों 1:14)।

उसने अपने नव-विश्वासियों के लिए प्रार्थना करने का भी यही दायित्व महसूस किया। यह केवल उचित ही नहीं था कि वह ऐसा करें, बल्कि यह उसके लिए जरूरी भी था। सुसमाचार प्रचारक का काम तब खत्म नहीं हो जाता जब वह अपनी सभाओं को खत्म करता है, निमंत्रण देता है, अपनी भेंट राशि लेता है और शहर छोड़ देता है। परमेश्वर उस पर अपने नये नियम विश्वासियों के लिए प्रार्थना करने का दायित्व रखता है।

यह कौन बता सकता है कि अब जब वे उद्धार पा चुके हैं, तो घर पर उन्हें किन-किन परीक्षाओं का सामना करना पड़ेगा, और काम की जगह, संगठित धर्म-प्रणालियों, तथा शत्रुतापूर्ण सरकारी अधिकारियों से कौन-कौन सी चुनौतियों से गुजरना पड़ेगा? यह कौन बता सकता है कि संसार, शरीर और शैतान की संयुक्त शक्तियों से कौन-कौन से प्रलोभन उन पर आक्रमण करेंगे? अब उन्हें अनुग्रह में बढ़ने और परमेश्वर के ज्ञान में उन्नति करने की आवश्यकता है। उन्हें प्रार्थना और बाइबल-अध्ययन की आदतें विकसित करनी होंगी। उन्हें बपतिस्मा लेना है, किसी अच्छी स्थानीय कलीसिया से जुड़ना है, अपनी आत्मिक जीवन-चर्या को विकसित करना है, सुदृढ़ सिद्धांत सीखने हैं, मसीह को अपने भीतर अपना जीवन जीने देने देना है, दूसरों को गवाही देनी है, और कलीसिया की सेवकाई में सक्रिय होना है। इन सब के लिए किसी को प्रार्थना करनी ही होगी। और इससे बढ़कर कौन—वही जिसने उन्हें प्रभु तक पहुँचाया?

पौलुस की प्रार्थनाएँ थिस्सलुनीके के अपने मित्रों के लिए लगातार धन्यवाद के रूप में थीं। वे उन्हें दिए गए अनुग्रह के साधनों का सही उपयोग कर रहे थे। वे सिद्ध नहीं थे; कुछ सिद्धांत और व्यवहार की बातें अभी भी ठीक करनी थीं। लेकिन इसके बावजूद, अधिकतर वे पौलुस के हृदय के लिए आनंद का कारण थे। *उन्हें* अपनी प्रेरिताई को

स्मरण दिलाने या अपने "पद के बल" पर आदेश देने की जरूरत नहीं थी, जैसा उन्हें गलातियों के साथ करना पड़ा था। थिस्सलुनीकी के विश्वासी बिना किसी चेतावनी के ही शिक्षा मानने के लिए तैयार थे। उन्होंने अपने हृदय को परमेश्वर के प्रति धन्यवाद में उठाया। धन्यवाद देना उतना ही आवश्यक कर्तव्य था जितना कि प्रार्थनाएँ करना।

2. पौलुस किस बात को घोषित करने के लिए प्रभावित हुआ (1:3ख-4)

वह स्पष्ट करता है। उसने अपने थिस्सलुनीकी विश्वासियों को याद करके तीन बातों के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दिया। पहले, उसने *बिना रुके होने वाली उन्नति* के लिए परमेश्वर का धन्यवाद किया: "हमें हर समय परमेश्वर का धन्यवाद करना चाहिए... इसलिये कि तुम्हारा विश्वास बहुत बढ़ता जाता है" (1:3ख)। बढ़ोतरी जीवन का प्रमाण है। कोई यह अपेक्षा नहीं करता कि एक कंकड़ कभी बढ़ेगा। सशक्त बढ़ोतरी एक सशक्त जीवन का प्रमाण है। पौलुस को अपने थिस्सलुनीके के नव-विश्वासियों के विषय में जो बात सबसे अधिक प्रभावित करती थी, वह थी उनका विश्वास में बढ़ना। विश्वास में बढ़ना सीधे तौर पर परमेश्वर के वचन में मन लगाए रहने, प्रार्थनाओं के विशिष्ट उत्तरों, और प्रभु यीशु के प्रति बढ़ते व्यक्तिगत ज्ञान और भरोसे का परिणाम है। स्पष्ट है कि थिस्सलुनीके के विश्वासी प्रभु को परख रहे थे—और उसी के अनुसार बढ़ भी रहे थे।

उसने परमेश्वर द्वारा मिलने वाले *बिना माप के अनुग्रह* के लिए धन्यवाद किया: "और तुम सब का प्रेम आपस में बहुत ही बढ़ता जाता है" (1:3ग)। न केवल उनका विश्वास, बल्कि उनका प्रेम भी निरंतर बढ़ रहा था। प्रेम ही वास्तव में मसीही जीवन का आधार है। हेनरी ड्रमंड ने इसे "दुनिया की सबसे बड़ी बात" कहा। पौलुस के इन शब्दों पर ध्यान दें—"तुम सब का" (जो हर व्यक्ति को सम्मिलित करता है) और "सबका" (जो सबको सम्मिलित करता है)। वहाँ हर दिशा में प्रेम ही प्रेम था—परमेश्वर के प्रति प्रेम, एक-दूसरे के प्रति प्रेम, और खोए हुओं के प्रति प्रेम। कलीसिया के अगुवों के लिए प्रेम, उन लोगों के लिए प्रेम जो हर सभा में उपस्थित रहते थे और उन लोगों के लिए भी प्रेम जो सभाओं में नहीं आते थे; बुज़ुर्गों के लिए प्रेम और युवाओं के लिए प्रेम; उदारता से देने वालों के लिए प्रेम और न देने वालों के लिए भी प्रेम; सत्य के लिए निर्भीक होकर खड़े होने वालों के लिए प्रेम और भटकने वालों के लिए भी प्रेम; आकर्षक व्यक्तित्व और करिश्मा वाले लोगों के लिए प्रेम और उन लोगों के लिए भी प्रेम जिनमें कोई व्यक्तित्व नहीं था; जो उनके प्रति दयालु थे उनके लिए भी प्रेम और जो उनके प्रति कठोर थे उनके लिए भी प्रेम। ऐसी स्थिति में यह कोई आश्चर्य नहीं था कि पौलुस ने धन्यवाद देने का दायित्व महसूस किया।

इसके अतिरिक्त, वहाँ *अगम्य महिमा* थी: "यहाँ तक कि हम आप परमेश्वर की कलीसिया में तुम्हारे विषय में घमण्ड करते हैं कि जितने उपद्रव और क्लेश तुम सहते हो, उन सब में तुम्हारा धीरज और विश्वास प्रगट होता है" (1:4)। थिस्सलुनीके के विश्वासियों पर सताव सबसे पहले यहूदियों ने भड़काया, जिन्होंने गुंडों और लड़ाकूओं को किराए पर लिया कि वे उनके लिए यह नीच काम करें (प्रेरितों के काम 17:5)। उन्होंने कुछ मसीहियों को अदालत तक घसीटा और उन पर राजद्रोह का आरोप लगाया। इससे संतुष्ट न होकर, उन्होंने मिशनरियों का पीछा बिरीया तक किया और वहाँ भी भीड़ को भड़काया। उनका द्वेष और क्रोध फिर भी शांत नहीं हुआ। जब तीमुथियुस थिस्सलुनीका वापस गए, तब भी सताव चल रहा था। जब पौलुस ने दूसरा पत्र लिखा, तब भी वह सताव जारी था।

सताव कलीसिया का उसके पूरे इतिहास में एक सामान्य हिस्सा रहा है। अधिक समय नहीं बीता कि नीरो ने इसे आधिकारिक बना दिया। लगभग तीन सौ साल तक बीच-बीच में दस भयंकर सतावों के प्रकोप आए, जिनका चरम बिंदु डायोक्लीशियन के नेतृत्व में हुए भयानक् उत्पीड़नों में दिखा। हर युग में मसीहियों ने शहादत दिए हैं। मसीह के न्यायासन पर शहीदों की पुकार बहुत लम्बी होगी। स्वर्ग की उच्च कुलीनता में वही शहीद सम्मिलित होंगे— जो कलीसिया का सबसे श्रेष्ठ श्रेणी है। वह क्या ही एक अद्भुत दृश्य होगा!

यदि कलीसिया का पारंपरिक इतिहास बिना किसी मिलावट के सही है तो सभी प्रेरित शहीद का मुकुट पाएँगे। हर देश अपने विजेताओं को प्रदान करेगा। हर युग ने अपनी गिनती पूरी की है क्योंकि शैतान का द्वेष युग-युग से भड़कता

ही रहा है—यदि यहाँ नहीं तो वहाँ; यदि वहाँ नहीं तो कहीं और; यदि इस रूप में नहीं तो किसी अन्य रूप में। उस समय लेख दिखाएँगे कि वे नीरो के बगीचों से आ रहे हैं, जहाँ उन्हें जीवित मशालों के रूप में उसकी अमानुषिक दावतों पर रोशनी देने के लिए प्रयोग किया गया था। वे अखाड़े से निकलकर आएँगे जहाँ उन्हें जंगली जानवरों के सामने छोड़ दिया कि उनके टुकड़े-टुकड़े करके मार डाले। वे क्रूस, कुल्हाड़ी, लकड़ियों और आग के चिन्ह लिए हुए वहाँ उपस्थित होंगे। वे अदालती काल कोठरियों से आएँगे, जिन्होंने निर्मम यातनाएँ सही थीं, और आधुनिक यातना शिविरों से भी आएँगे, जहाँ उन्होंने असहनीय भूख, पिटाई, उत्पीड़न और मृत्यु का अनुभव किया।

और सबसे आगे स्तिफनुस खड़ा होगा, जो कलीसिया का पहला शहीद था, और उसके तुरंत बाद याकूब, जो विश्वास के लिए मरने वाला पहला प्रेरित था। वे क्रम में चलते हुए, कष्ट सहने को तैयार, भारी दण्ड, उपहास और तिरस्कार सहते हुए; व्यवस्था द्वारा सताए गए; अपने पड़ोसियों द्वारा गाली खाए हुए; आक्रमण झेले, उनकी सम्पत्ति लूटी गई; और मृत्यु स्वयं उनका इंतजार कर रही थी। पौलुस के प्रिय थिस्सलुनीकी के विश्वासी भी उनकी गिनती में होंगे। पौलुस ने उनके विषय में घमण्ड किया और अन्य कलीसियाओं को उनके बारे में बताया। "घमण्ड किया" के लिए पौलुस जो शब्द उपयोग करता है वह विशेषणात्मक है। सामान्य शब्द का अर्थ होता है "डींगे मारना" या "गर्व करना।" यहाँ जो शब्द है उसका तात्पर्य "सराहना करना" है।

पौलुस ने अन्य कलीसियाओं के सामने अपने मकिदुनिया के विश्वासियों पर गर्व किया।। उसने ऐसा कुरिन्थुस की कलीसिया से भी किया, जब उसने उनके सताव सहने की इच्छा से अधिक उनके अद्भुत दान देने के तरीके का वर्णन किया। वह चाहता था कि कुरिन्थुस के विश्वासियों को "परमेश्वर के उस अनुग्रह का पता चले जो मकिदुनिया की कलीसियाओं पर हुआ है। कि क्लेश की बड़ी परीक्षा में उनके बड़े आनन्द और भारी कंगालपन में उनकी उदारता बहुत बढ़ गई।

उनके विषय में मेरी यह गवाही है, वह कहता है, "कि उन्होंने अपनी सामर्थ्य भर वरन् सामर्थ्य से भी बाहर, मन से दिया। और इस दान में और पवित्र लोगों की सेवा में भागी होने के अनुग्रह के विषय में, हम से बार–बार बहुत विनती की, और जैसी हम ने आशा की थी, वैसी ही नहीं वरन् उन्होंने प्रभु को फिर परमेश्वर की इच्छा से हम को भी अपने आपको दे दिया" (2 कुरिन्थियों 8:1-5)। स्पष्ट है कि पौलुस केवल उनकी उदारता से ही नहीं—जो उनकी गहरी दरिद्रता के कारण और भी अधिक गौरवशाली प्रतीत होती थी—परन्तु उस व्यक्तिगत समर्पण की भावना से भी प्रभावित था, जो उन्होंने प्रभु और उसके दासों के प्रति प्रदर्शित की थी और जो उनकी उदारता के साथ जुड़ी हुई थी।

उन्होंने अपने इस समर्पण को कर्मों से सिद्ध किया था। निरन्तर होते सताव और क्लेशों के बीच उनके धीरज और विश्वास ने पौलुस को विस्मित कर दिया। *सताव* शब्द दूसरों की दुष्ट शत्रुता की ओर संकेत करता है। *क्लेश* शब्द उन शारीरिक पीड़ाओं और मानसिक व्याकुलताओं को अभिव्यक्त करता है, जिन्हें सताए जाने वाले लोग सहन करते हैं। "सहना" शब्द यूनानी भाषा में निरंतर वर्तमान काल में है, जो यह दर्शाता है कि यह दु:ख–कष्ट अभी भी जारी थे।

ख. निर्विवाद प्रतिज्ञा का एक वचन (1:5-10)

1. प्रमाण के विषय में (1:5-6)

अगली दो आयतें उस समय से संबंधित हैं जब परमेश्वर हिसाब चुकाता है—जब वह न्याय करता है, पहले अपनी कलीसिया के साथ और फिर, वास्तव में भयानक रूप से, संसार के साथ। इन दोनों न्याय के पीछे परमेश्वर की निष्कलंक धार्मिकता ही कार्यरत है।

जब *पवित्र लोगों के न्याय* के विषय की बात आती है, तो परमेश्वर धर्मी ठहरता है: "यह परमेश्वर के सच्चे न्याय का स्पष्ट प्रमाण है कि तुम परमेश्वर के राज्य के योग्य ठहरो, जिसके लिये तुम दु:ख भी उठाते हो" (1:5)। पौलुस जानता था कि थिस्सलुनीके के विश्वासियों को किन सतावों और क्लेशों से होकर गुजरना पड़ रहा था। वह कहता है, "हिम्मत

रखो!” — “मुकुट पहनाए जाने का दिन शीघ्र आने वाला है।” इसी बीच, परमेश्वर उनके चरित्र का निर्माण करने के लिए उनके क्लेशों का उपयोग कर रहा था।

यह संसार हमारा परीक्षा का मैदान है। प्रभु हमारे जीवन में आने वाली हर बात का उपयोग हमें राज्य में उच्च पद के लिये तैयार करने में करता है। परन्तु “परमेश्वर के राज्य के योग्य” होने का क्या अर्थ है? यह किसी प्रवेश परीक्षा से संबंधित नहीं है; यह अंतिम परीक्षा से संबंधित है—एक ऐसी परीक्षा जो यह निर्धारित करती है कि हम राज्य में कहाँ उपयुक्त बैठेंगे। यहाँ प्रयुक्त शब्द योग्यता या उपयुक्तता को दर्शाता है। हम न तो अपने किसी गुण या योग्यता के आधार पर राज्य में या कलीसिया में प्रवेश पाते हैं। बल्कि हम *राज्य में जन्म के द्वारा* प्रवेश पाते हैं—पवित्र आत्मा के फिर से नया बनाने के कार्य के द्वारा। यीशु ने निकुदेमुस से कहा, "यदि कोई नये सिरे से न जन्मे तो परमेश्वर का राज्य देख नहीं सकता।" हम *कलीसिया में बपतिस्मा के द्वारा* प्रवेश पाते हैं—अर्थात् पवित्र आत्मा के बपतिस्मा देने वाले कार्य के कारण। पौलुस ने कहा, "क्योंकि हम सब ने क्या यहूदी हो क्या यूनानी, क्या दास हो क्या स्वतंत्र, एक ही आत्मा के द्वारा एक देह होने के लिये बपतिस्मा लिया, और हम सब को एक ही आत्मा पिलाया गया" (1 कुरिन्थियों 12:13)। कलीसिया राज्य नहीं है, यद्यपि उससे जुड़ी हुई है। जब हम उद्धार पाते हैं तो हमें दोनों में एक साथ शामिल कर दिया जाता है। यहाँ मसीह के न्यायासन की ओर संकेत किया गया है।

शुरू से ही परमेश्वर की योजना थी कि पृथ्वी पर एक राज्य स्थापित हो। जब उसने आदम को बनाया, तब उसने कहा "[वह] अधिकार रखें" (उत्पत्ति 1:26)। आदम की बुलाहट बगीचे पर प्रभुत्व करने का था। आगे चलकर, वह पृथ्वी पर प्रभुत्व करता; और शायद, यदि पाप ने बीच में हस्तक्षेप न किया होता, तो वह आकाशगंगा पर भी शासन करता। पतन के कारण सब कुछ बिगड़ गया और सब बिगड़ गया।

राज्य की अवधारणा तब और निकट आ गई जब पहले दाऊद और फिर सुलैमान सिंहासन पर बैठे। जब प्रभु अंत में राज्य स्थापित करने के लिए लौटेगा, तो वह पहले अपने दाऊद स्वरूप में राज्य करेगा और अपने सभी शत्रुओं को वश में कर लेगा; और फिर वह सुलैमान की तरह महिमा और वैभव में शान्ति के राजकुमार के रूप में राज्य करेगा।

लेकिन, सुलैमान के पापों ने इस सब को नष्ट कर दिया और राष्ट्र में विभाजन के बीज बो दिए। इससे भी बुरा यह हुआ कि उन्होंने उन भयानक मूर्तिपूजाओं और अनैतिकताओं का मार्ग प्रशस्त किया, जिनके कारण अन्ततः उत्तरी इस्राएल राज्य और बाद में दक्षिणी यहूदा राज्य—दोनों विभाजित हो गए। नबूकदनेस्सर के आने के साथ ही “अन्यजातियों का समय” प्रारम्भ हुआ, और राज्य की आशाएँ धूमिल पड़ गईं।

बन्धुआई के बाद यहूदियों का एक अवशेष वायदे के देश में लौटा, परन्तु अब राज्य स्थगित अवस्था में था। लौटे हुए यहूदी पहले फारस, फिर यूनान और फिर रोम के अधीन रहे। दाऊद का सिंहासन लगभग समाप्त हो चुका था।

फिर एक राजा बैतलहम में पैदा हुआ जिससे थोड़े समय के लिए लोगों में उत्साह जाग उठा। तीस साल बाद, यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले ने घोषणा की कि राज्य निकट है और उसने राष्ट्र में पुनरुत्थान और नैतिक सुधार लाने का प्रयास किया। राजा आया, परन्तु उन्होंने उसे तिरस्कार कर दिया। वह उस तरह का मसीहा नहीं था जिसकी उन्होंने अपेक्षा की थी। वे एक शासक को चाहते थे, उद्धारकर्ता नहीं। उन्होंने उसे क्रूस पर चढ़ाया, और पिलातुस ने उसके क्रूस पर यह उपहास भरा शीर्षक लिखा:

“यीशु नासरी, यहूदियों का राजा”।

राज्य अब अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। इसका आत्मिक पक्ष कलीसिया में फला-फूला, परन्तु इसका सांसारिक पक्ष धूमिल हो गया। गुप्त दृष्टांत (मत्ती 13) इस युग के दौरान राज्य की छिपी हुई स्थिति का चित्र प्रस्तुत करते हैं। जब परमेश्वर के कलीसिया के साथ उद्देश्य पूर्ण हो जाएंगे, तो पृथ्वी पर राज्य की स्थापना के लिए अवसर फिर से जीवंत हो उठेंगे।

कलीसिया का युग परमेश्वर के इस संसार के साथ संबंधों की समय-रेखा में एक अंतराल है। कलीसिया का मेघारोहण परमेश्वर के लिए इस्राएल राष्ट्र के साथ अपने संबंधों को फिर से प्रारंभ करने का मार्ग प्रशस्त करेगा—वे संबंध, जिन्हें उसने पिन्तेकुस्त के तुरंत बाद स्थगित कर दिया था (रोमियों 11)।

इस्राएल राष्ट्र पहले ही नया जन्म पा चुका है। यह एक गंभीर संकेत है कि कलीसिया शीघ्र ही उठा ली जाएगी। एक बार जब यह हो जाएगा, तो "राज्य का सुसमाचार" प्रचारित किया जाएगा, ताकि पूरी तरह से अधर्मी संसार से मसीह की वापसी और राज्य स्थापित करने से पहले आत्माओं की अंतिम फसल काटी जा सके (मत्ती 24:14)। तब लोगों की एक ही पुकार होगी: "राजा आ रहा है।"

हालाँकि, पहले मसीह-विरोधी आएगा, और उसकी भयानक सतावट मसीह को अस्वीकार करने वाले इस्राएल राष्ट्र से अविश्वासी बहुमत को दूर कर देंगी, जिससे प्रभु की वापसी का मार्ग प्रशस्त होगा।

इस बीच, कलीसिया की समीक्षा मसीह के न्यायासन पर की जाएगी। इसे पृथ्वी पर आने वाले सहस्राब्दी राज्य में स्वर्गीय भूमिकाओं के लिए तैयार किया जाएगा।

जब प्रभु राज्य करने के लिए लौटेगा, तब वह "आकाश की सेना को आकाश में [शैतान के शासक दूतगण] और पृथ्वी के राजाओं को पृथ्वी ही पर [अन्यजातीय शासकों को) दण्ड देगा (यशायाह 24:21)। यहूदी प्रभु के अधीन पृथ्वी के साम्राज्य का प्रशासन करेंगे, जबकि वह अपने पिता दाऊद के सिंहासन पर यरूशलेम में बैठेगा। हम स्वर्गीय यरूशलेम से मसीह के साथ सर्वोच्च स्थान में राज्य करेंगे। इस तथ्य के आधार पर, पौलुस यहाँ परमेश्वर के राज्य का विचार प्रस्तुत करता है और मसीह के न्यायासन की ओर संकेत करता है।

उसी तरह, जब *पापियों के न्याय* की बात आती है तो भी परमेश्वर धर्मी है: "क्योंकि परमेश्वर के निकट यह न्याय है कि जो तुम्हें क्लेश देते हैं, उन्हें बदले में क्लेश दे" (1:6)। यह पद महान श्वेत सिंहासन के न्याय की भविष्यवाणी करता है। यहाँ "प्रतिफल" का अर्थ है "चुकाना," "वापस देना," या "बदला चुकाना।" इसका उपयोग अच्छे और बुरे दोनों के लिए किया जाता है। यीशु ने कहा कि हमें अपने भोज में गरीबों, अपाहिजों, लंगड़ों और अंधों को आमंत्रित करना चाहिए: "क्योंकि उनके पास तुझे बदला देने को कुछ नहीं, परन्तु तुझे धर्मियों के जी उठने पर इस का प्रतिफल मिलेगा" (लूका 14:14)। यही शब्द विरोधियों पर परमेश्वर के न्याय को बताने में भी प्रयोग हुआ है: "पलटा लेना मेरा काम है, मैं ही बदला दूँगा...जीवते परमेश्वर के हाथों में पड़ना भयानक बात है" (इब्रानियों 10:30-31)।

हम सहज रूप से महसूस करते हैं कि हमारे आस-पास की तमाम भयानक बुराइयों और दुष्टताओं के बावजूद, यह एक नैतिक ब्रह्मांड है। मनुष्यों की दुष्टता, अन्याय, सताव और धोखे न्याय के दिन की माँग करते हैं। अत्याचारों, सताव और नरसंहारों से बिल्कुल अलग; युद्धों और अंतर्राष्ट्रीय आतंक व संगठित अपराध की निर्मम दुष्टता से बिल्कुल अलग; हत्या, बलात्कार, आगजनी, वेश्यावृत्ति, समलैंगिकता, धोखाधड़ी, गर्भपात, बाल शोषण, मादक पदार्थों की तस्करी, आदि से बिल्कुल अलग, अनगिनत छोटी-छोटी वासनाएँ, नफ़रत, द्वेष और झूठ हैं जो लाखों लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा हैं।

जीवन नष्ट हो जाते हैं, घर बिखर जाते हैं, और लोग ठगे जाते हैं। एक शराबी चालक दुर्घटना कर देता है, लोग मारे जाते हैं या विकलांग हो जाते हैं, और अदालतें उसे हल्के दंड देकर छोड़ देती हैं। एक युवक एक युवती को बहकाता है, उसे उसकी लज्जा के हवाले छोड़ देता है, हँसता है, और नई उपलब्धियों की तलाश में निकल पड़ता है। कोई जानबूझकर किसी मित्र के पेय में मादक पदार्थ डाल देता है ताकि वह नशे का आदि हो जाए; मित्र बर्बाद हो जाता है और कानून चुप रहता है। एक पति कोई घातक यौन रोग की गिरफ्त में पड़ जाता है और अपनी पत्नी को भी संक्रमित कर देता है। छोटे बच्चों को चोट पहुँचाई जाती है और धमकाया जाता है, और कोई हस्तक्षेप नहीं करता।

बच्चों को स्कूल में ईश्वर-विरोधी, आत्मा-संहारक और जीवन-बर्बादी के दर्शनशास्त्र पढ़ाए जाते हैं और सरकार तालियाँ बजाती है। यह सूची अंतहीन है।

कई बार इस जीवन में अधिकांश गलतियाँ कभी सुधारे नहीं जाते। हमारे भीतर की न्याय-भावना, चाहे दैवीय प्रकाशन से अलग ही क्यों न हो, हमें बताती है कि एक न्याय का दिन अवश्य होना चाहिए। उन सिकंदरों, कैसरों, चंगेज़ ख़ानों, नेपोलियनों, हिटलरों और स्टालिनों का क्या, जिन्होंने संसार को युद्ध में झोंक दिया था और ऐसी यातनाएँ दीं जिन्हें कोई मानव कभी ठीक नहीं कर सकता? उन माओ त्से-तुंगों का क्या, जिन्होंने जानबूझकर लाखों लोगों की हत्या की, उन्हें यातनाएँ दीं, भूखा रखा और उनकी मानसिकता का दोहन किया? न्याय का एक दिन तो होना ही चाहिए।

सिक्के का दूसरा पहलू भी उतना ही सकारात्मक है। हर दिन, दया और भलाई के असंख्य काम बिना नाम-पहचान के छिप जाते हैं। यहाँ तो उनका प्रतिफल मिलना तो दूर, उन्हें कोई पहचान भी नहीं मिलती। न्याय का दिन होना चाहिए।

परमेश्वर का वचन हमें यह सुनिश्चित करता है कि न्याय का एक दिन अवश्य है। वास्तव में, पवित्रशास्त्र में हमारे सामने पाँच प्रमुख न्याय प्रस्तुत किए गए हैं।

1. पाप का न्याय है। विश्वासी के संबंध में यह न्याय पहले ही हो चुका है। हमारे पापों का न्याय कलवरी पर हो चुका है। जब यीशु मसीह मरा, तो हम भी उसके साथ मरे; जब उसे दफ़नाया गया, तो हम भी उसके साथ दफ़नाए गए; जब वह जीवित किया गया, तो हम भी जीवित किए गए। परमेश्वर विश्वासी से कहता है, “अतः अब जो मसीह यीशु में हैं उन पर दण्ड की कोई आज्ञा नहीं” (रोमियों 8:1)। पाप के विरुद्ध परमेश्वर का क्रोध पूरी तरह से कलवरी पर उंडेल दिया गया, और अब हम, मसीह में, वहाँ खड़े हैं जहाँ न्याय की आग पहले ही जल चुकी है। “क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे वह नाश न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए” (यूहन्ना 3:16)। हमारी वर्तमान दशा अभी पूर्ण नहीं हो सकती — क्योंकि हमें अभी भी मेघारोहण और हमारी देहों के छुटकारे की प्रतीक्षा है — परंतु मसीह में हमारी *स्थिति* पूर्ण है।

अविश्वासी इसके विपरीत, अपने जीवन भर परमेश्वर के क्रोध की छाया के तले बना रहता है। "परमेश्वर का क्रोध उस पर रहता है" (यूहन्ना 3:36)। परमेश्वर, अपने अनुग्रह में, अपने हाथ को रोकता है; परंतु जब तक अविश्वासी मसीह को अस्वीकार करता रहता है, उसके और एक खोई हुई अनंतता के बीच केवल उसके हृदय की धड़कन ही बनी रहती है।

2. पवित्र लोगों का न्याय है। परमेश्वर अपने लोगों का दो प्रकार से न्याय करता है। पहला, वह इस जीवन में उन्हें पुत्रों के रूप में न्याय करता है: “क्योंकि प्रभु जिससे प्रेम करता है, उसकी ताड़ना भी करता है, और जिसे पुत्र बना लेता है, उसको कोड़े भी लगाता है” (इब्रानियों 12:6)। हम ठोकर खाते हैं, गिरते हैं, पाप करते हैं और पवित्र आत्मा को दुखी करते हैं; इसलिए हमें अनुशासन की आवश्यकता होती है। यह सब हमारे आदमिक स्वभाव की विरासत का हिस्सा है। लेकिन, “यदि हम अपने पापों को मान लें, तो वह हमारे पापों को क्षमा करने और हमें सब अधर्म से शुद्ध करने में विश्वासयोग्य और धर्मी है” (1 यूहन्ना 1:9)।

हमें “पाप” और “पापों” के बीच अंतर करना चाहिए। *पाप* हम जो है उससे सम्बंधित है — हम पापी हैं। हम पापी इसलिए नहीं हैं कि हम पाप करते हैं; बल्कि हम पाप इसलिए करते हैं क्योंकि हम पापी हैं — जैसे एक सेब का पेड़ इसलिए सेब का पेड़ नहीं होता कि वह सेब देता है, बल्कि वह सेब देता है क्योंकि वह सेब का पेड़ है। पाप जड़ है; अपराध (किए गए कर्म) केवल फल हैं। पाप हमारे स्वभाव से संबंधित है; अपराध हमारे कर्मों से संबंधित हैं। परमेश्वर ने पहले ही पाप की जड़ का समाधान कर दिया है। वह चाहता है कि हम, उसके भीतर रहने वाले पवित्र आत्मा की मदद से, पाप के फल से निपटें। उसकी ताड़ना इस प्रक्रिया का हिस्सा है और यह साबित करता है कि

हम सचमुच उसकी संतान हैं (इब्रानियों 12:7-11)। परमेश्वर द्वारा हमें पुत्रों के रूप में न्याय करने में जो सिद्धांत कार्य करता है, वह आत्म-न्याय है: "यदि हम अपने आप को जाँचते, तो दण्ड न पाते" (1 कुरिन्थियों 11:31)।

परमेश्वर अपने पवित्रों का न केवल पुत्रों के रूप में बल्कि *दासों* के रूप में भी न्याय करता है। यह न्याय, जैसा कि हमने देखा है, पारुसिया के समय मसीह के न्यायासन के सामने होगा (रोमियों 14:10; 1 कुरिन्थियों 3:10-15; 2 कुरिन्थियों 5:10)। उस समय, विश्वासियों के रूप में हमारा जीवन और हमारे कार्यों की समीक्षा की जाएगी, और आने वाले राज्य में हमारा स्थान निर्धारित होगा। जो पाप अंगीकार नहीं किए गए होंगे, उनका निपटारा मसीह के न्याय-आसन पर होगा, जहाँ हमारे जीवन की हर अधूरी बात—हमारे अनगिनत संबंधों, प्रतिक्रियाओं और व्यवहारों से जुड़े सारे छोर—अंततः बाँध दिए जाएँगे। मसीह का न्याय-आसन वास्तव में *न्याय* का आसन ही है। वहाँ ताड़ना भी होगी और प्रतिफल भी दिए जाएँगे। हमारी स्थिति पर कोई प्रश्न नहीं उठाया जाएगा, परंतु हमारी दशा निश्चित रूप से जाँची जाएगी। परमेश्वर का उद्धार बिल्कुल मुफ्त है, परंतु उसके प्रतिफल कमाने पड़ते हैं।

3. राज्यों का न्याय है। परमेश्वर ब्रह्माण्ड का सर्वोच्च प्रभु है। अपने सृष्टि पर नैतिक नियंत्रण बनाए रखने के लिए उसके पास अपने उच्च, महिमामय और अचूक मार्ग हैं। यद्यपि मनुष्यों के कार्यों में उसका हाथ प्रायः प्रत्यक्ष नहीं दिखाई देता, फिर भी वह मनुष्यों के राज्य पर शासन करता है। नबूकदनेस्सर को यह सीखना पड़ा कि "परमप्रधान मनुष्यों के राज्य पर प्रभुता करता है, और जिसे चाहता है, उसे देता है" (दानिय्येल 4:25)। दानिय्येल ने यही शिक्षा राजा बेलशज्जर को भी दी थी, ठीक कुछ घंटे पहले जब बाबुल का राज्य नष्ट हुआ और उसकी जगह मादी-फारसी राज्य ने ली (दानिय्येल 5:17-28)। इतिहास में राष्ट्रों पर परमेश्वर के सामान्य न्याय का एक मूलभूत नैतिक सिद्धांत यह है कि उनके सुख या दुःख का निर्धारण, किसी न किसी सीमा तक, इस बात से होता है कि वे इस्राएली लोगों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं (उत्पत्ति 12:1–3)।

परमेश्वर के राज्यों पर होने वाले न्याय में दो भविष्यद्वाणी संबंधी मुख्य बिंदु हैं। पहला, *महाक्लेश* का समय है — जब सारी जातियाँ एक होकर यहूदियों को पूरी तरह मिटाने के उद्देश्य से उनपर सताव करेंगी। यह घटना तब समाप्त होगी जब प्रभु आग की ज्वाला में प्रकट होकर हर-मगिद्दोन के समय लौटेंगे। परमेश्वर इस भयानक समय का उपयोग यहूदी लोगों के एक अवशेष को सचेत करने और उन्हें मसीह के उद्धार की पहचान तक लाने के लिए करेगा। प्रभु का आगमन भी इस यहूदी अवशेष के व्यापक रूपांतरण का कारण बनेगा, जिससे वे मसीह की ओर वापस फिरेंगे (दानिय्येल 12:11; मत्ती 24:15–31)।

दूसरा प्रमुख केंद्र उस *महान न्याय-सभा* से संबंधित है, जो प्रभु की वापसी के बाद यहोशापात की तराई में स्थापित की जाएगी (योएल 3:1-3, 12; मत्ती 25:31-46)। न्याय का मापदंड इस बात पर आधारित होगा कि मसीह-विरोधी के आतंक के समय लोगों ने यहूदियों के साथ कैसा व्यवहार किया। इस न्याय का उद्देश्य यह निर्धारित करना होगा कि अन्यजातियों में से कौन आने वाले सहस्त्राब्दी राज्य में प्रवेश करेंगे और कौन सीधे एक खोई हुई अनंतता में चले जाएँगे।

4. पापियों का न्याय है। परमेश्वर निश्चित ही पापियों पर उनके पूरे जीवन भर नैतिक न्याय लागू करता है। अक्सर उसका हाथ हमें दिखाई नहीं देता। कभी-कभी वह अपने न्याय का साफ़ प्रमाण भी देता है, जैसे हामान को उसी की फाँसी पर लटकाया गया जो उसने मोर्दकै के लिए तैयार की थी (एस्तेर 6:10), और जैसे ईज़ेबेल मारी गई और बाद में यिज्रेल में कुत्तों द्वारा खा ली गई, जहाँ उसने नाबोत की हत्या करवाई थी (1 राजा 21-22; 2 राजा 9:30-37)। पर सामान्यतः परमेश्वर का पापियों के साथ व्यवहार हमारी समझ से परे होता है। जो लोग अपने बुरे कर्मों के लिए किसी प्रतिफल से बचते हुए प्रतीत होते हैं, वे अक्सर उन तरीकों से उसका दण्ड चुकाते हैं जिन्हें हम समझ नहीं पाते। परन्तु एक समय आने वाला है जब सभी पापी उस महान श्वेत सिंहासन के सामने अपने पापों और दोषों का सामना करेंगे—विशेषकर उस सर्वोच्च दोष का, अर्थात् मसीह को अस्वीकार करने का दोष (प्रकाशितवाक्य 20:11-15)। तब पुस्तकें

खोली जाएंगी और मनुष्यों द्वारा कहे गए हर एक व्यर्थ शब्द तक का भी हिसाब लिया जाएगा (मत्ती 12:36)। दण्ड के अलग-अलग स्तर होंगे जो अवसर, विशेषाधिकार और दोष के हिसाब से तय किए जाएँगे (मत्ती 10:15; 11:22-24)।

5. शैतान का न्याय है। ब्रह्मांड के बड़े रहस्यों में से एक यह है कि परमेश्वर ने उस गिरे हुए लूसिफर को इतना अधिकार, समय और क्षेत्र क्यों दिया है कि वह पृथ्वी पर अपने भयानक काम कर सके। यदि आदम ने कभी पाप न किया होता तो उसका हम पर कोई अधिकार न होता। लेकिन पतन ने इस पृथ्वी और इसके लोगों को उसके हाथ में सौंप दिया। फिर भी, उस पर कुछ ऐसे बंधन लगाए गए हैं जिनके बारे में हमें बहुत कम या कुछ भी पता नहीं है (अय्यूब 1:6-10)। उसका विनाश निश्चित है। मसीह के पृथ्वी पर सहस्राब्दी राज्य शुरू होने से पहले, शैतान को अथाह कुण्ड में डाल दिया जाएगा (प्रकाशितवाक्य 20:1)। पृथ्वी पर अपनी अंतिम दुष्टता करने के बाद, एक हजार साल बाद, शैतान को आग की झील में डाल दिया जाएगा (प्रकाशितवाक्य 20:7-10)।

ये वे न्याय हैं जिनका उल्लेख पवित्रशास्त्र में किया गया है। हमें इन्हें आपस में मिश्रित नहीं करना चाहिए। बाइबल की व्याख्या का एक मूलभूत सिद्धांत यह है कि जहाँ परमेश्वर भेद करता है, वहाँ हमें भी परमेश्वर के वचन को संभालते समय भेद करना चाहिए। अब हमें अपने विषय पर लौटना चाहिए।

2. वर्तमान के विषय में (1:7क)

पवित्र लोगों और पापी दोनों का न्याय आने वाला है, लेकिन अभी के लिए क्या? पौलुस अपने नये नियम विश्वासियों को समझदारी की एक बात बताता है: "और तुम जो क्लेश उठाते हो, हमारे साथ विश्राम पाओ," वह कहता है। "विश्राम" के लिए प्रयुक्त मूल शब्द एनिसिस है। इसका अर्थ है "ढीला करना" या "तनाव कम करना," जैसे किसी कसकर खींची हुई डोरी या तार को ढीला करना। यह केवल मेहनत से आराम करने वाला विश्राम नहीं है। इसका संबंध सहनशीलता और आशा के बीच शांति पाने से है। यहूदिया के राज्यपाल फेलिक्स (जो खुद क्रूर और धोखेबाज था) ने यह शब्द तब इस्तेमाल किया जब उसे लगा कि पौलुस यहूदी षडयंत्र का शिकार है। इसलिए "और सूबेदार को आज्ञा दी कि पौलुस को कुछ छूट [एनिसिस] में रखकर रखवाली करना, और उसके मित्रों में से किसी को भी उसकी सेवा करने से न रोकना" (प्रेरितों के काम 24:23)। दूसरे शब्दों में, फेलिक्स ने पौलुस की कैद की शर्तें कुछ ढीली कर दीं।

अपने सेवकाई के समय तनाव का वर्णन करते हुए एक बार पौलुस ने लिखा, "जब मैं मसीह का सुसमाचार सुनाने को त्रोआस आया, और प्रभु ने मेरे लिये एक द्वार खोल दिया, तो मेरे मन में चैन [एनिसिस] न मिला, इसलिये कि मैं ने अपने भाई तीतुस को नहीं पाया" (2 कुरिन्थियों 2:12-13)। वह आश्वस्त न हो सका। वह मकिदुनिया के अनुभव के विषय में भी यही कहता है: "क्योंकि जब हम मकिदुनिया में आए, तब भी हमारे शरीर को चैन [एनिसिस] नहीं मिला, परन्तु हम चारों ओर से क्लेश पाते थे; बाहर लड़ाइयाँ थीं, भीतर भयंकर बातें थीं" (2 कुरिन्थियों 7:5)। यह स्वीकृति हमें पौलुस के हृदय की एक रोचक झलक देती है। हम यहाँ एक अत्यंत मानवीय व्यक्ति को देखते हैं। वह निडर था और सिंह के समान साहसी, परन्तु शत्रु का सामना करते समय—निर्भीक रहते हुए भी—डर उसके मन को पकड़ लेता था। पर यही तो साहस का अर्थ है। कायर अपने डर को दिखाता है और उसी के अनुसार प्रतिक्रिया करता है; जबकि बहादुर व्यक्ति कभी अपने डर को नहीं दिखाता।

पौलुस अब कुरिन्थुस में था, और उस बड़े मूर्तिपूजक शहर में उसने वही शत्रुता का सामना किया जैसा और जगह करता था। लेकिन इस बार उसने सीख लिया था कि कैसे विश्राम करना है, अपने आप को ढीला छोड़ना है और परमेश्वर को काम करने देना है। पौलुस ने प्रार्थना नहीं की कि उसके नव परिवर्तितों के क्लेश खत्म हो जाएँ। उसने उन्हें शांति से आश्वस्त होने का आग्रह किया, लेकिन कैसे? उसके प्रारंभिक अभिवादन का शब्द *अनुग्रह* यही इस 'कैसे' को बताता है।

1. बाद में, कुरिन्थुस के विश्वासियों को लिखते हुए, पौलुस ने मसीह के कारण जिन सतावों और दबावों का सामना किया था, उनका वर्णन किया—और वह सूची वास्तव में काफी प्रभावशाली है (2 कुरिन्थियों 11:23-33)। इसके बाद उसने एक बड़े ही अद्‌भुत अनुभव का उल्लेख किया, जिससे वह लगभग चौदह वर्ष पहले होकर गुज़रा था। वह तीसरे स्वर्ग तक उठा लिए गया था और उसने ऐसी बातें देखी थीं जिनका वर्णन करना उसके लिए संभव नहीं था। वह स्वर्गीय दर्शन इतना महिमा से भरा था कि उसके बाद परमेश्वर ने उसके "शरीर में एक काँटा चुभाया, अर्थात् शैतान का एक दूत जो उसे घूँसे मारे" (2 कुरिन्थियों 12:7) दिया था। "दूत" के लिए मूल रूप से प्रयुक्त शब्द नये नियम में किसी "गिरे हुए दूत" के लिए सामान्य शब्द था। यह सम्भव है कि वह शैतान के किसी प्रधान गिरे हुए दूत द्वारा सताया जा रहा हो।

पौलुस ने तीन बार प्रार्थना की कि वह इस कष्ट से मुक्त हो जाएँ। लेकिन परमेश्वर का जवाब आया: "मेरा अनुग्रह तेरे लिये बहुत है; क्योंकि मेरी सामर्थ्य निर्बलता में सिद्ध होती है" (2 कुरिन्थियों 12:9अ)। पौलुस की प्रतिक्रिया अत्यंत प्रभावशाली थी। उसने अब इस काँटे से छुटकारा पाने के लिए प्रार्थना करना बंद कर दिया। उसने कहा, "इसलिये मैं बड़े आनन्द से अपनी निर्बलताओं पर घमण्ड करूँगा कि मसीह की सामर्थ्य मुझ पर छाया करती रहे...क्योंकि जब मैं निर्बल होता हूँ, तभी बलवन्त होता हूँ" (2 कुरिन्थियों 12:9ख-10)।

2. तो, यह था पौलुस का सताव और कष्ट के प्रश्न का उत्तर—अनुग्रह! परमेश्वर अवसर के अनुसार पर्याप्त अनुग्रह प्रदान करेगा। इसलिए शान्त रहिए। परमेश्वर अब भी सिंहासन पर विराजमान है।

3. भविष्य के विषय में (1:7ख-10)

क. एक प्रगट होने का दिन आने वाला है (1:7ख-ग)

5. परमेश्वर और उसकी प्रजा के शत्रु अभी केवल थोड़ी देर के लिये समय का आनंद ले रहे हैं। बहुत से लोगों के हृदय प्रकट हो रहे हैं (लूका 2:34-35)। पर एक और दिन आ रहा है, और वह पहले से ही मार्ग में है: "प्रभु यीशु स्वर्ग से प्रगट होगा [वह अपने घर से आ रहा है] अपने पराक्रमी स्वर्गदूतों के साथ [वह अपनी सेना के साथ आ रहा है]।"

जब प्रभु यीशु ने नासरत के नगर के आराधनालय में पवित्रशास्त्र खोला, और अपने आप को औपचारिक रूप से इस्राएल का मसीहा घोषित किया, तब उसने यशायाह की भविष्यवाणी से ये शब्द पढ़े:

"प्रभु का आत्मा मुझ पर है, इसलिये कि उसने कंगालों को सुसमाचार सुनाने के लिये मेरा अभिषेक किया है, और मुझे इसलिये भेजा है कि बन्दियों को छुटकारे का और अंधों को दृष्टि पाने का सुसमाचार प्रचार करूँ और कुचले हुओं को छुड़ाऊँ, और प्रभु के प्रसन्न रहने के वर्ष का प्रचार करूँ" (लूका 4:18-19)। लूका बताता है कि यीशु ने तब पुस्तक बंद की और बैठ गया। सबकी आँखें उस पर लगी थीं। उसकी प्रसद्धि पहले से ही देश के अन्य भागों में फैल चुकी थी। लोगों में उसके प्रति बहुत अधिक रुचि और अपेक्षा थी। वे यशायाह 61:1-2 की आयतें कंठस्थ जानते थे। वे जानते थे कि यीशु ने बीच वाक्य में पढ़ना रोक दिया और पुस्तक बंद कर दी। तब यीशु ने पुकार के कहा, "आज ही यह लेख तुम्हारे सामने पूरा हुआ है" (लूका 4:21)। उसने मुश्किल से कुछ ही वाक्य और बोले थे कि लोग क्रोध से भर उठे और उसे मार डालने का प्रयास किया।

सौभाग्य की बात थी कि उसने पुस्तक को जहाँ बंद किया, वहीं किया; और यह हमारे लिए तथा सम्पूर्ण मानवजाति के लिए भी सौभाग्य की बात थी। इसका अर्थ यह था कि परमेश्वर ने अनुग्रह का एक युग निर्धारित किया है — ऐसा अनुग्रह जो इतना विशाल है कि वह कलवरी को भी अपने मार्ग में समा लेता है, और इतना शक्तिशाली है कि उसका प्रवाह दो हज़ार वर्षों से भी अधिक समय तक, आज के दिन तक लगातार चलता आ रहा है।

क्योंकि उस खण्ड के अगले शब्द 'और प्रभु के पलटा लेने का दिन' की घोषणा करते हैं। थिस्सलुनीके के विश्वासी अनुग्रह के युग में जी रहे थे। अनुग्रह परमेश्वर के हाथ को क्रोध से रोकता है। अनुग्रह सबसे दुष्ट और सबसे हिंसक मनुष्यों तक पहुँचता है। अनुग्रह हमारे नाम को जीवन की अनन्तकालीन पुस्तक में लिखता है। अनुग्रह हमें वह देता है जिसकी हमें आवश्यकता होती है, ताकि हम वह स्वीकार कर सकें जो परमेश्वर हमारे मार्ग में भेजता है। अनुग्रह वह मिट्टी है जिसमें आत्मा का फल बढ़ता है।

पर एक दिन वह पुस्तक फिर से खोली जाएगी। तब ये भविष्यद्वाणी के शब्द पूरे होंगे: "कि यहोवा के प्रसन्न रहने के वर्ष का और हमारे परमेश्वर के पलटा लेने के दिन का प्रचार करूँ; कि सब विलाप करनेवालों को शांति दूँ...राख दूर करके सुन्दर पगड़ी बाँध दूँ," (यशायाह 61:2-3)। अब प्रेरित की दृष्टि उस बहुत-काल से टलते आ रहे 'हमारे परमेश्वर के पलटा लेने के दिन' को देखती है। वह प्रभु यीशु को स्वर्ग से अपने सामर्थी स्वर्गदूतों के साथ प्रगट होते हुए देखता है। 'प्रगट' के लिए प्रयुक्त शब्द अपोकालुप्सिस है, जिसका अर्थ है "परदा हटाना।" यही शब्द हमें प्रकाशितवाक्य पुस्तक का नाम देता है। यह न्याय उस युग के अंत में होगा—जब मुहरें, तुरहियाँ और कटोरे पूरे होंगे—और तब प्रभु स्वर्ग से अपनी सेनाओं के साथ आएगा (प्रकाशितवाक्य 19:11-18)।

ख. पलटा लेने का दिन आने वाला है (1:8-9)

पौलुस हमारे सामने परमेश्वर के क्रोध के *मूल स्वभाव* को प्रस्तुत करता है: "वे प्रभु के सामने से और उसकी शक्ति के तेज से दूर होकर अनन्त विनाश का दण्ड पाएँगे" (1:8)। अन्य स्थान पर, पवित्र आत्मा हमें याद दिलाता है कि "हमारा परमेश्वर भस्म करने वाली आग है" (इब्रानियों 12:29)। जब हारून के पुत्र, नादाब और अबीहू, हाथ में धूपदान, परन्तु "ऊपरी आग" (अर्थात, वह आग जो यहोवा ने आज्ञा नहीं दी थी, न ही माँगी थी, और न ही स्वर्ग से प्रदान की थी, लैव्यव्यवस्था 1:7; 6:12; 9:24; निर्गमन 30:9) लेकर परमेश्वर के पास जाने का साहस किया, तो "तब यहोवा के सम्मुख से आग निकली और उन दोनों को भस्म कर दिया, और वे यहोवा के सामने मर गए" (लैव्यव्यवस्था 10:2)।

जब एलिय्याह ने धर्मत्यागी इस्राएल को बाल-पूजा की मूर्खता का प्रदर्शन किया, तो उसने यह काम कर्मेल पर्वत पर अत्यन्त अद्भुत रीति से किया। उसकी प्रार्थना के उत्तर में 'तब यहोवा की आग आकाश से प्रगट हुई और होमबलि को लकड़ी और पत्थरों और धूलि समेत भस्म कर दिया, और गड़हे में का जल भी सुखा दिया' (1 राजा 18:38)। केवल वेदी पर रखा हुआ बलिदान ही वह कारण था जिससे आग लोगों पर नहीं गिरी। जब दुष्ट राजा अहज़्याह ने एलिय्याह नबी को पकड़ने के लिए सैनिक भेजे, तो एलिय्याह ने स्वर्ग से आग उतरने की प्रार्थना की, और उन्हें भस्म कर गई (2 राजा 1:9–15)। आग परमेश्वर के हाथ में एक हथियार है।"

अपने पुनः आगमन पर, प्रभु यीशु शेकिना अग्नि के बादल में प्रकट होंगे (निर्गमन 14:24) और उसके साथ स्वर्ग की सेनाएँ भी होंगी। चूँकि केवल एक ही स्वर्गदूत एक रात में सन्हेरीब की पूरी सेना को मार गिरा सकता था (2 राजा 19:35-36), तो पृथ्वी की इकट्ठी हुई सेनाएँ इस बदला लेने वाली स्वर्गीय सेना के सामने कहीं भी टिक नहीं पाएँगी, हालाँकि, वास्तव में, प्रभु का उनसे सहायता माँगने का कोई इरादा नहीं होगा। वह अपने शत्रुओं से स्वयं निपटने का इरादा रखता है। स्वर्ग की सेनाएँ इसलिए उपस्थित होंगी कि यह दिखाया जा सके कि परमेश्वर की रहस्यमय अनुमति के बिना दुष्ट मनुष्य उसके लोगों को हानि पहुँचाने में कितने बिल्कुल असमर्थ रहे हैं (2 राजा 6:15-17)। अपने पलटा लेनें के समय, वह अपने शत्रुओं से स्वयं निपटने में पूरी तरह सक्षम होगा। यह उचित भी है कि वह उस संसार पर अपना न्याय स्वयं करे जिसने उसके मुँह पर थूका, उसकी पीठ पर हल चलाने की तरह कोड़े बरसाए, उसे काँटों का ताज पहनाया, उसे क्रूस पर चढ़ाया, और तब से निरंतर उसकी निन्दा ही करता आ रहा है।

"पलटा" शब्द का शाब्दिक अर्थ है "वह जो न्याय से उत्पन्न होता है।" इसका संबंध न्याय को लागू करने और धर्म को बनाए रखने से है। यह मात्र प्रतिशोध या बदले की भावना नहीं है। यह व्यक्तिगत क्रोध का उग्र प्रतिक्रिया-स्वरूप

प्रहार नहीं है। यह धर्मपूर्ण प्रतिफल है। जो लोग इस भयानक पलटा का सामना करेंगे, वे वे हैं जो जानबूझकर परमेश्वर से अज्ञान बने रहे (रोमियों 11:30) और जिन्होंने जानबूझकर मसीह के सुसमाचार को अस्वीकार किया। अंततः यही वह पाप है जिसे क्षमा नहीं किया जा सकता, और जो सभी पापों का सार है (यूहन्ना 16:8-9)।

इसके अलावा, पौलुस हमारे सामने परमेश्वर के क्रोध के एक *अनंत* स्वरूप को भी प्रस्तुत करता है: "प्रभु के सामने से, और उसकी शक्ति के तेज से दूर होकर, अनन्त विनाश का दण्ड पाएँगे" (1:9)। आखिरकार उसकी महिमा का दिन आ ही गया! दुष्टों को इसकी एक झलक मिलेगी और फिर वे इससे दूर हो जाएँगे। यह उन्हें हमेशा के लिए सताता रहेगा।

यहाँ वर्णित विनाश कल्पना से परे भयानक है। अनंत के लिए इस्तेमाल किया गया मूल शब्द ऐओनिओस है। नये नियम में इसका बार-बार प्रयोग हुआ है। शब्द के सड़सठ प्रयोगों में, यह किसी अंतहीन वस्तु को व्यक्त करने के लिए प्रयुक्त होता है। उदाहरण के लिए, यह परमेश्वर के लिए प्रयोग होता है, जो अपने स्वभाव में अनंत है (रोमियों 16:26)। यह मसीह में हमारे छुटकारे का वर्णन करने के लिए प्रयोग होता है (इब्रानियों 9:12) और विश्वासियों के पुनरुत्थान के शरीर का वर्णन करने के लिए भी प्रयोग होता है (1 कुरिन्थियों 15:53; 2 कुरिन्थियों 5:1)। यहाँ इस शब्द का प्रयोग यह दिखाता है कि जो दंड वर्णित है वह अस्थायी नहीं बल्कि हमेशा के लिए है। ऐसे दंड का उद्देश्य पलटा लेना है, इसमें उद्धार या बहाली का कोई विचार शामिल नहीं है।

इसी प्रकार, *विनाश* का मूल शब्द ओलेथ्रोस है। इसका शाब्दिक अर्थ "नाश" या "पूर्ण बर्बादी" है। यह उसी व्यक्ति के लिए प्रयोग किया गया है जो कुरिन्थुस की कलीसिया में व्यभिचार का दोषी था और जिसे शैतान के हाथों सौंप दिया जाना था कि "शरीर के विनाश के लिये शैतान को सौंपा जाए, ताकि उसकी आत्मा प्रभु यीशु के दिन में उद्धार पाए" (1 कुरिन्थियों 5:5)। धन के धोखे के विरुद्ध चेतावनी देते हुए पौलुस कहता है, “पर जो धनी होना चाहते हैं, वे ऐसी परीक्षा और फंदे और बहुत सी व्यर्थ और हानिकारक लालसाओं में फँसते हैं, जो मनुष्यों को बिगाड़ देती हैं और *विनाश* के समुद्र में डुबा देती हैं” (1 तीमुथियुस 6:9)। इस प्रकार दुष्ट लोग, प्रभु के आगमन के समय, अनन्त विनाश के लिए सौंप दिए जाएँगे। कौन उन भयानक बातों की कल्पना कर सकता है जो उनके व्यक्तित्व के बिखराव, उनकी अंतरात्मा की वेदना, स्मृति के संताप, अपराधबोध का दर्द, और इस भयानक ज्ञान के साथ रहना कि उनका यह दण्ड निराशाजनक, अंतहीन और इसके लायक है?

प्रभु के जीवित शत्रुओं को उसके आगमन के समय उसके सामने इकट्ठा किया जाएगा। उनमें से कई मगिद्दो में होंगे। और भी लोगों को यहोशापात की घाटी में दोषी ठहराया जाएगा। जैसे, मेघारोहण के समय, जीवित पवित्र लोग महिमामय रूप में बदल दिए जाएँगे और मसीह के साथ मिलने के लिए ऊपर उठा लिए जाएँगे, वैसे ही अब जीवित पापी भी भयानक रूप से बदल दिए जाएँगे और उसकी महिमामय उपस्थिति से सिर के बल धकेल दिए जाएँगे। जैसे मसीह में मरे हुए लोग पारुसिया की महिमा में स्नान करने और अंतिम समय के वैभव में भाग लेने के लिए जी उठेंगे, वैसे ही दुष्टता में मरे हुए लोग, जब उनका समय आएगा, केवल दोषी ठहराए जाने, दंडित किए जाने, और बाइबल में जिसे "आग की झील" कहा गया है, उसमें अनन्त विनाश के लिए फेंके जाने के लिए फिर से जी उठाए जाएंगे— एक ऐसी भयानकता जिसका वर्णन दांते और मिल्टन की रचनात्मक कल्पनाओं के बावजूद नहीं किया जा सकता।

ग. प्रतिफल का दिन आने वाला है (1:10)

"यह उस दिन होगा," पौलुस आगे कहता है, "जब वह अपने पवित्र लोगों में महिमा पाने और सब विश्वास करनेवालों में आश्चर्य का कारण होने को आएगा (क्योंकि तुम ने हमारी गवाही पर विश्वास किया)।" वह दिन अकल्पनीय वैभव का होगा। आश्चर्यजनक! अविश्वसनीय! विस्मयकारी! इसलिए, अपनी वर्तमान उपद्रवों, अभावों और पीड़ाओं के विपरीत, पौलुस उस महिमामय दिन को प्रस्तुत करता है जब हमें समस्त ब्रह्मांड के सामने ले जाया जाएगा, ताकि

हम स्वर्गदूतों की जय-जयकार और होशन्ना सुन सकें। जैसा कि पौलुस ने कुरिन्थियों से कहा, "क्योंकि हमारा पल भर का हल्का सा क्लेश हमारे लिये बहुत ही महत्वपूर्ण और अनन्त महिमा उत्पन्न करता जाता है" (2 कुरिन्थियों 4:17)।

स्वर्गदूतों की सेनाएँ लंबे समय से इस रहस्य पर आश्चर्य करती आई है कि परमेश्वर मनुष्यों में, विशेषकर कलीसिया में, इतनी रुचि क्यों रखता है, उनसे इतना प्रेम क्यों करता है, और उनके साथ क्यों व्यवहार करता है। जब उसने पृथ्वी की नींव डाली, तब उन्होंने आनंद से गाया और जयजयकार किया (अय्यूब 38:4-7)। पुराने नियम के युग में, वे अनेक बार इस पृथ्वी पर आए। जब स्वर्ग के प्रिय ने बैतलहम में जन्म लिया, तो वे उस चरनी के चारों ओर इकट्ठे हुए और यहूदा के पहाड़ों को आनंद के स्वर से भर दिया (लूका 2:8-15)। उन्होंने उसके जीवन के मार्ग पर बचपन से लेकर कब्र तक उसका अनुसरण किया। अब वे उन लोगों की सेवा-टहल में लगे हैं जो उद्धार के वारिस हैं (इब्रानियों 1:14)। वे इन बातों को समझने की इच्छा रखते हैं (1 पतरस 1:12)। और एक दिन वे इन्हें समझेंगे। कलीसिया परमेश्वर के अनुग्रह, कृपा और बुद्धि का ब्रह्मांड के लिए एक जीवित पाठ बनेगी (इफिसियों 1:7; 3:10)। अभी वे इसकी केवल एक झलक देख पाते हैं; लेकिन तब वे इसे पूर्ण रूप से देखेंगे। मसीह के महिमामय आगमन से सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। वह अपने पवित्र लोगों में महिमावंत होगा। एक सराहनीय ब्रह्मांड प्रशंसा के साथ हमें निहारेगा और उसे महिमा देगा।

ग. जयवंत प्रार्थना का एक वचन (1:11-12)

1. जब पौलुस ने प्रार्थना की (1:11क)

पौलुस स्वयं भी इस अद्भुत भविष्य-दर्शन से अभिभूत प्रतीत होता है। और हमेशा की तरह, जब भी पौलुस किसी बात से अभिभूत होता था — वह प्रार्थना करता था! "इसी कारण हम तुम्हारे लिये सदा प्रार्थना करते हैं," उसने कहा। पौलुस केवल कठिन समय में नहीं, बल्कि प्रसन्नता के समय में भी प्रार्थना करता था।

ब्रिस्टल के संत जॉर्ज मुलर की दैनिक आदत थी कि वे हर दिन का पहला भाग अपनी आत्मा को "प्रभु में आनन्दित" करने में बिताते थे, जैसा कि उन्होंने कहा था। उनकी प्रक्रिया सरल थी। वे पवित्रशास्त्र का एक छोटा सा अंश पढ़ते और उस पर तब तक मनन करते जब तक कि उसमें प्रकट सत्य उनकी आत्मा में गहराई तक न उतर जाए। फिर वे उस सत्य को प्रार्थना में बदल देते। वे उसे अपनी और दूसरों की ज़रूरतों से जोड़ते और स्तुति, आराधना, धन्यवाद, विनती और मध्यस्थता के द्वारा उस सत्य को परमेश्वर तक पहुँचाते। ऐसा लगता है कि पौलुस ने भी यहाँ यही किया। आने वाले महिमा के दिन के अद्भुत प्रकाशन को पौलुस ने तुरंत ही अपने प्रिय थिस्सलुनीकियों के लिए प्रार्थना में परमेश्वर को लौटा देना आवश्यक समझा।

2. पौलुस ने क्या प्रार्थना की (1:11ख-12)

उन्होंने दो बातों के लिए प्रार्थना की। पहली, उनकी *बुलाहट के स्वभाव* के लिए प्रार्थना की: "हमारा परमेश्वर तुम्हें इस बुलाहट के योग्य समझे, और भलाई की हर एक इच्छा और विश्वास के हर एक काम को सामर्थ्य सहित पूरा करे" (1:11ख)। उनकी बुलाहट कितनी महान थी! ऐसा ऐसा माध्यम बनना जिसके द्वारा सारी सृष्टि के प्राणियों का ब्रह्मांड परमेश्वर को महिमा देगा और मसीह की प्रशंसा करेगा! काश, परमेश्वर उन्हें ऐसी बुलाहट के योग्य बना दे! वह ऐसा कैसे कर सकता था? उन्हें भला बनाकर, जैसा वह स्वयं भला है। हमारे विश्वास के लिए यह कैसी चुनौती है!

यही इस प्रार्थना का सार और मुख्य विषय था। पौलुस ने प्रार्थना की कि भलाई की हर लालसा पूरी हो जाए और विश्वास के हर कार्य को सिद्ध किया जाए।

हमारी आम आधुनिक प्रार्थना सभाओं में, हम प्रार्थना करते हैं कि वह बहन अपनी बीमारी से ठीक हो जाए या उस भाई को, जिसका कोई भी नाम हो, कोई बेहतर नौकरी मिल जाए या डॉ. सॉबोन्स को कोई उपयुक्त सहायक मिल जाए। ऐसा नहीं है कि ऐसी चीज़ों के लिए प्रार्थना करना ग़लत है, लेकिन हमारी ज़्यादातर प्रार्थनाएँ ऐसी ही चीज़ों के लिए होती हैं। पौलुस ने शायद ही कभी भौतिक या सांसारिक चीज़ों के लिए प्रार्थना की हो। अगर हम व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से पौलुस की योजना, या जॉर्ज मुलर की योजना को अपनाएँ, तो हमारी प्रार्थनाएँ ऊँची उड़ान भरने लगेगी। शायद, वे इतनी उबाऊ भी नहीं रहेंगी।

फिर, पौलुस ने *मसीह के नाम* के विषय में भी प्रार्थना की: "परमेश्वर और प्रभु यीशु मसीह के अनुग्रह के अनुसार, हमारे प्रभु यीशु मसीह का नाम तुम में महिमा पाए, और तुम उसमें" (1:12)। प्रभु यीशु अपने पवित्रों में महिमा पाएँगे; पौलुस ने हमें पहले ही इसका आश्वासन दिया है। हम उसके साथ, सीधे पारुसिया से, न्याय सिंहासन से और विनाश से पहले आएँगे। हर दाग, हर झुर्री, और ऐसी हर चीज़ मिट जाएगी। हम उसकी दुल्हन होंगे, जो स्वर्गीय स्थानों में उसके साथ बैठने के योग्य, उसके सिंहासन पर से निकलने वाली प्रचंड ज्योति की रश्मि में आनंद लेने में सक्षम होंगे। वह अपने पवित्र लोगों के बीच महिमा पायेगा।

उस शानदार पराकाष्ठा को शीघ्र लाने का एक तरीका यह है कि उसका नाम हम में अभी और यहीं महिमा पाने पाएँ। अपनी प्रार्थना के इस भाग में, पौलुस दो बार उसे उसका पूरा नाम—प्रभु यीशु मसीह—कहकर संबोधित करता है।

प्रभु! यही उसका *सर्वोच्च* नाम है। इसका मूल शब्द कुरियोस है, जिसका अर्थ है "स्वामी"। इसमें स्वामित्व से उत्पन्न प्रभुत्व का भाव समाहित है। यीशु ने कहा, "तुम मुझे गुरु और प्रभु कहते हो, और ठीक ही कहते हो, क्योंकि मैं वही हूँ" (यूहन्ना 13:13)। सुसमाचारों में भी, यीशु नाम कई बार आता है, लेकिन उसे शायद ही कभी यीशु कहकर संबोधित किया गया हो। दुष्टात्माओं ने उसे इसी नाम से संबोधित किया (मत्ती 8:29), और उसने हमेशा उन्हें चुप करा दिया। उसे "यीशु" या "प्रिय यीशु" या ऐसे किसी भी शब्द से संबोधित करना अनादरपूर्ण है। वह प्रभु हैं।

इसका मतलब है कि हमें वही करना है जो वह कहता है। उसने चेतावनी दी,

“जो मुझ से, ‘हे प्रभु! हे प्रभु!’ कहता है, उनमें से हर एक स्वर्ग के राज्य में प्रवेश न करेगा, परन्तु वही जो मेरे स्वर्गीय पिता की इच्छा पर चलता है। उस दिन बहुत से लोग मुझ से कहेंगे, ‘हे प्रभु, हे प्रभु, क्या हम ने तेरे नाम से भविष्यद्वाणी नहीं की, और तेरे नाम से दुष्टात्माओं को नहीं निकाला, और तेरे नाम से बहुत से आश्चर्यकर्म नहीं किए?’ तब मैं उनसे खुलकर कह दूँगा, ‘मैं ने तुम को कभी नहीं जाना। हे कुकर्म करनेवालो, मेरे पास से चले जाओ।" (मत्ती 7:21-23)

वह प्रभु है। थोमा को यह बात तब पता चली जब उसके सारे संदेह दूर हो गए (यूहन्ना 20:24-29)। पतरस को यह सीखना पड़ा कि वह यह नहीं कह सकता, "हे प्रभु, ऐसा नहीं है" (प्रेरितों 10:14)। यह या तो एक है या दूसरा। अगर वह प्रभु है, तो हम यह नहीं कह सकते, "ऐसा नहीं है"; अगर हम कहते हैं, "ऐसा नहीं है," तो वह प्रभु नहीं है—कम से कम उस स्थिति में तो नहीं।

यीशु! यही उसका *बचानेवाला* नाम है। यह नाम यहोशूवा (यहोशू) से लिया गया है और इसका अर्थ है "उद्धारकर्ता यहोवा।" यह वह नाम है जिसे हम उसके पालने से जोड़ते हैं क्योंकि जब उसका जन्म हुआ, तब स्वर्गदूत ने यूसुफ को निर्देश दिया था, "तू उसका नाम यीशु रखना, क्योंकि वह अपने लोगों का उनके पापों से उद्धार करेगा" (मत्ती 1:21)।

हम इस नाम को उसके *चरित्र* से जोड़ते हैं क्योंकि पौलुस कहता है, "और वचन या काम जो कुछ भी करो, सब प्रभु यीशु के नाम से करो" (कुलुस्सियों 3:17)। यह नाम पवित्र और निर्दोष नाम है। मसीही जो अपने साथ इस नाम को जोड़ते हैं, उन्हें ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे इस नाम पर किसी तरह की आँच आए। संसार इस नाम का

अपमान करता है, इसे गाली की तरह प्रयोग करता है, सबसे गंदे शब्दों के साथ जोड़ता है। शैतान इस नाम से डरता है और दुष्टात्माएँ इसके सामने भाग जाती हैं। पर हमें इस नाम को ऊँचा उठाना चाहिए। इसका जो चरित्र है, वही हमारा भी होना चाहिए।

हम इस नाम को उसके *क्रूस* से जोड़ते हैं। जब मसीह को क्रूस पर चढ़ाया गया, तब पिलातुस ने लैटिन, इब्रानी और यूनानी भाषा में यह लिखकर उसके सिर पर टांग दिया — "यीशु नासरी, यहूदियों का राजा।"

यह नाम हम उसके *देखभाल* से जोड़ते हैं। जब वह स्वर्ग में अपने घर वापस गया, तो उसने परमेश्वर के सिंहासन पर अपना स्थान ग्रहण किया। अब वह वहाँ अपने लोगों के प्रति सेवकाई करता है। वह "परमेश्वर और मनुष्यों के बीच एक ही मध्यस्थ है, अर्थात् मसीह यीशु जो मनुष्य है" (1 तीमुथियुस 2:5)। वह "पिता के पास हमारा सहायक, अर्थात् धर्मी यीशु मसीह" होने के लिए वहाँ है (1 यूहन्ना 2:1)।

हम उस नाम को उसके *आगमन* से जोड़ते हैं। उसके स्वर्गारोहण के समय, जब वहाँ खड़े विस्मित शिष्य जो अब भी जैतून पर्वत पर खड़े थे और स्वर्ग की ओर देख रहे थे, उनके सामने दो स्वर्गदूत प्रकट हुए। उन्होंने कहा, "यही यीशु, जो तुम्हारे पास से स्वर्ग पर उठा लिया गया है, जिस रीति से तुम ने उसे स्वर्ग को जाते देखा है उसी रीति से वह फिर आएगा" (प्रेरितों के काम 1:11)।

हम इस नाम को उसके राज्याभिषेक से जोड़ते हैं। "इस कारण परमेश्वर ने उसको अति महान् भी किया, और उसको वह नाम दिया जो सब नामों में श्रेष्ठ है,कि जो स्वर्ग में और पृथ्वी पर और पृथ्वी के नीचे हैं, वे सब यीशु के नाम पर घुटना टेकें; और परमेश्वर पिता की महिमा के लिये हर एक जीभ अंगीकार कर ले कि यीशु मसीह ही प्रभु है" (फिलिप्पियों 2:9-11)।

मसीह! यही नाम *पर्याप्त* है। यह नाम इब्रानी शब्द मशीहा (मसीहा) का यूनानी अनुवाद है। क्रिस्टोस का भी यही अर्थ है, जो क्रियो (अर्थात "अभिषेक करना" से निकला है)। यह नाम हमारी सभी ज़रूरतों को समाहित करता है। पुराने नियम में, तीन लोगों को उनके पद के लिए अभिषिक्त किया जाता था—भविष्यवक्ता, याजक और राजा। मसीह के रूप में, वह प्रभु का अभिषिक्त है। इस प्रकार, पवित्र आत्मा उस पर उतरा और उसके बपतिस्मा के समय उसका अभिषेक किया (मत्ती 3:16)। इसी प्रकार, उसने नासरत के आराधनालय में भी अपने विषय में घोषणा की (लूका 4:18-19)। पवित्र आत्मा ने न केवल उसे आरंभ से ही परिपूर्ण किया, बल्कि उसके अभिषेक के समय उसे बिना किसी माप के दिया भी गया ताकि वह अपनी हर ज़रूरत या माँग के लिए पूरी तरह से तैयार हो सके (यूहन्ना 3:34)। पुराने नियम के युग के तीनों पद, जो अभिषेक से जुड़े थे, उसमें अपनी सर्वश्रेष्ठता पर पहुँचे। वह एक प्रगटीय भविष्यवक्ता था—“किसी मनुष्य ने कभी ऐसी बातें नहीं कीं” (यूहन्ना 7:46)। वह एक धर्मी याजक था, मलिकिसिदेक की रीति पर एक याजक (इब्रानियों 7:1-8:6)। और वह एक लौटने वाला एक राजकुमार भी हैं (यूहन्ना 14:1-3; प्रकाशितवाक्य 1:7)।

प्रभु यीशु मसीह! प्रभु—यह उसकी *सामर्थ* पर ज़ोर देता है; यीशु—यह उसके व्यक्तित्व पर ज़ोर देता है; और मसीह—यह उसके पद पर ज़ोर देता है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं कि पौलुस ने इस नाम में वह आश्वासन देखा कि परमेश्वर की जो भी योजनाएँ उसके और हमारे विषय में हैं, वे अवश्य पूरी होंगी। विस्मित ब्रह्मांड के सामने सार्वजनिक रूप से उसके पवित्र लोगों के सामने उसकी महिमा का प्रगट होना अभी बाकी है। उसके नाम की महिमा हममें होनी बाकी है। हमें उनमें महिमावंत होना अभी शेष है। "परमेश्वर और प्रभु यीशु मसीह के अनुग्रह ने यह सब लिखा है।" प्रार्थना करते समय यह सत्य पौलुस के मन और हृदय में व्याप्त था।

भाग 3

पौलुस का चेतावनी का वचन

2 थिस्सलुनीकियों 2:1-3:15

क. आने वाले झूठ का बड़ा धोखा (2:1-12)

1.स्थानीय धोखा (2:1-2)

क. प्रेरित की विनती (2:1-2क)

पौलुस के दो थिस्सलुनीकियों की पत्रियों के लिखे जाने के बीच की छोटी सी अवधि में, थिस्सलुनीके की कलीसिया में कुछ ऐसे शिक्षक उभर आए थे जो एक झूठे सिद्धांत का प्रचार कर रहे थे। उनकी शिक्षा यह थी कि प्रभु का दिन आ गया है और कलीसिया पहले से ही महाक्लेश के दौर से गुजर रही है। निस्संदेह, उस समय मसीहियों पर जो अत्याचार हो रहे थे, उनका कुछ न कुछ संबंध इसी तथ्य से था। यदि ऐसा था, तो ये झूठे शिक्षक "महाक्लेश" के बीच अंतर करने में विफल रहे थे, जिसके बारे में प्रभु ने भविष्यवाणी की थी कि यह इस संसार में विश्वासियों का सामान्य और सार्वभौमिक नियति होगी (यूहन्ना 16:33)—जिस पर शत्रु का शासन होगा—और "महाक्लेश" (मत्ती 24:21), एक विशेष अवधि जब यहूदियों और विशेष रूप से विश्वास करने वाले अन्यजातियों को मसीह-विरोधी द्वारा सताया जाएगा (प्रकाशितवाक्य 7)।

अगर थिस्सलुनीकियों के लोग महाक्लेश-पश्चात के अनुयायी होते, तो उन्हें इस बात से बहुत खुश होना चाहिए था क्योंकि यह इस बात का पक्का संकेत होता कि मेघारोहण होने वाला है। इसकी बजाय, वे घबराए हुए थे। पौलुस की पहली पत्री ने उनके सामने महाक्लेश-पूर्व मेघारोहण का प्रस्ताव रखा था; अब दूसरे शिक्षक उन्हें बता रहे थे कि महाक्लेश आ चुका है।

पौलुस ने तुरंत ही इस बात को स्पष्ट करने के लिए काम करना शुरू कर दिया: "हे भाइयो, अब हम अपने प्रभु यीशु मसीह के आने, और उसके पास अपने इकट्ठे होने के विषय में तुम से विनती करते हैं कि...तुम्हारा मन अचानक अस्थिर न हो जाए और न तुम घबराओ..." (2:1-2अ)।

यहाँ *आने* शब्द का तात्पर्य पारुसिया है, जिसके बारे में पौलुस थिस्सलुनीकियों को पहले ही लिख चुका था। जैसा कि हम देख चुके हैं, यह मेघारोहण और मसीह के अंतिम आगमन के बीच की अवधि को दर्शाता है। यह उस समय को दर्शाता है जब कलीसिया प्रभु के साथ मध्य आकाश में होगी, मसीह के न्याय-आसन पर उपस्थित होगी और मेमने के विवाह भोज में भाग लेगी। इस शब्द का मूल अर्थ है "निकट होना"। यह प्रभु की भौतिक उपस्थिति को दर्शाता है। नये नियम में इस शब्द का प्रयोग विभिन्न रूपों में किया गया है, लेकिन इसका मूल अर्थ केवल "उपस्थिति" है। जब इसका अनुवाद "आने" के लिए किया जाता है, तो यह आने वाले व्यक्ति की वास्तविक उपस्थिति को दर्शाता है।

यह शब्द नये नियम में चौबीस बार आता है। दो बार (किंग जेम्स संस्करण में) इसका अनुवाद “उपस्थित” किया गया है, और बाकी सभी स्थानों पर इसका अनुवाद “आगमन” किया गया है। छः बार यह शब्द व्यक्तियों (स्तिफनुस, तीतुस और पौलुस) के लिए प्रयोग हुआ है और हमेशा उनके व्यक्तिगत उपस्थित को दर्शाता है। लगभग आधा दर्जन बार यह मसीह की हवा में उपस्थिति के लिए प्रयुक्त हुआ है—जब वह महाक्लेश से पहले अपनी मेघारोहित कलीसिया से मिलने आएगा (1 थिस्स. 2:19; 3:13; 4:15; 5:23; 2 थिस्स. 2:1; 1 यूहन्ना 2:28)। ग्यारह बार यह मसीह की पृथ्वी पर उपस्थिति के लिए प्रयुक्त हुआ है—जब वह महाक्लेश के तुरंत बाद प्रभु के दिन में, कलीसिया के साथ पृथ्वी पर आएगा (मत्ती 24:3, 27, 37, 39; 1 कुरिं. 15:23; 2 थिस्स. 2:8; याकूब 5:7–8; 2 पतरस 1:16; 3:4, 12)।

एक बार यह मसीह-विरोधी की व्यक्तिगत उपस्थिति के लिए प्रयुक्त हुआ है, जिसे मसीह अपनी ही उपस्थिति से नष्ट कर देगा (2 थिस्स. 2:9)।

पवित्रशास्त्र का यह अंश हमारे सामने विशेष रुचि रखता है, क्योंकि इसमें पारुसिया का प्रयोग तीन अलग-अलग संदर्भों में किया गया है: हवा में मसीह की उपस्थिति के लिए (2:1), मसीह-विरोधी की उपस्थिति के लिए (2:9), और पृथ्वी पर मसीह की उपस्थिति के लिए (2:8)।

"उसके पास *अपने इकट्ठे होने*" - यह अभिव्यक्ति नये नियम में केवल दो बार आती है, यहाँ और इब्रानियों 10:25 में, जहाँ हमें "और एक दूसरे के साथ इकट्ठा होने को" (एपिसुनागोग) न छोड़ने के लिए कहा गया है, और प्रभु के आगमन के दिन को निकट आते देखकर इसे और भी अधिक करने को कहा गया है। हमारा “एक साथ इकट्ठा होना” — यहाँ पृथ्वी पर, उन लोगों के साथ जो प्रभु से प्रेम करते हैं और हमारे समान बहुमूल्य विश्वास रखते हैं — इसका एक मुख्य कारण यह है कि यह ऊपर हवा में होने वाले हमारे इकट्ठा होने का पूर्वानुभव है। हम अभी यहाँ उसके पास इकट्ठे हुए हैं (मत्ती 18:20); तब हम उसके साथ इकट्ठे होंगे। हमारे बीच उसकी उपस्थिति अभी अदृश्य है; यह तब प्रगट की जाएगी।

पौलुस अपने थिस्सलुनीके के भाइयों से विनती करता है कि वे इतनी आसानी से गलत शिक्षाओं के बहकावे में न आएँ। *बिनती* के लिए मूल शब्द "एरोटाओ" है। इसका प्रयोग किसी व्यक्ति से कुछ करने के लिए, विशेष रूप से माँगने के लिए, हमारी विनती या प्रार्थना को दर्शाने के लिए किया जाता है। जब एक कनानी स्त्री यीशु के पास आई और विनती की, "हे प्रभु, दाऊद की सन्तान! मेरी बेटी दुष्टात्मा से बहुत सता रही है," तो प्रभु ने उन्हें कुछ भी उत्तर नहीं दिया। हालाँकि, शिष्यों के पास कहने के लिए बहुत कुछ था: मत्ती याद करता है, "वे उसके पास आए और उससे विनती की, कि उसे विदा कर दे..." (मत्ती 15:22-23)।

इसी प्रकार, जब कुएँ की स्त्री नगर में जाकर बताती है कि उसने मसीहा को देखा है, तो बहुत से लोग यीशु के पास आए और उससे बिनती करने लगे कि “हमारे यहाँ रह” (यूहन्ना 4:40)। फिर कफरनहूम का सरदार यीशु से विनती करता है, "चलकर मेरे पुत्र को चंगा कर दे: क्योंकि वह मरने पर था।" (यूहन्ना 4:47)। उसी भाव के साथ पौलुस भी थिस्सलुनीकियों से बिनती करता है।

पौलुस अपने परिवर्तित विश्वासियों से यह विनती करता है कि "तुम्हारा मन अचानक अस्थिर न हो जाए और न तुम घबराओ।" "अचानक" जिसका अनुवाद *शीघ्र* किया जा सकता है, यह दिखाता है कि थिस्सलुनीकी विश्वासियों में भ्रम बहुत तेजी से पैदा किया गया था। शैतान हमेशा तुरंत प्रतिक्रिया करता है और कोई मौका नहीं छोड़ता। जैसे ही पौलुस ने पहले पत्री में मेघारोहण का पूरा विषय स्पष्ट किया — और शैतान के भ्रम को रोका गया, तो वह तुरंत ही एक और गलती लेकर सामने आ गया।

अस्थिर का मूल यूनानी शब्द सल्यूओ है, जिसका अर्थ है "डिग जाना" या "व्याकुल करना।" यह शब्द उस जहाज की स्थिति के लिए प्रयोग किया जाता था जिसका लंगर तूफान में खिसक गया हो। यही अर्थ पतरस ने पेन्तिकुस्त पर अपने प्रचार में स्पष्ट कहा: "मैं प्रभु को सर्वदा अपने सामने देखता रहा क्योंकि वह मेरी दाहिनी ओर है, ताकि मैं डिग न जाऊँ।" (प्रेरितों के काम 2:25)। शैतान हमेशा यही करने की कोशिश करता है—हमें दृढ़ उपदेश से हिला देना, ताकि हम अपने सच्चे लंगर से अलग हो जाएँ। उसके बाद सब कुछ अपने आप बिखर जाता है।

"घबराना" के लिए मूल यूनानी शब्द थ्रोएओमै है, जिसका अर्थ है "जोर से रोना" या "विलाप करना।" यहाँ विचार ऐसा प्रतीत होता है मानो डर के कारण कोलाहल मचाने की स्थिति हो। और आश्चर्य भी नहीं! यदि पौलुस सही था कि मेघारोहण महाक्लेश से पहले होगा, और यदि वे पहले से ही महाक्लेश की स्थिति में थे, तो इसका अर्थ था कि वे मेघारोहण से चूक गए—और यह तो सचमुच विलाप करने की बात थी। यदि झूठे शिक्षक सही थे कि मेघारोहण

महाक्लेश के बाद होगा, और यदि वह भयावह घटना पहले ही आरंभ हो चुकी थी, तो आगे तो केवल नाश और अंधकार, आतंक और अकथनीय भयानकता ही थी। यह भी विलाप करने योग्य बात थी। दोनों ही दृष्टिकोणों में कोई सांत्वना नहीं थी (1 थिस्स. 4:18; 5:11)। इसलिए पौलुस अपने मित्रों से विनती करता है कि वे इतने भोले और इतनी जल्दी सत्य से डिगने वाले न बनें।

ख. शत्रु की साजिश (2:2ख-ङ)

(1) यह धोखा क्यों प्रभावी लगा (2:2ख-घ)

पौलुस उनके धोखे के स्रोत की ओर इशारा करता है: "ताकि तुम... न किसी आत्मा से, या वचन, न पत्री के द्वारा, जो कि मानो हमारी ओर से हो... न घबराओ।" थिस्सलुनीकियों को धोखे की तीन-परतों वाली फंदे में फँसा लिया गया था। वे गलत जानकारी के शिकार थे, और गलत जानकारी हमेशा खतरनाक होती है। एक यात्री को जब दाएँ मुड़ना चाहिए तब बाएँ मुड़ने को कहा जाए, एक डॉक्टर को जब शल्य चिकित्सा लिखनी चाहिए तब दवा लिखी जाए, और एक वित्तीय सलाहकार को जब बेचने का सुझाव देना चाहिए तब खरीदने का सुझाव दिया जाए, तो यह गलत जानकारी देना है। हर मामले में, यह विनाशकारी हो सकता है। एक उपदेशक द्वारा एक बात सिखाना जब उसे विपरीत सिखाना चाहिए, यह भी उतना ही खतरनाक है—कुछ मामलों में तो और भी अधिक, क्योंकि यह अमर आत्माओं को खतरे में डालता है।

थिस्सलुनीके में हुई गलती का पहला कारण एक आत्मिक कथन था। किसी ने अन्यभाषा में झूठा संदेश दिया था, जो बिल्कुल भी असामान्य नहीं था। जब अन्यभाषाएँ एक मान्य वरदान थीं, तब भी प्रेरित को चेतावनी देनी पड़ी, "हे प्रियो, हर एक आत्मा की प्रतीति न करो, वरन् आत्माओं को परखो कि वे परमेश्वर की ओर से हैं कि नहीं; क्योंकि बहुत से झूठे भविष्यद्वक्ता जगत में निकल खड़े हुए हैं" (1 यूहन्ना 4:1)। यूहन्ना ने कहा कि उसके समय में मसीह-विरोधी की आत्मा संसार में पहले से ही कार्य कर रही थी। झूठे आत्मा को पहचानने के लिए जो परख का मापदंड उसने दिया था, वह आज भी मान्य है (1 यूहन्ना 4:1–3)।

वास्तव में, क्योंकि पवित्र आत्मा ने अन्यभाषा के वरदान को वापस ले लिया है (1 कुरिं. 13:8), और क्योंकि आज बहुत से लोग उस वरदान को पाने का दावा करते हैं, इसलिए यह और भी ज़रूरी है कि ऐसे आत्मिक कथनों पर गहरी शंका की दृष्टि से विचार किया जाए और अन्यभाषा उत्पन्न करने वाली आत्माओं का पर्दाफ़ाश किया जाए। नये नियम के पुस्तक के पूर्ण होने के कारण अन्यभाषा बोलना अब अनावश्यक हो गया है। परमेश्वर ने अपने लिखित वचन में हमें वह सब कुछ बता दिया है जो हमें जानना आवश्यक है।

तो, एक झूठ बोलने वाली आत्मा ने थिस्सलुनीकियों को धोखा दिया था। वे एक मौखिक घोषणा से भी धोखा खा गए थे, जिसे पौलुस यहाँ "वचन" कहता है। यह शब्द "लॉगोस" है, जो यहाँ किसी ऐसी शिक्षा को दर्शाता है जो प्रकट किए गए सत्य के होने का दावा करती थी, लेकिन वास्तव में वह सत्य नहीं थी। यहाँ शिक्षा मसीह के दूसरे आगमन से संबंधित थी। यह झूठी शिक्षा थी। थिस्सलुनीकियों को, बीरिया के लोगों की तरह, शिक्षा को उसके मूल रूप में स्वीकार करने में अधिक सावधान रहना चाहिए था, चाहे शिक्षक कितना भी सम्मानित क्यों न हो (प्रेरितों के काम 17:10-11)।

इसके अलावा, एक जाली पत्री ("पत्री के द्वारा जो कि मनो हमारी ओर से हो") ने थिस्सलुनीकियों को धोखा दिया था। प्रेरित पौलुस ने वास्तव में उन्हें एक पत्र लिखा था जिसमें उसने "मसीह के दिन" (कलीसिया के लिए आनंद का दिन) और "प्रभु के दिन" (संसार के लिए न्याय का दिन) के बीच स्पष्ट अंतर बताया था। अब ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें एक और पत्र मिला है। *मानो हमारी ओर से* शब्दों का अनुवाद जैसे कि" या "हमारे द्वारा लिखे जाने का दावा" के रूप में किया जा सकता है। "पत्री" शब्द पत्र के लिए एक सामान्य शब्द है।

हमारे अपने समय में भी इस तरह के उदाहरण मौजूद हैं। मॉर्मन संप्रदाय के लोग एक झूठी किताब से धोखा खा जाते हैं जो व्यापक रूप से वितरित की जाती है, जिसका चतुराई से विज्ञापन किया जाता है, और जो पूरी तरह से झूठ है।

इस प्रकार जाली पत्री से खुद को अलग करके और अन्य झूठे संदेशों का खंडन करके, पौलुस ने पूरे इस दयनीय प्रकरण को भले कार्य के लिए उपयोग में ले लिया। उसने थिस्सलुनीके के स्थानीय धोखे को एक ऐसे मंच के रूप में इस्तेमाल किया जिससे आने वाले सार्वभौमिक धोखे का खुलासा शुरू हुआ। शैतान की सबसे गुप्त योजनाएँ बाहर खींचकर सबके सामने उजागर कर दी जाती हैं। इस प्रकार, थिस्सलुनीके में शैतान ने स्वयं ही अपनी सीमा लाँघ दी। प्रभु के दिन के विषय में उसका झूठ ही अंत समय के लिए उसकी सबसे सावधानी से छुपाई गई रणनीति को उजागर करने का आधार बन गया।

(2) धोखे ने क्या दावा किया (2:2ङ)

थिस्सलुनीकियों से कहा जा रहा था कि "मसीह का दिन [यहाँ *प्रभु का दिन*] निकट है," कि यह वर्तमान है या पहले ही आ चुका है। *मसीह का दिन* और *प्रभु के दिन* की दुनिया में पूरी तरह अंतर है। मसीह का दिन पाप के पुरुष के दिखने से संबंधित नहीं है, सिर्फ इतना कि कलीसिया का हटना मसीह-विरोधी के आने को संभव करेगा। "मसीह का दिन" (फिलिप्पियों 1:10; 2:16), "हमारे प्रभु यीशु मसीह का दिन" (1 कुरिं. 1:8), और "प्रभु यीशु का दिन" (1 कुरिं. 5:5; 2 कुरिं. 1:14) जैसी बातें पारुसिया से जुड़ी हैं, वह दिन जब प्रभु यीशु अपनी कलीसिया को लेने बादलों में आएंगे (1 थिस्स. 4:16)। 2 पतरस 1:19 इस दिन को "भोर" कहता है। पतरस कहता है कि यीशु "भोर का तारा" हैं। जैसे आकाश में भोर का तारा एक नए दिन की शुरुआत की घोषणा करता है, उसी प्रकार मसीह भी भोर के तारे, अर्थात् प्रकाशित करने वाले के रूप में कलीसिया के लिए एक नए दिन की भोर की घोषणा करता है—एक ऐसा दिन जो कभी समाप्त नहीं होगा, एक ऐसा दिन जब उसके दूसरे आगमन से जुड़ी सारी बातें पूरी होंगी।

कई अनुवाद इस वाक्यांश को "प्रभु का दिन" के रूप में सही ढंग से प्रस्तुत करते हैं, न कि "मसीह का दिन"।[1] आगे जो कुछ घटित होता है वह स्पष्ट रूप से प्रभु के दिन और उस दिन से जुड़ी भयानक घटनाओं से संबंधित है। "प्रभु के दिन" का पहला उल्लेख यशायाह 2:11-12 में मिलता है, जहाँ इसे उस दिन के रूप में परिभाषित किया गया है जब परमेश्वर को ऊँचा उठाया जाएगा और मनुष्य को नीचा दिखाया जाएगा। यह *क्रोध* और *पलटा* लेने जैसे शब्दों के संबंध में आता है। यह उस समय को दर्शाता है जब परमेश्वर इस्राएल के शत्रुओं को परास्त करेगा। यह अंधकार और न्याय का समय होगा। इस्राएल के शत्रुओं के लिए, यह "वह महान और भयानक दिन" होगा। यह सहस्राब्दी राज्य की स्थापना के साथ अपनी चरम पर होगा और एक हज़ार साल बाद, आकाशमंडल के स्वयं विलुप्त हो जाने के साथ समाप्त होगा।

थिस्सलुनीकियों से कहा गया था कि यह दिन पहले ही आ चुका है। लेकिन पौलुस ने बताया कि यह अभी नहीं आया है और तब तक नहीं आएगा जब तक कुछ और बातें पूरी न हो जाएँ। “मसीह का दिन” तुरंत आने वाला है;

पर “प्रभु का दिन” तभी आएगा जब अनेक अन्य बातें पहले उसका मार्ग तैयार कर देंगी। मसीह का दिन कलीसिया के लिए है; प्रभु का दिन संसार के लिए है। मसीह का दिन आनंद का दिन है; प्रभु का दिन न्याय का दिन है। मसीह का दिन कलीसिया का है; प्रभु का दिन संसार के लिए भयानक दिन है।

पौलुस अब जो कुछ भी प्रकट करने वाला है, वह प्रभु के दिन के बारे में सत्य है; इसमें से कुछ भी मसीह के दिन के बारे में सत्य नहीं है। मसीह का दिन पिछले पद का विषय है: "हे भाइयो, हम तुम से हमारे प्रभु यीशु मसीह के आगमन [पारुसिया] के नाम पर विनती करते हैं..." (2:1)। प्रभु का दिन इस पद (2:3) और उसके बाद की शिक्षा का विषय है।

2. बड़ा धोखा (2:3-12)

क. पाप का पुरुष (2:3-6)

(1) आने वाला धर्म-त्याग (2:3क)

पौलुस कहता है, "किसी रीति से किसी के धोखे में न आना, क्योंकि वह दिन न आएगा जब तक धर्म का त्याग न हो ले..." नये नियम में "धोखे" के लिए सात शब्द हैं। इसका मूल शब्द 'एक्सापाटाओ' है। इसका अर्थ है "पूरी तरह से बहकाना," या "पूरी तरह से धोखा देना।" थिस्सलुनीकियों के सामने यह ख़तरा था कि वे शैतान के झूठ को पूरा का पूरा—जैसे का तैसा—मान लें और निगल जाएँ।

पौलुस इस शब्द का उपयोग अपने जीवन में शारीरिक स्वभाव की गतिविधि का वर्णन करने के लिए करता है: "क्योंकि पाप ने अवसर पाकर आज्ञा के द्वारा मुझे बहकाया, और उसी के द्वारा मुझे मार भी डाला" (रोमियों 7:11)। एक समय, वह इस धारणा से पूरी तरह *धोखा खा गया था* कि वह शरीर की शक्ति से परमेश्वर को प्रसन्न करने वाला जीवन जी सकता है। उसने हव्वा के धोखे का वर्णन करने के लिए भी इसी शब्द का प्रयोग किया: "साँप ने अपनी चतुराई से हव्वा को बहकाया" (2 कुरिं. 11:3)।

यहाँ पौलुस चेतावनी देता है, "किसी रीति से किसी के धोखे में न आना।" इन शब्दों में दोहरा नकारात्मक भाव निहित है। मत्ती 24:21-22 में भी यही बात दोहराई गई है, जहाँ महाक्लेश का वर्णन किया गया है: "क्योंकि उस समय ऐसा भारी क्लेश होगा, जैसा जगत के आरम्भ से *न अब तक हुआ और न कभी होगा।*" यूनानी भाषा में, दो नकारात्मक भाव मिलकर एक सकारात्मक भाव नहीं बनाते, जैसा कि अंग्रेज़ी में होता है। पौलुस लिखता हैं, "नहीं! नहीं! कभी नहीं! न ही!" इसका अर्थ है कि हमें इस पर विश्वास करना चाहिए! प्रभु ने इसका वर्णन इस प्रकार किया है कि यह इस बात पर ज़ोर देता है कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ और न ही भविष्य में कभी होगा।

इसी तरह, यहाँ नकारात्मक का प्रयोग ज़ोर देने के लिए किया गया है। इसका अनुवाद इस प्रकार किया जा सकता है, "किसी भी तरह से कोई भी तुम्हें धोखा न देने पाए।" अंत समय का धोखा इतना प्रबल और इतना सूक्ष्म होगा कि सामान्य से कहीं अधिक सतर्कता की आवश्यकता होगी।

सबसे पहले, "धर्म का त्याग" होना ज़रूरी है। इसके लिए इस्तेमाल किया गया मूल शब्द 'अपोस्तासिया' है। यरूशलेम के कलीसिया के अगुवों ने पौलुस को एक मंदिर समारोह में भाग लेने के लिए राजी करने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया। उन्होंने उससे कहा, "हे भाई, तू देखता है कि यहूदियों में से कई हज़ार ने विश्वास किया है; और सब व्यवस्था के लिये धुन लगाए हैं। उनको तेरे विषय में सिखाया गया है कि तू अन्यजातियों में रहनेवाले यहूदियों को मूसा से फिर जाने (अपोस्तासिया) को सिखाता है..." (प्रेरितों के काम 21:20-21)। दूसरे शब्दों में, पौलुस पर यहूदियों को मूसा और व्यवस्था से फिर जाने करने के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था। यही एकमात्र अन्य अवसर है जब इस शब्द का प्रयोग किया गया है।

कुछ विद्वानों का तर्क है कि इस शब्द का अनुवाद "प्रस्थान" होना चाहिए, अर्थात "पहले एक *भौतिक* प्रस्थान होना आवश्यक है।" उनका कहना है कि हमें इसे शाब्दिक रूप से, किसी व्यक्ति के प्रस्थान के सामान्य अर्थ में लेना चाहिए। यदि ऐसा है, तो यह एक स्पष्ट घोषणा होगी कि प्रस्थान, अर्थात् कलीसिया का मेघारोहण, पहले होना अनिवार्य है।

हालाँकि, कुछ अन्य लोगों का तर्क है कि पहले विश्वास से एक *धर्मविज्ञानी* पतन होना चाहिए, अर्थात यह शब्द एक व्यापक धर्मत्याग को प्रगट करता है जो पाप के पुरुष के आगमन से पहले घटित होगा। दूसरे शब्दों में, यह पद परमेश्वर के विरुद्ध एक वैश्विक और अंतिम विद्रोह की भविष्यवाणी करता है।

यदि हम इस अर्थ को स्वीकार करें, तो पौलुस संकेत करता है कि अंतिम दिनों की विशेषता सत्य से गिरावट, परमेश्वर से मुँह मोड़ना, मसीही विश्वास और यहूदी-मसीही नैतिकता का परित्याग होगा। नास्तिकता, साम्यवाद और मानवतावाद के बढ़ने, तथा झूठे परंपरागत धर्मों के फैलने के साथ, यह हमारी वर्तमान युग की एक स्पष्ट पहचान प्रतीत होती है। मीडिया हमारे समाज में उन सभी विध्वंसक शक्तियों का उपकरण और सहयोगी है जो अनियंत्रित अधार्मिकता के पक्षधर हैं। अश्लीलता और विकृति को बढ़ावा दिया जाता है।

हमारे स्कूलों में बाइबल पढ़ने और प्रार्थना करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, लेकिन नैतिक भटकाव के हर रूप को वहाँ अपनाया जा सकता है। विकासवाद की आत्म-विनाशकारी हठधर्मिता को स्वाभाविक रूप से स्वीकार कर लिया गया है, और सृष्टि के मसीही दृष्टिकोण को सुनने से इनकार कर दिया गया है। कई कलीसियाएं उदार, उदासीन और आत्मिक रूप से मृत हो गए हैं। शैतानवाद बढ़ रहा है। अदालतें गर्भपात और नये नियम के मसीहियत के लिए घृणित जीवन शैली को सहन करती हैं। पाप के पुरुष के आगमन के लिए मंच तैयार किया जा रहा है। मेघारोहण से पहले, पवित्र आत्मा की जागृति की संभावना से कोसों दूर, हम केवल एक बढ़ता हुआ धर्मत्याग ही देख रहे हैं। इन चीज़ों के विरूद्ध जो भी चिंतित मसीही आवाज़ें उठा सकते हैं, उन्हें ज़्यादातर अनदेखा कर दिया जाता है।

(2) आने वाला संकटकाल (2:3ख-6)

(क) सार्वभौमिक रूप से निर्धारित (2:3ख-4)

i. बहकानेवाले के नाम (2:3ख)

पौलुस कहता है कि संकटकाल अपने चरम पर एक ऐसे व्यक्ति के प्रकट होने में होगा जिसे "पाप का पुरुष" या "विनाश का पुत्र" कहा जाएगा। "प्रगट" के लिए मूल रूप से प्रयुक्त शब्द अपोकलुप्टो है। इसका अर्थ है "अनावरण करना" या "खुलासा करना"। यह हमें यीशु मसीह के प्रकट होने (अपोकलुप्सिस) की याद दिलाता है (प्रकाशितवाक्य 1:1)। यह हमें बाइबल की अंतिम पुस्तक की भी याद दिलाता है, जिसमें मसीह के दूसरे आगमन से जुड़े तथ्य, परिस्थितियाँ और न्याय बताए गए हैं और मसीह-विरोधी, अर्थात् शैतान के मसीह, के आने का विवरण दिया गया है। अपोकलुप्टो शब्द का उपयोग यह बताता है कि मसीह-विरोधी का खुलासा मसीह की नकल में होगा। शैतान हमेशा परमेश्वर और उसके कार्यों और तरीकों की नकल करने की कोशिश करता है।

मसीह-विरोधी को “पाप केपुरुष” के नाम से जाना जाएगा। “पाप” के लिए मूल रूप से प्रयुक्त शब्द हमर्तिया है, जिसका अर्थ है “लक्ष्य से चूक जाना” जो कि यह नये नियम में पाप के लिए बहुत ही सामान्य रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है। कुछ विद्वानों का मानना है कि यह नाम “अधर्म का पुत्र” (अनॉमिया) होना चाहिए। चाहे जो भी नाम स्वीकार किया जाए, अभिप्राय यह है कि यह भयानक मनुष्य समस्त दुष्टता का अवतार होगा। पाप ही उसका भोजन और पेय होगा, वही उसके लिए जीवन की साँस के समान होगा। वह पाप को बढ़ावा देगा और उसका पूरा-पूरा उपयोग करेगा।

अश्लीलता, विकृति, यौनाचार, नशीले पदार्थ, हत्याएँ, झूठ, छल, जुआ और भ्रष्टाचार—ये सब उसके लिए अपनी चक्की का अनाज होंगे। उसका व्यक्तिगत करिश्मा और आकर्षण निस्संदेह अत्यंत प्रभावशाली होगा। कोई भी दुष्टता उतनी कपटी नहीं होती जितनी वह, जो एक चुंबकीय, आकर्षक और प्रभावशाली व्यक्तित्व की आड़ में छिपी हो। वह निस्संदेह महान बुद्धि संपन्न व्यक्ति होगा, जिसे भाषाओं, कलाओं और वैज्ञानिक विषयों पर सहज अधिकार होगा। वह एक चालाक राजनेता होगा। वह पूरी तरह से बुरा होगा—अंतःकरण से दुष्ट, शैतान का अंश, दुष्टात्माओं से प्रेरित, सर्प का वंश, पाप का मनुष्य होगा।

आज दुनिया तेज़ी से उसका सामना करने के लिए आगे बढ़ रही है। अधार्मिकता इस युग की प्रबल प्रवृत्ति है। संसार नैतिक, राजनीतिक और आर्थिक उतार-चढ़ाव के झूले पर सवार है और अब उस चक्करदार तथा निरंतर तेज़ होती

गिरावट के लिए तैयार हो रहा है, जिसे बाइबल “सब प्रकार के पाप” कहती है। बीसवीं शताब्दी के आरंभ से ही, प्रत्येक पीढ़ी अपने से पहले वाली पीढ़ी से अधिक पतित होती गई है। जो बात एक पीढ़ी के लिए घोर पाप माना जाता था, वही अगली पीढ़ी के लिए सामान्य व्यवहार बन जाता है। मसीह-विरोधी की पीढ़ी अब स्पष्ट रूप लेने लगी है और शीघ्र ही पृथ्वी पर शासन करने के लिए तैयार होगी। इसके अतिरिक्त, पवित्र आत्मा के किसी जागृति का कोई संकेत नहीं है। तथाकथित करिश्माई “नवीनीकरण” की जड़ें घोर छलावे में जमी हुई हैं। इसके विपरीत, पवित्र आत्मा हमें चेतावनी देता है कि मेघारोहण से पहले पूर्ण और सर्वव्यापी रूप से धर्म के त्याग की आशा रखें।

हमारी पीढ़ी को इस बात का एक स्पष्ट और भयावह संकेत मिल चुका है कि अमेरिकी समाज की जड़ों में कितनी सड़न फैल चुकी है। मसीहियत के पुराने दुश्मन हॉलीवुड ने *"द लास्ट टेम्पटेशन ऑफ़ क्राइस्ट"* नामक एक फिल्म बनाकर यीशु मसीह के मुँह पर थूकना उचित समझा। एमसीए की एक सहायक कंपनी, यूनिवर्सल पिक्चर्स ने इस फिल्म का निर्माण किया। एमसीए के बोर्ड का अध्यक्ष वासरमैन नाम का एक यहूदी है, या था, जिसने फिल्म में की गई ईशनिंदा का बचाव करने की कोशिश की। फिल्म में हमारे प्रिय प्रभु को एक सहयोगी के रूप में दिखाया गया है जिसने रोमियों को यहूदियों को मारने के लिए क्रूस बनवाने में सक्षम बनाया। उन्हें एक कमज़ोर, दुविधाग्रस्त, बेचैन आँखों वाले गुरु के रूप में दिखाया गया है जो अपने ही संदेश को लेकर भ्रमित है। एक जगह, "यीशु" खुद को झूठा कहता है—"मैं एक पाखंडी हूँ, मुझे हर चीज़ से डर लगता है, लूसिफ़र मेरे अंदर है।" फिल्म में उन्हें मरियम मगदीलीनी के साथ यौन संबंध बनाते और बाद में व्यभिचार करते दिखाया गया है।

यहूदा को एक नायक, प्रेरितों में सर्वश्रेष्ठ प्रेरित के रूप में चित्रित किया गया है। पौलुस को एक पाखंडी के रूप में चित्रित किया गया है। इससे भी बुरी बात यह है कि अमेरिकी लोग फिल्म देखने के लिए उमड़ पड़े और आलोचकों ने इसकी खूब तारीफ की। इसका विरोध करने पर मसीहियों का मज़ाक उड़ाया गया। अगर हॉलीवुड ने मार्टिन लूथर किंग पर ऐसी कोई फिल्म बनाई होती, तो नस्लीय दंगे भड़क उठते। सचमुच, धर्मत्याग की शुरुआत हो चुकी है जब इस तरह की ईशनिंदा उस देश के खिलाफ फैलाई जा सकती है जिसकी स्थापना बाइबल के आधार पर उन लोगों ने की थी जिन्होंने प्रभु की आराधना ब्रह्मांड के सृष्टिकर्ता, जीवित परमेश्वर के पुत्र, और अपने उद्धारकर्ता और निजी मित्र के रूप में की थी।

शैतान के आने वाले मनुष्य को न केवल "पाप का पुरुष" कहा गया है, बल्कि उसे "विनाश का पुत्र" भी कहा गया है। इसका मूल शब्द अपोलिया है, जिसका अर्थ है "विनाश" या "बर्बादी"। यह शब्द उन सभी के लिए प्रयोग किया जाता है जो मसीह का तिरस्कार करते हैं (2 पतरस 3:7)। यह शब्द उन लोगों के लिए भी प्रयोग किया जाता है जो धन के लोभ में बहक जाते हैं (1 तीमुथियुस 6:9-10)। इब्रानियों के उन भयानक चेतावनी वाले अंशों में से एक में, इसका प्रयोग एक विश्वासी और एक धर्मत्यागी के बीच के अंतर को दर्शाने के लिए किया गया है: "पर हम हटनेवाले नहीं कि नाश हो जाएँ पर विश्वास करनेवाले हैं कि प्राणों को बचाएँ" (इब्रानियों 10:39)।

यह शब्द उस भयानक क्षति को दर्शाता है जो सभी अविश्वासियों को सहन करनी पड़ेगी। यह दर्शाता है कि उनके पास जो कुछ भी था, या हो सकता था, वह अब हमेशा के लिए चला गया है। यह शरीर, प्राण और आत्मा के विनाश को दर्शाता है, एक ऐसे पूर्ण और सम्पूर्ण विनाश की ओर, जिसे वापस पलटा नहीं जा सकेगा। यही वह शब्द है जिसका प्रयोग अब मसीह-विरोधी का वर्णन करने के लिए किया जाता है। वह "विनाश का पुत्र" होगा। यह अभिव्यक्ति स्वयं एक इब्रानी मुहावरे का प्रतीक है, जैसे, "शान्ति का पुत्र" (लूका 10:6), या "गर्जन का पुत्र" (मरकुस 3:17), और "शान्ति का पुत्र" (प्रेरितों 4:36)। इसका प्रयोग चरित्र को दर्शाने के लिए किया जाता है। यह विनाश के पुत्र का खुलासा करता है।

यह वर्णन केवल एक अन्य व्यक्ति—यहूदा इस्करियोती—पर लागू होता है। यीशु ने उसे "विनाश का पुत्र" कहा था। केनेथ वुएस्ट ने इसे पाप के पुरुष को यहूदा से जोड़ने वाली एक सकारात्मक पहचान माना। उन्होंने घोषित किया

कि, व्याकरण के सभी नियमों के अनुसार, निश्चित उपपद का प्रयोग विनाश के एक पुत्र की ओर संकेत करता है, जबकि अनिश्चित उपपद दो या अधिक के लिए जगह छोड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि यूनानी पाठ में यूहन्ना 17:12 और 2 थिस्सलुनीकियों 2:3 दोनों में निश्चित उपपद है।

जी. कैंपबेल मॉर्गन ने और आगे बढ़कर कहा। उनका मानना था कि यहूदा कोई साधारण मनुष्य नहीं, बल्कि एक अवतारी शैतान था। उन्होंने यह मत प्रभु के इस कथन पर आधारित किया: "क्या मैं ने तुम बारहों को नहीं चुना? तौभी तुम में से एक व्यक्ति शैतान है।" यह उसने शमौन इस्करियोती के पुत्र यहूदा के विषय में कहा था, क्योंकि वही जो बारहों में से एक था, उसे पकड़वाने को था" (यूहन्ना 6:70-71)। इस प्रकार, जब हमें बताया जाता है कि यहूदा "अपने स्थान" (प्रेरितों के काम 1:25) चला गया, तो इसका तात्पर्य यह है कि वह अधोलोक में उस स्थान से भिन्न स्थान पर गया जहाँ अन्य मरे हुए मनुष्य की आत्माएँ जाती है। वुएस्ट ने कहा कि यहूदा "पाताल" या "अधोलोक" में नहीं, बल्कि नरक ("अथाह कुंड") में गया था, जहाँ कुछ खतरनाक आत्मिक प्राणी कैद हैं (प्रकाशितवाक्य 9:1-11; 20:1-3)। कुछ विद्वानों का मानना है कि यहूदा को वहाँ मसीह-विरोधी के रूप में पुनः प्रकट होने के लिए प्रशिक्षित और तैयार किया जा रहा है।

यह बात कि मसीह-विरोधी, अपने अंतिम रूप में, एक पुनर्जीवित मनुष्य होगा, जो प्रकाशितवाक्य से स्पष्ट है। उसे एक जंगली पशु के रूप में वर्णित किया गया है जो था (अर्थात, वह पहले भी पृथ्वी पर रह चुका था), जो *अभी नहीं है* (वह मर गया), और जो *अथाह कुंड* (जहाँ उसकी आत्मा कैद थी) से नरक में जाएगा (प्रकाशितवाक्य 17:8)। संकटकाल में, मसीह-विरोधी के दो आगमन होंगे; शैतान हमेशा परमेश्वर की बातों की नकल करता है। जब वह पहली बार प्रकट होगा, तो वह एक साधारण मनुष्य होगा, प्रतिभाशाली, प्रभावशाली, आकर्षक, शक्तिशाली, और शैतान द्वार्रा नियंत्रित (जैसा कि यहूदा था, यूहन्ना 13:27)। उसे मार दिया जाएगा (उसे पहला पशु कहा गया है, जिसका "घातक घाव भर गया था," प्रकाशितवाक्य 13:3, 12) और उसे फिर से जीवित किया जाएगा। इस प्रकार, शैतान मसीह के पुनरुत्थान और उसके दूसरे आगमन, दोनों की नकल करता है।

मसीह-विरोधी सात राजाओं में से एक के रूप में वापस आएगा जैसा कि प्रकाशितवाक्य 17:10-11 में लिखा है। इस समय, यहूदा की आत्मा मसीह-विरोधी के शरीर में प्रवेश करती है या नहीं, यह स्पष्ट नहीं बताया गया है। पर यह "पुनरुत्थान" बहुत ही चौंकाने वाला होगा। पहले, वह केवल "समुद्र से निकला हुआ पशु" था (प्रकाशितवाक्य 13:1), जो संभवतः भूमध्य सागर के पास किसी गैर-यहूदी राष्ट्र से उसके आने का संकेत देता है; अब वह "अथाह कुंड से निकला हुआ पशु" है (प्रकाशितवाक्य 11:7), एक ऐसा अलौकिक प्राणी, और इससे वह पृथ्वी के लोगों को भयभीत और विस्मित करेगा (प्रकाशितवाक्य 17:6)। अब वह इतना शक्तिशाली महसूस करेगा कि वह चाहेगा कि सभी लोग केवल उसकी और शैतान की आराधना करे। इसे यहाँ और अन्य स्थानों पर स्पष्ट रूप से चित्रित रूप में बताया गया है (2 थिस्सलुनिकियों 2:4; प्रकाशितवाक्य 13:11-18)।

इस बिंदु पर, हम विभिन्न तुलनाओं और आपसी विरोधों को तालिका में रख सकते हैं (जो मसीह और मसीह-विरोधी को अलग करते हैं) जो पवित्रशास्त्र के भविष्यद्वाणीय लेखों में बिखरे हुए हैं।

मसीह के साथ तुलना

मसीह	मसीह-विरोधी
है—था—आने वाला है (प्रकाशितवाक्य 1:18)	था—नहीं है—उठेगा (प्रकाशित 17:8)
3 वर्ष की सेवकाई	3 1/2 वर्ष का राजतंत्र
आने वाला (मत्ती 25:13)	आने वाला (2 थिस्स. 2:3)
कलीसिया की आशा (तीतुस 2:13)	विश्व की आशा (प्रकाशित 13:3-4)
राजाओं का राजा (दानिय्येल 8:25)	आने वाला राजकुमार (दानिय्येल 9:26)
अनेक मुकुट (प्रकाशितवाक्य 19:12)	दस मुकुट (प्रकाशित 13:1)
उसकी दुल्हन —रहस्यमय नई यरूशलेम	उसकी दुल्हन — रहस्यमय बेबीलोन
परमेश्वर का निवास (यूहन्ना 3:34)	शैतान का निवास (प्रकाशित 13:2)
मारा गया, जी उठा (लूका 24:34)	मरा हुआ मनुष्य, पुनर्जीवित (प्रकाशित 13:3)
परमेश्वर देह में प्रकट होकर अनेक चमत्कार करता है।	शैतान शरीर में प्रकट होकर कई चमत्कार करता है।

मसीह के साथ विरोधाभास

मसीह	मसीह-विरोधी
ऊपर से आया (यूहन्ना 6:38)	नीचे से आया (प्रकाशित 11:7)
पिता के नाम में आया (यूहन्ना 5:43)	अपने नाम में आता है (यूहन्ना 5:43)
स्वयं को नम्र किया (फिलिप्पियों 2:8)	स्वयं को ऊँचा करता है (2 थिस्स. 2:4)
तिरस्कार किया गया (यशायाह 53:3)	सराहना की गई (प्रकाशित 13:3-4)
पिता की इच्छा पूरी की (यूहन्ना 6:38)	अपनी इच्छा पूरी करता है (दानिय्येल 11:36)
परमेश्वर द्वारा ऊँचा उठाया गया (फिलिप्पियों 2:9)	परमेश्वर द्वारा गिराया गया (प्रकाशित 19:20)
बचाने आया (लूका 19:10)	नष्ट करने आया (दानिय्येल 8:24)
अच्छा चरवाहा (यूहन्ना 10:4-15)	झूठा चरवाहा (जकर्याह 11:16-17)
सत्य (यूहन्ना 14:6)	झूठ (2 थिस्स 2:11)
पवित्र (प्रेरितों के काम 3:14)	अधर्मी (2 थिस्स 2:11)
दुःखी पुरुष (यशायाह 53:3)	पाप का पुरुष (2 थिस्स 2:3)
परमेश्वर का पुत्र (लूका 1:35)	विनाश का पुत्र (2 थिस्स 2:3)
भक्ति का भेद (1 तीमुथियुस 3:16)	पाप का भेद (2 थिस्स 2:7)
स्त्री का वंश (उत्पत्ति 3:15)	सर्प का बीज (उत्पत्ति 3:15)

मेमना (यूहन्ना 1:36)	पशु (प्रकाशित 13:1)
अपनी दुल्हन से प्रेम करता है और बचाता है (इफिसियों 5:25)	अपनी दुल्हन से नफ़रत करता है और नष्ट करता है (प्रकाशि 17:16)
शैतान से सामर्थ नहीं ली (मत्ती 4:8-10)	शैतान से सामर्थ प्राप्त करता है (प्रकाशित 13:2-7)
यीशु का नाम सब नामों से श्रेष्ठ है, और उसका संख्यात्मक जोड़ 888 है।	मसीह-विरोधी के नाम का संख्यात्मक जोड़ 666 है।

ii. बहकानेवाले का स्वभाव (2:4)

प्रेरित पहले मसीह-विरोधी के *लक्ष्य* को बताता है: "जो विरोध करता है, और हर एक से जो ईश्वर या पूज्य कहलाता है, अपने आप को बड़ा ठहराता है, यहाँ तक कि वह परमेश्वर के मन्दिर में बैठकर अपने आप को ईश्वर ठहराता है" (2:4क)। यहाँ "विरोध करता है" के लिए मूल रूप से प्रयुक्त शब्द एंटीकेइमै है। इसका अर्थ है "विरूद्ध खड़े होना," "विरोधी होना," या "प्रतिरोध करना।" यह "एक प्रतिद्वंद्वी" को दर्शाता है। यह शब्द शैतान के लिए प्रयोग हुआ है (1 तीमुथियुस 1:14-15)। यह पवित्र आत्मा और शरीर के बीच के विरोध को दिखाने के लिए भी प्रयोग होता है (गलातियों 5:17)। यहाँ, पौलुस इसका प्रयोग एक शीर्षक के रूप में करता है। मसीह-विरोधी प्रतिद्वंद्वी है। वह मसीह और उसकी हर शिक्षा के विरुद्ध खड़ा है।

उसका उद्देश्य मानव जीवन और समाज से हर दैवीय अधिकार को कम करना है। यहूदी-मसीही नैतिकता पहले ही समाज में मसीही-विरोधी, मानवतावादी और नास्तिक ताकतों द्वारा बदनाम की जा रही है। हम यह अपेक्षा कर सकते हैं कि यह विरोध और अधिक बढ़ेगा।

वह "अपने आप को बड़ा करता है।" यहाँ मूल रूप से प्रयुक्त शब्द हूपेरैरो है। यहाँ यह शब्द अतिशयोक्ति के रूप में प्रयोग हुआ है और इसका अर्थ है कि मसीह-विरोधी अपने आप को अत्यधिक ऊँचा उठाएगा। यह पद हमें दानिय्येल 11:36 की ओर संकेत करता है। इस कार्य के पीछे घमंड और अहंकार हैं, और ये दोनों विचार इस शब्द में निहित हैं।

जब षडयंत्रकारी जूलियस कैसर की हत्या की साज़िश के लिए प्रमुख लोगों की भर्ती कर रहे थे, तब शेक्सपियर ने कैसियस को कैसर के घनिष्ठ मित्र ब्रूटस से शिकायत करते हुए दिखाया:

अरे मानव, वह तो संकरी दुनिया में घुसा हुआ है

एक कोलोसस की तरह, और हम तुच्छ लोग

उसके विशाल पैरों के नीचे चलते हैं, और इधर-उधर झाँकते हैं

और खुद को अपमानजनक कब्रों में पाते हैं।

लेकिन कैसर, चाहे कितना भी महत्वाकांक्षी क्यों न हो, वह मसीह-विरोधी की तुलना में कुछ भी नहीं था। यही अहंकार और घमंड सभी तानाशाहों की पहचान होती है। हालाँकि, उनमें से कोई भी इस आने वाले तानाशाह की बराबरी नहीं कर सकता, जिसके घमंड और विद्रोह को केवल शैतान ने ही मात दी है। एक धुंधले और सुदूर अतीत में, शैतान, जिसे उस समय लूसिफ़र के नाम से जाना जाता था, ने घोषणा की थी, "मैं स्वर्ग पर चढ़ूँगा; मैं अपने सिंहासन को ईश्वर के तारागण से अधिक ऊँचा करूँगा; और उत्तर दिशा की छोर पर सभा के पर्वत पर विराजूँगा,

मैं मेघों से भी ऊँचे ऊँचे स्थानों के ऊपर चढ़ूँगा, मैं परमप्रधान के तुल्य हो जाऊँगा" (यशायाह 14:13-14)। उसने हव्वा को भी इसी प्रलोभन से लुभाया था: "तुम परमेश्वर के तुल्य हो जाओगे..." (उत्पत्ति 3:5)।

मसीह-विरोधी का उद्देश्य मनुष्यों के जीवन के सभी कार्यों पर सर्वोच्च शासन करना होगा और विशेष रूप से सभी धर्मों को अपने अधीन करना होगा। शैतान जानता है कि धर्म कितनी शक्ति और कितना जुनून उत्पन्न कर सकता है। वह सभी झूठे धर्मों का अंतिम रचयिता है। यद्यपि मनुष्य पापी हैं और उनके आत्मिक मंदिर के भीतर से पवित्र आत्मा का निवास हट चुका है, फिर भी उन्हें किसी न किसी वस्तु या व्यक्ति की आराधना करनी ही होती है। शैतान यह सुनिश्चित करता है कि असंख्य लोग उसकी उपासना करें—अक्सर अज्ञानता में और कभी-कभी खुले रूप से। वह अपने उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए झूठे धर्म का उपयोग करता है। उसका अंतिम लक्ष्य संसार से उन सभी धर्मों को समाप्त करना है जो मसीह-विरोधी के आगे नहीं झुकेंगे, और अपने में केन्द्रित एक नया विश्व-धर्म स्थापित करना है। जैसे परमेश्वर ने प्रभु यीशु में अपनी अभिव्यक्ति का एक सिद्ध साधन पाया, वैसे ही शैतान उस पाप के मनुष्य में अपनी अभिव्यक्ति का एक सिद्ध साधन पाएगा, और वह उसे संसार के सामने सभी पंथों के “मसीह” के रूप में, यहूदियों के “मसीहा” के रूप में, इस्लाम के “महदी” के रूप में, पुनर्जन्मित बुद्ध के रूप में, हिंदुओं के कृष्ण के रूप में, और इस संसार के अवतारी देवता के रूप में प्रस्तुत करेगा।

अब मसीह-विरोधी का *दावा* आता है: "यहाँ तक कि वह परमेश्वर के मन्दिर में बैठकर अपने आप को ईश्वर ठहराता है" (2:4ख)। यह पद, प्रकाशितवाक्य 13:11–18 के साथ मिलकर, यह स्पष्ट करता है कि यहूदियों को अभी यरूशलेम में अपने मंदिर का पुनर्निर्माण करना शेष है। समय-समय पर, इस्राएल में ऐसे उग्र गुटों की खबरें सामने आती रहती हैं जो ऐसा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। छह-दिवसीय युद्ध (1967) ने मंदिर पर्वत को दृढ़ता से यहूदियों के हाथों में ला दिया। प्राचीन स्थल पर मंदिर के पुनर्निर्माण का विरोध उदारवादी और नास्तिक यहूदियों के बीच केंद्रित है, जो रब्बियों और धार्मिक कट्टरपंथियों की शक्ति से नाराज और भयभीत हैं। व्यावहारिक सोच वाले इस्राएली लोग मुस्लिम संसार की प्रतिक्रिया से डरते हैं कि यदि स्थल को साफ़ करने और निर्माण कार्य आरंभ करने का कोई प्रयास किया जाए, तो वे क्या कदम लेंगे। यह स्थल इस्लाम के लिए भी पवित्र है। फिर भी, इस्राएली राजनीति में धार्मिक गुट अपने आकार की तुलना में कहीं अधिक विशाल प्रभाव और शक्ति रखता है।

आगे क्या होगा, इसके विषय में संभवतः तब तक कोई गंभीर प्रयास नहीं किया जाएगा जब तक कि मसीह-विरोधी यूरोप और पश्चिम को सम्मिलित करने वाले पुनर्जीवित रोमी साम्राज्य में अपना शक्ति-आधार सुरक्षित नहीं कर लेता। इसके बाद वह सैन्य, आर्थिक, राजनीतिक और औद्योगिक रूप से इतना शक्तिशाली हो जाएगा कि अपनी इच्छा को लागू कर सके। इस्राएल के साथ की गई उसकी सात-वर्षीय संधि यहूदियों को वह समर्थन देगी जिसकी उन्हें आवश्यकता है। प्रारंभ में मसीह-विरोधी की शक्ति अरबों को भयभीत कर देगी। इस्राएल में मसीह-विरोधी की सेनाओं की उपस्थिति उनसे सावधान रहने की माँग करेगी। इस्राएल पर किया गया कोई भी आक्रमण एक पुनर्जीवित और सशक्त पश्चिम पर आक्रमण माना जाएगा—जो अब एकजुट है, कुशल नेतृत्व में है, और अपने हितों की रक्षा तथा अपनी महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

इस बिंदु पर, ऐसा प्रतीत होता है कि मुस्लिम विश्व रूस से सहायता के लिए अपील करेगा। सोवियत संघ के विघटन के बावजूद, रूस अभी तक गायब नहीं हुआ है, और यहेजकेल ने अपना विचार नहीं बदला है! वैश्विक महाशक्ति के रूप में अपनी स्थिति फिर से हासिल करने की उम्मीद में, रूसी अपने नये सहयोगियों को गले लगाएंगे। रूसी जल्दबाजी में यहूदी-विरोधी राष्ट्रों का एक गठबंधन बनाएंगे। यह गठबंधन यहेजकेल द्वारा भविष्यवाणी की गई इस्राएल पर आक्रमण को तीव्रता प्रदान करेगा (यहेजकेल अध्याय 38-39) और जिसका वर्णन प्रकाशितवाक्य 9:12-21 में भी किया गया है। जिस क्षण रूस, इस्लाम और उनके सहयोगियों की विशाल सेनाएँ इस्राएल में प्रवेश करेंगी, परमेश्वर कार्रवाई करेगा। रूस और इस्लाम का पतन इन दो प्रमुख बाधाओं को मसीह-विरोधी के मार्ग से हटा देगा।

अब उसका मार्ग उसे सीधे वैश्विक शक्ति की ओर ले जाएगा। पृथ्वी के शेष राष्ट्र जल्दी से उसके साथ शांति स्थापित करने की कोशिश करेंगे (प्रकाशितवाक्य 13:4)।

संपूर्ण संसार पर अपना प्रभाव जमाने के बाद, मसीह-विरोधी को अब इस्राएल की कोई आवश्यकता नहीं रहेगी। वह पुनर्निर्मित मन्दिर पर कब्ज़ा करेगा और पवित्र स्थान में अपनी मूरत स्थापित करेगा (मत्ती 24:15; प्रकाशितवाक्य 13:15)। फिर वह सब मनुष्यों को अपनी छाप लेने के लिए मजबूर करेगा। जो इसका विरोध करेंगे उन्हें नाश के लिए चिन्हित कर दिया जाएगा। इस तरह, महाक्लेश आरंभ हो जाएगा (प्रकाशितवाक्य 13:15-17)।

पौलुस बताता है कि मसीह-विरोधी "परमेश्वर के मन्दिर में बैठकर अपने आप को ईश्वर ठहराता है।" "अपने आप को ठहराना" के लिए मूल रूप से प्रयुक्त शब्द अपोद्दीनुमी है। मन्दिर में गद्दी पर बैठने और अपने देवत्व की घोषणा करने के बाद, मसीह-विरोधी स्वयं को परमेश्वर के रूप में "प्रकट" करेगा। वह यह "प्रदर्शित" करेगा कि वह परमेश्वर है। यह शब्द निरंतर काल में प्रयोग किया गया है, जो यह संकेत देता है कि यहूदी मंदिर में बैठ जाने के बाद यह उसकी लगातार चलने वाली एक नीति होगी। सब कुछ सच्चे परमेश्वर के विरुद्ध ही निर्देशित होगा।

शैतान की उपासना सदियों से अज्ञानता में होती आई है। आखिरकार, शैतान "इस संसार का ईश्वर" है (2 कुरिंथियों 4:4)। लेकिन वह खुली उपासना की लालसा रखता है। इस संसार के लिए शैतान की सबसे गुप्त योजना में मसीह-विरोधी की महान भूमिका यह होगी कि वह शैतान के लिए वही बने जो यीशु अपने पिता के लिए था—एक ऐसा माध्यम जिसके द्वारा उपासना प्रवाहित हो सके (प्रकाशितवाक्य 13:4)।

(ख) प्रभुता में विलंब (2:5-6)

पौलुस थिस्सलुनीकियों को एक व्यक्तिगत बात याद दिलाते हुए लिखता है। वह उन्हें वह बात स्मरण कराता है *जिसे वे भूल चुके थे*: "क्या तुम स्मरण नहीं करते कि मैं जब तक तुम्हारे साथ था, तब तक तुम्हें ये बातें कहता था?" (2:5)। यह स्पष्ट है कि पौलुस ने अपने नए विश्वासियों को बहुत-सी बातों की शिक्षा दी थी। आज के समय में हम नए मसीहियों को प्रायः केवल कुछ बुनियादी बातें सिखाकर संतुष्ट हो जाते हैं—जैसे प्रतिदिन एक शांत समय और प्रार्थना की आवश्यकता, बपतिस्मा लेने और एक अच्छी कलीसिया से जुड़ने की आवश्यकता, तथा मसीह के लिए दृढ़ता से खड़े होने की बात ही बताते हैं। बहुत-से प्रचारकों और आत्माओं को जीतने वालों के मन में यह बात कभी नहीं आती कि नए विश्वासियों को इससे कहीं अधिक की आवश्यकता होती है (प्रेरितों के काम 2:42)। निःसंदेह, पौलुस ने अपने नव-विश्वासियों को "प्रेरितों की शिक्षा" में दृढ़ता से स्थापित किया। उसने उन्हें धर्म-विज्ञान, पवित्र आत्मा शास्त्र, कलीसिया शास्त्र, स्वर्गदूतशास्त्र और यहाँ तक कि अन्तकाल के शास्त्र की भी गहन शिक्षा दी। वह बाइबल की भविष्यवाणियों में अच्छा आधार रखना, भक्तिपूर्ण और विजयी जीवन के लिए किसी भी अन्य तैयारी के समान ही महत्वपूर्ण मानता था। वह उन्हें स्मरण कराता है कि वह उन्हें कोई नई बात नहीं बता रहा था।

वह उन्हें यह भी याद दिलाता है कि *उन्होंने किसे भुला दिया था:* "तुम उस वस्तु को जानते हो, जो उसे अभी रोक रहा है कि वह अपने ही समय में प्रगट हो" (2:6)। यहाँ मूल रूप से प्रयुक्त शब्द कटेचो ("दृढ़ता से और जानबूझकर पकड़ना") है। इसका अर्थ है "रोकना"। पौलुस कहता है, "क्या तुम जानते हो कि उसे (मसीह-विरोधी) को क्या रोक रहा है।" वे जानते थे, क्योंकि उन्हें यह पहले ही बताया जा चुका था। वह यह कारण भी जोड़ता है कि रोक क्यों लगी हुई है—"ताकि वह अपने नियत समय से पहले प्रकट न हो," अर्थात् कलीसिया के उठा लिए जाने से पहले। यहाँ नपुंसकलिंग का प्रयोग किया गया है—"वह रोकने वाली वस्तु।" अगले पद में, पौलुस स्पष्ट करता है कि इस पृथ्वी पर अधर्म के अंतिम प्रगति को रोककर रखने वाला कोई और नहीं, बल्कि पवित्र आत्मा है।

ख. पाप का भेद (2:7-12)

(1) वर्तमान संघर्ष (2:7)

“क्योंकि अधर्म का भेद अब भी कार्य करता जाता है, पर अभी एक रोकनेवाला [कटेचो, ‘रोकने वाला’] है, और जब तक वह दूर न हो जाए वह रोके रहेगा ।” शास्त्र में "भेद" वह सत्य है जो पहले छिपा हुआ था लेकिन अब प्रकट किया गया है। नये नियम में ऐसे लगभग दर्जनभर भेद बताए गए हैं।

"अधर्म का भेद" अधर्म की गुप्त कार्यप्रणाली है। शुरू से ही यह शैतान और उसकी दुष्ट आत्माओं का उद्देश्य रहा है कि वे पृथ्वी से जुड़ी परमेश्वर की योजनाओं को नष्ट कर दें (इफिसियों 6:11-12)।

यहाँ "कार्य" शब्द का अर्थ है "सक्रिय रूप से काम करना।" यही शब्द परमेश्वर के वचन की सक्रिय सामर्थ को दिखाने के लिये भी प्रयोग किया गया है। पौलुस ने थिस्सलुनीकियों के लिए परमेश्वर का धन्यवाद किया, क्योंकि उन्होंने परमेश्वर के वचन को सच में स्वीकार किया और “वह तुम विश्वासियों में जो विश्वास रखते हो, *प्रभावशील है* (1 थिस्सलुनीकियों 2:13)।

शैतान अपनी योजनाओं को पूरा करने में कभी थकता नहीं है, लेकिन उसे एक बड़े अवरोध का सामना करना पड़ता है। कोई है जो "अभी रोकनेवाला है, और जब तक वह दूर न हो जाए वह रोके रहेगा।" "रोकता है" के लिये मूल रूप से प्रयुक्त शब्द कटेचो है, यही शब्द जो 2 थिस्सलुनीकियों 2:6 में "रोकनेवाला" के रूप में प्रयोग हुआ है। जब शैतान ने अय्यूब को हानि पहुँचाने की कोशिश की थी, तब भी उसने इसी दैवीय रोक का सामना किया था (अय्यूब 1:6-2:8)।

यहाँ नपुंसकलिंग ("तुम जानते हो *जो* उसे अभी रोक रहा है," 2:6) से पुल्लिंग ("अभी एक रोकनेवाला है," 2:7) में परिवर्तित हो जाता है। इससे यह संकेत मिलता है कि रोकने वाले के विषय में किसी वस्तु या किसी व्यक्ति के रूप में भी बात की जा सकती है। पवित्र आत्मा के लिए नपुंसकलिंग और पुल्लिंग—दोनों का प्रयोग किया जा सकता है। टर्टुलियन ने रोकने वाले की व्याख्या रोमी साम्राज्य के रूप में की, जहाँ नपुंसकलिंग शब्द राज्य की ओर और पुल्लिंग शब्द सम्राट की ओर संकेत करता है। यद्यपि यह व्याख्या नपुंसकलिंग और पुल्लिंग के प्रयोग को समझाने में सहायक है, फिर भी इतना अधिक अलौकिक तत्वों से भरे हुए इस संदर्भ के लिए यह पूरी तरह से अपर्याप्त है।

केवल पवित्र आत्मा ही है जो शैतान और उसके स्वर्गदूतों को रोक सकता है। पिन्तेकुस्त के समय से, उस रोक का साधन कलीसिया रही है—मसीह की रहस्यमय देह, जिसमें विश्वासियों को पवित्र आत्मा के द्वारा बपतिस्मा दिया जाता है (1 कुरिन्थियों 12:13)।

भविष्यवाणी के अनुसार, वह महान सामर्थ्य, जो अभी शैतान और उसके दुष्ट दूतों को रोककर रखे हुए है, हटा ली जाएगी: “पर अभी एक रोकनेवाला है, और जब तक वह दूर न हो जाए वह रोके रहेगा।” जब तक पवित्र आत्मा और कलीसिया पृथ्वी पर बने रहते हैं, तब तक अनुग्रह का दिन बना रहता है। और जब तक अनुग्रह का दिन है, तब तक परमेश्वर इस पृथ्वी पर अपने न्याय और अपने क्रोध को उँडेल नहीं सकता। जलप्रलय तब तक नहीं आ सकता था जब तक नूह सुरक्षित रूप से जहाज़ में न पहुँच गया। स्वर्ग से आग तब तक नहीं गिर सकती थी जब तक लूत सुरक्षित रूप से सदोम से बाहर न निकल गया। इसी प्रकार, कलीसिया को इस पृथ्वी से हटा लिए जाने से पहले न्याय नहीं आ सकता।

कलीसिया के हटा लिए जाने का अर्थ यह होगा कि परमेश्वर अपने कार्य करने के तरीके को फिर से पुराने नियम के युग की ओर लौटा देगा। पवित्र आत्मा लोगों को मसीह की रहस्यमय देह में बपतिस्मा देना बंद कर देगा। वह संसार में बढ़ती दुष्टता की तीव्र गति को अब और नहीं रोकेगा। तब शैतान और मसीह-विरोधी के लिए संसार पर अधिकार करने का मार्ग बिल्कुल साफ़ हो जाएगा। लोगों को स्वयं अनुभव करके सीखना पड़ेगा कि जब निरंकुश दुष्टता को पूरी छूट दे दी जाती है, तब संसार कैसा हो जाता है। प्रकाशितवाक्य की पुस्तक हमें इसके विषय में भयानक विवरण प्रदान करती है।

यद्यपि पवित्र आत्मा अब अधर्म के भेद के विकास को रोककर नहीं रखेगा, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि लोगों का उद्धार अब असंभव हो जाएगा या यह कि परमेश्वर के लिए पृथ्वी पर उसके बारे में गवाही देने वाले कोई नहीं रहेंगे। इसके विपरीत, मेघारोहण के बाद लाखों लोग उद्धार पाएँगे। दो गवाह (प्रकाशितवाक्य 11:1–7) और 1,44,000 गवाह एक बहुत बड़े फसल को काटेंगे (प्रकाशितवाक्य 7:1–17)। निस्संदेह, ये उद्धार पाए हुए लोग कलीसिया में नहीं होंगे, परन्तु राज्य में होंगे। इसके अतिरिक्त, उन्हें अपने विश्वास के अंगीकार के लिए बहुत भारी मूल्य चुकाना पड़ेगा। अनगिनत लाखों लोग मसीह-विरोधी के हाथों शहीद किए जाएँगे।

(2) भविष्यवाणी का चरमोत्कर्ष (2:8-10)

अब पवित्र आत्मा कथा को अंत की ओर ले जाता है और पाप के मनुष्य के आने के विषय में तीन प्रश्नों का उत्तर देता है—कब? कौन? और क्यों? वह पहले हमें बताता है कि यह *कब* होगा: "तब वह अधर्मी प्रगट होगा, जिसे प्रभु यीशु अपने मुँह की फूँक से मार डालेगा, और अपने आगमन के तेज से भस्म करेगा" (2:8)। मसीह-विरोधी प्रगट किया जाएगा। अर्थात् उसका भी एक "अंतिम समय" (जैसा कि 2:3 में है), उसका अनावरण, संसार के सामने उसका प्रगटीकरण होगा। कलीसियाई युग के सम्पूर्ण इतिहास में, यह पवित्र आत्मा की एक पद्धति रही है कि वह अधर्म को एक निश्चित स्तर तक उठने देता है और फिर एक कलीसिया-जनित, आत्मिक जागृति भेजता है जो उसे पीछे धकेल देती है।

लोग कलीसिया को कितना कम आंकते हैं! वे इसे कमजोर, निष्प्रभावी, टुकड़ों में बंटा हुआ, पंथवादी असामान्यताओं से भरा हुआ, घोटालों से डगमगाया हुआ, गलत कारणों का समर्थन करने वाला और अक्सर संसार के सामने उद्धार न पाए हुए या कमजोर और शारीरिक लोगों द्वारा प्रतिनिधित्व किया हुआ देखते हैं। दरअसल वे जो देखते हैं वह वास्तव में कलीसिया नहीं, बल्कि *मसीही पंथ* है। अधोलोक के फाटक भी सच्ची कलीसिया पर प्रबल नहीं हो सकते (मत्ती 16:18-19)। इसके शत्रु जो आकाशमंडल में हैं, इसे हमसे कहीं अधिक अच्छी तरह समझते हैं। कलीसिया में झूठे, कट्टरपंथी और त्रुटिपूर्ण लोग उन्हें धोखा नहीं देते। वे कलीसिया को वैसा ही देखते हैं जैसा वह वास्तव में है—"वे कलीसिया को वैसी ही देखते हैं जैसी वह वास्तव में है—"समय और स्थान के समूचे विस्तार में फैली हुई, अनंतकाल में जड़ी हुई, और ध्वजों से सुसज्जित सेना के समान भयानक," जैसा कि सी.एस. लुईस ने इसका वर्णन किया था। वे कलीसिया से डरते हैं, क्योंकि वह मसीह की देह है और यह परमेश्वर के सिंहासन से जुड़े रहने की सामर्थ्य रखती है।

जब फ्रांस की दुर्भाग्यपूर्ण भूमि पर महान क्रांति फूट पड़ी, तो सड़कों पर खून की नदियाँ बहने लगीं। अचानक मुक्त हुई जनता ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया, सत्ता की मदहोश कर देने वाली मदिरा पी, और फ्रांस के कुलीन वर्ग से बदला लिया। लोग "ला मार्सेयेज़" की जोशीली धुनों पर कूच करने लगे। उन्होंने बैस्टील पर धावा बोला और उसके राजनीतिक कैदियों को मुक्त किया। वे नोट्रे डाम पर चढ़े, ऊपर से क्रूस को उखाड़ फेंका और उसे नीचे सड़कों पर पटक दिया। "हम हर उस चीज़ को गिरा देंगे जो तुम्हें परमेश्वर की याद दिलाती है," एक क्रांतिकारी ने एक किसान से कहा। लोगों को घमंडी रोमन कैथोलिक कलीसिया से उतनी ही घृणा थी जितनी घमंडी अभिजात वर्ग से थी। गिलोटिन (सिर काटने का यंत्र) दिन-रात चलता रहा। फ्रांस के महान कुलीनों को किसानों की गाड़ियों में भरकर उनके अंत के लिए ले जाया गया, और जनता की शोर और जयकारों के बीच उनका भाग्य निर्धारित हुआ।

इंग्लैंड में लोग देखते और इंतज़ार करते रहे। इंग्लैंड की स्थिति भी लगभग उतनी ही खराब थी जितनी फ्रांस की थी। इंग्लैंड के लोग भी क्रांति के लिए तैयार थे। एक घमंडी, विशेषाधिकार प्राप्त कुलीन वर्ग ऊँचा, व्यापक और शानदार ढंग से शासन कर रहा था। एक लापरवाह कलीसिया लोगों को रोटी के बदले पत्थर दे रहा था, और इसके शिकार करने वाले पादरी सुसमाचार को कलंकित कर रहे थे। गरीबों के बीच नैतिक स्थिति कभी इतनी निम्न स्तर पर नहीं रही थी। अपराध, नशाखोरी और अनैतिकता का सर्वोच्च शासन था। इंग्लैंड को बस चैनल के उस पार से एक चिंगारी

की जरूरत थी, और वह भी आग की लपटों में घिर जाता। इंग्लैंड के कुलीन लोग जानते थे कि उन्हें क्या उम्मीद करनी है।

तब वेस्ली सामने आए और एक जागृति फैल गई। लाखों लोगों ने मसीह को अपनाया। इतिहासकार लेकी ने लिखा, "मेथोडिस्ट जागृति ने इंग्लैंड को खूनी क्रांति से बचा लिया।" जिस चीज़ ने इंग्लैंड को बचाया, वह ब्रिटिश नौसेना नहीं थी — थोड़ा सा भी अवसर मिलने पर नाविक विद्रोहियों का साथ ही देते। वह सेना नहीं थी जिसने इंग्लैंड को बचाया, न संसदीय सुधार, न जनसाधारण की अनिश्चितता। यह पवित्र आत्मा की जागृति थी।

जॉन वेस्ली ने 250,000 मील की यात्रा करते हुए 42,000 उपदेश दिए। उनके भाई चार्ल्स ने छः हज़ार भजन लिखे, जिनमें से चार हज़ार इतने लोकप्रिय हुए कि उन्हें प्रकाशित किया गया और पूरे देश में एक छोर से दूसरे छोर तक गाया गया। वेस्ली भाइयों ने इंग्लैंड के हृदय और अंतरात्मा तक अपनी पहुँच बनाई। जहाँ कहीं भी वे गए, उन्होंने हज़ारों की संख्या में लोगों के मन को परिवर्तित किया, सन्देश से प्रज्वलित कलीसियाओं की एक श्रृंखला, और फलों की रक्षा करने तथा कार्य फैलाने के लिए पवित्र आत्मा से परिपूर्ण उपदेशकों की एक सेना खडी की। और यह यहीं पर समाप्त नहीं हुआ। अन्य जागृतियाँ भी आईं, और अंग्रेजी-भाषी विश्व से मिशनरियों की सेनाएँ अन्य देशों में यह समाचार पहुँचाने के लिए निकल पड़ीं। इसके अलावा, जागृति के तुरंत बाद सुधार आया और सामाजिक परिस्थितियों में अकल्पनीय सुधार हुआ।

मेघारोहण! कलीसिया उठा ली गई है! जब कलीसिया मसीह की रहस्यमय देह के माध्यम से भ्रष्टता और पतन को रोकने वाला अब कार्यरत नहीं रहेगा, तब अंततः पाप के मनुष्य के लिए मार्ग साफ़ हो जाएगा। शैतान तुरंत कार्य करना शुरू करेगा, जैसे ही वह रोकने वाला, जिससे वह इतने समय से संघर्ष करता और डरता रहा है, रहस्यमय और अलौकिक रीति से हटा लिया जाएगा। जहाँ तक मेघारोहण के बाद आनी वाली जागृति का प्रश्न है, वह जानता होगा कि उनसे कैसे निपटना है। वे व्यक्तिगत विश्वासी, जो उस रहस्यमय देह में बपतिस्मा पाए हुए नहीं होंगे, उसके लिए आसान शिकार होंगे। वह केवल उन्हें कुचल डालेगा। उसने कलीसिया के साथ भी ऐसा करने की कोशिश की थी, पर वह सफल नहीं हुआ था। कलीसिया हर बार नई जागृति के साथ फिर उठ खड़ी हुई।

परंतु, कलीसिया के उठा लिए जाने के बाद, वह अंततः अपने पुरुष को प्रकट कर सकेगा। यहाँ उसे “वह अधर्मी (व्यक्ति)” कहा गया है। इस शब्द का अर्थ है “व्यवस्थाहीन” या “दुष्ट व्यक्ति।” वह विद्रोहियों की एक लंबी शृंखला का अंतिम व्यक्तित्व होगा। निम्रोद, जिसके नाम का अर्थ ही “विद्रोही” है, वह मसीह-विरोधी का ऐसा ही एक शैतानी प्रतीक था। समय के प्रारंभिक भोर में, प्रलय के तुरंत बाद, निम्रोद ने एक विश्व-साम्राज्य खड़ा करने का प्रयास किया। वहाँ *एकल-विश्व समाज* होना था, जिसका प्रतीक एक सामान्य भाषा थी; एकल-विश्व प्रभुत्व, जिसका प्रतीक नगर था; और *एकल-विश्व उपासना-स्थल,* जिसका प्रतीक बेबीलोन का गुम्मट (मीनार) था। मुख्य मानवतावादी वाक्यांश "आओ हम" को तीन बार दोहराया गया, जिसका जवाब आखिर में परमेश्वर के दैवीय "आओ हम" (उत्पत्ति 11:1-9) से मिलता है (उत्पत्ति 11:1-9)।

तब कलीसिया के उठाए जाने के बाद मसीह-विरोधी प्रकट होगा। पवित्र आत्मा उसके निश्चित विनाश को लिखता है: "जिसे प्रभु यीशु अपने मुँह की फूँक से मार डालेगा, और अपने आगमन के तेज से भस्म करेगा।" "मार डालेगा" के लिए मूल रूप से प्रयुक्त शब्द अनालिस्को है। इसका अर्थ है "नष्ट करना।" इसी शब्द का प्रयोग याकूब और यूहन्ना ने तब किया जब वे सामरियों को स्वर्ग से आग बुलाकर "नष्ट" करना चाहते थे क्योंकि उन्होंने मसीह को ग्रहण नहीं किया था (लूका 9:54)। मसीह-विरोधी का विनाश केवल मसीह का ही एकमात्र अधिकार होगा, वही जिसे उसने इतने लम्बे समय तक बदनाम किया है और जिसके लोगों को उसने इतने समय से भयानक रूप से सताया है।

और इसमें अधिक समय भी नहीं लगेगा। वह उसे “अपने मुँह की फूँक से मार डालेगा।” कुछ विद्वान इस वाक्यांश का अनुवाद “अपने मुँह की साँस से” करते हैं। प्रकाशितवाक्य में तो बस इतना कहा गया है कि वह “पकड़ा गया।”

वहाँ प्रयुक्त शब्द का अर्थ है कि उसे गिरफ्तार कर लिया गया (प्रका. 19:20)। उसका दिन समाप्त हो चुका है। उसका दंड उस पर आ पड़ा है। प्रभु के मुँह से निकली तलवार मगिद्दो में एकत्रित की गई सेनाओं को नष्ट कर देती है (प्रका. 19:21)। स्पष्ट है कि प्रभु को केवल बोलना ही काफ़ी है!

न केवल मसीह-विरोधी “मार डाला” जाएगा, बल्कि वह “उसके आगमन के तेज” से भस्म कर दिया जाएगा। यहाँ “नष्ट करना” के लिए प्रयुक्त शब्द का अर्थ है “निष्क्रिय कर देना, बिगाड़ देना,” “बेकार या शून्य बना देना,” “समाप्त कर देना।” इसी शब्द का प्रयोग यह दिखाने के लिए किया गया है कि कैसे एक बाँझ अंजीर का पेड़ उस स्थान को व्यर्थ बना रहा था जिसे वह घेरे हुए था (लूका 13:7)।

इस शब्द का प्रयोग प्रारंभिक कलीसिया में विशेष वरदानों के समाप्त हो जाने का वर्णन करने के लिए भी किया गया है, विशेषकर “भविष्यद्वाणी” और “ज्ञान” के वरदानों का (1 कुरि. 13:8)। (“अन्य भाषा” के स्थायी अंत को दर्शाने के लिए एक अलग शब्द प्रयुक्त हुआ है।) यही शब्द यह दिखाने के लिए भी किया गया है कि मृत्यु पर प्रभु की विजय कितनी पूर्ण होगी: “सबसे अन्तिम बैरी जो *नष्ट किया जाएगा,* वह मृत्यु है” (1 कुरि. 15:26)।

“उसके आगमन के तेज” की एक झलक मात्र से ही मसीह-विरोधी की सारी घमंडी योजनाएँ शून्य हो जाएँगी। जैसे किसी कबाड़ से भरे अटारी में तेज़ रोशनी पड़ते ही सारी धूल, गंदगी, जाले, टूटे-फूटे और निरर्थक सामान, और रेंगते जीव भी स्पष्ट दिखाई देने लगते हैं, वैसे ही प्रभु के आगमन का तेज शैतान के नकली मसीह की मलिनता, दिखावटी चमक, विकृतता, सस्तापन, व्यर्थता, लज्जा, अपराध और दोष को सबके सामने उजागर कर देगी—और मसीह-विरोधी के झूठे राज्य की तथाकथित वैभव भी बेनकाब हो जाएगी।

प्रेरित ने हमें यह बता दिया है कि कब; अब वह यह बताता है कि *कौन*: "उस अधर्मी का आना शैतान के कार्य के अनुसार सब प्रकार की झूठी सामर्थ्य, और चिह्न, और अद्‌भुत काम के साथ, और नाश होनेवालों के लिये अधर्म के सब प्रकार के धोखे के साथ होगा" (2:9-10क)। परमेश्वर शैतान को अपनी इच्छानुसार आचरण करने की पूरी छूट दे देगा और उसे फाँसी लगाने के लिए पर्याप्त रस्सी भी देगा; वह पापी को अपनी इच्छानुसार *विश्वास* करने का पूरा अवसर देगा और उसे स्वयं को दण्डित करने के लिए पर्याप्त रस्सी देगा।

शैतान निश्चय ही इस प्रलोभन पर झपट मारेगा। धोखे की उसकी अंतिम और पराकाष्ठा को पहुँची कृति का अनावरण पाप के पुरुष के प्रकट होने के रूप में होगा। सबसे पहले, उसका भी एक “आगमन” होगा—एक परूसिया। उसकी उपस्थिति उसके अपने लोगों के लिए, और उस परमेश्वर-विहीन संसार के सामने प्रकट की जाएगी जिसने बहुत पहले ही प्रभु यीशु मसीह को ठुकरा दिया है।

उसका आगमन "शैतान के कार्य के अनुसार" होगा। इसका मूल शब्द एनर्जिया है, वही शब्द जो अधर्म के भेद की ऊर्जावान क्रियाशीलता का वर्णन करने के लिए प्रयुक्त होता है (2:7)। जब शैतान को स्वर्गीय इलाकों से निकाल दिया जाएगा और उसकी अँधेरी साज़िशें केवल इस पृथ्वी तक ही सीमित कर दी जाएँगी, तब उसकी गतिविधियाँ अधिक उग्र हो जाएँगी (प्रका. 12:7–17)।

अब उस पर यह स्पष्ट हो जाएगा कि उसका समय बहुत थोड़ा ही बचा है। हिटलर की तरह—जिसने जब यह समझ लिया कि वह युद्ध हार चुका है, तब अंतिम रूप से आत्महत्या करने से पहले जितना अधिक नुकसान पहुँचा सकता था, उतना करने का निश्चय किया—शैतान भी पराजय स्वीकार करने से इंकार करेगा और मानव जाति को हानि पहुँचाने के लिए और भी अधिक उग्रता से काम करेगा, जिसे वह ऐसी द्वेषपूर्ण और प्रतिशोधी भावना के साथ घृणा करता है जिसका वर्णन शब्दों में करना कठिन है।

वह अपने मनुष्य को मंच पर ले आएगा। मुहरों का न्याय संसार को ऐसे अराजकता में डाल देंगे कि लोग ऐसे व्यक्ति को पाने के लिए उत्सुक हो उठेंगे जो फिर से व्यवस्था और सामान्य अवस्था को लौटा सके (प्रका. 6)। शैतान अपने उस पुरुष को सामर्थ्य से सुसज्जित करेगा।

"सामर्थ" के लिए मूल शब्द डुनामिस है, जिसका अर्थ है अतुलनीय, अद्वितीय शक्ति। शैतान ने एक बार इस प्रकार की शक्ति का प्रयोग किया था। हालाँकि, यीशु ने अपने शिष्यों को उसका सामना करने का अधिकार दिया: "देखो," उसने कहा, "मैंने तुम्हें साँपों और बिच्छुओं को रौंदने [एक्सौसिया] का, और शत्रु की सारी सामर्थ [डुनामिस] पर अधिकार दिया है" (लूका 10:19)। यह आने वाली घटनाओं का एक पूर्वाभास था।

प्रभु के पुनरुत्थान और स्वर्गारोहण तथा पिन्तेकुस्त के दिन पवित्र आत्मा के आगमन के बाद, यह सबकुछ बदल गया। डुनामिस अब कलीसिया, अर्थात् मसीह की देह में निहित हो गया जिसके माध्यम से वर्तमान में शैतान को नियंत्रित किया जाता है: "परन्तु जब पवित्र आत्मा तुम पर आएगा तब तुम सामर्थ्य [डुनामिस] पाओगे" (प्रेरितों के काम 1:8); पौलुस ने कहा, "क्योंकि मैं सुसमाचार से नहीं लजाता, इसलिये कि वह हर एक विश्वास करनेवाले के लिये, पहले तो यहूदी फिर यूनानी के लिये, उद्धार के निमित्त परमेश्वर की सामर्थ्य [डुनामिस] है" (रोमियों 1:16)।

इस युग में, शैतान की सामर्थ को एक्सौसिया ("अधिकार, किसी अन्य सामर्थ के अधीन कोई शक्ति") शब्द से वर्णित किया गया है। इस लिए, शैतान को "आकाश के अधिकार [एक्सौसिया] का हाकिम" कहा गया है (इफिसियों 2:2)। हम "अंधकार के वश [एक्सौसिया]" से मुक्त हो जाते हैं और "उसके प्रिय पुत्र के राज्य में प्रवेश" हो जाते हैं" (कुलुस्सियों 1:13)। पौलुस की गवाही यह थी कि परमेश्वर ने उसे अन्यजातियों को प्रचार करने के लिए नियुक्त किया था ताकि "उनकी आँखें खोले कि वे अंधकार से ज्योति की ओर, और शैतान के अधिकार [एक्सौसिया] से परमेश्वर की ओर फिरें" (प्रेरितों 26:18)।

पिन्तेकुस्त के समय से ही शैतान पर रोक लगी हुई है। जब तक कलीसिया की रोकने वाली सामर्थ हटा नहीं दी जाती, तब तक मसीह-विरोधी प्रकट नहीं हो सकता। 2 थिस्सलुनीकियों 2:9 से यह स्पष्ट है कि शैतान न केवल अपनी खोई हुई डुनामिस (शक्ति) को फिर से प्राप्त करता है, बल्कि उसी प्रकार की शक्ति अपने पुरुष—अर्थात् मसीह-विरोधी—को भी प्रदान करता है।

मसीह-विरोधी अजेय होगा। वह सीमित समय के लिए पूरे संसार को अपने अधीन कर लेगा। संसार शीघ्र ही यह मान लेगा कि उसका किसी भी प्रकार से विरोध करना व्यर्थ है (प्रका. 13:4)। मसीह-विरोधी का व्यक्तिगत करिश्मा और राजनीतिक चतुराई उसकी चमत्कार करने की शक्ति के कारण और अधिक बढ़ जाएगी। वह “सब प्रकार की झूठी सामर्थ्य, और चिह्न, और अद्भुत काम के साथ” संसार को सम्मोहित कर देगा।

"चिन्हों" के लिए प्रयुक्त शब्द यूहन्ना द्वारा प्रभु यीशु द्वारा किए गए चमत्कारों का वर्णन करने के लिए प्रयुक्त एक सामान्य शब्द है। इसका प्रयोग सुसमाचार में अड़तालीस बार हुआ है। यूहन्ना ने इसे सत्रह बार प्रयोग किया है। (चार स्थानों पर - यूहन्ना 2:18; यूहन्ना 4:48; यूहन्ना 6:30; यूहन्ना 20:30 - इसका अनुवाद किंग जेम्स संस्करण में "चिह्न" के रूप में किया गया है। अन्य स्थानों पर, इसका अनुवाद "चमत्कार" के रूप में किया गया है)। यह शब्द विशेष रूप से किए गए आश्चर्य के महत्व की ओर संकेत करता है। इसका तात्पर्य उस चिन्ह के लक्ष्य, उद्देश्य और कारण पर विशेष जोर देना है।

आने वाला मसीह-विरोधी जो चिन्ह दिखाएगा, वे झूठे चिन्ह होंगे, जिनका उद्देश्य—यदि संभव हो—तो चुने हुओं तक को धोखा देना है (मत्ती 24:23–24)। पाठ में “झूठे” के लिए प्रयुक्त शब्द स्युडोस है, जो असत्य के लिए सामान्य रूप से प्रयुक्त शब्द है। मसीह-विरोधी के ये चिन्ह धोखा देने के लिए ही रचे गए हैं। इसमें मसीह-विरोधी अपने पारिवारिक स्वभाव को प्रकट करता है। यीशु ने यहूदी अधिकारियों से कहा:: "तुम अपने पिता शैतान से हो और

अपने पिता की लालसाओं को पूरा करना चाहते हो। वह तो आरम्भ से हत्यारा है और सत्य पर स्थिर न रहा, क्योंकि सत्य उसमें है ही नहीं। जब वह झूठ बोलता, तो अपने स्वभाव ही से बोलता है; क्योंकि वह झूठा है वरन् झूठ का पिता है" (यूहन्ना 8:44)। इन झूठे चिन्हों का उद्देश्य संसार को यह विश्वास दिलाना है कि मसीह-विरोधी का अपने आप को परमेश्वर होने का दावा सत्य है।

'अद्भुत कामों' के लिए प्रयुक्त शब्द तेरास है। इसका अर्थ है कोई अद्भुत या चमत्कारिक बात—ऐसी बात जो चमत्कार को देखने वालों पर गहरा प्रभाव डालती है। चिन्ह बुद्धि को आकर्षित करता हैं; जबकि अद्भुत काम कल्पना को आकर्षित करता है। शैतान चमत्कार कर सकता है, और करता भी है। यह शब्द जब मसीह के चमत्कारों के संदर्भ में प्रयोग होता है, तो उससे उत्पन्न होने वाले उत्साह को रेखांकित करता है। जब भी यह शब्द प्रयुक्त होता है, यह सदैव चिन्हों के साथ जुड़ा हुआ पाया जाता है। मसीह-विरोधी जो चिन्ह करेगा वे अत्यंत विस्मित कर देने वाले होंगे और संसार को अपने विश्वास में ले लेगा।

वह युग चमत्कारों का युग होगा। बाइबल में चमत्कार तुलनात्मक रूप से बहुत कम पाए जाते हैं। *मूसा और यहोशू* के दिनों में चमत्कारों का एक प्रचंड प्रकटीकरण हुआ, ताकि इस्राएल को मिस्र से निकालकर कनान में पहुँचाया जा सके। उसके बाद वे थम गए, और परमेश्वर ने लोगों को अपना वचन दिया—पंचग्रंथ, प्रारंभिक इतिहास, दाऊदी भजन, और अन्य काव्य पुस्तकें। *एलिय्याह और एलीशा* के दिनों में चमत्कारों का एक विस्फोट हुआ, जब इस्राएल और यहूदा महान विभाजन के मोड़ पर खड़े थे, अर्थात् पूर्ण धर्मत्याग के कगार पर। फिर वे भी थम गए, और परमेश्वर ने अपनी प्रजा को अपने वचन का और अधिक भाग दिया। लिखने वाले भविष्यद्वक्ता आए, और पवित्रशास्त्र में और पुस्तकें जोड़ी गईं—राजाओं के इतिहास और निर्वासन-पूर्व भविष्यद्वक्ताओं के लेख। *दानिय्येल* के दिनों में चमत्कारों की एक संक्षिप्त लहर दिखाई दी। फिर वे थम गए, और परमेश्वर ने बाइबल में और भी पुस्तकें जोड़ दीं—पुराने नियम की अंतिम ऐतिहासिक और भविष्यद्वाणी संबंधी पुस्तकें। *यीशु और प्रेरितों* के दिनों में चमत्कारों का एक महान और शक्तिशाली उंडेला जाना हुआ। फिर वे भी थम गए, और परमेश्वर ने हमें नया नियम दिया (1 कुरिन्थियों 13:8–10)। पवित्र शास्त्र के संग्रह के पूरा होने और यहूदी राष्ट्र के विघटन ने चमत्कारों को पूरी तरह से समाप्त कर दिया। यह सिद्धांत पतरस द्वारा दिया गया है, जिसने यीशु के साथ हुए एक अद्भुत अनुभव को लिखा है (2 पतरस 1:16-18), तो वह तुरंत ही आवाज़ों और दर्शनों से हटकर उस "और भी दृढ़ भविष्यवाणी के वचन," अर्थात "पवित्र शास्त्र," की ओर संकेत करता है, जैसा कि वह अगले पदों में कहता है (2 पतरस 1:19–21)।

एक और अवधि के दौरान चमत्कारों की भरमार होगी। *प्रभु अपने दो गवाहों* को यहाँ भेजेगा, और वे न्याय के महान चमत्कार को दिखाएँगे, जैसे के प्राचीनकाल में मूसा और एलिय्याह ने किए थे (प्रकाशितवाक्य 11:3-7)। *शैतान अपने दो पुरुषों* को यहाँ भेजेगा (पशु और झूठा भविष्यवक्ता), और वे भी चमत्कार दिखाएँगे (प्रकाशितवाक्य 13:2, 11-18)। शैतान के पुरुषों के झूठे चिन्ह और चमत्कार लोगों के बीच परमेश्वर के दो गवाहों के न्याय के चमत्कारों से कहीं ज़्यादा लोकप्रिय होंगे। वास्तव में, जब मसीह-विरोधी उन दो गवाहों को मार डालने में सफल होगा, तो विश्वव्यापी आनन्द मनाया जाएगा (प्रकाशितवाक्य 11:9-10)।

पौलुस अब हमें बताता है कि परमेश्वर शैतान को विजय का यह एक छोटा सा पल *क्यों* देगा: "क्योंकि उन्होंने सत्य से प्रेम नहीं किया जिस से उनका उद्धार होता" (2:10ख)। कलीसिया के उठा लिए जाने के बाद लाखों लोग उद्धार पाएँगे, परन्तु इस युग में जिन्हें सुसमाचार की पर्याप्त पहुँच मिली और जिन्होंने उसे अस्वीकार कर दिया, उनमें से कोई भी उस न्याय के युग में उद्धार नहीं पाएगा। वे सब लोग जो सुसमाचार की ध्वनि के अधीन पले-बढ़े हैं, जिन्होंने उसे सुना और समझा है, परन्तु उससे प्रेम नहीं किया, मेघारोहण के घटित होते ही अपने आप को उद्धार की आशा से परे कर लेंगे। वे न्याय के लिए पीछे छोड़ दिए जाएँगे। लूत और नूह के दिनों में ऐसा ही हुआ था, और फिर वैसा ही होगा। इसके बाद पौलुस इस विषय को और विस्तार से स्पष्ट करता है।

(3) व्यावहारिक निष्कर्ष (2:11-12)

जो लोग पीछे छोड़ दिए जाएंगे, उनके लिए एक *धोखा* होगा: "इसी कारण परमेश्‍वर उनमें एक भटका देनेवाली सामर्थ्य को भेजेगा कि वे झूठ की प्रतीति करें" (2:11)। यह क्या ही एक चौंकानेवाला प्रकाशन है! यह एक गंभीर और चेतावनी देने वाला सत्य है कि मनुष्य अपने मार्ग को चुनने के लिए स्वतंत्र हैं, और परमेश्वर उन्हें उनके भ्रमों में दृढ़ कर देने के लिए भी स्वतंत्र है। अपनी लेखनी पूरी करने से ठीक पहले, महान भविष्यद्वकता यशायाह ने परमेश्वर की ओर से यह चेतावनी दी: "इसलिये मैं भी उनके लिये दु:ख की बातें निकालूँगा, और जिन बातों से वे डरते हैं उन्हीं को उन पर लाऊँगा; क्योंकि जब मैं ने उन्हें बुलाया, तब कोई न बोला, और जब मैं ने उन से बातें की, तब उन्होंने मेरी न सुनी; परन्तु जो मेरी दृष्टि में बुरा था वही वे करते रहे, और जिस से मैं अप्रसन्न होता था उसी को उन्होंने अपनाया" (यशायाह 66:4)।

इससे पहले कि परमेश्वर ने सदोम के दुष्ट लोगों पर स्वर्ग से आग और गंधक बरसाई, उसने पहले उन घिनौने आचरण करने वालों को अंधेपन से दंडित किया (उत्पत्ति 19:4–11)।

जलप्रलय से पहले, अश्लीलता में डूबी दुनिया को शुद्ध करने के लिए (उत्पत्ति 6:5, 12), परमेश्वर ने उन्हें अपने प्रति उनकी जानबूझकर की गई अज्ञानता में दृढ़ कर दिया (मत्ती 24:37-39; 2 पतरस 2:5)।

पौलुस चेतावनी देता है कि एक अविश्वासी के व्यक्तिगत इतिहास में एक समय ऐसा आता है जब परमेश्वर उसे त्याग देता है (रोमियों 1:24-32)। परमेश्वर चेतावनी देता है, "मेरा आत्मा मनुष्य से सदा विवाद न करता रहेगा" (उत्पत्ति 6:3)। मुझे बचपन की एक कविता याद है जो इस प्रकार है:

एक रेखा है, जो हमसे अदृश्य है

जो हर पथ को काटती है;

परमेश्वर की दया और उसके क्रोध के बीच

छिपी हुई एक सीमा रेखा है।

बेलशस्सर ने उस निषिद्ध सीमा को पार किया (दानि. 5:17–30)। राजा शाऊल ने भी उसे पार किया (1 शमू. 15:22–29)। जब उसने पाया कि स्वर्ग के द्वार पर दस्तक देने पर उसे अब कोई उत्तर नहीं मिल रहा, तो उसने नरक के द्वार पर दस्तक दी। उसके आश्चर्य के लिए, वह द्वार खुल गया, और उसके विनाश की ओर उसे भीतर धकेल दिया गया—(1 शमू. 28:6–7)। बिलाम ने भी उस अदृश्य रेखा को पार किया (गिन. 22:15–22; यहो. 13:22; यहूदा 11; प्रका. 2:14)। इब्रानियों की पत्री उस रेखा को पार करने के विरुद्ध चेतावनी देती है (इब्रा. 6:4–8; 10:26–31)।

जो लोग सुसमाचार को सुनकर भी उसे ठुकरा देते हैं, उन पर परमेश्वर "एक भटका देनेवाली सामर्थ" भेजेगा। यहाँ "सामर्थ" के लिए मूल रूप से प्रयुक्त शब्द का शाब्दिक अर्थ है "भटक जाना," "सही मार्ग को छोड़ देना।" यह शिक्षा से भटकने (2 पतरस 3:17; 1 यूहन्ना 4:6) और नैतिकता से भटकने (रोमि. 1:27; 2 पतरस 2:18) — दोनों को दर्शाता है।

जो लोग इस प्रकार अपने कर्मों का उचित प्रतिफल काटते हैं, उनके लिए *दण्ड* होगा: "ताकि जितने लोग सत्य की प्रतीति नहीं करते, वरन् अधर्म से प्रसन्न होते हैं, वे सब दण्ड पाएँ" (2:12)। जीवन के किसी भी क्षेत्र में, यह अनिवार्य है कि जो लोग सत्य को अस्वीकार करते हैं, वे भूल को अपनाते हैं। कोई व्यक्ति यह मान सकता है कि दो गुणा दो दस होता है, लेकिन उसने केवल एक झूठ को अपनाया है।

कोई व्यक्ति किसी चिकित्सीय सत्य पर अविश्वास करने का चुनाव कर सकता है—उदाहरण के लिए, कि उसे कैंसर है—लेकिन वह केवल अपनी मृत्यु को शीघ्र और सुनिश्चित करने का प्रयास करता है; उसने एक धोखे को अपनाया है। जो वैज्ञानिक सत्य के लिए सत्य है, वही आत्मिक सत्य के लिए भी सत्य है; उससे विमुख होना किसी न किसी प्रकार की भूल को अपनाना है। यहाँ पौलुस कहता है कि आने वाले समय में, सत्य को अस्वीकार करना (चाहे इस सुसमाचार युग में हो या दो गवाहों द्वारा घोषित सत्य में या 1,44,000 गवाहों द्वारा) एक झूठ को अपनाना होगा—शाब्दिक रूप से "झूठ"—मसीह-विरोधी का झूठ, "कि वह परमेश्वर है" (2 थिस्सलुनीकियों 2:4)।

कितनी भयानक बात है! अंतिम दिनों का फंदा अविश्वास नहीं, बल्कि *विश्वास* होगा। "परमेश्वर उनमें एक भटका देनेवाली सामर्थ्य को भेजेगा कि वे झूठ की प्रतीति करें।" वे इसे उसी उत्साह और कट्टरता के साथ अपनाएँगे—या उससे भी बढ़कर—जिस कट्टरता से लोग मानवतावाद, साम्यवाद या इस्लाम को अपनाते हैं।

इस आने वाले झूठ के लिए आत्मा की भूमि की आश्चर्यजनक ग्रहणशीलता के दो कारण हैं—एक नकारात्मक और एक सकारात्मक। नकारात्मक कारण यह है कि "उन्होंने सत्य से प्रेम नहीं किया, जिससे उनका उद्धार होता।" बात केवल इतनी नहीं है कि उन्होंने सत्य को ग्रहण नहीं किया। परमेश्वर हमारी अंधता और अविश्वास के प्रति धीरज धरता है, और उसका अनुग्रह अंततः उस हृदय में भी विजय पा सकती है जिसने वर्षों तक उसे ठुकराया हो।

लोग चाहे कितने भी अंधे और अंधकारमय क्यों न हों, परमेश्वर ने उनकी आत्मा में अब भी अपना प्रतिनिधि नियुक्त कर रखा है। विवेक सत्य के प्रति अपने प्रेम के साथ बना रहता है। परंतु विवेक को विकृत किया जा सकता है और अंततः उसे झुलसाया जा सकता है। वह व्यक्ति कितने बड़े ख़तरे में हैं जो उस बात से प्रेम करने से इंकार करता है जिसे वह सही जानता है। पवित्र आत्मा की अपराध-बोध कराने वाली आवाज़ के साथ खिलवाड़ करना, पवित्रशास्त्र के साथ खिलवाड़ करना, और अविश्वास के लिए बहाने ढूँढ़ना—यह कितनी बड़ी मूर्खता है।

मनुष्य द्वारा झूठ को इतनी तत्परता से स्वीकार करने का दूसरा कारण सकारात्मक है: "वे अधर्म से प्रसन्न होते हैं।" परमेश्वर, बाइबल और सुसमाचार के प्रति हर प्रकार के तिरस्कार का मूल कारण न तो बुद्धि की किसी कमी में है और न ही मन की तर्कशक्ति में। ये तो केवल अविश्वास के बहाने हैं, कारण नहीं। लोग सत्य को इसलिए नहीं ठुकराते कि वे बौद्धिक रूप से असमर्थ हैं, बल्कि इसलिए कि उनका कारण नैतिक है; वह मनुष्य के पाप के प्रति प्रेम और अधर्म से प्रसन्न होने की उनकी प्रवृत्ति में निहित है।

"परमेश्वर भेजेगा..." वास्तव में एक भयानक शब्द है! यहाँ एक दैवीय सिद्धांत काम कर रहा है। भलाई का अभ्यास करते रहने से भलाई और अधिक बढ़ती जाती है; इसी प्रकार दुष्टता भी स्थिर नहीं रहती। वह परिपक्व होती जाती है। जैसा कि किसी ने कहा है, "कुष्ठ का एक छोटा सा धब्बा अंततः पूरे शरीर को कुष्ठ रोगी बना देता है।" जिस प्रकार परमेश्वर ने भौतिक संसार को संचालित करने वाले नियम बनाए हैं, उसी प्रकार उसने नैतिक संसार में कार्य करने वाले नियम भी बनाए हैं।

कलीसिया के उठा लिये जाने के बाद, परमेश्वर सब नैतिक और आत्मिक बंधनों को हटा देगा, और मनुष्य की बुराई की ओर लालसा स्वतंत्र हो जाएगी। इसे यूँ कहा गया है: "कुत्ता खरगोश के पीछे दौड़ता है, लेकिन जब पट्टा खुल जाता है तो वह बिजली की गति से भागता है।" सत्य से मुड़ने वालों के लिये अनंत विनाश ही बाट जोह रही होगी।

अब पौलुस आने वाले बड़े झूठ की चर्चा से हटकर अपने प्रिय थिस्सलुनीकियों को उनके दैनिक, साधारण कार्य-जीवन की दुनिया में सही शिक्षा देने की ओर मुड़ता है, जिसमें वे जी रहे थे।

ख. मसीही जीवन की महानता (2:13-3:15)

1. विश्वासी चुना जाता है (2:13-14)

क. परमेश्वर की सार्वभौमिकता (2:13क-ख)

"परमेश्वर अब भी सिंहासन पर विराजमान है।" वह प्रभु और सर्वोच्च है, और उसके सभी उद्देश्य मसीह में "हाँ और आमीन" हैं (2 कुरिं. 1:20)। पौलुस कहता है, "हे भाइयो, और प्रभु के प्रिय लोगो, चाहिये कि हम तुम्हारे विषय में सदा परमेश्वर का धन्यवाद करते रहें" (2:13क)। हम लगभग उस सुनाई देने वाली राहत की साँस को महसूस कर सकते हैं, जब प्रेरित भविष्यद्वाणी किए गए मसीह-विरोधी के अंधकारमय दिनों पर मनन करने से और मानव अविश्वास की पराकाष्ठा—सबसे घृणित विश्वास—पर विचार करने से लौटता है। वह फिर से थिस्सलुनीके में दूर बसे अपने प्रिय ने विश्वासियों के बारे में सोचता है। वे? महाक्लेश में? नहीं, बिल्कुल नहीं! सचमुच, परमेश्वर का धन्यवाद हो! वास्तव में धन्यवाद करने के लिए कुछ था। घृणा और भय की वह अंधकारमय दुनिया हमारे लिए नहीं है।

कुछ वर्ष पहले मैं लंदन में था और वहाँ रहते हुए मैडम तुसाद्स के प्रसिद्ध मोम संग्रहालय को देखने गया। मैं मुख्य हॉल में घूमता रहा और दर्जन भर अंग्रेज़ राजाओं से मानो सिर हिलाकर परिचय किया। वहाँ विलियम विजेता था, हेनरी अष्टम और उसकी पत्नियाँ थीं। वर्तमान महारानी और राजपरिवार के सदस्य भी थे। वहाँ चर्चिल, गांधी और कुछ अमेरिकी राष्ट्रपति भी थे, साथ ही मनोरंजन जगत की कई प्रसिद्ध हस्तियाँ भी थीं। चारों ओर चमकती रोशनियाँ, झिलमिलाते आभूषण और भव्य परिधान थे।

लेकिन वहाँ एक पाताल लोक भी था। मैं नीचे हॉरर्स चैंबर में गया। वहाँ रोशनी बहुत मंद थी, बस हल्की-सी चमक थी। वह स्थान एक कालकोठरी जैसा प्रतीत होता था, जिसके ऊपर एक सिर काटने का यंत्र सब पर मंडराता हुआ लगता था। वातावरण सिहरन पैदा करने वाला था। हर ओर भयावह दृश्य थे। उस रहस्यमय और डरावने माहौल में इतिहास के कुछ कुख्यात हत्यारों के साथ मानो कंधे से कंधा रगड़ते हुए चलना पड़ता था। उनमें से कुछ को पीड़ित के अंग-भंग करते हुए ही दर्शाया गया था। कुछ अत्यंत क्रूर और पशु समान दिखाई देते थे, जबकि कुछ आश्चर्यजनक रूप से बिल्कुल असामान्य लगते थे। एक स्थान पर, मैं एक मोड़ मुड़ा और लगभग चार्ल्स मैनसन से टकरा गया—वह दैत्याकार अमेरिकी सामूहिक हत्यारा, जो दूसरों को सम्मोहित कर अपने लिए अपराध के अंधे कार्य करवाता था। वहाँ क्रिप्पिन भी था, और "ब्राइड्स ऑफ़ द बाथ" का हत्यारा भी, तथा उसी प्रकार के अन्य भयानक लोग भी थे।

मैं सोच रहा था कि रात भर अकेले और अंधेरे में बंद रहना कैसा होगा। एक कल्पनाशील व्यक्ति के लिए, यह वाकई एक भयानक कक्ष होगा। मंद रोशनी और लोगों की चहल-पहल के बावजूद, कुछ देर बाद ऐसा लगा कि यह भयानक पाताल लोक ही पूरी दुनिया है, एक पागल दुनिया, क्रूरता और अपराध की दुनिया, डरावनी आकृतियों और संकेत करती परछाइयों की एक दुनिया, नर्क का एक उदास उपनगर। मैं अनजाने ही अपनी घड़ी देखने लगा। मैं नहीं चाहता था कि गलती से मुझे वहीं बंद कर दिया जाए।

फिर मैं एक-दो दरवाज़ों से होकर गुज़रा और वापस धूप और स्थिरता की दुनिया में, ट्रैफ़िक लाइटों, डबल-डेकर बसों और दयालु पुलिसकर्मियों की दुनिया में कदम रखा। आखिरकार, वह अँधकारमय कालकोठरी-सी दुनिया मेरा घर नहीं था। मैं तो एक दूसरी दुनिया से था, दूर किसी दूसरे तट की दुनिया से। वह भयानक कक्ष वहाँ अब भी था, पर उसका मुझ पर कोई अधिकार नहीं था। बस एक कदम में मैं अतीत से वर्तमान में लौट आया। मैं कितना आभारी था!

"हे भाइयो!" एक कदम के साथ, पौलुस दुःस्वप्नपूर्ण भविष्य से, मसीह-विरोधी के वास्तविक भयावह कक्ष से, वर्तमान में वापस लौट आया। वह फिर से चुने हुए लोगों के पास, अनुग्रह के सिंहासन के पास, और उस संसार में लौट आया जहाँ आत्मा के द्वारा उद्धार और पवित्रीकरण अब भी संभव था और अब भी सबके लिए उपलब्ध था।

एक और बात थी जिसके बारे में *विचार करना* ज़रूरी था: "क्योंकि परमेश्‍वर ने आदि से तुम्हें चुन लिया कि आत्मा के द्वारा पवित्र बनकर, और सत्य की प्रतीति करके उद्धार पाओ" (2:13ब)। वे झूठ पर कभी विश्वास नहीं करते; उन्होंने सत्य पर विश्वास किया था। यहाँ जिस "उद्धार" पर ध्यान केंद्रित किया गया है, वह लगभग निश्चित रूप से मसीह-विरोधी और आने वाले भ्रम से मुक्ति (छुटकारा) है, ठीक वैसे ही जैसे पहली पत्री में, मेघारोहण के संबंध में उद्धार (छुटकारा), जो इस ग्रह पर उंडेले जाने वाले परमेश्वर के क्रोध से मुक्ति है (1 थिस्सलुनीकियों 5:9)।

परमेश्वर की चयन करने की प्रक्रिया अनंतकाल में होती है—"आदि से" (यूहन्ना 8:44 को देखें)। परमेश्वर ने स्वयं अपने लोगों के लिए यह ठहराया है कि इस युग में विश्वास करने वाले, मसीह के रहस्यमय शरीर के सदस्य, आने वाले तूफ़ान से बच निकलेंगे। पवित्र आत्मा के द्वारा हमारा पवित्रीकरण इसे सुनिश्चित करता है। जो सत्य है, उसमें हमारा विश्वास हमें उससे, जो झूठ है, बचने की गारंटी देता है।

कुछ लोग इस तरह के पदों का उपयोग परमेश्वर की संप्रभुता के बारे में गलत धारणाओं में विश्वास को मज़बूत करने के लिए करते हैं। उनका मानना है कि परमेश्वर की संप्रभुता, मानवीय शक्तियों के चुनाव से स्वतंत्र और मनमाने ढंग से प्रयोग की जाती है।

परमेश्वर ही परमेश्वर है। वह सर्वशक्तिमान, सर्वज्ञ और सर्वव्यापी है। वह सब पर प्रभु है, युगानुयुग धन्य है। वह ब्रह्मांड का सार्वभौमिक प्रभु है। वह अनंत है, असृजित और स्व-अस्तित्व में रहने वाला है। उसके लिए कभी भी भूल करना, धोखा खाना या विफल किया जाना असंभव है। ब्रह्मांड में उपलब्ध समस्त तथ्यों का उसे पूर्ण ज्ञान है। वह सब कुछ जानता है जो जानने योग्य है, जिसमें उन सभी लोगों के नाम भी सम्मिलित हैं जो समय की प्रक्रिया में, हर युग में और हर परिस्थिति में, मसीह को उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करेंगे।

परमेश्वर ही परमेश्वर है। वह अपने चरित्र का उल्लंघन कभी नहीं कर सकता। वह पूर्णतः पवित्र है। वह समस्त प्रेम का सार और स्रोत भी है। जब परमेश्वर ने अपने अतिरिक्त ब्रह्मांड में अन्य इच्छाओं की रचना की, तब उसने अपनी सार्वभौमिक प्रभुता में रहते हुए स्वयं को कुछ सीमाओं के भीतर सीमित किया—ऐसी सीमाएँ जो केवल उसी को ज्ञात और उसी के नियंत्रण में हैं, और जो उन सृजित प्राणियों के स्वभाव, बुलाहट और क्षमता के अनुसार निर्धारित की गई हैं। ऐसी इच्छाओं के अस्तित्व से जुड़े सभी तत्व, जिनमें यह संभावना भी शामिल है कि वे उसकी इच्छा के विरुद्ध प्रयुक्त हो सकती हैं, उसके लिए पहले से ही ज्ञात थे। दूसरे शब्दों में, परमेश्वर ने कुछ नियम स्थापित किए हैं, जिनके अनुसार और जिनकी सीमाओं के भीतर ये अन्य इच्छाएँ कार्य कर सकती हैं। उसे उन इच्छाओं का सम्मान करना पड़ता है; अन्यथा—जैसे कि मानव जाति के मामले में—उसने लोगों की नहीं, बल्कि कठपुतलियों की सृष्टि की होती।

सी. एस. लुईस हमें याद दिलाते हैं कि सर्वशक्तिमान होने का अर्थ यह नहीं है कि परमेश्वर वह कर सकता है जो मूलतः असंभव है। वे कहते हैं, "हम परमेश्वर को चमत्कारों का श्रेय दे सकते हैं, लेकिन निरर्थक कार्यों का नहीं।" परमेश्वर किसी प्राणी को अपनी स्वयं की इच्छा देकर, उसी समय उससे स्वतंत्र इच्छा छीन नहीं सकता। परमेश्वर एक ही समय में दो परस्पर विरोधी कार्य नहीं कर सकता। हम दोनों बातें एक साथ नहीं रख सकते। या तो परमेश्वर ने ब्रह्मांड में अन्य इच्छाओं की सृष्टि की है, या नहीं की है। यदि उसने की है, तो वह निश्चय ही उन्हें उनकी स्वतंत्रता का उल्लंघन किए बिना नियंत्रित कर सकता है।

उदाहरण के लिए, एक नया खिलाड़ी शतरंज के मास्टर से खेलता है। बोर्ड पर मोहरे रखे हुए हैं। दोनों के पास इसे खेलने के कुछ अधिकार हैं। खेल के नियमों के भीतर, प्रत्येक के पास चुनाव की शक्ति और यह तय करने का अधिकार है कि कौन सी चाल चलनी है। खेल आगे बढ़ता है, लेकिन आधा दर्जन चालों के बाद, शतरंज मास्टर घोषणा करता है कि खेल खत्म हो गया है। एक बार भी उसने अपने प्रतिद्वंद्वी की इच्छा की शक्ति का उल्लंघन नहीं

किया। हालांकि, खेल पर उसकी महारत और चाल पर उसकी संप्रभुता ऐसी थी कि वह दूसरे की चालों को रद्द कर सकता था।

इसी प्रकार, परमेश्वर हमें जीवन में चुनाव करने देता है, पर नियंत्रण उसके पास है। अन्य सारी इच्छाएँ सही ढंग से तब ही काम कर सकती हैं जब वे उसकी इच्छा से मेल खाती हैं। जब वे परमेश्वर की इच्छा के विरोध में स्थापित होते हैं, तो वे भ्रम उत्पन्न करते हैं। परमेश्वर उन सभी कारकों को ध्यान में रखने में पूर्णतः सक्षम है और यह सुनिश्चित करता है कि अंत में सब कुछ उसकी महिमा और उसके अनन्त उद्देश्य की सेवा करे। और ऐसा करते समय वह कभी भी अन्य इच्छाओं का उल्लंघन नहीं करता।

परमेश्वर मनुष्य की इच्छा का उल्लंघन नहीं करेगा। परन्तु उसी प्रकार, वह शैतान को भी उसे उल्लंघन करने की अनुमति नहीं देगा। शैतान परीक्षा में डाल सकता है, परन्तु वह विवश नहीं कर सकता; वह पीछे पड़ सकता है, परन्तु धक्का नहीं दे सकता; और वह लुभा सकता है, परन्तु बलपूर्वक नहीं करा सकता। वह हव्वा को निषिद्ध फल खाने के लिए बहका तो सका, परन्तु उसे उसके गले से नीचे नहीं उतार सकता था।

यह बात उद्धार के विषय में भी सही है। परमेश्वर के उद्धार के प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने के निर्णय में मनुष्य की इच्छा सक्रिय रहती है। पवित्र आत्मा हमें कभी बलपूर्वक नहीं करता। वह अपराधबोध उत्पन्न कराता है, परन्तु विवश नहीं करता। उसके पास बोलने, प्रकाशित करने और “समझाने” के हजारों तरीके हैं, परन्तु वह हमारे लिए कभी निर्णय नहीं करता। वह प्रेम से आकर्षित करता है, परन्तु जबरन अधिकार नहीं करता। अंततः निर्णय हमारा ही होता है। हम सुसमाचार के बुलाहट के प्रति “हाँ” या “ना” कह सकते हैं।” वह उत्साहित करता रहता है परन्तु उसे रोका जा सकता है और कभी-कभी बुझाया भी जा सकता है।

अंत में, परमेश्वर हमारे निर्णयों को मान्यता दे देता है। परमेश्वर किसी को नरक नहीं भेजता; बल्कि लोग स्वयं अपने चुनाव से वहाँ जाते हैं। यदि कोई कहता है, "मैं मसीह को ग्रहण नहीं करूंगा," तो परमेश्वर कहता है, "तेरी इच्छा पूरी हो। उसके बिना सदा के लिए वहीं जाकर जी ले।"

इस्राएल के इतिहास में परमेश्वर के अपने लोगों के प्रति नैतिक न्याय का एक स्पष्ट उदाहरण देखने को मिलता है। जब लोगों ने दस भेदियों के समाचार को सुना और पाया कि वादा किए गए देश में दानव रहते हैं, तो वे चिल्ला उठे, "काश हम... मिस्र में मर जाते! या... इस जंगल में ही ख़त्म हो जाते!" (गिनती 14:2)। अब उन्होंने परमेश्वर को दस बार क्रोधित किया था (गिनती 14:22), और परमेश्वर ने उनकी प्रार्थना सुनी और उनके चुनाव का समर्थन किया: "इसलिये उनसे कह कि यहोवा की यह वाणी है कि मेरे जीवन की शपथ जो बातें तुम ने मेरे सुनते कही हैं, नि:सन्देह मैं उसी के अनुसार तुम्हारे साथ व्यवहार करूँगा। तुम्हारे शव इसी जंगल में पड़े रहेंगे..." (गिनती 14:28-29)।

परमेश्वर ने अपनी सर्वज्ञता में यह सब पहले से ही जान लिया है। हम समय के तीन कालों—भूत, वर्तमान और भविष्य—में रहते हैं, परन्तु परमेश्वर अनन्त वर्तमान में वास करता है। वह अपने आप को “मैं हूँ” कहकर प्रकट करता है। इसलिए जिस पल उसने मुझे चुना, वही पल था जब मैंने मसीह को चुना। भूत, वर्तमान और भविष्य मनुष्य की अवधारणाएँ हैं। परमेश्वर समय से परे है। वह आदि से अंत तक जानता है। वह चुनने, निर्वाचन करने और पूर्वनियति ठहराने में सक्षम है, क्योंकि भविष्य उसके लिए पूरी तरह से पूर्वज्ञात है (1 पतरस 1:2)।

परमेश्वर कुछ लोगों को उद्धार पाने के लिए और कुछ लोगों को नाश होने के लिए पहले से ठहराता नहीं है। चुनने की परमेश्वर की सामर्थ्य उसके पूर्वज्ञान पर आधारित है (1 पतरस 1:2)। इसमें नैतिक पक्ष भी शामिल है। उसके निर्णय उसकी सर्वज्ञता और उसकी धार्मिकता के अनुरूप होते हैं। जब अब्राहम सदोम के लिए विनती कर रहा था, तब उसने पूछा, “क्या सारी पृथ्वी का न्यायी न्याय न करे?” (उत्पत्ति 18:25)। निश्चय ही, परमेश्वर सदा वही करता है जो सही है। वह धर्मी, न्यायी और पवित्र है। इसके अतिरिक्त, वह प्रेम का परमेश्वर है। वह जो कुछ भी करता है, वह

उसकी अनंत करुणा और प्रेम के अनुरूप होता है। लोगों को पूर्वनियुक्त करने में उसका उद्देश्य पूर्णतः हितकारी है। वह चाहता है कि उसके सब अपने लोग उसके प्रिय पुत्र के अनुरूप बनें।

ख. परमेश्वर की ओर से उद्धार (2:13ग-घ)

विश्वासी को परमेश्वर ने अपने लिए अलग ठहराने हेतु चुना है। अलगाव और पवित्रीकरण एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। पवित्रीकरण पवित्र आत्मा के विश्वासी में वास करने से पूरा होता है। आवश्यक पूर्व-शर्त है "सत्य पर विश्वास।" यह केवल मन और हृदय का विषय नहीं है। यह अंततः इच्छा का विषय है। यीशु ने अपने समय के अविश्वासियों से कहा, "यदि कोई उसकी इच्छा पर चलना चाहे, तो वह इस उपदेश के विषय में जान जाएगा..." (यूहन्ना 7:17)।

ग. परमेश्वर की महिमा (2:14)

"जिसके लिये उसने तुम्हें हमारे सुसमाचार के द्वारा बुलाया, ताकि हमारे प्रभु यीशु मसीह की महिमा प्राप्त करो।" महाक्लेश के विनाश और निराशा तथा मसीह-विरोधी की अंधकारमय छाया के लिए ठहराई जाने के बजाय, कलीसिया महिमा के लिए ठहराई गई है। जब वह सामर्थ और महान महिमा के साथ अपने शत्रुओं को पराजित करने आएगा, तब हम उसके साथ लौटेंगे। हम “प्रातःकाल के समान सुन्दर, दिन के समान उज्ज्वल” होंगे। जैसा कि डैनियल व्हिटल (गीत) और जेम्स मैकग्रैनाहन (संगीत) के पुराने भजन “द क्राउनिंग डे” में कहा गया है,

स्वर्ग महिमामय होकर चमकेगा,

पर उनसे कहीं अधिक उज्ज्वल

पवित्र जन महिमा में चमकेंगे,

जैसे मसीह उन्हें सजाएगा,

उद्धारकर्ता की सुंदरता

हर आंख को चकाचौंध कर देगी,

क्योंकि जल्द ही

ताज पहनाने का दिन आनेवाला है।

2. विश्वासी को चुनौती दी गई है (2:15-3:5)

क. भरोसा करने के लिए (2:15-17)

अब पौलुस विश्वासियों की व्यावहारिक चुनौती पर आता है। उसकी सभी पत्रियाँ उपदेश और व्यवहार को मिलाती हैं। "इसलिये हे भाइयो, स्थिर रहो; और जो जो बातें तुम ने चाहे वचन या पत्री के द्वारा हम से सीखी हैं, उन्हें थामे रहो।" (2:15)। यह ठीक ही कहा गया है कि जब भी हम बाइबल में *इसलिये* शब्द को देखें, तो हमें ठहरना चाहिए और देखना चाहिए कि यह किसलिये है! दूसरे शब्दों में, यह हमारा ध्यान सीधे पहले के सन्दर्भ की ओर खींचता है।

यह क्या ही एक अद्भुत सन्दर्भ है। हम उन सभी अंतकालीन भयानक घटनाओं से बचाए जाने वाले हैं जो शीघ्र ही संसार पर टूट पड़ेंगी। इसके स्थान पर हमें मसीह की अंतकालीन महिमा में सहभागी होने के लिए चुना गया है; इसलिए हमें दृढ़ बने रहना और थामे रखना चाहिए। यह तथ्य कि हम युग की पूर्णता के समय आने वाली चरम भयानकताओं से बचाए जाने वाले हैं, और यह कि परमेश्वर ने हमारे लिए यह ठहराया है कि हम उसके पुत्र की महिमा में सहभागी होंगे और संसार के सामने उसकी महिमा के सहभागी के रूप में प्रकट किए जाएंगे—ये सब बातें हमसे

कुछ निश्चित अपेक्षाएँ रखती हैं। हमें अभी से ही ऐसे जीवन जीना है मानो हम स्वर्गीय शाही परिवार के सदस्य हों। यही हमारी *ज़िम्मेदारी* है।

"तू मेरी मेज पर नित्य भोजन किया कर," दाऊद ने दयनीय और खोए हुए मेपीबोशेत से कहा। वह मानव जाति का एक प्रतीकात्मक व्यक्ति था—दोनों पैरों से लंगड़ा, बिना किसी प्रतिष्ठा के, बल्कि यह कहें कि चलने की किसी भी संभावना के बिना एक व्यक्ति (2 शमूएल 9:3, 7)। फिर भी दाऊद यह सब जानता था, जब उसने अपने अनुग्रह की दूतों को दूर के लोदबार में उसे खोजने के लिए भेजा। मेपीबोशेत से उसने बस यही माँगा कि वह आए और अपने गरीब, लंगड़े पैरों को राजा की अपनी मेज़ के नीचे छिपाए, और उस पद और गरिमा को स्वीकार करे जिसके अनुसार अब से उसे राजा के पुत्रों में गिना जाना था (2 शमूएल 9:11)। परंतु इसके साथ मेपीबोशेत पर एक अधिकार के साथ-साथ एक ज़िम्मेदारी भी आ गई। अब से उसे अपने आप को पृथ्वी पर एक भगोड़े और लावारिस के रूप में नहीं, बल्कि दाऊद के परिवार के सदस्य के रूप में आचरण करना था। मेपीबोशेत के लिए यह अत्यंत अनुचित होता कि वह शाही महल में भिखारी की तरह घूमता-फिरता, या यरूशलेम के ऐसे अड्डों में जाता जहाँ उसके द्वारा उस महान मेज़ का अपमान होता, जिसकी शोभा अब वह स्वयं था।

परन्तु मेपीबोशेत में इस नए जीवन को जीने की सामर्थ्य नहीं थी। इसलिए दाऊद ने अपनी कृपा की एक और अभिव्यक्ति के रूप में उसे वह सब कुछ प्रदान किया, जिसकी उसे आगे से दाऊद और अन्य सभी लोगों के सामने दाऊद के परिवार के सदस्य के रूप में प्रकट होने के लिए आवश्यकता थी (2 शमूएल 9:7)। यहीं से हमारे संसाधनों का विषय आरंभ होता है (2:16–17): परमेश्वर जानता है कि जब हम शाही निमंत्रण को स्वीकार करके, अपने सारे विनाश और चिथड़ों में यीशु के पास आते हैं—जब वह अपनी सार्वभौमिक अनुग्रह से हमें अपने ही परिवार में स्थान देता है (यूहन्ना 1:12) और हमें अपनी ही मेज़ पर बैठाता है (1 कुरिन्थियों 11:23–28)—तब भी हमारे भीतर, अपने आप में, मसीही जीवन जीने के लिए आवश्यक आत्मिक संसाधन नहीं होते। इसलिए वह हमें वह सब कुछ देता है, जिसकी हमें आवश्यकता है।

हम ध्यान दें कि *ये साधन कहाँ से आते हैं:* "हमारा प्रभु यीशु मसीह आप ही, और हमारा पिता परमेश्वर, जिसने हम से प्रेम रखा" (2:16क)। हमें "दृढ़ रहना" है क्योंकि परमेश्वर ने अब हमें अपने सामने एक स्थान दिया है (2:15)। यह शब्द वर्तमान निरन्तर काल में है। यह एक ऐसी स्थिति है जिसे हमें सदा बनाए रखना है। थिस्सलुनीकियों ने उस सत्य की दृढ़ नींव से सैद्धांतिक रूप से अपने आप को हटा लिया था, जिस पर पौलुस ने उनके पाँव स्थापित किए थे।

"जो जो बातें तुम ने चाहे वचन या पत्री के द्वारा हम से सीखी हैं" - वह प्रेरितीय सत्य था जिसमें पौलुस ने उन्हें स्थिर किया था। *पत्री* शब्द का बहुत दुरुपयोग हुआ है क्योंकि यह मानव शिक्षाओं और धार्मिक प्रथाओं को दर्शाने लगा है जो प्रायः सत्य के साथ बहुत सी भ्रान्तियाँ भी मिलाए रहती हैं। यहाँ मूल रूप से प्रयुक्त शब्द पेरोडोसिस है, जिसका अर्थ है कुछ ऐसा जो एक व्यक्ति से दूसरे को सौंपा गया है। नये नियम का सत्य प्रारम्भ में मौखिक रूप से सौंपा गया था। प्रभु यीशु ने स्वयं इसे अपने शिष्यों और अपने चुने हुए प्रेरितों को इस प्रकार सौंपा (1 कुरिन्थियों 11:23)। इसकी तुलना उन परम्पराओं से नहीं की जा सकती जिन्हें यहूदियों ने आगे बढ़ाया और जो बाद में तल्मूद का रूप ले गईं (मत्ती 15:1–3), जिनके प्रति यहूदी अत्यंत उत्साही थे और जिनके विषय में प्रभु ने उन्हें कठोरता से डाँटा। न ही इसकी तुलना उन परम्पराओं से की जा सकती है जिनकी संरक्षिका रोमी कलीसिया है और जिन्हें वह पवित्रशास्त्रों के समान ही अधिकारपूर्ण मानती है, जबकि वे अक्सर पवित्रशास्त्रों का विरोध करती हैं।

पवित्र आत्मा ने प्रारम्भिक कलीसिया की मौखिक परम्पराओं (शिक्षाओं) को शुद्ध रखा। उसने उनकी स्मृति को जीवित रखा और समय के साथ अलौकिक रूप से सत्य के गहरे पहलुओं को प्रगट किया। प्रभु ने इस पूरी प्रक्रिया की पहले से भविष्यद्वाणी की थी: "परन्तु सहायक अर्थात् पवित्र आत्मा जिसे पिता मेरे नाम से भेजेगा, वह तुम्हें सब

बातें सिखाएगा, और जो कुछ मैं ने तुम से कहा है, वह सब तुम्हें स्मरण कराएगा" (यूहन्ना 14:26)। यह सुसमाचारों को पूरी तरह समाहित करता है।

"परन्तु जब वह सहायक आएगा, जिसे मैं तुम्हारे पास पिता की ओर से भेजूँगा, अर्थात् सत्य का आत्मा जो पिता की ओर से निकलता है, तो वह मेरी गवाही देगा; और तुम भी मेरे गवाह हो क्योंकि तुम आरम्भ से मेरे साथ रहे हो" (यूहन्ना 15:26-27)। यह प्रेरितों के काम की पुस्तक को समाहित करता है।

"मुझे तुम से और भी बहुत सी बातें कहनी हैं, परन्तु अभी तुम उन्हें सह नहीं सकते। परन्तु जब वह अर्थात् सत्य का आत्मा आएगा, तो तुम्हें सब सत्य का मार्ग बताएगा, क्योंकि वह अपनी ओर से न कहेगा परन्तु जो कुछ सुनेगा वही कहेगा, और आनेवाली बातें तुम्हें बताएगा" (यूहन्ना 16:12-13)। यह नये नियम की पत्रियों को समाहित करता है।

"और आनेवाली बातें तुम्हें बताएगा। वह मेरी महिमा करेगा" (यूहन्ना 16:13ब-14अ)। यह प्रकाशितवाक्य की पुस्तक को समेटता है। पवित्र आत्मा ने *इन* मौखिक पत्रियों को किसी भी तरह के भ्रम के मिश्रण से अलौकिक रूप से सुरक्षित रखा। वे सभी अंतिम प्रेरित की मृत्यु से पहले लिखे जा चुके थे, और उनमें विश्वास और आचरण के लिए आवश्यक सब कुछ समाहित है।

प्रेरित ने थिस्सलुनीके के विश्वासियों से कहा कि वे इन परम्पराओं को "थामे रहें।" मूल रूप से प्रयुक्त शब्द क्रतेओ है जिसका शाब्दिक अर्थ है "मजबूत होना," "शक्तिशाली होना," "माहिर होना।" उन्हें सत्य को दृढ़ता से पकड़े रहना था। क्योंकि थिस्सलुनीके के लोग मिथ्या शिक्षा के कारण हिल गए थे, यह चेतावनी आवश्यक थी (2:2)। पौलुस उन्हें स्मरण कराता है कि उन्हें सत्य "वचन द्वारा," अर्थात उसके मौखिक उपदेश द्वारा, जो उसने नगर छोड़ने से पहले उन्हें दिया था, और "पत्री द्वारा," अर्थात उसकी पहली पत्री द्वारा—और निश्चित रूप से, पवित्र आत्मा की प्रेरणा से लिखे गए नये नियम की रचनाओं के द्वारा सिखाया गया था।

इस प्रकार हमारे पास साधन उपलब्ध हैं कि हम दृढ़ और स्थिर बने रहें, सत्य को पकड़ें, और जीवन स्वयं जीएँ, और ये सब हमारे प्रभु यीशु मसीह और हमारे पिता की ओर से आते हैं। पौलुस आगे जोड़ता है, "जिसने हमसे प्रेम रखा।" यहाँ प्रयुक्त वर्तमान काल किसी एक क्षण या किसी एक विशेष अवसर की ओर संकेत नहीं करता। परमेश्वर वर्तमान काल में जीता है। सब समय और अवसर सदा उसके सामने ही हैं। यह काल हमें स्मरण दिलाने के लिये इस्तेमाल किया गया है कि परमेश्वर का प्रेम अनंत है। हमें यही बात इफिसियों 2:4 में भी देखने को मिलती है।

इस विशेष चुनौती का समापन करते हुए, पौलुस हमें न केवल यह याद दिलाता है कि ये संसाधन कहाँ से आते हैं, और ये अनंत हैं, बल्कि यह भी कि *ये संसाधन क्या संदेश देते हैं:* "और अनुग्रह से अनन्त शान्ति और उत्तम आशा दी है..." (2:16ख)। प्रभु यीशु और पिता हमें जो शान्ति देते हैं, वह शाश्वत है। यह उस शान्ति से बिल्कुल अलग है जो यह संसार प्रदान करता है। अक्सर, उद्धार न पाए लोगों के अंतिम संस्कार में, हम प्रशंसा, स्तुति और तरह-तरह की चापलूसी भरी बातें सुनते हैं, जो कथित तौर पर शोक से पीड़ित लोगों को सांत्वना देने के लिए कही जाती हैं। यह एक खोई हुई दुनिया की सर्वोत्तम पेशकश है। परन्तु जो लोग प्रभु और उसके लोगों के सच्चे सांत्वना को जानते हैं, और जिनके पास वह “धन्य आशा” है जो कब्र के अंधकार में अपना प्रकाश चमकाती है, उनके लिए यह कितना उथला और खोखला है।

निश्चय ही हमारे पास वही है जिसे पौलुस यहाँ “एक उत्तम आशा” कहता है। आशा को “सुदृढ़ आधार पर टिकी हुई अपेक्षा” के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। यह कोई कल्पनापूर्ण इच्छा नहीं, बल्कि दृढ़ता से थामी हुई और ठोस आधार पर स्थापित संभावना है। “उत्तम आशा” (अर्थात् कलीसिया का उठा लिया जाना) परमेश्वर की संतान के संपूर्ण भविष्य-दृश्य पर छाई रहती है। यीशु फिर से आने वाला है और वह भी मसीह-विरोधी के आने से पहले। परमेश्वर का अनुग्रह हमारी गारंटी है। हमारा भविष्य अनुग्रह है, क्रोध नहीं; छुटकारा है, महाक्लेश नहीं।

"हमारा प्रभु यीशु मसीह आप ही, और हमारा पिता परमेश्वर, जिसने हम से प्रेम रखा और अनुग्रह से अनन्त शान्ति और उत्तम आशा दी है", पौलुस लिखता है, "तुम्हारे मनों में शान्ति दे और तुम्हें हर एक अच्छे काम और वचन में दृढ़ करे" (2:17)। थिस्सलुनीके में सताव की आग अब भी जल रही थी। इसी बीच, वे ईश्वरत्व की सारी सामर्थ्य और संसाधनों से लाभ उठाएँ। स्वयं परमेश्वर उन्हें "दृढ़ करेगा"—इसका मूल शब्द स्टेरिजो है, जिसका अर्थ है "मज़बूती से स्थापित करना" या "दृढ़ता से स्थिर करना।"

इस प्रकार हर विश्वासी को विश्वास करने की चुनौती और बुलाहट दी जाती है। परमेश्वर अब भी सिंहासन पर विराजमान है! जैसा कि जोसेफ हार्ट के पुराने भजन "कैसा भला है परमेश्वर जिसकी हम आराधना करते हैं" में कहा गया है,

कैसा भला है परमेश्वर जिसकी हम आराधना करते हैं,

हमारा विश्वासयोग्य, न बदलनेवाला मित्र;

उसका प्रेम उतना ही महान है जितनी उसकी सामर्थ्य,

और न उसका कोई माप है, न कोई अन्त।

ख. कष्ट उठाने के लिए (3:1-2)

सबसे पहले एक *उत्साहवर्धक* आह्वान आता है: "अन्त में, हे भाइयो, हमारे लिये प्रार्थना किया करो" (3:1अ)। हम अपने मसीही जीवन और सेवा में कभी ऐसे स्थान पर नहीं पहुँचते जहाँ हमें लोगों की प्रार्थनाओं की आवश्यकता न हो, जैसे हम कभी ऐसे पवित्रता के स्तर पर नहीं पहुँचते जहाँ हम अब प्रलोभन में न पड़ सकें। सब से बड़े प्रेरित ने अपने मन फिराए हुओं से अपने लिए प्रार्थना माँगी। "हमारे लिये प्रार्थना किया करो," उसने कहा। पौलुस ने न केवल यह महसूस किया कि उसे ऐसे प्रार्थना-योद्धाओं की आवश्यकता है जो शत्रु को रोकने, मनों को तैयार करने और द्वार खोलने में सहायता करें, बल्कि वह अपने परिवर्तित विश्वासियों को भी अपनी सेवकाई में इस प्रकार सहभागी होने का अवसर देना चाहता था।

प्रार्थना हमें अफ्रीका के किसी गाँव में या अमेज़न के किसी झोपड़े में पहुँचा सकती है। यह हमें किसी किसान की झोपड़ी में या किसी शाही महल में पहुँचा सकती है। यह हमें किसी पीड़ित पवित्र जन के पास बैठा सकती है या किसी दुष्ट के मार्ग में रोड़ा अटका सकती है। यह किसी खोजी व्यक्ति के मन में सेवकाई के अंत में काम कर सकती है। यह साम्राज्यों की दिशा बदल सकती है। यह स्वर्गीय स्थानों में दुष्ट आत्मिक सेनाओं को परास्त कर सकती है और दुष्ट आत्माओं को बाँधकर उनके बन्दियों को मुक्त कर सकती है। प्रार्थना हमें ब्रह्मांड के सिंहासन से जोड़ती है। यह हमें परमेश्वर के मन, हृदय और इच्छा से जोड़ती है। यह क्यों ऐसा करती है, यह एक रहस्य है। प्रार्थना ब्रह्मांड की शक्तियों में से एक है, उतनी ही वास्तविक जितनी गुरुत्वाकर्षण, बिजली और चुम्बकत्व की शक्तियाँ मौजूद हैं। जब परमेश्वर ब्रह्मांड का संपूर्ण समीकरण हल करता है, तब वह हमेशा प्रार्थना के तत्व को ध्यान में रखता है। "हमारे लिये प्रार्थना किया करो," पौलुस ने कहा। और इसमें कोई आश्चर्य नहीं है!

फिर एक *स्पष्टीकरण* आता है (3:1ख-2)। पौलुस चाहता था कि उसके मित्र *सन्देश की घोषणा* के लिये प्रार्थना करें: "कि प्रभु का वचन ऐसा शीघ्र फैले और महिमा पाए, जैसा तुम में हुआ" (3:1ख)। प्रेरित चाहता था कि सुसमाचार के सब रूकावटें हट जाएँ ताकि यह संसार में तेजी से आगे बढ़ सके। शत्रु अवरोध लगाने में बहुत चतुर है, जैसा कि पौलुस ने अपनी पहली पत्री में थिस्सलुनीकियों को याद दिलाया (1 थिस्सलुनीकियों 2:18)।

पौलुस को अक्सर बाधाओं का सामना करना पड़ा। यरूशलेम में यहाँ तक कि यहूदी मसीहियों द्वारा भी उसके प्रति रखे गए संदेह ने उसे रोका। प्रवासी यहूदियों की सक्रिय दुर्भावना ने भी उसे बाधित किया। वह कैद, जहाज़ों के टूटने, और इलीमास टोन्हे जैसे धर्मत्यागियों के विरोध तथा फिलिप्पी की दासी लड़की की आत्मा में वास करने वाले

दुष्टात्माओं के कारण भी रोका गया। कभी-कभी वह अपने ही निराशा से भी बाधित हो जाता था। उसने बाद में कुरिन्थियों से कहा कि वह जानता है कि चारों ओर से घिर जाना, उलझन में पड़ना और सताया जाना क्या होता है। उसके लिए प्रार्थना ही वह एकमात्र सामर्थ्य थी, जिसके द्वारा सभी बाधाओं को दूर किया जा सकता था।

वह चाहता था कि उसके मित्र *सन्देशवाहकों की सुरक्षा* के लिये भी प्रार्थना करें: "और हम टेढ़े और दुष्ट मनुष्यों से बचे रहें क्योंकि हर एक में विश्वास नहीं" (3:2)। थिस्सलुनीकियों ने इसका अनुभव किया था। वे जानते थे कि क्या हुआ था जब सुसमाचार के विरोधियों ने प्रचारकों पर हमले भड़काकर इसके प्रचार को रोकने की कोशिश की थी (प्रेरितों के काम 17:5)। जो लोग उन देशों में काम कर रहे हैं जहाँ इस्लाम, हिन्दू धर्म और अन्य झूठे धर्म तथा पंथ सरकार और न्यायालयों पर नियंत्रण रखते हैं, वे जानते हैं कि निरंकुश और दुष्ट मनुष्यों के विरोध का सामना करना क्या होता है—ऐसे लोग जिनमें उद्धार का विश्वास बिल्कुल नहीं होता। शैतान जीवन के शतरंज के खेल में एक कुशल खिलाड़ी है। वह जानता है कि सुसमाचार की प्रगति को रोकने के लिये अपने लोगों को कैसे चलाना है। परन्तु वह पवित्र आत्मा का मुकाबला नहीं कर सकता। प्रार्थना उसकी बड़ी से बड़ी बढ़त को भी रद्द कर सकती है। प्रार्थना उसके सबसे प्रबल लाभों को भी निष्फल कर सकती है। कौन सोच सकता था कि मात्र एक ही वर्ष के भीतर लोहे का पर्दा गिरा दिया जाएगा और यह कि बाइबलें, सुसमाचार प्रचारक और मसीही सेवक रूस तथा उसके पूर्व उपग्रही राज्यों में स्वतंत्र रूप से प्रवेश कर सकेंगे? निश्चय ही प्रार्थना परिस्थितियों को बदल देती है। प्रभु यीशु हमें स्मरण दिलाता है कि समस्त कुंजी उसके ही हाथ में है। वही हैं “जिसके खोले हुए को कोई बन्द नहीं कर सकता और बन्द किए हुए को कोई खोल नहीं सकता” (प्रकाशितवाक्य 3:7)।

ग. जय पाने के लिए (3:3-5)

(1) प्रभु की विश्वासयोग्यता के कारण (3:3-4)

हाँ, निश्चय ही! हम विजयी समूह में हैं! पौलुस *प्रभु और उसके उद्देश्यों* का उल्लेख करता है। वे दोगुने हैं। वह अपने लोगों को स्थिर करने और उनकी रक्षा करने का इरादा रखता है: "परन्तु प्रभु सच्चा है; वह तुम्हें दृढ़ता से स्थिर करेगा और उस दुष्ट से सुरक्षित रखेगा" (3:3)। पौलुस उन खतरों से, जिनका उसने स्वयं बार-बार सामना किया था, दृष्टि हटाकर उन खतरों पर विचार करता है जिनका थिस्सलुनीकी सामना कर रहे थे। प्रभु उन्हें स्थिरता और सुरक्षा दोनों देंगे। वह उन्हें स्मरण दिलाता है, “प्रभु विश्वासयोग्य है।”

परमेश्वर अपने लोगों को जीवन की प्राकृतिक विपत्तियों और कष्टों से मुक्त नहीं करता। वह अप्रसन्नता, भेदभाव, कैद और यहाँ तक कि मृत्यु से भी सुरक्षा का वायदा नहीं करता। वह प्रतिज्ञा करता है कि जब हम सबसे अधिक निर्बल होते हैं और संरक्षण की आवश्यकता में होते हैं, तब जीवन को वह अधिक कोमल बना देता है। वह शैतान को उस सीमा से आगे नहीं जाने देगा जिसे वह स्वयं अपने अचूक हाथ से निर्धारित करता है (अय्यूब 1:12; 1 कुरिन्थियों 10:13)। इसके अतिरिक्त, वह निकलने का मार्ग बनाने की भी प्रतिज्ञा करता है, और अक्सर वह मार्ग उसकी अपने पर्याप्त अनुग्रह का परिणाम होता है। (2 कुरिन्थियों 12:7-10)।

फिर पौलुस *प्रभु और उसके लोगों* पर ध्यान केन्द्रित करता है: "हमें प्रभु में तुम्हारे ऊपर भरोसा है कि जो–जो आज्ञा हम तुम्हें देते हैं, उन्हें तुम मानते हो, और मानते भी रहोगे" (3:4)। पौलुस का भरोसा व्यर्थ नहीं था। वह प्रभु में था। वही अय्यूब का भरोसा भी था। आपदा पर आपदा ज्वार की लहरों की तरह उस पर टूट पड़ी। जितना वह देख सकता था, वहाँ तक वे पूरी तरह निरर्थक थीं। उसके मित्र—एलीपज, बिलदद और सोपर—प्रत्येक आकर बैठे और उसे घूरते रहे। उन सब ने अपनी-अपनी ओर से पहले बात कही, जिसमें अधिकतर वे अय्यूब को गुप्त पाप का दोषी ठहराते गए। अय्यूब ने उन्हें तर्क पर तर्क देकर उत्तर दिया। सोपर विशेष रूप से कठोर था। "जब तुम मरोगे तब बुद्धि भी जाती रहेगी" अय्यूब ने व्यंग्य कसते हुए कहा। फिर, अपने विश्वास की पुनः पुष्टि करते हुए, वह पुकार उठा, "वह मुझे घात करेगा...तौभी मैं अपनी चाल चलन का पक्ष लूँगा" (अय्यूब 13:15)। उसका भरोसा केवल प्रभु में था।

मूसा का भरोसा भी प्रभु में ही था। इस्राएल की संतानें मिस्र से निकलकर चली ही थीं कि उन्होंने अपने आप को फँसा हुआ पाया। लाल सागर का जल उनके सामने लहरें मार रहा था और उनका मार्ग रोक रहा था। मिस्री सेना अपने देश की हुई तबाही और अपने पहिलौठे पुत्रों की मृत्यु का बदला लेने के लिए आगे बढ़ती हुई उनके पीछे थी। इस्राएली घबराहट से भरे हुए थे। आगे की ओर देखना निराशाजनक था; पीछे की ओर देखना उनके लिए डरावना था। वे ऊपर की ओर देखना पूरी तरह से भूल गए। तब मूसा ने कहा, "डरो मत, खड़े खड़े वह उद्धार का काम देखो, जो यहोवा आज तुम्हारे लिये करेगा" (निर्गमन 14:13)। अभी उसने बोलना समाप्त ही किया था कि वह तेजस्वी शेकीना बादल उनके सामने से हटकर उनके और शत्रु के बीच आकर खड़ा हो गया।

प्रभु में भरोसा रखना कोई व्यर्थ बात नहीं है। पौलुस, यद्यपि वह थिस्सलुनीकियों के विश्वासियों से बहुत प्रेम करता था, फिर भी उसने अपना भरोसा और विश्वास उनमें नहीं रखा; उसने प्रभु पर ही भरोसा रखा। उसने उनके विषय में परमेश्वर से विनती की। उसने कहा, "जो–जो आज्ञा हम तुम्हें देते हैं, उन्हें तुम मानते हो, और मानते भी रहोगे।" यह उसके प्रेरिताई अधिकार के कारण नहीं था—उसे उनके साथ ऐसा अधिकार जताने या धमकाने की कभी आवश्यकता नहीं पड़ी, जैसा कि वह कभी-कभी दूसरों के साथ करता था—बल्कि इसलिए था क्योंकि उसे उनके विषय में प्रभु पर भरोसा था। आखिरकार, वे उसके नहीं, बल्कि प्रभु के लोग थे।

ब्रिस्टल के जॉर्ज म्यूलर ने भी यही तरीका अपनाया। वह प्रभु को यह स्मरण दिलाता था कि उसकी देखरेख में रहने वाले बेघर लड़के और लड़कियाँ उसके नहीं, बल्कि प्रभु के हैं। वह हमें वे तर्क भी बताता है जिनका उपयोग उसने परमेश्वर से विनती करते समय किया था।

1. कि मैंने यह कार्य परमेश्वर की महिमा के लिए प्रारंभ किया, अर्थात् यह कि केवल प्रार्थना के उत्तर में परमेश्वर द्वारा अनाथों की आवश्यकताओं की पूर्ति से यह दृश्यमान प्रमाण हो कि वह जीवित परमेश्वर है, आज के समय में भी प्रार्थना का उत्तर देने के लिए; और इसलिए वह प्रसन्न होकर आवश्यक सामग्री भेजेगा।
2. कि परमेश्वर "अनाथों का पिता" है, और इसलिए, उनके पिता के रूप में वह प्रसन्न होगा कि उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करे (भजन संहिता 68:5)।
3. कि मैंने बच्चों को यीशु के नाम में ग्रहण किया है, और इस प्रकार इन बच्चों में उसी को स्वीकार किया गया है, और उसी को भोजन दिया गया है, और उसी को वस्त्र पहनाए गए हैं; और इसलिए वह इस बात पर विचार करना प्रसन्नता से स्वीकार करेगा (मरकुस 9:36, 37)।
4. कि अब तक इस कार्य के द्वारा परमेश्वर के अनेक बच्चों का विश्वास दृढ़ हुआ है, और यदि परमेश्वर भविष्य के लिए साधनों को रोक ले, तो जो विश्वास में दुर्बल हैं वे डगमगा जाएँगे; जबकि साधनों की निरंतर उपलब्धता से उनका विश्वास और भी अधिक सुदृढ़ हो सकता है।
5. कि यदि प्रभु सहायता रोक ले, तो बहुत-से शत्रु हँसेंगे और कहेंगे, "क्या हमने पहले से नहीं कहा था कि यह उत्साह अंत में व्यर्थ सिद्ध होगा?"
6. कि परमेश्वर के बहुत-से बच्चे, जो ठीक से सिखाए नहीं गए हैं या आत्मिक रूप से कमजोर हैं, यह सोचने लगेंगे कि यदि परमेश्वर मेरी सहायता न करे, तो परमेश्वर के काम में संसार के साथ जुड़ना ठीक है, और साधन जुटाने के लिए गलत तरीकों को पहले की तरह अपनाना सही है।
7. कि प्रभु यह स्मरण रखे कि मैं उसकी संतान हूँ, और वह दया करके मुझ पर तरस खाए, यह याद रखे कि मैं इन बच्चों का पालन-पोषण स्वयं नहीं कर सकता, और इसलिए वह इस बोझ को अधिक समय तक मुझ पर बिना सहायता भेजे रहने न दे।
8. कि वह मेरे साथ इस कार्य में लगे सहकर्मियों को भी स्मरण रखे, जो उस पर भरोसा रखते हैं, पर यदि वह सहायता रोक ले तो वे परीक्षा में पड़ जाएंगे।

9. कि वह यह भी स्मरण रखे कि मुझे बच्चों को अपनी बाइबल आधारित शिक्षा से हटाकर उनके पुराने साथियों के पास भेजना पड़ सकता है।
10. कि वह यह दिखाए कि जो लोग कहते थे कि शुरुआत में तो काम नया होने के कारण सहायता मिल सकती है, पर बाद में नहीं—वे गलत थे।
11. कि यदि वह साधन रोक ले, तो मैं यह समझ ही नहीं पाऊँगा कि इस कार्य के संबंध में अब तक मिली प्रार्थनाओं के उन अनेक और अत्यंत अद्भुत उत्तरों को कैसे समझूँ, जिन्होंने मुझे साफ़ दिखाया है कि यह कार्य परमेश्वर की ओर से है।[4]

पौलुस भी अपने नए विश्वास में आए लोगों के लिए उसी तरह प्रभु पर निर्भर रहता था, ताकि वे बढ़ें और दृढ़ हों। उसका भरोसा प्रभु पर था।

(2) प्रभु के आगमन के कारण (3:5)

"परमेश्वर के प्रेम और मसीह के धीरज की ओर प्रभु तुम्हारे मन की अगुआई करे।" इसी प्रकार अंग्रेजी किंग जेम्स संस्करण में पढ़ा जाता है। ब्रूस कहते हैं कि यह "बहुत ही अच्छे से मेल खाता है" प्रभु के आगमन की उस विषय के साथ जो इन दोनों पत्रियों की विशेषता है। डब्ल्यू. ई. वाइन और अन्य लोग इसे इस प्रकार अनुवादित करते हैं: "मसीह की धैर्य में" या "मसीह के धीरज के साथ दुःख सहने में।"

प्रभु ने अपने पृथ्वी पर के सेवाकाल के दौरान पतित मनुष्यों के प्रति अद्भुत धीरज को दिखाया। कई बार उसके शिष्यों ने अवश्य ही उसके धीरज की परीक्षा ली —जैसे जब याकूब और यूहन्ना सामरिया पर आग बरसाने की इच्छा रखते थे, या जब उसने अभी-अभी उन्हें बताया था कि वह क्रूस की ओर जा रहा है, तब वे इस बात पर बहस करने लगे कि स्वर्ग के राज्य में सबसे बड़ा कौन होगा। फिर भी उसके निरंतर अनुग्रह पर ध्यान दें—वह इसहाक की तरह प्रतीक्षा करता रहा, उस समय की जब वह अपनी दुल्हन से मिलने जा सके (उत्पत्ति 24:62-67)। हमें भी उसके धीरज से सीख लेनी चाहिए।

3. विश्वासी को आदेश दिया गया है (3:6-15)

क. अनुशासन की आवश्यकता (3:6-11)

(1) पौलुस का उपदेश (3:6)

"हे भाइयो, हम तुम्हें अपने प्रभु यीशु मसीह के नाम से आज्ञा देते हैं कि तुम हर एक ऐसे भाई से अलग रहो जो अनुचित चाल चलता और जो शिक्षा उसने हम से पाई उसके अनुसार नहीं करता।"

यह कलीसियाई अनुशासन का पालन करने का स्पष्ट आह्वान है। "अलग रहो" के लिए मूल रूप से प्रयुक्त शब्द स्टेल्लो है, जो पाल को समेटने के लिए प्रयोग किया जाने वाला एक शब्द है। यह किसी बात से पीछे हटने का सुझाव देता है। हमें ऐसे विश्वासियों के साथ मेल नहीं रखना चाहिए जिनका जीवन अव्यवस्थित है। विचार यह है कि हम उससे अलग रहें। यह उसे यह बताने का एक प्रभावी तरीका है कि उसका आचरण ग्रहणयोग्य नहीं है। आज कलीसिया में ऐसा अनुशासन बहुत ही कम पाया जाता है, जो शायद इसकी शक्ति की कमी को व्यक्त करता है। "अनुचित" के लिए मूल रूप से प्रयुक्त शब्द अताक्तोस है, जिसका अर्थ है "पंक्ति में न रहना।" वे उन सैनिकों की तरह हैं जो कदमताल से बाहर हैं। वे अपने स्थान से बाहर हैं, क्रम से बाहर हैं। निम्नलिखित पद बताते हैं कि इन अनुचित चाल चलने वाले विश्वासियों में ऐसा क्या अनुचित था।

(2) पौलुस का उदाहरण (3:7-10)

वास्तव में मामले के विवरण को बताने से पहले, पौलुस थिस्सलुनीकियों के विश्वासियों को यह याद दिलाकर बात की शुरुआत करता है कि वह और उसके सहयोगी उनके नगर में रहते समय कैसे व्यवहार करते थे।

वह उन्हें *अपनी सीधाई* याद दिलाता है: "क्योंकि तुम आप जानते हो कि किस रीति से हमारी सी चाल चलनी चाहिए, क्योंकि हम तुम्हारे बीच में अनुचित चाल न चले" (3:7)। वे मिशनरी दल आत्म-अनुशासन का अच्छा उदाहरण था। वे जानते थे कि आपस में पंक्ति में कैसे रहना है। उनके बीच कोई पद के लिए प्रतिस्पर्धा नहीं थी, कोई अनाज्ञाकारिता नहीं थी, कोई अव्यवस्थित आचरण नहीं था। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अपने संपर्कों और परिवर्तितों के साथ अपने व्यवहार में अत्यधिक शिष्टता का पालन किया था। वे कह सकते थे, "हमारा अनुसरण करो, और तुम कभी गलत नहीं जाओगे।"

वह उन्हें *अपनी मेहनत* याद दिलाता है: "और किसी की रोटी मुफ़्त में न खाई; पर परिश्रम और कष्ट से रात दिन काम धन्धा करते थे कि तुम में से किसी पर भार न हो" (3:8)। मिशन के क्षेत्र में यह पौलुस की स्थायी नीति थी। कोई भी कभी यह नहीं कह सकता था कि वह इस कार्य में पैसे के लिए था। इसके विपरीत, वह अपने खर्चों के साथ-साथ मिशनरी दल के उन अन्य सदस्यों के खर्च भी उठाने के लिए तंबू बनाता था, जो किसी न किसी कारण से अपने आप को सहारा नहीं दे सकते थे। हम आसानी से कल्पना कर सकते हैं कि पौलुस अपने सहयोगियों को लगातार व्यस्त रखता था—अगर काम नहीं कर रहे थे तो अपनी गवाही देने में। आलस्य उसके लिए कभी स्वीकार्य नहीं था।

कल्पना कीजिए कुरिन्थुस में पौलुस की, जहाँ वह इन शब्दों को लिखते समय रह रहा था। उसके मित्र, प्रिस्किल्ला और अक्विला, वहाँ थे। उन्होंने यहूदी मोहल्ले में तम्बू-बुनाई का एक व्यवसाय स्थापित किया था। पौलुस उनके साथ घर जैसा महसूस करता था। वे उसके तरह के लोग थे। अक्विला के करघे संभवतः बाजार में ऊँट के बालों के तंबुओं के नीचे लगाए गए होंगे—जो अपना सामान प्रदर्शित करने का एक तरीका था।

स्त्रियाँ ऊन कातती थीं। उसे धोया जाता और करघों के लिए तैयार किया जाता था। हम देख सकते हैं कि पौलुस उनमें से एक करघे से जुड़ गया। उसके हाथ धागों में व्यस्त रहते और उसके पैर नीचे पैडल चलाते थे। वह इस व्यवसाय में पुराने खिलाड़ी था। अपने कौशल और तेजी के साथ, उसने लगे हुए पूलों को आगे-पीछे, पीछे-आगे फ्रेम के पार कुशलता से चलाया। वह विभिन्न रंगों के धागे बुन सकता था। वह तेज और साफ-सुथरे तरीके से काम करने वाला था। हर बार जब वह लकड़ी के पट्टे को करघे के ढांचे के सामने लाता, तो एक तेज आवाज होती थी।

तख़्ती को उसके दांतों के साथ फ्रेम के छेदों के ठीक सामने लाना कोई साधारण कौशल नहीं मांग नहीं करता था। लेकिन पौलुस के लिए यह साधारण बात थी। इसके लिए उसे कोई सोच-विचार नहीं करना पड़ता था। यह केवल एक यांत्रिक क्रिया थी। खुरदरी रेशों और कठोर कपड़े, जो तंबू और पाल के लिए इस्तेमाल होते थे, उसके उंगलियों और हाथों को खींचते थे। कच्ची हो या फटी हुई त्वचा हो, पौलुस को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता था।।

जैसे वह अपने तंबू बनाने के काम में व्यस्त था, वह अपनी आत्माओं को जीतने और बाइबल पढ़ाने के काम में भी लगा रहता था। उसके चारों ओर, उस प्राचीन काल के सबसे घटिया नगरों में से एक के बाज़ार में, नशे में धुत समुद्री नाविक, बहकती नजरों वाली वेश्या, विभिन्न गंदी धार्मिकताओं के भ्रष्ट पुजारी, तेज आवाज़ वाले व्यापारी और कंजूस खरीदार मौजूद थे। पौलुस सब कुछ अपने सामान्य तरीके से संभालता था। वह अपने करघे के चारों ओर इकट्ठे पुरुषों और महिलाओं, लड़कों और लड़कियों के समूह से गंभीरता से बात करता था। फिर, रात-दर-रात, वह लंबे समय तक सुसमाचार प्रचार, शिक्षा और देखभाल में व्यस्त रहता था। फिर, पूरी तरह से थक जाने पर वह अपनी प्रार्थनाओं में जाता और अंततः बिस्तर पर लेटता, केवल उतनी ही नींद लेने के लिए जितनी उसे ज़रुरत थी। फिर सुबह, मुर्गे की बांग से पहले उठकर, वह नाश्ते से पहले प्रभु के साथ अपना शांत समय बिताता, फिर थोड़ा भोजन करता और फिर से करघे के पास लौट जाता।

कुरिन्थुस में भी यही स्थिति थी। थिस्सलुनीके में भी यही स्थिति थी। लगभग हर जगह उसकी यही स्थिति थी। इसलिए कोई आश्चर्य नहीं कि पौलुस कह सका, "मेरा अनुसरण करो!"

वह उन्हें अपना *मकसद* याद दिलाता है: "यह नहीं कि हमें अधिकार नहीं, पर इसलिये कि अपने आप को तुम्हारे लिये आदर्श ठहराएँ कि तुम हमारी सी चाल चलो" (3:9)। पौलुस अभिमान से नहीं बल्कि उद्देश्य से प्रेरित था। वह निश्चय ही अपने परिवर्तितों से भेंट स्वीकार कर सकता था ताकि अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें। इसमें कुछ भी अनुचित नहीं था। आखिरकार, जैसा कि पौलुस ने बाद में अपने सहयोगी तीमुथियुस को लिखा, "पवित्रशास्त्र कहता है, दाँवनेवाले बैल का मुँह न बाँधना,क्योंकि मजदूर अपनी मजदूरी का हक्कदार है" (1 तीमुथियुस 5:18)। उसने कुरिन्थियों से भी यही बात कही (1 कुरिन्थियों 9:9)। फसल के खेत में श्रम करने के लिए पैसा प्राप्त करने में स्वाभाविक रूप से कुछ भी गलत नहीं है। परन्तु पौलुस ने हर तरह से यह साबित करने की कोशिश की कि वह अपने परिवर्तितों का व्यापार नहीं करता था और न ही उपदेशक बनने से उन्हें कोई आर्थिक लाभ होता था। उसका स्पष्ट उद्देश्य कठोर परिश्रम का उदाहरण प्रस्तुत करना था।

वह उन्हें अपने *निर्देश* की भी याद दिलाता है: "क्योंकि जब हम तुम्हारे यहाँ थे, तब भी यह आज्ञा तुम्हें देते थे कि यदि कोई काम करना न चाहे तो खाने भी न पाए" (3:10)। यही मसीही कार्य-नीति है। मूसा की व्यवस्था के अंतर्गत एक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली थी, परन्तु वह भी काम पर आधारित थी। किसान जब अपनी फसल काटते थे, तो उन्हें अपनी खेतों के कोनों को न काटने और जो हँसिया पहली बार खेत में फेरने पर छोड़ देता था, उन्हें गरीबों के लिए छोड़ देने के लिए कहा जाता था। सरकार किसी मेहनती नागरिक की जेब में हाथ डालकर किसी आलसी व्यक्ति के हाथ में, जिसे काम करने की कोई इच्छा नहीं थी, पैसा नहीं डालती थी। काम उपलब्ध कराया गया था। वह कटनी करने वालों के पीछे चलकर जो बचा था उसे बटोर सकता था। किसी को भी भूखा मरने की आवश्यकता नहीं थी।

इसी प्रकार नये नियम में उस विधवा के लिए व्यवस्था की गई थी जो वास्तव में विधवा थी (1 तीमुथियुस 5:4–13), परन्तु इसके अतिरिक्त सामाजिक कल्याण की ज़िम्मेदारी परिवार पर ही थी। “पर यदि कोई अपनों की और निज करके अपने घराने की चिन्ता न करे, तो वह विश्वास से मुकर गया है और अविश्वासी से भी बुरा बन गया है।”— ये पौलुस के व्यवहारिक शब्द थे (1 तीमुथियुस 5:8)। इसलिए यहाँ वह अपने थिस्सलुनीके के नए विश्वासियों को स्मरण दिलाता है कि जब वह उनके साथ था, तब उसने मसीह में अपने नए मित्रों को काम करने की आज्ञा दी थी।

(3) पौलुस का विस्मय (3:11)

"हम सुनते हैं कि कुछ लोग तुम्हारे बीच में अनुचित चाल चलते हैं, और कुछ काम नहीं करते पर दूसरों के काम में हाथ डाला करते हैं।" अविश्वसनीय! अपने आप को मसीही कहने वाले के लिए यह कैसी जीवन-शैली है! स्मरण रखिए कि *अनुचित* शब्द का उपयोग पाल को समेटने के लिए किया जाता था। यह आलसी मनुष्य का कितना सजीव चित्रण है—वह अपनी बाँहें मोड़कर पीछे टिक जाता है और समुदाय के कल्याण में कोई योगदान देने के लिए कुछ भी नहीं करता, बल्कि दूसरों के प्रयासों के सहारे आराम से बहता चला जाता है। पौलुस स्पष्ट रूप से इससे आक्रोशित था। प्रेम, करुणा और सहायता का हाथ निश्चय ही गरीबों, अपंगों, वृद्धों और निर्बलों की ओर बढ़ाया जाना चाहिए, परन्तु उस सक्षम व्यक्ति की ओर नहीं, जो यह समझता है कि समाज उसके जीवनयापन के प्रति ऋणी है।

"हाथ डालने वाले" के लिए मूल यूनानी शब्द पेरिएर्गज़ोमै है, जिसका शाब्दिक अर्थ है "निरर्थक बातों में व्यस्त रहना।" इसका अर्थ है "इधर-उधर फालतू भाग-दौड़ करना।" यह दूसरे लोगों के निजी मामलों में टांग अड़ाने के विचार को प्रकट करता है। स्पष्ट है कि ये लोग अपने काम के बजाय दूसरों के कामों में ही दख़ल दे रहे थे। यूनानी में "काम" के लिए एर्गाज़ोमै और "हाथ डालने वालों" के लिए है पेरिएर्गज़ोमै शब्दों का प्रयोग हुआ है, इसलिए पौलुस यहाँ शब्दों का एक स्पष्ट खेल (शब्दालंकार) प्रयोग करता है, जिसे अंग्रेज़ी में व्यक्त करना आसान नहीं है।

ख. अनुशासन का स्वभाव (3:12-15)

(1) अनुशासन से बचना (3:12-13)

सबसे पहले, पौलुस *आज्ञा का एक वचन* देता है: "ऐसों को हम प्रभु यीशु मसीह में आज्ञा देते और समझाते हैं कि चुपचाप काम करके अपनी ही रोटी खाया करें" (3:12)। इसका सर्वोत्तम उदाहरण स्वयं प्रभु यीशु हैं। उसका जन्म किसी महल में नहीं, बल्कि एक चरनी में हुआ, जहाँ परिश्रम के औज़ार चारों ओर थे। उसकी माता, यद्यपि राजवंश की वंशज थीं, फिर भी कोई राजकुमारी नहीं, बल्कि एक साधारण ग्रामीण महिला थीं। मरियम के पति यूसुफ भी, समान रूप से राजसी वंश के होते हुए भी, कोई मालिक नहीं बल्कि एक श्रमिक थे। अनेक वर्षों तक स्वयं यीशु ने बढ़ई की मेज़ पर परिश्रम किया। जब वह घूम-घूमकर प्रचार करने वाले बना, तो उसके पास सवारी के लिए कोई शानदार वाहन नहीं था; वह पैदल चलता था। यदि सृष्टि का कर्ता—जो आग के रथ पर आ सकता था और अपने मार्ग को समतल करने के लिए बारह सेनाओं के स्वर्गदूतों को आज्ञा दे सकता था, जो वैभव की गोद में जन्म लेकर और जीवन भर सुख-सुविधाओं की पुष्पशय्या पर चल सकता था—फिर भी यदि उसने इसके बजाय काम करना और परिश्रम करना चुना, तो फिर हम यह क्यों सोचें कि हमें काम नहीं करना चाहिए, और वह भी कड़ी मेहनत करते हुए? सच्ची प्रतिभा के साथ पौलुस इस सिद्ध उदाहरण की ओर संकेत करता है। "मेरे लौट आने तक लेन–देन करना।" - यह इस विषय पर प्रभु का अपना वचन है (लूका 19:13)।

"चुपचाप" का अर्थ है "मौन रहना।" यह आंतरिक शांति की पुकार है, एक ऐसी शांत स्थिरता जो भीतर से आती है और जो दूसरों के लिए कोई बाधा उत्पन्न नहीं करती। यह उस आत्मा के ठीक विपरीत है जो सदा दूसरों के व्यक्तिगत मामलों में ताक-झाँक करने के लिए प्रेरित करती है।

"काम करके अपनी ही रोटी खाया करें!" मसीही व्यक्ति को हर समय दान की खोज में नहीं रहना चाहिए। वह दूसरों पर आश्रित नहीं होता। वह अपनी कमर कसता है और काम में लग जाता है ताकि "घर का खर्च चला सके," जैसा हम आजकल आमतौर से कहते हैं।

फिर *चेतावनी का एक वचन* आता है: "तुम, हे भाइयो, भलाई करने में साहस न छोड़ो" (3:13)। हमें भलाई करने से कभी थकना नहीं चाहिए। यह चेतावनी का शब्द शायद मसीही समुदाय के परिश्रमी सदस्यों की ओर से होने वाली अतिप्रतिक्रिया को रोकने के लिए आवश्यक था। एक-दो बार ठगे जाने के बाद, यह निर्णय करना आसान हो सकता है कि सामाजिक सेवा को पूरी तरह छोड़ दिया जाए। वास्तव में, ऐसे लोग भी होते हैं जो सचमुच ज़रूरतमंद और सहायता के योग्य होते हैं। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि हम यह जानते हुए भी सहायता देते हैं कि हमें मूर्ख बनाया जा रहा है। संभव है कि आवश्यक मसीही गतिविधियों—जैसे सुसमाचार प्रचार, शिक्षा देना और पास्टरीय सेवकाई—के विरुद्ध भी प्रतिक्रिया उत्पन्न हो गई हो। बहुत-से लोग थक चुके थे, हतोत्साहित हो गए थे, और प्रभु के कार्य में अपनी सारी सक्रिय सहभागिता छोड़ चुके थे। पौलुस इसी के विरुद्ध उन्हें चेतावनी देता है।

अक्सर ऐसी पराजय और निराशा इस कारण आती है क्योंकि हम प्रभु के लिए काम करने लगते हैं, बजाय इसके कि हम उसे अनुमति दें कि वह अपने भीतर वास करने वाले आत्मा के द्वारा हमारे भीतर काम करे। प्रभु यीशु ने, मनुष्य के रूप में, अपने पिता के असीम संसाधनों पर भी भरोसा किया (यूहन्ना 14:10)। इसी कारण वह भलाई करते-करते कभी नहीं थका। यात्रा में थका था? हाँ (यूहन्ना 4:6), पर भलाई करते-करते कभी थका? कभी नहीं! अब हम भी अपने प्रभु के अटूट और अक्षय संसाधनों से सामर्थ्य प्राप्त करते हैं। इसलिए कार्य करने वाला वही है (यूहन्ना 14:12–14; 20:21)। और उसके पास वह सब कुछ है जिसकी आवश्यकता है।

(2) अनुशासन का समर्थन (3:14-15)

पौलुस इस आज्ञा को कठोरता प्रदान करता है—*बहिष्कार* (कलीसिया से अलग करना): "यदि कोई हमारी इस पत्री की बात को न माने तो उस पर दृष्टि रखो, और उसकी संगति न करो, जिससे वह लज्जित हो" (3:14)। मसीह के रहस्यमय देह में सम्मिलित किया जाना, और फिर कलीसिया की स्थानीय देह द्वारा बहिष्कृत कर दिया जाना, किसी व्यक्ति को अत्यंत असुरक्षित स्थिति में छोड़ देता है। पौलुस ने इस तथ्य को स्वीकार किया, जब उसने कुरिन्थियों से आग्रह किया कि वे एक बहिष्कृत भाई को फिर से संगति में स्वीकार कर लें। उन्हें डर था "कि कहीं शैतान हम पर बढ़ न जाए; क्योंकि हम उसकी युक्तियों से अनजान नहीं हैं" (2 कुरिन्थियों 2:11)।

बहिष्कार का तात्कालिक कारण यह था कि कलीसिया को किसी भी प्रकार से अनुशासनहीन व्यवहार का समर्थन और प्रोत्साहन देने के रूप में न देखा जाए। आशा थी कि मसीही समुदाय से अलग होने पर वह भाई अपने व्यवहार को सही दृष्टिकोण से देखेगा और स्वयं पर लज्जित होगा। उद्देश्य उसे उसकी समझ में लाना था, यह महसूस कराना था कि उसका आचरण स्वीकार्य नहीं है। आजकल यदि कोई स्थानीय कलीसिया किसी व्यक्ति को अनुशासनहीन या अनैतिक आचरण या उपदेश के उल्लंघन के लिए पवित्रशास्त्र के अनुसार अनुशासन में रखती है, तो दोषी तुरंत किसी और कलीसिया में जाकर शामिल हो जाता है। इस प्रकार, कलीसियाई अनुशासन का पूरा उद्देश्य निष्फल हो जाता है। प्रारंभिक कलीसिया में यह इतनी आसानी से नहीं किया जा सकता था। आज की स्थानीय कलीसियाओं की कमजोरी का एक बड़ा कारण यही है कि वे अपने सदस्यों को अनुशासित करने से कतराती हैं और उन लोगों को भी ग्रहण कर लेती हैं जो किसी अन्य कलीसिया में पवित्रशास्त्रानुसार अनुशासन के अधीन हैं।

परन्तु इसके साथ एक *अपेक्षा* भी होनी चाहिए: "तौभी उसे बैरी मत समझो, पर भाई जानकर चिताओ" (3:15)। बहिष्कार जैसी कठोर अनुशासनात्मक प्रक्रिया का भी उद्देश्य दोषी को फिर से पुनर्स्थापित करना ही होता है। उसे भाई के रूप में चिताना है, क्योंकि वह वास्तव में भाई ही है। अक्सर विश्वासियों का व्यवहार इसके विपरीत होता है—वे बहिष्कृत भाई को कठोर दृष्टि और कटु वचनों से देखते हैं। वे उसके विषय में चुगली करते हैं और उसे तिरस्कार से देखते हैं, जबकि करुणा के साथ उन्हें उसके साथ व्यवहार करना चाहिए। यदि वह व्यक्ति शत्रु भी होता—जो कि वह नहीं है—तो भी प्रभु हमें अपने शत्रुओं से प्रेम करने और उनके लिए प्रार्थना करने की आज्ञा देता है (मत्ती 5:44)।

भाग 4

निष्कर्ष

2 थिस्सलुनीकियों 3:16-18

कुछ अंतिम शब्द, और पौलुस की पत्री यहाँ समाप्त होती है। सबसे पहले, हमारे पास पौलुस की *अंतिम प्रार्थना* है: "अब प्रभु जो शान्ति का सोता है आप ही तुम्हें सदा और हर प्रकार से शान्ति दे। प्रभु तुम सब के साथ रहे" (3:16)। उनके अपने देशवासी और यहूदी उनके साथ शत्रुओं जैसा व्यवहार करते थे। पौलुस ने प्रार्थना की कि वे शांति का अनुभव करें। संगति के भीतर भी कुछ ऐसे लोग थे जो विश्वास और आचरण—दोनों में समस्याएँ उत्पन्न कर रहे थे। पौलुस ने प्रार्थना की कि चाहे परिस्थिति कैसी भी हो—चाहे कलीसिया में हो या संसार में—परमेश्वर की शांति उनके हृदयों में बिना किसी बाधा के राज्य करती रहे।

यह वही शान्ति थी जिसने पतरस के हृदय को सुरक्षित रखा, जब वह शान्तिपूर्वक सो गया, जबकि उसे लगता था कि यह उसके जीवन की अंतिम रात है (प्रेरितों के काम 12:6)। वह उस दूसरी रात से बहुत आगे बढ़ चुका था, जो कुछ वर्ष पहले आई थी, जब उसने भय के कारण बड़ी घबराहट में अपने प्रभु का इन्कार किया था। यही शांति पौलुस

के हृदय में भी राज्य कर रही थी, जब वह टूटे-फूटे जहाज़ के टुकड़े पर खड़ा था—गरजती आँधी और उफनते समुद्र के बीच—और शांति से यह घोषणा की कि सब कुछ ठीक होगा (प्रेरितों के काम 27:22)।

हम पौलुस की *अंतिम सावधानी* को भी देखते हैं: "मैं, पौलुस, अपने हाथ से नमस्कार लिखता हूँ। हर पत्री में मेरा यही चिह्न है; मैं इसी प्रकार से लिखता हूँ" (3:17)। उसने अपने हस्ताक्षर पर ध्यान आकर्षित किया। यही सूत्र 1 कुरिन्थियों 16:21; कुलुस्सियों 4:18; और फिलेमोन 19 में भी प्रयुक्त हुआ है। इसी प्रकार की एक सावधानी गलातियों को लिखे उसके पत्र में भी पाई जाती है (गलातियों 6:11)। विशेष रूप से 2 थिस्सलुनीकियों में उसके लिए अपने व्यक्तिगत हस्ताक्षर पर विशेष ध्यान दिलाना आवश्यक था, क्योंकि पहले ही एक जाली पत्री—जो उसके नाम से लिखा हुआ बताया गया था—थिस्सलुनीके की कलीसिया को भ्रमित कर चुका था (2:2)।

हम पौलुस की *अंतिम घोषणा* भी देखते हैं: "हमारे प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह तुम सब पर होता रहे" (3:18)। वह वहीं समाप्त करता है जहाँ से उसने प्रारम्भ किया— अर्थात् अनुग्रह के साथ। अनुग्रह हमें बचाता है। अनुग्रह हमें पवित्र करता है। अनुग्रह हमें सामर्थ देता है। अनुग्रह हमें सुरक्षित रखता है। प्रारम्भ से अंत तक सब कुछ अनुग्रह ही है। इस प्रकार मसीह के दूसरे आगमन से संबंधित इन दो महान पत्रियों में से दूसरी पत्री यहाँ समाप्त होती है।

ब्रिटेन के सबसे प्रतिष्ठित प्रधानमंत्रियों में से एक बेंजामिन डिस्राएली था, जो एक यहूदी था। उसके पिता ने मसीही विश्वास अपना लिया और अपने बच्चों का बपतिस्मा करवाया, जिससे उसके पुत्र के लिए एक संसदीय जीवन संभव हो सका। (उस समय धर्म के अनुसार यहूदी होने वालों को संसद से बाहर रखा जाता था।) डिस्राएली अत्यंत प्रतिभाशाली, विलक्षण स्वभाव का लेकिन नैतिक रूप से पतित था। वह धन और पहनावे—दोनों में ही अत्यधिक खर्चीला था। वह संसद का सदस्य बना। हाउस ऑफ कॉमन्स में यह परंपरा थी कि नया सदस्य अपने पहले भाषण के समय हर प्रकार का शिष्टाचार और सम्मान पाता था, परंतु इस सम्मान को डिस्राएली से वंचित रखा गया। उसके बनावटी हाव-भाव और उसकी दिखावटी पोशाक ने उसके सह-सदस्यों को अप्रसन्न कर दिया। उसे शोर-शराबे में दबाने की कोशिश की गई, पर उसने चुप रहने से इंकार कर दिया। उपहास और शोर के बीच ऊँची आवाज़ में बोलते हुए उसने, मानो भविष्यवाणी करते हुए, कहा, *"मैं अभी बैठ जाऊँगा, पर वह समय आएगा जब तुम मेरी आवाज़ फिर सुनोगे।"*

यही इन दोनों थिस्सलुनीकियों की पत्रियों का सार है। पाप से भरे इस अंधकारमय संसार में प्रभु यीशु का अपमान किया गया और उसका उपहास उड़ाया गया। अब वह स्वर्ग में हैं। उसने अपने पिता के सिंहासन पर अपना स्थान ग्रहण कर लिया है, "और उसी समय से इसकी बाट जोह रहा है, कि उसके बैरी उसके पाँवों के नीचे की पीढ़ी बनें" (इब्रानियों 10:13)। फिर "सर्वोच्च महिमा" से यह वाणी सुनाई देती है— "मैं अभी बैठ जाऊँगा, पर वह समय आएगा जब तुम मेरी आवाज़ फिर सुनोगे।" वह समय अब लगभग आ पहुँचा है।